पाइअ-सद्द-महण्णवो

(प्राकृत-शब्द-महार्णवः)

PĀIA-SADDA-MAHAṆṆAVO

(A COMPREHENSIVE PRAKRIT-HINDI DICTIONARY)

PĀIA-SADDA-MAHAṆṆAVO

A COMPREHENSIVE PRAKRIT-HINDI DICTIONARY
with Sanskrit equivalents, quotations
AND
complete references

BY
PANDIT HARGOVIND DAS T. SHETH

MOTILAL BANARSIDASS
Delhi Varanasi Patna Madras

पाइअ-सद्द-महण्णवो

(प्राकृत-शब्द-महार्णवः)

अर्थात्

विविध प्राकृत भाषाओं के शब्दों का संस्कृत प्रतिशब्दों से युक्त, हिन्दी अर्थों से अलंकृत, प्राचीन ग्रन्थों के अनल्प अवतरणों और परिपूर्ण प्रमाणों से विभूषित बृहत्कोश

कर्ता

पंडित हरगोविन्ददास त्रिकमचंद सेठ

मोतीलाल बनारसीदास

दिल्ली वाराणसी पटना मद्रास

© मोतीलाल बनारसीदास
मुख्य कार्यालय : बंगलो रोड, जवाहर नगर, दिल्ली ११० ००७
शाखाएँ : चौक, वाराणसी २२१ ००१
अशोक राजपथ, पटना ८०० ००४
१२० रायपेट्टा हाई रोड, मैलापुर, मद्रास ६०० ००४

प्राकृत ग्रन्थ परिषद् ग्रन्थाङ्क ७
द्वितीय संस्करण : वाराणसी, १९६३
पुनर्मुद्रण : दिल्ली, १९८६

ISBN: 81-208-0239-x

नरेन्द्रप्रकाश जैन, मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली ७
द्वारा प्रकाशित तथा जैनेन्द्रप्रकाश जैन, श्री जैनेन्द्र प्रेस, ए-४५,
फेज-१, नारायणा, नई दिल्ली २८ द्वारा मुद्रित।

PUBLISHER'S NOTE

The present *Pāia-sadd-mahaṇṇavo* or 'The Great Ocean of Prākrit Words' is a comprehensive Prākrit-Hindī Dictionary compiled by Pt. Hargovind Das Trikam Chand Sheth and was first published slightly less than six decades ago in 1928. It is a pioneer work, being the result of several years' single-minded devotion and indefatigable labour on the part of the compiler, to whom the students and scholars of the Prākrit language will ever remain grateful.

The work is of immense value since in addition to serving the needs of the students of Prākrit it has also proved very much helpful to researchers in understanding Old-Hindi words of obscure origin as well as all the other languages of the Middle Indo-Aryan group including Old-Rajasthani, Old-Gujarati, Old Marathi, Old-Bengali, Old-Maithili etc.

After its first appearance in 1928 the work remained out of print for a number of years when its rare copies were sold at fabulous prices–a fact further attesting to its importance, utility and popularity. To fulfil a pressing need a long awaited second edition was brought out by the Prākrit Text Society in 1963 and in view of a persistent demand this reprint is being issued after a long gap for the benefit of the interested scholars.

The Publishers hope that the work will inspire talented scholars for further intensive research in the field culminating, so we wish, in a more comprehensive dictionary of the language including also the cognate Apabhraṁśa language and literature.

संकेत—सूची

अ	=	अव्यय।
अक	=	अकर्मक धातु।
(अप)	=	अपभ्रंश भाषा।
(अशो)	=	अशोक शिलालेख।
उभ	=	सकर्मक तथा अकर्मक धातु।
कर्म	=	कर्मणि-वाच्य।
कवकृ	=	कर्मणि-वर्तमान-कृदन्त।
कृ	=	कृत्य-प्रत्ययान्त।
क्रि	=	क्रियापद।
क्रिवि	=	क्रिया-विशेषण।
गु०	=	गुजराती।
(चूपै)	=	चूलिकापैशाची भाषा।
त्रि	=	त्रिलिङ्ग।
[दे]	=	देश्य-शब्द।
न	=	नपुंसकलिङ्ग।
पुं	=	पुंलिङ्ग।
पुंन	=	पुंलिङ्ग तथा नपुंसकलिङ्ग।
पुंस्त्री	=	पुंलिङ्ग तथा स्त्रीलिङ्ग।
(पै)	=	पैशाची भाषा।
प्रयो	=	प्रेरणार्थक णिजन्त।
ब	=	बहुवचन।
भकृ	=	भविष्यत्कृदन्त।
भवि	=	भविष्यत्काल।
भूका	=	भूतकाल।
भूकृ	=	भूत-कृदन्त।
(मा)	=	मागधी भाषा।
वकृ	=	वर्तमान कृदन्त।
वि	=	विशेषण।
(शौ)	=	शौरसेनी भाषा।
स	=	सर्वनाम।
संकृ	=	संबन्धक कृदन्त।
सक	=	सकर्मक धातु।
स्त्री	=	स्त्रीलिङ्ग।
स्त्रीन	=	स्त्रीलिंग तथा नपुंसकलिङ्ग।
हेकृ	=	हेत्वर्थ कृदन्त।

———

प्रमाण-ग्रन्थों [रेफ़रेन्सेज़] के संकेतों का विवरण

संकेत		ग्रन्थ का नाम	संस्करण आदि		जिसके अंक दिए गए हैं वह
अंग	=	अंगविज्जा	प्राकृत ग्रन्थ परिषद्, वाराणसी—५, १९५७		
अंग	=	अंगचूलिआ	हस्तलिखित।		
अंत	=	अंतगडदसाओ	❀ १ रॉयल एसियाटिक सोसाइटी, लंडन, १९०७	...	
			२ आगमोदय-समिति, बंबई, १९२०	...	पत्र
अच्चु	=	अच्चुअसअअं	वाणीविलास प्रेस, मद्रास, १८७२	...	गाथा
अजि	=	अजिअसंतिथव	स्व-संपादित, कलकत्ता, संवत् १९७८	...	,,
अज्झ	=	अध्यात्ममतपरीक्षा	१ भीमसिंह माणक, संवत् १९३३	...	,,
			२ जैन आत्मानन्द सभा, भावनगर	...	,,
अणु	=	अणुओगदारसुत्त	१ राय धनपतिसिंहजी बहादुर, कलकत्ता, संवत् १९३६	...	
			२ आगमोदय समिति, १९२४ बम्बई,	...	पत्र
अनु	=	अणुत्तरोववाइअदसा	❀ १ रॉयल एसियाटिक सोसाइटी, लंडन, १९०७	...	
			२ आगमोदय-समिति, बम्बई, १९२०	...	पत्र
अभि	=	अभिज्ञानशाकुन्तल	निर्णयसागर प्रेस, बम्बई, १९१६	...	पृष्ठ
अवि	=	अविमारक	त्रिवेन्द्र संस्कृत सिरोज़ ...	...	,,
आउ	=	आउरपच्चक्खाणपयन्नो	१ जैन-धर्म-प्रसारक सभा, भावनगर, संवत् १९६६	...	गाथा
			२ शा. बालाभाई ककलभाई, अहमदाबाद, संवत् १९६२	...	,,
आक	=	१ आवश्यककथा	हस्तलिखित ...	...	
		२ आवश्यक-एर्ज्यालुंगन्	डॉ. इ. ल्युमेन्-संपादित, लाइपजिग, १८९७	...	पृष्ठ
आख्या	=	आख्यानकमणिकोश	प्राकृत ग्रन्थ परिषद्, वाराणसी—५		
आचा	=	आचारांगसूत्र	❀ १ डॉ. डबल्यु. शुब्रिंग् संपादित, लाइपजिग, १९१०	...	
			+ २ आगमोदय-समिति, बम्बई, १९१६		श्रुतस्कन्ध, अध्य०
			३ प्रो. रवजीभाई देवराज-संपादित, राजकोट, १९०६		,,
आचानि	=	आचारांग-निर्युक्ति	आगमोदय-समिति, बम्बई, १९१६	...	गाथा
आचू	=	आवश्यकचूर्णि	हस्तलिखित ...	...	अध्ययन
आत्म	=	आत्मसंबोधकुलक	† हस्तलिखित ...	...	गाथा
आत्महि	=	आत्महितोपदेश-कुलक	,, ...	...	,,
आत्मानु	=	आत्मानुशास्ति-कुलक	,, ...	...	,,
आनि	=	आवश्यकनिर्युक्ति	१ यशोविजय-जैन-ग्रंथमाला, बनारस। २ हस्तलिखित।		

❀ ऐसी निशानी वाले संस्करणों में अकारादि क्रम से शब्द-सूची छपी हुई है, इससे ऐसे संस्करणों के पृष्ठ आदि के अंकों का उल्लेख प्रस्तुत कोश में बहुधा नहीं किया गया है, क्योंकि पाठक उस शब्द-सूची से ही अभिलषित शब्द के स्थल को तुरन्त पा सकते हैं। जहाँ किसी विशेष प्रयोजन से अंक देने की आवश्यकता प्रतीत भी हुई है, वहाँ पर उसी ग्रन्थ की पद्धति के अनुसार अंक दिए गए हैं, जिससे जिज्ञासु को अभीष्ट स्थल पाने में विशेष सुविधा हो।

+ इन संस्करणों में श्रुतस्कन्ध, अध्ययन और उद्देश के अङ्क समान होने पर भी सूत्रों के अङ्क भिन्न-भिन्न हैं। इससे इस कोष में जिस संस्करण से जो शब्द लिया गया है उसी का सूत्राङ्क वहाँ पर दिया गया है। अंक की गिनती उसी उद्देश्य या अध्ययन के प्रथम सूत्र से आरम्भ की गई है।

† श्रद्धेय श्रीयुत केशवलालभाई प्रेमचन्द मोदी, बी. ए., एल् एल्., बी. से प्राप्त।

संकेत		ग्रंन्थ का नाम	संस्करण आदि		जिसके अंक दिए गए हैं वह
आप	=	आराधनाप्रकरण	शा. बालाभाई ककलभाई, अहमदाबाद, संवत् १९६२		गाथा
आरा	=	आराधनासार	मानिकचंद-दिगंबर-जैन-ग्रंथमाला, संवत् १९७३		,,
आव	=	आवश्यकसूत्र	हस्तलिखित ...	...	
आवटि	=	आवश्यक टिप्पण	देवचन्द लालभाई		
आवदी	=	आवश्यक दीपिका	विजयदानसूरि ग्रंथमाला		
आवपगा	=	आवश्यकसूत्रे पत्रे गाथा	(हरिभद्र टीका)		
आवम	=	आवश्यकसूत्र मलयगिरि टीका	हस्तलिखित ...	...	
इंदि	=	इन्द्रियपराजयशतक	भीमसिंह माणेक, बंबई, संवत् १९६८	...	गाथा
इक	=	दि कोस्मोग्राफी देर् इंदेर्	* डॉ. डबल्यु. किर्फेल-कृत, लाइपजिग, १९२०		
उत्त	=	उत्तराध्ययनसूत्र	१ राय धनपतिसिंह बहादुर, कलकत्ता, संवत् १९३६		अध्ययन, गाथा
			२ स्व-संपादित, कलकत्ता, १९२३	...	,,
			+ ३ हस्तलिखित ...	....	,,
उत्त	=	उत्तराध्ययन सूत्र	देवचन्द लालभाई		
उत्त का	=	,,	डॉ. जे. कारपेंटिअर-संपादित, १९२१	...	,,
उत्तनि	=	उत्तराध्ययननिर्युक्ति	हस्तलिखित ...	...	,,
उत्तर	=	उत्तररामचरित	निर्णयसागर प्रेस, बम्बई, १९१५	...	पृष्ठ
उप	=	उपदेशपद	हस्तलिखित ...	...	गाथा
उप टी	=	उपदेशपद-टीका	हस्तलिखित ...	...	मूल-गाथा
उपपं	=	उपदेशपंचाशिका	† ,, ...	...	गाथा
उप पृ	=	उपदेशपद	जैन विद्या-प्रचारक वर्ग, पालीताणा	...	पृष्ठ
उर	=	उपदेशरत्नाकर	देवचन्द लालभाई पुस्तकोद्धार फंड, बम्बई, १९१४	...	अंश, तरंग
उव	=	उवएसमाला	* डॉ. एल्. पी. टेसिटोरि-संपादित, १९१३	...	
उवकु	=	उवदेशकुलक	† हस्तलिखित	...	गाथा
उवर	=	उपदेशरहस्य	मनसुखभाई भगुभाई, अहमदाबाद, संवत् १९६७	...	,,
उवा	=	उवासगदसाओ	* एसियाटिक सोसाइटी, बंगाल, कलकत्ता, १८९०	...	
ऊरु	—	ऊरुभंग	त्रिवेन्द्र संस्कृत-सिरीज ...	...	पृष्ठ
ओघ	=	ओघनिर्युक्ति	आगमोदय समिति, बम्बई, १९१९	...	गाथा
ओघ भा	=	ओघनिर्युक्ति-भाष्य	,, ...	...	,,
औप	=	औपपातिकसूत्र	* डॉ. इ. ल्युमेन्-संपादित, लाइपजिग, १८८३	...	
कप्प	=	कल्पसूत्र	* डॉ. एच्. जेकोबी-संपादित, लाइपजिग, १८७९	...	
कप्पू	=	कर्पूरमञ्जरी	* हार्वर्ड् ओरिएन्टल् सिरीज, १९०१	...	
कम्म १	=	कर्मग्रंथ पहला	* आत्मानन्द-जैन-पुस्तक-प्रचारक मण्डल, आगरा,	१९१८	गाथा
कम्म २	=	,, दूसरा	* ,, ,,	,,	,,
कम्म ३	=	,, तीसरा	* ,, ,,	१९१९	,,
कम्म ४	=	,, चौथा	* ,, ,,	१९२३	,,

+ सुखबोधा नामक प्राकृत-बहुल टीका से विभूषित यह उत्तराध्ययन सूत्र की हस्त-लिखित प्रति आचार्य श्रीविजय-मेघसूरिजी के भंडार से श्रद्धेय श्रीयुत् के. प्रे. मोदी द्वारा प्राप्त हुई थी, इस प्रति के पत्र १८६ हैं।

† श्रद्धेय श्रीयुत् के. प्रे. मोदी द्वारा प्राप्त।

संकेत।		ग्रन्थ का नाम	संस्करण आदि		जिसके अंक दिए गए हैं वह
कम्म ५	=	कर्मग्रन्थ पाँचवाँ	१ भीमसिंह माणेक, बम्बई, संवत् १९६८	...	गाथा
			२ जैन-धर्म-प्रसारक सभा, भावनगर, संवत् १९६८		,,
कम्म ६	=	,, छठवाँ	,, ...	...	,,
कम्मप	=	कर्मप्रकृति	जैन-धर्म-प्रसारक-सभा, भावनगर, १९१७	...	पत्र
करु	=	करुणावज्रायुधम्	आत्मानन्द-जैन-सभा, भावनगर, १९१६	...	पृष्ठ
कर्ण	=	कर्णभार	त्रिवेन्द्र-संस्कृत-सिरीज ...	...	,,
कर्पूर	=	कर्पूरचरित (भाण)	गायकवाड ओरिएन्टल् सिरीज, नं. ८, १९१८		,,
कर्म	=	कर्मकुलक	† हस्त-लिखित		गाथा
कल्पभाष्य	=	बृहत्कल्प-भाष्य	आत्मानन्द सभा		
,, गा०	=	,, गाथा	,,		
कस	=	(बृहत्) कल्पसूत्र	* डॉ. डबल्यु. शुब्रिं-संपादित, लाइपजिग, १९०५	...	
कहा	=	कहावली	अमुद्रित		
काप्र	=	काव्यप्रकाश	वामनाचार्यकृत टीका-युक्त, निर्णयसागर प्रेस, बम्बई	...	पृष्ठ
काल	=	कालकाचार्यकथानक	* डॉ. एच्. जेकोबी-संपादित, जेड्-डी-एम्-जी, खंड ३४, १८८०		
किरात	=	किरातार्जुनीय (व्यायोग)	गायकवाड ओरिएन्टल् सिरीज, नं ८, १९१८		पृष्ठ
कुप्र	=	कुमारपालप्रतिबोध	गायकवाड ओरिएण्टल् सिरीज, १९२०	...	,,
कुमा	=	कुमारपालचरित	* बंबई-संस्कृत-सिरीज, १९००	...	,,
कुम्मा	=	कुम्मापुत्तचरिअ	स्व-संपादित, कलकत्ता, १९१९ ...	...	पृष्ठ
कुलक	=	कुलकसंग्रह	जैन श्रेयस्कर मंडल, म्हेसाणा, १९१४		,,
खा	=	खामणाकुलक	† हस्तलिखित		गाथा
खेत्त	=	लघुक्षेत्रसमास	भीमसिंह माणेक, बंबई, संवत् १९६८	...	,,
गउड	=	गउडवहो	* बंबई-संस्कृत-सिरीज, १८८७ ...	...	
गच्छ	=	गच्छाचारपयन्नो	१ हस्तलिखित ...	...	अधिकार, गाथा
			२ चंदुलाल मोहोलाला कोठारी, अहमदाबाद, संवत् १०८०		,,
			३ सेठ जमनाभाई भगूभाई, अहमदाबाद, १९२४		,,
गण	=	गणधरस्मरण	स्व-संपादित, कलकत्ता, संवत् १९७८	...	गाथा
गणि	=	गणिविज्जापयन्नी	राय धनपतिसिंह बहादुर, कलकत्ता, १८४२	...	,,
गा	=	गाथासप्तशती	+ १ डॉ. ए. वेबर्-संपादित, लाइपजिग, १८८१	...	,,
			२ निर्णयसागर प्रेस, बम्बई, १९११	...	,,
गु	=	गुरुपारतन्त्र्य-स्मरण	स्व-संपादित, कलकत्ता, संवत् १९७८	...	गाथा
गुण	=	गुणानुरागकुलक	अंबालाल गोवर्धनदास, बम्बई, १९१३	...	,,
गुभा	=	गुरुवन्दनभाष्य	भीमसिंह माणेक, बम्बई संवत् १९६२	...	गाथा

† श्रद्धेय के. प्रे. मोदी द्वारा प्राप्त।

+ लाइपजिगवाले संस्करण का नाम "सप्तशतक डेस हाल" है और बम्बईवाले का "गाथासप्तशती"। ग्रन्थ एक ही है, परन्तु बम्बईवाले संस्करण में सात शतकों के विभाग में करीब ७०० गाथाएँ छपी हैं और लाइपजिगवाले में सीधे नंबर से ठीक १०००। एक से ७०० तक की गाथाएँ दोनों संस्करणों में एक-सी हैं, परन्तु गाथाओं के क्रम में कहीं कहीं दो चार नंबरों का आगा-पीछा है। ७०० के बाद का और ७०० के भीतर भी जहाँ गाथांक के अनन्तर 'अ' दिया है वह नंबर केवल लाइपजिग के ही संस्करण का है।

संकेत		ग्रंथ का नाम	संस्करण आदि		जिसके अंक दिए गए हैं वह
गुरु	=	गुरुप्रदक्षिणाकुलक	अंबालाल गोवर्धनदास, बम्बई, १६६३	...	गाथा
गोय	=	गौतमकुलक	भीमसिंह माणेक, बम्बई, संवत् १६६५	...	,,
चउ	=	चउसरणपयन्नो	१ जैन-धर्म-प्रसारक-सभा, भावनगर, संवत् १६६६	...	,,
			२ शा. बालाभाई ककलभाई, अहमदाबाद, संवत् १६६२	...	,,
चउ	=	चउपन्नमहापुरिसचरियं	प्राकृत-ग्रंथ-परिषद्, वाराणसी—५, १६६१	...	,,
चंड	=	प्राकृतलक्षण	* एसियाटिक सोसासायटी, बंगाल, कलकत्ता, १८८०	...	
चंद	=	चंदपन्नत्ति	हस्तलिखित ...	...	पाहुड
चारु	=	चारुदत्त	त्रिवेन्द्र-संस्कृत-सिरीज	...	पृष्ठ
चेइय	=	चेइयवंदणमहाभास	जैन आत्मानन्द सभा, भावनगर, संवत् १६६२	...	गाथा
चैत्य	=	चैत्यवन्दन भाष्य	भीमसिंह माणेक, बम्बई, संवत् १६६२	...	,,
जं	=	जंबूद्वीपप्रज्ञप्ति	१ देवचंद लालभाई पु० फंड, बम्बई, १६१०	....	वक्षस्कार
			२ हस्तलिखित	...	,,
जय	=	जयतिहुअण-स्तोत्र	जैन प्रभाकर प्रिंटिंग प्रेस, रतलाम, प्रथमावृत्ति	...	गाथा
जिन	=	जिनदत्ताख्यान	सिंघी जैन सिरीज		
जी	=	जीवविचार	आत्मानन्द-जैन-पुस्तक-प्रचारक-मंडल, आगरा, संवत् १६७८		,,
जीत	=	जीतकल्प	हस्तलिखित	...	
जीव	=	जीवाजीवाभिगमसूत्र	देवचंद लालभाई पुस्तकोद्धार फंड, बम्बई, १६१६	...	प्रतिपत्ति
जीवस	=	जीवसमासप्रकरण	† हस्तलिखित	...	गाथा
जीवा	=	जीवानुशासनकुलक	अंबालाल गोवर्धनदास, बम्बई, १६१३	...	,,
जो	=	ज्योतिष्करण्डक	हस्तलिखित	...	पाहुड
टि	=	+ टिप्पण (पाठान्तर)	... ...	...	
टी	=	‡ टीका	... ...	...	
ठा	=	ठाणंगसुत्त (स्थनांगसूत्र)	आगमोदय-समिति, बम्बई, १६१८—१६२०	...	ठाण०
णंदि	=	णंदिसूत्र	१ हस्तलिखित	...	
			२ आगमोदय समिति, बम्बई, १६२४	...	पत्र
णमि	=	णमिऊण-स्मरण	स्व-संपादित, कलकत्ता, संवत् १६७८	...	गाथा
णाया	=	णायाधम्मकहासुत्त	आगमोदय समिति, बम्बई, १६१६	...	श्रुतस्कन्ध, अध्य०
तंदु	=	तंदुलवेयालियपयन्नो	१ हस्तलिखित	...	
			२ दे० ला० पुस्तकोद्धार फंड, बम्बई, १६६२	...	पत्र
ति	=	तिजयपहुत्त	जैन-ज्ञान-प्रसारक-मंडल, बम्बई, १६११	...	गाथा
तित्थ	=	तित्थुग्गालियपयन्नो	हस्तलिखित ...	...	
ती	=	तीर्थंकल्प	हस्तलिखित	...	कल्प
त्रि	=	त्रिपुरदाह (डिम)	गायकवाड ओरिएण्टल् सिरीज, नं ८, १६१८	...	पृष्ठ

† श्रद्धेय श्रीयुत् के० प्रे० मोदी द्वारा प्राप्त।

+ पाठान्तर वाले संस्करणों के जो पाठान्तर हमें उपादेय मालूम पड़े हैं उन्हें भी इस कोष में स्थान दिया है और प्रमाण के पास 'टि' शब्द जोड़ दिया है जिससे उस शब्द को उसी स्थान के टिप्पन का समझना चाहिए।

‡ जहाँ पर प्रमाण में ग्रंथ-संकेत और स्थान-निर्देश के अनन्तर 'टी' शब्द लिखा है वहाँ उस ग्रंथ के उसी स्थान की टीका के प्राकृतांश से मतलब है।

संकेत		ग्रंथ का नाम	संस्करण आदि		जिसके अंक दिए गए हैं वह
दं	=	दंडकप्रकरण	१ जैन-ज्ञान-प्रसारक-मंडल, बम्बई, १६११	...	गाथा
			२ भीमसिंह माणेक, बम्बई, १६०८	...	,,
दंस	=	दर्शनशुद्धिप्रकरण	हस्तलिखित	...	तत्त्व
दशअगस्त्य दशवैचू	=	दशवैकालिक अगस्त्य सिंहचूर्णि	P. T. S. ...	...	
दस	=	दसवैकालिकसूत्र	१ भीमसिंह माणेक, बम्बई, १६००	...	अध्ययन०
			२ डॉ० जीवराज घेलाभाई, अहमदाबाद, १६१२	...	,,
दसचू	=	दशवैकालिकचूलिका	,, ,, ,,	...	चूलिका०
दसनि	=	दशवैकालिकनिर्युक्ति	१ भीमसिंह माणेक, बम्बई, १६००	...	अध्ययन, गाथा
			२ देवचन्द लालभाई		
दशवैवृद्ध	=	दशवैकालिक वृद्ध विवरण	मुद्रित चूर्णि, ऋषभदेव केसरीमल		
दसा	=	दशाश्रुतस्कन्ध	हस्तलिखित	...	,,
दीव	=	दीवसागरपन्नत्ति	,,	...	
दूत	=	दूतघटोत्कच	त्रिवेन्द्र-संस्कृत-सिरीज	....	पृष्ठ
दे	=	देशीनाममाला	बम्बई-संस्कृत-सिरीज, १८८०	...	वर्ग, गाथा
देव	=	देवेन्द्रस्तवप्रकीर्णक	हस्तलिखित	...	
देवदिन्न	=	देवदिन्न कथानक	,,		
देवेन्द्र	=	देवेन्द्रनरकेन्द्रप्रकरण	जैन आत्मानन्द सभा, भावनगर, १६२२	...	गाथा
द्र	=	द्रव्यसित्तरी	१ जैन-धर्म-प्रसारक-सभा, भावनगर, संवत् १६५८	...	,,
			२ शा० वेणीचंद सूरचंद, म्हेसाणा, १६०६	...	,,
द्रव्य	=	द्रव्यसंग्रह	जैन-ग्रंथ-रत्नाकर-कार्यालय, बंबई, १६०६	...	,,
धण	=	ऋषभपंचाशिका	काव्यमाला, सप्तम गुच्छक, बंबई, १८६०	...	,,
धम्म	=	धर्मरत्नप्रकरण सटीक	१ जैन-विद्या-प्रचारक वर्ग, पालीताणा, १६०५	...	मूल-गाथा
			२ हस्तलिखित	...	,,
धम्मि	=	धम्मिलहिंडी (वसुदेवहिंडी अन्तर्गत)	आत्मानन्द सभा	...	
धम्मो	=	धम्मोवएसकुलक	† हस्तलिखित	...	गाथा
धर्म	=	धर्मसंग्रह	जैन-विद्या-प्रचारक-वर्ग, पालीताणा, १६०५	...	अधिकार
धर्मर	=	धर्मरत्नलघुवृत्ति	आत्मानन्द सभा	....	
धर्मवि	=	धर्मविधिप्रकरण सटीक	जेसंगभाई छोटालाल सुतरीया, अहमदाबाद, १६२४	...	पत्र
धर्मसं	=	धर्मसंग्रहणी	दे० ला० पुस्तकोद्धार फंड, बंबई, १६१६–१८	...	गाथा
धर्मा	=	धर्माभ्युदय	जैन-आत्मानन्द-सभा, भावनगर, १६१८	...	पृष्ठ
धात्वा	=	प्राकृतधात्वादेश	एसियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल, १६२४	....	पृष्ठ
ध्व	=	ध्वन्यालोक	निर्णयसागर प्रेस, बंबई	...	,,
नंदीटिप्प	=	नन्दीटिप्पण	P. T. S.		
नलदवरास	=	नलदवदंतीरास (ऋषिवर्धन),	बेन्डर संपादित		

†श्रद्धेय श्रीयुत के० प्रे० मोदी द्वारा प्राप्त ।

संकेत		ग्रन्थ का नाम	संस्करण आदि		जिसके अंक दिए गए हैं वह
नव	=	नवतत्त्वप्रकरण	१ आत्मानन्द-जैन-सभा, भावनगर	...	गाथा
			२ आद्य-जैन-धर्म-प्रवर्तक-सभा, अहमदाबाद, १९०६	...	,,
नाट	=	‡ नाटकीयप्राकृतशब्दसूची			
निचू	=	निशीथचूर्णि	हस्तलिखित	...	उद्देश
निर	=	निरयावलीसूत्र	१ हस्तलिखित	...	वर्ग, अध्य०
			२ आगमोदय-समिति, बम्बई, १९२२	...	,,
निसा	=	निशाविरामकुलक	† हस्तलिखित	...	गाथा
निसी	=	निशीथसूत्र	हस्तलिखित	...	उद्देश
पउम	=	पउमचरिअ	जैन-धर्म-प्रसारक-सभा, भावनगर, प्रथमावृत्ति	...	पर्व, गाथा
पउम	=	पउमचरिय	प्राकृत-ग्रंथ-परिषद्, वाराणसी–५	...	,,
पंच	=	पंचसंग्रह	१ हस्तलिखित	....	द्वार, गाथा
			२ जैन आत्मानन्द सभा, भावनगर, १९१९	...	,,
पंचभा	=	पंचकल्पभाष्य	हस्तलिखित	...	
पंचव	=	पंचवस्तु	,, ...	...	द्वार
पंचा	=	पंचासकप्रकरण	जैन-धर्म-प्रसारक सभा, भावनगर, प्रथमावृत्ति	...	पंचासक
पंचू	=	पंचकल्पचूर्णि	हस्तलिखित ...	...	
पंनि	=	पंचनिर्ग्रन्थीप्रकरण	आत्मानन्द-जैन सभा, भावनगर, संवत् १९७४	...	गाथा
पंरा	=	पंचरात्र	त्रिवेन्द्र संस्कृत-सिरीज	...	पृष्ठ
पंसू	=	पंचसूत्र	हस्तलिखित ...	...	सूत्र

‡ सेंट्रल लाइब्रेरी, बड़ोदा में स्थित एक मुखपृष्ठ-हीन पुस्तक से गृहीत, जिसके पूर्व भाग में क्रमदीश्वर का प्राकृत व्याकरण और उत्तर भागमें 'प्राकृताभिधानम्' शीर्षक से कतिपय ग्रंथों से उद्धृत प्राकृत शब्दों की एक छोटी सी सूची छपी हुई है। इस सूची में उन ग्रंथों के जो संक्षिप्त नाम और पृष्ठाङ्क दिए गये हैं वे ही नाम तथा पृष्ठाङ्क ज्यों के त्यों प्रस्तुत कोष में भी यथास्थान 'नाट' के बाद रखे गये हैं। उक्त पुस्तक में उन ग्रंथों के संक्षिप्त नामों तथा संस्करणों का विवरण इस तरह है;—

मालती	for	मालतीमाधवम्	Calcutta Edition of 1830
चैत	,,	चैतन्यचन्द्रोदयम्	,, 1854
विक्र	,,	विक्रमोर्वशी	,, 1830
साहित्य	,,	साहित्यदर्पण	Edition of Asiatic Society
उत्तर	,,	उत्तररामचरित	Calcutta Edition of 1831
रत्ना	,,	रत्नावली	,, 1832
मृच्छ	,,	मृच्छकटिक	,, 1832
प्राप्र	,,	प्राकृतप्रकाश	Mr. Cowell's Edition of 1854
शकु	,,	शकुन्तला	Calcutta Edition of 1840
मालवि	,,	मालविकाग्निमित्र	Tulberg's Edition of 1850
वेणि	,,	वेणिसंहार	Muktaram's Edition of 1855
पाप्र	,,	संक्षिप्तसारस्य प्राकृताध्यायः	
महावी	,,	महावीरचरितम्	Trithen's Edition of 1848
पिंग	,,	पिंगलः	Ms.

† श्रद्धेय के. प्रे. मोदी द्वारा प्राप्त।

संकेत		ग्रन्थ का नाम	संस्करण आदि		जिसके अंक दिए गए हैं वह
पक्खि	=	पक्खिसूत्र	भीमसिंह माणेक, बम्बई, संवत् १९६२	...	
पच्च	=	महापच्चक्खाणपयन्नो	शा. बालाभाई ककलभाई, अहमदाबाद, संवत् १९६२		गाथा
पडि	=	पंचप्रतिक्रमणसूत्र	१ जैन-ज्ञान-प्रसारक-मंडल, बम्बई, १९११	...	
			२ आत्मानन्द-जैन-पुस्तक-प्रचारक-मंडल, आगरा, १९२१		
पएण	=	पएणवणासुत्त	राय धनपतिसिंह बहादुर, बनारस, संवत् १९४०	...	पद
पएह	=	प्रश्नव्याकरणसूत्र	आगमोदय-समिति, बम्बई, १९१९	...	श्रुतस्कन्ध, द्वार
पभा	=	पच्चक्खाणभाष्य	भीमसिंह माणेक, बम्बई, संवत् १९६२	...	गाथा
पव	=	प्रवचनसारोद्धार	१ ,, संवत् १९३४	...	+ द्वार
			२ दे० ला० पुस्तकोद्धार फंड, बम्बई, १९२२–२५		,,
पस	=	प्रज्ञापनोपाङ्ग-तृतीयपदसंग्रहणी	आत्मानन्द-जैन सभा, भावनगर, संवत् १९७४	...	गाथा
पाअ	=	पाइअलच्छीनाममाला	* बी. बी. एण्ड कंपनी, भावनगर, संवत् १९७३	...	
पार्श्व	=	पार्श्वपराक्रम	गायकवाड ओरिएण्टल सिरीज, नं. ४, १९१७		पृष्ठ
पि	=	ग्रामेटिक् देर् प्राकृत स्प्राखन्	डा. आर्. पिशेल् कृत, १९००	...	पैरा
पिंग	=	प्राकृतपिंगल	* एसियाटिक् सोसाइटी, बंगाल, कलकत्ता, १९०२	...	
पिंड	=	पिंडनियुक्ति	१ हस्तलिखित	...	गाथा
			२ दे० ला० पुस्तकोद्धार फंड, बम्बई, १९२२		,,
पिंडभा	=	पिंडनियुक्तिभाष्य	,,	...	,,
पुप्फ	=	पुष्पमालाप्रकरण	जैन-श्रेयस्कर-मंडल, म्हेसाणा, १९११	...	,,
प्रति	=	प्रतिमानाटक	त्रिवेन्द्र-संस्कृत-सिरीज	...	पृष्ठ
प्रबो	=	प्रबोधचन्द्रोदय	निर्णयसागर प्रेस, बम्बई, १९१०	...	,,
प्रयौ	=	प्रतिज्ञायौगन्धरायण	त्रिवेन्द्र-संस्कृत-सिरीज	...	,,
प्रवि	=	प्रव्रज्या-विधान-कुलक	† हस्तलिखित	...	गाथा
प्राकृ	=	प्राकृतसर्वस्व (मार्कंण्डेयकृत)	विझागापटम्, विशाखापट्टणम्		पृष्ठ
प्राप	=	इन्ट्रडक्शन् टु दि प्राकृत	* पंजाब युनिवर्सिटी, लाहौर, १९१७	...	
प्राप्र	=	प्राकृतप्रकाश	* १ डा. कावेल्-संपादित, लंडन, १८६८	...	
			* २ बंगीय-साहित्य-परिषद्, कलकत्ता, १९१४		
प्रामा	=	प्राकृतमार्गोपदेशिका	* शाह हर्षचन्द्र भूराभाई, बनारस, १९११	...	
प्रारू	=	प्राकृतशब्दरूपावली	* सेठ मनसुखभाई भगुभाई, अहमदाबाद, संवत् १९६८	...	
प्रासू	=	प्राकृतसूक्तरत्नमाला	जैन-विविध-साहित्य-शास्त्र-माला, बनारस, १९१९	...	गाथा
बाल	=	बालचरित	त्रिवेन्द्र-संस्कृत-सिरीज ...	...	पृष्ठ
बृह	=	बृहत्कल्पभाष्य	हस्तलिखित ...	...	उद्देश
भग	=	भगवतीसूत्र	* १ जिनागमप्रकाश सभा, बम्बई, संवत् १९७४	...	
			२ हस्तलिखित		शतक, उद्देश
			३ आगमोदय समिति, बम्बई, १९१८-१९१९-१९२१		,,
भत्त	=	भत्तपरिएणापयन्नो	१ जैन-धर्म-प्रसारक-सभा, भावनगर, संवत् १९६६	...	गाथा
			२ शा. बालाभाई ककलभाई, अहमदाबाद, संवत् १९६२		,,
भववृकथा	=	भवभावनावृत्तिकथा	देवचन्द लालभाई		

+ द्वार—प्रारम्भ के पूर्व के प्रस्ताव के लिए 'पव' के बाद केवल गाथा के अंक दिए गए हैं।

† श्रद्धेय श्रीयुत के. प्रे. मोदी द्वारा प्राप्त।

संकेत		ग्रन्थ का नाम	संस्करण आदि		जिसके अंक दिए गए हैं वह
भवि	=	भविसत्तकहा	* १ डा. एच्. जेकोबी-संपादित, १९१८	...	
			* २ गायकवाड ओरिएण्टल सिरीज, १९२३		
भाव	=	भावकुलक	अंबालाल गोवर्धनदास, बम्बई, १९१३	...	गाथा
भास	=	भाषारहस्य	सेठ मनसुखभाई भगुभाई, अहमदाबाद	...	,,
मंगल	=	मंगलकुलक	† हस्तलिखित ...	...	,,
मध्य	=	मध्यमव्यायोग	त्रिवेन्द्र-संस्कृत-सिरीज ...	...	पृष्ठ
मन	=	मनोनिग्रहभावना	† हस्तलिखित ...	...	गाथा
महा	=	आउसगेव्याल्ते एरस्यालुंगन् इन् महाराष्ट्री	* डॉ. एच्. जेकोबी-संपादित, लाइपजिग, १८८६		
महानि	=	महानिशीथसूत्र	हस्तलिखित ...	...	अध्ययन
मा	=	मालविकाग्निमित्र	निर्णयसागर प्रेस, बम्बई, १९१५	...	पृष्ठ
माल	=	मालतीमाधव	,, ,, ...	...	,,
मुणि	=	मुनिसुव्रतस्वामिचरित	हस्तलिखित ...	...	गाथा
मुद्रा	=	मुद्राराक्षस	बम्बई-संस्कृत-सिरीज, १९१५ ...	...	पृष्ठ
मृच्छ	=	मृच्छकटिक	१ निर्णयसागर प्रेस, बम्बई, १९१६	...	,,
			२ बम्बई-संस्कृत-सिरीज, १८९६	...	,,
मै	=	मैथिलीकल्याण	माणिकचन्द-दिगम्बर-जैन-ग्रन्थमाला, बम्बई, १९७३	...	,,
मोह	=	मोहराजपराजय	गायकवाड़ ओरिएन्टल सिरीज, नं. ९, १९१८	...	,,
यति	=	यतिशिक्षापंचाशिका	† हस्तलिखित ...	...	गाथा
रंभा	=	रंभामंजरी	* निर्णयसागर प्रेस, बम्बई, १८८९	...	,,
रत्न	=	रत्नत्रयकुलक	† हस्तलिखित ...	...	गाथा
रयण	=	रयणसेहरनिवकहा	स्व-संपादित, बनारस, १९१८ ...	...	पृष्ठ
राज	=	अभिधानराजेन्द्र	* जैन-प्रभाकर प्रिंटिंग प्रेस, रतलाम	...	
राय	=	रायपसेणीसुत्त	१ हस्तलिखित ...	...	
			२ आगमोदय-समिति, बम्बई, १९२५	...	पत्र
रुक्मि	=	रुक्मिणी-हरण (ईहामृग)	गायकवाड़ ओरिएन्टल सिरीज, नं. ८, १९१८	...	पृष्ठ
लघु	=	लघुसंग्रहणी	भीमसिंह माणेक, बम्बई, १९०८	...	गाथा
लहुअ	=	लघुअजितशान्ति-स्मरण	स्व-संपादित, कलकत्ता, संवत् १९७८	...	,,
लोक	=	लोकप्रकाश	देवचन्द लालभाई		
वज्जा	=	वज्जालग्ग	एसियाटिक सोसाइटी, बंगाल, कलकत्ता	...	पृष्ठ
वव	=	व्यवहारसूत्र, सभाष्य	१ हस्तलिखित ...	...	उद्देश्य
			२ मुनि माणेक संपादित, भावनगर, १९२६	...	,,
वसु	=	वसुदेवहिंडी	१ हस्तलिखित ...	...	
			२ आत्मानन्द सभा		
वा	=	वाग्भटकाव्यानुशासन	निर्णयसागर प्रेस, बम्बई, १९१५	...	पृष्ठ
वाग	=	वाग्भटालंकार	,, १९१६	...	,,
वि	=	विषयत्यागोपदेशकुलक	† हस्तलिखित ...	...	गाथा

† श्रद्धेय श्रीयुत के. प्रे. मोदी द्वारा प्राप्त ।

संकेत		ग्रन्थ का नाम		संस्करण आदि		जिसके अंक दिए गए हैं वह
विक्र	=	विक्रमोर्वशीय		निर्णयसागर प्रेस, बम्बई, १९१४	...	पृष्ठ
विक्र	=	विक्रान्तकौरव		माणिकचन्द-दिगम्बर-जैन-ग्रन्थ-माला, संवत् १९७२		,,
विचार	=	विचारसारप्रकरण		आगमोदय-समिति, बम्बई, १९२३	...	गाथा
विपा	=	विपाकश्रुत		स्व-संपादित, कलकत्ता, संवत् १९७६		श्रुतस्कन्ध, अध्य०
विवे	=	विवेकमंजरीप्रकरण		स्व-संपादित, बनारस, संवत् १९७५-७६	...	गाथा
विसे	=	विशेषावश्यकभाष्य		स्व-संपादित, बनारस, वीर-संवत् २४२१	...	,,
वृष	=	वृषभानुजा		निर्णयसागर प्रेस, बम्बई, १८९५	...	पृष्ठ
वेणी	=	वेणीसंहार		निर्णयसागर प्रेस, बम्बई, १९१५	...	,,
वै	=	वैराग्यशतक		विठ्ठलभाई जीवाभाई पटेल, अहमदाबाद, १९२०	...	गाथा
श्रा	=	श्राद्धप्रतिक्रमणसूत्रवृत्ति		दे० ला० पुस्तकोद्धार फंड, बम्बई, १९१९	...	मूलगाथा
श्रावक	=	श्रावकप्रज्ञप्ति		१ श्रीयुत केशवलाल प्रेमचन्द संपादित, १९०५	...	गाथा
				२ जैन धर्म शाखा		
श्रु	=	श्रुतास्वाद	†	हस्तलिखित ...	...	,,
षड्	=	षड्भाषाचन्द्रिका	*	बम्बई संस्कृत एन्ड् प्राकृत सिरीज, १९१६	...	
स	=	समराइच्चकहा		एसियाटिक सोसाइटी, बंगाल, कलकत्ता, १९०८-२३	...	पृष्ठ
सं	=	संबोधसत्तरी		विठ्ठलभाई जीवाभाई पटेल, अहमदाबाद, १९२०	...	गाथा
संक्षि	=	संक्षिप्तसार		१ हस्तलिखित ...	...	
				२ संस्कृत प्रेस डिपोजिटरी, कलकत्ता, १८८९	...	पृष्ठ
संग	=	बृहत्संग्रहणी		१ भीमसिंह माणेक, बम्बई, संवत् १९६८	...	गाथा
				२ आत्मानन्द जैन सभा, भावनगर, संवत् १९७३	...	,,
संघ	=	संघाचारभाष्य		हस्तलिखित ...	...	प्रस्ताव
संच	=	शान्तिनाथचरित्र (देवचन्द्रसूरि-कृत)		,, ...	...	
संति	=	संतिकरस्तोत्र		१ जैन-ज्ञान-प्रसारक-मंडल, बम्बई, १९११	...	गाथा
				२ आत्मानन्द-जैन-पुस्तक-प्रचारक-मंडल, आगरा, १९२१	...	,,
संथा	=	संथारगपयन्नो		१ हस्तलिखित ...	...	,,
				२ जैन-धर्म-प्रचारक-सभा, भावनगर, संवत् १९६६	...	,,
संबोध	=	संबोधप्रकरण		जैन-ग्रन्थ-प्रकाशक-सभा, अहमदाबाद, १९१६	...	पत्र
संवे	=	संवेगचूलिकाकुलक	†	हस्तलिखित ...	...	गाथा
संवेग	=	संवेगमंजरी		,, ...	...	,,
सट्ठि	=	सट्ठिसयपयरण		१ स्व-संपादित, बनारस, १९१७	...	,,
				२ सत्यविजय-जैन-ग्रन्थमाला, नं. ६, अहमदाबाद, १९२५		,,
सण	=	सनत्कुमारचरित	*	डॉ. एच. जेकोबी-संपादित, १९२१	...	
सत्त	=	उपदेशसप्ततिका		जैन धर्म-प्रसारक-सभा, भावनगर, संवत १९७६	...	गाथा
सम	=	समवायांगसूत्र		आगमोदय समिति, बम्बई, १९१८	...	पृष्ठ
समु	=	समुद्रमन्थन (समवकार)		गायकवाड ओरिएन्टल सिरीज, नं. ८, १९१८	...	,,
सम्म	=	सम्मतिसूत्र		जैन-धर्म-प्रसारक-सभा, भावनगर, संवत् १९६५	...	गाथा

---

† श्रद्धेय श्रीयुत के. प्रे. मोदी द्वारा प्राप्त ।

संकेत		ग्रन्थ का नाम	संस्करण आदि		जिसके अंक दिए गए हैं वह
सम्मत्त	=	सम्यक्त्वसप्तति सटीक	दे० ला० पुस्तकोद्धार-फंड, बम्बई, १९१६	···	पत्र
सम्य	=	सम्यक्त्वस्वरूप पच्चीसो	अंबालाल गोवर्धनदास, बम्बई, १९१३	···	गाथा
सम्यक्त्वो	=	सम्यक्त्वोत्पादविधिकुलक	† हस्तलिखित	···	,,
सा	=	सामान्यगुणोपदेशकुलक	,,	···	,,
सार्ध	=	गणधरसार्धशतकप्रकरण	जौहरी चुन्नीलाल पन्नालाल, बम्बई, १९१६	···	,,
सिक्खा	=	शिक्षाशतक	† हस्तलिखित	···	,,
सिग्घ	=	सिग्घमवहरउ-स्मरण	स्व-संपादित, कलकत्ता, संवत् १९७८	···	,,
सिरि	=	सिरिसिरिवालकहा	दे० ला० पुस्तकोद्धार फंड, बम्बई, १९२३	···	,,
सुख	=	सुखबोधा टीका (उत्तराध्ययनस्य)	‡ हस्तलिखित	···	अध्ययन, गाथा
सुज्ज	=	सूर्यप्रज्ञप्ति	आगमोदय-समिति, बम्बई, १९१९	···	पाहुड
सुपा	=	सुपासनाहचरिअ	स्व-संपादित, बनारस, १९१८-१९	···	पृष्ठ
सुर	=	सुरसुंदरीचरिअ	जैन-विविध-साहित्य-शास्त्र-माला, बनारस, १९१६	···	परिच्छेद, गाथा
सूअ	=	सूअगडांगसुत्त	+ १ भीमसिंह माणेक, बंबई, १९३६	···	श्रुतस्कंध, अध्य०
			२ आगमोदय-समिति, बंबई, संवत् १९१७	···	,,
सूअनि	=	सूत्रकृताङ्गनिर्युक्ति	१ हस्तलिखित	···	श्रुतस्कंध
			२ आगमोदय-समिति, बंबई, संवत् १९७३	···	गाथा
			३ भीमसिंह माणेक ,, ,, १९३६	···	,,
सूक्त	=	सूक्तमुक्तावली	दे० ला० पुस्तकोद्धार फंड, बंबई, १९२२	···	पत्र
सूत्रचू	=	सूत्रकृतांगचूर्णि	P. T. S.		
से	=	सेतुबंध	निर्णयसागर प्रेस, बंबई, १८९५	···	आश्वासक, पत्र
स्वप्न	=	स्वप्नवासवदत्त	त्रिवेन्द्र-संस्कृत-सिरीज	···	पृष्ठ
हम्मीर	=	हम्मीरमदमर्दन	गायकवाड ओरिएन्टल सिरीज, नं. १०, १९२०	···	,,
हास्य	=	हास्यचूडामणि (प्रहसन)	,,	···	,,
हि	=	हितोपदेशकुलक	† हस्तलिखित	···	गाथा
हित	=	हितोपदेशसारकुलक	,,	···	,,
हे	=	हेमचन्द्र-प्राकृत-व्याकरण	* १ डॉ. आर्. पिशेल्-संपादित, १८७७	···	पद, सूत्र
			२ बंबई-संस्कृत-सिरीज, १९००	···	,,
हेका	=	हेमचन्द्र-काव्यानुशासन	निर्णयसागर प्रेस, बंबई, १९०१	···	पृष्ठ

† श्रद्धेय श्रीयुत के. प्रे. मोदी द्वारा प्राप्त ।

‡ देखो 'उत्त' के नीचे की टिप्पणी ।

+ सूत्र के अंक इन दोनों में भिन्न भिन्न हैं, प्रस्तुत कोष में सूत्रांक केवल भी. मा. के संस्करण के दिए गये है ।

प्रथम संस्करण में लेखक का निवेदन

कोई भी भाषा के ज्ञान के लिए उस भाषा का व्याकरण और कोष प्रधान साधन है। प्राकृत भाषा के प्राचीन व्याकरण अनेक हैं, जिनमें चंड का प्राकृतलक्षण, वररुचि का प्राकृतप्रकाश, हेमाचार्य का सिद्धहेम (अष्टम अध्याय), मार्कण्डेय का प्राकृतसर्वस्व और लक्ष्मीधर की षड्भाषाचन्द्रिका मुख्य हैं। और अर्वाचीन प्राकृत व्याकरणों की संख्या अल्प होने पर भी उनमें जर्मनी के सुप्रसिद्ध प्राकृत-विद्वान् डॉ. पिशल का प्राकृतव्याकरण सर्वश्रेष्ठ है जो अतिविस्तृत और तुलनात्मक है। परन्तु प्राकृत-कोष के विषय में यह बात नहीं है। प्राकृत के प्राचीन कोषों में अद्यापि पर्यन्त केवल दो ही कोष उपलब्ध हुए हैं—पण्डित धनपाल-कृत पाइअलच्छीनाममाला और हेमाचार्य-प्रणीत देशीनाममाला। इनमें पहला अतिसंक्षिप्त—दो सौ से भी कम पद्यों में ही समाप्त और दूसरा केवल देश्य शब्दों का कोष है। इनके सिवा अन्य कोई भी प्राकृत का कोष न होनेसे प्राकृत के हरएक अभ्यासी को अपने अभ्यास में बहुत असुविधा होती थी, खुद मुझे भी अपने प्राकृत-ग्रन्थों के अनुशीलन-काल में इस अभाव का कटु अनुभव हुआ करता था। इससे आज से करीब पनरह साल पहले पूज्यपाद, प्रातः-स्मरणीय, गुरुवर्य शास्त्र-विशारद जैनाचार्य श्री १००८ श्री विजयधर्मसूरीश्वरजी महाराज की प्रेरणा से प्राकृत का एक उपयुक्त कोष बनाने का मैंने विचार किया था।

इसी अरसे में श्री राजेन्द्र सूरिजी का अभिधानराजेन्द्र नामक कोष का प्रथम भाग प्रकाशित हुआ और अभी दो वर्ष हुए इसका अन्तिम भाग भी बाहर हो गया है। बड़ी बड़ी सात जिल्दों में यह कोष समाप्त हुआ है। इस संपूर्ण कोष का मूल्य २६०) रुपये हैं जो परिश्रम और ग्रन्थ-परिमाण में अधिक नहीं कहे जा सकते। यद्यपि इस कोष की विस्तृत आलोचना करने की न तो यहां जगह है, न आवश्यकता ही; तथापि यह कहे बिना नहीं रहा जा सकता कि इसकी तय्यारी में इसके कर्ता और उसके सहकारियों को सचमुच घोर परिश्रम करना पड़ा है और प्रकाशन में जैन श्वेताम्बर संघ को भारी धन-व्यय। परन्तु खेद के साथ कहना पड़ता है कि इसमें कर्ता को सफलता की अपेक्षा निष्फलता ही अधिक मिली है और प्रकाशक के धनका अपव्यय ही विशेष हुआ है। सफलता न मिलने का कारण भी स्पष्ट है। इस ग्रन्थ को थोड़े गौर से देखने पर यह सहज ही मालूम होता है कि इसके कर्ता को न तो प्राकृत भाषाओं का पर्याप्त ज्ञान था और न प्राकृत शब्द-कोष के निर्माण की उतनी प्रबल इच्छा, जितनी जैन-दर्शन-शास्त्र और तर्क-शास्त्र के विषय में अपने पाण्डित्यप्रख्यापन की धून। इसी धून ने अपने परिश्रम को योग्य दिशा में ले जानेवाली विवेक-बुद्धि का भी ह्रास कर दिया है। यही कारण है कि इस कोष का निर्माण, केवल पचहत्तर से भी कम प्राकृत जैन पुस्तकों के ही, जिनमें अर्धमागधी के दर्शनविषयक ग्रंथों की बहुलता है, आधार पर किया गया है और प्राकृत की ही इतर मुख्य शाखाओं के तथा विभिन्न विषयों के अनेक जैन तथा जैनेतर ग्रन्थों में एक का भी उपयोग नहीं किया गया है। इससे यह कोष व्यापक न होकर प्राकृत भाषा का एकदेशीय कोष हुआ है। इसके सिवा प्राकृत तथा संस्कृत ग्रन्थों के विस्तृत अंशों को और कहीं-कहीं तो छोटे-बड़े[1] संपूर्ण ग्रन्थ को ही अवतरण के रूप में उद्धृत करने के कारण पृष्ठ-संख्या में बहुत बड़ा होने पर भी शब्द-संख्या में ऊन ही नहीं, बल्कि आधार-भूत ग्रंथों में आए हुए कई[2] उपयुक्त शब्दों को छोड़ देने से और विशेषार्थ-हीन[3] अतिदीर्घ सामासिक शब्दों की भरती से वास्तविक शब्द-संख्या में यह कोष अतिन्यून भी है। इतना ही नहीं, इस कोष में आदर्श पुस्तकों की, असावधानी की और प्रेस की तो असंख्य अशुद्धियाँ हैं ही, प्राकृत भाषा के अज्ञान से संबन्ध रखनेवाली भूलों की भी कमी नहीं है। और सबसे बढ़कर दोष इस कोष में यह है कि वाचस्पत्य, अनेकान्तजयपताका, अष्टक, रत्नाकरावतारिका आदि केवल संस्कृत के और जैन इतिहास जैसे

---

१. जैसे 'चेइय' शब्द की व्याख्या में प्रतिमाशतक नामक सटीक संस्कृत ग्रन्थ को आदि से लेकर अन्त तक उद्धृत किया गया है। इस ग्रंथ की श्लोक-संख्या करीब पाँच हजार है।

२. अक = अर्क आदि।

३. जैसे अइ-तिक्ख-रोस, अइ-दुक्ख-धम्म, अइ-तिव्व-कम्म-विगम, अकुसल-जोग-णिरोह, अचियंते(?)उर-पर-घर-प्पवेस, अजिम्म(?)-कंत-णयणा, अजस-सय-विसप्पमाण-हियय, अजहण्णुको(?)स-पएसिय आदि। इन शब्दों का इनके अवयवों की अपेक्षा कुछ भी विशेष अर्थ नहीं है।

केवल आधुनिक गुजराती ग्रन्थों के संस्कृत और गुजराती शब्दों पर से कोरी निजी कल्पना से ही बनाये हुए[1] प्राकृत शब्दों की इसमें खूब मिलावट की गई है, जिससे इस कोष की प्रामाणिकता ही एकदम नष्ट हो गई है। ये और अन्य अनेक अक्षम्य दोषों के कारण साधारण अभ्यासी के लिए इस कोष का उपयोग जितना भ्रामक और भयंकर है, विद्वानों के लिए भी उतना ही क्लेशकर है।

इस तरह प्राकृत के विविध भेदों और विषयों के जैन तथा जैनेतर साहित्य के यथेष्ट शब्दों से संकलित, आवश्यक अवतरणों से युक्त, शुद्ध एवं प्रामाणिक कोष का नितान्त अभाव बना ही रहा। इस अभाव की पूर्ति के लिये मैंने अपने उक्त विचार को कार्य-रूप में परिणत करने का दृढ़ संकल्प किया और तदनुसार शीघ्र ही प्रयत्न भी शुरु कर दिया गया, जिसका फल प्रस्तुत कोष के रूप में चौदह वर्षों के कठोर परिश्रम के पश्चात् आज पाठकों के सामने उपस्थित है।

प्रस्तुत कोष की तय्यारी में जो अनेक कठिनाइयाँ मुझे झेलनी पड़ी हैं उनमें सर्व-प्रथम प्राकृत के शुद्ध पुस्तकों के विषय में थी। प्राकृत का विशाल साहित्य-भण्डार विविध-विषयक ग्रंथ-रत्नों से पूर्ण होने पर भी आजतक वह यथेष्ट रूप में प्रकाशित ही नहीं हुआ है। और हस्त-लिखित पुस्तकें तो बहुधा अज्ञान लेखकों के हाथ से लिखी जानेके कारण प्रायः अशुद्ध ही हुआ करती हैं; परन्तु आजतक जो प्राकृत की पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं वे भी, न्यूनाधिक परिमाण में, अशुद्धिओं से खाली नहीं हैं। अलबत, यूरोप की और इस देश की कुछ पुस्तकें ऐसी उत्तम पद्धति से छपी हुई हैं कि जिनमें अशुद्धियाँ बहुत ही कम हैं, और जो कुछ रह भी गई हैं वे उनमें टिप्पणी में दिए हुए अन्य प्रतियों के पाठान्तरों से सुधारी जा सकती हैं। परन्तु दुर्भाग्य से ऐसे संस्करणों की संख्या बहुत ही अल्प—नगण्य हैं। सचमुच, यह बड़े खेद की बात है कि भारतीय और खास कर हमारे जैन विद्वान् प्राचीन पुस्तकों के संशोधन में अधिक हस्तलिखित पुस्तकों का उपयोग करने की और उनके भिन्न-भिन्न पाठों को टिप्पणी के आकार में उद्धृत करने की तकलीफ ही नहीं उठाते। इसका नतीजा यह होता है कि संशोधक की बुद्धि में जो पाठ शुद्ध मालूम होता है वही एक, फिर चाहे वह वास्तव में अशुद्ध ही क्यों न हो, पाठकों को देखने को मिलता है। प्राकृत के इतर मुद्रित ग्रन्थों की तो यह दुर्दशा है ही, परन्तु जैनों के पवित्रतम और अति प्राचीन आगम-ग्रन्थों की भी यही अवस्था है। कई वर्षों के पहले मुर्शिदाबाद के प्रसिद्ध धन-कुबेर राय धनपतिसिंहजी बहादुर ने अनेक आगम-ग्रन्थ भिन्न-भिन्न स्थानों में भिन्न-भिन्न संशोधकों से संपादित करा कर छपवाये थे, जिनमें अधिकांश अज्ञानी संशोधकों से सम्पादित होनेके कारण खूब ही अशुद्ध छपे थे। किन्तु अभी कुछ ही वर्ष हुए हमारी आगमोदय-समिति ने अच्छा फंड एकत्रित करके भी जो आगमों के ग्रन्थ छपवाये हैं वे कागज, छपाई सफाई आदि बाह्य शरीर की सजावट में सुन्दर होने पर भी शुद्धता के विषय में बहुधा पूर्वोक्त संस्करणों की पुनरावृत्ति ही है। क्योंकि, न किसी में आदर्श-पुस्तकों के पाठान्तर देने का परिश्रम किया गया है, न मूल और टीका के प्राकृत शब्दों की संगति की ओर ध्यान दिया गया है, और न तो प्रथम संस्करण की साधारण अशुद्धियाँ सुधारने की यथोचित कोशिश ही की गई है। क्या ही अच्छा हो, यदि श्रीआगमोदयसमिति के कार्य-कर्ताओं का ध्यान इस तथ्य की ओर आकृष्ट हो और वे प्राकृत के विशेषज्ञ और परिश्रमी विद्वानों से संपादित करा कर समस्त (प्रकाशित और अप्रकाशित) आगम-ग्रन्थों का एक शुद्ध (Critical) संस्करण प्रकाशित करें, जिसकी अनिवार्य आवश्यकता है।

इस तरह हस्त-लिखित और मुद्रित प्राकृत-ग्रन्थ प्रायः अशुद्ध होने के कारण आवश्यकतानुसार एकाधिक हस्त-लिखित पुस्तकों का अन्य-ग्रंथों में उद्धृत उन्हीं पाठों का और भिन्न-भिन्न संस्करणों का सावधानी से निरीक्षण करके उनमें से शुद्ध प्राकृत शब्दों का तथा एक ही शब्द के भिन्न-भिन्न परन्तु शुद्ध रूपों का ही यहाँ ग्रहण किया गया है और अशुद्ध शब्द या रूप छोड़ दिए गए हैं। और जिस ग्रंन्थ को एक ही हस्त-लिखित प्रति अथवा एक मुद्रित संस्करण पाया गया है उसमें रही हुई अशुद्धियों का भी संशोधन यथामति किया गया है और संशोधित शब्दों को ही इस कोष में स्थान दिया गया है। साधारण स्थलों को छोड़ कर खास खास स्थानों में ऐसी अशुद्धियों का उल्लेख भी उन पाठों को उद्धृत करके किया गया है, जिससे विद्वान् पाठक को मेरी की हुई शुद्धि की योग्यता या अयोग्यता पर विचार करने की सुविधा हो। इस प्रकार जैसे मूल प्राकृत शब्दों की अशुद्धियों के संशोधन में पूरी सावधानी रक्खी गई है वैसे ही आधुनिक विद्वानों की की हुई छाया (संस्कृत प्रतिशब्द) और अर्थ की भूलों को सुधारने की भी पूरी कोशिश की गई है। सारांश यह कि इस कोष को सर्वाङ्ग-शुद्ध बनाने में संपूर्ण ध्यान दिया गया है। मुझे यह जानकर संतोष हुआ है कि मेरे इस प्रयत्न की कदर भी प्रोफेसर ल्योमेन जैसे प्राकृत के सुप्रसिद्ध जर्मन विद्वान् तक ने की है।[2]

---

१. देखो अग्गर, अखंडणाणरज्ज, अगोरसव्वय, अचिंतगुणसमुदय, अज्झत्तबिंदु, अज्झत्तमयपरिक्खा, अज्झत्थबिंदु, अज्झत्थमयपरिक्खा, अभ(?)त्थओगसाहणजुत्त, अणेगंतजयपडागा प्रभृति शब्दों के रेफरेंस।

२. देखो अन्यत्र उद्धृत किए हुए इस ग्रंथ-विषयक अभिप्रायों में रॉयल एसियाटिक सोसाईटी के जर्नल में प्रकाशित प्रो. ल्युमेन का अभिप्राय।

दूसरी मुख्य कठिनाई अर्थ-व्यय के बारे में थी। मेरी आर्थिक अवस्था ऐसी नहीं थी कि इस महान् ग्रंथ की तय्यारी के लिए पुस्तकादि आवश्यक साधनों के और सहायक मनुष्यों के वेतन-खर्च के अतिरिक्त प्रकाशन का भार भी वहन कर सकूँ। और मुफ्त में किसी से आर्थिक सहायता लेना मैं पसन्द नहीं करता था। इससे इस कठिनाई को दूर करने के लिए अग्रिम ग्राहक बनाने की योजना की गई, जिसमें उन अग्रिम ग्राहकों को हर पचीस रुपये में इस संपूर्ण ग्रन्थ की एक कॉपी देने की व्यवस्था थी। इससे मेरी उक्त कठिनाई सम्पूर्ण तो नहीं, किन्तु बहुत-कुछ कम हो गई। इस योजना को इतने दूर तक सफल बनाने का अधिक श्रेय कलकत्ता के जैन श्वेताम्बर-श्रीसंघ के अग्रगण्य नेता श्रीमान् सेठ नरोत्तमभाई जेठाभाई को है, जिन्होंने शुरू से ही इसकी संरक्षकता का भार अपने पर लेते हुए मुझे हर तरह से इस कार्य में सहायता की है, जिसके लिए मैं उनका चिर-कृतज्ञ हूँ। इसी तरह अहमदाबाद-निवासी श्रद्धेय श्रीयुत् केशवलालभाई प्रेमचन्द मोदी बी. ए., एल्एल् बी. का भी मैं बहुत ही उपकृत हूँ कि जिन्होंने कई मुद्रित पुस्तकों में दी हुई प्राकृत शब्द-सूचियों पर से एकत्रित किया हुआ एक बड़ा शब्द-संग्रह मुझे दिया था; इतना ही नहीं, बल्कि समय समय पर प्राकृत की अनेक हस्त-लखित तथा मुद्रित पुस्तकों का जोगाड़ कर दिया था और उक्त योजना में ग्राहक-सख्या बढ़ा देने का हार्दिक प्रयत्न किया था। प्रातःस्मरणीय, पूज्यपाद, गुरुवर्य मुनिराज श्रीअमीविजयजी महाराज, पूज्य जैनाचार्य श्रीविजयमोहन सूरिजी, जं. यु. भट्टारक श्रीजिनचारित्रसूरिजी तथा स्वतन्त्र-सम्पादक विद्वद्वर्य श्रीयुत् अम्बिकाप्रसादजी वाजपेयी का भी मैं हृदय से उपकार मानता हूँ कि जिनकी प्रेरणा से अग्रिम ग्राहकों की वृद्धि द्वारा मुझे इस कार्य में सहायता मिली है। उन महानुभावों को, जिनके शुभ नाम इसी ग्रन्थ में अन्यत्र दी हुई अग्रिम-ग्राहक-सूची में प्रकाशित किए गए हैं[1], अनेकानेक धन्यवाद हैं कि जिन्होंने यथाशक्ति अल्पाधिक संख्या में इस पुस्तक की कॉपियाँ खरीद कर मेरा यह कार्य सरल कर दिया है। यहाँ पर मेरे मित्र श्रीयुत् सेठ गिरधरलाल त्रिकमलाल और श्रीमान् बाबू डालचंदजी सिंघी के नाम विशेष उल्लेखनीय हैं। इन दोनों महाशयों ने अपनी अपनी शक्ति के अनुसार यथेष्ट संख्या में इस कोष की कॉपियाँ खरीदने के अतिरिक्त मुझे इस कार्य के लिये समय समय पर बिना सूद ऋण देने की भी कृपा की थी। यह कहने में कोई अत्युक्ति नहीं है कि यदि उक्त सब महानुभावों की यह सहायता मुझे प्राप्त न हुई होती तो इस कोष का प्रकाशन मेरे लिए मुश्किल ही नहीं, असंभव था।

यहाँ इस बात का भी उल्लेख करना उचित जान पड़ता है कि आज से करीब दस वर्ष पहले मेरे सहाध्यापक श्रद्धेय प्रोफेसर मुरलीधर बनर्जी एम्. ए. महाशय ने और मैंने मिलकर एक प्रस्ताव विशिष्ट पद्धति का प्राकृत-इंग्लिश कोष तैयार करने के लिए कलकत्ता-विश्वविद्यालय में उपस्थित किया था, परन्तु उस समय वह अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया था। इसके कई वर्ष बाद जब मेरे इस प्राकृत-हिन्दी कोष का प्रथम भाग प्रकाशित हुआ तब उसे देखकर कलकत्ता-विश्वविद्यालय के कर्णधार स्वर्गीय ऑनरेबल जस्टिस आशुतोष मुकर्जी इतने संतुष्ट हुए कि उन्होंने तुरंत ही विश्वविद्यालय की तरफ से हम दोनों के तत्त्वावधान में इसी तरह के प्रमाण-युक्त एक प्राकृत-इङ्गलिश कोश तैय्यार और प्रकाशित करने का न केवल प्रस्ताव ही पास करवाया, वल्कि उसको कार्य-रूप में परिणत करने के लिए उपयुक्त व्यवस्था भी करायी है। इसके लिए उनको जितने धन्यवाद दिये जायँ, कम हैं। यहाँ पर मैं कलकत्ता-विश्वविद्यालय की भी प्रशंसा किए विना नहीं रह सकता कि जिसके द्वारा मुझे इस कार्य में समय, पुस्तक आदि की अनेक सुविधाएँ मिली हैं, जिससे यह कार्य अपेक्षा-कृत शीघ्रता से पूर्ण हो सका है। इस कोष के उपोद्घात से सम्बन्ध रखनेवाले अनेक ऐतिहासिक जटिल प्रश्नों को सुलझाने में श्रद्धेय प्रोफेसर मुरलीधर बनर्जी एम्. ए. ने अपने कोमती समय का विना संकोच भोग देकर मुझे जो सहायता की है उसके लिए मैं उनका अन्तः-करण से आभार मानता हूँ।

इस कोष के मुद्रण-कार्य के आरम्भ से लेकर प्रायः शेष होने तक, समय समय पर जैसे जैसे जो अतिरिक्त हस्त-लिखित और मुद्रित पुस्तकें या संस्करण मुझे प्राप्त होते जाते थे वैसे वैसे उनका भी यथेष्ट उपयोग इस कोष में किया जाता था। यही कारण है कि तब तक के अमुद्रित भाग के शब्द उनके रेफरेंसों के साथ साथ प्रस्तुत कोष में ही यथास्थान शामिल कर दिए जाते थे और मुद्रित अंश के शब्दों का एक अलग संग्रह तय्यार किया जाता था जो परिशिष्ट[2] के रूप में इसी ग्रंथ में अन्यत्र प्रकाशित किया जाता है। ऐसा करते हुए तृतीय भाग के छपने तक जिन अतिरिक्त पुस्तकों का उपयोग किया गया था उनकी एक अलग सूची भी तृतीय भाग में दी गई थी। उसके बाद के अतिरिक्त पुस्तकों की अलग सूची इसमें न देकर प्रथम की दोनों (द्वितीय और तृतीय भाग में प्रकाशित) सूचियों की जो एक साधारण सूची यहाँ दी जाती है उसीमें उन पुस्तकों का भी वर्णानुक्रम से यथास्थान समावेश किया गया है, जिससे पाठकों को अलग अलग रेफरेंस-सूचियाँ देखने की तकलीफ न हो।

उक्त परिशिष्ट में केवल उन्हीं शब्दों को स्थान दिया गया है जो पूर्व-संग्रह में न आने के कारण एकदम नये हैं या आने पर भी लिंग या अर्थ में पूर्वगत शब्द की अपेक्षा विशेषता रखते हैं। केवल रेफरेंस की विशेषता को लेकर किसी शब्द को परिशिष्ट में पुनरावृत्ति नहीं की गई है।

---

१. 'अग्रिम-ग्राहक सूची' का अंश द्वितीय संस्करण में नहीं छापा गया है—संपादक।

२. 'परिशिष्ट' का संपूर्ण अंश इस द्वितीय संस्करण में यथास्थान समावेश कर दिया गया है—संपादक।

यद्यपि मेरी मातृभाषा हिन्दी नहीं है तथापि वही एकमात्र भारतवर्ष की सर्वाधिक व्यापक और इसलिए राष्ट्र-भाषा के योग्य होने के कारण यहाँ अर्थ के लिए विशेष उपयुक्त समझी गई है।

अन्त में, आर्ष से लेकर अपभ्रंश तक की प्राकृत भाषाओं के विविध-विषयक जैन एवं जैनेतर प्राचीन ग्रंथों के (जिनकी कुल संख्या ढाई सौ से भी ज़्यादा है) अतिविशाल शब्द-राशि से, संस्कृत प्रतिशब्दों से, हिन्दी अर्थों से, सभी आवश्यक अवतरणों से और संपूर्ण प्रमाणों से परिपूर्ण इस बृहत् प्राकृत-कोष में, यथेष्ट सावधानता रखने पर भी, जो कुछ मनुष्य-स्वभाव-सुलभ त्रुटियां या भूलें हुई हों उनको सुधारने के लिए विद्वानों से नम्र प्रार्थना करता हुआ यह आशा रखता हूँ कि वे ऐसी भूलों के विषय में मुझे सतर्क करेंगे ताकि द्वितीयावृत्ति में तदनुसार संशोधन का कार्य सरल हो पड़े। जो विद्वान् मेरे भ्रम-प्रमादों की प्रामाणिक पद्धति से सूचना देंगे, मैं उनका चिर-कृतज्ञ रहूँगा।

यदि मेरी इस कृति से, प्राकृत-साहित्य के अभ्यास में थोड़ी भी सहायता पहुँचेगी तो मैं अपने इस दीर्घ-काल-व्यापी परिश्रम को सफल समझूँगा।

कलकत्ता
ता० ३१-१-२८

हरगोविन्द दास टि. सेठ

प्रथम संस्करण का उपोद्घात

जो भाषा अतिप्राचीन काल में इस देश के आर्य लोगों की कथ्य भाषा—बोलचाल की भाषा—थी, जिस भाषा में भगवान् महावीर और बुद्धदेव ने अपने पवित्र सिद्धान्तों का उपदेश दिया था, जिस भाषा को जैन और बौद्ध विद्वानों ने विविध-विषयक विपुल साहित्य की रचना कर अपनाई है, जिस भाषा में श्रेष्ठ काव्य-निर्माण द्वारा प्रवरसेन, हाल आदि महाकवियों ने अपनी अनुपम प्रतिभा का परिचय दिया है, जिस भाषा के मौलिक साहित्य के आधार पर संस्कृत के अनेक उत्तम ग्रन्थों की रचना हुई है, संस्कृत के नाटक-ग्रन्थों में संस्कृत-भिन्न जिस भाषा का प्रयोग दृष्टिगोचर होता है, जिस भाषा से भारतवर्ष की वर्तमान समस्त आर्य भाषाओं की उत्पत्ति हुई है और जो भाषाएँ भारत के अनेक प्रदेशों में आजकल भी बोली जाती हैं, इन सब भाषाओं का साधारण नाम है प्राकृत, क्योंकि ये सब भाषाएँ एकमात्र प्राकृत के ही विभिन्न रूपान्तर हैं जो समय और स्थान की भिन्नता के कारण उत्पन्न हुई हैं। इसीसे इन भाषाओं के व्यक्ति-वाचक नामों के आगे 'प्राकृत' शब्द का प्रयोग आजतक किया जाता है, जैसे प्राथमिक प्राकृत, आर्ष या अर्धमागधी प्राकृत, पाली प्राकृत, पैशाची प्राकृत, शौरसेनी प्राकृत, महाराष्ट्री प्राकृत, अपभ्रंश प्राकृत, हिन्दी प्राकृत, बंगला प्राकृत आदि।

प्राकृत किसे कहते हैं ?

भारतवर्ष की अर्वाचीन और प्राचीन भाषाएँ और उनका परस्पर सम्बन्ध

भाषातत्त्व के अनुसार भारतवर्ष की आधुनिक कथ्य भाषाएँ इन पाँच भागों में विभक्त की जा सकती है :—(१) आर्य (Aryan), (२) द्राविड़ (Dravidian), (३) मुण्डा (Munda), (४) मन्-ख्मेर (Mon-khmer) और (५) तिब्बत-चीना (Tibeto-Chinese).

भारत की वर्तमान भाषाओं में मराठी, बँगला, ओड़िया, बिहारी, हिन्दी, राजस्थानी, गुजराती, पंजाबी, सिन्धी और काश्मीरी भाषा आर्य भाषा से उत्पन्न हुई हैं। पारसी तथा अंग्रेजी, जर्मनी आदि अनेक आधुनिक युरोपीय भाषाओं की उत्पत्ति भी इसी आर्य भाषा से है। भाषा-गत सादृश्य को देखकर भाषा-तत्त्व-ज्ञाताओं का यह अनुमान है कि इस समय विच्छिन्न और बहु-दूरवर्ती भारतीय आर्य-भाषा-भाषी समस्त जातियाँ और उक्त युरोपीय भाषा-भाषी सकल जातियाँ एक ही आर्य-वंश से उत्पन्न हुई हैं।

तेलगु, तामिल और मलयालम प्रभृति भाषाएँ द्राविड़ भाषा के अन्तर्गत हैं; कोल तथा साँथाली भाषा मुण्डा भाषा के अन्तर्भूत हैं; खासी भाषा मन्ख्मेर भाषा का और भोटानी तथा नागा भाषा तिब्बत-चीना भाषा का निदर्शन है। इन समस्त भाषाओं की उत्पत्ति किसी आर्य भाषा से सम्बन्ध नहीं रखती, अतएव ये सभी अनार्य भाषाएँ हैं। यद्यपि ये अनार्य भाषाएँ भारत के ही दक्षिण, उत्तर और पूर्व भाग में बोली जाती हैं तथापि अंग्रेजी आदि सुदूरवर्ती भाषाओं के साथ हिन्दी आदि आर्य भाषाओं का जो वंश-गत ऐक्य उपलब्ध होता है, इन अनार्य भाषाओं के साथ वह सम्बन्ध नहीं देखा जाता है।

ये सब कथ्य भाषाएँ आजकल जिस रूप में प्रचलित हैं, पूर्वकाल में उसी रूप में न थीं, क्योंकि कोई भी कथ्य भाषा कभी एक रूप में नहीं रहती। अन्य वस्तुओं की तरह इसका रूप भी सर्वदा बदलता ही रहता है—देश, काल और व्यक्ति-गत उच्चारण के भेद से भाषा का परिवर्तन अनिवार्य होता है। यद्यपि यह परिवर्तन जो लोग भाषा का व्यवहार करते हैं उनके द्वारा ही होता है तथापि उस समय वह लक्ष्य में नहीं आता। पूर्वकाल की भाषा के संरक्षित आदर्श के साथ तुलना करने पर बाद में ही वह जाना जाता है। प्राचीन काल की जिन भारतीय भाषाओं के आदर्श संरक्षित हैं—जिन भाषाओं ने साहित्य में स्थान पाया है, उनके नाम ये हैं—वैदिक संस्कृत, लौकिक संस्कृत, पाली, अशोक लिपि तथा उसके बाद की लिपि की भाषा और प्राकृत भाषा-समूह। इनमें प्रथम की दो भाषाएँ कभी जन-साधारण की कथ्य भाषा न थीं, केवल लेख्य—साहित्यिक भाषा—ही थीं। अवशिष्ट भाषाएँ कथ्य और लेख्य उभय रूप में प्रचलित थीं। इस

समय ये समस्त भाषाएँ कथ्य रूप से व्यवहृत नहीं होतीं, इसी कारण ये मृत भाषा (dead languages) कहलाती हैं। उक्त वैदिक आदि सब भाषाएँ आर्य भाषा के अन्तर्गत हैं और इन्हीं प्राचीन आर्य भाषाओं में से कईएक क्रमशः रूपान्तरित होकर आधुनिक समस्त आर्य भाषाएँ उत्पन्न हुई हैं।

ये प्राचीन आर्य भाषाएँ कौन युग में किस रूप में परिवर्तित होकर क्रमशः आधुनिक कथ्य भाषाओं में परिणत हुईं, इसका संक्षिप्त विवरण नीचे दिया जाता है।

प्राचीन भारतीय आर्य भाषाओं का परिणति-क्रम

सर जॉर्ज ग्रियर्सन ने अपनी लिंग्विस्टिक सर्वे ऑफ इंडिया (Linguistic survey of India) नामक पुस्तक में भारतवर्षीय समस्त आर्य भाषाओं के परिणाम का जो क्रम दिखाया है उसके अनुसार वैदिक भाषा उक्त साहित्य-भाषाओं में सर्व-प्राचीन है। इसका समय अनेक विद्वानों के मत में खिस्ताब्द-पूर्व दो हजार वर्ष (2000 B. C.) और प्रो.

वेद-भाषा और लौकिक संस्कृत

मेक्समूलर के मत में खिस्ताब्द-पूर्व बारह सौ वर्ष (1200 B. C.) है। यह वेद-भाषा क्रमशः परिमार्जित होती हुई ब्राह्मण, उपनिषद् और यास्क के निरक्त की भाषा में और बाद में पाणिनि-प्रभृति के व्याकरण-द्वारा नियन्त्रित होकर लौकिक संस्कृत में परिणत हुई है। पाणिनि आदि के पद-प्रभृति के नियम-रूप संस्कारों को प्राप्त करने के कारण यह संस्कृत कहलाई। मुख्य रूप से 'संस्कृत' शब्द का प्रयोग इसी भाषा के अर्थ में किया जाता है। यह संस्कृत भाषा वैदिक भाषा से उत्पन्न होने से उसके साथ घनिष्ठ सम्बन्ध रखने से वेद-भाषा के अर्थ में भी 'संस्कृत' शब्द बाद के समय से प्रयुक्त होने लग गया है। पाणिनि के बाद संस्कृत भाषा का कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। यह परिवर्तन होने में—वेद-भाषा को लौकिक संस्कृत के रूप में परिणत होने में—प्रायः डेढ़ हजार वर्ष लगे हैं। पाणिनि का समय गोल्डस्टुकर के मत में खिस्ताब्द-पूर्व सप्तम शताब्दी और बोथलिंक के मत में खिस्ताब्द-पूर्व चतुर्थ शताब्दी है।

यहाँ पर इस बात का उल्लेख करना आवश्यक है कि डॉ. हॉर्नेलि और सर ग्रियर्सन के मन्तव्य के अनुसार आर्य लोगों के दो दल भिन्न-भिन्न समय में भारतवर्ष में आये थे[1]। पहले आर्यों के एक दल ने यहाँ आकर मध्यदेश में अपने उपनिवेश की स्थापना की थी। इसके कई सौ वर्षों के बाद आर्यों के दूसरे दल ने भारत में प्रवेश कर प्रथम दल के

वेद और वैदिक सभ्यता

आर्यों को मध्यदेश की चारों ओर भगा कर उनके स्थान को अपने अधिकार में किया और मध्यदेश को ही अपना वास-स्थान कायम किया। उक्त विद्वानों को यह मन्तव्य इसलिए करना पड़ा है कि मध्यदेश के चारों पार्श्वों में स्थित पंजाब, सिन्ध, गुजरात, राजपूताना, महाराष्ट्र, अयोध्या, बिहार, बंगाल और उड़ीसा प्रदेशों की आधुनिक आर्य कथ्य भाषाओं में परस्पर जो निकटता देखी जाती है तथा मध्यदेश की आधुनिक हिन्दी भाषा [पाश्चात्य हिन्दी] के साथ उन सब प्रान्तों की भाषाओं में जो भेद पाया जाता है, उस निकटता और भेद का अन्य कोई कारण दिखाना असम्भव है। मध्यदेशवासी इस दूसरे दल के आर्यों का उस समय का जो साहित्य और जो सभ्यता थी उन्हीं के क्रमशः नाम हैं वेद और वैदिक सभ्यता।

---

१. आर्य लोगों के आदिम वास-स्थान के विषय में आधुनिक विद्वानों में गहरा मत-भेद है। कोई स्कान्डीनेविया को, कोई जर्मनी को, कोई पोलएड को, कोई हंगरी को, कोई दक्षिण रशिया को, कोई मध्य एशिया को आर्यों की आदिम निवास-भूमि मानते हैं तो कोई-कोई पंजाब और काश्मीर को ही इनका प्रथम वसति-स्थान बतलाते हैं। किन्तु अधिकांश विद्वान् भाषा-तत्त्व के द्वारा इस सिद्धान्त पर उपनीत हुए हैं कि युरोपीय और पूर्वदेशीय आर्यों में प्रथम विच्छेद हुआ। पीछे पूर्वदेश के आर्य लोग मेसेपोटेमिया और ईरान में एक साथ रहे और एक ही देव-देवी की उपासना करते थे। उसके बाद वे भी विच्छिन्न होकर एक दल फारस में गया और अन्य दल ने अफगानिस्तान के बीच होकर भारतवर्ष में प्रवेश और निवास किया। परन्तु जैन और हिन्दू शास्त्रों के अनुसार भारतवर्ष ही चिरकाल से आर्यों का आदिम निवास-स्थान है। कोई-कोई आधुनिक विद्वान् ने पुरातत्त्व की नूतन खोज के आधार पर भारतवर्ष से ही कुछ आर्य लोगों का ईरान आदि देशों में गमन और विस्तार-लाभ सिद्ध किया है, जिससे उक्त शास्त्रीय प्राचीन मत का समर्थन होता है।

उक्त वेद-भाषा प्राचीन होने पर भी वह वैदिक युग में जन-साधारण की कथ्य भाषा न थी, ऋषि-लोगों की साहित्य-भाषा थी। उस समय जन-साधारण में वैदिक भाषा के अनुरूप अनेक प्रादेशिक भाषाएँ (dialects) कथ्य रूप से प्रचलित थीं। इन प्रादेशिक भाषाओं में से एक ने परिमार्जित होकर वैदिक साहित्य में स्थान पाया है। ऊपर वैदिक युग से पूर्व काल में आए हुए प्रथम दल के जिन आर्यों के मध्यदेश के चारों तरफ के प्रदेशों में उपनवेशों का उल्लेख किया गया है उन्होंने वैदिक युग अथवा उसके पूर्व-काल में अपने-अपने प्रदेशों की कथ्य भाषाओं में, दूसरे दल के आर्यों की वेद-रचना की तरह, किसी साहित्य की रचना नहीं की थी। इससे उन प्रादेशिक आर्य भाषाओं का तात्कालिक साहित्य में कोई निदर्शन न रहने से उनके प्राचीन रूपों का संपूर्ण लोप हो गया है। वैदिक काल की और इसके पूर्व की उन समस्त कथ्य भाषाओं को सर ग्रियर्सन ने प्राथमिक प्राकृत (Primary Prākrits) नाम दिया है। यही प्राकृत भाषा-समूह का प्रथम स्तर (First stage) है। इसका समय ख्रिस्त-पूर्व २००० से ख्रिस्त-पूर्व ६०० तक का निर्दिष्ट किया गया है। प्रथम स्तर की ये समस्त प्राकृत भाषाएँ स्वर और व्यञ्जन आदि के उच्चारण में तथा विभक्तियों के प्रयोग में वैदिक भाषा के अनुरूप थीं। इससे ये भाषाएँ विभक्ति-बहुल (synthetic) कही जाती है।

प्राकृत-भाषाओं का प्रथम स्तर (ख्रिस्त-पूर्व २००० से ख्रिस्त-पूर्व ६००)

वैदिक युग में जो प्रादेशिक प्राकृत भाषाएँ कथ्य रूप से प्रचलित थीं, उनमें परवर्ति-काल में अनेक परिवर्तन हुए जिनमें ऋ, ॠ आदि स्वरों का, शब्दों के अन्तिम व्यञ्जनों का, संयुक्त व्यञ्जनों का तथा विभक्ति और वचन-समूह का लोप या रूपान्तर मुख्य हैं। इन परिवर्तनों से ये कथ्य भाषाएँ प्रचुर परिमाण में रूपान्तरित हुईं। इस तरह द्वितीय स्तर (second stage) की प्राकृत भाषाओं की उत्पत्ति हुई। द्वितीय स्तर की ये भाषाएँ जैन और बौद्ध धर्म के प्रचार के समय से अर्थात् ख्रिस्त-पूर्व षष्ठ शताब्दी से लेकर ख्रिस्तीय नवम या दशम शताब्दी पर्यन्त प्रचलित रहीं। भगवान् महावीर और बुद्धदेव के समय ये समस्त प्रादेशिक प्राकृत भाषाएँ, अपने द्वितीय स्तर के आकार में, भिन्न-भिन्न प्रदेशों में कथ्य भाषा के तौर पर व्यवहृत होती थीं। उन्होंने अपने सिद्धान्तों का उपदेश इन्हीं कथ्य प्राकृत भाषाओं में से एक में दिया था। इतना ही नहीं, बल्कि बुद्धदेव ने अपना उपदेश संस्कृत भाषा में न लिखकर कथ्य प्राकृत भाषा में लिखने के लिए अपने शिष्यों को आदेश दिया था। इस तरह प्राकृत भाषाओं का क्रमशः साहित्य की भाषाओं में परिणत होने का सूत्रपात हुआ, जिसके फलस्वरूप पश्चिम मगध और सूरसेन देश के मध्यवर्ती प्रदेश में प्रचलित कथ्य भाषा से जैनों के धर्म-पुस्तकों की अर्ध-मागधी और पूर्व मगध में प्रचलित लोक-भाषा से बौद्ध धर्म-ग्रन्थों की पाली भाषा उत्पन्न हुई। पाली भाषा के उत्पत्ति-स्थान के सम्बन्ध में पाश्चात्य विद्वानों का जो मतभेद है उसका विचार हम आगे जा कर करेंगे। ख्रिस्ताब्द से २५० वर्ष पहले सम्राट् अशोक ने बुद्धदेव के उपदेशों को भिन्न-भिन्न प्रदेशों में वहाँ-वहाँ की विभिन्न प्रादेशिक प्राकृत भाषाओं में खुदवाए। इन अशोक शिलालेखों में द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं के असंदिग्ध सर्व-प्राचीन निदर्शन संरक्षित हैं। द्वितीय स्तर के मध्य भाग में—प्रायः ख्रिस्तीय पंचम शताब्दी के पूर्व में भिन्न-भिन्न प्रदेशों की अपभ्रंश भाषाओं की उत्पत्ति हुई। इस स्तर की भाषाओं में चतुर्थी विभक्ति का, सब विभक्तियों के द्विवचनों का और आख्यात की अधिकांश विभक्तियों का लोप होने पर भी विभक्तियों का प्रयोग अधिक मात्रा में विद्यमान था। इससे इस स्तर की भाषाएँ भी विभक्ति-बहुल कही जाती हैं।

प्राकृत-भाषाओं का द्वितीय स्तर (ख्रिस्त-पूर्व ६०० से ख्रिस्ताब्द ६००)

सर ग्रियर्सन ने यह सिद्धान्त किया है कि आधुनिक भारतीय आर्य भाषाओं की उत्पत्ति द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं से, खासकर उसके शेष भाग में प्रचलित विविध अपभ्रंश भाषाओं से हुई है और आधुनिक भाषाओं को 'तृतीय स्तर की प्राकृत (Tertiary Prākrits)' कह कर निर्देश किया है। इन भाषाओं की उत्पत्ति का समय ख्रिस्तीय दशम शताब्दी है। इनका साधारण लक्षण यह है कि इनमें अधिकांश विभक्तियों का लोप हुआ है, एवं भाषाओं की प्रकृति विभक्ति-बहुल न होकर विभक्तियों के बोधक स्वतन्त्र शब्दों का व्यवहार हुआ है। इससे ये विश्लेषणशील भाषाएँ (Analytical Languages) कही जाती हैं।

प्राकृत भाषाओं का तृतीय स्तर या आधुनिक भारतीय आर्य भाषाओं की उत्पत्ति (ख्रिस्ताब्द ६००)

जिस प्रादेशिक अपभ्रंश से जिस आधुनिक भारतीय आर्य भाषा की उत्पत्ति हुई है उसका विवरण आगे 'अपभ्रंश' शीर्षक में दिया जायगा।

द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं का इतिहास

प्रस्तुत कोष में द्वितीय स्तर की साहित्यिक प्राकृत भाषाओं के शब्दों को ही स्थान दिया गया है। इससे इन भाषाओं की उत्पत्ति और परिणति के सम्बन्ध में यहाँ पर कुछ विस्तार से विवेचन करना आवश्यक है।

साधारणतः लोगों की यही धारणा है कि संस्कृत भाषा से ही द्वितीय स्तर की समस्त प्राकृत भाषाएँ और आधुनिक भारतीय भाषाएँ उत्पन्न हुई हैं। कई प्राकृत-वैयाकरणों ने भी अपने प्राकृत-व्याकरणों में इसी मत का समर्थन किया है। परन्तु यह मत कहाँ तक सत्य है, इसका विचार करने के पहले इन भाषाओं के भेदों को जानने की जरूरत है।

प्राकृत का संस्कृत-सापेक्ष विभाग

प्राकृत वैयाकरणों ने प्राकृत भाषाओं के शब्द, संस्कृत शब्दों के सादृश्य और पार्थक्य के अनुसार इन तीन भागों में विभक्त किए हैं:—(१) तत्सम, (२) तद्भव और (३) देश्य या देशी।

(१) जो शब्द संस्कृत और प्राकृत में बिलकुल एक रूप हैं उनको 'तत्सम' या 'संस्कृतसम' कहते हैं, जैसे—अञ्जलि, आगम, इच्छा, ईहा, उत्तम, ऊढा, एरंड, ओङ्कार, किङ्कर, खञ्ज, गण, घण्टा, चित्त, छल, जल, झङ्कार, टङ्कार, डिम्भ, ढक्का, तिमिर, दल, धवल, नीर, परिमल, फल, बहु, भार, मरण, रस, लव, वारि, सुन्दर, हरि, गच्छन्ति, हरन्ति प्रभृति।

(२) जो शब्द संस्कृत से वर्ण-लोप, वर्णागम अथवा वर्ण-परिवर्तन के द्वारा उत्पन्न हुए हैं वे 'तद्भव' अथवा 'संस्कृतभव' कहलाते हैं, जैसेः—अग्र = अग्ग, आर्य = आरिअ, इष्ट = इट्ठ, ईर्ष्या = ईसा, उद्गम = उग्गम, कृष्ण = कसण, खर्जूर = खज्जूर, गज = गअ, धर्म = धम्म, चक्र = चक्क, क्षोभ = छोह, यक्ष = जक्ख, ध्यान = झाण, दंश = डंस, नाथ = णाह, त्रिदश = तिअस, दृष्ट = दिट्ठ, धार्मिक = धम्मिअ, पश्चात् = पच्छा, स्पर्श = फंस, बदर = बोर, भार्या = भारिआ, मेघ = मेह, अरण्य = रण्ण, लेश = लेस, शेष = सेस, हृदय = हिअअ, भवति = हवइ, पिबति = पिअइ, पृच्छति = पुच्छइ, अकार्षीत् = अकासी, भविष्यति = होहिइ इत्यादि।

(३) जिन शब्दों का संस्कृत के साथ कुछ भी सादृश्य नहीं है—कोई भी सम्बन्ध नहीं है, उनको 'देश्य' या 'देशी' बोला जाता है; यथा—अगय (दैत्य), आकासिय (पर्याप्त), इराव (हस्ती), ईस (कीलक), उअचित्त (अपगत), ऊसअ (उपधान), एलविल (धनाढ्य, वृषभ), ओंडल (धम्मिल्ल), कंदोट्ट (कुमुद), खुड्डिअ (सुरत), गयसाउल (विरक्त), घढ (स्तूप), चउक्कर (कार्तिकेय), छंकुई (कपिकच्छू), जच्च (पुरुष), झडप्प (शीघ्र), टंका (जङ्घा), डाल (शाखा), ढंढर (पिशाच, ईर्ष्या), णित्तिरडिअ (त्रुटित), तोमरी (लता), थमिअ (विस्मृत), दाणि (शुल्क), धयण (गृह), निक्खुत्त (निश्चित), पणिआ (करोटिका), फुंटा (केश-बन्ध), बिट्ट (पुत्र), भुंड (सूकर), मड्डा (बलात्कार), रत्ति (आज्ञा), लंच (कुक्कुट), विच्छड्ड (समूह), सयराह (शीघ्र), हुत्त (अभिमुख), उअ (पश्य), खुप्पइ (निमज्जति), छिवइ (स्पृशति), देक्खइ, निअच्छइ (पश्यति), चुक्कइ (भ्रश्यति), चोप्पडइ (म्रक्षति), अहिपच्चुअइ (गृह्णाति) प्रभृति।

उपर्युक्त विभाग प्राकृत के साथ संस्कृत के सादृश्य और पार्थक्य के ऊपर निर्भर करता है। इसके सिवा संस्कृत और प्राकृत के प्राचीन ग्रन्थकारों ने प्राकृत भाषाओं का और एक विभाग किया है जो प्राकृत भाषाओं के उत्पत्ति-स्थानों से संबन्ध रखता है। यह भौगोलिक विभाग (Geographical Classification) कहा जा सकता है।

प्राकृत भाषाओं का भौगोलिक विभाग

भरत-प्रणीत कहे जाते नाट्य-शास्त्र में, [1] सात भाषाओं को जो मागधी, अवन्तिजा, प्राच्या, सूरसेनी, अर्धमागधी, वाह्लीका और दाक्षिणात्या ये नाम हैं, चण्ड के प्राकृत-व्याकरण में जो [2] पैशाचिकी और [3] मागधिका ये नाम मिलते हैं, दण्डी ने काव्यादर्श में जो [4] महाराष्ट्राश्रया, शौरसेनी, गौडी और लाटी ये नाम दिए हैं, आचार्य हेमचन्द्र आदि ने मागधी, शौरसेनी, पैशाची और चूलिकापैशाचिक कह कर जिन नामों का निर्देश

---

१. "मागध्यवन्तिजा प्राच्या सूरसेन्यर्धमागधी।
वाह्लीका दाक्षिणात्या च सप्त भाषाः प्रकीर्तिताः॥" (नाट्यशास्त्र १७, ४८)।

२. "पैशाचिक्यां रणयोर्लनौ' (प्राकृतलक्षण ३, ३८)।

३. "मागधिकायां रसयोर्लशौ' (प्राकृतलक्षण ३, ३९)।

४. '"महाराष्ट्राश्रयां भाषां प्रकृष्टं प्राकृतं विदुः।
सागरः सूक्तिरत्नानां सेतुबन्धादि यन्मयम्॥
शौरसेनी च गौडी च लाटी चान्या च तादृशी।
याति प्राकृतमित्येवं व्यवहारेषु संनिधिम्॥" (काव्यादर्श १, ३४: ३५)।

किया है और मार्कण्डेय ने अपने प्राकृतसर्वस्व में प्राकृतचन्द्रिका के कतिपय श्लोकों को उद्धृत कर महाराष्ट्री, आवन्ती, शौरसेनी, अर्धमागधी, वाह्लीकी, मागधी, प्राच्या और दाक्षिणात्या इन आठ भाषाओं के, छह विभाषाओं में द्राविड़ और ओढ्रज इन दो विभाषाओं के, ग्यारह पिशाच-भाषाओं में काञ्चीदेशीय, पाण्डय, पाञ्चाल, गौड, मागध, व्राचड, दाक्षिणात्य, शौरसेन, कैकय और द्राविड़ इन दस पिशाच-भाषाओं के और सताईस अपभ्रंशों में व्राचड, लाट, वैदर्भ, बार्बर, आवन्त्य, पाञ्चाल, टाक्क, मालव, कैकय, गौड, उड्र, हैव, पाण्ड्य, कौन्तल, सिंहल, कालिङ्ग, प्राच्य, कार्णाट, काञ्च, द्राविड़, गौर्जर, आभीर और मध्यदेशीय इन तेईस अपभ्रंशों के जिन नामों का उल्लेख किया है वे उस भिन्न-भिन्न देश से ही संबन्ध रखते हैं जहाँ-जहाँ वह-वह भाषा उत्पन्न हुई है[1]। षड्भाषाचन्द्रिका के कर्ता ने 'शूरसेन देश में उत्पन्न भाषा शौरसेनी कही जाती है, मगध देश में उत्पन्न भाषा को मागधी कहते हैं और पिशाच-देशों की भाषा पैशाची और चूलिकापैशाची है'[2] यह लिखते हुए यही बात अधिक स्पष्ट रूप में कही है।

प्राकृत वैयाकरणों के मत से तत्सम आदि शब्दों की प्रकृति

पूर्व में प्राकृत भाषाओं के शब्दों के जो तीन प्रकार दिखाए हैं उनमें प्रथम प्रकार के तत्सम शब्द संस्कृत से ही सब देशों के प्राकृतों में लिये गए हैं; दूसरे प्रकार के तद्भव शब्द संस्कृत से उत्पन्न होने पर भी काल-क्रम से भिन्न-भिन्न देश में भिन्न-भिन्न रूप को प्राप्त हुए हैं और तीसरे प्रकार के देश्य शब्द वैदिक अथवा लौकिक संस्कृत से उत्पन्न नहीं हुए हैं, किन्तु भिन्न-भिन्न देश में प्रचलित भाषाओं से गृहीत हुए हैं। प्राकृत वैयाकरणों का यही मत है।

देश्य शब्द

मूल

पहले प्राकृत भाषाओं का जो भौगोलिक विभाग बताया गया है, ये तृतीय प्रकार के देशीशब्द उसी भौगोलिक विभाग से उत्पन्न हुए हैं। वैदिक और लौकिक संस्कृत भाषा पंजाब और मध्यदेश में प्रचलित वैदिक काल की प्राकृत भाषा से उत्पन्न हुई है। पंजाब और मध्यदेश के बाहर के अन्य प्रदेशों में उस समय आर्य लोगों की जो प्रादेशिक प्राकृत भाषाएँ प्रचलित थीं उन्हीं से ये देशीशब्द गृहीत हुए हैं। यही कारण है कि वैदिक और संस्कृत साहित्य में देशीशब्दों के अनुरूप कोई शब्द (प्रतिशब्द) नहीं पाया जाता है।

प्राचीन काल में भिन्न-भिन्न प्रादेशिक प्राकृत भाषाएँ हयात थीं, इस बात का प्रमाण व्यास के महाभारत, भरत के नाट्यशास्त्र और वात्स्यायन के कामसूत्र आदि प्राचीन संस्कृत ग्रन्थों में और जैनों के ज्ञाताधर्मकथा, विपाकश्रुत, औपपातिकसूत्र तथा राजप्रश्नीय आदि प्राचीन प्राकृत ग्रन्थों में भी मिलता है[3]। इन ग्रन्थों में 'नानाभाषा', 'देशभाषा' या 'देशीभाषा' शब्द का प्रयोग प्रादेशिक प्राकृत के अर्थ में ही किया गया है। चंड ने अपने प्राकृत व्याकरण में जहाँ देशीप्रसिद्ध[4] प्राकृत

---

१. ये श्लोक 'पैशाची' और 'अपभ्रंश' के प्रकरण में दिए गए हैं।

२. "शूरसेनोद्भवा भाषा शौरसेनीति गीयते।
मगधोत्पन्नभाषां तां मागधीं संप्रचक्षते।
पिशाचदेशनियतं पैशाचीद्वितयं भवेत् ॥" (षड्भाषाचन्द्रिका, पृष्ठ २)।

३. "नानाचर्मभिराच्छन्ना नानाभाषाश्च भारत। कुशला देशभाषासु जल्पन्तोऽन्योन्यमीश्वराः" (महाभारत, शल्यपर्व ४६, १०३)।
"अत ऊर्ध्वं प्रवक्ष्यामि देषभाषाविकल्पनम्।"
"अथवा च्छन्दतः कार्या देशभाषा प्रयोक्तृभिः" (नाट्यशास्त्र १७, २४; ४६)।
"नात्यन्तं संस्कृतेनैव नात्यन्तं देशभाषया। कथां गोष्ठीषु कथयंल्लोके बहुमतो भवेत्" (कामसूत्र १, ४, ५०)।
"तते णं से मेहे कुमारे......अट्ठारसविहिप्पगारदेसीभासाविसारए.......होत्था"; "तत्थ णं चंपाए नयरीए देवदत्ता नाम गणिया परिवसइ अड्ढा......अट्ठारसदेसीभासाविसारया" (ज्ञाताधर्मकथासूत्र, पत्र ३८; ६२)।
"तत्थ णं वाणियगामे कामज्झया णामं गणिया होत्था......अट्ठारसदेसीभासाविसारया" (विपाकश्रुत, पत्र २१-२२)।
"तए णं दढपइण्णे दारए.......अट्ठारसदेसीभासाविसारए" (औपपातिक सूत्र, पेरा १०६)।
"तए णं से दढपतिण्णे दारए.......अट्ठारसविहदेसिप्पगारभासाविसारए" (राजप्रश्नीयसूत्र, पत्र १४८)।

४. "सिद्धं प्रसिद्धं प्राकृतं त्रेधा त्रिप्रकारं भवति—संस्कृतयोनि......,संस्कृतसमं.......देशीप्रसिद्धं तच्चेदं हर्षितं = ल्हसिअं" (प्राकृतलक्षण पृष्ठ १-२)।

का उल्लेख किया है वहाँ भी देशी शब्द का अर्थ देशीभाषा ही है। ये सब देशी या प्रादेशिक भाषाएँ भिन्न-भिन्न प्रदेशों के निवासी आर्य लोगों की ही कथ्य भाषाएँ थीं। इन भाषाओं का पंजाब और मध्यदेश की कथ्य भाषा के साथ अनेक अंशों में जैसे सादृश्य था वैसे किसी किसी अंश में भेद भी था। जिस जिस अंश में इन भाषाओं का पंजाब और मध्यदेश की प्राकृत भाषा के साथ भेद था उसमें से जिन भिन्न-भिन्न नामों ने और धातुओं ने प्राकृतसाहित्य में स्थान पाया है वे ही हैं प्राकृत के देशी वा देश्य शब्द।

प्राकृत-वैयाकरणों ने इन समस्त देश्य शब्दों में अनेक नाम और धातुओं को संस्कृत नामों के और धातुओं के स्थान में आदेश-द्वारा सिद्ध करके तद्भव-विभाग में अन्तर्गत किए हैं[1]। यही कारण है कि आचार्य हेमचन्द्र ने अपनी देशीनाममाला में केवल देशी नामों का ही संग्रह किया है और देशी धातुओं का अपने प्राकृत-व्याकरण में संस्कृत धातुओं के आदेश-रूप में उल्लेख किया है; यद्यपि आचार्य हेमचन्द्र के पूर्ववर्ती कई वैयाकरणों ने इनकी गणना देशी धातुओं में ही की है[2]। ये सब नाम और धातु संस्कृत के नाम और धातुओं के आदेश-रूप में निष्पन्न करने पर भी तद्भव नहीं कहे जा सकते, क्योंकि संस्कृत के साथ इनका कुछ भी सादृश्य नहीं है।

कोई कोई पाश्चात्य भाषातत्त्वज्ञ का यह मत है कि उक्त देशी शब्द और धातु भिन्न-भिन्न देशों की द्राविड़, मुण्डा आदि अनार्य भाषाओं से लिए गए हैं। यहाँ पर यह कहा जा सकता है कि यदि आधुनिक अनार्य भाषाओं में इन देशी-शब्दों और देशी-धातुओं का प्रयोग उपलब्ध हो तो यह अनुमान करना असंगत नहीं है। किन्तु जबतक यह प्रमाणित न हो कि 'ये देशी शब्द और धातु वर्तमान अनार्य भाषाओं में प्रचलित हैं', तबतक 'ये देशी शब्द और धातु-प्रादेशिक आर्य भाषाओं से ही गृहीत हुए हैं' यह कहना ही अधिक संगत प्रतीत होता है। इन अनार्य भाषाओं में दो-एक देश्य शब्द और धातु प्रचलित होने पर भी 'वे अनार्य भाषाओं से ही प्राकृत भाषाओं में लिए गए हैं' यह अनुमान न कर 'प्राकृत भाषाओं से ही वे देश्य शब्द और धातु अनार्य भाषाओं में गए हैं' यह अनुमान किया जा सकता है। हाँ, जहाँ ऐसा अनुमान करना असंभव हो वहाँ हम यह स्वीकार करने के लिए बाध्य होंगे कि 'ये देश्य शब्द और धातु अनार्य भाषाओं से ही प्राकृत में लिए गए हैं; क्योंकि आर्य और अनार्य ये उभय जातियाँ जब एक स्थान में मिश्रित हो गई हैं तब कोई कोई अनार्य शब्द और धातु का आर्य भाषाओं में प्रवेश करना असंभव नहीं है।

डॉ. काल्डवेल (Caldwell) प्रभृति के मत में वैदिक और लौकिक संस्कृत में भी अनेक शब्द द्राविडीय भाषाओं से गृहीत हुए हैं। यह बात भी संदिग्ध ही है, क्योंकि द्राविडीय भाषा के जिस साहित्य में ये सब शब्द पाये जाते हैं वह वैदिक संस्कृत के साहित्य से प्राचीन नहीं है। इससे 'वैदिक साहित्य में ये सब शब्द द्राविडीय भाषा से गृहीत हुए हैं' इस अनुमान की अपेक्षा 'आर्य लोगों की भाषा से ही अनार्यों की भाषा में ये सब शब्द लिए गए हैं' यह अनुमान ही विशेष ठीक मालूम पड़ता है।

समय

जिन प्रादेशिक देशी-भाषाओं से ये सब देशी शब्द प्राकृत-साहित्य में गृहीत हुए हैं वे पूर्वोक्त प्रथम स्तर की प्राकृत भाषाओं के अन्तर्गत और उनकी समसामयिक हैं। ख्रिस्त-पूर्व षष्ठ शताब्दी के पहले ये सब देशीभाषाएँ प्रचलित थीं, इससे ये देश्य शब्द अर्वाचीन नहीं, किन्तु उतने ही प्राचीन हैं जितने कि वैदिक शब्द।

द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं की उत्पत्ति—वैदिक या लौकिक संस्कृत से नहीं, किन्तु प्रथम स्तर की प्राकृतों से

प्राकृत के वैयाकरण-गण प्राकृत शब्द की व्युत्पत्ति में प्रकृति शब्द का अर्थ संस्कृत करते हुए प्राकृत भाषाओं की उत्पत्ति लौकिक संस्कृत से मानते हैं। संस्कृत के कई अलंकार-शास्त्रों के टीकाकारों ने भी तद्भव और तत्सम शब्दों में स्थित

१. देखो हेमचन्द्र-प्राकृत-व्याकरण के द्वितीय पाद के १२७, १२६, १३४, १३६, १३८, १४१, १७४ वगैरह सूत्र और चतुर्थ पाद के २, ३, ४, ५, १०, ११, १२ प्रभृति सूत्र।

२, 'एते चान्यैर्देशीषु पठिता अपि अस्माभिर्धात्वादेशीकृताः' (हे० प्रा० ४, २); अर्थात् अन्य विद्वानों ने वज्जर, पज्जर, उप्पाल प्रभृति धातुओं का पाठ देशी में किया है, तो भी हमने संस्कृत धातु के आदेश-रूप से ही ये यहीं बताए हैं।

'तत्' शब्द का सम्बन्ध संस्कृत से लगाकर इस मत का अनुसरण किया है[1]। कतिपय प्राकृत-व्याकरणों में प्राकृत शब्द की व्युत्पत्ति इस तरह की गई है :—

'प्रकृतिः संस्कृतं, तत्र भवं तत आगतं वा प्राकृतम्' (हेमचन्द्र प्रा० व्या०)।

'प्रकृतिः संस्कृतं तत्र भवं प्राकृतमुच्यते' (प्राकृतसर्वस्व)।

'प्रकृतिः संस्कृतं तत्र भवत्वात् प्राकृतं स्मृतम्' (प्राकृतचन्द्रिका)।

'प्रकृतेः संस्कृतायास्तु विकृतिः प्राकृती मता' (षड्भाषाचन्द्रिका)।

'प्राकृतस्य तु सर्वमेव संस्कृतं योनिः' (प्राकृतसंजीवनी)।

इन व्युत्पत्तियों का तात्पर्य यह है कि प्राकृत शब्द 'प्रकृति' शब्द से बना है, 'प्रकृति' का अर्थ है संस्कृत भाषा, संस्कृत भाषा से जो उत्पन्न हुई है वह है प्राकृत भाषा।

प्राकृत वैयाकरणों की प्राकृत शब्द की यह व्याख्या अप्रामाणिक और अव्यापक ही नहीं है, भाषा-तत्त्व से असंगत भी है। अप्रामाणिक इसलिए कही जा सकती है कि प्रकृति शब्द का मुख्य अर्थ संस्कृत भाषा कभी नहीं होता—संस्कृत के किसी कोष में प्राकृत शब्द का यह अर्थ उपलब्ध नहीं है[2] और गौण या लाक्षणिक अर्थ तबतक नहीं लिया जाता जबतक मुख्य अर्थ में बाध न हो। यहाँ प्रकृति शब्द के मुख्य अर्थ स्वभाव अथवा[3] जन-साधारण लेने में किसी तरह का बाध भी नहीं है। इससे उक्त व्युत्पत्ति के स्थान में 'प्रकृत्या स्वभावेन सिद्धं प्राकृतम्' अथवा 'प्रकृतीनां साधारणजनानामिदं प्राकृतम्' यही व्युत्पत्ति संगत और प्रामाणिक हो सकती है। अव्यापक कहने का कारण यह है कि प्राकृत के पूर्वोक्त तीन प्रकारों में तत्सम और तद्भव शब्दों की ही प्रकृति उन्होंने संस्कृत मानी है, तीसरे प्रकार के देश्य शब्दों की नहीं, अथच देश्य को भी प्राकृत कहा है। इससे देश्य प्राकृत में वह व्युत्पत्ति लागू नहीं होती। प्राकृत की संस्कृत से उत्पत्ति भाषा-तत्त्व के सिद्धान्त से भी संगति नहीं रखती, क्योंकि वैदिक संस्कृत[4] और लौकिक संस्कृत ये दोनों ही साहित्य की मार्जित भाषाएँ हैं। इन दोनों भाषाओं का व्यवहार शिक्षा की अपेक्षा रखता है। अशिक्षित, अज्ञ और बालक लोग किसी काल में साहित्य की भाषा का न तो स्वयं व्यवहार कर सकते हैं और न समझ ही पाते हैं। इसलिए समस्त देशों में सर्वदा ही अशिक्षित लोगों के व्यवहार के लिए एक कथ्य भाषा चालू रहती है जो साहित्य की भाषा से स्वतन्त्र—अलग होती है। शिक्षित लोगों को भी अशिक्षित लोगों के साथ बातचीत के प्रसंग में इस कथ्य भाषा का ही व्यवहार करना पड़ता है। वैदिक समय में भी ऐसी कथ्य भाषा प्रचलित थी। और जिस समय लौकिक संस्कृत भाषा प्रचलित हुई उस समय भी साधारण लोगों की स्वतन्त्र कथ्य भाषा विद्यमान थी, यह नाटक आदि में संस्कृत भाषा के साथ प्राकृत-भाषी पात्रों के उल्लेख से प्रमाणित होता है।

पाणिनि ने संस्कृत भाषा को जो लौकिक भाषा कही है और पतञ्जलि ने इसको जो शिष्ट-भाषा का नाम दिया है, उसका मतलब यह नहीं है कि उस समय प्राकृत भाषा थी ही नहीं, परन्तु उसका अर्थ यह है कि उस समय के शिक्षित लोगों के आपस के वार्तालाप में, वर्तमान काल के पण्डित लोगों में संस्कृत की तरह और भिन्नदेशीय लोगों के साथ के व्यवहार Lingua Franca की माफिक संस्कृत भाषा व्यवहृत होती थी। किन्तु बालक, स्त्रियाँ और अशिक्षित लोग अपनी मातृ-भाषा में बातचीत करते थे जो संस्कृत-भिन्न साधारण कथ्य भाषा थी। साधारण कथ्य भाषा किसी देश में किसी काल में साहित्य की भाषा से गृहीत नहीं होती, बल्कि साहित्य-भाषा ही जन-साधारण की कथ्य भाषा से उत्पन्न होती है। इसलिए 'संस्कृत से प्राकृत भाषा की उत्पत्ति हुई है' इसकी अपेक्षा 'क्या तो वैदिक संस्कृत और क्या लौकिक संस्कृत दोनों ही उस समय की प्राकृत भाषाओं से उत्पन्न हुई हैं' यही सिद्धान्त विशेष युक्ति-संगत है। आजकल के भाषा-तत्त्वज्ञों में इसी सिद्धान्त का अधिक आदर देखा जाता है। यह सिद्धान्त पाश्चात्य विद्वानों का कोई नूतन आविष्कार नहीं है, भारतवर्ष के

---

१. 'प्रकृतेः संस्कृतादागतं प्राकृतम्' (वाग्भटालंकारटीका २, २); 'संस्कृतरूपायाः प्रकृतेरुत्पन्नत्वात् प्राकृतम्' (काव्यादर्श की प्रेमचन्द्र-तर्कवागीश-कृत टीका १, ३३)।

२. 'प्रकृतिर्योनिशिल्पिनोः। पौरामात्यादिलिंगेषु गुणसाम्यस्वभावयोः। प्रत्ययात् पूर्विकायां च' (अनेकार्थसंग्रह ८७६-७)।

३. 'स्वाम्यमात्यः सुहृत्कोशो राष्ट्रदुर्गबलानि च।
राज्याङ्गानि प्रकृतयः पौराणां श्रेणयोऽपि च॥ (अभिधानचिन्तामणि ३, ३७८)।
'यत् कात्यः—अमात्याद्याश्च पौराश्च सद्भिः प्रकृतयः स्मृताः' (अ० चि० ३, ३७८ की टीका)।

४. कोई कोई आधुनिक विद्वान् प्राकृत भाषा की उत्पत्ति वैदिक संस्कृत से मानते हैं, देखो 'पाली-प्रकाश' का प्रवेशक पृष्ठ ३४-३६।

ही प्राचीन भाषातत्त्वज्ञों में भी यह मत प्रचलित था यह निम्नोद्धृत कतिपय प्राचीन ग्रन्थों के अवतरणों से स्पष्ट प्रतीत होता है। रुद्रट-कृत काव्यालङ्कार के एक[1] श्लोक की व्याख्या में खिस्त की ग्यारहवीं शताब्दी के जैन-विद्वान् नमिसाधु ने लिखा है कि:—

"प्राकृतेति । सकलजगज्जन्तूनां व्याकरणादिभिरनाहितसंस्कार: सहजो वचन-व्यापार: प्रकृतिः, तत्र: भवं सैव वा प्राकृतम् । 'आरिसवयणे सिद्धं देवाणं अद्धमागहा वाणी' इत्यादिवचनाद् वा प्राक् पूर्वं कृतं प्राक्कृतं बाल-महिलादि-सुबोधं सकलभाषानिबन्धनभूतं वचनमुच्यते। मेघनिर्मुक्तजलमिवैकस्वरूपं तदेव च देशविशेषात् संस्कारकरणाच्च समासादितविशेषं सत् संस्कृताद्युत्तरविभेदानाप्नोति । अत एव शास्त्रकृता प्राकृतमादौ निर्दिष्टं तदनु संस्कृतादीनि । पाणिन्यादिव्याकरणोदितशब्दलक्षणेन संस्करणात् संस्कृतमुच्यते ।"

इस व्याख्या का तात्पर्य यह है कि—'प्रकृति शब्द का अर्थ है लोगों का व्याकरण आदि के संस्कारों से रहित स्वाभाविक वचन-व्यापार, उससे उत्पन्न अथवा वही है प्राकृत । अथवा 'प्राक् कृत' पर से प्राकृत शब्द बना है, 'प्राक् कृत' का अर्थ है 'पहले किया गया'। बारह अंग-ग्रन्थों में ग्यारह अंग ग्रन्थ पहले किए गए हैं और इन ग्यारह अङ्ग-ग्रन्थों की भाषा आर्ष-वचन में—सूत्र में अर्धमागधी कही गई है[2] जो बालक, महिला आदि को सुबोध—सहज-गम्य है[3] और जो सकल भाषाओं का मूल है । यह अर्धमागधी भाषा ही प्राकृत है। यही प्राकृत, मेघ-मुक्त जल की तरह, पहले एक रूपवाला होने पर भी, देश-भेद से और संस्कार करने से भिन्नता को प्राप्त करता हुआ संस्कृत आदि अवान्तर विभेदों में परिणत हुआ है अर्थात् अर्धमागधी प्राकृत से संस्कृत और अन्यान्य प्राकृत भाषाओं की उत्पत्ति हुई है। इसी कारण से मूल ग्रन्थकार (रुद्रट) ने प्राकृत का पहले और संस्कृत आदि बाद में निर्देश किया है। पाणिन्यादि व्याकरणों में बताए हुए नियमों के अनुसार संस्कार पाने के कारण संस्कृत कहलाती है।'

"अकृत्रिमस्वादुपदैर्जनं जनं जिनेन्द्र साक्षादिव पासि भाषितैः" (द्वात्रिंशद्द्वात्रिंशिका १, १८) ।

"[4]अकृत्रिमस्वादुपदां जैनीं वाचमुपास्महे ।" (हेमचन्द्रकाव्यानुशासन, पृष्ठ १) ।

उक्त पद्यों में क्रमशः महाकवि सिद्धसेन दिवाकर और आचार्य हेमचन्द्र जैसे समर्थ विद्वानों का जिनदेव की वाणी को 'अकृत्रिम' और संस्कृत भाषा को 'कृत्रिम' कहने का भी रहस्य यही है कि प्राकृत जन-साधारण की मातृभाषा होने के कारण अकृत्रिम— स्वाभाविक है और संस्कृत भाषा व्याकरण के संस्कार-रूप बनावटीपन से पूर्ण होने के हेतु कृत्रिम है।

---

१. "प्राकृतसंस्कृतमागधपिशाचभाषाश्च शौरसेनी च ।
षष्ठोऽत्र भूरिभेदो देशविशेषादपभ्रंशः ॥" (काव्यालंकार २, १२) ।

२. बारहवाँ अङ्ग-ग्रंथ, जिसका नाम दृष्टिवाद है और जिसमें चौदह पूर्व (प्रकरण) थे, संस्कृत भाषा में था । यह बहुत काल से लुप्त हो गया है । यद्यपि इसके विषयों का संक्षिप्त वर्णन समवायाङ्गसूत्र में है।
"चतुर्दशापि पूर्वाणि संस्कृतानि पुराऽभवन् ॥११४॥
प्रज्ञातिशयसाध्यानि तान्युच्छिन्नानि कालतः । अधुनैकादशाङ्गयस्ति सुधर्मस्वामिभाषिता ॥११५॥
बालस्त्रीमूढमूर्खादिजनानुग्रहणाय सः । प्राकृतां तामिहाकार्षीत्" (प्रभावकचरित्र, पृ० ९८-९९) ।

३. "मुत्तूण दिट्ठिवायं कालियउक्कालियंगसिद्धं तं । थीबालवायणत्थं पाययमुइयं जिणवरेहिं ॥"
(आचारदिनकर में उद्धृत प्राचीन गाथा) ।
"बालस्त्रीमन्दमूर्खाणां नृणां चारित्रकांक्षिणाम् । अनुग्रहार्थं तत्त्वज्ञैः सिद्धान्तः प्राकृतः कृतः ॥"
(दशवैकालिक टीका पत्र १०० में हरिभद्रसूरि द्वारा और काव्यानुशासन की टीका पृ० १ में आचार्य हेमचन्द्र द्वारा उद्धृत किया हुआ प्राचीन श्लोक) ।

४. "अकृत्रिमाणि—असंस्कृतानि, अत एव स्वादूनि मन्दधियामपि पेशलानि पदानि यस्यामिति विग्रहः" (काव्यानुशासनटीका) । आचार्य हेमचन्द्र की 'अकृत्रिम' शब्द की इस स्पष्ट व्याख्या से प्रतीत होता है कि उनका अपने प्राकृत-व्याकरण में प्राकृत की प्रकृति संस्कृत कहना सिद्धान्त-निरूपण के लक्ष्य से नहीं, परन्तु अपने प्राकृत-व्याकरण की रचना-शैली के उपलक्ष में है, क्योंकि सभी उपलब्ध प्राकृत-व्याकरणों की तरह हेमचन्द्र-प्राकृत-व्याकरण में भी संस्कृत पर से ही प्राकृत-शिक्षा की पद्धति अख्त्यार की गई है और इस पद्धति में प्रकृति—मूल के स्थान में संस्कृत को रखना अनिवार्य हो जाता है । अथवा यह भी असम्भव नहीं है कि व्याकरण-रचना के समय उनका यही सिद्धान्त रहा हो जो बाद में बदल गया हो और इस परिवर्तित सिद्धान्त का काव्यानुशासन में प्रतिपादन किया हो । काव्यानुशासन की रचना व्याकरण के बाद उन्होंने की है यह काव्यानुशासन की "शब्दानुशासनेऽस्माभिः साध्व्यो वाचो विवेचिताः" (पृष्ठ २) इस उक्ति से ही सिद्ध है।

केवल जैन विद्वानों में ही यह मत प्रचलित न था, खिस्त की आठवीं शताब्दी के जैनेतर महाकवि वाक्पतिराज ने भी अपने 'गउडवहो' नामक महाकाव्य में इसी मत को इन स्पष्ट शब्दों में व्यक्त किया है :—

"[1]सयलाओ इमं वाया विसंति एत्तो य णेंति वायाओ ।
एंति समुद्दं चिय णेंति सायराओ च्चिय जलाइं ।।९३।।"

अर्थात् इसी प्राकृत भाषा में सब भाषाएँ प्रवेश करती हैं और इस प्राकृत भाषा से ही सब भाषाएँ निर्गत हुई हैं; जल (आ कर) समुद्र में ही प्रवेश करता है और समुद्र से ही (बाष्प रूप से) बाहर होता है। वाक्पति के इस पद्य का मर्म यही है कि प्राकृत भाषा की उत्पत्ति अन्य किसी भाषा से नहीं हुई है, बल्कि संस्कृत आदि सब भाषाएँ प्राकृत से ही उत्पन्न हुई हैं।

खिस्त की नवम शताब्दी के जैनेतर कवि राजशेखर ने भी अपने 'बालरामायण' में नीचे का श्लोक लिखकर यही मत प्रकट किया है :—

"यद् योनिः किल संस्कृतस्य सुदृशां जिह्वासु यन्मोदते, यत्र श्रोत्रपथावतारिणि कटुर्भाषाक्षराणां रसः ।
गद्यं चूर्णपदं पदं रतिपतेस्तत् प्राकृतं यद्वचस्ताँल्लाटाँल्ललिताङ्गि पश्य नुदती दृष्टेर्निमेषव्रतम् ।।" (४८, ४९)।

जैन और जैनेतर विद्वानों के उक्त वचनों से यह स्पष्ट है कि प्राचीन काल के भारतीय भाषातत्त्वज्ञों में भी यह मत प्रबल रूप से प्रचलित था कि प्राकृत की उत्पत्ति संस्कृत भाषा से नहीं है।

प्राकृत भाषा लौकिक संस्कृत से उत्पन्न नहीं हुई है इसका और भी एक प्रमाण है। वह यह कि प्राकृत के अनेक शब्द और प्रत्ययों का लौकिक संस्कृत की अपेक्षा वैदिक भाषा के साथ अधिक मेल देखने में आता है। प्राकृत भाषा साक्षाद्रूप से लौकिक संस्कृत से उत्पन्न होने पर यह कभी संभव नहीं हो सकता। वैदिक साहित्य में भी प्राकृत के अनुरूप अनेक शब्द और प्रत्ययों के प्रयोग विद्यमान हैं। इससे यह अनुमान करना किसी तरह असंगत नहीं है कि वैदिक संस्कृत और प्राकृत ये दोनों ही एक प्राचीन प्राकृत भाषा से उत्पन्न हुई हैं और यही इस सादृश्य का कारण है। वैदिक भाषा और प्राकृत के सादृश्य के कतिपय उदाहरण हम नीचे उद्धृत करते हैं, ताकि उक्त कथन की सत्यता में कोई संदेह नहीं हो सकता।

वैदिक भाषा और प्राकृत में सादृश्य

१. प्राकृत में अनेक जगह संस्कृत ऋकार के स्थान में उकार होता है, जैसे—वृन्द = वुन्द, ऋतु = उउ, पृथिवी = पुहवी; वैदिक साहित्य में भी ऐसे प्रयोग पाये जाते हैं, जैसे—कृत = कुठ (ऋग्वेद १, ४६, ४)।

२. प्राकृत में संयुक्त वर्णवाले कई स्थानों में एक व्यञ्जन का लोप होकर पूर्व के ह्रस्व स्वर का दीर्घ होता है, जैसे—दुर्लभ = दूलह, विश्राम = वीसाम, स्पर्श = फास; वैदिक भाषा में भी वैसा होता है, यथा—दुर्लभ = दूलभ (ऋग्वेद ४, ९, ८), दुर्णाश = दूणाश (शुक्लयजुः प्रातिशाख्य ३, ४३)।

३. संस्कृत व्यञ्जनान्त शब्दों के अन्त्य व्यञ्जन का प्राकृत में सर्वत्र लोप होता है, जैसे—तावत् = ताव, यशस् = जस; वैदिक साहित्य में भी इस नियम का अभाव नहीं है, यथा—पश्चात् = पश्चा (अथर्वसंहिता १०, ४, ११), उच्चात् = उच्चा (तैत्तिरीयसंहिता २, ३, १४), नीचात् = नीचा (तैत्तिरीयसंहिता १, २, १४)।

४. प्राकृत में संयुक्त र और य का लोप होता है, जैसे—प्रगल्भ = पगब्भ, श्यामा = सामा; वैदिक साहित्य में भी यह पाया जाता है, यथा—अ-प्रगल्भ = अ-पगल्भ (तैत्तिरीयसंहिता ४, ५, ६१); त्र्यच = त्रिच (शतपथब्राह्मण १, ३, ३, ३३)।

५. प्राकृत में संयुक्त वर्ण का पूर्व स्वर ह्रस्व होता है, यथा—पात्र = पत्त, रात्रि = रत्ति, साध्य = सज्झ इत्यादि; वैदिक भाषा में भी ऐसे प्रयोग हैं, जैसे—रोदसीप्रा = रोदसिप्रा (ऋग्वेद १०, ८८, १०), अमात्र = अमत्र (ऋग्वेद ३, ३६, ४)।

६. प्राकृत में संस्कृत द का अनेक जगह ड होता है, जैसे—दण्ड = डण्ड, दंस = डंस, दोला = डोला; वैदिक साहित्य में भी ऐसे प्रयोग दुर्लभ नहीं हैं, जैसे—दुर्दभ = दूडभ (वाजसनेयसंहिता ३, ३६), पुरोदास = पुरोडाश (शुक्लयजुःप्रातिशाख्य ३, ४४)।

---

१. सकला इदं वाचो विशन्तीतश्च निर्यन्ति वाचः । आयन्ति समुद्रमेव निर्यन्ति सागरादेव जलानि ।।९३।।

७. प्राकृत में ध का ह होता है, यथा—बधिर = बहिर, व्याध = वाह; वेद-भाषा में भी ऐसा पाया जाता है, जैसे—प्रतिसंधाय = प्रतिसंहाय (गोपथब्राह्मण २, ४)।

८. प्राकृत में अनेक शब्दों में संयुक्त व्यञ्जनों के बीच में स्वर का आगम होता है, जैसे—क्लिष्ट = किलिट्ठ, स्व = सुव, तन्वी = तणुवी; वैदिक साहित्य में भी ऐसे प्रयोग विरल नहीं है, यथा—सहस्य्रः = सहस्रियः, स्वर्गः = सुवर्गः (तैत्तिरीयसंहिता ४, २, ३); तन्वः = तनुवः, स्वः = सुवः (तैत्तिरीयप्रारण्यक ७. २२, १; ६, २, ७)।

९. प्राकृत में अकारान्त पुंलिङ्ग शब्द के प्रथमा के एकवचन में ओ होता है, जैसे—देवो, जिणो, सो इत्यादि; वैदिक भाषा में भी प्रथमा के एकवचन में कहीं-कहीं ओ देखा जाता है, यथा—संवत्सरो अजायत (ऋग्वेदसंहिता १०, १९०, २), सो चित् (ऋग्वेदसंहिता १, १९१, १०-११)।

१०. तृतीया विभक्ति के बहुवचन में प्राकृत में देव आदि अकारान्त शब्दों के रूप देवेहि, गंभीरेहि, जेट्ठेहि आदि होते हैं; वैदिक साहित्य में भी इसीके अनुरूप देवेभिः, गम्भीरेभिः, ज्येष्ठेभिः आदि रूप मिलते हैं।

११. प्राकृत की तरह वैदिक भाषा में भी चतुर्थी के स्थान में षष्ठी विभक्ति होती है[1]।

१२. प्राकृत में पञ्चमी के एकवचन में देवा, वच्छा, जिणा आदि रूप होते हैं; वैदिक साहित्य में भी इसी तरह के उच्चा, नीचा, पश्चा प्रभृति उपलब्ध होते है।

१३. प्राकृत में द्विवचन के स्थान में बहुवचन ही होता है; वैदिक भाषा में भी इस तरह के अनेकों प्रयोग मौजूद हैं, यथा—'इन्द्रावरुणौ' के स्थान में 'इन्द्रावरुणा', 'मित्रावरुणौ' की जगह 'मित्रावरुणा', 'यौ सुरथौ रथितमौ दिविस्पृशावश्विनौ' के बदले 'या सुरथा रथीतमा दिविस्पृशा अश्विना', 'नरौ हे' के स्थल में 'नरा हे' आदि।

इस तहर अनेक युक्ति और प्रमाणों से यह साबित होता है कि प्राकृत की उत्पत्ति वैदिक अथवा लौकिक संस्कृत से नहीं, किन्तु वैदिक संस्कृत की उत्पत्ति जिस प्रथम स्तर की प्रादेशिक प्राकृत भाषा से पूर्व में कही गई है उसीसे हुई है। इससे यहाँ पर इस बात का उल्लेख करना आवश्यक है कि संस्कृत के अनेक आलंकारिकों ने और प्राकृत के प्रायः समस्त वैयाकरणों ने 'तत्' शब्द से संस्कृत को लेकर 'तद्भव' शब्द का जो व्यवहार 'संस्कृतभव' अर्थ में किया है वह किसी तरह संगत नहीं हो सकता। इसलिए वहाँ 'तत्' शब्द से संस्कृत के स्थान में वैदिक काल के प्राकृत का ग्रहण कर 'तद्भव' शब्द का प्रयोग 'वैदिक काल के प्राकृत से जो शब्द संस्कृत में लिया गया है उससे उत्पन्न' इसी अर्थ में करना चाहिए। संस्कृत शब्द और प्राकृत तद्भव शब्द इन दोनों का साधारण मूल वैदिक काल का प्राकृत अर्थात् पूर्वोक्त प्राथमिक प्राकृत या प्रथम स्तर का प्राकृत है। इससे जहाँ पर 'तद्भव' शब्द का सैद्धान्तिक अर्थ 'संस्कृतभव' नहीं, किन्तु 'वैदिक काल के प्राकृत से उत्पन्न' यही समझना चाहिए।

द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं का उत्पत्ति-क्रम और उनके प्रधान भेद

जब उपर्युक्त कथन के अनुसार वैदिक तथा लौकिक संस्कृत और समस्त प्राकृत भाषाओं का मूल एक ही है और वैदिक तथा लौकिक संस्कृत द्वितीय स्तर की सभी प्राकृत भाषाओं से प्राचीन हैं, तब यह कहने की कोई आवश्यकता नहीं है कि द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं के उत्पत्ति-क्रम का निर्णय एकमात्र उसी सादृश्य के तारतम्य पर निर्भर करता है जो उभय संस्कृत और प्राकृत तद्भव शब्दों में पाया जाता है। जिस प्राकृत भाषा के तद्भव शब्दों का वैदिक और लौकिक संस्कृत के साथ जितना अधिक सादृश्य होगा वह उतनी ही प्राचीन और जिसके तद्भव शब्दों का उभय संस्कृत के साथ जितना अधिक भेद होगा वह उतनी ही अर्वाचीन मानी जा सकती है, क्योंकि अधिक भेद के उत्पन्न होने में समय भी अधिक लगता है यह निर्विवाद है।

द्वितीय स्तर की जिन प्राकृत भाषाओं ने साहित्य में अथवा शिलालेखों में स्थान पाया है उनके शब्दों की वैदिक और लौकिक संस्कृत के साथ, उपर्युक्त पद्धति से तुलना करने पर, जो भेद (पार्थक्य) देखने में आते हैं उनके अनुसार द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं के निम्नोक्त प्रधान भेद (प्रकार) होते हैं, जो क्रम से इन तीन मुख्य काल-विभागों में बाँटे जा सकते हैं—(१) प्रथम युग—खिस्त-पूर्व चार सौ से लेकर खिस्त के बाद एक सौ वर्ष तक (400 B. C. to 100 A. D.); (२) मध्ययुग—खिस्त के बाद एक सौ से पाँच सौ वर्ष तक (100 A. C. to 500 A. D.); (३) शेष युग—खिस्तीय पाँच सौ से एक हजार वर्ष तक (500 A. D. to 1000 A. D.)।

---

१. "चतुर्थ्यर्थे बहुलं छन्दसि" (पाणिनि-व्याकरण २, ३, ६२)।

प्रथम युग (ख्रिस्त-पूर्व ४०० से ख्रिस्त के बाद १००)

(क) हीनयान बौद्धों के त्रिपिटक, महावंश और जातक-प्रभृति ग्रन्थों की पाली भाषा।
(ख) पैशाची और चूलिकापैशाची।
(ग) जैन अंग-ग्रन्थों की अर्धमागधी भाषा।
(घ) अंग-ग्रन्थ-भिन्न प्राचीन सूत्रों की और पउम-चरिअ आदि प्राचीन ग्रन्थों की जैन महाराष्ट्री भाषा।
(ङ) अशोक-शिलालेखों की एवं परवर्ति-काल के प्राचीन शिलालेखों की भाषा।
(च) अश्वघोष के नाटकों की भाषा।

मध्ययुग (ख्रिस्तीय १०० से ५००)

(क) त्रिवेन्द्रम् से प्रकाशित भास-रचित कहे जाते नाटकों की और बाद के कालिदास-प्रभृति के नाटकों की शौरसेनी, मागधी और महाराष्ट्री भाषाएँ।
(ख) सेतुबन्ध, गाथासप्तशती आदि काव्यों की महाराष्ट्री भाषा।
(ग) प्राकृत व्याकरणों में जिनके लक्षण और उदाहरण पाये जाते हैं वे महाराष्ट्री, शौरसेनी, मागधी, पैशाची, चूलिकापैशाची भाषाएँ।
(घ) दिगम्बर जैन ग्रन्थों की शौरसेनी और परवर्ति-काल के श्वेताम्बर ग्रन्थों की जैन महाराष्ट्री भाषा।
(ङ) चंड के व्याकरण में निर्दिष्ट और विक्रमोर्वशी में प्रयुक्त अपभ्रंश भाषा।

शेष युग (ख्रिस्तीय ५०० से १००० वर्ष)

भिन्न-भिन्न प्रदेशों की परवर्ती काल की अपभ्रंश भाषाएँ।

अब इन तीन युगों में विभक्त प्रत्येक भाषा का लक्षण और विशेष विवरण, उक्त क्रम के अनुसार (१) पालि, (२) पैशाची, (३) चूलिकापैशाची, (४) अर्धमागधी, (५) जैन महाराष्ट्री, (६) अशोकलिपि, (७) शौरसेनी, (८) मागधी, (९) महाराष्ट्री, (१०) अपभ्रंश इन शीर्षकों में क्रमशः दिया जाता है।

---

(१) पालि

निर्देश और व्युत्पत्ति

हीनयान बौद्धों के धर्म-ग्रन्थों की भाषा को पालि कहते हैं। कई विद्वानों का अनुमान है कि पालि शब्द 'पङ्क्ति' पर से बना है[1]। 'पङ्क्ति' शब्द का अर्थ है 'श्रेणी'[2]। प्राचीन बौद्ध लेखक अपने ग्रन्थ में धर्म-शास्त्र की वचन-पङ्क्ति को उद्धृत करते समय इसी पालि शब्द का प्रयोग करते थे, इससे बाद के समय में बौद्ध धर्म-शास्त्रों की भाषा का ही नाम पालि हुआ। अन्य विद्वानों का मत है कि पालि शब्द 'पङ्क्ति' पर से नहीं, परन्तु 'पल्लि' पर से हुआ है। पल्लि' शब्द असल में संस्कृत नहीं, परन्तु प्राकृत है, यद्यपि अन्य अनेक प्राकृत शब्दों की तरह यह भी पीछे से संस्कृत में लिया गया है। पल्लि शब्द जैनों के प्राचीन अंग-ग्रन्थों में भी पाया जाता है[3]। 'पल्लि' शब्द का अर्थ है ग्राम या गाँव। 'पालि' का अर्थ गावों में बोली जाती भाषा—ग्राम्य भाषा—होता है। 'पङ्क्ति' पर से 'पालि' होने की कल्पना जितनी क्लेश-साध्य है 'पल्लि' पर से 'पालि' होना उतना ही सहज-बोध्य है। इससे हमें पिछला मत ही अधिक संगत मालूम होता है। 'पालि' केवल ग्रामों की ही भाषा थी, इससे उसका यह नाम हुआ है यह बात नहीं है। बल्कि प्रदेश-विशेष के ग्रामों की तरह शहरों के भी जन-साधारण की यह भाषा थी, परन्तु संस्कृत के अनन्य-भक्त

---

१ "पङ्क्ति = पंक्ति = पंति = पण्ति = पंटि = पंलि = पल्लि = पालि; अथवा पङ्क्ति = पत्ति = पट्टि = पल्लि = पालि" (पालिप्रकाश, प्रवेशक, पृष्ठ ६)।

२ "सेतुस्सिं तन्तिपन्तीसु नालियं पालि कथ्यते" (अभिधानप्रदीपिका ९९६)।

३ देखो, विपाकश्रुत (पत्र ३८, ३९)।

ब्राह्मणों की ही ओर से इस भाषा की तरफ अपनी स्वाभाविक घृणा[1] को व्यक्त करने के लिए इसका यह नाम दिया जाना और अधिक प्रसिद्ध हो जाने के कारण पीछे से बौद्ध विद्वानों का भी मागधी की जगह इस शब्द का प्रयोग करना आश्चर्य-जनक नहीं जान पड़ता।

उक्त प्राकृत भाषा-समूह में पालि भाषा के साथ वैदिक संस्कृत का अधिक सादृश्य देखा जाता है। इसी कारण से द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं में पालि भाषा सर्वापेक्षा प्राचीन मालूम पड़ती है।

उत्पत्ति-स्थान

पालि भाषा के उत्पत्ति-स्थान के बारे में विद्वानों का मत-भेद है। बौद्ध लोग इसी भाषा को मागधी कहते हैं और उनके मत से इस भाषा का उत्पत्ति-स्थान मगध देश है। परन्तु इस भाषा का मागधी प्राकृत के साथ कोई सादृश्य नहीं है। डॉ. कोनो (Dr. Konw) और सर ग्रियर्सन ने इस भाषा का पैशाची भाषा के साथ सादृश्य देखकर पैशाची भाषा जिस देश में प्रचलित थी उसी देश को इसका उत्पत्ति-स्थान बताया है, यद्यपि पैशाची भाषा के उत्पत्ति-स्थान के विषय में इन दोनों विद्वानों का मतैक्य नहीं है। डॉ. कोनो के मत में पैशाची भाषा का उत्पत्ति-स्थान विन्ध्याचल का दक्षिण प्रदेश है और सर ग्रियर्सन का मत यह है कि 'इसका उत्पत्ति-स्थान भारतवर्ष का उत्तर-पश्चिम प्रान्त है; वहाँ उत्पन्न होने के बाद संभव है कि कोंकण-प्रदेश-पर्यन्त इसका विस्तार हुआ हो और वहाँ इससे पाली भाषा की उत्पत्ति हुई हो।' परन्तु पालि भाषा अशोक के गुजरात-प्रदेश-स्थित गिरनार के शिलालेख के अनुरूप होने के कारण यह मगध में नहीं, किन्तु 'भारतवर्ष के पश्चिम प्रान्त में उत्पन्न हुई है और वहाँ से सिंहल देश में ले जाई गई है' यही मत विशेष संगत प्रतीत होता है, क्योंकि निम्नोक्त उदाहरणों से पालिभाषा का गिरनार-शिलालेख के साथ सादृश्य और पूर्व-प्रान्त-स्थित धौलि (खंडगिरि) शिलालेख के साथ पार्थक्य देखा जाता है—

संस्कृत	पाली	गिरनारशिला०	धौलिशिला०
राज्ञः	राजिनो, रञ्ञो	राञो	लजिने
कृतम्	कतं	कतं	कटे

इस विषय में डॉ. सुनीतिकुमार चटर्जी का कहना है कि "बुद्धदेव[2] के समस्त उपदेश मागधी भाषासे बाद के समय में मध्यदेश (Doab) की शौरसेनी प्राकृत में अनुवादित हुए थे और वे ही खिस्त-पूर्व प्रायः दो सौ वर्ष से पालि-भाषा के नाम से प्रसिद्ध हुए हैं।" किन्तु सच तो यह है कि पालि भाषा का शौरसेनी और मागधी की अपेक्षा पैशाची के साथ ही अधिक सादृश्य है जो निम्नोक्त उदाहरणों से स्पष्ट जाना जाता है।

संस्कृत	पालि	पैशाची	शौरसेनी	मागधी
*क[3] (लोक)	क (लोक)	क (लोक)	० (लोअ)	० (लोअ)
*ग (नग)	ग (नग)	ग (नग)	० (णअ)	० (णअ)
*च (शची)	च (सची)	च (सची)	० (सई)	० (शई)
*ज (रजत)	ज (रजत)	ज (रजत)	० (रअद)	० (लअद)
*त (कृत)	त (कत)	त (कत)	द (कद)	ड (कड)
र (कर)	र (कर)	र (कर)	र (कर)	ल (कल)

---

१. "लोकायतं कुतर्कं च प्राकृतं म्लेच्छभाषितम्।
न श्रोतव्यं द्विजेनैतदधो नयति तद् द्विजम्॥" (गरुडपुराण, पूर्वखण्ड ९८. १७)।

२. The Origin and Development of the Bengalee Language, VoL. I, page 57.

३. इन उदाहरणों में प्रथम वह अक्षर दिया गया है जिसका उस उस भाषा के नीचे दिए गए अक्षरों में परिवर्तन होता है और अक्षर के बाद ब्राकेट में उसी अक्षरवाला शब्द स्पष्टता के लिए दिया गया है।

* स्वर वर्णों के मध्यवर्ती असंयुक्त वर्ण।

संस्कृत	पालि	पैशाची	शौरसेनी	मागधी
श (वश)	स (वस)	स (वस)	स (वस)	श (वश)
ष (मेष)	स (मेस)	स (मेस)	स (मेस)	श (मेश)
स (सारस)	स (सारस)	स (सारस)	स (सारस)	श (शालश)
न (वचन)	न (वचन)	न (वचन)	ण (वअण)	ण (वअण)
ट्ट (पट्ट)	ट्ट (पट्ट)	ट्ट (पट्ट)	ट्ट (पट्ट)	स्ट (पस्ट)
र्थ (अर्थ)	त्थ (अत्थ)	त्थ (अत्थ)	त्थ (अत्थ)	स्त (अस्त)
स्[1] (वृक्षः)	ओ (रुक्खो)	ओ (रुक्खो)	ओ (रुक्खो)	ए (लुक्खे)

उत्पत्ति-समय

पालि भाषा की उत्पत्ति का समय ख्रिस्त के पूर्व षष्ठ शताब्दी कहा जाता है, किन्तु वह काल बुद्धदेव की समसामयिक कथ्य मागधी भाषा का हो सकता है। पालि कथ्य भाषा नहीं, परन्तु बौद्ध धर्म-साहित्य की भाषा है। संभवतः यह भाषा ख्रिस्त के पूर्व चतुर्थ या पञ्चम शताब्दी में पश्चिम भारत में उत्पन्न हुई थी।

इस पालि-भाषा से आधुनिक सिंहली भाषा की उत्पत्ति हुई है।

प्राकृत शब्द से साधारणतः पालि-भिन्न अन्य भाषाएँ ही समझी जाती हैं। इससे, और पालि भाषा के अनेक स्वतन्त्र कोष होने से, प्रस्तुत कोष में पालि भाषा के शब्दों को स्थान नहीं दिया गया है। इसलिए पालि भाषा की विशेष आलोचना करने की यहाँ आवश्यकता नहीं है।

(२) पैशाची

निदर्शन

गुणाढ्य ने [2]बृहत्कथा पैशाची भाषा में लिखी थी, जो लुप्त हो गई है। इस समय पैशाची भाषा के उदाहरण प्राकृतप्रकाश, आचार्य हेमचन्द्र का प्राकृतव्याकरण, षड्भाषाचन्द्रिका, प्राकृत-सर्वस्व और संक्षिप्तसार आदि प्राकृत-व्याकरणों में आचार्य हेमचन्द्र के कुमारपाल-चरित तथा [3]काव्यानुशासन में, मोहराज-पराजय नामक नाटक में और दो-एक षड्भाषास्तोत्रों में मिलते हैं।

भरत के नाट्यशास्त्र में पैशाची नाम का उल्लेख देखने में नहीं आता है, परन्तु इसके परवर्ती [4]रुद्रट, [5]केशवमिश्र आदि संस्कृत के आलंकारिकों ने इसका उल्लेख किया है। वाग्भट ने इस भाषा को [6]'भूतभाषित' के नाम से अभिहित की है।

विनियोग

[7]वाग्भट तथा [8]केशवमिश्र ने क्रम से भूत और पिशाच-प्रभृति पात्रों के लिए और [9]षड्भाषा-चन्द्रिकाकार ने राक्षस, पिशाच और नीच पात्रों के लिए इसका विनियोग बतलाया है।

---

१. पुंलिंग में प्रथमा के एक वचन का प्रत्यय।

२. आचार्य उद्द्योतन की कुवलय-माला में, दण्डी के काव्यादर्श में, बाण के हर्षचरित में, धनञ्जय के दशरूपक में, सुबन्धु की वासवदत्ता में और अन्यान्य प्राकृत-संस्कृत ग्रंथों में इसका उल्लेख पाया जाता है। क्षेमेन्द्रकृत बृहत्कथामञ्जरी और सोमदेवभट्ट-प्रणीत कथासरित्सागर इसी बृहत्कथा का संस्कृत अनुवाद है। इस बृहत्कथा के ही भिन्न-भिन्न अंशों के आधार पर बाण, श्रीहर्ष, भवभूति आदि संस्कृत के महाकवियों की कादम्बरी, रत्नावली, मालतीमाधव-प्रभृति अनेक संस्कृत ग्रंथों की रचना की गई है।

३. पृष्ठ २२९; २३३।

४. काव्यालंकार २, १२।

५. 'संस्कृतं प्राकृतं चैव पैशाची मागधी तथा' (अलङ्कार शेखर, पृष्ठ ५)।

६. 'संस्कृतं प्राकृतं तस्यापभ्रंशो भूतभाषितम्' (वाग्भटालङ्कार २, १)।

७. 'यद् भूतैरुच्यते किञ्चित् तद्भौतिकमिति स्मृतम्' (वाग्भटालङ्कार २, ३)।

८. 'पैशाचीं तु पिशाचाद्याः प्राहुः' (अलङ्कारशेखर, पृष्ठ ५)।

९. रक्षःपिशाचनीचेषु पैशाचीद्वितयं भवेत् ॥३५॥' (षड्भाषा-चन्द्रिका, पृष्ठ ३)।

षड्भाषाचन्द्रिकाकार पिशाच-देशों की भाषा को ही पैशाची कहते हैं और पिशाच-देशों के निर्देश के लिए नीचे

उत्पत्ति-स्थान

के श्लोकों को उद्धृत करते हैं :—

'पाण्ड्यकेकयवाह्लीकसह्यनेपालकुन्तलाः[1] ।
सुधेष्णभोजगान्धारहैवकन्नोजनास्तथा ।
एते पिशाचदेशाः स्युः'

मार्कण्डेय ने अपने प्राकृतसर्वस्व में प्राकृतचन्द्रिका के

'काञ्चीदेशीयपाण्ड्यं च पाञ्चालं गौड-मागधम् ।
व्राचडं दाक्षिणात्यं च शौरसेनं च कैकयम् ॥
शाबरं द्राविडं चैव एकादश पिशाचजाः ।

इस वचन को उद्धृत कर ग्यारह प्रकार की पैशाची का उल्लेख किया है; परन्तु बाद में इस मत का खण्डन करके सिद्धान्त रूप से इन तीन प्रकार की पैशाची का ग्रहण किया है; यथा—'कैकयं शौरसेनं च पाञ्चालमिति च त्रिधा पैशाच्यः' ।

लक्ष्मीधर और मार्कण्डेय ने जिन प्राचीन वचनों का उल्लेख किया है उनमें पाण्ड्य, काञ्ची और कैकय आदि प्रदेश एक दूसरे से अतिदूरवर्ती प्रान्तों में अवस्थित हैं। इतने दूरवर्ती प्रदेश एकदेशीय भाषा के उत्पत्ति-स्थान कैसे हो सकते हैं? यदि पैशाची भाषा किसी प्रदेश की भाषा न हो कर भिन्न भिन्न प्रदेशों में रहनेवाली किसी जाति-विशेष की भाषा हो तो इसका संभव इस तरह हो भी सकता है कि पूर्वकाल में किसी एक देश-विशेष में रहनेवाली पिशाच-प्राय मनुष्य-जाति बाद में भिन्न-भिन्न देशों में फैलती हुई वहाँ अपनी भाषा को ले गई हो। मार्कण्डेय-निर्दिष्ट तीन प्रकार की पैशाची परस्पर संनिहित प्रदेशों की भाषा है, इससे खूब ही संभव है कि यह पहले केकय देश में उत्पन्न हुई हो और बाद में उसी के समीपस्थ शूरसेन और पञ्जाब तक फैल गई हो। मार्कण्डेय ने शौरसेन-पैशाची और पाञ्चाल-पैशाची की प्रकृति जो कैकय-पैशाची कही है इसका मतलब भी यही हो सकता है। सर ग्रियर्सन के मत में पिशाच-भाषा-भाषी लोगों का आदिम वास-स्थान उत्तर-पश्चिम पञ्जाब अथवा अफगानिस्थान का प्रान्त प्रदेश है और बाद में वहाँ से ही संभवतः इसका अन्य देशों में विस्तार हुआ है। किन्तु डॉ॰ हॉर्नलि का इस विषय में और ही मत है। उनका कहना यह है कि अनार्य जाति के लोग आर्य-जाति की भाषा का जिस विकृत रूप में उच्चारण करते थे वही पैशाची भाषा है, अर्थात् इनके मत से पैशाची भाषा न तो किसी देश-विशेष की भाषा है और न वह वास्तव में भिन्न भाषा ही है। हमें सर ग्रियर्सन का मत ही प्रामाणिक प्रतीत होता है जो मार्कण्डेय के मत के साथ अनेकांश में मिलता-जुलता है।

प्रकृति

वररुचि ने शौरसेनी प्राकृत को ही पैशाची भाषा का मूल कहा है[2]। मार्कण्डेय ने पैशाची भाषा को कैकय, शौरसेन और पाञ्चाल इन तीन भेदों में विभक्त कर संस्कृत और शौरसेनी उभय को कैकय-पैशाची का और कैकय-पैशाची को शौरसेन-पैशाची का मूल बतलाया है। पाञ्चाल-पैशाची के मूल का उन्होंने निर्देश ही नहीं किया है, किन्तु उन्होंने इसके जो केरी (केलिः) और मंदिलं (मन्दिरम्) ये दो उदाहरण दिये हैं इससे मालूम होता है कि इस पाञ्चाल-पैशाची का कैकय-पैशाची से रकार और लकार के व्यत्यय के अतिरिक्त अन्य कोई भेद नहीं है, सुतरां शौरसेन-पैशाची की तरह पाञ्चाल-पैशाची की प्रकृति भी इनके मत से कैकय-पैशाची ही हो सकती है। यहाँ पर यह कहना आवश्यक है कि मार्कण्डेय ने शौरसेन-पैशाची के जो[3] लक्षण दिए हैं उन पर से शौरसेन-पैशाची का

---

१. वर्तमान मदुरा और कन्याकुमारी के आसपास के प्रदेश का नाम पाण्ड्य, पञ्चनद प्रदेश का नाम केकय, अफगानिस्थान के वर्तमान बाल्खनगरवाले प्रदेश का नाम वाह्लीक, दक्षिण भारत के पश्चिम उपकूल का नाम सह्य, नर्मदा के उत्पत्ति-स्थान के निकटवर्ती देश का नाम कुन्तल, वर्तमान काबुल और पेशावरवाले प्रदेश का नाम गान्धार, हिमालय के निम्न-वर्ती पार्वत्य प्रदेश-विशेष का नाम हैव और दक्षिण महाराष्ट्र के पार्वत्य अञ्चल का नाम कन्नोजन है।

२. "प्रकृतिः शौरसेनी" (प्राकृतप्रकाश १०, २)।

३. "सस्य शः", "रस्य लो भवेत्", "चवर्गस्योपरिष्टाद् यः" "कृतादिषु कडादयः", "क्षस्य च्छं", "स्थाविकृतेः ष्टस्य स्तः", "तत्थयोः श ऊर्ध्वं स्यात्", "अतः सोरो (?रे) त्" (प्राकृतसर्वस्व, पृष्ठ १२६)।

शौरसेनी भाषा के साथ कोई भी संबन्ध प्रतीत नहीं होता, क्योंकि कैकय-पैशाची के साथ शौरसेन-पैशाची के जो भेद उन्होंने बतलाए हैं वे मागधी भाषा के ही अनुरूप हैं, न कि शौरसेनी के। इससे इसको शौरसेन-पैशाची न कह कर मागध-पैशाची कहना ही संगत जान पड़ता है।

प्राकृत वैयाकरणों के मत से पैशाची भाषा का मूल शौरसेनी अथवा संस्कृत भाषा है, किन्तु हम पहले यह भलीभाँति दिखा चुके हैं कि कोई भी प्रादेशिक कथ्य भाषा, संस्कृत अथवा अन्य प्रादेशिक भाषा से उत्पन्न नहीं है, परन्तु वह उसी कथ्य अथवा प्राकृत भाषा से उत्पन्न हुई है जो वैदिक युग में उस प्रदेश में प्रचलित थी। इस लिए पैशाची भाषा का भी मूल संस्कृत या शौरसेनी नहीं, किन्तु वह प्राकृत भाषा ही है जो वैदिक युग में भारतवर्ष के उत्तर-पश्चिम प्रान्त की या अफगानिस्थान के पूर्व-प्रान्त-वर्ती प्रदेश की कथ्य भाषा थी।

प्रथम युग का पैशाची भाषा का कोई निदर्शन साहित्य में नहीं मिलता है। गुणाढ्य की बृहत्कथा संभवतः इसी प्रथम युग की पैशाची भाषा में रची गई थी; किन्तु वह आजकल उपलब्ध नहीं है। इस समय हम व्याकरण, नाटक और काव्य में पैशाची भाषा के जो निदर्शन पाते हैं वह मध्ययुग की पैशाची भाषा का है। मध्ययुग की यह पैशाची भाषा खिस्त की द्वितीय शताब्दी से पाँचवीं शताब्दी पर्यन्त प्रचलित थी। समय।

पैशाची भाषा का शौरसेनी भाषा के साथ जिस-जिस अंश में भेद है वह सामान्य रूप से नीचे दिया जाता है। इसके सिवा अन्य सभी अंशों में वह शौरसेनी के ही समान है। इससे इसके बाकी के लक्षण शौरसेनी के प्रकरण से जाने जा सकते हैं। लक्षण

वर्ण-भेद

१. ज्ञ, न्य और ण्य के स्थान में ञ्ञ होता है; यथा—प्रज्ञा = पञ्ञा; ज्ञान = ञ्ञान; कन्यका = कञ्ञका; अभिमन्यु = अभिमञ्ञु; पुण्य = पुञ्ञ।
२. ण और न के स्थान में न होता है; जैसे—गुण = गुन; कनक = कनक।
३. त और द की जगह त होता है; जैसे—भगवती = भगवती; शत = सत; मदन = मतन; देव=तेव।
४. लकार ळ में बदलता है; यथा—सील=सीळ; कुल = कुळ।
५. ट की जगह ट और त होता है; जैसे—कुटुम्बक, कुटुम्बक, कुतुम्बक।
६. महाराष्ट्री के लक्षण में असंयुक्त-व्यञ्जन-परिवर्तन के १ से १३, १५ और १६ अंकवाले जो नियम बतलाए गए हैं वे शौरसेनी भाषा में लागू होते हैं, किन्तु पैशाची में नहीं; यथा—लोक = लोक; शाखा = साखा; भट = भट; मठ = मठ; गरुड = गरुड; प्रतिभास = पतिभास; कनक = कनक; शपथ = सपथ; रेफ = रेफ; शबल = सबळ; यशस् = यस; करणीय = करनीय; अंगार = इंगार; दाह = दाह।
७. यादृश आदि शब्दों का दृ परिणत होता है ति में; यथा—यादृश = यातिस; सदृश = सतिस।

नाम-विभक्ति

१. अकारान्त शब्द की पञ्चमी का एकवचन आतो और आतु होता है; जैसे—जिनातो, जिनातु।

आख्यात

१. शौरसेनी के दि और दे प्रत्ययों की जगह ति और ते होता है; यथा—गच्छति, गच्छते; रमति, रमते।
२. भविष्य-काल में स्सि के बदले एय्य होता है; जैसे—भविष्यति = हुवेय्य।
३. भाव और कर्म में ईअ तथा इज्ज के स्थान में इय्य होता है; यथा—पठ्यते = पठिय्यते, हसिय्यते।

कृदन्त

१. त्वा प्रत्यय के स्थान में कहीं तून और कहीं त्थून और द्धून होते हैं; यथा पठित्वा = पठितून; गत्वा = गन्तून; नष्ट्वा = नत्थून, नद्धून; तष्ट्वा = तत्थून, तद्धून।

(३) चूलिकापैशाची

चूलिकापैशाची भाषा के लक्षण आचार्य हेमचन्द्र ने अपने प्राकृत-व्याकरण में और पंडित लक्ष्मीधर ने अपनी षड्भाषाचन्द्रिका में दिए हैं। आचार्य हेमचन्द्र के कुमारपालचरित और काव्यानुशासन में इस भाषा के निदर्शन पाये जाते हैं। इनके अतिरिक्त हम्मीरमदमर्दन नामक नाटक में और दो-एक छोटे-छोटे षड्भाषास्तोत्रों में भी इसके कुछ नमूने देखने में आते हैं।

निदर्शन

प्राकृतलक्षण, प्राकृतप्रकाश, संक्षिप्तसार और प्राकृतसर्वस्व वगैरह प्राकृत-व्याकरणों में और संस्कृत के अलंकार ग्रन्थों में चूलिकापैशाची का कोई उल्लेख नहीं है; अथ च आचार्य हेमचन्द्र ने और पं. लक्ष्मीधर ने चूलिकापैशाची के जो लक्षण दिए हैं वे चंड, वररुचि, क्रमदीश्वर और मार्कण्डेय-प्रभृति वैयाकरणों ने पैशाची भाषा के लक्षणों में ही अन्तर्गत किए हैं। इससे यह स्पष्ट जाना जाता है कि उक्त वैयाकरण-गण चूलिकापैशाची को पैशाची भाषा के अन्तर्भूत ही मानते थे, स्वतन्त्र भाषा के रूप में नहीं। आचार्य हेमचन्द्र भी अपने अभिधानचिन्तामणि नामक संस्कृत कोष-ग्रन्थ के "भाषाः षट् संस्कृतादिकाः (काण्ड २,१९९) इस वचन की "संस्कृत-प्राकृत-मागधी-शौरसेनी-पैशाच्यपभ्रंशलक्षणाः' यह व्याख्या करते हुए चूलिकापैशाची का अलग उल्लेख नहीं करते। इससे मालूम पड़ता है कि वे भी चूलिकापैशाची को पैशाची का ही एक भेद मानते हैं। हमारा भी यही मत है। इससे यहाँ पर इस विषय में पैशाची भाषा के अनन्तरोक्त विवरण से कुछ अधिक लिखने की आवश्यकता नहीं रहती। सिर्फ आचार्य हेमचन्द्र ने और उन्हीं का पूरा अनुसरण कर पं० लक्ष्मीधर ने इस भाषा के जो लक्षण दिए हैं वे नीचे उद्धृत किए जाते हैं। इनके सिवा सभी अंशों में इस भाषा का पैशाची से कोई पार्थक्य नहीं है।

पैशाची में इसका अन्तर्भाव

लक्षण

१. वर्ग के तृतीय और चतुर्थ अक्षरों के स्थान में क्रमशः प्रथम और द्वितीय होता है[1]; यथा—नगर = नकर, व्याघ्र = वक्ख, राजा = राचा, निर्भर = निच्छर, तडाग = तटाक, ढक्का = ठक्का, मदन = मतन, मधुर = मथुर, बालक = पालक, भगवती = फकवती।

२. र के स्थान में वैकल्पिक ल होता है; यथा—रुद्र = लुद्द, रुद्द।

(४) अर्धमागधी

भगवान् महावीर अपना धर्मोपदेश अर्धमागधी भाषा में देते थे[2]। इसी उपदेश के अनुसार उनके समसामयिक गणधर श्री सुधर्मस्वामी ने अर्धमागधी भाषा में ही आचाराङ्ग-प्रभृति सूत्र-ग्रन्थों की रचना की थी[3]। ये ग्रन्थ उस समय लिखे नहीं गए थे, परन्तु शिष्य परम्परा से कण्ठ-पाठ द्वारा संरक्षित होते थे। दिगम्बर जैनों के मत से ये समस्त ग्रन्थ विलुप्त हो गए हैं, परन्तु श्वेताम्बर जैन दिगम्बरों के इस मन्तव्य से सहमत नहीं हैं। श्वेताम्बरों के मत के अनुसार ये सूत्र-ग्रन्थ महावीर-निर्वाण के बाद ९८० अर्थात् खिस्ताब्द ४५४ में वलभी (वर्तमान वळा, काठियावाड़) में श्रीदेवर्द्धिगणि क्षमाश्रमण ने वर्तमान आकार में लिपिबद्ध किए। उस समय लिखे जाने पर भी इन ग्रन्थों की भाषा प्राचीन है। इसका एक कारण यह है कि जैसे ब्राह्मणों ने कण्ठ-पाठ-द्वारा बहु-शताब्दी-पर्यन्त वेदों की रक्षा की थी वैसे ही जैन मुनियों ने भी अपनी शिष्य-परम्परा से मुख-पाठ द्वारा करीब एक हजार वर्ष तक अपने इन पवित्र ग्रन्थों को याद रखा था। दूसरा यह है कि जैन धर्म में सूत्र-पाठों के शुद्ध उच्चारण के लिए खूब जोर दिया गया है, यहाँ तक कि मात्रा या अक्षर के भी अशुद्ध या विपरीत उच्चारण करने में दोष माना गया है। तिस पर भी सूत्र-ग्रन्थों की भाषा का सूक्ष्म निरीक्षण करने से इस बात को स्वीकार करना ही पड़ेगा कि भगवान् महावीर के समय की अर्ध-

प्राचीन जैन सूत्रों की भाषा अर्धमागधी

---

१. अन्य वैयाकरणों के मत से यह नियम शब्द के आदि के अक्षरों में लागू नहीं होता है (हे० प्रा० ४, ३२७)।

२. "भगवं च णं अद्धमाहीए भासाए धम्ममाइक्खइ" (समवायाङ्ग सूत्र, पत्र ६०)।
"तए णं समणे भगवं महावीरे कूणिअस्स रएणो भिंभिसारपुत्तस्स'.....'अद्धमागहाए भासाए भासइ।.......'सा वि य णं अद्धमागहा भासा तेसिं सव्वेसिं आरियमणारियाणं अप्पणो सभासाए परिणामेणं परिणमइ" (औपपातिक सूत्र)।

३. "अत्थं भासइ अरिहा, सुत्तं गंथंति गणहरा निउणं" (आवश्यकनिर्युक्ति)।

मागधी भाषा के इन ग्रन्थों में, अज्ञातभाव से ही क्यों न हो, भाषा-विषयक परिवर्तन अवश्य हुआ है। यह परिवर्तन होना असंभव भी नहीं है, क्योंकि ये सूत्र-ग्रन्थ वेदों की तरह शब्द-प्रधान नहीं, किन्तु अर्थ-प्रधान हैं। इतना ही नहीं, बल्कि ये ग्रन्थ जन-साधारण के बोध के लिये ही उस समय की कथ्य भाषा में रचे गये थे[1] और कथ्य भाषा में समय गुजरने के साथ-साथ अवश्य होनेवाले परिवर्तन का प्रभाव, कण्ठ-पाठ के रूप में स्थित इन सूत्रों की भाषा पर पड़ना, अन्ततः उस-उस समय के लोगों को समझाने के उद्देश्य से भी, आश्चर्यकर नहीं है। इसके सिवा, भाषा-परिवर्तन का यह भी एक मुख्य कारण माना जा सकता है कि भगवान् महावीर के निर्वाण से करीब दो सौ वर्ष के बाद (खिस्त-पूर्व ३१०) चन्द्रगुप्त के राजत्व-काल में मगध देश में बारह वर्षो[2] का सुदीर्घ अकाल पड़ने पर साधु लोगों को निर्वाह के लिए समुद्र-तीर-वर्ती प्रदेश (दक्षिण देश) में जाना पड़ा था। उस समय वे सूत्र ग्रन्थों का परिशीलन न कर सकने के कारण उन्हें भूल से गए थे। इससे अकाल के बाद पाटलिपुत्र में संघ ने एकत्रित होकर जिस-जिस साधु को जिस-जिस अङ्ग-ग्रन्थ का जो-जो अंश जिस-जिस आकार में याद रह गया था, उस-उस से उस-उस अङ्ग-ग्रन्थ के उस-उस अंश को उस-उस रूप में प्राप्त कर ग्यारह अङ्ग-ग्रन्थों का संकलन किया[3]। इस घटना से जैसे अङ्गग्रन्थों की भाषा के परिवर्तन का कारण समझ में आ सकता है, वैसे इन ग्रन्थों की अर्धमागधी भाषा में, मगध के पार्श्ववर्ती प्रदेशों की भाषाओं की तुलना में दूरवर्ती महाराष्ट्रप्रदेश की भाषा का जो अधिक साम्य देखा जाता है उसके कारण का भी पता चलता है। जब ऐतिहासिक प्रमाणों से यह बात सिद्ध है कि दक्षिण प्रदेश में प्राचीन काल में जैन धर्म का अच्छी तरह प्रचार और प्रभाव हुआ था तब यह अनुमान करना अयुक्त नहीं है कि उक्त दीर्घकालिक अकाल के समय साधु लोग समुद्र-तीर-वर्ती इस दक्षिण देश में ही गए थे और वहाँ उन्होंने उपदेश-द्वारा जैन धर्म का प्रचार किया था। यह कहने की कोई आवश्यकता नहीं है कि उक्त साधुओं को दक्षिण प्रदेश में उस समय जो भाषा प्रचलित थी उसका अच्छी तरह ज्ञान हो गया था, क्योंकि उसके विना उपदेश-द्वारा धर्म-प्रचार का कार्य वे कर ही नहीं सकते थे। इससे यह असंभव नहीं है कि उन साधुओं की इस नव-परिचित भाषा का प्रभाव, उनके कण्ठ-स्थित सूत्रों की भाषा पर भी पड़ा था। इसी प्रभाव को लेकर उनमें से कईएक साधु-लोग पाटलिपुत्र के उक्त संमेलन में उपस्थित हुए थे, जिससे अङ्गों के पुनः संकलन में उस प्रभाव ने न्यूनाधिक अंश में स्थान पाया था।

उक्त घटना से करीब आठ सौ वर्षों के बाद वलभी (सौराष्ट्र) और मथुरा में जैन ग्रन्थों को लिपि-बद्ध करने के लिए मुनि-संमेलन किए गए थे, क्योंकि इन सूत्र-ग्रन्थों का और उस समय तक अन्य जो जैन ग्रन्थ रचे गए थे उनका भी क्रमशः विस्मरण हो चला था और यदि वही दशा कुछ अधिक समय तक चालू रहती तो समग्र जैन शास्त्रों के लोप हो जाने का डर था जो वास्तव में सत्य था। संभवतः इस समय तक जैन साधुओं का भारतवर्ष के अनेक प्रदेशों में विस्तार हो चुका था और इन समस्त प्रदेशों से अल्पाधिक संख्या में आकर साधु लोगों ने इन संमेलनों में योग-दान किया था। भिन्न-भिन्न प्रदेशों से आगत इन मुनियों से जो ग्रन्थ अथवा ग्रन्थ के अंश जिस रूप में प्राप्त हुआ उसी रूप में वह लिपि-बद्ध किया गया। उक्त मुनियों के भिन्न-भिन्न प्रदेशों में चिर-काल तक विचरने के कारण उन प्रदेशों को भिन्न-भिन्न भाषाओं का,

---

१. "मुत्तूण दिट्ठिवायं कालियउक्कालियंगसिद्धंतं।
थीबालवायणत्थं पाययमुइयं जिणवरेहिं॥"
(आचारविनकर में श्रीवर्धमानसूरि द्वारा उत्धृत की हुई प्राचीन गाथा)।
"बालस्त्रीमन्दमूर्खाणां नृणां चारित्रकाङ्क्षिणाम्।
अनुग्रहार्थं तत्त्वज्ञैः सिद्धान्तः प्राकृतः कृतः॥"
(हरिभद्रसूरि की दशवैकालिक टीका में और हेमचन्द्र के काव्यानुशासन में उद्धृत प्राचीन श्लोक)।

२. देखो Annual Report of Asiatic Society, Bengal, 1898 में डॉ. हॉर्नलि का लेख।

३. "इतश्च तस्मिन् दुष्काले कराले कालरात्रिवत्। निर्वाहार्थं साधुसङ्घस्तीरं नीरनिधेर्ययौ॥५५॥
अगुण्यमानं तु तदा साधूनां विस्मृतं श्रुतम्। अनभ्यसनतो नश्यत्यधीतं धीमतामपि॥५६॥
संघोऽथ पाटलीपुत्रे दुष्कालान्तेऽखिलोऽमिलत्। यदङ्गाध्ययनोद्देशाद्यासीद् यस्य तदाददे॥५७॥
ततश्चैकादशाङ्गानि श्रीसंघोऽमेलयत् तदा। दृष्टिवादनिमित्तं च तस्थौ किञ्चिद् विचिन्तयन्॥५८॥
नेपालदेशमार्गस्थं भद्रबाहुं च पूर्विणम्। ज्ञात्वा संघः समाह्वातुं ततः प्रैषीन्मुनिद्वयम्॥५९॥
(स्थविरावलीचरितं, सर्ग ९)।

उच्चारणों का और विभिन्न प्राकृत भाषाओं के व्याकरणों का कुछ-न-कुछ अलक्षित प्रभाव उनके कण्ठ-स्थित धर्म-ग्रन्थों की भाषा पर भी पड़ना अनिवार्य था ! यही कारण है कि अंग-ग्रन्थों में, एक ही अङ्ग-ग्रन्थ के भिन्न-भिन्न अंशों में और कहीं-कहीं तो एक ही अंग-ग्रन्थ के एक ही वाक्य में परस्पर भाषा-भेद नजर आता है। संभवतः भिन्न-भिन्न प्रदेशों की भाषाओं के प्रभाव से युक्त इसी भाषा-भेद को लक्ष्य में लेकर खिस्त की सप्तम शताब्दी के ग्रन्थकार श्रीजिनदासगणि ने अपनी निशीथ-चूर्णि में अर्धमागधी भाषा का "अट्ठारसदेसीभासानिययं वा अद्धमागहं" यह वैकल्पिक लक्षण किया है। भाषा-परिवर्तन के उक्त अनेक प्रबल कारण उपस्थित होने पर भी अंग-ग्रन्थों की अर्धमागधी भाषा में, पाटलिपुत्र के संमेलन के बाद से, आमूल वा अधिक परिवर्तन न होकर उसके बदले जो सूक्ष्म या अल्प ही भाषा-भेद हुआ है और सैकड़ों की तादाद में उसके प्राचीन रूप अपने असल आकार में जो संरक्षित रह सके हैं उसका श्रेय सूत्रों के अशुद्ध उच्चारण आदि के लिए प्रदर्शित पाप-बन्ध के उस धार्मिक नियम को है जो संभवतः पाटलीपुत्र के संमेलन के बाद निर्मित या दृढ़ किया गया था।

यहाँ पर प्रसंग-वश इस बात का उल्लेख करना उचित प्रतीत होता है कि [1]समवायांग सूत्र में निर्दिष्ट अंग-ग्रन्थ-सम्बन्धी विषय और परिमाण का वर्तमान अङ्ग-ग्रन्थों में कहीं-कहीं जो थोड़ा-बहुत क्रमशः विसंवाद और ह्रास पाया जाता है और अङ्ग-ग्रन्थों में ही बाद के [2]उपाङ्ग-ग्रन्थों का और बाद की [3]घटनाओं का जो उल्लेख दृष्टिगोचर होता है उसका समाधान भी हमको उक्त सम्मेलनों की घटनाओं से अच्छी तरह मिल जाता है।

अर्धमागधी और आर्ष एक हैं

[4]समवायाङ्ग सूत्र, व्याख्याप्रज्ञप्ति सूत्र, औपपातिक सूत्र और प्रज्ञापना सूत्र में तथा अन्यान्य प्राचीन जैन ग्रन्थों में जिस भाषा को अर्धमागधी नाम दिया गया है, [5]स्थानाङ्गसूत्र और अनुयोगद्वारसूत्र में जिस भाषा को 'ऋषिभाषिता' कहा गया है और सम्भवतः इसी 'ऋषिभाषिता' पर से [6]आचार्य हेमचन्द्र आदि ने जिस भाषा की 'आर्ष (ऋषियों की भाषा)' संज्ञा रखी है वह वस्तुतः एक ही भाषा है अर्थात् अर्धमागधी, ऋषिभाषिता और आर्ष ये तीनों एक ही भाषा के भिन्न-भिन्न नाम हैं, जिनमें पहला उसके उत्पत्ति-स्थान से और बाकी के दो उस भाषा को सर्व-प्रथम साहित्य में स्थान देनेवालों से सम्बन्ध रखते हैं। जैन सूत्रों की भाषा यही अर्ध-मागधी, ऋषिभाषिता या आर्ष है। आचार्य हेमचन्द्र ने अपने प्राकृत-व्याकरण में आर्ष प्राकृत के जो लक्षण और उदाहरण

---

१. समवायाङ्ग सूत्र, पत्र १०६ से १२५।

२. "जहा पन्नवणाए पढमए आहारुद्देसए" (व्याख्याप्रज्ञप्ति सूत्र १, १—पत्र १९)।

३. देखो, स्थानाङ्ग सूत्र, पत्र ४१० में वर्णित निह्नव-स्वरूप।

४. देखो, पृष्ठ १९ में दिया हुआ समवायाङ्गसूत्र और औपपातिकसूत्र का पाठ।
"देवा णं भंते ! कयराए भासाए भासंति ? कयरा वा भासा भासिज्जमाणी विसिस्सति ? गोयमा ! देवा णं अद्धमागहाए भासाए भासंति, सावि य णं अद्धमागहा भासा भासिज्जमाणी विसिस्सति।" (व्याख्याप्रज्ञप्तिसूत्र ५, ४—पत्र २२१)।
"से किं तं भासारिया ? भासारिया जे णं अद्धमागहाए भासाए भासंति" (प्रज्ञापनासूत्र १—पत्र ६२)।
मगहद्धविसयभासाणिबद्धं अद्धमागहं, अट्ठारसदेसीभासाणिययं वा अद्धमागहं" (निशीथचूर्णि)।
"आरिसवयणे सिद्धं देवाणं अद्धमागहा वाणी" (काव्यालंकार की नमिसाधुकृतटीका २, १२)।
"सर्वार्धमागधीं सर्वभाषासु परिणामिनीम्।
सर्वेषां सर्वतो वाचं सार्वज्ञीं प्रणिदध्महे॥" (वाग्भटकाव्यानुशासन, पृष्ठ २)।

५. "सक्कता पागता चेव दुहा भणितीओ आहिया।
सरमंडलम्मि गिज्जंते पसत्था इसिभासिता॥" (स्थानाङ्गसूत्र ७—पत्र ३९४)।
"सक्कया पायया चेव भणिईओ होंति दोण्णि वा।
सरमंडलम्मि गिज्जंते पसत्था इसिभासिआ॥" (अनुयोगद्वारसूत्र, पत्र १३१)।

६. देखो, हेमचन्द्र-प्राकृतव्याकरण का सूत्र १, ३।
"आर्षोत्थमार्षतुल्यं च द्विविधं प्राकृतं विदुः" (प्रेमचन्द्रतर्कवागीश द्वारा काव्यादर्शटीका १, ३३ में उद्धृत किया हुआ पद्यांश)।

बताए हैं उनसे तथा "अत एत् सौ पुंसि मागध्याम्[1] (है० प्रा० ४, २८७) इस सूत्र की व्याख्या में जो "[2]यदपि "[3]पोराणमद्धमागहभासानिययं हवइ सुत्तं[4]" इत्यादिना आर्षस्य अर्धमागधभाषानियतत्वमाम्नायि वृद्धैस्तदपि प्रायोऽस्यैव विधानात्, न वक्ष्यमाणलक्षणस्य" यह कहकर उसी के अनन्तर जो दशवैकालिक सूत्र से उद्धृत "कयरे आगच्छइ, से तारिसे जिइंदिए" यह उदाहरण दिया है उससे उक्त बात निर्विवाद सिद्ध होती है।

डॉ. जेकोबी ने प्राचीन जैन सूत्रों की भाषा को प्राचीन महाराष्ट्री कहकर 'जैन महाराष्ट्री' नाम दिया है।[5] डॉ. पिशल ने अपने सुप्रसिद्ध प्राकृत-व्याकरण में डॉ. जेकोबी की इस बात का सप्रमाण खंडन किया है और यह सिद्ध किया है कि आर्ष और अर्धमागधी इन दोनों में परस्पर भेद नहीं है, एवं प्राचीन जैन सूत्रों की—गद्य और पद्य दोनों की भाषा परम्परागत मत के अनुसार अर्धमागधी है[6]। परवर्ती काल के जैन प्राकृत ग्रन्थों की भाषा अल्पांश में अर्धमागधी की और अधिकांश में महाराष्ट्री की विशेषताओं से युक्त होने के कारण 'जैन महाराष्ट्री' कही जा सकती है; परन्तु प्राचीन जैन सूत्रों की भाषा को, जो शौरसेनी आदि भाषाओं की अपेक्षा महाराष्ट्री से अधिक साम्य रखती हुई भी, अपनी उन अनेक खासियतों से परिपूर्ण है जो महाराष्ट्र आदि किसी प्राकृत में दृष्टिगोचर नहीं होती हैं, यह (जैन महाराष्ट्री) नाम नहीं दिया जा सकता।

पंडित बेचरदास अपने गुजराती प्राकृत-व्यारकण की प्रास्तावना में जैन सूत्रों की अर्धमागधी भाषा को [7]प्राकृत (महाराष्ट्री) सिद्ध करने की विफल चेष्टा करते हुए डॉ. जेकोबी से भी दो कदम आगे बढ़ गए हैं, क्योंकि डॉ. जेकोबी जब इस भाषा को प्राचीन महाराष्ट्री—साहित्य-निबद्ध महाराष्ट्री से पुरातन महाराष्ट्री बताते हैं तब पंडित बेचरदास, प्राकृत भाषाओं के इतिहास जानने की तनिक भी परवाह न रखकर, अर्वाचीन महाष्ट्री से इस प्राचीन अर्धमागधी को अभिन्न सिद्ध करने जा रहे हैं! पंडित बेचरदास ने अपने सिद्धान्त के समर्थन में जो दलीलें पेश की हैं वे अधिकांश में भ्रान्त संस्कारों से उत्पन्न होने के कारण कुछ महत्त्व न रखती हुई भी कुतूहल-जनक अवश्य हैं। उन दलीलों का सारांश यह है—(१) अर्धमागधी में महाराष्ट्री से मात्र दो-चार रूपों की ही विशेषता; (२) आचार्य हेमचन्द्र का इस भाषा के लिए स्वतन्त्र व्याकरण या शौरसेनी आदि की तरह अलग-अलग सूत्र न बनाकर प्राकृत (महाराष्ट्री) या आर्ष प्राकृत में ही इसको अन्तर्गत करना; (३) इसमें मागधी भाषा की कतिपय विशेषताओं का अभाव; (४) निशीथचूर्णिकार के अर्धमागधी के दोनों में एक भी लक्षण की इसमें असंगति; (५) प्राचीन जैन ग्रन्थों में इस भाषा का 'प्राकृत' शब्द से निर्देश; (६) नाट्य-शास्त्र में और प्राकृत-व्याकरणों में निर्दिष्ट अर्धमागधी के साथ प्रस्तुत अर्धमागधी की असमानता।

अर्धमागधी महाराष्ट्री से भिन्न है

---

१. मागधी भाषा में अकारान्त पुंलिंग शब्द के प्रथमा के एकवचन में 'ए' होता है।

२. इसका अर्थ यह है कि प्राचीन आचार्यों ने "पुराना सूत्र अर्धमागधी भाषा में नियत है" इत्यादि वचन-द्वारा आर्ष भाषा को जो अर्धमागधी भाषा कही है वह प्रायः मागधी भाषा के इसी एक एकारवाले विधान को लेकर, न कि आगे कहे जानेवाले मागधी भाषा के अन्य लक्षण के विधान को लेकर।

३. इसी वचन के आधार पर डॉ. हॉर्नेलि का चण्ड-कृत प्राकृतलक्षण के इन्ट्रोडक्शन (पृष्ठ १८-१९) में यह लिखना कि हेमचन्द्र के मत में 'पोराण' आर्ष प्राकृत का एक नाम है, भ्रम-पूर्ण है, क्योंकि यहां पर 'पोराण' यह सूत्र का ही विशेषण है, भाषा का नहीं।

४. आवश्यकसूत्र के पारिष्ठापनिकाप्रकरण (दे० ला० पु० फं० पत्र ६२८) में यह संपूर्ण गाथा इस तरह है:—
"पुव्वावरसंजुत्तं वेरग्गकरं सतंतमविरुद्धं। पोराणमद्धमागहभासानिययं हवइ सुत्तं॥"

५. Kalpa Sutra, Sacred Books of the East, VoL. XII.

६. Grammatik der Prākrit-Sprachen, 16-17.

७. जैसे आचार्य हेमचन्द्र ने अपने प्राकृत-व्याकरण में महाराष्ट्री भाषा के अर्थ में प्राकृत शब्द का प्रयोग किया है वैसे पंडित बेचरदास ने भी अपने प्राकृत-व्याकरण में, जो केवल हेमाचार्य के ही प्राकृत-व्याकरण के आधार पर रचा गया है, सर्वत्र साहित्यिक महाराष्ट्री के अर्थ में ही प्राकृत शब्द का व्यवहार किया है।

प्रथम दलील के उत्तर में हमें यहाँ अधिक कहने की कोई आवश्यकता नहीं, इसी प्रकरण के अन्त में महाराष्ट्री से अर्धमागधी की विशेषताओं की जो संक्षिप्त सूची दी गई है वही पर्याप्त है। इसके अतिरिक्त डॉ बनारसीदास की 'अर्धमागधी रीडर', मुनि श्रीरत्नचन्द्रजी की 'जैन-सिद्धान्त कौमुदी' और डॉ. पिशल का 'प्राकृत-व्याकरण' मौजूद है; जिनमें क्रमशः अधिकाधिक संख्या में अर्धमागधी की विशेषताओं का संग्रह है। आचार्य हेमचन्द्र के ही प्राकृत-व्याकरण के 'आर्षम्' सूत्र से, इसकी स्पष्ट और सर्व-भेद-ग्राही व्यापक[1] व्याख्या से और जगह-जगह[2] किए हुए आर्ष के सोदाहरण उल्लेखों से दूसरी दलील की निर्मूलता सिद्ध होती है। यदि आचार्य हेमचन्द्र द्वारा ही निर्दिष्ट की हुई दो-एक विशेषताओं के कारण चूलिकापैशाची अलग भाषा मानी जा सकती है, अथवा आठ-दस विशेषताओं को लेकर शौरसेनी, मागधी और पैशाची भाषाओं को भिन्न-भिन्न भाषा स्वीकार करने में आपत्ति नहीं की जा सकती, तो कोई वजह नहीं है कि उसी वैयाकरण के द्वारा प्रकारान्तर से अथच स्पष्ट रूप से बताई हुई वैसी ही अनेक विशेषताओं के कारण आर्ष या अर्धमागधी भी भिन्न भाषा न कही जाय। तीसरी दलील की जड़ यह भ्रान्त संस्कार है कि 'वही भाषा अर्धमागधी कही जाने योग्य हो सकती है जिसमें मागधी भाषा का आधा अंश हो'। इसी भ्रान्त संस्कार के कारण चौथी दलील में उद्धृत निशीथचूर्णि के अर्धमागधी के प्रथम लक्षण का सत्य और सीधा अर्थ भी उक्त पंडितजी की समझ में नहीं आया है। इस भ्रान्त संस्कार का निराकरण और निशीथचूर्णिकार द्वारा बताए हुए अर्धमागधी के प्रथम लक्षण का और उसके वास्तविक अर्थ का निर्देश इसी प्रकरण में आगे चलकर आर्धमागधी के मूल की आलोचना के समय किया जायगा, जिससे इन दोनों दलीलों के उत्तरों को यहाँ दुहराने की आवश्यकता नहीं है। पाँचवीं दलील भी प्राचीन आचार्यों के द्वारा जैन सूत्र-ग्रन्थों की भाषा के अर्थ में प्रयुक्त किए हुए 'प्राकृत' शब्द को 'महाराष्ट्री' के अर्थ में घसीटने से ही हुई है। मालूम पड़ता है, पंडितजी ने जैसे अपने व्याकरण में 'प्राकृत' शब्द को केवल महाराष्ट्री के लिए रिजर्व कर रखा है वैसे सभी प्राचीन आचार्यों के 'प्राकृत' शब्द को भी वे एकमात्र महाराष्ट्री के ही अर्थ में मुकर्रर किया हुआ समझ बैठे हैं[3]। परन्तु यह समझ गलत है। प्राकृत शब्द का मुख्य अर्थ है प्रादेशिक कथ्य भाषा — लोक-भाषा। प्राकृत शब्द की व्युत्पत्ति भी वास्तव में इसी अर्थ से संगति रखती है यह हम पहले ही अच्छी तरह प्रमाणित कर चुके हैं। खिस्त की षष्ठ शताब्दी के आचार्य दण्डी ने अपने काव्यादर्श में—

'शौरसेनी च गौडी च लाटी चान्या च तादृशी। याति प्राकृतमित्येवं व्यवहारेषु संनिधिम्॥' (१, ३५)।

इन खुले शब्दों में यही बात कही है। इससे भी यह स्पष्ट है कि प्राकृत शब्द मुख्यतः प्रादेशिक लोक-भाषा का ही वाचक है और इससे साधारणतः सभी प्रादेशिक कथ्य भाषाओं के अर्थ में इसका प्रयोग होता आया है। दण्डी के समय तक के सभी प्राचीन ग्रंथों में इसी अर्थ में प्राकृत शब्द का व्यवहार देखा जाता है। खुद दंडी ने भी महाराष्ट्री भाषा में प्राकृत शब्द के प्रयोग को 'प्रकृष्ट' शब्द से विशेषित करते हुए इसी बात का समर्थन किया है[4]। दण्डी के महाराष्ट्री को 'प्रकृष्ट प्राकृत' कहने के बाद ही से विशेष प्रसिद्धि होने के कारण, महाराष्ट्री के अर्थ में 'प्रकृष्ट' शब्द को छोड़ कर केवल प्राकृत शब्द का भी प्रयोग हेमचन्द्र आदि, किन्तु दण्डी के पीछे के ही विद्वानों ने, कहीं कहीं किया है। पंडितजी ने वररुचि के समय से लेकर पीछले आचार्यों का महाराष्ट्री के ही अर्थ में प्राकृत शब्द का व्यवहार करने की जो बात उक्त टिप्पणी में ही लिखी है उससे प्रतीत होता है कि उन्होंने न तो वररुचि का ही व्याकरण देखा है और न उनके पीछे के आचार्यों के ही ग्रन्थों का निरीक्षण करने की कोशिश की है, क्योंकि वररुचि ने तो 'शेषं महाराष्ट्रीवत्' (प्राकृतप्रकाश १२, ३२) कहते हुए इस अर्थ में महाराष्ट्री शब्द का ही प्रयोग किया है, न कि प्राकृत शब्द का। आचार्य हेमचन्द्र ने भी कुमारपालचरित में 'पाइआहि भासाहि' (१, १) में बहुवचन का निर्देश कर और देशीनाममाला (१, ४) में 'विशेष' शब्दलगाकर 'प्राकृत' का प्रयोग साधारण

---

१. 'आर्षं प्राकृतं बहुलं भवति। तदपि यथास्थानं दर्शयिष्यामः। आर्षे हि सर्वे विधयो विकल्प्यन्ते' (हे० प्रा० १, ३)।

२. देखो, हेमचन्द्र-प्राकृत व्याकरण के १, ४६; १, ५७; १, ७९; १, ११८; १, ११९; १, १५१; १, १७७; १, २२८; १, २५४; २, १७; २, २१; २, ८६; २, १०१; २, १०४; २, १४६; २, १७४; ३, १६२; और ४, २८७ सूत्रों की व्याख्या।

३. 'ऊपरना बधा उल्लेखोमां वपरायेलो 'प्राकृत' शब्द प्राकृत भाषानो सूचक छे, अनुयोगद्वारमां 'प्राकृत' शब्द प्राकृत भाषाना अर्थमां वपरायेलो छे. (पृ० १३१ स०)। वैयाकरण वररुचिना समयथी तो ए शब्द ज अर्थमां वपरातो आव्यो छे; अने ए पछीना आचार्योए पण ए शब्दने ए ज अर्थमां वापरेलो छे, माटे कोईए अहीं ए शब्दने मरडवो नहीं।' (प्राकृत-व्याकरण, प्रवेश, पृष्ठ २६ टिप्पणी)।

४. 'महाराष्ट्राश्रयां भाषां प्रकृष्टं प्राकृतं विदुः' (काव्यादर्श १, ३४)।

लोक-भाषा के ही अर्थ में ही किया है। आचार्य दण्डी और हेमचन्द्र ही नहीं, बल्कि खिस्त की नववीं शताब्दी के कवि राजशेखर[1], ग्यारहवीं शताब्दी के नमिसाधु[2], उन्नीसवीं शताब्दी के प्रेमचन्द्रतर्कवागीश प्रभृति[3] प्रभूत जैन और जैनेतर विद्वानों ने इसी अर्थ में प्राकृत शब्द का प्रयोग किया है। इस तरह जब यह अभ्रान्त सत्य है कि प्राचीन काल से लेकर आजतक प्राकृत शब्द प्रादेशिक कथ्य भाषा के अर्थ में व्यवहृत होता आया है और इसका मुख्य और प्राचीन अर्थ साधारणत: सभी और विशेषत: कोई भी प्रादेशिक भाषा है, तब प्राचीन आचार्यों द्वारा भगवान् महावीर की उपदेश-भाषा के और उनके समसामयिक शिष्य सुधर्मस्वामि-प्रणीत जैन सूत्रों की भाषा के ही अभिप्राय में प्रयुक्त किए हुए 'प्राकृत' शब्द का 'अर्ध मगध-प्रदेश (जहाँ भगवान् महावीर और सुधर्मस्वामी का उपदेश और विचरण होना प्रसिद्ध है) की लोक-भाषा (अर्धमागधी)' इस सुसंगत अर्थ को छोड़ कर मगध से सुदूरवर्ती प्रदेश 'महराष्ट्र (जहाँ न तो भगवान् महावीर का और न सुधर्मस्वामी का ही उपदेश या विहार होना जाना गया है) की भाषा (महाराष्ट्री)' यह असंगत अर्थ लगाना, अपनी हीन विवेचना-शक्ति का परिचय देना है। इसी सिलसिले में पंडितजी ने अनुयोगद्वार सूत्र की एक अपूर्ण गाथा उद्धृत की है। यदि उक्त पंडितजी अनुयोगद्वार की गाथा के पूर्वार्ध का यहाँ पर उल्लेख करने के पहले इस गाथा के मूल स्थान को ढूँढ पाते और वे प्राकृत शब्द से जिस भाषा (महाराष्ट्री) का ग्रहण करते हैं इसके और प्राचीन सूत्रों की अर्धमागधी भाषा के इतिहास को न जानते हुए भी सिर्फ उत्तरार्ध-सहित इस गाथा पर ही प्रकरण-संगति के साथ जरा गौर से विचार करने का कष्ट उठाते, तो हमारा यह विश्वास है कि वे कम से कम इस गाथा का यहाँ हवाला देने का साहस और अनुयोगद्वार के कर्त्ता पर अर्धमागधी के विस्मरण का व्यङ्ग-बाण छोड़ने की धृष्टता कदापि नहीं कर पाते। क्योंकि इस गाथा का मूल स्थान है तृतीय अंग-ग्रन्थ जिसका नाम स्थानाङ्ग-सूत्र है। इसी स्थानाङ्ग-सूत्र के सम्पूर्ण स्वर-प्रकरण को अनुयोगद्वार-सूत्र में उद्धृत किया गया है जिसमें वह गाथा भी शामिल है। वह सम्पूर्ण गाथा इस तरह है :—

"सक्कता पागता चेव दुहा भणिईओ आहिया। सरमंडलम्मि गिज्जंते पसत्था इसिभासिता ॥"

इसका शब्दार्थ है—"संस्कृत और प्राकृत ये दो प्रकार की भाषाएँ कही गई हैं, गाये जाते स्वर-समूह (षड्ज-प्रभृति) में ऋषिभाषिता—आर्ष भाषा प्रशस्त है।" यहाँ पर प्रकरण है सामान्यत: गीत की भाषा का। वर्तमान समय की तरह उस समय भी सभी भाषाओं में गीत होते थे। इससे यहाँ पर इन सभी भाषाओं का निर्देश करना ही सूत्रकार को अभिप्रेत है जो उन्होंने संस्कृत—व्याकरण-संस्कार युक्त भाषा और प्राकृत—व्याकरण-संस्कार-रहित—लोक-भाषा इन दो मुख्य विभागों में किया है। इस तरह इस गाथा में पहले गीत की भाषाओं का सामन्य रूप से निर्देश कर बाद में इन भाषाओं में जो प्रशस्त है वह 'ऋषिभाषिता' इस विशेष रूप से बताई गई है। यदि यहाँ पर प्राकृत शब्द का 'प्रादेशिक लोक-भाषा' यह सामान्य अर्थ न लेकर पंडितजी के कथनानुसार 'महाराष्ट्री' यह विशेष अर्थ लिया जाय तो गीत की सभी भाषाओं का निर्देश, जो सूत्रकार को करना आवश्यक है, कैसे हो सकता है? क्या उस समय अन्य लोक-भाषाओं में गीत होते ही न थे? गीत का ठेका क्या संस्कृत और महाराष्ट्री इन दो भाषाओं को ही मिला हुआ था? यह कभी संभावित नहीं है। इसी गाथा के उत्तरार्ध के "पसत्था इसिभासिता" इस वचन से अर्धमागधी की सूचना ही नहीं, बल्कि उसका श्रेष्ठपन भी सूत्रकार ने स्पष्ट रूप में बताया है। इससे पंडितजी के उस कथन में कुछ भी सत्यांश नजर नहीं आता है, जो उनसे सूत्रकार के अर्धमागधी की अलग सूचना न करने के बारे में किया गया है।

जैसे बौद्धसूत्रों की मागधी (पालि) से नाट्य-शास्त्र या प्राकृत-व्याकरणों में निर्दिष्ट मागधी भिन्न है वैसे जैन सूत्रों की अर्धमागधी से नाट्य-शास्त्र की या प्राकृत व्याकरणों की अर्धमागधी भी अलग है। इससे बौद्धसूत्रों की मागधी नाट्य-शास्त्र या प्राकृत-व्याकरणों की मागधी से मेल न रखने के कारण जैसे महाराष्ट्री न कही जाकर मागधी कही जाती है वैसे जैन सूत्रों की अर्धमागधी भाषा भी नाट्य-शास्त्र या प्राकृत-व्याकरणों की अर्धमागधी से समान न होने की वजह से ही महाराष्ट्री न कही जाकर अर्धमागधी ही कही जा सकती है।

---

१. 'परुसो सक्कअ-बंधो पाउअ-बंधोवि होइ सुउमारो' (कर्पूरमञ्जरी, अङ्क १)।

२. 'सूरसेन्यपि प्राकृतभाषैव, तथा प्राकृतमेवापभ्रंशः' (काव्यालङ्कार-टिप्पण २, १२)।

३. 'सर्वासामेव प्राकृतभाषाणां'—(काव्यादर्श-टीका १, ३३), 'तादृशीत्यनेन देशनामोपलक्षिताः सर्वा एव भाषाः प्राकृतसंज्ञयोच्यन्त इति सूचितम्' (काव्यादर्श-टीका १, ३५)।

भरत-रचित कहे जाते नाट्य-शास्त्र में जिन सात भाषाओं का उल्लेख है उनमें एक अर्धमागधी भी है।[१] इसी नाट्यशास्त्र में नाटकों के नौकर, राजपुत्र और श्रेष्ठी इन पात्रों के लिए इस भाषा का प्रयोग निर्दिष्ट किया गया है[२] इससे नाटकों में इन पात्रों की जो भाषा है वह अर्धमागधी कही जाती है। परन्तु नाटकों की अर्धमागधी और जैन सूत्रों की अर्धमागधी में परस्पर समानता की अपेक्षा इतना अधिक भेद है कि यह एक दूसरे से अभिन्न कभी नहीं कही जा सकती। मार्कण्डेय ने अपने प्राकृत-व्याकरण में मागधी भाषा के लक्षण बताकर उसी प्रकरण के शेष में अर्धमागधी भाषा का यह लक्षण कहा है—"[३]शौरसेन्या अदूरत्वादियमेवार्धमागधी" अर्थात् शौरसेनी भाषा के निकट-वर्ती होने के कारण मागधी ही अर्धमागधी है। इस लक्षण के अनन्तर उन्होंने उक्त नाट्य-शास्त्र के उस वचन को उद्धृत किया है, जिसमें अर्धमागधी के प्रयोगार्ह पात्रों का निर्देश है और इसके बाद उदाहरण के तौर पर वेणीसंहार की राक्षसी की एक उक्ति का उल्लेख कर अर्धमागधी का प्रकरण खतम किया है। इससे यह स्पष्ट मालूम होता है कि भरत का अर्धमागधी-विषयक उक्त वचन और मार्कण्डेय का अर्धमागधी-विषयक उक्त लक्षण नाटकीय अर्धमागधी के लिए ही रचित है; जैन सूत्रों की अर्धमागधी के साथ इसका कोई संबन्ध नहीं है। क्रमदीश्वर ने अपने प्राकृत-व्याकरण में अर्धमागधी का जो लक्षण किया है वह यह है—"[४]महाराष्ट्रीमिश्राऽर्धमागधी" अर्थात् महाराष्ट्री से मिश्रित मागधी भाषा ही अर्धमागधी है। जान पड़ता है, क्रमदीश्वर का यह लक्षण भी नाटकीय अर्धमागधी के लिए ही प्रयोज्य है, क्योंकि उक्त नाट्यशास्त्र में जिन पात्रों के लिए अर्धमागधी के प्रयोग का नियम बताया गया है, अनेक नाटकों में उन पात्रों की भाषा भिन्न-भिन्न है[५]। संभवतः इसी भिन्नता के कारण ही क्रमदीश्वर ने और मार्कण्डेय ने अर्धमागधी के भिन्न-भिन्न लक्षण किए हैं।

नाटकीय अर्धमागधी जैन-सूत्रों की अर्धमागधी से भिन्न है

जैसे हम पहले कह चुके हैं, जैन सूत्रों की अर्धमागधी में इतर भाषाओं की अपेक्षा महाराष्ट्री के लक्षण अधिक देखने में आते हैं। किन्तु यह याद रखना चाहिए कि ये लक्षण साहित्यिक महाराष्ट्री से जैन अर्धमागधी में नहीं आये हैं। इसका कारण यह है कि जैन सूत्रों की अर्धमागधी भाषा साहित्यिक महाराष्ट्री भाषा से अधिक प्राचीन है और इससे यहां (अर्धमागधी) महाराष्ट्री का मूल कही जा सकती है।[६] डॉ. हॉर्नेलि ने जैन अर्धमागधी को ही आर्ष प्राकृत कहकर इसीको परवर्ती काल में उत्पन्न नाटकीय अर्धमागधी, महाराष्ट्री और शौरसेनी भाषाओं का मूल माना है। आचार्य हेमचन्द्र ने अपने प्राकृत-व्याकरण में महाराष्ट्री नाम न दे कर प्राकृत के सामान्य नाम से एक भाषा के लक्षण दिए हैं और उनके उदाहरण साधारण तौर से अर्वाचीन महाराष्ट्री-साहित्य से उद्धृत किये हैं; परन्तु जहाँ अर्धमागधी के प्राचीन जैन ग्रन्थों से उदाहरण लिए हैं वहाँ इसको आर्ष प्राकृत का विशेष नाम दिया है। इससे प्रतीत होता है कि आचार्य हेमचन्द्र ने भी एक ही भाषा के प्राचीन रूप को आर्ष प्राकृत और अर्वाचीन रूप को महाराष्ट्री मानते हुए आर्ष प्राकृत को महाराष्ट्री का मूल स्वीकार किया है।

महाराष्ट्री से अर्धमागधी प्राचीन है

नाटकीय अर्धमागधी में मागधी भाषा के लक्षण अधिकांश में पाये जाते हैं इससे 'मागधी से ही अर्धमागधी भाषा की उत्पत्ति हुई है और जैन सूत्रों की भाषा में मागधी के लक्षण अधिक न मिलने से वह अर्धमागधी कहलाने योग्य नहीं' यह जो भ्रान्त संस्कार कई लोगों के मन में जमा हुआ है, उसका मूल है अर्धमागधी शब्द को मागधी भाषा के अर्धांश

---

१. "मागध्यवन्तिजा प्राच्या सूरसेन्यर्धमागधी। वाह्लीका दाक्षिणात्या च सप्त भाषाः प्रकीर्तिताः" (१७, ४८)।

२. "चेटानां राजपुत्राणां श्रेष्ठिनां चार्धमागधी" (भरतीय नाट्यशास्त्र, निर्णयसागरीय संस्करण, १७, ५०)।
मार्कण्डेय ने अपने व्याकरण में इस विषय में भरत का नाम देकर जो वचन उद्धृत किया है वह इस तरह है—"राक्षसी-श्रेष्ठिचेटानुकम्यादिरर्धमागधी' इति भरतः" यह पाठान्तर ज्ञात होता है।

३. प्राकृतसर्वस्व (पृष्ठ १०३)।

४. संक्षिप्तसार (पृष्ठ ३८)।

५. देखो, भास-रचित कहे जाते 'चारुदत्त' और 'स्वप्नवासदत्त' में क्रमशः चेट तथा चेटी की भाषा और शूद्रक के 'मृच्छकटिक' में चेट और श्रेष्ठी चन्दनदास की भाषा।

६. "It thus seems t me very clear, that the Prākrit of Chanda is the ARSHA or ancient (Porana) orm of the Ardhamāgadhi, Mahārāshtri and Sauraseni." (Introduction to Prākrita akshana of Chanda, Page XIX).

में ग्रहण करना, अर्थात् 'अर्धं मागध्याः' यह व्युत्पत्ति कर 'जिसका अर्धांश मागधी भाषा वह अर्धमागधी' ऐसा करना। वस्तुतः अर्धमागधी शब्द की न वह व्युत्पत्ति ही सत्य है और न वह अर्थ ही। अर्धमागधी शब्द की वास्तविक व्युत्पत्ति है 'अर्धमगधस्येयम्' और इसके अनुसार इसका अर्थ है 'मगध देश के अर्धांश की जो भाषा वह अर्धमागधी'। यही बात खिस्त की सातवीं शताब्दी के ग्रन्थकार श्रीजिनदासगणि महत्तर ने निशीथचूर्णि नामक ग्रन्थ में "पोराणमद्धमागहभासानिययं हवइ सुत्तं" इस उल्लेख के 'अर्धमागध' शब्द की व्याख्या के प्रसङ्ग में इन स्पष्ट शब्दों में कही है :—"मगहद्धविसयभासानिबद्धं श्रद्धमागहं" अर्थात् मगध देश के अर्ध प्रदेश की भाषा में निबद्ध होने के कारण प्राचीन सूत्र 'अर्धमागध' कहा जाता है।

अर्धमागधी शब्द की संगत-व्युत्पत्ति

परन्तु, अर्धमागधी का मूल उत्पत्ति स्थान पश्चिम मगध अथवा मगध और शूरसेन का मध्यवर्ती प्रदेश (अयोध्या) होने पर भी जैन अर्धमागधी में मागधी और शौरसेनी भाषा के विशेष लक्षण देखने में नहीं आते। महाराष्ट्री के साथ ही इसका अधिक सादृश्य नजर आता है। यहाँ पर प्रश्न होता है कि इस सादृश्य का कारण क्या है? सर ग्रियर्सन ने अपने प्राकृत-भाषाओं के भौगोलिक विवरण में यह स्थिर किया है कि जैन अर्धमागधी मध्यदेश (शूरसेन) और मगध के मध्यवर्ती देश (अयोध्या) की भाषा थी एवं आधुनिक पूर्वीय हिन्दी उससे उत्पन्न हुई है। किन्तु हम देखते हैं कि अर्धमागधी के लक्षणों के साथ मागधी, शौरसेनी और आधुनिक पूर्वीय हिन्दी का कोई सम्बन्ध नहीं है, परन्तु महाराष्ट्री प्राकृत और आधुनिक मराठी भाषा के साथ उसका सादृश्य अधिक है। इसका कारण क्या? किसीने अभीतक यह ठीक-ठीक नहीं बताया है। यह सम्भव है, जैसा हम पाटलिपुत्र के सम्मेलन के प्रसंग में ऊपर कह आये हैं, चन्द्रगुप्त के राजत्वकाल में (खिस्त-पूर्व ३१०) बारह वर्षों के अकाल के समय जैन मुनि-संघ पाटलीपुत्र से दक्षिण की ओर गया था। उस समय वहाँ के प्राकृत के प्रभाव से अंग-ग्रन्थों की भाषा का कुछ-कुछ परिवर्तन हुआ था। यही महाराष्ट्री प्राकृत का आर्ष प्राकृत के साथ सादृश्य का कारण हो सकता है।

जैन अर्धमागधी का उत्पत्ति-स्थान और उसका 'महाराष्ट्री' के साथ सादृश्य का कारण

सर आर. जि. भाण्डारकर जैन अर्धमागधी का उत्पत्ति-समय खिस्तीय द्वितीय शताब्दी मानते हैं। उनके मत में कोई भी साहित्यिक प्राकृत भाषा खिस्त की प्रथम या द्वितीय शताब्दी से पहले की नहीं है। शायद इसी मत का अनुसरण कर डॉ. सुनीतिकुमार चटर्जी ने अपनी Origin and Development of Bengalee Language नामक पुस्तक में (Introduction, page 18) समस्त नाटकीय प्राकृत-भाषाओं का और जैन अर्धमागधी का उत्पत्ति-काल खिस्तीय तृतीय शताब्दी स्थिर किया है। परन्तु त्रिवेन्द्रम् से प्रकाशित भास-रचित कहे जाते नाटकों का निर्माण-समय अन्ततः खिस्त की दूसरी शताब्दी के बाद का न होने से और अश्वघोष-कृत बौद्ध-धर्म-विषयक नाटकों के जो कतिपय अंश डॉ. ल्युडर्स ने प्रकाशित किए हैं उनका समय खिस्त की प्रथम शताब्दी निश्चित होने से यह प्रमाणित होता है कि उस समय भी नाटकीय प्राकृत भाषाएँ प्रचलित थीं। और डॉ. ल्युडर्स ने यह स्वीकार किया है कि अश्वघोष के नाटकों में जैन अर्धमागधी भाषा के निदर्शन हैं। इससे जैन अर्धमागधी की प्राचीनता का यह भी एक विश्वस्त प्रमाण है। इसके अतिरिक्त, डॉ. जेकोबी जैन सूत्रों की भाषा और मथुरा के शिलालेखों (खिस्तीय सन् ८३ से १७६) की भाषा से यह अनुमान करते हैं कि जैन अंग-ग्रन्थों की अर्धमागधी का काल खिस्त-पूर्व चतुर्थ शताब्दी का शेष भाग अथवा खिस्त-पूर्व तृतीय शताब्दी का प्रथम भाग है। हम डॉ. जेकोबी के इस अनुमान को ठीक समझते हैं जो पाटलिपुत्र के उस सम्मेलन से संगति रखता है जिसका उल्लेख हम पूर्व कर चुके हैं।

उत्पत्ति-समय

संस्कृत के साथ महाराष्ट्री के जो प्रधान-प्रधान भेद हैं, उनकी संक्षिप्त सूची महाराष्ट्री के प्रकरण में दी जायगी। यहाँ पर महाराष्ट्री से अर्धमागधी की जो मुख्य-मुख्य विशेषताएँ हैं उनकी संक्षिप्त सूची दी जाती है। उससे अर्ध मागधी के लक्षणों के साथ महाराष्ट्री के लक्षणों की तुलना करने पर यह अच्छी तरह ज्ञात हो सकता है कि महाराष्ट्री की अपेक्षा अर्धमागधी की वैदिक और लौकिक संस्कृत से अधिक निकटता है जो अर्ध-मागधी की प्राचीनता का एक श्रेष्ठ प्रमाण कहा जा सकता है।

लक्षण

वर्ण-भेद

१. दो स्वरों के मध्यवर्ती असंयुक्त क के स्थान में प्रायः सर्वत्र ग और अनेक स्थलों में त और य होता है; जैसे—

ग—प्रकल्प = पगप्प; आकर = आगर; आकाश = आगास; प्रकार = पगार; श्रावक = सावग; विवर्जक = विवज्जग; निषेवक = णिसेवग; लोक = लोग; आकृति = आगइ।

त—आराधक = आराहत (ठाणांगसूत्र—पत्र ३१७), सामायिक = सामातित (ठा० ३२२), विशुद्धिक = विशुद्धित (ठा० ३२२), अधिक = अहित (ठा० ३६३), शाकुनिक = साउणित (ठा ३६३), नैषधिक = णेसज्जित (ठा० ३६७), वीरासनिक = वीरासणित (ठा० ३६७), वर्धकि = वड्ढति (ठा० ३६८), नैरयिक = नेरतित (ठा० ३६६), सीमंतक = सीमंतत (ठा० ४५८), नरकात् = नरतातो (ठा० ४५८), माडम्बिक = माडंबित (ठा० ४५६), कौटुम्बिक = कोडुंबित (ठा० ४५६), सचक्षुष्केण = सचक्खुतेणं (विपाकश्रुत—पत्र ५), कूणिक = कूणित (विपा० ५ टि), अन्तिकात् = अंतितातो (विपा० ७), राहसिकेन = रहस्सितेणं (विपा ४; १८) इत्यादि।

य—कायिक = काइय, लोक = लोय वगैरह।

२. दो स्वरों के बीच का असंयुक्त ग प्रायः कायम रहता है। कहीं-कहीं इसका त और य होता है; जैसे—आगम = आगम, आगमन = आगमण, आनुगामिक = आणुगामिय, आगमिष्यत् = आगमिस्स, जागर = जागर, अगारिन् = अगारि, भगवन् = भगवं; अतिग = अतित (ठा० ३६७); सागर = सायर।

३. दो स्वरों के बीच के असंयुक्त च और ज के स्थान में त और य उभय ही होता है। च के उदाहरण, जैसे—नाराच = णारात (ठा० ३५७), वचस् = वति (ठा० ३६८; ४५०), प्रवचन = पावतण (ठा० ४५१), कदाचित् = कयाती (विपा० १७; ३०); वाचना = वायणा, उपचार = उवयार; लोच = लोय, आचार्य = आयरिय। ज के कुछ निदर्शन ये हैं—भोजिन् = भोति (सूम० २, ६, १०), वज्र = वतिर (ठा० ३५७), पूजा = पूता (ठा० ३५८), राजेश्वर = रातीसर (ठा० ४५६), आत्मजः = अत्तते (विपा० ४ टि), प्रजात = पयाय, कामध्वजा = कामज्झया, आत्मज = अत्तय।

४. दो स्वरों का मध्यवर्ती त प्रायः कायम रहता है कहीं-कहीं इसका य होता है; यथा—वन्दते = वंदति, नमस्यति = नमंसति, पर्युपास्ते = पज्जुवासति (सूम २, ७; विपा—पत्र ६), जितेन्द्रिय = जितिंदिय (सूम २, ६, ५), सतत = सतत (सूम १, १, ४, १२), भवति = भवति (ठा०—पत्र ३१७), अंतरित = अंतरित (ठा० ३४६), धैवत = धेवत (ठा० ३६३), जाति = जाति, आकृति = आगिति, विहरति = विहरति (विपा—४), पुरतः = पुरतो, करोति = करेति (विपा० ६), ततः = तते (विपा० ६; ७; ८), संदिशतु = संदिसतु, संलपति = संलवति (विपा० ७; ८), प्रभृति = पभिति (विपा० १५; १६), करतल = करयल।

५. स्वरों के बीच में स्थित द का द और त ही अधिकांश में देखा जाता है, कहीं-कहीं य भी होता है, जैसे—

द—प्रदिशः = पदिसो (आचा), भेद = भेद, अनादिकं = अणादियं (सूम २, ७), वदत् = वदमाण, नदति = णदति, जनपद = जणवद, वेदिष्यति = वेदिहिती (ठा०—पत्र क्रमशः ३२१, ३६३, ४५८, ४५६) इत्यादि।

त—यदा = जता, पाद = पात, निषाद = निसात, नदी = नती, मृषावाद = मुसावात, वादिक = वातित, अन्यदा = अन्नता, कदाचित् = कताती (ठा०—पत्र क्रमशः ३१७, ३४६, ३६३, ३६७, ४५०, ४५१, ४५८, ४५६); यदि = जति, चिरादिक = चिरातीत (विपा० पत्र ४) इत्यादि।

य—प्रतिच्छादन = पडिच्छायण, चतुष्पद = चउप्पय वगैरह।

६. दो स्वरों के मध्य में स्थित प के स्थान में प्रायः सर्वत्र व ही होता है; यथा—पापक = पावग, संलपति = संलवति, सोपचार = सोवयार, प्रतिपात = पतिवात, उपनीत = उवणीय, अध्युपपन्न = अज्झोववण्ण, उपगूढ = उवगूढ, आधिपत्य = आहेवच्च, तपक = तवय, व्यपरोपित = ववरोवित इत्यादि।

७. स्वरों के मध्यवर्ती य प्रायः कायम रहता है, अनेक स्थानों में इसका त देखा जाता है; जैसे—

य—वायव = वायव, प्रिय = पिय, निरय = निरय, इन्द्रिय = इन्दिय, गायति = गायइ प्रभृति।

त—स्यात् = सिता, सामायिक = सामातित, कायिक = कातित, पालयिष्यन्ति = पालतिस्संति, पर्याय = परिताल, नायक = णातग; गायति = गातति, स्थायिन् = ठाति, शायिन् = साति, नैरयिक = नेरतित (ठा० पत्र क्रमशः ३१७, ३२२, ३२३, ३५७, ३५८, ३६३, ३६४, ३६७, ३६८, ३६६), इन्द्रिय = इन्दित (ठा० ३२२, ३५५) इत्यादि।

८. दो स्वरों के बीच के व के स्थान में व, त, और य होता है; यथा—

व—वायव = वायव, गौरव = गारव, भवति = भवति, अनुविचिन्त्य = अणुवीति (सूम १, १, ३, १३) इत्यादि।

त—परिवार = परिताल, कवि = कति (ठा० पत्र क्रमशः ३५८, ३६३) इत्यादि।

य—परिवर्तन = परियट्टण, परिवर्तना = परियट्टणा (ठा० ३४६) वगैरह।

९. महाराष्ट्री में स्वर-मध्य-वर्ती असंयुक्त क, ग, च, ज, त, द, प, य, व इन व्यञ्जनों का प्रायः सर्वत्र लोप होता है और प्राकृतप्र[का]श आदि प्राकृत-व्या[क]रणों के अनुसार इन लुप्त व्यञ्जनों के स्थान में अन्य कोई वर्ण नहीं होता। सेतुबन्ध, गाथासप्तशती और क[र्पू]रमञ्जरी आदि नाटकों की महाराष्ट्री भाषा में भी यह लक्षण ठीक-ठीक देखने में

आता है। आचार्य हेमचन्द्र के प्राकृत-व्याकरण के अनुसार उक्त लुप्त व्यञ्जनों के दोनों तरफ अवर्ण (अ या आ) होने पर लुप्त व्यञ्जन के स्थान में 'य्' होता है। 'गउडवहो' में यह 'य्' अधिक मात्रा में (उक्त व्यञ्जनों के पूर्व में अवर्ण-भिन्न स्वर रहने पर भी) पाया जाता है। परन्तु जैन अर्धमागधी में, जैसा हम ऊपर देख चुके हैं, प्रायः उक्त व्यञ्जनों के स्थान में अन्य अन्य व्यञ्जन होते हैं और कहीं कहीं तो वही व्यञ्जन कायम रहता है। हाँ, कहीं कहीं उक्त व्यञ्जनों के स्थान में अन्य व्यञ्जन होने या वही व्यञ्जन रहने के बदले महाराष्ट्री की तरह लोप भी देखा जाता है; किन्तु यह लोप वहाँ पर ही देखने में आता है जहाँ उक्त व्यञ्जनों के बाद अ या आ से भिन्न कोई स्वर होता है; जैसे—लोकः = लोओ, रोचित = रोइत, भोजिन् = भोइ, आतुर = आउर, आदेशि = आएसि, कायिक = काइय, आवेश = आएस वगैरह।

१०. शब्द के आदि में, मध्य में और संयोग में सर्वत्र ण की तरह न भी होता है; जैसे—नदी = नई, ज्ञातपुत्र = नायपुत्त, आरनाल = आरनाल, अनल = अनल, अनिल = अनिल, प्रज्ञा = पन्ना, अन्योन्य = अन्नमन्न, विज्ञ = विन्नु, सर्वज्ञ = सव्वन्नु इत्यादि।

११. एव के पूर्व के अम् के स्थान में आम् होता है; यथा—यामेव = जामेव, तामेव = तामेव, क्षिप्रमेव = खिप्पामेव, एवमेव = एवामेव, पूर्वमेव = पुव्वामेव इत्यादि।

१२. दीर्घ स्वर के बाद के इति वा के स्थान में ति वा और इ वा होता है; जैसे—इन्द्रमह इति वा = इंदमहे ति वा, इंदमहे इ वा इत्यादि।

१३. यथा और यावत् शब्द के य का लोप और ज दोनों ही देखे जाते हैं; जैसे—यथाख्यात = अहक्खाय, यथाजात = अहाजात, यथानामक = जहाणामए, यावत्कथा = आवकहा, यावज्जीव = जावज्जीव।

वर्णागम

१. गद्य में भी अनेक स्थलों में समास के उत्तर शब्द के पहले म् आगम होता है; यथा—निरयंगामी, उड्ढंगारव, दीहंगारव, रहस्संगारव, गोणमाइ, सामाइयमाइयाई, अजहण्णमणुक्कोस, अदुक्खमसुहा आदि। महाराष्ट्री के पद्य में पादपूर्त्ति के लिए ही कहीं कहीं म् आगम देखा जाता है, गद्य में नहीं।

शब्द-भेद

१. अर्धमागधी में ऐसे प्रचुर शब्द हैं जिनका प्रयोग महाराष्ट्री में प्रायः उपलब्ध नहीं होता; यथा—अज्झत्थिय, अज्झोववण्ण, अणुवीति, आघवणा, आघवेत्तग, आणापाणू, आवीकम्म, कण्हुइ, केमहालय, दुरूढ, पच्चत्थिमिल्ल, पाउकुव्वं, पुरत्थिमिल्ल, पोरेवच्च, महतिमहालिया, वक्क, विउस इत्यादि।

२. ऐसे शब्दों की संख्या भी बहुत बड़ी है जिनके रूप अर्धमागधी और महाराष्ट्री में भिन्न भिन्न प्रकार के होते हैं। उनके कुछ उदाहरण नीचे दिए जाते हैं :—

अर्धमागधी	महाराष्ट्री	अर्धमागधी	महाराष्ट्री
अभियागम	अब्भागम	तच्च (तथ्य)	तच्छ
आउंटण	आउंचण	तेगिच्छा	चिइच्छा
आहरण	उआहरण	दुवालसंग	बारसंग
उप्पि	उवरिं, अवरिं	दोच्च	दुइअ
किया	किरिआ	नितिय	णिच्च
कीस, केस	केरिस	निएय	णिअअ
केवच्चिर	किअच्चिर	पडुप्पन्न	पच्चुप्पण्ण
गेहि	गिद्धि	पच्छेकम्म	पच्छाकम्म
चियत्त	चइअ	पाय (पात्र)	पत्त
छच्च	छक्क	पुढो (पृथक्)	पुहं, पिहं
जाया	जत्ता	पुरेकम्म	पुराकम्म
णिगण, णिगिण (नग्न)	णग्ग	पुव्वि	पुव्वं
णिगिणिण (नाग्न्य)	णग्गत्तण	माय (मात्र)	मत्त, मेत्त
तच्च (तृतीय)	तइअ	माहण	बम्हण

अर्धमागधी	महाराष्ट्री	अर्धमागधी	महाराष्ट्री
मिलक्खु, मेच्छ	मिलिच्छ	सीप्राण, सुसाण	मसाण
वग्गू	वाग्रा	सुमिण	सिमिण
वाहणा (उपानह्)	उवाणग्रा	सुहम, सुहुम	सण्ह
सहेज्ज	सहाग्र	सोहि	सुद्धि

और, दुवालस, बारस, तेरस, श्रउणवीसइ, बत्तीस, पणतीस, इगयाल, तेयालीस, पणयाल, श्रढयाल, एगट्ठि, बावट्ठि, तेवट्ठि, छावट्ठि, श्रढसट्ठि, श्रउणत्तरि, बावत्तरि, पण्णत्तरि, सत्तहत्तरि, तेयासी, छलसीइ, बाणउइ प्रभृति संख्या-शब्दों के रूप अर्धमागधी में मिलते हैं, महाराष्ट्री में वैसे नहीं।

नाम-विभक्ति

१. अर्धमागधी में पुंलिंग अकारान्त शब्द के प्रथमा के एकवचन में प्रायः सर्वत्र ए और क्वचित् श्रो होता है, किन्तु महाराष्ट्री में श्रो ही होता है।

२. सप्तमी का एक वचन स्सिं होता है जब महाराष्ट्री में म्मि।

३. चतुर्थी के एक वचन में श्राए या श्राते होता है; जैसे—देवाए, सवणयाए, गमणाए, अट्ठाए, श्रहिताते, श्रसुभाते, श्रखमाते (ठा० पत्र ३५८) इत्यादि महाराष्ट्री में यह नहीं है।

४. अनेक शब्दों के तृतीया के एकवचन में सा होता है; यथा—मणसा, वयसा, कायसा, जोगसा, बलसा, चक्खुसा; महाराष्ट्री में इनके स्थान में क्रमशः मणेण, वएण, काएण, जोगेण, बलेण, चक्खुणा।

५. कम्म और धम्म शब्द के तृतीया के एक वचन में पालि की तरह कम्मुणा और धम्मुणा होता है, जब कि महाराष्ट्री में कम्मेण और धम्मेण।

६. अर्धमागधी में तत् शब्द के पञ्चमी के बहुवचन में तेब्भो रूप भी देखा जाता है।

७. युष्मत् शब्द की षष्ठी का एकवचन संस्कृत की तरह तव और श्रस्मत् की षष्ठी का बहुवचन श्रस्माकं अर्धमागधी में पाया जाता है जो महाराष्ट्री में नहीं है।

आख्यात-विभक्ति

१. अर्धमागधी में भूतकाल के बहुवचन में इंसु प्रत्यय है; जैसे—पुच्छिंसु, गच्छिंसु, श्राभासिंसु इत्यादि। महाराष्ट्री में यह प्रयोग लुप्त हो गया है।

धातु-रूप

१. अर्धमागधी में श्राइक्खइ, कुव्वइ, भुंवि, होक्खती, बूया, श्रब्बवी, होत्था, हुत्था, पहारेत्था, श्राघं, दुरूहइ, विगिंचए, तिवायए, श्रकासी, तिउट्टई, तिउट्टिज्जा, पडिसंधयाति, सारयती, घेच्छिइ, समुच्छिहिति, श्राहंसु प्रभृति प्रभूत प्रयोगों में धातु की प्रकृति, प्रत्यय अथवा ये दोनों जिस प्रकार में पाये जाते हैं, महाराष्ट्री में वे भिन्न भिन्न प्रकार के देखे जाते हैं।

धातु-प्रत्यय

१. अर्धमागधी में त्वा प्रत्यय के रूप अनेक तरह के होते हैं :—

(क) ट्टु; जैसे—कट्टु, साहट्टु, श्रवहट्टु इत्यादि।

(ख) इत्ता, एत्ता, इत्ताणं और एत्ताणं; यथा—चइत्ता, विउट्टित्ता, पासित्ता, करेत्ता, पासित्ताणं, करेत्ताणं इत्यादि।

(ग) इत्तु; यथा—दुरूहित्तु, जाणित्तु, वधित्तु प्रभृति।

(घ) चा; जैसे—किच्चा, णच्चा, सोच्चा, भोच्चा, चेच्चा वगैरह।

(ङ) इया; यथा—परिजाणिया, दुरूहिया आदि।

(च) इनके अतिरिक्त विउक्कम्म, निसम्म, समिच्च, संखाए, श्रणुवीति, लद्धुं, लद्धूण, दिस्सा इत्यादि प्रयोगों में 'त्वा' के रूप भिन्न भिन्न तरह के पाये जाते हैं।

२. तुम् प्रत्यय के स्थान में इत्तए या इत्तते प्रायः देखने में आता है; जैसे—करित्तए, गच्छित्तए, संभुंजित्तए, उवसामित्तते (विपा० १३), विहरित्तए आदि।

३. ऋकारान्त धातु के त प्रत्यय के स्थान में ड होता है; जैसे—कड, मड, श्रभिहड, वावड, संवुड, वियड, वित्थड प्रभृति।

तद्धित

१. तर प्रत्यय का तराय रूप होता है; यथा—अणिट्ठतराए, अप्पतराए, बहुतराए, कंततराए इत्यादि ।

२. आउसो, आउसंतो, गोमी, वुसिमं, भगवंतो, पुरत्थिम, पचत्थिम, ओयंसी, दोसिणो, पोरेवच्च आदि प्रयोगों में मतुप् और अन्य तद्धित प्रत्ययों के जैसे रूप जैन अर्धमागधी में देखे जाते हैं, महाराष्ट्री में वे भिन्न तरह के होते हैं ।

महाराष्ट्री से जैन अर्धमागधी में इनके अतिरिक्त और भी अनेक सूक्ष्म भेद हैं, जिनका उल्लेख विस्तार-भय से यहाँ नहीं किया गया है ।

---

(५) जैन महाराष्ट्री

नाम-निर्देश और साहित्य

जैन सूत्र-ग्रन्थों के सिवा श्वेताम्बर जैनों के रचे हुए अन्य ग्रन्थों की प्राकृत भाषा को 'जैन महाराष्ट्री' नाम दिया गया है । इस भाषा में तीर्थंकर और प्राचीन मुनियों के चरित्र, कथाएँ, दर्शन, तर्क, ज्योतिष, भूगोल, स्तुति आदि विषयों का विशाल साहित्य विद्यमान है ।

प्राकृत के प्राचीन वैयाकरणों ने 'जैन महाराष्ट्री' यह नाम देकर किसी भिन्न भाषा का उल्लेख नहीं किया है । किन्तु आधुनिक पाश्चात्य विद्वानों ने व्याकरण, काव्य और नाटक-ग्रन्थों में महाराष्ट्री का जो रूप देखा जाता है उससे श्वेताम्बर जैनों के ग्रन्थों की भाषा में कुछ कुछ पार्थक्य देख कर इसको 'जैन महाराष्ट्री' नाम दिया है । इस भाषा में प्राकृत-व्याकरणों में बताये हुए महाराष्ट्री भाषा के लक्षण विशेष रूप से मौजूद होने पर भी जैन अर्धमागधी का बहुत-कुछ प्रभाव देखा जाता है ।

समय

जैन महाराष्ट्री के कतिपय ग्रन्थ प्राचीन हैं । यह द्वितीय स्तर के प्रथम युग के प्राकृतों में स्थान पा सकती है । पयन्ना-ग्रन्थ, निर्युक्तियाँ, पउमचरिअ, उपदेशमाला प्रभृति ग्रन्थ प्रथम युग की जैन महाराष्ट्री के उदाहरण हैं । बृहत्कल्प-भाष्य, व्यवहारसूत्र-भाष्य, विशेषावश्यक-भाष्य, निशीथचूर्णि, धर्मसंग्रहणी, समराइच्चकहा प्रभृति ग्रन्थ मध्य-युग और शेष-युग में रचित होने पर भी इनकी भाषा प्रथम युग की जैन महाराष्ट्री के समान है । दशम शताब्दी के बाद रचे गये प्रवचन-सारोद्धार, उपदेशपदटीका, सुपासनाहचरिअ, उपदेशरहस्य प्रभृति ग्रन्थों की भाषा भी प्रायः प्रथम युग की जैन महाराष्ट्री के ही अनुरूप है । इससे यहाँ पर यह कहना होगा कि जैन महाराष्ट्री के ये ग्रन्थ आधुनिक काल में रचित होने पर भी उसकी भाषा, संस्कृत की तरह, अतिप्राचीन काल में ही उत्पन्न हुई थी और यह भी अनुमान किया जा सकता है कि जैन महाराष्ट्री क्रमशः परिवर्तित होकर मध्य-युग की व्यञ्जन-लोप-बहुल महाराष्ट्री में रूपान्तरित हुई है ।

लक्षण

अर्धमागधी के जो लक्षण पहले बताये गए हैं उनमें से अनेक इस भाषा में भी पाये जाते हैं । ऐसे लक्षणों में कुछ ये हैं :—

१. क के स्थान में अनेक स्थलों में ग ।
२. लुप्त व्यञ्जनों के स्थान में य् ।
३. शब्द के आदि और मध्य में भी ण की तरह न ।
४. यथा और यावत् के स्थान में क्रमशः जहा और जाव की तरह अहा और आव भी ।
५. समास में उत्तर पद के पूर्व में 'म्' का आगम ।
६. पाय, माय, तेगिच्छग, पडुप्पण्ण, साहि, सुहुम, सुमिण आदि शब्दों का भी, पत्त, मेत्त, चेइच्छय आदि की तरह प्रयोग ।
७. तृतीया के एकवचन में कहीं कहीं सा प्रत्यय ।
८. आइक्खइ, कुव्वइ प्रभृति धातु-रूप ।
९. सोच्चा, किच्चा, वंदित्तु आदि त्वा प्रत्यय के रूप ।
१०. कड, वावड, संवुड, प्रभृति त-प्रत्ययान्त रूप ।

---

(६) अशोक-लिपि

सम्राट्[1] अशोक ने भारतवर्ष के भिन्न-भिन्न स्थानों में अपने धर्म के उपदेशों को शिलाओं में खुदवाये थे। ये सब शिलालेख उस समय में प्रचलित भिन्न-भिन्न प्रादेशिक भाषाओं में रचित हैं। भाषा-साम्य की दृष्टि से ये सब शिलालेख४४ प्रधानतः इन तीन भागों में विभक्त किये जा सकते हैं:—

(१) पंजाब के शिलालेख। इनकी भाषा संस्कृत के अनुरूप है। इनमें र का लोप नहीं देखा जाता।

(२) पूर्व भारत के शिलालेख। इनकी भाषा का मागधी के साथ सादृश्य देखने में आता है। इनमें र के स्थान में सर्वत्र ल है।

(३) पश्चिम भारत के शिलालेख। ये उज्जयिनी की उस भाषा में है जिसका पालि के साथ अधिक साम्य है।

इन तीनों प्रकार के शिलालेखों के कुछ उदाहरण नीचे दिए जाते हैं जिन पर से इनका भेद अच्छी तरह समझ में आ सकता है।

संस्कृत	कपर्दगिरि (पंजाब)	धौलि (उड़ीसा)	गिरनार (गुजरात)
देवानांप्रियस्य	देवानंप्रियस	देवानंपियस	देवानंपियस
राज्ञः	रञो	लजिने	रानो, रञो
वृक्षाः	—	लुखनि	वच्छा
शुश्रूषा	सुश्रुषा	सुसूसा	सुसुसा
नास्ति	नस्ति, नास्ति	नथि, नथि, नथा	नास्ति

इन शिलालेखों का समय ख्रिस्त-पूर्व २५० वर्ष का है।

इन शिलालेखों की भाषा की उत्पत्ति भगवान् महावीर की एवं सम्भवतः बुद्धदेव की उपदेश-भाषा से ही हुई है।[2]

---

(७) सौरसेनी

संस्कृत-नाटकों में प्राकृत गद्यांश सामान्य रूप से सौरसेनी भाषा में लिखा गया है। अश्वघोष के नाटकों में एक

निदर्शन तरह की सौरसेनी के उदाहरण पाये जाते हैं, जो पालि और अशोकलिपि की भाषा के अनुरूप और पिछले काल के नाटकों में प्रयुक्त सौरसेनी की अपेक्षा प्राचीन है। भास के, कालिदास के और इनके बाद के अधिक नाटकों में सौरसेनी के निदर्शन देखे जाते हैं।

वररुचि, हेमचन्द्र, क्रमदीश्वर, लक्ष्मीधर और मार्कण्डेय आदि के प्राकृत-व्याकरणों में सौरसेनी भाषा के लक्षण और उदाहरण पाये जाते हैं।

दण्डी, रुद्रट और वाग्भट आदि संस्कृत के अलंकारिकों ने भी इस भाषा का उल्लेख किया है।

भरत के नाट्यशास्त्र में सौरसेनी भाषा का उल्लेख हैं, उन्होंने नाटक में नायिका और सखियों के लिए इस भाषा

विनियोग का प्रयोग बताया है।[3]

भरत ने विदूषक की भाषा प्राच्या कही है[4], परन्तु मार्कण्डेय के व्याकरण में प्राच्या भाषा के जो लक्षण दिये गये हैं

प्राच्या भाषा सौरसेनी के अन्तर्गत उनसे और नाटकों में प्रयुक्त विदूषक की भाषा पर से यह मालूम होता है कि सौरसेनी से इस भाषा (प्राच्या) का कुछ विशेष भेद नहीं है। इससे हमने भी प्रस्तुत कोष में उसका अलग उल्लेख न करके सौरसेनी में ही अन्तर्भाव किया है।

दिगम्बर जैनों के प्रवचनसार, द्रव्यसंग्रह प्रभृति ग्रन्थ भी एक तरह की सौरसेनी भाषा में ही रचित हैं। यह भाषा

जैन सौरसेनी श्वेताम्बरों की अर्धमागधी और प्राकृत-व्याकरणों में निर्दिष्ट सौरसेनी के मिश्रण से बनी हुई है। इस भाषा को 'जैन सौरसेनी' नाम दिया गया है। जैन सौरसेनी मध्ययुग की जैन महाराष्ट्री की अपेक्षा जैन अर्द्धमागधी से अधिक निकटता रखती है और मध्ययुग की जैन महाराष्ट्री से प्राचीन है।

---

१. हाल ही में डॉ० त्रिभुवनदास लहेरचंद ने अपने एक गुजराती लेख में अनेक प्रमाण और युक्तियों से यह सिद्ध किया है कि अशोक के शिलालेखों के नाम से प्रसिद्ध शिलालेख सम्राट् अशोक के नहीं, परन्तु जैन सम्राट् संप्रति के खुदवाये हुए हैं।

२. See Dr. A. B. Keith's Sanskrt Drama, Page 87.

३. "नायिकानां सखीनां च सूरसेनाविरोधिनी" (नाट्यशास्त्र १७, ५१)।

४. "प्राच्या विदूषकादीनां" (नाट्यशास्त्र १७, ५१)।

सौरसेनी भाषा की उत्पत्ति[1] सूरसेन देश अर्थात् मथुरा प्रदेश से हुई है।

प्रकृति वररुचि ने अपने व्याकरण में संस्कृत को ही सौरसेनी भाषा की प्रकृति अर्थात् मूल कहा है[2]। किन्तु यह हम पहले ही प्रमाणित कर चुके हैं कि किसी प्राकृत भाषा की उत्पत्ति संस्कृत से नहीं हुई है। सुतरां, सौरसेनी प्राकृत का मूल भी वैदिक या लौकिक संस्कृत नहीं है। सौरसेनी और संस्कृत ये दोनों ही वैदिक युग में प्रचलित सूरसेन अथवा मध्यदेश की कथ्य प्राकृत भाषा से ही उत्पन्न हुई हैं। संस्कृत भाषा पाणिनि-प्रभृति के व्याकरण द्वारा नियन्त्रित होने के कारण परिवर्तन-हीन मृत-भाषा में परिणत हुई। वैदिक काल की सौरसेनी ने प्राकृत-व्याकरण द्वारा नियन्त्रित न होने के कारण क्रमशः परिवर्तित होते हुए पिछले समय की सौरसेनी भाषा का आकार धारण किया। पिछले समय की यह सौरसेनी भी बाद में प्राकृत-व्याकरणों के द्वारा जकड़े जाने के कारण संस्कृत की तरह परिवर्तन-शून्य होकर मृत-भाषा में परिणत हुई है।

समय अश्वघोष के नाटकों में जिस सौरसेनी भाषा के उदाहरण मिलते हैं वह अशोकलिपि की सम-सामयिक कही जा सकती है। भास के नाटकों की सौरसेनी का और जैन सौरसेनी का समय सम्भवतः ख्रिस्त की प्रथम या द्वितीय शताब्दी मालूम होता है।

लक्षण महाराष्ट्री भाषा के साथ सौरसेनी भाषा का जिस-जिस अंश में भेद है वह नीचे दिया जाता है। इसके सिवा महाराष्ट्री भाषा के जो लक्षण उसके प्रकरण में दिये जायँगे उनमें महाराष्ट्री के साथ सौरसेनी का कोई भेद नहीं है। इन भेदों पर यह ज्ञात होता है कि अनेक स्थलों में महाराष्ट्री की अपेक्षा सौरसेनी का संस्कृत के साथ पार्थक्य कम और सादृश्य अधिक है।

वर्ण-भेद

१. स्वर-वर्णों के मध्यवर्ती असंयुक्त त और द के स्थान में द होता है; यथा—रजत = रमद, गदा = गदा।

२. स्वरों के बीच असंयुक्त थ का ह और ध दोनों होते हैं; जैसे—नाथ = णाध, णाह।

३. र्य के स्थान में य्य और ज्ज होता है; यथा—आर्य = अय्य, अज्ज; सूर्य = सुय्य, सुज्ज।

नाम-विभक्ति

१. पञ्चमी के एकवचन में दो और दु ये दो ही प्रत्यय होते हैं और इनके योग में पूर्व के अकार का दीर्घ होता है; यथा—जिनात् = जिणादो, जिणादु।

आख्यात

१. ति और ते प्रत्ययों के स्थान में दि और दे होता है; जैसे—हसदि, हसदे, रमदि, रमदे।

२. भविष्यत्काल के प्रत्यय के पूर्व में स्सि लगता है; यथा—हसिस्सिदि, करिस्सिदि।

सन्धि

१. अन्त्य मकार के बाद इ और ए होने पर ण् का वैकल्पिक आगम होता है; यथा—युक्तम् इदम् = जुत्तं णिमं, जुत्तमिमं; एवम् एतत् = एवं णेदं, एवमेदं।

कृदन्त

१. त्वा प्रत्यय के स्थान में इअ, दूण और त्ता होते हैं; यथा—पठित्वा = पढिअ, पढिदूण, पढित्ता।

---

१. पन्नवणासूत्र के "सोत्तियमइया (?मई य) चेदी वीयभयं सिंधुसोवीरा। महुरा य सूरसेणा पावा भंगी य मासपुरिवट्टा" (पत्र ६१)। इस पाठ पर "चेदिषु शुक्तिकावती, वीतभयं सिन्धुषु, सौवीरेषु मथुरा, सूरसेनेषु पापा, भङ्गे(? ङ्गि)षु मासपुरिवट्टा" इस तरह व्याख्या करते हुए आचार्य मलयगिरि ने सूरसेन देश की राजधानी पावा बतलाकर आजकल के बिहार प्रदेश को ही सूरसेन कहा है। नेमिचन्द्रसूरि ने अपने प्रवचनसारोद्धारनामक ग्रंथ में पन्नवणासूत्र के उक्त पाठ को अविकल रूप में उद्धृत किया है। इसकी टीका में श्रीसिद्धसेनसूरि ने आचार्य मलयगिरि की उक्त व्याख्या को 'अतिव्यवहृत' कहकर, उक्त मूल पाठ की व्याख्या इस तरह की है:—'शुक्तीमती नगरी चेदयो देशः, वीतभयं नगरं सिन्धुसौवीरा जनपदः, मथुरा नगरी सूरसेनाख्यो देशः, पापा नगरी भङ्गयो देशः, मासपुरी नगरी वर्तो देशः' (दे० ला० संस्करण, पत्र ४४६)।

२. प्राकृतप्रकाश (१२, २)।

(८) मागधी

मागधी प्राकृत के सर्व-प्राचीन निदर्शन अशोक-साम्राज्य के उत्तर और पूर्व भागों के खालसी, मिरट, लौरिया (Lauriya), सहसराम, बराबर (Barabar), रामगढ़, धौलि और जौगढ़ (Jaugadha) प्रभृति स्थानों के अशोक-शिलालेखों में पाये जाते हैं। इसके बाद नाटकीय प्राकृतों में मागधी भाषा के उदाहरण देखे जाते हैं। नाटकीय मागधी के सर्व-प्राचीन नमूने अश्वघोष के नाटकों के खण्डित अंशों में मिलते हैं। भास के नाटकों में, कालिदास के नाटकों में और मृच्छकटिक आदि नाटकों में मागधी भाषा के उदाहरण विद्यमान हैं।

निदर्शन

वररुचि के प्राकृतप्रकाश, चण्ड के प्राकृतलक्षण, हेमचन्द्र के सिद्धहेमचन्द्र (अष्टम अध्याय), क्रमदीश्वर के संक्षिप्तसार, लक्ष्मीधर की षड्भाषाचन्द्रिका और मार्कण्डेय के प्राकृतसर्वस्व आदि प्रायः समस्त प्राकृत-व्याकरणों में मागधी भाषा के लक्षण और उदाहरण दिए गए हैं।

भरत के नाट्यशास्त्र में मागधी भाषा का उल्लेख है और उन्होंने नाटक में राजा के अन्तःपुर में रहनेवाले, सुरंग खोदनेवाले, कलवार, अश्वपालक वगैरह पात्रों के लिए और विपत्ति में नायक के लिए भी इस भाषा का प्रयोग करने को कहा है[1]। परन्तु मार्कण्डेय द्वारा अपने प्राकृतसर्वस्व में उद्धृत किये हुए कोहल के "राक्षसभिक्षुक्षपणकचेटाद्या मागधीं प्राहुः" इस वचन से मालूम होता है कि भरत के कहे हुए उक्त पात्रों के अतिरिक्त भिक्षु, क्षपणक आदि अन्य लोग भी इस भाषा का व्यवहार करते थे। रुद्रट, वाग्भट, हेमचन्द्र आदि आलंकारिकों ने भी अपने-अपने अलंकार-ग्रन्थों में इस भाषा का उल्लेख किया है।

विनियोग

मगध देश ही मागधी भाषा का उत्पत्ति-स्थान है। मगध देश की सीमा के बाहर भी अशोक के शिलालेखों में जो इसके निदर्शन पाये जाते हैं उसका कारण यह है कि मागधी भाषा उस समय राज-भाषा होने के कारण मगध के बाहर भी इसका प्रचार हुआ था। सम्भवतः राज-भाषा होने के कारण ही नाटकों में सर्वत्र ही राजा के अन्तःपुर के लोगों के लिए इस भाषा का व्यवहार करने का नियम हुआ था। प्राचीन भिक्षु और क्षपणक भी मगध के ही निवासी होने से, सम्भव है, नाटकों में इनकी भाषा भी मागधी ही निर्दिष्ट की गई है।

उत्पत्ति-स्थान

वररुचि ने अपने प्राकृत-व्याकरण में मागधी की प्रकृति—मूल होने का सम्मान सौरसेनी को दिया है[2]। इसीका अनुसरण कर मार्कण्डेय ने भी सौरसेनी से ही मागधी की सिद्धि कही है[3]। किन्तु मागधी और सौरसेनी आदि प्रादेशिक भाषाओं का भेद अशोक के शिलालेखों में भी देखा जाता है। इससे यह सिद्ध है कि ये सब प्रादेशिक भेद प्राचीन और समसामयिक हैं, एक प्रदेश की भाषा से दूसरे प्रदेश में उत्पन्न नहीं हुए हैं। जैसे सौरसेनी मध्यदेश में प्रचलित वैदिक युग की कथ्य भाषा से उत्पन्न हुई है वैसे मागधी ने भी उस कथ्य भाषा से जन्म-ग्रहण किया है जो वैदिककाल में मगध देश में प्रचलित थी।

प्रकृति

अशोक-शिलालेखों की और अश्वघोष के नाटकों की मागधी भाषा प्रथम युग की मागधी भाषा के निदर्शन हैं। भास के और परवर्ती काल के अन्य नाटकों की और प्राकृत-व्याकरणों की मागधी मध्य-युग की मागधी भाषा के उदाहरण हैं।

समय

शाकारी, चाण्डाली और शाबरी ये तीन भाषाएँ मागधी के ही प्रकार-भेद—रूपान्तर हैं। भरत ने शाकारी भाषा का व्यवहार शबर, शक आदि और उसी प्रकृति के अन्य लोगों के लिए कहा है[4], किन्तु मार्कण्डेय ने राजा के साले की भाषा शाकारी बतलाई है[5]। भरत पुक्कस आदि जातियों की व्यवहार-भाषा को चाण्डाली और अंगारकार, व्याध,

---

१. "मागधी तु नरेन्द्राणामन्तःपुरनिवासिनाम्" (नाट्यशास्त्र १७, ५०)।
"सुरङ्गाखनकादीनां शुण्डकाराश्वरक्षिणाम्। व्यसने नायकानां स्यादात्मरक्षासु मागधी॥" (नाट्यशास्त्र १७, ५६)।

२. "प्रकृतिः सौरसेनी" (प्राकृतप्रकाश ११, २)।

३. "मागधी शौरसेनीतः" (प्राकृतसर्वस्व, पृष्ठ १०१)।

४. "शबराणां शकादीनां तत्स्वभावश्च यो गणः। शकारभाषा योक्तव्या" (नाट्यशास्त्र १७, ५३)।

५. "शकारस्येयं शाकारी, शकारश्च
'राज्ञोऽनूढाभ्राता श्यालस्त्वैश्वर्यसंपन्नः।
मदमूर्खताभिमानी शकार इति दुष्कुलीनः स्यात्' इत्युक्तेः" (प्राकृतसर्वस्व, पृष्ठ १०५)।

शाकारी आदि भाषाएँ मागधी के अन्तर्गत हैं

कठहार और यन्त्र-जीवी लोगों की भाषा को शाबरी कहते हैं[1]। इन तीनों भाषाओं के जो लक्षण और उदाहरण मार्कण्डेय के प्राकृत-व्याकरण में और नाटकों के उक्त पात्रों की भाषा में पाये जाते हैं उनमें और इतर प्राकृत-व्याकरणों की मागधी भाषा के लक्षण और उदाहरणों में तथा नाटकों के मागधी-भाषा-भाषी पात्रों की भाषा में इतना कम भेद और इतना अधिक साम्य है कि उक्त तीन भाषाओं को मागधी से अलग नहीं कही जा सकतीं। यही कारण है कि हमने प्रस्तुत कोष में इन भाषाओं का मागधी में ही समावेश किया है।

मृच्छकटिक के पात्र माथुर और दो द्यूतकारों की भाषा को 'ढक्की' नाम दिया गया है। यह भी मागधी भाषा का ही एक रूपान्तर प्रतीत होता है। मार्कण्डेय ने 'ढक्की' को ही 'टाक्की' नाम से निर्देश किया है, यह उनके वहाँ पर उद्धृत किये हुए एक श्लोक से ज्ञात होता है[2]। मार्कण्डेय ने पदान्त में उ, तृतीया के एकवचन में ए, पञ्चमी के बहुवचन में हुम्

ढक्की या टाक्की भाषा

आदि जो इस भाषा के लक्षण दिए हैं उनपर से इसमें अपभ्रंश का ही विशेष साम्य नजर आता है। इस लिए मार्कण्डेय ने वहाँ पर जो यह कहा है कि 'हरिश्चन्द्र इस भाषा को अपभ्रंश मानता है'[3] वह मत हमें भी संगत मालूम पड़ता है।

मागधी भाषा का सौरसेनी के साथ जो प्रधान भेद है वह नीचे दिया जाता है। इसके सिवा अन्य अंशों में मागधी

लक्षण

भाषा साधारणतः सौरसेनी के ही अनुरूप है।

वर्ण-भेद

१. र के स्थान में सर्वत्र ल होता है[4]; यथा—नर = णल; कर = कल।
२. श, ष और स के स्थान में तालव्य श होता है; यथा—शोभन = शोहण, पुरुष = पुलिश; सारस = शालश।
३. संयुक्त ष और स के स्थान में दन्त्य सकार होता है; यथा—शुष्क = शुस्क; कष्ट = कस्ट; स्खलति = स्खलदि; बृहस्पति = बुहस्पदि।
४. ट्ट और ष्ठ के स्थान में स्ट होता है; यथा—पट्ट = पस्ट; सुष्ठु = शुस्टु।
५. स्थ और र्थ की जगह स्त होता है; जैसे—उपस्थित = उवस्तिद; सार्थ = शस्त।
६. ज, द्य और य के बदले य होता है; यथा—जानाति = याणदि, दुर्जन = दुय्यण; मद्य = मय्य, अद्य = अय्य; याति = यादि, यम = यम।
७. न्य, ण्य, ज्ञ और ञ्ज के स्थान में ञ्ञ होता है; यथा—अन्य = अञ्ञ; पुण्य = पुञ्ञ; प्रज्ञा = पञ्ञा; अञ्जलि = अञ्ञलि।
८. अनादि छ के स्थान में श्च होता है; यथा—गच्छ = गश्च, पिच्छिल = पिश्चिल।
९. क्ष की जगह स्क होता है[5]; जैसे—राक्षस = लस्कश, यक्ष = यस्क।

नाम-विभक्ति

१. अकारान्त पुंलिंग-शब्द के प्रथमा के एकवचन में ए होता है; यथा—जिनः = यिणे, पुरुषः = पुलिशे।
२. अकारान्त शब्द के षष्ठी का एकवचन स्स और आह होता है; यथा—जिनस्य = यिणस्स, यिणाह।
३. अकारान्त शब्द के षष्ठी के बहुवचन में आण और आहँ ये दोनों होते हैं; जैसे—जिनानाम् = यिणाण, यिणाहँ।
४. अस्मत् शब्द के एकवचन और बहुवचन का रूप हगे होता है।

---

१. "चाण्डाली पुक्कसादिषु। अंगारकरव्याधानां काष्ठयन्त्रोपजीविनाम्। योज्या शबरभाषा तु" (नाट्यशास्त्र १७, ५३-४)।

२. "प्रयुज्यते नाटकादौ द्यूतादिव्यवहारिभिः।
वणिग्भिर्हीनदेहैश्च तदाहुष्टक्कभाषितम्" (प्राकृतसर्वस्व, पृष्ठ ११०)।

३. "हरिश्चन्द्रस्त्विमां भाषामपभ्रंश इतीच्छति" (प्राकृतस० पृष्ठ ११०)।

४. मार्कण्डेय यह नियम वैकल्पिक मानते हैं; "रस्य लो वा भवेत्" (प्राकृतस० पृष्ठ १०१)।

५. हेमचन्द्र-प्राकृत-व्याकरण के अनुसार 'क्ष' की जगह जिह्वामूलीय '≍क' होता है; देखो हे० प्रा० ४, २९६।

(९) महाराष्ट्री

निदर्शन

प्राकृत काव्य और गीति की भाषा महाराष्ट्री कही जाती है। सेतुबन्ध, गाथासप्तशती, गउडवहो, कुमारपालचरित प्रभृति ग्रन्थों में इस भाषा के निदर्शन पाये जाते हैं। गाथा (गीति-साहित्य) में महाराष्ट्री प्राकृत ने इतनी प्रसिद्धि प्राप्त की थी कि बाद के नाटकों में गद्य में सौरसेनी बोलनेवाले पात्रों के लिए संगीत या पद्य में महाराष्ट्री भाषा का व्यवहार करने का रिवाज सा बन गया था। यही कारण है कि कालिदास से लेकर उसके बाद के सभी नाटकों में पद्य में प्रायः महाराष्ट्री भाषा का ही व्यवहार देखा जाता है।

चंड ने अपने प्राकृतलक्षण में 'महाराष्ट्री' इस नाम का उल्लेख और इसके विशेष लक्षण न देकर भी आर्ष-प्राकृत अथवा अर्धमागधी के और जैन महाराष्ट्री के लक्षणों के साथ साधारण भाव से इसके लक्षण दिए हैं। वररुचि ने अपने प्राकृत-व्याकरण में इस भाषा के '[1]महाराष्ट्री' नाम का उल्लेख किया है और इसके विशेष लक्षण और उदाहरण दिए हैं। आचार्य हेमचन्द्र ने अपने व्याकरण में 'महाराष्ट्री' नाम का निर्देश न कर 'प्राकृत' इस साधारण नाम से महाराष्ट्री के ही लक्षण और उदाहरण बताए हैं। क्रमदीश्वर का संक्षिप्तसार, त्रिविक्रम की प्राकृतव्याकरणसूत्रवृत्ति, लक्ष्मीधर की षड्भाषाचन्द्रिका और मार्कण्डेय का प्राकृतसर्वस्व प्रभृति प्राकृत-व्याकरणों में इस भाषा के लक्षण और उदाहरण पाये जाते हैं। चंड-भिन्न सभी प्राकृत वैयाकरणों ने महाराष्ट्री का मुख्य रूप से विवरण दिया है और सौरसेनी, मागधी प्रभृति भाषाओं के महाराष्ट्री के साथ जो भेद हैं वे ही बतलाए हैं।

संस्कृत के अलंकार-शास्त्रों में भी भिन्न-भिन्न प्राकृत भाषाओं का उल्लेख मिलता है। भरत के नाट्य-शास्त्र में 'दाक्षिणात्या' भाषा का निर्देश है, किन्तु इसके विशेष लक्षण नहीं दिए गए हैं। संभवतः वह महाराष्ट्री भाषा ही हो सकती है, क्योंकि भरत ने महाराष्ट्री का अलग उल्लेख नहीं किया है। परन्तु मार्कण्डेय के प्राकृतसर्वस्व में उद्धृत प्राकृतचन्द्रिका के [2]वचन में और प्राकृतसर्वस्व के खुद मार्कण्डेय के [3]वचन में महाराष्ट्री और दाक्षिणात्या का भिन्न-भिन्न भाषा के रूप में उल्लेख किया गया है। दण्डी के काव्यादर्श के

> 'महाराष्ट्राश्रयां भाषां प्रकृष्टं प्राकृतं विदुः।
> सागरः सूक्तिरत्नानां सेतुबन्धादि यन्मयम् ॥" (१, ३४)।

इस श्लोक में महाराष्ट्री भाषा का और उसकी उत्कृष्टता का स्पष्ट उल्लेख है। दण्डी के समय में महाराष्ट्री प्राकृत का इतना उत्कर्ष हुआ था कि इसके परवर्ती अनेक ग्रन्थकारों ने केवल इस महाराष्ट्री के ही अर्थ में उस प्राकृत शब्द का प्रयोग किया है जो सामान्यतः सर्व प्रादेशिक भाषाओं का वाचक है। रुद्रट का काव्यालंकार, वाग्भटालंकार, पाइअलच्छी-नाममाला, हेमचन्द्र का प्राकृत-व्याकरण प्रभृति ग्रन्थों में महाराष्ट्री के ही अर्थ में प्राकृत शब्द व्यवहृत हुआ है। अलंकार-शास्त्र-भिन्न पाइअलच्छीनाममाला और देशीनाममाला इन कोष-ग्रन्थों में भी महाराष्ट्री के उदाहरण हैं।

उत्पत्ति-स्थान

डॉ. हॉर्नलि के मत में महाराष्ट्री भाषा महाराष्ट्र देश में उत्पन्न नहीं हुई है। वे मानते हैं कि महाराष्ट्री का अर्थ 'विशाल राष्ट्र की भाषा' है और राजपूताना तथा मध्यदेश प्रभृति इसी विशाल राष्ट्र के अन्तर्गत हैं, इसीसे 'महाराष्ट्री' मुख्य प्राकृत कही गई है। किन्तु दण्डी ने इस भाषा को महाराष्ट्र देश की ही भाषा कही है। सर ग्रियर्सन के मत में महाराष्ट्री प्राकृत से ही आधुनिक मराठी भाषा उत्पन्न हुई है। इससे महाराष्ट्री प्राकृत का उत्पत्ति-स्थान महाराष्ट्र देश ही है यह बात निःसन्देह कही जा सकती है।

प्रकृति

आचार्य हेमचन्द्र ने अपने व्याकरण में महाराष्ट्र को ही 'प्राकृत' नाम दिया है और इसकी प्रकृति संस्कृत कही है। इसी तरह चण्ड, लक्ष्मीधर, मार्कण्डेय आदि वैयाकरणों ने साधारण रूप से सभी प्राकृत भाषाओं का मूल (प्रकृति) संस्कृत बताया है। किन्तु हम यह पहले ही अच्छी तरह प्रमाणित कर आए हैं कि कोई भी प्राकृत भाषा संस्कृत से उत्पन्न नहीं हुई है, बल्कि वैदिक काल में भिन्न-भिन्न प्रदेशों में प्रचलित आर्यों की कथ्य भाषाओं

---

१. "शेषं महाराष्ट्रीवत्" (प्राकृतप्रकाश १२, ३२)।

२. "महाराष्ट्री तथावन्ती सौरसेन्यर्धमागधी। वाह्लीकी मागधी प्राच्येत्यष्टौ ता दाक्षिणात्यया ॥" (प्रा० स० पृष्ठ २)।

३. देखो प्राकृतसर्वस्व, पृष्ठ २ और १०४।

से ही सभी प्राकृत भाषाओं की उत्पत्ति हुई है, सुतरां महाराष्ट्री भाषा की उत्पत्ति प्राचीन काल के महाराष्ट्र-निवासी आर्यों की कथ्य भाषा से हुई है।

समय

कौन समय आर्यों ने महाराष्ट्र में सर्व-प्रथम निवास किया था, इस बात का निर्णय करना कठिन है, परन्तु अशोक के पहले प्राकृत भाषा महाराष्ट्र देश में प्रचलित थी, इस विषय में किसीका मत-भेद नहीं है। उस समय महाराष्ट्र देश में प्रचलित प्राकृत से क्रमशः काव्यीय और नाटकीय महाराष्ट्री भाषा उत्पन्न हुई है। प्राकृतप्रकाश का कर्ता वररुचि यदि वृत्तिकार कात्यायन से अभिन्न व्यक्ति हो तो यह स्वीकार करना होगा कि महाराष्ट्री ने अन्ततः ख्रिस्त-पूर्व दो सौ वर्ष के पहले ही साहित्य में स्थान पाया था। लेकिन महाराष्ट्री भाषा के तद्भव शब्दों में व्यञ्जन वर्णों के लोप की बहुलता देखने से यह विश्वास नहीं होता कि यह भाषा उतनी प्राचीन है। वररुचि का व्याकरण संभवतः ख्रिस्त के बाद ही रचा गया है। जैन अर्धमागधी और जैन महाराष्ट्री में महाराष्ट्री प्राकृत के प्रभाव का हमने पहले उल्लेख किया है। महाराष्ट्री भाषा में रचित जो सब साहित्य इस समय पाया जाता है उसमें ख्रिस्त के बाद की महाराष्ट्री के ही निदर्शन देखे जाते हैं। प्राचीन महाराष्ट्री का कोई साहित्य उपलब्ध नहीं है। प्राचीन महाराष्ट्री में बाद की महाराष्ट्री की तरह व्यञ्जन-वर्ण-लोप की अधिकता नहीं थी, इस बात के कुछ निदर्शन चण्ड के व्याकरण में मिलते हैं। जैन अर्धमागधी और जैन महाराष्ट्री में प्राचीन महाराष्ट्री भाषा का सादृश्य रक्षित है।

आवन्ती और वाह्लीकी महाराष्ट्री के अन्तर्गत है

भरत ने नाट्यशास्त्र में आवन्ती और वाह्लीकी भाषा का उल्लेख कर नाटकों में धूर्त पात्रों के लिए आवन्ती का और द्यूतकारों के लिए वाह्लीकी का प्रयोग कहा है। मार्कण्डेय ने अपने प्राकृतसर्वस्व में 'आवन्ती स्यान्महाराष्ट्रीशौरसेन्योस्तु संकरात्' और 'आवन्त्यामेव वाह्लीकी किन्तु रस्यात्र लो भवेत्' यह कह कर इनका संक्षिप्त लक्षण-निर्देश किया है। मार्कण्डेय ने आवन्ती भाषा के जो त्वा के स्थान में तूण और भविष्यत् काल के प्रत्यय के स्थान में ज और जा प्रभृति लक्षण बतलाए हैं वे महाराष्ट्री के साथ साधारण हैं। उनके दिए हुए किराद, वेदस, पेच्छदि प्रभृति उदाहरणों में जो तकार के स्थान में दकार है वहाँ शौरसेनी के साथ इसका (आवन्ती का) सादृश्य है परन्तु वह भी सर्वत्र नहीं है, जैसे उनके दिए हुए होइ, सुव्वइ, लिज्जइ, भणिए आदि उदाहरणों में। इसी तरह वाह्लीकी में जो र का ल होता है वही एकमात्र मागधी का सादृश्य है। इसके सिवा सभी अंशों में यह भी आवन्ती की तरह महाराष्ट्री के ही सादृश है। सुतरां, ये दोनों भाषाएँ महाराष्ट्री के ही अन्तर्गत कही जा सकती है। इससे हमने भी इनका इस कोष में अलग निर्देश नहीं किया है।

लक्षण

संस्कृत भाषा के साथ महाराष्ट्री भाषा के वे भेद नीचे दिए जाते हैं जो महाराष्ट्री और संस्कृत के साथ अन्य प्राकृत भाषाओं के सादृश्य और पार्थक्य की तुलना के लिए भी अधिक उपयुक्त हैं।

स्वर

१. अनेक जगह भिन्न स्वरों के स्थान में भिन्न-भिन्न स्वर होते हैं; जैसे—समृद्धि = सामिद्धि, ईषत् = ईसि, हर = हीर, ध्वनि = झुणि, शय्या = सेज्जा, पद्म = पोम्म; यथा = जह सदा = सइ, स्त्यान = थीण, सास्ना = सुण्हा, आसार = ऊसार, ग्राह्य = गेज्झ, आली = ओली; इति = इअ, पथिन् = पह, जिह्वा = जीहा, द्विवचन = दुवअण, पिण्ड = पेंड, द्विधाकृत = दोहाइअ; हरीतकी = हरडई, कश्मीर = कम्हार, पानीय = पाणिअ, जीर्ण = जुण्ण, हीन = हूण, पीयूष = पेऊस; मुकुल = मउल, भ्रुकुटि = भिउडि, क्षुत = छीअ, मुसल = मूसल, तुण्ड = तोंड; सूक्ष्म = सण्ह, उद्व्यूढ = उव्वीढ, वातूल = वाउल, नूपुर = णेउर, तूणीर = तोणीर; वेदना = विअणा, स्तेन = थूण; मनोहर = मणहर, गो = गउ, गाअ; सोच्छ्वास = सूसास।

२. महाराष्ट्री में ऋ, ॠ, ऌ, ॡ ये स्वर सर्वथा लुप्त हो गये हैं।

३. ऋ के स्थान में भिन्न-भिन्न स्वर एवं रि होता है; यथा—तृण = तण, मृदुक = माउक्क, कृपा = किवा, मातृ = माइ, माउ; वृत्तान्त = वुत्तंत, मृषा = मुसा, मूसा, मोसा; वृन्त = विंट, वेंट, वोंट; ऋतु = उउ, रिउ; ऋद्धि = रिद्धि, ऋक्ष = रिच्छ; सदृश = सरिस, दृप्त = दरिअ।

४. ऌ के स्थान में इलि होता है; जैसे—क्लृप्त = किलित्त, क्लृन्न = किलिण्ण।

५. ऐ का प्रयोग भी प्रायः महाराष्ट्री में नहीं है। उसके स्थान में सामान्यतः ए और विशेषतः अइ होता है, यथा—शैल = सेल, ऐरावण = एरावण, वैद्य = वेज्ज, वैधव्य = वेहव्व; सैन्य = सेण्ण, सइण्ण; कैलाश = केलास, कइलास; दैव = देव्व, दइव; ऐश्वर्य = अइसरिअ, दैन्य = दइण्ण।

६. ओ का व्यवहार भी[1] प्रायः महाराष्ट्र में नहीं है। उसके स्थान में सामान्यतः ओ और विशेष स्थलों में उ या अउ होता है; यथा—कौमुदी = कोमुई, यौवन = जोव्वण, दौवारिक = दुवारिअ, पौलोमी = पुलोमी; कौरव = कउरव, गौड = गउड, सौध = सउह।

असंयुक्त व्यञ्जन

१. स्वरों के मध्यवर्ती क, ग, च, ज, त, द, य, व इन व्यञ्जनों का प्रायः लोप होता है; जैसे क्रमशः—लोक = लोअ, नग = णअ, शची = सई, रजत = रअअ, यती = जई, गदा = गआ, वियोग = विओअ, लावण्य = लाअण्ण।

२. स्वरों के बीच के ख, घ, थ, ध और भ के स्थान में ह होता है; यथा क्रमशः—शाखा = साहा, श्लाघते = लाहइ, नाथ = णाह, साधु = साहु, सभा = सहा।

३. स्वरों के बीच के ट का ड होता है; यथा—भट = भड, घट = घड।

४. स्वरों के बीच के ठ का ढ होता है; जैसे—मठ = मढ, पठति = पढइ।

५. स्वरों के बीच के ड का ल प्रायः होता है; यथा—गरुड = गरुल, तडाग = तलाअ।

६. स्वरों के बीच के त का अनेक स्थल में ड होता है, यथा—प्रतिभासस = पडिहास, प्रभृति = पहुडि, व्यापृत = वावड, पताका = पडाआ।

७. न के स्थान में सर्वत्र ण होता है; यथा—कनक = कणअ, वचन = वअण, नर = णर, नदी = णई, अन्य = अण्ण, दैन्य = दइण्ण[2]।

८. दो स्वरों के मध्यवर्ती प का कहीं-कहीं व और कहीं-कहीं लोप होता है; यथा—शपथ = सवह, शाप = साव, उपसर्ग = उवसग्ग, रिपु = रिउ, कपि = कइ।

९. स्वरों के बीच के फ के स्थान में कहीं-कहीं भ, कहीं-कहीं ह और कहीं-कहीं ये दोनों होते हैं; यथा—रेफ = रेभ, शिफा = सिभा, मुक्ताफल = मुत्ताहल, सफल = सभल, सहल, शेफालिका = सेभालिआ, सेहालिआ।

१०. स्वरों के मध्यवर्ती ब का व होता है; जैसे—अलाबू = अलावू, सबल = सवल।

११. आदि के य का ज होता है; यथा—यम = जम, यशस् = जस, याति = जाइ।

१२. कृदन्त के अनीय और य प्रत्यय के य का ज्ज होता है; जैसे—करणीय = करणिज्ज, पेय = पेज्ज।

१३. अनेक जगह र का ल होता है; यथा—हरिद्रा = हलिद्दा, दरिद्र = दलिद्द, युधिष्ठिर = जहुट्ठिल, अंगार = इंगाल।

१४. श और ष का सर्वत्र स होता है; यथा—शब्द = सद्द, विश्राम = वीसाम, पुरुष = पुरिस, सस्य = सास, शेष = सेस।

१५. अनेक जगह ह का घ होता है; यथा—दाह = दाघ, सिंह = सिंघ, संहार = संघार।

१६. कहीं-कहीं श, ष और स का छ होता है; जैसे—शाव = छाव, षष्ठ = छट्ठ, सुधा = छुहा।

१७. अनेक शब्दों में स्वर-सहित व्यञ्जन का लोप होता है; यथा—राजकुल = राउल, आगत = आअ, कालायस = कालास, हृदय = हिअ, पादपतन = पावडण, यावत् = जा, त्रयोदश = तेरह, स्थविर = थेर, बदर = बोर, कदल = केल, कर्णिकार = कण्णेर, चतुर्दश = चोद्दह, मयूख = मोह।

संयुक्त व्यञ्जन

१. क्ष के स्थान में प्रायः ख और कहीं-कहीं छ और झ होता है; जैसे—क्षय = खय, लक्षण = लक्खण, अक्षि = अच्छि, क्षीण = छीण, झीण।

२. त्व, थ्व, द्व और ध्व के स्थान में कहीं-कहीं क्रमशः च, छ, ज और झ होता है; यथा—ज्ञात्वा = णच्चा, पृथ्वी = पिच्छी, विद्वान् = विज्जं, बुद्ध्वा = बुज्झा।

३. ह्रस्व स्वर के परवर्ती थ्य, श्च, त्स और प्स के स्थान में छ होता है; जैसे—पथ्य = पच्छ, पश्चात् = पच्छा, उत्साह = उच्छाह, अप्सरा = अच्छरा।

---

१. संस्कृत के 'अयि' शब्द का महाराष्ट्री में 'ऐ' होता है। इसके सिवा किसी किसी के मत में 'ऐ' तथा 'औ' का भी प्रयोग होता है; जैसे—कैतव = कैअव, कौरव = कौरव (हे० प्रा० १, १)।

२. वररुचि के प्राकृत-व्याकरण के 'नो णः सर्वत्र' (२, ४२) सूत्र के अनुसार सर्वत्र 'न' का 'ण' होता है। सेतुबन्ध और गाथा-सप्तशती में इसी तरह सार्वत्रिक 'ण' पाया जाता है। हेमचन्द्र आदि कई प्राकृत वैयाकरणों के मत से शब्द के आदि के 'न' का विकल्प से 'ण' होता है; यथा—नदी = णई, नई; नर = णर, नर। गउडवहो में णकार का वैकल्पिक प्रयोग देखा जाता है।

४. द्य, य्य और र्य का ज होता है; यथा—मद्य = मज्ज, जय्य = जज्ज, कार्य = कज्ज।
५. ध्य और ह्य का झ होता है; यथा—ध्यान = झाण, साध्य = सज्झ, गुह्य = गुज्झ, सह्य = सज्झ।
६. र्त का प्रायः ट होता है; जैसे—नर्तकी = णट्टई, कैवर्त = केवट्ट।
७. ष्ट के स्थान में ठ होता है; यथा—मुष्टि = मुट्ठि, पुष्ट = पुट्ठ, काष्ठ = कट्ठ, इष्ट = इट्ठ।
८. म्न का ण होता है; यथा—निम्न = णिण्ण, प्रद्युम्न = पज्जुण्ण।
९. ज्ञ का ण और ज होता है; जैसे—ज्ञान = णाण, जाण; प्रज्ञा = पण्णा, पज्जा।
१०. स्त का थ होता है; जैसे—हस्त = हत्थ, स्तोत्र = थोत्त, स्तोक = थोव।
११. ड्म और क्म का प होता है; यथा—कुड्मल = कुंपल, रुक्मिणी = रुप्पिणी।
१२. ष्प और स्प का फ होता है; यथा—पुष्प = पुप्फ, स्पन्दन = फंदण।
१३. ह्व का भ होता है, यथा—जिह्वा = जिब्भा, विह्वल = विब्भल।
१४. न्म और ग्म का म होता है; जैसे—जन्मन् = जम्म, मन्मथ = मम्मह, युग्म = जुग्म, तिग्म = तिम्म।
१५. श्म, ष्म, स्म और ह्म का म्ह होता है; यथा—काश्मीर = कम्हार, ग्रीष्म = गिम्ह, विस्मय = विम्हअ, ब्राह्मण = बम्हण।
१६. श्न, ष्ण, स्न, ह्न, ह्ण और क्ष्ण के स्थान में ण्ह होता है; यथा—प्रश्न = पण्ह, उष्ण = उण्ह, स्नान = ण्हाण, वह्नि = वण्हि, पूर्वाह्ण = पुव्वण्ह, तीक्ष्ण = तिण्ह।
१७. ह्ल का ल्ह होता है; यथा—प्रह्लाद = पल्हाअ, कह्लार = कल्हार।
१८. संयोग में पूर्ववर्ती क, ग, ट, ड, त, द, प, श, ष और स का लोप होता है, जैसे—भुक्त = भुत्त, मुग्ध = मुद्ध, षट्पद = छप्पअ, खड्ग = खग्ग, उत्पल = उप्पल, मुद्गर = मुग्गर, सुप्त = सुत्त, निश्चल = णिच्चल, निष्ठुर = णिट्ठुर, स्खलित = खलिअ।
१९. संयोग में परवर्ती म, न और य का लोप होता है; यथा—स्मर = सर, लग्न = लग्ग, व्याध = वाह।
२०. संयोग में पूर्ववर्ती और परवर्ती सभी ल, व और र का लोप होता है; यथा—उल्का = उक्का, विक्लव = विक्कव, शब्द = सद्द, पक्व = पक्क, अर्क = अक्क, चक्र = चक्क।
२१. संयुक्त अक्षरों के स्थान में जो-जो आदेश ऊपर कहा है उसका और संयुक्त व्यञ्जन के लोप होने पर जो-जो व्यञ्जन बाकी रहता है उसका, यदि वह शब्द के आदि में न हो तो, द्वित्व होता है; जैसे—ज्ञात्वा = णच्चा, मद्य = मज्ज, भुक्त = भुत्त, उल्का = उक्का। परन्तु वह आदेश अथवा शेष व्यञ्जन यदि वर्ग का द्वितीय अथवा चतुर्थ अक्षर हो तो द्वित्व न होकर उसके पूर्व में आदेश अथवा शेष व्यञ्जन के अनन्तर-पूर्व व्यञ्जन का आगम होता है; यथा—लक्षण = लक्खण, पश्चात् = पच्छा, इष्ट = इट्ठ, मुग्ध = मुद्ध।

विश्लेषण

१. र्ह, र्श, र्ष के मध्य में और संयोग में परवर्ती ल के पूर्व में स्वर का आगम होकर संयुक्त व्यञ्जनों का विश्लेषण किया जाता है; यथा—अर्हत् = अरह, अरिह, अरुह; आदर्श = आयरिस, हर्ष = हरिस; क्लिष्ट = किलिट्ठ।

व्यत्यय

१. अनेक शब्दों में व्यञ्जन के स्थान का व्यत्यय होता है; यथा—करेणु = कणेरू, आलान = आणाल, महाराष्ट्र = मरहट्ठ, हरिताल = हलिआर, लघुक = हलुअ, ललाट = णडाल, गुह्य = गुय्ह, सह्य = सय्ह।

सन्धि

१. समास में कहीं-कहीं ह्रस्व स्वर के स्थान में दीर्घ और दीर्घ के स्थान में ह्रस्व होता है; यथा—अन्तर्वेदि = अन्तावेइ, पतिगृह = पइहर, यमुनातट = जँउणाअड, नदीस्रोत = णइसोत्त।
२. स्वर पर रहने पर पूर्व स्वर का लोप होता है; जैसे—त्रिदशेश = तिअसीस।
३. संयुक्त व्यञ्जन का पूर्व स्वर ह्रस्व होता है; जैसे—आस्य = अस्स, मुनीन्द्र = मुणिंद, चूर्ण = चुण्ण, नरेन्द्र = णरिंद, म्लेच्छ = मिलिच्छ, नीलोत्पल = णीलुप्पल।

सन्धि-निषेध

१. उद्वृत्त (व्यञ्जन का लोप होने पर अवशिष्ट रहे हुए) स्वर की पूर्व स्वर के साथ प्रायः सन्धि नहीं होती है; यथा—निशाकर = णिसाअर, रजनीकर = रअणीअर।

२. एक पद में स्वरों की सन्धि नहीं होती है; जैसे—पाद = पाअ, गति = गइ, नगर = णअर।
३. इ, ई, और ऊ की, असमान स्वर पर रहने पर, सन्धि नहीं होती है; यथा—वग्गेवि अवयासो, वणुइंदो।
४. ए और ओ की परवर्ती स्वर के साथ सन्धि नहीं होती है; यथा—फले आबंधो, आलक्खिमो एण्हि।
५. आख्यात के स्वर की सन्धि नहीं होती है; जैसे—होइ इह।

नाम-विभक्ति

१. अकारान्त पुंलिंग शब्द के एकवचन में ओ होता है; जैसे—जिनः = जिणो, वृक्षः = वच्छो।
२. पञ्चमी के एकवचन में त्तो, ओ, उ, हि और लोप होता है और त्तो-भिन्न अन्य प्रत्ययों के प्रसंग में अकार का आकार होता है; जैसे—जिनात् = जिणात्तो, जिणाओ जिणाउ, जिणाहि, जिणा।
३. पञ्चमी के बहुवचन का प्रत्यय त्तो, ओ, उ और हि होता है, एवं त्तो से अन्य प्रत्यय में पूर्व के अ का आ होता है, हि के प्रसंग में ए भी होता है, यथा—जिणत्तो, जिणाओ, जिणाउ, जिणाहि, जिणेहि।
४. पञ्चमी के एकवचन के प्रत्यय के स्थान में हिंतो और बहुवचन के प्रत्यय के स्थान में हिंतो और सुंतो इन स्वतन्त्र शब्दों का भी प्रयोग होता है, यथा—जिनात् = जिणा हिंतो; जिनेभ्यः = जिणा हिन्तो, जिणे हिन्तो, जिणा सुंतो, जिणे सुंतो।
५. षष्ठी के एकवचन का प्रत्यय स्स होता है, यथा—जिणस्स, मुणिस्स, तरुस्स।
६. अस्मत् शब्द के प्रथमा के एकवचन के रूप म्मि, अम्मि, अम्हि, हं, अहं और अहयं होता है।
७. अस्मत् शब्द के प्रथमा के बहुवचन के रूप अम्ह, अम्हे, अम्हो, मो, वयं और भे होता है।
८. अस्मत् शब्द के षष्ठी का बहुवचन णे, णो, मज्झ, अम्ह, अम्हं, अम्हे, अम्हो, अम्हाण, ममाण, महाण और मज्झाण होता है।
९. युष्मत् शब्द के षष्ठी का एकवचन तइ, तु, ते, तुम्हं, तुह, तुहं, तुव, तुम, तुमो, तुमाइ, दि, दे, इ, ए, तुब्भ, तुम्ह, तुज्झ उब्भ, उम्ह, उज्झ और उय्ह होता है।

लिङ्ग-व्यत्यय

१. संस्कृत में जो शब्द केवल पुंलिंग है, उनमें से कईएक महाराष्ट्री में स्त्रीलिंग और नपुंसक लिंग भी है, यथा—प्रश्नः = पण्हो, पण्हा; गुणाः = गुणा, गुणाइं; देवा = देवा, देवाणि।
२. अनेक जगह स्त्रीलिंग के स्थान में पुंलिंग होता है, यथा—शरत् = सरओ, प्रावृट् = पाउसो, विद्युता = विज्जुणा।
३. संस्कृत के अनेक क्लीबलिंग शब्दों का प्रयोग महाराष्ट्री में पुंलिंग और स्त्रीलिंग में भी होता है; यथा—यशः = जसो, जन्म = जम्मो, अक्षि = अच्छी, पृष्ठम् = पिट्ठी, चौर्यम् = चोरिआ।

आख्यात

१. ति और ते प्रत्ययों के त का लोप होता है, जैसे—हसति = हसइ, हसए; रमते = रमइ, रमए।
२. परस्मैपद और आत्मनेपद का विभाग नहीं है, महाराष्ट्री में सभी धातु उभयपदी की तरह हैं।
३. भूतकाल के ह्यस्तन, अद्यतन और परोक्ष विभाग न होकर एक ही तरह के रूप होते हैं और भूतकाल में आख्यात की जगह त-प्रययान्त कृदन्त का ही प्रयोग अधिक होता है।
४. भविष्यत्-काल के भी संस्कृत का तरह श्वस्तन और भविष्यत् ऐसे दो विभाग नहीं है।
५. भविष्यत्काल के प्रत्ययों के पहले हि होता है, यथा—हसिष्यति = हसिहिइ, करिष्यति, = करिहिइ।
६. वर्तमान काल के, भविष्यत्काल के और विधि-लिंग और आज्ञार्थक प्रत्ययों के स्थान में ज्ज और ज्जा होता है, यथा—हससि, हसिष्यति, हसेत्, हसतु = हसेज्ज, हसेज्जा।
७. भाव और कर्म में ईअ और इज्ज प्रत्यय होते हैं, यथा—हस्यते = हसीअइ, हसिज्जइ।

कृदन्त

१. शीलाद्यर्थक तृ-प्रत्यय के स्थान में इर होता है, यथा—गन्तृ = गमिर, नमनशील = णमिर।
२. त्वा-प्रत्यय के स्थान में तुम्, अ, तूण, तुआण और त्ता होता है, जैसे—पठित्वा = पढिउं, पढिअ, पढिऊण, पढिउआण, पढित्ता।

तद्धित

१. त्व-प्रत्यय के स्थान में त्त और त्तण होता है, यथा—देवत्व = देवत्त, देवत्तण।

(१०) अपभ्रंश

महर्षि पतञ्जलि ने अपने महाभाष्य में लिखा है कि "भूयांसोऽपशब्दा अल्पीयांसः शब्दाः । एकैकस्य हि शब्दस्य बहवोऽपभ्रंशाः, तद्यथा—गौरित्यस्य शब्दस्य गावी, गोणी, गोता, गोपोतलिका इत्येवमादयोऽपभ्रंशाः" अर्थात् अपशब्द बहुत और शब्द (शुद्ध) थोड़े हैं, क्योंकि एक एक शब्द के बहुत अपभ्रंश हैं, जैसे 'गौः' इस शब्द के गावी, गोणी, गोता, गोपोतलिका इत्यादि अपभ्रंश हैं।

'अपभ्रंश' शब्द का सामान्य और विशेष अर्थ

यहाँ पर 'अपभ्रंश' शब्द अपशब्द के अर्थ में ही व्यवहृत है और अपशब्द का अर्थ भी 'संस्कृत-व्याकरण से असिद्ध शब्द' है, यह स्पष्ट है। उक्त उदाहरणों में 'गावी' और 'गोणी' ये दो शब्दों का प्रयोग प्राचीन[1] जैन-सूत्र-ग्रन्थों में पाया जाता है और[2] चंड तथा[3] आचार्य हेमचन्द्र आदि प्राकृत-वैयाकरणों ने भी ये दो शब्द अपने-अपने प्राकृत-व्याकरणों में लक्षण-द्वारा सिद्ध किये हैं। दण्डी ने अपने काव्यादर्श में पहले प्राकृत और अपभ्रंश का अलग-अलग निर्देश करते हुए काव्य में व्यवहृत आभीर-प्रभृति की भाषा को अपभ्रंश कही हैं और बाद में यह लिखा है कि 'शास्त्र में संस्कृत भिन्न सभी भाषाएँ अपभ्रंश कही गई हैं'[4]। यहाँ पर दण्डी ने शास्त्र-शब्द का प्रयोग महाभाष्य-प्रभृति व्याकरण के अर्थ में ही किया है। पतञ्जलि-प्रभृति संस्कृत-वैयाकरणों के मत में संस्कृत-भिन्न सभी प्राकृत-भाषाएँ अपभ्रंश के अन्तर्गत हैं, यह ऊपर के उनके लेख से स्पष्ट है। परन्तु प्राकृत-वैयाकरणों के मत में अपभ्रंश भाषा प्राकृत का ही एक अवान्तर भेद है। काव्यालंकार की टीका में नमिसाधु ने लिखा है कि "प्राकृतमेवापभ्रंशः" (२, १२) अर्थात् अभ्रंश भी शौरसेनी, मागधी आदि की तरह एक प्रकार का प्राकृत ही है। उक्त क्रमिक उल्लेखों से यह स्पष्ट है कि पतञ्जलि के समय में जिस अपभ्रंश शब्द का 'संस्कृत-व्याकरण-असिद्ध (कोई भी प्राकृत)' इस सामान्य अर्थ में प्रयोग होता था उसने आगे जाकर क्रमशः 'प्राकृत का एक भेद' इस विशेष अर्थ को धारण किया है। हमने भी यहाँ पर अपभ्रंश शब्द का इस विशेष अर्थ में ही व्यवहार किया है।

निदर्शन

अपभ्रंश भाषा के निदर्शन विक्रमोर्वशी, धर्माभ्युदय आदि नाटक-ग्रन्थों में, हरिवंशपुराण, पउमचरिम (स्वयंभूदेवकृत) भविसयत्तकहा, संजममंजरी, महापुराण, यशोधरचरित, नागकुमारचरित, कथाकोश, पार्श्वपुराण, सुदर्शनचरित्र, करकंडुचरित, जयतिहुग्रणस्तोत्र, विलासवईकहा, सणंकुमारचरिम्र, सुपासनाहचरिम्र, कुमारपालचरित, कुमारपाल-प्रतिबोध, उपदेशतरंगिणी प्रभृति काव्यग्रन्थों में, प्राकृतलक्षण, सिद्धहेमचन्द्रव्याकरण (अष्टम अध्याय), संक्षिप्तसार, षड्भाषाचन्द्रिका, प्राकृतसर्वस्व वगैरह व्याकरणों में और प्राकृतपिङ्गल नामक छन्द-ग्रन्थ में पाये जाते हैं।

प्रकृति और समय

डॉ. हॉर्नेलि के मत में जिस तरह आर्य लोगों की कथ्य भाषाएँ अनार्य लोगों के मुख से उच्चारित होने के कारण जिस विकृत रूप को धारण कर पायी थीं वह पैशाची भाषा है और वह कोई भी प्रादेशिक भाषा नहीं है, उस तरह आर्यों की कथ्य भाषाएँ भारत के आदिम-निवासी अनार्य लोगों की भिन्न-भिन्न भाषाओं के प्रभाव से जिन रूपान्तरों को प्राप्त हुई थीं वे ही भिन्न-भिन्न अपभ्रंश भाषाएँ हैं और ये महाराष्ट्री की अपेक्षा अधिक प्राचीन हैं। डॉ. हॉर्नेलि के इस मत का सर ग्रियर्सन-प्रभृति आधुनिक भाषातत्त्वज्ञ स्वीकार नहीं करते हैं। सर ग्रियर्सन के मत में भिन्न-भिन्न प्राकृत भाषाएँ साहित्य और व्याकरण में नियन्त्रित होकर जन-साधारण में अप्रचलित होने के कारण जिन नूतन कथ्य भाषाओं की उत्पत्ति हुई थी वे ही अपभ्रंश हैं। ये अपभ्रंश-भाषाएँ ख्रिस्तीय पञ्चम शताब्दी के बहुत काल पूर्व से ही कथ्य भाषाओं के रूप में व्यवहृत होती थीं, क्योंकि चण्ड के प्राकृत-व्याकरण में और कालिदास की विक्रमोर्वशी में इसके निदर्शन पाये जाने के कारण यह निश्चित है कि ख्रिस्तीय पञ्चम शताब्दी के पहले से ही ये साहित्य में स्थान पाने लगी थीं। ये अपभ्रंश भाषाएँ प्रायः दशम शताब्दी पर्यन्त साहित्य की भाषाएँ थीं। इसके बाद फिर जन-साधारण में अप्रचलित होने से जिन नूतन कथ्य भाषाओं की उत्पत्ति हुई वे ही हिन्दी, बंगला, गुजराती वगैरह आधुनिक

---

१. 'खीरीणियाम्रो गावीम्रो', "गोणं वियालं" (आचा २, ४, ५)।
"णगरगावीम्रो" (विपा १, २ – पत्र २६)।
"गोणीणं संगेल्लं" (व्यवहारसूत्र, उ० ४)।

२. "गोर्वावी" (प्राकृतलक्षण २, १६)। ३. "गोणादयः" (हे० प्रा० २, १७४)।

४. "म्राभीरादिगिरः काव्येष्वपभ्रंश इति स्मृताः।
शास्त्रे तु संस्कृतादन्यदपभ्रंशतयोदितम्" (१, ३६)।

आर्य कथ्य भाषाएँ हैं। इनका उत्पत्ति-समय ख्रिस्त की नववीं या दसवीं शताब्दी है। सुतरां, अपभ्रंश-भाषाएँ ख्रिस्त की पञ्चम शताब्दी के पूर्व से लेकर नववीं या दशवीं शताब्दी पर्यन्त साहित्य की भाषाओं के रूप में प्रचलित थीं। इन अपभ्रंश भाषाओं की प्रकृति वे विभिन्न प्राकृत-भाषाएँ हैं, जो भारत के विभिन्न प्रदेशों में इन अपभ्रंशों की उत्पत्ति के पूर्वकाल में प्रचलित थीं।

भेद

अपभ्रंश के बहुत भेद हैं, प्राकृतचन्द्रिका में इसके ये सताईस भेद बताये गए हैं।

"ब्राचडो लाटवैदर्भावुपनागरनागरौ। बार्बरावन्त्यपाञ्चालटाक्कमालवकैकयाः ॥
गौडोड्रहैवपाश्चात्यपाण्ड्यकौन्तलसैंहलाः। कालिंगयप्राच्यकार्णाटकाञ्च्यद्राविडगौर्जराः ॥
आभीरो मध्यदेशीयः सूक्ष्मभेदव्यवस्थिताः। सप्तविंशत्यपभ्रंशा वैतालादिप्रभेदतः[1] ॥

मार्कण्डेय ने अपने प्राकृतसर्वस्व में प्राकृतचन्द्रिका से सताईस अपभ्रंशों के जो लक्षण और उदाहरण उद्धृत किए हैं[2]। वे इतने अपर्याप्त और अस्पष्ट हैं कि खुद मार्कंडेय ने भी इनको सूक्ष्म कह कर नगण्य बताये हैं और इनका पृथग्-पृथग् लक्षण-निर्देश न कर उक्त समस्त अपभ्रंशों का नागर, ब्राचड और उपनागर इन तीन प्रधान भेदों में ही अन्तर्भाव माना है[3]। परन्तु यह बात मानने योग्य नहीं है, क्योंकि जब यह सिद्ध है कि जिन भाषाओं का उत्पत्ति-स्थान भिन्न-भिन्न प्रदेश है और जिनकी प्रकृति भी भिन्न-भिन्न प्रदेश की भिन्न-भिन्न प्राकृत भाषाएँ हैं तब वे अपभ्रंश भाषाएँ भी भिन्न-भिन्न ही हो सकती हैं और उन सब का समावेश एक दूसरे में नहीं किया जा सकता। वास्तव में बात यह है कि वे सभी अपभ्रंश भिन्न भिन्न होने पर भी साहित्य में निबद्ध न होने के कारण उन सब के निदर्शन ही उपलब्ध नहीं हो सकते थे। इसीसे प्राकृतचन्द्रिकाकार न उनके स्पष्ट लक्षण ही कर पाये हैं और न तो उदाहरण ही अधिक दे सके हैं। यही करण है कि मार्कण्डेय ने भी इन भेदों को सूक्ष्म कहकर टाल दिये हैं। जिन अपभ्रंश भाषाओं के साहित्य-निबद्ध होने से निदर्शन पाये जाते हैं उनके लक्षण और उदाहरण आचार्य हेमचन्द्र ने केवल अपभ्रंश के सामान्य नाम से और मार्कण्डेय ने अपभ्रंश के तीन विशेष नामों से दिये हैं। आचार्य हेमचन्द्र ने 'अपभ्रंश' इस सामान्य नाम से और मार्कण्डेय ने 'नागरापभ्रंश' इस विशेष नाम से जो लक्षण और उदाहरण दिये हैं वे राजस्थानी-अपभ्रंश या राजपूताना तथा गुजरात प्रदेश के अपभ्रंश से ही संबन्ध रखते हैं। ब्राचडापभ्रंश के नाम से सिन्धप्रदेश के अपभ्रंश के लक्षण और उदाहरण मार्कण्डेय ने अपने व्याकरण में दिये हैं, और उपनागर-अपभ्रंश का कोई लक्षण न देकर केवल नागर और ब्राचड के मिश्रण को 'उपनागर-अपभ्रंश' कहा है। इसके सिवा सौरसेनी-अपभ्रंश के निदर्शन मध्यदेश के अपभ्रंश में पाये जाते हैं। अन्य अन्य प्रदेशों के अथवा महाराष्ट्री, अर्धमागधी, मागधी और पैशाची भाषाओं के जो अपभ्रंश थे उनका कोई साहित्य उपलब्ध न होने से कोई निदर्शन भी नहीं पाये जाते हैं।

उत्पत्ति-स्थान

भिन्न-भिन्न अपभ्रंश भाषा का उत्पत्ति-स्थान भी भारतवर्ष का भिन्न भिन्न प्रदेश है। रुद्रट ने और वाग्भट ने अपने अपने अलङ्कार-ग्रन्थ में यह बात संक्षेप में अथच स्पष्ट रूप में इस तरह कही है:—

"षष्ठोऽत्र भूरिभेदो देशविशेषादपभ्रंशः" (काव्यालङ्कार २, १२)।
"अपभ्रंशस्तु यच्छुद्धं तत्तद्देशेषु भाषितम्" (वाग्भटालङ्कार २, ३)।

आधुनिक आर्य कथ्य भाषाओं की प्रकृति

ख्रिस्त की पञ्चम शताब्दी के पूर्व से लेकर दशम शताब्दी पर्यन्त भारत के भिन्न-भिन्न प्रदेश में कथ्य भाषाओं के रूप में प्रचलित जिस जिस अपभ्रंश भाषा से भिन्न-भिन्न प्रदेश की जो जो आधुनिक आर्य कथ्य भाषा (Modern Vernacular) उत्पन्न हुई है उसका विवरण यों है :—

---

१. बंगीयसाहित्यपरिषत्-पत्रिका, १३१७।

२. "टाक्कं टक्कभाषानागरोपनागरादिभ्योऽवधारणीयम्। तुबहुला मालवी। वाडीबहुला पाञ्चाली। उल्लप्राया वैदर्भी। संबोधनाढ्या लाटी। ईकारोकारबहुला औड्री। सवीप्सा कैकेयी। समासाढ्या गौडी। डकारबहुला कौन्तली। एकारिणी च पाण्ड्या। युक्ताढ्या सैंहली। हियुक्ता कालिंगी। प्राच्या तद्देशीयभाषाढ्या। ज(भ)ट्टादिबहुलाऽऽभीरी वर्णविपर्ययात् कार्णाटी। मध्यदेशीया तद्देशीयाढ्या। संस्कृताढ्या च गौर्जरी। चकारात् पूर्वोक्तटक्कभाषाग्रहणम्। रत(ल)हभां व्यत्ययेन पाश्चात्या। रेफ व्यत्येन द्राविडी। ढकारबहुला वैतालिकी। एओबहुला काञ्ची। शेषा देशभाषाविभेदात्।"

३. "नागरो ब्राचडश्चोपनागरश्चेति ते त्रयः। अपभ्रंशाः परे सूक्ष्मभेदत्वान्न पृथङ् मताः" (प्रा० स० पृष्ठ ३)। "अन्येषामपभ्रंशानामेष्वेवान्तर्भावः" (प्रा० स० पृष्ठ १२२)।

महाराष्ट्री-अपभ्रंश से मराठी और कोंकणी भाषा।
मागधी-अपभ्रंश की पूर्व शाखा से बंगला, उड़िया और आसामी भाषा।
मागधी-अपभ्रंश की बिहारी शाखा से मैथिली, मगही और भोजपुरिया।
अर्धमागधी-अपभ्रंश से पूर्वीय हिन्दी भाषाएँ अर्थात् अवधी, बघेली और छत्तीसगढ़ी।
सौरसेनी-अपभ्रंश से बुन्देली, कन्नौजी, ब्रजभाषा, बाँगरू, हिन्दी या उर्दू ये पाश्चात्य हिन्दी भाषा।
नागर-अपभ्रंश से राजस्थानी, मालवी, मेवाड़ी, जयपुरी, मारवाड़ी तथा गुजराती भाषा।
पालि से सिंहली और माल्दीवन।
टाक्की अथवा ढाक्की से लहण्डी या पश्चिमीय पंजाबी।
टाक्की-अपभ्रंश (सौरसेनी के प्रभाव-युक्त) से पूर्वीय पंजाबी।
व्राचड-अपभ्रंश से सिन्धी भाषा।
पैशाची-अपभ्रंश से काश्मीरी भाषा।

लक्षण नागर-अपभ्रंश के प्रधान लक्षण ये हैं :—

वर्ण-परिवर्तन

१. भिन्न-भिन्न स्वरों के स्थान में भिन्न-भिन्न स्वर होते हैं; यथा—कृत्य = कच्च, काच; वचन = वेण, वीण; बाहु = बाह, बाहा; बाहु; पृष्ठ = पट्ठि, पिट्ठि, पुट्ठि; तृण = तण, तिण, तृण; सुकृत = सुकिद, सुकृद; लेखा = लिह, लीह, लेह।
२. स्वरों के मध्यवर्ती असंयुक्त क, ख, त, थ, प और फ के स्थान में प्रायः क्रमशः ग, घ, द, ध, व और भ होता है; यथा—विच्छेदकर = विच्छोहगर; सुख = सुघ, कथित = कधिद, शपथ = शवध, सफल = सभल।
३. अनादि और असंयुक्त म के स्थान में वैकल्पिक सानुनासिक व होता है; यथा—कमल = कवँल, कमल; भ्रमर = भवँर, भमर।
४. संयोग में परवर्ती र का विकल्प से लोप होता है; यथा—प्रिय = पिय, प्रिय; चन्द्र = चन्द, चन्द्र।
५. कहीं-कहीं संयोग के परवर्ती य का विकल्प से र होता है; जैसे—व्यास = व्रास, वास; व्याकरण = व्रागरण, वागरण।
६. महाराष्ट्री में जहाँ म्ह होता है वहाँ अपभ्रंश में म्भ और म्ह दोनों होते हैं; यथा— ग्रीष्म = गिम्भ, गिम्ह; श्लेष्म = सिम्भ, सिम्ह।

नाम-विभक्ति

१. विभक्ति के प्रसंग में ह्रस्व स्वर का दीर्घ और दीर्घ का ह्रस्व प्रायः होता है; यथा—श्यामलः = सामलः, खड्गाः = खग्ग; दृष्टि = दिट्ठि; पुत्री = पुत्ति।
२. साधारणतः सातों विभक्ति के जो प्रत्यय हैं वे नीचे दिये जाते हैं। लिंग-भेद में और शब्द-भेद में अनेक विशेष प्रत्यय भी हैं, जो विस्तार-भय से यहाँ नहीं दिये गए हैं।

	एकवचन	बहुवचन
प्रथमा	उ, हो	०
द्वितीया	,,	०
तृतीया	एं	हि
चतुर्थी	सु, हो, स्सु	हं, ०
पञ्चमी	हे, हु	हुं
षष्ठी	सु, हो, स्सु	हं, ०
सप्तमी	इ, हि	हिं

आख्यात-विभक्ति

		एकवचन	बहुवचन
१.	१ पु०	उं	हुं
	२ पु०	हि	ह
	३ पु०	इ, ए	हिं

२. मध्यम पुरुष के एकवचन में आज्ञार्थ में इ, उ और ए होते हैं, यथा—कुरु = करि, करु, करे।
३. भविष्यत्काल में प्रत्यय के पूर्व में स आगम होता है; यथा—भविष्यति = होसइ।

कृदन्त

१. तव्य-प्रत्यय के स्थान में इएव्वउं, एव्वउं और एवा होता है; यथा—कर्तव्य = करिएव्वउं, करेव्वउ, करेवा।
२. त्वा के स्थान में इ, इउ, इवि, अवि, एप्पि, एप्पिणु, एवि, एविणु, होते हैं; यथा—कृत्वा = करि, करिउ, करिवि, करवि, करेप्पि, करेप्पिणु, करेवि, करेविणु।
३. तुम्-प्रत्यय की जगह एवं, अण, अणहं, अणहिं एप्पि, एप्पिणु, एवि, एविणु होते हैं; यथा—कर्तुम् = करेवं, करण, करणहं करणहिं, करेप्पि, करेप्पिणु, करेवि, करेविणु।
४. शीलाद्यर्थक तृ-प्रत्यय के स्थान में अणअ होता है; जैसे—कर्तृ = करणअ, मारयितृ = मारणअ।

तद्धित

१. त्व और ता के स्थान में प्पण होता है; यथा—देवत्व = देवप्पण, महत्त्व = वड्डप्पण।

हम पहले यह कह आये हैं कि वैदिक और लौकिक संस्कृत के शब्दों के साथ तुलना करने पर जिस प्राकृत भाषा में वर्ण-लोप-प्रभृति परिवर्तन जितना अधिक प्रतीत हो, वह उतनी ही परवर्ती काल में उत्पन्न मानी जानी चाहिए। इस नियम के अनुसार, हम देखते हैं कि महाराष्ट्री प्राकृत में व्यञ्जनों का लोप सर्वापेक्षा अधिक है, इससे वह अन्यान्य प्राकृत-भाषाओं के पीछे उत्पन्न हुई है, ऐसा अनुमान किया जाता है। परन्तु अपभ्रंश में उक्त नियम का व्यत्यय देखने में आता है, क्योंकि भिन्न-भिन्न प्रदेशों की अपभ्रंश भाषाएँ यद्यपि महाराष्ट्रीके बाद ही उत्पन्न हुई हैं तथापि महाराष्ट्री में जो व्यञ्जन-वर्ण-लोप देखा जाता है, अपभ्रंश में उसकी अपेक्षा अधिक नहीं, बल्कि कम ही वर्ण-लोप पाया जाता है और ऋ स्वर तथा संयुक्त रकार भी विद्यमान है। इस पर से यह अनुमान करना असंगत नहीं हैं कि वर्ण-लोप की गति ने महाराष्ट्री प्राकृत में अपनी चरम सीमा को पहुँच कर उसको (महाराष्ट्री को) अस्थि-हीन-माँस-पिण्ड की तरह स्वर-बहुल आकार में परिणत कर दिया। अपभ्रंश में उसीकी प्रतिक्रिया शुरू हुई, और प्राचीन स्वर एवं व्यञ्जनों को फिर स्थान देकर भाषा को भिन्न आदर्श में गठित करने की चेष्टा हुई। उस चेष्टा का ही यह फल है कि पिछले समय में संस्कृत-भाषा का प्रभाव फिर प्रतिष्ठित होकर आधुनिक आर्य कथ्य भाषाएँ उत्पन्न हुई हैं।

अपभ्रंशों का भिन्न आदर्श में गठन

प्राकृत पर संकृत का प्रभाव

जैन और बौद्धों ने संस्कृत भाषा का परित्याग कर उस समय की कथ्य भाषा में धर्मोपदेश को लिपिबद्ध करने की प्रथा प्रचलित की थी। इससे जो दो नयी साहित्य-भाषाओं का जन्म हुआ था, वे जैन सूत्रों की अर्धमागधी और बौद्ध-धर्म-ग्रन्थ की पालि भाषा है। परन्तु ये दो साहित्य-भाषाएँ और अन्यान्य समस्त प्राकृत-भाषाएँ संस्कृत के प्रभाव को उल्लंघन नहीं कर सकी हैं। इस बात का एक प्रमाण तो यह है कि इन समस्त प्राकृत-भाषाओं में संस्कृत-भाषा के अनेक शब्द अविकल रूप में गृहीत हुए हैं। ये शब्द तत्सम कहे जाते हैं। यद्यपि इन तत्सम शब्दों ने प्रथम स्तर की प्राकृत-भाषाओं से ही संस्कृत में स्थान और रक्षण पाया था, तो भी यह स्वीकार करना ही होगा कि ये सब शब्द परवर्ती काल की प्राकृत-भाषाओं में जो अपरिवर्तित रूप में व्यवहृत होते थे वह संस्कृत-साहित्य का ही प्रभाव था।

इसके अतिरिक्त, संस्कृत के ही प्रभाव से बौद्धों में एक मिश्र-भाषा उत्पन्न हुई थी। महायान-बौद्धों के महावैपुल्य-सूत्र-नामक कतिपय सूत्र ग्रन्थ हैं। ललितविस्तर, सद्धर्म-पुण्डरीक, चन्द्रप्रदीपसूत्र प्रभृति इसके अन्तर्गत हैं। इन ग्रंथों की भाषा में अधिकांश शब्द तो संस्कृत के हैं ही, अनेक प्राकृत शब्दों के आगे भी संस्कृत की विभक्ति लगाकर उनको भी संस्कृत के अनुरूप किये गए हैं। पाश्चात्य विद्वानों ने इस भाषा को 'गाथा' नाम दिया है। परन्तु यहाँ पर यह कहना आवश्यक है कि इसका यह 'गाथा' नाम असंगत है, क्योंकि यह संस्कृत-मिश्रित-प्राकृत का प्रयोग उक्त ग्रंथों के केवल पद्यांशों में ही नहीं, बल्कि गद्यांश में भी देखा जाता है। इससे इन ग्रंथों की भाषा को 'गाथा' न कहकर 'प्राकृत-मिश्र-संस्कृत' या 'संस्कृत-मिश्र-प्राकृत' अथवा संक्षेप में 'मिश्र-भाषा' ही कहना उचित है।

गाथा-भाषा

डॉ. बर्नफ और डॉ. राजेन्द्र लाल मित्र का मत है कि, 'संस्कृत भाषा, क्रमशः परिवर्तित होती हुई प्रथम गाथा भाषा के रूप में और बाद के पालि-भाषा के आकार में परिणत हुई है। इस तरह गाथा भाषा संस्कृत और पालि की मध्यवर्ती

होने के कारण इन दोनों के (संस्कृत और पालि के) लक्षणों से आक्रान्त है।' यह सिद्धान्त सर्वथा भ्रान्त है, क्योंकि हम यह पहले ही अच्छी तरह प्रमाणित कर चुके हैं कि संस्कृत-भाषा क्रमशः परिवर्तित होकर पालि-भाषा में परिणत नहीं हुई है, किन्तु पालि-भाषा वैदिक-युग की एक प्रादेशिक भाषा से ही उत्पन्न हुई है। और, गाथा-भाषा पालि-भाषा के पहले प्रचलित न थी, क्योंकि गाथा-भाषा के समस्त ग्रन्थों का रचना-काल खिस्त-पूर्व दो सौ वर्षों से लेकर खिस्त की तृतीय शताब्दी पर्यन्त का है, इससे गाथा-भाषा बहुत तो पालि-भाषा की समकालीन हो सकती है, न कि पालि-भाषा की पूर्वावस्था। यह भाषा संस्कृत के प्रभाव को कायम रखकर विभिन्न प्राकृत-भाषाओं के मिश्रण से बनी है, इसमें सन्देह नहीं है। यही कारण है कि इसके शब्दों को प्रस्तुत कोष में स्थान नहीं दिया गया है।

गाथा-भाषा का थोड़ा नमूना ललितविस्तर से यहाँ उद्धृत किया जाता है :—

"अध्रुवं त्रिभवं शरदभ्रनिभं, नटरङ्गसमा जगि जन्मि च्युति।
गिरिनद्यसमं लघुशीघ्रजवं, व्रजतायु जगे यथ विद्यु नभे ॥ १ ॥'
"उदकचन्द्रसमा इमि कामगुणाः, प्रतिबिम्ब इवा गिरिघोष यथा।
प्रतिभाससमा नटरङ्गसमास्तथ स्वप्नसमा विदितार्यजनैः ॥ १ ॥" (पृष्ठ २०४, २०६)।

बुद्धदेव और उसके सारथी की आपस में बातचीत :—

"एषो हि देव पुरुषो जरयाभिभूतः, क्षीणेन्द्रियः सुदुःखितो बलवीर्यहीनः।
बन्धुजनेन परिभूत अनाथभूतः, कार्यासमर्थ अपविद्ध वनेव दारु ॥
कुलधर्म एष अयमस्य हि त्वं भणाहि, अथवापि सर्वजगतोऽस्य इयं ह्यवस्था।
शीघ्रं भणाहि वचनं यथभूतमेतत्, श्रुत्वा तथार्थमिह योनि संचिन्तयिष्ये ॥
नैतस्य देव कुलधर्म न राष्ट्रधर्मः, सर्वे जगस्य जर यौवन धर्षयाति।
तुम्यंपि मातृपितृबान्धवज्ञातिसंघो, जरया अमुक्तं नहि अन्यगतिर्जनस्य ॥
धिक् सारथे अबुधबालजनस्य बुद्धिर्यद् यौवनेन मदमत्त जरां न पश्ये।
आवर्तयस्विह रथं पुनरहं प्रवेक्ष्ये, किं मह्य क्रीडरतिभिर्जरया श्रितस्य ॥"

संस्कृत पर प्राकृत का प्रभाव

पहले जो यह कहा जा चुका है कि वैदिक काल के मध्यदेश-प्रचलित प्राकृत से ही वैदिक संस्कृत उत्पन्न हुआ है और वह साहित्य और व्याकरण के द्वारा क्रमशः मार्जित और नियन्त्रित होकर अन्त में लौकिक संस्कृत में परिणत हुआ है; एवं प्राकृत के अन्तर्गत समस्त तत्सम शब्द संस्कृत से नहीं, परन्तु प्रथम स्तर के प्राकृत से ही संस्कृत में और द्वितीय स्तर के प्राकृत में आये हैं; प्राकृत के अन्तर्गत तद्भव शब्द भी संस्कृत से प्राकृत में गृहीत न होकर प्रथम स्तर के प्राकृत से ही क्रमशः परिवर्तित होकर परवर्ती काल के प्राकृत में स्थान पाये हैं और संस्कृत व्याकरण-द्वारा नियन्त्रित होने से वे शब्द संस्कृत में अपरिवर्तित रूप में ही रह गये हैं; इसी तरह प्राकृत के अधिकांश देशी-शब्द भी वैदिक काल के मध्यदेश-भिन्न अन्यान्य प्रदेशों के आर्य-उपनिवेशों की प्राकृत-भाषाओं से ही बाद की प्राकृत-भाषाओं में आये हैं; इससे उन्होंने (देशी शब्दों ने) मध्यदेश के प्राकृत से उत्पन्न वैदिक और लौकिक संस्कृत में कोई स्थान नहीं पाया है। इस पर से यह सहज ही समझा जा सकता है कि प्राकृत ही संस्कृत भाषा का मूल है।

अब इस जगह हम यह बताना चाहते हैं कि प्राकृत से न केवल वैदिक और लौकिक संस्कृत भाषाएँ उत्पन्न ही हुई हैं, बल्कि संस्कृत ने मृत होकर साहित्य-भाषा में परिणत होने पर भी अपनी अंग-पुष्टि के लिए प्राकृत से ही अनेक शब्दों का संग्रह किया है। ऋग्वेद आदि में प्रयुक्त वंक (वक्र), वहू (वधू), मेह (मेघ), पुराण (पुरातन), तितउ (चालनी), उच्छेक (उत्सेक), प्रभृति शब्द और लौकिक संस्कृत में प्रचलित तितउ (चालनी), आवुत्त (भगिनीपति), खुर (क्षुर), गोखुर (गोक्षुर), गुग्गुलु (गुल्गुलु), छुरिका (क्षुरिका), अच्छ (ऋक्ष), कच्छ (कक्ष), पियाल (प्रियाल), गड्ड (गरुड), चन्दिर (चन्द्र), इन्दिर (इन्द्र), शिथिल (श्लथ), मरन्द (मकरन्द), किसल (किसलय), हाला (सुराविशेष), हेवाक (व्यसन), दाढा (दंष्ट्रा), खिडक्किका (लघुद्वार, भाषा में खिड़की), जारुज (जरायुज), पुराण (पुरातन) वगैरह शब्द प्राकृत

से ही अविकल रूप में गृहीत हुए हैं और मारिष (मार्ष), जहिष्यसि (हास्यसि), ब्रूमि (ब्रवोमि), निकृन्तन (निकर्तन), लटभ (सुन्दर), प्रभृति प्राकृत के ही मूल शब्द मार्जित कर संस्कृत में लिए गए हैं।

प्राकृत-भाषाओं का उत्कर्ष

कोई भी कथ्य भाषा क्यों न हो, वह सर्वदा ही परिवर्तन-शील होती है। साहित्य और व्याकरण उसको नियम के बन्धन में जकड़कर गति-हीन और अपरिवर्तनीय करते हैं। उसका फल यह होता है कि साहित्य की भाषा क्रमशः कथ्य भाषा से भिन्न हो जाती है और जन-साधारण में अप्रचलित मृत-भाषा में परिणत होती है। साहित्य की हरकोई भाषा एक समय की कथ्य भाषा से ही उत्पन्न होती है और वह जब मृत-भाषा में परिणत होती है तब कथ्य भाषा से फिर एक नयी साहित्य की भाषा की सृष्टि होती है। इस तरह एक समय की कथ्य भाषा से ही वैदिक और लौकिक संस्कृत उत्पन्न हुई थी और वह साधारण के पक्ष में दुर्बोध होने पर अर्धमागधी, पालि आदि प्राकृत भाषाओं ने साहित्य में स्थान पाया था। ये सब प्राकृत-भाषाएँ भी समय पाकर जन-साधारण में दुर्बोध हो जाने पर संस्कृत की तरह मृत-भाषा में परिणत हो गई और भिन्न-भिन्न प्रदेश की अपभ्रंश-भाषाएँ साहित्य-भाषाओं के रूप में व्यवहृत होने लगीं। अपभ्रंश-भाषाएँ भी जब दुर्बोध होकर मृत-भाषाओं में परिणत हो चली तब हिन्दी, बंगला, गुजराती, मराठी प्रभृति आधुनिक आर्य कथ्य भाषाएँ साहित्य की भाषाओं के रूप में गृहीत हुई हैं। उक्त समस्त कथ्य भाषाएँ उस-उस युग की साहित्य की मृत-भाषाओं की तुलना में अवश्य ऐसे कतिपय उत्कर्षों से विशिष्ट होनी चाहिए जिनकी बदौलत ही ये उस-उस समय की मृत-भाषाओं को साहित्य के सिंहासन से च्युत कर उस सिंहासन को अपने अधिकार में कर पायी थीं। अब यहाँ हमें यह जानना जरूरी है कि ये उत्कर्ष कौन थे ?

हरकोई भाषा का सर्व-प्रथम उद्देश्य होता है अर्थ-प्रकाश। इसलिए जिस भाषा के द्वारा जितने स्पष्ट रूप से और जितने अल्प प्रयास से अर्थ-प्रकाश किया जाय वह उतना ही उत्कृष्ट भाषा मानी जाती है। इन दो कारणों के वश होकर ही भाषा का निरन्तर परिवर्तन साधित होता है और भिन्न-भिन्न काल में भिन्न-भिन्न कथ्य-भाषाओं से नयी-नयी साहित्य-भाषाओं की उत्पत्ति होती है। वैदिक संस्कृत क्रमशः लुप्त होकर लौकिक संस्कृत की उत्पत्ति उक्त दो कारणों से ही हुई थी। वैदिक शब्द-समूह अप्रचलित होने पर उसके अनावश्यक प्रकृति और प्रत्ययों को बाद देकर जो सहज ही समझ में आ सके वैसी प्रकृति और प्रत्ययों का संग्रह कर वैदिक भाषा से लौकिक संस्कृत की उत्पत्ति हुई थी। संस्कृत-भाषा के प्रकृति-प्रत्यय काल-क्रम से अप्रचलित होकर जब दुःख-बोध्य हो उठे तब उस समय की कथ्य भाषाओं से ही स्पष्टार्थक, सुखोच्चारण-योग्य, मधुर और कोमल प्रकृति-प्रत्ययों का संग्रह कर संस्कृत के अनावश्यक, दुर्बोध, कष्टोच्चारणीय, कठोर और कर्कश प्रकृति-प्रत्यय-सन्धि-समासों का वर्जन कर अर्धमागधी, पाली और अन्यान्य प्राकृत-भाषाएँ साहित्य-भाषाओं के रूप में व्यवहृत होने लगीं। यदि इन सब नूतन साहित्य-भाषाओं में संस्कृत की अपेक्षा अर्थ-प्रकाश की अधिक शक्ति, अल्प आयास से और सुख से उच्चारण-योग्यता प्रभृति गुण न होते तो ये कभी भी संस्कृत जैसी समृद्ध भाषा को साहित्य के सिंहासन से च्युत् करने में समर्थ न होतीं। काल-क्रम से ये सब प्राकृत-साहित्य-भाषाएँ भी जब व्याकरण-द्वारा नियन्त्रित होकर अप्रचलित और जन-साधारण में दुर्बोध हो चलीं तब उस समय प्रचलित प्रादेशिक अपभ्रंश भाषाओं ने इनको हटाकर साहित्य-भाषाओं का स्थान अपने अधिकार में किया। यहाँ पर यह प्रश्न हो सकता है कि साहित्य की प्राकृत-भाषाओं की अपेक्षा इन अपभ्रंश-भाषाओं में वह कौन-सा गुण था जिससे ये अपने पहले की प्राकृत-साहित्य-भाषाओं को परास्त कर उनके स्थान को अपने अधिकार में कर सकीं ? इसका उत्तर यह है कि कोई भी गुण चरम सीमा में पहुँच जाने पर फिर वह गुण ही नहीं रहने पाता, वह दोष में परिणत हो जाता है। संस्कृत की अपेक्षा प्राकृत-भाषाओं में यह उत्कर्ष था कि इनमें संस्कृत के कर्कश और कष्टोच्चारणीय असंयुक्त और संयुक्त व्यञ्जन वर्णों के स्थान में सब कोमल और सुखोच्चारणीय वर्ण व्यवहृत होते थे। किन्तु इस गुण की भी सीमा है, महाराष्ट्री-प्राकृत में यह गुण सीमा का अतिक्रम कर गया, यहाँतक कि संस्कृत के अनेक व्यञ्जनों का एकदम ही लोप कर उनके स्थान में स्वर-वर्णों की परम्परा-द्वारा समस्त शब्द गठित होने लगे। इससे इन शब्दों के उच्चारण सुख-साध्य होने के बदले अधिकतर कष्टसाध्य हुए, क्योंकि बीच बीच में व्यञ्जन-वर्णों से व्यवहित न होकर केवल स्वर-परम्परा का उच्चारण करना कष्टकर होता है। इस तरह प्राकृत-भाषा महाराष्ट्री-प्राकृत में आकर जब इस चरम अवस्था में उपनीत हुई तबसे ही इसका पतन अनिवार्य हो उठा। इसकी प्रतिक्रिया-

स्वरूप अपभ्रंश-भाषाओं में नूतन व्यञ्जन वर्ण बैठा कर सुखोच्चारण-योग्यता करने की चेष्टा हुई। इसका फल यह हुआ कि प्रादेशिक अपभ्रंश-भाषाएँ साहित्य की भाषाओं के रूप में उन्नीत हुईं। आधुनिक प्रादेशिक आर्य-भाषाएँ भी प्राकृत भाषाओं के उस दोष का पूर्ण संशोधन करने के लिए नूतन संस्कृत शब्दों को ग्रहण कर अपभ्रंशों के स्थान को अपने अधिकार में करके नवीन साहित्य-भाषाओं के रूप में परिणत हुई। आधुनिक आर्य-भाषाओं में पूर्व-वर्ती प्राकृतों और अपभ्रंशों की अपेक्षा उत्कर्ष यह है कि इन्होंने शब्दों के सम्बन्ध में प्राकृत और संस्कृत को मिश्रित कर उभय के गुणों का एक सुन्दर सामञ्जस्य किया है। इनके तद्भव और देश्य शब्दों में प्राकृत की कोमलता और मधुरता है और तत्सम शब्दों में संस्कृत की ओजस्विता। आधुनिक आर्य-भाषाओं में संस्कृत और प्राकृत दोनों की अपेक्षा उत्कर्ष यह है कि ये संस्कृत और प्राकृतों के अनावश्यक लिंग, वचन और विभक्तियों के भेदों का वर्जन कर, उनके बदले भिन्न भिन्न स्वतन्त्र शब्दों के द्वारा लिंग, वचन और विभक्तियों के भेदों को प्रकाशित कर और संस्कृत तथा प्राकृतों के विभक्ति-बहुल स्वभाव का परित्याग कर विश्लेषण-शील-भाषा में परिणत हुई हैं। इस तरह इन भाषाओं ने अल्प आयास से वक्ता के अर्थ को अधिकतर स्पष्ट रूप में प्रकाशित करने का मार्ग-प्रदर्शन किया है। उक्त गुणों के कारण ही आधुनिक आर्य-भाषाओं ने वैदिक, संस्कृत, प्राकृत और अपभ्रंश इन सब साहित्य-भाषाओं के स्थान पर अपना अधिकार जमाया है।

संस्कृत की अपेक्षा प्राकृत-भाषाओं में जो उत्कर्ष—गुण ऊपर बताये हैं वे अनेक प्राचीन ग्रन्थकारों ने पहले ही प्रदर्शित किये हैं। उनके ग्रन्थों से, प्राकृत के उत्कर्ष के संबन्ध में, कुछ वचन यहाँ पर उद्धृत किए जाते हैं :—

[1]"अमिअं पाउअ-कव्वं पढिउं सोउं च जे ण आणंति।
कामस्स तत्त-तत्तिं कुणंति, ते कह ण लज्जंति ? ॥ (हाल की गाथासप्तशती १, २)।

अर्थात् जो लोग अमृतोपम प्राकृत-काव्य को न तो पढ़ना जानते हैं और न सुनना जानते हैं अथच काम-तत्त्व की आलोचना करते हैं उनको शरम क्यों नहीं आती ?

'[2]उम्मिल्लइ लायण्णं पयय-च्छायाए सक्कय-वयाणं।
सक्कय-सक्कारुक्करिसणेण पययस्सवि पहावो ॥' (वाक्पतिराज का गउडवहो ६५)।

संस्कृत शब्दों का लावण्य प्राकृत की छाया से ही व्यक्त होता है; संस्कृत-भाषा के उत्कृष्ट संस्कार में भी प्राकृत का प्रभाव व्यक्त होता है।

'[3]णवमत्थ-दंसणं संनिवेस-सिसिराओ बंध-रिद्धीओ।
अविरलमिणमो आभुवण-बंधमिह णवर पययम्मि ॥' (गउडवहो ७२)।

सृष्टि के प्रारम्भ से लेकर आजतक प्रचुर परिमाण में नूतन नूतन अर्थों का दर्शन और सुन्दर रचनावाली प्रबन्ध-संपत्ति कहीं भी है तो वह केवल प्राकृत में ही।

'[4]हरिस-विसेसो वियसावओ य मउलावओ य अच्छीण।
इह बहि-हुत्तो अंतो-मुहो य हिययस्स विप्फुरइ ॥' (गउडवहो ७४)।

प्राकृत-काव्य पढ़ने के समय हृदय के भीतर और बाहर एक ऐसा अभूत-पूर्व हर्ष होता है कि जिससे दोनों आँखें एक ही साथ विकसित और मुद्रित होती हैं।

'[5]परुसो सक्कअ-बंधो पाउअ-बंधोवि होइ सुउमारो।
पुरिस-महिलाणं जेत्तिअमिहंतरं तेत्तिअमिमाणं ॥' (राजशेखर की कर्पूरमञ्जरी, अङ्क १)।

संस्कृत-भाषा कर्कश और प्राकृत भाषा सुकुमार है। पुरुष और महिला में जितना अन्तर है, इन दो भाषाओं में भी उतना ही प्रभेद है।

---

१. अमृतं प्राकृतं काव्यं पठितुं श्रोतुं च ये न जानन्ति। कामस्यतत्त्वचिन्तां कुर्वन्ति, ते कथं न लज्जन्ते ? ॥
२. उन्मीलति लावण्यं प्राकृतच्छायया संस्कृतपदानाम्। संस्कृतसंस्कारोत्कर्षणेन प्राकृतस्यापि प्रभावः ॥
३. नवामार्थदर्शनं संनिवेशशिशिरा बन्धर्द्धयः। अविरलमिदमाभुवनबन्धमिह केवलं प्राकृते ॥
४. हर्षविशेषो विकासको मुकुलीकारकश्चाक्ष्णोः। इह बहिर्मुखोऽन्तर्मुखश्च हृदयस्य विस्फुरति ॥
५. परुषः संस्कृतबन्धः प्राकृतबन्धस्तु भवति सुकुमारः। पुरुषमहिलयोर्यावदिहान्तरं तावदनयोः ॥

'गिरः श्रव्या दिव्याः प्रकृतिमधुराः प्राकृतगिरः ।
सुभव्योऽपभ्रंशः सरसरचनं भूतवचनम् ।' (राजशेखर का बालरामायण १, ११) ।

संस्कृत-भाषा सुनने योग्य है, प्राकृत भाषा स्वभाव-मधुर है, अपभ्रंश-भाषा भव्य है और पैशाची-भाषा की रचना रस-पूर्ण है।

'[1]सक्कय-कव्वस्सत्थं जेण न याणंति मंद-बुद्धीया ।
सव्वाणवि सुह-बोहं तेणेमं पाययं रइयं ।।
गुढत्थ-देसि-रहियं सुललिय-वन्नेहिं विरइयं रम्मं ।
पायय-कव्वं लोए कस्स न हियय सुहावेइ ?।। (महेश्वरसूरि का पञ्चमीमाहात्म्य) ।

सामान्य मनुष्य संस्कृत-काव्य के अर्थ को समझ नहीं पाते हैं। इसलिए यह ग्रन्थ उस प्राकृत-भाषा में रचा जाता है जो सब लोगों को सुख-बोध्य है।

गूढ़ार्थक देशी-शब्दों से रहित और सुललित पदों में रचा हुआ सुन्दर प्राकृत-काव्य किसके हृदय को सुखी नहीं करता ?

'[2]उज्झउ सक्कय-कव्वं सक्कय-कव्वं च निम्मियं जेण ।
वंस-हरं व पलित्तं तडयडतट्टत्तणं कुणइ ।।'
(वज्जालग्ग (?) से अपभ्रंशकाव्यत्रयी की प्रस्ता०, पृष्ठ ७६ में उद्धृत) ।

संस्कृत-काव्य को छोड़ो और जिसने संस्कृत-काव्य की रचना की उसका भी नाम मत लो, क्योंकि वह (संस्कृत) जलते हुए बाँस के घर की तरह 'तड़ तड़ तट्ट' आवाज करता है—श्रुतिकटु लगता है।

"[3]पाइअ-कव्वम्मि रसो जो जायइ तह व छेय-भणिएहिं ।
उययस्स य वासिय-सीयलस्स तित्तिं न वच्चामो ।।
ललिए महुरक्खरए जुवई-यण-वल्लहे स-सिंगारे ।
संते पाइय-कव्वे को सक्कइ सक्कयं पढिउं ? ।।" (जयवल्लभ का वज्जालग्ग, पृष्ठ ६)

प्राकृत-भाषा की कविता में और विदग्ध के वचनों में जो रस आता है उससे, बासी और शीतल जल की तरह, तृप्ति नहीं होती है—मन कभी ऊबता नहीं है—उत्कण्ठा निरन्तर बनी ही रहती है।

जब सुन्दर, मधुर, शृङ्गार-रस-पूर्ण और युवतियों को प्रिय ऐसा प्राकृत-काव्य मौजूद है तब संस्कृत पढ़ने को कौन जाता है ?

---

१. संस्कृतकाव्यस्यार्थं येन न जानन्ति मन्दबुद्धयः । सर्वेषामपि सुखबोधं तेनेदं प्राकृतं रचितम् ।।
गुढार्थदेशीरहितं सुललितवर्णैर्विरचितं रम्यम् । प्राकृतकाव्यं लोके कस्य न हृदयं सुखयति ? ।।

२. उज्झयतां संस्कृतकाव्यं संस्कृतकाव्यं च निर्मितं येन । वंशगृहमिव प्रदीप्तं तडतडतट्टत्वं करोति ।।

३. प्राकृतकाव्ये रसो यो जायते तथा वा छेकभणितैः । उदकस्य च वासितशीतलस्य तृप्तिं न व्रजामः ।।
ललिते मधुराक्षरके युवतिजनवल्लभे सशृंगारे । सति प्राकृतकाव्ये कः श्वक्नोति संस्कृतं पठितुम् ? ।।

इस कोष में स्वीकृत पद्धति

१. प्रथम काले टाइपों में क्रम से प्राकृत शब्द, उसके बाद सादे टाइपों में उस प्राकृत शब्द के लिङ्ग आदि का संक्षिप्त निर्देश, उसके पश्चात् काले कोष्ठ (ब्राकेट) में काले टाइपों में प्राकृत शब्द का संस्कृत प्रतिशब्द, उसके अनन्तर सादे टाइपों में हिन्दी भाषा में अर्थ और तदनन्तर सादे टाइपों में ब्राकेट में प्रमाण (रेफरेंस) का उल्लेख किया गया है।

२. शब्दों का क्रम नागरी वर्ण-माला के अनुसार इस तरह रखा गया है :—अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ए, ऐ, ओ, औ, अं, क, ख, ग आदि। इस तरह अनुस्वार के स्थान की गणना संस्कृत-कोषों की तरह पर-सवर्ण अनुनासिक व्यञ्जन के स्थान में न कर अन्तिम स्वर के बाद और प्रथम व्यञ्जन के पूर्व में ही करने का कारण यह है कि संस्कृत की तरह प्राकृत में [१]व्याकरण की दृष्टि से भी अनुस्वार के स्थान में अनुनासिक का होना कहीं भी अनिवार्य नहीं है और प्राचीन हस्त-लिखित पुस्तकों में प्रायः सर्वत्र अनुस्वार का ही प्रयोग पाया जाता है।

३. प्राकृत शब्द का प्रयोग विशेष रूप से आर्ष (अर्धमागधी) और महाराष्ट्री भाषा के अर्थ में और सामान्य रूप से आर्ष से लेकर अपभ्रंश भाषा तक के अर्थ में किया जाता है। प्रस्तुत कोष के 'प्राकृत-शब्द-महार्णव' नाम में प्राकृत-शब्द सामान्य अर्थ में ही गृहीत है। इससे यहाँ [२]आर्ष, महाराष्ट्री, शौरसेनी, अशोक-शिलालिपि, देश्य, मागधी, पैशाची, चूलिकापैशाची तथा अपभ्रंश भाषाओं के शब्दों का संग्रह किया गया है। परन्तु प्राचीनता और साहित्य की दृष्टि से इन सब भाषाओं में आर्ष और महाराष्ट्री का स्थान ऊँचा है। इससे इन दोनों के शब्द यहाँ पूर्ण रूप से लिए गये हैं और शौरसेनी आदि भाषाओं के प्रायः उन्हीं शब्दों को स्थान दिया गया है जो या तो प्राकृत (आर्ष और महाराष्ट्री) से विशेष भेद रखते हैं अथवा जिनका प्राकृत रूप नहीं पाया गया है, जैसे—'य्येव', 'विधुव', 'संपाद-इत्तअ', 'संभावीअदि' वगैरह। इस भेद की पहिचान के लिए प्राकृत से इतर भाषा के शब्दों और आख्यात-कृदन्त के रूपों के आगे सादे टाइपों में कोष्ठ में उस उस भाषा का संक्षिप्त नाम-निर्देश कर दिया गया है, जैसे [३]'(शौ)', '(मा)' इत्यादि। परन्तु शौरसेनी आदि में भी जो शब्द या रूप प्राकृत के ही समान है वहाँ ये भेद-दर्शक चिह्न नहीं दिए गए हैं।

(क) आर्ष और महाराष्ट्री से शौरसेनी आदि भाषाओं के जिन शब्दों में सामान्य (सर्व-शब्द-साधारण) भेद है उनको इस कोष में स्थान देकर पुनरावृत्ति-द्वारा ग्रन्थ के कलेवर को विशेष बढ़ाना इसलिए उचित नहीं समझा गया है कि वह सामान्य भेद प्राकृत-भाषाओं के साधारण अभ्यासी से भी अज्ञात नहीं है और वह उपोद्घात में भी उस उस भाषा के लक्षण-प्रसङ्ग में दिखा दिया गया है जिससे वह सहज ही ख्याल में आ सकता है।

(ख) आर्ष और महाराष्ट्री में भी परस्पर उल्लेखनीय भेद है। तिस पर भी यहाँ उनका भेद-निर्देश न करने का एक कारण तो यह है कि इन दोनों में इतर भाषाओं से अपेक्षा-कृत समानता अधिक है; दूसरा, प्रकृति की अपेक्षा प्रत्ययों में ही विशेष भेद हैं जो व्याकरण से सम्बन्ध रखता है, कोष से नहीं; तीसरा, जैन ग्रंथकारों ने महाराष्ट्री-ग्रंथों में भी आर्ष प्राकृत के शब्दों का अविकल रूप में अधिक व्यवहार कर उनको महाराष्ट्री का रूप दे दिया है[४]।

४. प्राकृत में यश्रुतिवाला[५] नियम खूब ही अव्यवस्थित है। प्राकृत-प्रकाश, सेतुबन्ध, गाथासप्तशती और प्राकृतपिंगल आदि में इस नियम का एकदम अभाव है जबकि आर्ष, जैन महाराष्ट्री तथा गउडवहो-प्रभृति ग्रन्थों में इस नियम का हद से ज्यादा आदर देखा जाता है; यहाँ तक कि एक ही शब्द में कहीं तो यश्रुति है और कहीं नहीं, जैसे 'पअ' और 'पय', 'लोअ' और 'लोय'। इस कोष में ऐसे शब्दों की पुनरावृत्ति न कर कोई भी (यश्रुतिवाले 'य', से रहित या सहित) एक ही शब्द लिया गया है। इससे क्रम तथा इतर समान शब्द की

---

१. देखो प्राकृतप्रकाश, सूत्र ४, १४; १७; हेमचन्द्र-प्राकृत-व्याकरण, सूत्र १, २५; और प्राकृतसर्वस्व, सूत्र, ४, २३ आदि।

२. प्राकृतसर्वस्व (पृष्ठ १-३) आदि में इनसे अतिरिक्त और भी प्राच्या, शाकारि आदि अनेक उपभेद बताए गए हैं, जिनका समावेश यहाँ शौरसेनी आदि इन्हीं मुख्य भेदों में यथास्थान किया गया है।

३. इन संक्षिप्त नामों का विवरण संकेत-सूची में देखिए।

४. इसी से डॉ. पिशल् आदि पाश्चात्य विद्वानों ने आर्ष-भिन्न जैन प्राकृत-ग्रंथों को भाषा को 'जैन महाराष्ट्री' नाम दिया है। देखो डॉ. पिशल् का प्राकृतव्याकरण और डॉ. टेसेटोरी की उपदेशमाला की प्रस्तावना।

५. हेमचन्द्र-प्राकृत-व्याकरण का सूत्र १, १८०।

तुलना की सुविधा के लिए आवश्यकतानुरूप कहीं कहीं रेफरेंसवाले शब्द के 'अ' के स्थान में 'य' और 'य' की जगह 'अ' किया गया है।

आर्ष ग्रन्थों में यश्रुतिवाले 'य' की तरह 'त' का प्रयोग भी बहुत ही पाया जाता है, जैसे 'अय' (अज) के स्थान में 'अत', 'अईअ' (अतीत) की जगह 'अतीय' आदि। ऐसे शब्दों की भी इस कोष में बहुधा पुनरावृत्ति न करके त-वर्जित शब्दों को ही विशेष रूप से स्थान दिया गया है।

६. संयुक्त शब्दों को उनके क्रमिक स्थान में अलग न देकर मूल (पूर्व भागवाले) शब्द के भीतर ही उत्तर भागवाले शब्द अकारादि क्रम से काले टाइपों में दिए गए हैं और उसके पूर्व° (ऊर्ध्व बिन्दी) का चिह्न दिया गया है। ऐसे शब्द का संस्कृत प्रतिशब्द भी काले टाइपों में° चिह्न दे कर दिए गए हैं। विशेष स्थानों में पाठकों की सुगमता के लिए संयुक्त शब्द उसके क्रमिक स्थान में अलग भी बतलाये गए हैं और उसके अर्थ तथा रेफरेंस के लिए मूल शब्द में जहाँ वे दिए गए हैं, देखने की सूचना की गई है।

(क) इन संयुक्त शब्दों में जहाँ 'देखो°——' से जिस शब्द को देखने को कहा गया है वहाँ उस शब्द के उसी मूल शब्द के भीतर देखना चाहिए न कि अन्य शब्द के अन्दर।

७. त, तण (त्व), आ, या (तल्), अर, यर, तराग (तर), अम, तम (तम) आदि सुगम और सर्वत्र-साधारण प्रत्ययवाले शब्दों में प्रत्ययों को छोड़कर केवल मूल शब्द ही यहाँ लिए गए हैं। परन्तु जहाँ ऐसे प्रत्ययों में रूप आदि की विशेषता है वहाँ प्रत्यय-सहित शब्द भी लिए गए हैं।

८. धातुओं के सब रूप सादे टाइपों में और कृदन्तों के रूप काले टाइपों में धातु के भीतर दिए गए हैं।

(क) भाव तथा कर्म-कर्तरि रूपों का निर्देश भी धातु के भीतर 'कर्म—' से ही किया गया है।[1]

(ख) भूत कृदन्त के रूप तथा अन्य आख्यात तथा कृदन्त के विशिष्ट रूप बहुधा अलग अलग अपने क्रमिक स्थान हें दिए गए हैं।

९. जिन संस्करणों से शब्द-संग्रह किया गया है उनमें रही हुई संपादन की या प्रेस की भूलों को सुधार कर शुद्ध शब्द ही यहाँ दिए गए हैं। पाठकों के ज्ञानार्थ साधारण भूलों को छोड़कर विशेष भूलवाले पाठ रेफरेंस के उल्लेख के अनन्तर-पूर्व में ज्यों के त्यों उद्धृत भी किये गए हैं और भूलवाले भाग की शुद्धि कौंस में '?' (शङ्काचिह्न) के बाद बतला दी गई है; जैसे देखो **क्षोब्भ, बब्भ** आदि शब्द।

(क) जहाँ भिन्न भिन्न ग्रंथों में या एक ही ग्रंथ के भिन्न भिन्न स्थानों में या संस्करणों में एक ही शब्द के अनेक संदिग्ध रूप पाये गए हैं और जिनके शुद्ध रूप का निर्णय करना कठिन जान पड़ा है वहाँ पर ऐसे रूपवाले सब शब्द इस कोष में यथास्थान दिए गए हैं और तुलना के लिए ऐसे प्रत्येक शब्द के अन्त भाग में 'देखो—' लिख कर इतर रूप भी सूचाया गया है; जैसे देखो '**पुक्खलच्छिभय, पोक्खलच्छिलय**'; '**पेसल, पेसलेस**; '**भयालि, सयालि**' आदि शब्द।

१०. एक ही ग्रंथ के एक या भिन्न भिन्न संस्करणों के अथवा भिन्न भिन्न ग्रंथों के पाठ-भेदों के सभी शुद्ध शब्द इस कोष में यथास्थान दिए गए हैं; जैसे—**परिउम्भुसिय** (भगवतीसूत्र २५—पत्र ६२३) और **परिंभुसिय** (भग. २५ टी—पत्र ६२५); **णिव्विदेज्ज** (भी. मा. का सूत्रकृतांग १, २, ३, १२) और **णिव्विंदेज्ज** (आ. स. का सूत्रकृतांग १, २, ३, १२); **पविरल्लिय** (आ. स. का प्रश्नव्याकरण १, ५—पत्र ६१) और **पवित्थरिल्ल** (अभिधानराजेन्द्र का प्रश्नव्याकरण १, ५), **सामकोट्ठ** (समवायांग-सूत्र, पत्र १५३) और **सामिकुट्ट** प्रवचनसारोद्धार, द्वार ७) प्रभृति।

११. संस्कृत की तरह प्राकृत में भी कम से कम शब्द के आदि के 'ब' तथा 'व' के विषय में गहरा मत-भेद है। एक की शब्द कहीं बकारादि पाया जाता है तो कहीं वकारादि। जैसे भगवतीसूत्र में 'बत्थि' है तो विपाकश्रुत में 'वत्थि' छपा है। इससे ऐसे शब्दों को दोनों स्थानों में न देकर जो 'ब' या 'व' उचित जान पड़ा है उसी एक स्थल में वह शब्द दिया गया है और उभय प्रकार के शब्दों के रेफरेंस भी वहाँ ही दिये गये हैं। हाँ, जहाँ दोनों अक्षरों के अस्तित्व का स्पष्ट रूप से उल्लेख पाया गया है वहाँ दोनों स्थलों में वह शब्द दिया गया है, जैसे '**बप्फाउल**' और '**वप्फाउल**'[1] आदि।

१२. लिङ्गादि-बोधक संक्षिप्त शब्द प्राकृत शब्द से ही संबन्ध रखते हैं, संस्कृत-प्रतिशब्द से नहीं।

(क) जहाँ अर्थ-भेद में लिङ्ग आदि का भी भेद है वहाँ उस अर्थ के पूर्व में ही भिन्न लिंग आदि का सूचक शब्द दे दिया गया है। जहाँ ऐसा भिन्न शब्द नहीं दिया है वहाँ उसके पूर्व के अर्थ या अर्थों के समान ही लिंग आदि समझना चाहिए।

---

१. देशीनाममाला ६, ६२ का टीका।

(ख) प्राकृत में लिंग-विधि खूब ही अनियमित है। प्राकृत वैयाकरणों ने भी कुछ अति संक्षिप्त परन्तु [1] व्यापक सूत्रों के द्वारा इस बात का स्पष्ट उल्लेख किया है। प्राचीन ग्रंथों में एक ही शब्द का जिस-जिस लिंग में प्रयोग जहाँ तक हमें दृष्टिगोचर हुआ है, उस-उस लिंग का निर्देश इस कोष में उस शब्द के पास कर दिया गया है। जहाँ लिंग में विशेष विलक्षणता पाई गई है वहाँ उस ग्रंथ का अवतरण भी दे दिया गया है।

(ग) जहाँ स्त्रीलिंग का विशेष रूप पाया गया है वहाँ उस अर्थ के बाद 'स्त्री—' निर्देश करके रेफरेंस के साथ दिया गया है।

(घ) प्राकृत में अनेक ग्रंथों में अव्यय के बाद विभक्ति का प्रयोग पाया जाता है। इससे ऐसे स्थानों में अव्यय-सूचक 'अ' के बाद प्रायः लिंग बोधक शब्द भी दिया गया है; जैसे 'बला' के बाद 'अ. स्त्री' = (अव्यय तथा स्त्रीलिंग)।

१३. देश्य शब्दों के संस्कृत-प्रतिशब्द के स्थान में केवल देश्य का संक्षिप्त रूप 'दे' ही काले टाइपों में कोष्ठ में दिया गया है।

(क) जो धातु वास्तव में देश्य होने पर भी प्राकृत के प्रसिद्ध-प्रसिद्ध व्याकरणों में संस्कृत धातु के आदेश कह कर तद्भव बतलाये गये हैं उनके संस्कृत-प्रतिशब्द के स्थान में 'दे' न देकर प्राचीन वैयाकरणों की मान्यता बतलाने के उद्देश्य से वे वे आदेशि संस्कृत रूप ही दिये गये हैं। इससे संस्कृत से बिलकुल विसदृश रूपवाले इन देश्य धातुओं को वास्तविक तद्भव समझने की भूल कोई न करे।

(ख) जो धातु तद्भव होने पर भी प्राकृत-व्याकरणों में उसको अन्य धातु का आदेश बतलाया गया है उस धातु के व्याकरण-प्रदर्शित आदेशि संस्कृत रूप के बाद वास्तविक संस्कृत रूप भी दिखलाया गया है यथा पेच्छ के [दृश् , प्र + ईक्ष्] आदि।

(ग) प्राचीन ग्रंथों में जो शब्द देश्य रूप से माना गया है परन्तु वास्तव में जो देश्य न होकर तद्भव ही प्रतीत होता है, ऐसे शब्दों का संस्कृत-प्रतिशब्द दिया गया है और प्राचीन मान्यता बतलाने के लिए संस्कृत प्रतिशब्द के पूर्व में 'दे' दिया गया है।

(घ) जो शब्द वास्तव में देश्य ही है, परन्तु प्राचीन व्याख्याकारों ने उसको तद्भव बतलाते हुए उसके जो परिमार्जित—छिल-छाल कर बनाये हुए संस्कृत—रूप अपने ग्रंथों में दिये हैं, परन्तु जो संस्कृत-कोषों में नहीं पाये जाते हैं, ऐसे संस्कृत-प्रतिरूपों को यहाँ स्थान न देते हुए केवल 'दे' ही दिया गया है।

(ङ) जो शब्द देश्य रूप से संदिग्ध है उसके प्रतिशब्द के पूर्व में 'दे' भी दिया है।

१४. प्राचीन व्याख्याकारों के दिये हुए संस्कृत-प्रतिशब्द से भी जो अधिक समानतावाला संस्कृत प्रतिशब्द है वही यहाँ पर दिया गया है, जैसे 'ण्हाणिय' के प्राचीन प्रतिशब्द 'स्नापित' के बदले 'स्नानित'।

१५. अनेक अर्थवाले शब्दों के प्रत्येक अर्थ १, २, ३ आदि अंकों के बाद क्रमशः दिये गये हैं और प्रत्येक अर्थ के एक या अनेक रेफरेंस उस अर्थ के बाद सादे ब्राकेट में दिये हैं।

(क) धातु के भिन्न-भिन्न रूपवाले रेफरेंसों में जो-जो अर्थ पाये गये हैं वे सब १, २, ३ के अंकों से देकर क्रमशः धातु के आख्यात तथा कृदन्त के रूप दिये गये हैं और उस-उस रूपवाले रेफरेंस का उल्लेख उसी रूप के बाद ब्राकेट में कर दिया गया है।

(ख) जिस शब्द का अर्थ वास्तव में सामान्य या व्यापक है, किन्तु प्राचीन ग्रंथों में उसका प्रयोग प्रकरण-वश विशेष या संकीर्ण अर्थ में हुआ है, ऐसे शब्द का सामान्य या व्यापक अर्थ ही इस कोष में दिया गया है; यथा—'हत्थिचग' का प्रकरण-वश होता 'हाथ के योग्य आभूषण' यह विशेष अर्थ यहाँ पर न देकर 'हाथ-सम्बन्धी' यह सामान्य अर्थ ही दिया गया है। 'णक्खत्त (नाक्षत्र)' आदि तद्धितान्त शब्दों के लिए भी यही नियम रखा गया है।

१६. शब्द-रूप, लिंग, अर्थ की विशेषता या सुभाषित की दृष्टि से जहाँ अवतरण देने की आवश्यकता प्रतीत हुई है वहाँ पर वह, पर्याप्त अंश में, अर्थ के बाद और रेफरेंस के पूर्व में दिया गया है।

(क) अवतरण के बाद कोष्ठ में जहाँ अनेक रेफरेंसों का उल्लेख है वहाँ पर केवल सर्व-प्रथम रेफरेंस का ही अवतरण से संबन्ध है, शेष का नहीं।

१७. एक ही ग्रंथ के जिन अनेक संस्करणों का उपयोग इस कोष में किया गया है, रेफरेंस में साधारणतः संस्करण-विशेष का उल्लेख न करके केवल ग्रंथ का ही उल्लेख किया गया है। इससे ऐसे रेफरेंसवाले शब्द को सब संस्करणों का या संस्करण-विशेष का समझना चाहिए।

---

१. हेमचन्द्र-प्राकृत-व्याकरण, सूत्र १, ३३ से ३५।

(क) जहाँ पर संस्करण-विशेष के उल्लेख की खास आवश्यकता प्रतीत हुई है वहाँ पर रेफरेंस की संकेत-सूची में दिये हुए संस्करण के १, २ आदि अंक रेफरेंस के पूर्व में दिये हैं; जैसे पेसल और पेसलेस शब्दों के रेफरेंस 'आचा' के पूर्व में '२' का अंक आगमोदय-समिति के संस्करण का और '३' का अंक प्रो॰ रवजी भाई के संस्करण का बोधक है।

१८. जहाँ कहीं प्राकृत के किसी शब्द के रूप की, अर्थ की अथवा संयुक्त शब्द आदि की समानता या विशेषता के लिये प्राकृत के ही ऐसे शब्दान्तर की तुलना बतलाना उपयुक्त जान पड़ा है वहाँ पर रेफरेंस के बाद 'देखो—' से उस शब्द को देखने की सूचना की गई है।

१९. जहाँ कहीं 'देखो' के बाद काले टाइपों में दिये हुए प्राकृत शब्द के अनन्तर सादे टाइपों में लिंगादि-बोधक या संस्कृत-प्रतिशब्द दिया गया है वहाँ उसी लिंग आदिवाले या संस्कृत प्रतिशब्दवाले ही प्राकृत शब्द से मतलब है, न कि उसके समान इतर प्राकृत शब्द से। जैसे अ शब्द के 'देखो च अ' के च से पुंलिंग च को छोड़कर दूसरा ही अव्यय-भूत च शब्द, और ओसार के 'देखो ऊसार=उत्सार' के 'ऊसार' से तीसरा ही ऊसार शब्द देखना चाहिए; पहले, दूसरे और चौथे ऊसार शब्द को नहीं।

उक्त नियमों से अतिरिक्त जिन नियमों का अनुसरण इस कोष में किया गया है वे आधुनिक नूतन पद्धति के संस्कृत आदि कोषों के देखनेवालों से परिचित और सुगम होने के कारण खुलासे की जरूरत नहीं रखते।

पाइअ-सद्द-महण्णवो।

(प्राकृत-शब्द-महार्णवः)

णासिअ-दोस-समूहं, भासिअणेगंतवाय-ललिअत्थं।
पासिअ-लोआलोअं, वंदामि जिणं महावीरं ॥ १ ॥

निक्कित्तिम-साउ-पयं, अइसइअं सयल-वाणि-परिणमिरं।
वायं अवाय-रहिअं, पणमामि जिणिंद-देवाणं ॥ २ ॥

पाइअ-भासामइअं, अवलोइअ सत्थ-सत्थमइविउलं।
सद्द-महण्णव-णामं, रएमि कोसं स-वण्ण-कम्मं ॥ ३ ॥

अ

अ पुं [अ] १ प्राकृत वर्ण-माला का प्रथम अक्षर (हे १, १; प्रामा)। २ विष्णु, कृष्ण (से १, १)।

अ देखो च अ (श्रा १४, जी २; पउम ११३, १४; कुमा)।

अ [दे] देखो इव; 'चंदो अ' (प्राकृ ७६)।

अ° अ [अ°] निम्न-लिखित अर्थों में से, प्रकरण के अनुसार, किसी एक को बतलानेवाला अव्यय—१ निषेध, प्रतिषेध; 'अइंसण' (सुर ७, २४८), 'सव्वनिसेहे मश्रोऽकारो' (विसे १२३२)। २ विरोध, उल्टापन; 'अधम्म' (णाया १, १८)। ३ अयोग्यता, अनुचितपन; 'अयाल' (पउम २२,८५)। ४ अल्पता, थोड़ापन; 'अधण' (गउड); 'अचेल' (सम ४०)। ५ अभाव, अविद्यमानता; 'अगुण' (गउड)। ६ भेद, भिन्नता; 'अमणुस्स' (णंदि)। ७ साहश्य, तुल्यता; 'अचक्खुदंसण' (सम १५)। ८ अप्रशस्तता, बुरापन; 'अभाइ' (चारु २६)। ९ लघुपन, छोटाई; 'अतड' (बृह १)।

°अ पुं [क] १ सूर्य, सूरज (से ७, ४३)। २ अग्नि, आग। ३ मयूर, मोर (से ६,४३)। ४ न. पानी, जल (से १,१)। ५ शिखर, टोंच (से ६,४३)। ६ मस्तक, सिर (से ६,१८)।

अट्ठाण न [अस्थान] १ अयोग्य स्थान (ठा ६; विसे ८४५)। २ कुत्सित स्थान, वेश्या का मुहल्ला वगैरह (वव२)। ३ अयोग्य, गैरव्याजबी 'अट्ठाणमेयं कुसला वयंति, दगेण जे सिद्धिमुयाहरंति' (सूअ १, ७)।

अट्ठाण न [आस्थान] सभा, सभा-गृह (ठा ५, १)।

अट्ठाणउइ स्त्री [अष्टानवति] अठानबे, ९८ (सम ९९)।

अट्ठाणउय वि [अष्टानवत] अठानबेवाँ, ९८वाँ (पउम ९८, ७८)।

अट्ठाणवइ देखो अट्ठाणउइ (कुप्र २१६)।

अट्ठाणिय वि [अस्थानिक] अपात्र, अनाश्रय; 'अट्ठाणिए होइ बहू गुणाणं, जेणणाणसंकाइ मुसं वएज्जा' (सूअ १, १३)।

अट्ठायमाण वकृ [अतिष्ठत्] नहीं बैठता हुआ (पंचा १६)।

अट्ठार, अट्ठारस त्रि. ब. [अष्टादशन्] संख्या विशेष, अठारह (पउम ३५, ७९; संति ९)। °विह वि [°विध] अठारह प्रकार का (सम ३५)।

अट्ठारसग न [अष्टादशक] १ अठारह का समूह (पंचा १४, ३)। २ वि. जिसका मूल्य अठारह मुद्रा हो वह (पव १११)।

अट्ठारसम वि [अष्टादश] १ अठारहवाँ (पउम १८,५८)। २ न. लगातार आठ दिनों का उपवास (णाया १, १)।

अट्ठारसिय वि [अष्टादशिक] अठारह वर्ष की उम्र का (वव ४)।

अट्ठारह, अट्ठाराह देखो अट्ठार (षड्; पिंग)।

अट्ठावण्ण, अट्ठावन्न स्त्रीन [अष्टापञ्चाशत्] संख्या-विशेष, पचास और आठ, ५८ (पि २६५; सम ७४)।

अट्ठावन्न वि [अष्टापञ्चाश] अठावनवाँ (पउम ५८, १९)।

अट्ठावय पुं [अष्टापद] १ स्वनाम-ख्यात पर्वत-विशेष, कैलास (पण्ह १, ४)। २ न. एक जाति का जुआ (पण्ह १,४)। ३ द्यूत-फलक, जिस पर जुआ खेला जाता है वह (पण्ह १, ४)। ४ सुवर्ण, सोना (धण ८)। °सेल पुं [°शैल] १ मेरु-पर्वत। २ स्वनाम-ख्यात पर्वत-विशेष, जहाँ भगवान् ऋषभदेव निर्वाण पाये थे; 'जम्मि तुमं अहिसित्तो, जत्थ य सिवसुक्खसंपयं पत्तो। ते अट्ठावयसेला, सीसामेला गिरिकुलस्स' (धण ८)।

अट्ठावय न [**अर्थपद**] गृहस्थ (दस ३,४)।

अट्ठावय न [**अर्थपद**] अर्थ-शास्त्र, संपत्ति-शास्त्र (सूअ १,६ पण्ह १,४)।

अट्ठावीस स्त्रीन [**अष्टाविंशति**] अठाईस, २८ (पि ४४२, ४४५)।

अट्ठावीसइ स्त्री [**अष्टाविंशति**] संख्या-विशेष, अठाईस, २८। **°विह** वि [**°विध**] अठाईस प्रकार का (पि ४५१)।

अट्ठावीसइम वि [**अष्टाविंश**] १ अठाईसवाँ (पउम २८, १४१)। २ न. तेरह दिनों के लगातार उपवास (णाया १,१)।

अट्ठासट्ठि स्त्री [**अष्टाषष्टि**] संख्या-विशेष, अठसठ, ६८ (पिंग)।

अट्ठासि, **अट्ठासीइ** स्त्री [**अष्टाशीति**] संख्या-विशेष अठासी, ८८ (पिंग; सम ७३)।

अट्ठासीय वि [**अष्टाशीत**] अठासीवाँ (पउम ८८, ४४)।

अट्ठाह न [**अष्टाह**] आठ दिन (णाया १,८)।

अट्ठाहिया स्त्री [**अष्टाह्निका**] १ आठ दिनों का एक उत्सव (पंचा ८)। २ उत्सव (णाया १,८)।

अट्ठि वि [**अर्थिन्**] प्रार्थी, गरजवाला, अभिलाषी (आचा)।

अट्ठि पुं [**अस्थि**] १ हड्डी, हाड़; 'अयं अट्ठी' (सूअ २, १, १६)। २ फल की गुट्ठी (दस ५,१,७३)।

अट्ठि, **अट्ठिग**, **अट्ठिय** स्त्रीन [**अस्थि, °क**] १ हड्डी, हाड़ (कुमा; पण्ह १, ३)। २ जिसमें बीज उत्पन्न न हुए हों ऐसा अपरिपक्व फल (बृह १)। ३ पुं. कापालिक, 'अट्ठी विज्जा कुच्छियभिक्खू' (बृह १; वव २)। **°मिंजा** स्त्री [**°मिञ्जा**] हड्डी के भीतर का रस (ठा ३,४)। **°सरक्ख** पुं [**°सरजस्क**] कापालिक (वव ७)। **°सेण** न [**°षेण**] १ वत्स-गोत्र की शाखारूप एक गोत्र। २ पुं. इस गोत्र का प्रवर्तक पुरुष और उसकी सन्तान (ठा ७)।

अट्ठिय वि [**अर्थिक**] १ गरजू, याचक, प्रार्थी (सूअ १, २, ३)। २ अर्थ का कारण, अर्थ सम्बन्धी। ३ मोक्ष का हेतु, मोक्ष का कारण-भूत; 'पसन्ना लाभइस्संति विउलं अट्ठियं सुयं' (उत्त १)।

अट्ठिय वि [**आर्थिक**] १ अर्थ का कारण, अर्थ-सम्बन्धी। २ मोक्ष का कारण (उत्त १)।

अट्ठिय वि [**अर्थित**] अभिलषित, प्रार्थित (उत्त १)।

अट्ठिय वि [**अस्थित**] १ अव्यवस्थित, अनियमित (पण्ह १, ३)। २ चंचल, चपल (से २, २४)।

अट्ठिय वि [**आस्थिक**] हड्डी-सम्बन्धी, हाड़ का; 'अट्ठियं रसं सुणआ' (भत्त १४२)।

अट्ठिय वि [**आस्थित**] स्थित, रहा हुआ, (से १, ३५)।

अट्ठिय पुं [**अस्थिक**] १ वृक्ष-विशेष। २ न. फल-विशेष, अस्थिक वृक्ष का फल (दस ५, १, ७३)।

अट्ठिल्लय पुं [**अस्थि**] फल की गुट्ठी (पिंड ६०३)।

अट्ठुत्तर वि [**अष्टोत्तर**] आठ से अधिक (औप)। **°सय** न [**°शत**] एक सौ और आठ (काल)। **°सय** वि [**°शततम**] एक सौ आठवाँ (पउम १०८, ५०)।

अड, **अड** देखो **अट्ठ** = अष्टन् (पिंग; पि ४४२; ४४६; भग; सम १३४)।

अड सक [**अट्**] भ्रमण करना, फिरना; 'अडति संसारे' (पण्ह १,१)। वकृ. **अडमाण** (णाया १, १४)।

अड पुं [**अवट**] १ कूप, इनारा (पाअ)। २ कूप के पास पशुओं के पानी पीने के लिए जो गर्त किया जाता है वह (हे १, २७१)। **°अड** देखो **तड** = तट (गा ११७; से १, ५५)।

अडइ, **अडई** स्त्री [**अटवि, °वी**] भयानक जंगल, वन (सुपा १८१, नाट)।

अडडडिभय न [**दे**] विपरीत मैथुन (दे १, ४२)।

अडखम्म सक [**दे**] संभालना, रक्षण करना। कर्म. 'अडखम्मिज्जंति सवरिआहि वणे' (दे १, ४१)।

अडखम्मिअ वि [**दे**] संभाला हुआ, रक्षित (दे १,४१)।

अडड न [**अटट**] 'अटटांग' को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह (ठा ३, ४)।

अडडंग न [**अटटाङ्ग**] संख्या-विशेष, 'तुडिय' या 'महातुडिय' को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह (ठा ३, ४)।

अडण न [**अटन**] भ्रमण, घूमना (ठा ६)।

अडणि स्त्री [**दे**] मार्ग, रास्ता (दे १, १६)।

अडपल्लण न [**दे**] वाहन-विशेष (जीव)।

अडयणा, **अडया** स्त्री [**दे**] कुलटा, व्यभिचारिणी स्त्री (दे १, १८; पाअ; गा २०४; ६६२; वज्जा ८६)।

अडयाल न [**दे**] प्रशंसा, तारीफ (पण्ण २)।

अडयाल, **अडयालीस** स्त्रीन [**अष्टचत्वारिंशत्**] अठतालीस, ४८ की संख्या (जीव ३; सम ७०)। **°सय** न [**°शत**] एक सौ और अठतालीस, १४८ (कम्म २, २५)।

अडवडण न [**दे**] स्खलना, रुक-रुक चलना, 'तुरयावि परिस्संता अडवडणं काउमारद्धा' (सुपा ६४५)।

अडव, **अडवी** स्त्री [**अटवि, °वी**] भयंकर जंगल, गहरा वन (पण्ह १, १; महा)।

अडसट्ठि स्त्री [**अष्टषष्टि**] अठसठ (पि ४४२)। **°म** वि [**°तम**] अठसठवाँ (पउम ६८,५१)।

अडाड पुं [**दे**] बलात्कार, जबरदस्ती (दे १, १९)।

अडिल्ल पुं [**अटिल**] एक जाति का पक्षी (पण्ण १)।

अडिल्ला स्त्री [**अडिल्ला**] छन्द-विशेष (पिंग)।

अडोलिया स्त्री [**अटोलिका**] १ एक राज-पुत्री, जो युवराज की पुत्री और गर्दभराज की बहिन थी। २ मूषिका, चूही (बृह १)।

अडोविय वि [**अटोपित**] भरा हुआ (पण्ह १, ३)।

अड्ड वि [**दे**] जो आड़े आता हो, बीच में बाधक होता हो वह; 'सो कोहाडओ अड्डो आवडिओ' (उप १४६ टी)।

अड्डुक्ख सक [**क्षिप्**] फेंकना, गिराना। **अड्डुक्खइ** (हे ४, १४३; षड्)।

अड्डुक्खिय वि [**क्षिप्त**] फेंका हुआ (कुमा)।

अड्डुण न [**अड्डुन**] १ चर्म, चमड़ा। २ ढाल, फलक; 'नवमुग्गवण्णअड्डुणढक्किआजाणुभीसणसरीरा' (सुर २, ५)।

अड्डिअ वि [**दे**] आरोपित (वव १ टी)।

अड्डिया स्त्री [**अड्डिका**] मल्लों की क्रिया-विशेष (विसे ३३५७)।

अड्ढ देखो **अद्ध** = अर्ध (हे २,४१; चंद १०; सुर ६, १२६; महा)।

अड्ढ वि [आढ्य] १ संपन्न, वैभव-शाली, धनी (पाअ; उवा)। २ युक्त, सहित (पंचा १२)। ३ पूर्ण, परिपूर्ण; 'विगुणमवि गुणड्ढं' (प्रासू ७१)।

अड्ढअक्कली स्त्री [दे] देखो **अट्टयक्कली** (दे १, ४५)।

अड्ढत्त वि [आरब्ध] शुरू किया हुआ, प्रारब्ध (से १३, ६)।

अड्ढाइज्ज, अड्ढाइय वि [अर्धतृतीय] ढाई (सम १०१; सुर १,४४; भवि; विस १४०१)।

°**अड्ढिय** वि [कृष्ट] खींचा हुआ (से ५,७२)।

अड्ढुट्ठ वि [अर्धचतुर्थ] साढ़े तीन, 'अड्ढुट्ठाइं सयाइं' (पि ४५०)।

अड्ढेज्ज न [आढ्यत्व] धनीपन, श्रीमंताई (ठा १०)।

अड्ढेज्जा स्त्री [आढ्येज्या] श्रीमंत से किया हुआ सत्कार (ठा १०)।

अड्ढोरुग पुं [अर्धोरुक] जैन साध्वियों के पहनने का एक वस्त्र (ओघ ३१५)।

अढ (अप) देखो **अट्ठ** = अष्टन् (पि ६७;३०४; ४४२; ४४५)।

अढाइस (अप) स्त्रीन [अष्टाविंशति] संख्या-विशेष, अठाईस, २८ (पि ४४५)।

अढारसग देखो **अट्ठारसग** (पिंड ४०२)।

अढारसम देखो **अट्ठारसम** (भग १८; णाया १, १८)।

अण अ [°अ, अन्°] देखो अ° (हे २,१६०; से ११, ६४)।

अण सक [अण्] १ आवाज करना। २ जाना। ३ जानना। ४ समझाना। अणइ (विसे ३४४१)।

अण पुं [अण] १ शब्द, आवाज। २ गमन, गति (विसे ३४४०)। ३ कषाय, क्रोध आदि आन्तर शत्रु (विसे १२८७)। ४ गाली, आक्रोश, अभिशाप (तंदु)। ५ न. पाप (पण्ह १, १)। ६ कर्म (आचा)। ७ वि. कुत्सित, खराब (विसे २७६७ टी)।

अण पुं [अन] देखो **अणंताणुबंधि** (कम्म २, ५; १४; २६)।

अण पुं [अनस्] शकट, गाड़ी (धर्म २)।

अण देखो **अण्ण** = अन्य; 'अणहिअआवि पिआणं' (से ११, १६; २०)।

अण न [ऋण] १ करजा, ऋण (हे १,१४१)। २ कर्म (उत्त १)। °**धारग** वि [°धारक] करजदार, ऋणी (णाया १, १७)। °**बल** वि [°बल] उत्तमर्ण, लेनदार (पण्ह १, २)। °**भंजग** वि [°भञ्जक] देउलिया (पण्ह १,३)।

°**अण** देखो **गण** (से ६, ६६)।

°**अण** देखो **जण**; 'अणणं महिलाअणं रमंतस्स' (गा ४४); 'गुरुअणपरवस पिअ किं (काप्र ६१); 'दासअणाणं' (अच्चु ३२)।

°**अण** देखो **तण** (से ६, ६६)।

°**अणअरद** देखो **अणवरय** (नाट)।

अणइवर वि [अनतिवर] जिससे बढ़कर दूसरा न हो, सर्वोत्तम; 'अच्छराओ...... अणइवरसोमचारुरूवाओ' (औप)।

अणइवुट्ठि स्त्री [अनतिवृष्टि] अवृष्टि, वर्षा का अभाव; 'दुब्भिक्खडमरदुम्मारिईइअइवुट्ठी अणइवुट्ठी य' (संबोध २)।

अणईइ वि [अनीति] ईति-रहित, शलभादि-कृत उपद्रव से रहित 'अणईइपत्ता' (औप)।

अणंग पुं [अनङ्ग] १ काम, विषयाभिलाष, रमणेच्छा (श्रा १६; आव ६)। २ कामदेव, मन्मथ (गा २३३; गउड; कप्पू)। ३ एक राज-कुमार, जो आनन्दपुर के राजा जीतारि का पुत्र था (गच्छ २)। ४ न. विषय-सेवन के मुख्य अंगो के अतिरिक्त स्तन, कुक्षि, मुख आदि अंग (ठा ५, २)। ५ बनावटी लिंग आदि (ठा ५, २)। ६ बारह अंग-ग्रन्थों से भिन्न जैन शास्त्र (विसे ८४४)। ७ वि. शरीर-रहित, अंग-हीन, मृत, 'पहरइ कह णु अणंगो, कह णु हु विधंति कोसुमा बाणा' (गउड);'पईवमज्झे पडई पयंगो, रूवाणुरत्तो हवई अणंगो' (सत्त ४८)। °**घरिणी** स्त्री [°गृहिणी] रति, कामदेव की पत्नी (सुपा ६६७)। °**पडिसेविणी** स्त्री [°प्रतिषेविणी] अमर्यादित रीति से विषय-सेवन करनेवाली स्त्री (ठा ५, २)। °**पविट्ठ** न [°प्रविष्ट] बारह अंग-ग्रन्थों से भिन्न जैन ग्रन्थ (विसे ५२७)। °**बाण** पुं [°बाण] काम के बाण (गा ७४८)। °**लवण** पुं [°लवन] रामचन्द्रजी का एक पुत्र, लव (पउम ६७,६)। °**सर** पुं [°शर] काम के बाण (गा १०००)। °**सेणा** स्त्री [°सेना] द्वारका की एक विख्यात गणिका (णाया १, ५, १६)।

अणंत पुं [अनन्त] चालू अवसर्पिणी काल के चौदहवें तीर्थंकर-देव, 'विमलमणंतं च जिणं' (पडि)। २ विष्णु, कृष्ण (पउम ५, १२२)। ३ शेष नाग (से ६,८६)। ४ जिसमें अनन्त जीव हों ऐसी वनस्पति कन्द-मूल वगैरह (ओघ ४१)। ५ न. केवल-ज्ञान (णाया १, ८)। ६ आकाश (भग २ , २)। ७ वि. नाश-वर्जित, शाश्वत (सूअ १,१,४; पण्ह १,३)। ८ निःसीम, अपरिमित, असंख्य से भी कहीं अधिक (विसे)। ९ प्रभूत, बहुत, विशेष (प्रासू २६; ठा ४,१)। °**काइय** वि [°कायिक] अनन्त जीववाली वनस्पति, कन्द-मूल आदि (धर्म २)। °**काय** पुं [°काय] कन्द-मूल आदि अनन्त जीववाली वनस्पति (पण्ण १)। °**खुत्तो** अ [°कृत्वस्] अनन्त बार (जी ४४)। °**जीव** पुं [°जीव] देखो °**काइय** (पण्ण १)। °**जीविय** वि [°जीविक] देखो °**काइय** (भग ८,३)। °**णाण** न [°ज्ञान] केवल-ज्ञान (दस २)। °**णाणि** वि [°ज्ञानिन्] केवल-ज्ञानी, सर्वज्ञ (सूअ १, ६)। °**दंसि** वि [°दर्शिन्] सर्वज्ञ (पउम ४८, १०५)। °**पासि** वि [°दर्शिन्] ऐरवत क्षेत्र के बीसवें जिन-देव (तित्थ)। °**मिस्सिया** स्त्री [°मिश्रिका] सत्यमिश्र भाषा का एक भेद; जैसे अनन्तकाय से भिन्न प्रत्येक वनस्पति से मिली हुई अनन्तकाय को भी अनन्तकाय कहना (पण्ण ११)। °**मीसय** न [°मिश्रक] देखो °**मिस्सिया** (ठा १०)। °**रह** पुं [°रथ] विख्यात राजा दशरथ के बड़े भाई का नाम (पउम २२, १०१)। °**विजय** पुं [°विजय] भरतक्षेत्र के २४ वें और ऐरवत क्षेत्र के बीसवें भावी तीर्थंकर का नाम (सम १५४)। °**वीरिय** वि [°वीर्य] १ अनन्त बलवाला। २ पुं. एक केवलज्ञानी मुनि का नाम (पउम १४,१५८)। ३ एक ऋषि, जो कार्तवीर्य के पिता थे (आचू १)। ४ भरतक्षेत्र के एक भावी तीर्थंकर का नाम (ती २१)। °**संसारिय** वि [°संसारिक] अनन्त काल तक संसार में जन्म-मरण पानेवाला (उप ३८४)। °**सेण** पुं [°सेन] १ चौथा

कुलकर (सम १५०)। २ एक अन्तकृद् मुनि (अंत ३)।

अणंतइ पुं [अनन्तजित्] चालू काल के चौदहवें जिन-देव; (पउम ५, १४८)।

अणंतग } १ देखो **अणंत** (ठा ५,३)। २ न. **अणंतय** } वस्त्र-विशेष (ओघ ३६)। ३ पुं. ऐरवत क्षेत्र के एक जिनदेव (सम १५३)।

अणंतय न [अनन्तक] वस्त्र, कपड़ा (पव २)।

अणंतर वि [अनन्तर] १ व्यवधान-रहित, अव्यवहित; 'अणंतरं चयं चइत्ता' (णाया १,८)। २ पुं. वर्तमान समय (ठा १०)। ३ क्रिवि. बाद में, पीछे (विपा १, १)।

अणंतरहिय वि [अनन्तर्हित] १ अव्यवहित, व्यवधान-रहित (आचा)। २ सजीव, सचित्त, चेतन (निचू ७)।

अणंतसो अ [अनन्तशस्] अनन्त बार (दं ४५)।

अणंताणुबंधि पुं [अनन्तानुबन्धिन्] अनन्त काल तक आत्मा को संसार में भ्रमण करानेवाले कषायों की चार चौकड़ियों में प्रथम चौकड़ी, अतिप्रचंड क्रोध, मान, माया और लोभ (सम १६)।

अणंस वि [अनंश] अखण्ड (धर्मसं ७०६)।

अणक्क पुं [दे] १ एक म्लेच्छ देश। २ एक म्लेच्छ जाति (पण्ह १, १)।

अणक्ख पुं [दे] १ रोष, गुस्सा, क्रोध (सुपा १३;१३०;६१०; भवि)। २ लज्जा (स ३७६)।

अणक्खर न [अनक्षर] श्रुत-ज्ञान का एक भेद—वर्ण के बिना संपर्क के, छींकना, चुटकी बजाना, सिर हिलाना आदि संकेतों से दूसरे का अभिप्राय जानना (णंदि)।

अणगार वि [अनगार] १ जिसने घर-बार त्याग किया हो वह, साधु, यति, मुनि (विपा १, १; भग १७, ३)। २ घर-रहित, भिक्षुक, भीखमँगा (ठा ६)। ३ पुं. भरतक्षेत्र के भावी पाँचवें तीर्थंकर का एक पूर्वभवीय नाम (सम १५४)।

°**सुय** न [°श्रुत] 'सूत्रकृतांग' सूत्र का एक अध्ययन (सूअ २, ५)।

अणगार वि [ऋणकार] १ करजा करनेवाला। २ दुष्ट शिष्य, अपात्र (उत्त १)।

अणगार वि [अनाकार] आकृति-शून्य, आकार-रहित; 'उवलंभव्ववहाराभावओ नाणगारं च' (विसे ६५)।

अणगारि पुं [अनगारिन्] साधु, यति, मुनि (सम ३७)।

अणगारिय वि [आनगारिक] साधु-संबन्धी, मुनि का (विसे २६७३)।

अणगाल पुं [अकाल] दुर्भिक्ष, अकाल (बृह ३)।

अणगिण वि [अनग्न] १ जो नंगा न हो, वस्त्रों से आच्छादित। २ पुं. कल्पवृक्ष की एक जाति, जो वस्त्र देता है (तंदु)।

अणग्घ देखो **अनघ** (कुप्र १)।

अणग्घ वि [ऋणघ्न] ऋण-नाशक, कर्म-नाशक (दंस)।

अणग्घ } वि [अनर्घ्य] १ अमूल्य, बहुमूल्य, **अणग्घेय** } कीमती (आव ४); 'रयणाइं अणग्घेयाइं हुंति पंचप्पयारवण्णाइं' (उप ५६७ टी; स ८०)। २ महान्, गुरु। ३ उत्तम, श्रेष्ठ; 'तं भगवंतं अणहं नियसत्तीए अणग्घभत्तीए, सक्कारेमि' (विवे ६५; ७१)।

अणघ वि [अनघ] शुद्ध, निर्मल, स्वच्छ (पंचव ४)।

अणच्छ देखो **करिस** = कृष्। अणच्छइ (हे ४, १८७)।

अणच्छिआर वि [दे] अच्छिन्न, नहीं छेदा हुआ (दे १, ४४)।

अणज्ज वि [अन्याय्य] अयोग्य, जो न्याय-युक्त नहीं (पण्ह १, १)।

अणज्ज वि [अनार्य] आर्य-भिन्न, दुष्ट, खराब, पापी (पण्ह १, १; अभि १२३)।

अणज्जव (अप) ऊपर देखो। °**खंड** पुं [°खण्ड] अनार्य देश, (भवि ३१२, २)।

अणज्झवसाय पुं [अनध्यवसाय] अव्यक्त ज्ञान, अति सामान्य ज्ञान (विसे ६२)

अणज्झाय पुं [अनध्याय] १ अध्ययन का अभाव। २ जिसमें अध्ययन निषिद्ध है वह काल (नाट)।

अणट्ट वि [अनार्त] आर्त-ध्यान से रहित, 'अणट्टा किति पव्वए' (उत्त १८, ५०)।

अणट्ठ पुं [अनर्थ] १ नुकसान, हानि (णाया १, ६; उप ६ टी)। २ प्रयोजन का अभाव (आव ६)। ३ वि. निष्कारण, वृथा, निष्फल (निचू १; पण्ह २, १)।

°**दंड** पुं [°दण्ड] निष्कारण हिंसा, बिना ही प्रयोजन दूसरे की हानि (सूअ २, २)।

अणड पुं [दे] जार, उपपति (दे १,१८; षड्)।

अणड्ढ वि [अनर्ध] विभाग-रहित, अखण्ड (ठा ३, ३)।

अणण्ण वि [अनन्य] १ अभिन्न, अपृथग्भूत (निचू १)। २ मोक्ष-मार्ग, 'अणण्णं चरमाणे से ण छणे ण छणावए' (आचा)। ३ असाधारण, अद्वितीय (सुपा १८६; सुर १, ७)।

°**तुल्ल** वि [°तुल्य] असाधारण, अनुपम (उप ६४८ टी)। °**दंसि** वि [°दर्शिन्] पदार्थ को सत्य-सत्य देखनेवाला (आचा)। °**परम** वि [°परम] संयम, इन्द्रिय-निग्रह; 'अणण्णपरमे णाणी, णो पमाए कयाइवि' (आचा)। °**मण**, °**मणस** वि [°मनस्क] एकाग्र चित्तवाला, तल्लीन (औप; पउम ९, ६३)। °**समाण** वि [°समान] असाधारण, अद्वितीय (उप ५६७ टी)।

अणत्त वि [अनात्त] अगृहीत, अस्वीकृत (ठा २,३)।

अणत्त वि [अनार्त्त] अपीडित, 'दव्वावइमाईसुं अत्तमणत्ते गवेसणं कुणइ' (वव १)।

अणत्त वि [ऋणार्त्त] ऋण से पीड़ित (ठा ३, ४)।

अणत्त वि [अनात्र] दुःखकर, सुख-नाशक; 'णेरइआणं भंते! किं अत्ता पोग्गला अणत्ता वा' (भग १४, ९)।

अणत्त न [दे] निर्माल्य, देवोच्छिष्ट द्रव्य (दे १, १०)।

अणत्थ देखो **अणट्ठ** (पउम ६२, ४; श्रा २७; सण)।

अणथंत वकृ [अतिष्ठत्] १ नहीं रहता हुआ। २ अस्त होता हुआ, 'अणथंते दिवसयरे जो चयइ चउव्विहंपि आहारं' (पउम १४ १३४)।

अणन्न देखो **अणण्ण** (सुपा १८६; सुर १, ७; पउम ९, ६३)।

अणपन्निय देखो **अणवण्णिय** (भग १०,३)।

अणप्प वि [अनर्प्य] अर्पण करने के अयोग्य या अशक्य (ठा ६)।

अणप्प वि [अनल्प] अधिक, बहुत (औप)।

अणप्प पुं [अनात्मन्] निज से भिन्न, आत्मा से परे (पउम ३७, २२)। °ज्ज वि [°ज्ञ] १ निर्बोध, मूर्ख। २ पागल, भूताविष्ट, पराधीन (निचू १)। °वसग वि [°वश] परवश, पराधीन (पउम ३७, २२)।

अणप्प पुं. [दे] खड्ग, तलवार (दे १, १२)।

अणप्पिय वि [अनर्पित] १ नहीं दिया हुआ। २ साधारण, सामान्य, अविशेषित (ठा १०)। °णय पुं [°नय] सामान्य-ग्राही पक्ष (विसे)।

अणब्भंतर वि [अनभ्यन्तर] भीतरी तत्त्व को नहीं जाननेवाला, रहस्य-अनभिज्ञ; 'अणब्भंतरा खु अम्हे मदणगदस्स वुत्तंतस्स' (अभि ६१)।

अणभिग्गह न [अनभिग्रह] 'सर्वे देवा वन्द्याः' इत्यादि रूप मिथ्यात्व का एक भेद (श्रा ६)।

अणभिग्गहिय न [अनभिग्रहिक] ऊपर देखो (ठा २, १)।

अणभिग्गहिय वि [अनभिगृहीत] १ कदाग्रह-शून्य (श्रा ६)। २ अस्वीकृत (उत २८)।

अणभिण्ण } वि [अनभिज्ञ] अजान, निर्बोध
अणभिन्न } (अभि १७४; सुपा १६८)।

अणभिलप्प वि [अनभिलाप्य] अनिर्वचनीय, जो वचन से न कहा जा सके (लहुअ ७)।

अणमिस वि [अनिमिष] १ विकसित, खिला हुआ (सुर ३, १४३)। २ निमेष-रहित, पलक-वर्जित (सुपा ३५४)।

अणय पुं [अनय] अनीति, अन्याय (श्रा २७; स ५०१)।

अणयार देखो **अणगार** (पउम ११, ७)।

अणरण्ण पुं [अनरण्य] साकेतपुर का एक राजा जो, पीछे से ऋषि हुआ था (पउम १०, ८७)।

अणरह }
अणरिह } वि [अनर्ह] अयोग्य, नालायक, (कुमा); 'णवि दिज्जंति अणरिहे,
अणरुह } अणरिहत्ते तु इमो होइ' (पंचभा)।

अणरहू स्त्री [दे] नवोढ़ा, दुलहिन (षड्)।

अणरामय पुं [दे] अरति, बेचैनी (दे १, ४५; भवि)।

अणराय वि [अराजक] राज-शून्य, जिसमें राजा न हो वह (बृह १)।

अणराह पुं [दे] सिर में पहनी जाती रंग-बिरंगी पट्टी (दे १, २४)।

अणरिक्क वि [दे] अवकाश-रहित, फुरसत-रहित (दे १, २०)। २ दधि, क्षीर आदि गोरस भोज्य (निचू १६)।

अणरिह } वि [अनर्ह] अयोग्य, नालायक
अणरुह } (णाया १, १)।

अणलं अ [अनलम्] असमर्थ (आचा २, ५, १, ७)।

अणल पुं [अनल] १ अग्नि, आग (कुमा)। २ वि. असमर्थ। ३ अयोग्य, 'अणलो अपच्चलोत्ति य होंति अजोगो व एगट्ठा' (निचू ११)।

अणव वि [ऋणवत्] १ करजदार। पुं. दिवस का छब्बीसवाँ मुहूर्त (चंद)।

अणवकय वि [अनपकृत] जिसका अपकार न किया गया हो वह (उव)।

अणवगल्ल वि [अनवग्लान] ग्लानि-रहित, निरोग;
'सट्ठस्स अणवगल्लस्स, निरुवकिट्ठस्स, जंतुणा एगे ऊसासनीसासे एस पाणुत्ति वुच्चइ' (ठा २, ४)।

अणवच्च वि [अनपत्य] सन्तान-रहित, निर्वंश (सुपा २५६)।

अणवज्ज न [अनवद्य] १ पाप का अभाव, कर्म का अभाव (सूअ १, १, २)। २ वि. निर्दोष, निष्पाप (षड्)।

अणवज्ज वि [अणवर्ज्य] ऊपर देखो (विसे)।

अणवट्ठप्प वि [अनवस्थाप्य] १ जिसको फिरसे दीक्षा न दी जा सके ऐसा गुरु अपराध करनेवाला (बृह ४)। २ न. गुरु प्रायश्चित्त का एक भेद (ठा ३, ४)।

अणवट्ठिय वि [अनवस्थित] १ अव्यवस्थित, अनियमित (प्रासू १३७; सुर ४, ७६)। २ चंचल, अस्थिर; 'अणवट्ठियं च चित्तं' (सुर १२, १३८)। ३ पल्य-विशेष, नाप-विशेष (कम्म ४, ७३)।

अणवण्णिय पुं [अणपन्निक, अणपर्णिक] वानव्यंतर देवों की एक जाति (पण्ह १, ४; भग १०, २)।

अणवत्थ वि [अनवस्थ] अव्यवस्थित, अनियमित, असमंजस (दे १, १३६)।

अणवत्था स्त्री [अनवस्था] १ अवस्था का अभाव (उव)। २ एक तर्क-दोष (विसे)। ३ अव्यवस्था, 'जणणी जायइ जाया, जाया माया पिया य पुत्तो य। अणवत्था संसारे, कम्मवसा सव्वजीवाणं' (पिवे १०७)।

अणवदग्ग वि [दे] १ अनन्त, अपरिमित, निस्सीम (भग १, १)। २ अविनाशी (सूअ २, ५)।

अणवद्द वि [अनवद्य] निष्पाप, निर्दोष, शुद्ध (प्राकृ २१)।

अणवन्निय देखो **अणवण्णिय** (औप)।

अणवयग्ग देखो **अणवदग्ग** (सम १२५; पण्ह १, ३; प्राप)।

अणवयमाण वकृ [अनपवदत्] १ अपवाद नहीं करता हुआ। २ सत्यवादी (वव ३)।

अणवरय वि [अनवरत] १ सतत, निरन्तर, अविच्छिन्न। २ न. सदा, हमेशा (गा २८०; ६)।

अणवराइस (अप) वि [अनन्यादृश] असाधारण, अद्वितीय (कुमा)।

अणवसर वि [अनवसर] आकस्मिक, अचिन्तित (पाअ)।

अणवाह वि [अबाध] बाधा-रहित, निर्बाध (सुपा २६८)।

अणवेक्खिय वि [अनपेक्षित] उपेक्षित, जिसकी परवाह न हो।

अणवेक्खिय वि [अनवेक्षित] १ नहीं देखा हुआ। २ अविचारित, नहीं सोचा हुआ। °कारि वि [°कारिन्] साहसिक। °कारिया स्त्री [°कारिता] साहस कर्म (उप ७६८ टी)।

अणसण न [अनशन] आहार का त्याग, उपवास (सम ११६)।

अणसिय वि [अनशित] उपोषित, उपवासी (आवम)।

अणह वि [अनघ] निर्दोष, पवित्र (औप; गा २७२; से ६, ३)।

अणह वि [दे] अक्षत, क्षति-रहित, व्रण-शून्य (दे १, १३; सुपा ६, ३३; सण)।

अणह न [अनभस्] भूमि, पृथिवी (से ६, ३)।

अणहप्पणय वि [दे] अनष्ट, विद्यमान (दे १, ४८)।

अणहवगय वि [दे] तिरस्कृत, भर्त्सित (षड्)।

अणहा स्त्री [अधुना] इस समय (प्राकृ ८०)।

अणहारय पुं [दे] खल्ल, खला, जिसका मध्य-नीचा हो वह जमीन (दे १, ३८)।

अणहिअअ वि [अहृदय] हृदय-रहित, निष्ठुर, निर्दय (प्राप; गा ४१)।

अणहिगय वि [अनधिगत] १ नहीं जाना हुआ। २ पुं. वह साधु, जिसको शास्त्रों का ज्ञान न हो, अगीतार्थ (वव १)।

अणहिण्ण देखो **अणभिण्ण** (प्राप)।

अणहियास वि [अनध्यास] असहिष्णु, सहन नहीं करनेवाला (उव)।

अणहिल } न [अणहिल्ल] गुजरात देश की
अणहिल्ल } प्राचीन राजधानी, जो आजकल 'पाटन' नाम से प्रसिद्ध है (ती २६; कुमा)। °**वाडय** न [पाटक] देखो **अणहिल** (गु १०; मुणि १०८८८)।

अणहीण वि [अनधीन] स्वतन्त्र, अनायत्त (संग १६१)।

अणहुल्लिय वि [दे] जिसका फल प्राप्त न हुआ हो वह (सम्मत्त १४३)।

अणाइ वि [अनादि] आदि-रहित, नित्य (सम १२५)। °**णिहण, निहण** वि [°निधन] आद्यन्त-वर्जित, शाश्वत (उव; सम्म ६५; श्राव ४)। °**मंत,** °**वंत** वि [मत्] अनादि काल से प्रवृत्त (पउम ११८, ३२; भवि)।

अणाइज्ज वि [अनादेय] १ अनुपादेय, ग्रहण करने के अयोग्य। २ नाम-कर्म का एक भेद, जिसके उदय से जीव का वचन, युक्त होने पर भी ग्राह्य नहीं समझा जाता है (कम्म १,२७)।

अणाइय वि [अनादिक] आदि-रहित, नित्य (सम १२५)।

अणाइय वि [अज्ञातिक] स्वजन-रहित, अकेला (भग १, १)।

अणाइय वि [अणातीत] पापी, पापिष्ठ (भग १, १)।

अणाइय पुं [ऋणातीत] संसार, दुनिया (भग १, १)।

अणाइय वि [अनादृत] जिसका आदर न किया गया हो वह (उप ८३३ टी)।

अणाइल वि [अनाविल] १ अकलुषित, निर्मल (पण्ह २, १)।

अणाईअ देखो **अणाइय** (उप १०३१ टी; पि ७०)।

अणाउ } पुं [अनायुष्क] १ जिन-देव (सूत्र
अणाउय } १, ६)। २ मुक्तात्मा, सिद्ध (ठा १)।

अणाउल वि [अनाकुल] अव्याकुल, धीर (सूत्र १, २, २; णाया १, ८)।

अणाउत्त वि [अनायुक्त] उपयोग-शून्य, बे-ख्याल, असावधान (ओघ)।

अणाएज्ज देखो **अणाइज्ज** (सम १५६)।

अणागय पुं [अनागत] १ भविष्य काल, 'अणागयमपस्संता, पच्चुप्पन्नगवेसगा। ते पच्छा परितप्पंति, खीणे आउम्मि जोव्वणे' (सूत्र १,३,४)। २ वि. भविष्य में होनेवाला (सूत्र १,२)। °**द्धा** स्त्री [°द्धा] भविष्य काल (नव ४२)।

अणागलिय वि [अनर्गलित] नहीं रोका हुआ (उवा)।

अणागलिय वि [अनाकलित] १ नहीं जाना हुआ, अलक्षित (णाया १,६)। २ अपरिमित, 'अणागलियतिव्वचंडरोसं सप्परूवं विउव्वइ' (उवा)।

अणागार वि [अनाकार] १ आकार-रहित, आकृति-शून्य (ठा १०)। २ विशेषता-रहित (कम्म ४,१२)। ३ न. दर्शन, सामान्य ज्ञान (सम ६५)।

अणाजीव वि [अनाजीव] १ आजीविका-रहित। २ आजीविका की इच्छा नहीं रखने-वाला। ३ निःस्पृह, निरीह (दस ३)।

अणाजीवि वि [अनाजीविन्] ऊपर देखो, 'अगिलाई अणाजीवी' (पडि; निचू १)।

अणाड पुं [दे] जार, उपपति (दे १, १८)।

अणाढिय वि [अनादृत] १ जिसका आदर न किया गया हो वह, तिरस्कृत (आव ३)। २ पुं. जम्बूद्वीप का अधिष्ठायक एक देव (ठा २,३)। ३ स्त्री. जम्बूद्वीप के अधिष्ठायक देव की राज-धानी (जीव ३)।

अणाणुगामिय वि [अनानुगामिक] १ पीछे नहीं जानेवाला (ठा ५,१)। २ न. अवधि-ज्ञान का एक भेद (णंदि)।

अणादि देखो **अणाइ** (स ६८३)।

अणादिय } देखो **अणाइय** (इक; पण्ह १,१;
अणादीय } ठा ३,१)।

अणादेज्ज देखो **अणाइज्ज** (पण्ह १, ३)।

अणाभिग्गह न [अनाभिग्रह] मिथ्यात्व का एक भेद (पंच ४, २)।

अणाभोग पुं [अनाभोग] १ अनुपयोग, बे-ख्याली, असावधानी (श्राव ४)। २ न. मिथ्यात्व-विशेष (कम्म ४, ५१)।

अणामिय वि [अनामिक] १ नाम-रहित। २ पुं. असाध्य रोग (तंदु)। ३ स्त्री. कनिष्ठांगुली के ऊपर की अंगुली।

अणाय वि [अज्ञात] नहीं जाना हुआ, अपरि-चित (पउम २४, १७)।

अणाय पुं [अनाक] मर्त्यलोक, मनुष्य-लोक (से १, १)।

अणाय पुं [अनात्मन्] आत्म-भिन्न; आत्मा से परे (सम १)।

अणायग वि [अनायक] नायक-रहित (पउम ९६, ७०)।

अणायग वि [अज्ञातक] स्वजन-रहित, अकेला (निचू ६)।

अणायग वि [अज्ञायक] अजान, निर्बोध (निचू ११)।

अणायतण } न [अनायतन] १ वेश्या आदि
अणाययण } नीच लोगों का घर (दस ५,१)। २ जहाँ सज्जन पुरुषों का संसर्ग न होता हो वह स्थान (पण्ह २, ४)। ३ पतित साधुओं का स्थान (श्राव ३)। ४ पशु, नपुंसक वगैरह के संसर्गवाला स्थान (ओघ ७६३)।

अणायत्त वि [अनायत्त] पराधीन (पउम २६, २६)।

अणायर पुं [अनादर] अ-बहुमान, अपमान (पाअ)।

अणायरण न [अनाचरण] अनाचार, खराब आचरण।

अणायरणया स्त्री [अनाचरण] ऊपर देखो (सम ७१)।

अणायरिय देखो अणज्ज = अनार्य (पण्ह १, १; पउम १४, ३०)।

अणायार देखो अणगार = अनाकार (विसे)।

अणायार पुं [अनाचार] १ शास्त्र-निषिद्ध आचरण (स १८८)। २ गृहीत नियमों का जान-बूझ कर उल्लंघन करना, व्रत-भङ्ग (वव १)।

अणारिय देखो अणज्ज = अनार्य (उत्ता)।

अणारिस वि [अनार्ष] जो ऋषि-प्रणीत न हो वह (पउम ११, ८०)।

अणारिस वि [अन्यादृश] दूसरे के जैसा (नाट)।

अणालत्त वि [अनालपित] अनुक्त, अकथित, नहीं बुलाया हुआ (उवा)।

अणालवय पुं [अनालपक] मौन, नहीं बोलना (पाअ)।

अणाव सक [आ + नायय्] मंगवाना, अणावेमि (सिरि ९४६)।

अणावरण वि [अनावरण] १ आवरण-रहित। २ न. केवल-ज्ञान (सम्म ७१)।

अणाविअ वि [आनायित] मंगवाया हुआ (सिरि ६६; ७१८)।

अणाविट्ठि } स्त्री [अनावृष्टि] वर्षा का अभाव
अणावुट्ठि } (पउम २०, ८७; सम ६०)।

अणाविल वि [अनाविल] १ निर्मल, स्वच्छ (गउड)।

अणासंसि वि [अनाशंसिन्] अनिच्छु, निस्पृह (बृह १)।

अणासण देखो **अणसण** (सूअ १,२,१,१४)।

अणासय पुं [अनाश, °क] अनशन, भोजनाभाव; 'खारस्स लोणस्स अणासएणं' (सूअ १, ७, १३)।

अणासव वि [अनाश्रव] १ आश्रव-रहित। २ पुं. आश्रव का अभाव, संवर। ३ अहिंसा, दया (पण्ह २, १)।

अणासिय वि [अनशित] भूखा (सूअ १, ५, २)।

अणाह वि [अनाथ] २ शरण-रहित (निचू ३)। २ स्वामि-रहित, मालिक-रहित। ३ रंक, गरीब, बेचारा (णाया १, ८)। ४ पुं. एक जैन मुनि (उत्त २०)।

अणाहार पुं [अनाहार] एक दिन का उपवास (संबोध ५८)।

अणाहि } वि [अनाधि, °क] मानसिक
अणाहिय } पीड़ा से रहित (से ३, ४४; पि ३६५)।

अणाहिट्ठि पुं [अनाधृष्टि] एक अन्तकृद् मुनि (अन्त ३)।

अणिइण देखो **अणगिण** (विचार २२)।

अणिइय वि [अनियत] १ अनियमित, अव्यवस्थित। २ पुं. संसार (भग ६,३३)।

अणिउंचिय वि [अनिकुञ्चित] टेढ़ा नहीं किया हुआ, सरल (गउड)।

अणिउँत | देखो **अइमुत्त** (दे १, ३८; हे
अणिउँतय | १, १७८; कुमा)।
अणिउँत्तय |

अणिएय वि [अनियत] अनियमित, अप्रतिबद्ध; 'अखिले अगिद्धे अणिएयचारी, अभयंकरे भिक्खू अणाविलप्पा' (सूअ १, ७, २८)।

अणिंदिय वि [अनिन्दित] १ जिसकी निन्दा न की गई हो वह, उत्तम (धर्म १)। २ पुं. किन्नर देव की एक जाति (पराण १)।

अणिंदिय वि [अनिन्द्रिय] १ इंद्रिय-रहित। २ पुं. मुक्त जीव। ३ केवलज्ञानी (ठा १०)। ४ वि. अतीन्द्रिय, जो इंद्रियों से जाना न जा सके; 'नय विजइ तग्गहणे लिंगंपि अणिंदियत्तणओ' (सुर १२,४८; स १६८; विसे १८८२)।

अणिंदिया स्त्री [अनिन्दिता] ऊर्ध्व लोक में रहनेवाली एक दिक्कुमारी देवी (ठा ८)।

अणिक्क वि [अनेक] एक से ज्यादा (नव ४३)। °**वाइ** वि [°वादिन्] अक्रियावादी (ठा ८)।

अणिक्किणी स्त्री [अनीकिनी] ऐसी सेना जिसमें २१८७ हाथी, २१८७ रथ, ६५६१ घोड़े और १०९३५ प्यादें हों (पउम ५६, ६)।

अणिक्खित्त वि [अनिक्षिप्त] नहीं छोड़ा हुआ, अपरित्यक्त, अविच्छिन्न; 'अणिक्खित्तेणं उवोकम्मेणं संजमेणं तवसा अप्पाणं भावेमाणे विहरइ' (उवा; औप)।

अणिगण } देखो **अणगिण** (जीव ३; सम
अणिगिण } १७)।

अणिग्गह वि [अनिग्रह] स्वच्छन्द, असंयत (पण्ह १, २)।

अणिच्च वि [अनित्य] नश्वर, अस्थायी (नव २४; प्रासू ६५)। °**भावणा** स्त्री [°भावना] सांसारिक पदार्थों की अनित्यता का चिन्तन (पव ६७)। °**णुप्पेहा** स्त्री [°नुप्रेक्षा] देखो पूर्वोक्त अर्थ (ठा ४, १)।

अणिट्ठ वि [अनिष्ट] अप्रीतिकर, द्वेष्य (उव)।

अणिट्ठिय वि [अनिष्ठित] असंपूर्ण (गउड)।

अणिण देखो **अणिरिण** (नाट)।

अणिदा स्त्री [दे. अनिदा] १ बिना ख्याल किये की गई हिंसा (भग १६, ५)। २ चित्त की विकलता। ३ ज्ञान का अभाव (भग १,२)।

अणिमा पुंस्त्री [अणिमन्] आठ सिद्धियों में एक सिद्धि, अत्यन्त छोटा बन जाने की शक्ति (पउम ७, १३६)।

अणिमिस न [अनिमिष] फल-विशेष (दस ५, १, ७३)।

अणिमिस } वि [अनिमिष, °मेष] १ निमेष
अणिमेस } शून्य (सुर ३, १७३)। २ पुं. मत्स्य, मछली (दस ५, १)। ३ देव, देवता (वव १; श्रा १६)। °**नयण** पुं [नयन] देव, देवता (विसे ३४८६)।

अणिय न [अनीक] सैन्य, लश्कर (कप्प)।

अणिय न [अनृत] असत्य, झूठ (ठा १०)।

अणिय न [दे] धार, अग्र-भाग (पण्ह २,२)।

अणिय वि [अनित्य] अस्थिर, अनित्य (उव)।

अणियट्ट पुं [अनिवर्त] १ मोक्ष, मुक्ति (आचा १,५,१)। २ एक महाग्रह (ठा २, ३)।

अणियट्टि वि [अनिवर्तिन्] १ निवृत्त नहीं होनेवाला, पीछे नहीं लौटनेवाला (औप)। २ न. शुक्ल-ध्यान का एक भेद (ठा ४,१)। ३ पुं. एक महाग्रह (चंद २०)। ४ आगामी उत्सर्पिणी काल में होनेवाले एक तीर्थंकर देव का नाम (सम १५४)।

अणियट्टि वि [अनिवृत्ति] १ निवृत्ति-रहित, व्यावृत्ति-वर्जित (कर्म २, २)। २ नववाँ गुणस्थानक (कर्म २)। °**करण** न [°करण] आत्मा का विशुद्ध परिणाम-विशेष (आचा)। °**बादर** न [°बादर] १ नववां गुण-स्थानक। २ नववें गुण-स्थानक में प्रवृत्त जीव (आव ४)।

अणियण देखो **अणगिण** (जीव ३)।

अणियय वि [अनियत] १ अव्यवस्थित, अनियमित (उव)। २ कल्पवृक्ष की एक जाति, जो वस्त्र देती है (ठा १०)।

अणिया देखो **अणिदा** (पिंड)।

अणिया स्त्री [दे] धार, अग्र-भाग, गुजराती में 'अणी', 'संखाणियाइ पइया' (धर्मवि १७)।

अणिरिक वि [दे] परतन्त्र, पराधीन। (काप्र ५४; गा ६६१)।

अणिरिण वि [अनृण] ऋण-वर्जित, उऋण, अनृणी (अभि ४६; चारु ६६)।

अणिरुद्ध वि [अनिरुद्ध] १ अप्रतिहत, नहीं रोका हुआ। (सूअ १, १२)। २ एक अन्तकृद् मुनि (अन्त १)।

अणिल पुं [अनिल] १ वायु, पवन (कुमा)। २ एक अतीत तीर्थंकर का नाम (तित्थ)। ३ राक्षस-वंशीय एक राजा (पउम ५, २६४)।

अणिला स्त्री [अनिला] बाईसवें तीर्थंकर की एक शिष्या (पव ६)।

अणिल्ल न [दे] प्रभात, सबेरा (दे १,१६)।

अणिंस न [अनिश] निरन्तर, सदा, हमेशा (गा २६२, प्रासू २६)।

अणिसट्ठ } **अणिसिट्ठ** } वि [अनिसृष्ट] १ अनिक्षिप्त। २ असंमत, अननुज्ञात। ३ ऐसी भिक्षा, जिसके मालिक अनेक हों और जो सब की अनुमति से ली न गई हो; साधु की भिक्षा का एक दोष (पिंड; औप)।

अणिसीह वि [अनिशीथ] शास्त्र-विशेष, जो प्रकाश में पढ़ा या पढ़ाया जाय (आवम)।

अणिस्सकड वि [अनिश्रीकृत] जिस पर किसी खास व्यक्ति का अधिकार न हो, सर्वसाधारण (धर्म २)।

अणिस्सा स्त्री [अनिश्रा] अनासक्ति, आसक्ति का अभाव (उव)।

अणिस्सिय वि [अनिश्रित] १ अनासक्त, आसक्तिरहित (सूअ १, १६)। २ प्रतिबन्ध-रहित, रुकावटरहित (दस १)। ३ अनाश्रित, किसी के साहाय्य की इच्छा न रखनेवाला (उत्त १६)। ४ न. ज्ञान-विशेष, अवग्रह-ज्ञान का एक भेद, जो लिंग या पुस्तक के बिना ही होता है (ठा ६)।

अणिह वि [अनीह] १ धीर, सहिष्णु (सूअ १,२,२)। २ निष्कपट, सरल (सूअ १,८)। ३ निर्मम, निःस्पृह (आचा)।

अणिह वि [अस्निह] स्नेहरहित (सूअ १,२, २, ३०)।

अणिह वि [दे] १ सदृश, तुल्य। २ न. मुख, मुँह (दे १, ५१)।

अणिहय वि [अनिहत] अहत, नहीं मारा हुआ। °**रिउ** पुं [°**रिपु**] एक अन्तकृद् मुनि (अन्त ३)।

अणीइस वि [अनीदृश] इस माफिक नहीं, विलक्षण (स ३०७)।

अणीय न [अनीक] सेना, लश्कर (औप)।

अणीयस पुं [अनीयस] एक अन्तकृद् मुनि का नाम (अन्त ३)।

अणीस वि [अनीश] असमर्थ (अभि ६०)।

अणीसकड देखो **अणिस्सकड** (धर्म २)।

अणीहारिम वि [अनिर्हारिम] गुफा आदि में होनेवाला मरण-विशेष (भग १३, ८)।

अणु अ [अनु] यह अव्यय नाम और धातु के साथ लगता है और नीचे के अर्थो में से किसी एक को बतलाता है; १ समीप, नजदीक; 'अणुकुंडल' (गउड)। २ लघु, छोटा; 'अणुगाम' (उत्त ३)। ३ क्रम, परिपाटी; 'अणुगुरु' (बृह १)। ४ में, भीतर; 'अणुजत्त' (महा)। ५ लक्ष्य करना, 'अणु जिणं अकारि संगीयं इत्थीहिं' (कुमा); 'अणु धारं संदट्ठभमोत्तिए तुह असिम्मि सच्चविया' (गउड)। ६ योग्य, उचित; 'अणुजुत्ति' (सूअ १,४,१)। ७ वीप्सा, 'अणुदिणं' (कुमा)। ८ बीच का भाग, 'अणुदिसी' (वि ४१३)। ९ अनुकूल, हितकर; 'अणुधम्म' (सूअ १,२,१)। १० प्रतिनिधि, 'अणुप्पभु' (निचू २)। ११ पीछे, बाद; 'अणुमज्जण' (गउड)। १२ बहुत, अत्यंत; 'अणुवंक' (मा ६२)। १३ मदद करना, सहायता करना; 'अणुपरिहारि' (ठा ३,४)। १४ निरर्थक भी इसका प्रयोग होता है, देखो 'अणुक्कम', 'अणुसरिस'।

अणु वि [अणु] १ थोड़ा, अल्प (पण्ह २,३)। २ छोटा (आचा)। ३ पुं. परमाणु (सम्म १३६)। °**मय** वि [°**मत**] उत्तम कुल, श्रेष्ठ वंश (कप्प)। °**विरइ** स्त्री [°**विरति**] देखो **देसविरइ** (कम्म १, १८)।

अणु पुं [दे] धान-विशेष, चावल की एक जाति (दे १, ५)।

°**अणु** स्त्री [तनु] शरीर, 'सुअणु' (गा २६६)।

अणुअ देखो **अणु** = अणु (पाअ)।

अणुअ त्रि [अज्ञ] अजान, मूर्ख (गा १८४, ३४५)।

अणुअ पुं [दे] १ आकृति, आकार। २ पुंस्त्री. धान्य-विशेष (दे १, ५२; श्रा १८)।

अणुअ वि [अनुग] अनुसरण करनेवाला, 'अधम्माणुए' (विपा १, १)।

अणुअ त्रि [अनुज] १ पीछे से उत्पन्न। २ पुं. छोटा भाई। ३ स्त्री. छोटी बहिन (अभि ८२; पउम २८,१०२)।

अणुअंच सक [अनु + कृष्] पीछे खींचना। संकृ. **अणुअंचिवि** (भवि)।

अणुअंप सक [अनु + कम्प्] दया करना। कृ. **अणुअंपणिज्ज** (हास्य १४४)।

अणुअंपा स्त्री [अनुकम्पा] दया, करुणा (से ६, २४; गा १६३)।

अणुअंपि वि [अनुकम्पिन्] दयालु, करुणा करनेवाला (अभि १७३)।

अणुअत्तय वि [अनुवर्त्तक] अनुकूल आचरण करनेवाला, अनुसरण करनेवाला (विसे ३४०२)।

अणुअत्ति देखो **अणुवत्ति** (पुप्फ ३२६)।

अणुअर वि [अनुचर] १ सहायताकारी, सहचर (पाअ)। २ सेवक, नौकर (प्रामा)।

अणुअर वि [अनुचर] अनुसरण-कर्ता (हास्य १२१)।

अणुअल्ल न [दे] प्रभात, सुबह (दे १, १६)।

अणुआ स्त्री [दे] लाठी (दे १, ५२)।

अणुआर पुं [अनुकार] अनुकरण (नाट)।

अणुआरि वि [अनुकारिन्] अनुकरण करनेवाला (नाट)।

अणुआस पुं [अनुकास] प्रसार, विकास (णाया १, १)।

अणुइअ पुं [दे] धान्य-विशेष, चना (दे १, २१)।

अणुइअ देखो **अणुदिय**।

अणुइण्ण वि [अनुकीर्ण] १ व्याप्त, भरा हुआ। २ नहीं गिरा हुआ, अपतित; 'अवाइण्णपत्ता अणुइण्णपत्ता निद्धूयजरढपंडुपत्ता' (औप)।

अणुइण्ण वि [अनुद्गीर्ण] बाहर नहीं निकला हुआ (ओघ)।
अणुइण्ण देखो **अणुचिण्ण**।
अणुइण्ण देखो **अणुदिण्ण**।
अणुऊल वि [अनुकूल] अप्रतिकूल, अनुकूल (गा ५२३)।
अणुऊल सक [अनुकूलय्] अनुकूल करना। भवि. अणुऊलइस्सं (पि ५२८)।
अणुओअ पुं [अनुयोग] १ व्याख्या, टीका, सूत्र का विस्तार से अर्थ-प्रतिपादन (ओघ २)। २ पृच्छा, प्रश्न (अभि ४४)।
अणुओइय वि [अनुयोजित] प्रवर्तित, प्रवृत्त कराया हुआ (णंदि)।
अणुओग देखो **अणुओअ** (विसे ६)।
अणुओग पुं [अनुयोग] सम्बन्ध (गु १७)।
अणुओगि पुं [अनुयोगिन्] सूत्रों का व्याख्याता आचार्य, 'अणुओगी लोगाणं कल संसयणासओ दढं होइ' (पंचव ४)।
अणुओगिअ वि [अनुयोगिक] दीक्षित, मुनि-शिष्य (णंदि)।
अणुओयण न [अनुयोजन] संबन्धन, जोड़ना (विसे १३८९)।
अणुकंप सक [अनु+कम्प्] १ दया करना। २ भक्ति करना। ३ हित करना। वकृ. **अणुकंपंत** (नाट)। कृ. **अणुकंपणिज्ज, अणुकंपणीअ** (अभि ९४; रयण १५)।
अणुकंप वि [अनुकम्प्य] अनुकम्पा के योग्य (दे १, २२)।
अणुकंप, अणुकंपय वि [अनुकम्प, °क] १ दयालु, करुण। २ भक्त, भक्तिमान् (उत्त १२); 'हिआणुकंपएण देवेणं हरिणगमेसिणा' (कप्प)। ३ हितकर, 'आयाणुकंपए णाममेगे, नो पराणुकंपए' (ठा ४. ४)।
अणुकंपण न [अनुकम्पन] १ दया, कृपा (वव ३)। २ भक्ति, सेवा; 'माउअणुकंपणट्ठाए' (कप्प)।
अणुकंपा स्त्री [अनुकम्पा] ऊपर देखो (णाया १, १); 'आयरियणुकंपाए गच्छो अणुकंपिओ महाभागो' (कप्प-टी)। °**दाण** न [°दान] करुणा से गरीबों को अन्न आदि देना, 'अणुकंपादाणं सड्ढयाण न कहिंपि पडिसिद्धं' (धर्म २)।
अणुकंपि वि [अनुकम्पिन्] १ दयालु, कृपालु (माल ७१)। २ भक्ति करनेवाला (सूअ १, ३, २)।
अणुकंपिअ वि [अनुकम्पित] जिस पर अनुकम्पा की गई हो वह (नाट)।
अणुकड्ढ सक [अनु+कृप्] १ खींचना। २ अनुसरण करना। वकृ. **अणुकड्ढमाण, अणुकड्ढेमाण** (विपा १, १; णंदि)।
अणुकड्ढि स्त्री [अनुकृष्टि] अनुवर्तन, अनुसरण (पंच ५)।
अणुकड्ढिय वि [अनुकृष्ट] अनुकृत, अनुसृत (स १८२)।
अणुकप्प पुं [अनुकल्प] १ बड़े पुरुषों के मार्ग का अनुकरण। २ वि. महापुरुषों का अनुकरण करनेवाला, 'णाणचरणड्ढगाणं पुव्वायरियाण अणुकिरित्ति कुणइ, अणुगच्छइ गुणधारी, अणुकप्पं तं वियाणाहि' (पंचभा)।
अणुकम पुं [अनुक्रम] परिपाटी, क्रम (महा)। °**सो** अ [°शस्] क्रम से, परिपाटी से (जी २८)।
अणुकर सक [अनु+कृ] अनुकरण करना, नकल करना। अणुकरेइ (स ४३६)।
अणुकरण न [अनुकरण] नकल (वव ३)।
अणुकह सक [अनु+कथय्] अनुवाद करना, पीछे बोलना।
अणुकहण न [अनुकथन] अनुवाद (सूअ १, १३)।
अणुकार पुं [अनुकार] अनुकरण, नकल (कप्पू)।
अणुकारि वि [अनुकारिन्] अनुकरण करनेवाला, 'किन्नराणुकारिणा महुरगेएण' (महा)।
अणुकिइ स्त्री [अनुकृति] अनुकरण, नकल; पुव्वायरियाणं नाणग्गहणेण य तवोविहाणेसु य अणुकिइं करेइ' (पंचू)।
अणुकिण्ण वि [अनुकीर्ण] व्याप्त, भरा हुआ (पउम ६१, ७)।
अणुकित्तण न [अनुकीर्तन] वर्णन, प्रशंसा, श्लाघा (पउम ६३, ७३)।
अणुकित्ति देखो **अणुकिइ** (पंचभा)।
अणुकुइय वि [अनुकुचित] १ पीछे फेंका हुआ। २ ऊंचा किया हुआ (निचू ८)।
अणुकुण सक [अनु+कृ] अनुकरण करना। अणुकुणइ (विक्र १२९)।
अणुकूल देखो **अणुऊल** (हे २, २१७)।
अणुकूलण न [अनुकूलन] अनुकूल करना, प्रसन्न करना: 'तं कहइ। तम्मज्झे जिट्ठमुणी तच्चित्तणुकूलणत्थं जं' (सुपा २३४)।
अणुकूलि वि [अनुकूलिन्] अनुकूल-कारक, 'सुहथिरजोगाणुकूलिणो भणिया' (संबोध ९)।
अणुक्कंत वि [अन्वाक्रान्त] आचरित, अनुष्ठित (आचा)।
अणुक्कंत वि [अनुक्रान्त] आचरित, विहित, अनुष्ठित; 'एस विही अणुक्कंते माहणेणं मइमया (आचा)।
अणुक्कम सक [अनु+क्रम्] क्रम से कहना। भवि. अणुक्कमिस्सामि (जीवस १)।
अणुक्कम सक [अनु+क्रम्] अतिक्रमण करना। वकृ. **अणुक्कमंत** (सूअ १, ५, १, ७)।
अणुक्कम देखो **अणुकम** (महा; नव १६)।
अणुक्कमण न [अनुक्रमण] गमन, गति, (सूअ १, ५, २, २१)।
अणुक्कुइअ वि [अनुकुचित] थोड़ा संकुचित (पव ६२)।
अणुक्कोस पुं [अनुक्रोश] दया, करुणा (ठा ४, ४)।
अणुक्कोस पुं [अनुत्कर्ष] १ उत्कर्ष का अभाव। २ वि. २ उत्कर्षरहित (भग ८, १०)।
अणुक्खित्त वि [अनुत्क्षिप्त] ऊंचा न किया हुआ, 'दिट्ठं धणुक्खित्तमुहं एसो मग्गो कुलवहूणं' (गा ५२६)।
अणुग वि [अनुग] अनुचर, नौकर (दे ७, ६६)।
अणुग वि [अनुग] अनुसरण-कर्ता (गच्छ ३, ३१)।
अणुगंतव्व देखो **अणुगम** = अनु + गम्।
अणुगंपा स्त्री [अनुकम्पा] करुणा, दया (स १५८)।
अणुगंपिय वि [अनुकम्पित] जिस पर करुणा की गई हो वह (स ४७५)।
अणुगच्छ देखो **अणुगम** = अनु + गम्। अणुगच्छइ; वकृ. **अणुगच्छंत, अणुगच्छमाण**

(नाट; सूत्र १,१४)। कवकृ. °अणुगच्छिज्जंत (णाया १,२)। संकृ. अणुगच्छित्ता (कप्प)।

अणुगच्छण देखो **अणुगमण** (पुप्फ ४०८)।

अणुगच्छिर वि [अनुगामिन्] अनुसरण करनेवाला (सण)।

अणुगज्ज अक [अनु + गर्ज्] प्रतिध्वनि करना, प्रतिशब्द करना। वकृ. **अणुगज्जेमाण** (णाया १, १८)।

अणुगम सक [अनु + गम्] १ अनुसरण करना, पीछे-पीछे जाना। २ जानना, समझना। ३ व्याख्या करना, सूत्र के अर्थों का स्पष्टीकरण करना। कर्म. अणुगम्मइ (विसे ९१३)। ववकृ. **अणुगम्मंत, अणुगम्ममाण** (उप ६ टी; सुपा ७८;३०८)। संकृ. **अणुगम्म** (सूत्र १, १४)। कृ. **अणुगंतव्व** (सुर ७, १७६; पण्ण १)।

अणुगम पुं [अनुगम] १ अनुसरण, अनुवर्त्तन (दे २,६१)। २ जानना, ठीक-ठीक समझना, निश्चय करना (ठा १)। ३ सूत्र की व्याख्या, सूत्र के अर्थ का स्पष्टीकरण (वव १)। ४ अन्वय, एक की सत्ता में दूसरे की विद्यमानता (विसे २९०)। ५ व्याख्या, टीका (विसे १३५७); अणुगम्मइ तेण तहिं, तओ व अणुगमणमेव वाणुगमो। 'अणुणोणुरूवओ वा, जं सुत्तत्थाणमणुसरणं' (विसे ९१३)।

अणुगमण न [अनुगमन] ऊपर देखो।

अणुगमिअ वि [अनुगत] अनुसृत (कुप्र ४३)।

अणुगमिर वि [अनुगन्तृ] अनुसरण करनेवाला (दे ६, १२७)।

अणुगय वि [अनुगत] १ अनुसृत, जिसका अनुसरण किया गया हो वह (पण्ह १, ४)। २ ज्ञात, जाना हुआ (विसे)। ३ अनुवृत्त, जो पूर्व से बराबर चला आया हो (पण्ह १, ३)। ४ अतिक्रान्त (विसे ९५६)।

अणुगर देखो **अणुकर**। अणुगरेइ (स ३३४)। वकृ. **अणुगरिंत** (स ६८)।

अणुगरण देखो **अणुकरण** (कुप्र १७६)।

अणुगवेस सक [अनु + गवेष्] खोजना, शोधना, तलाश करना। अणुगवेसइ (कस)। वकृ. **अणुगवेसेमाण** (भग ८, ५)। कृ **अणुगवेसियव्व** (कस)।

अणुगह देखो **अणुग्गह** = अनु + ग्रह् (नाट)।

अणुगहिअ देखो **अणुगिहिअ** (दे ८, २६)।

अणुगाम पुं [अणुग्राम] १ छोटा गाँव, (उत्त ३)। २ उपपुर, शहर के पास का गाँव (ठा ५, २)। ३ विवक्षित गाँव से दूसरा गाँव, 'गामाणुगामं दुइज्जमाणे' (विपा १, १; औप; आचा)।

अणुगामि } वि [अनुगामिन्, °मिक]
अणुगामिय } १ अनुसरण करनेवाला, पीछे-पीछे जानेवाला (औप)। २ निर्दोष हेतु, शुद्ध कारण (ठा ३, ३)। ३ अवधिज्ञान का एक भेद (कम्म १, ८)। ४ अनुचर, सेवक (सूत्र १, २, ३)।

अणुगारि वि [अनुकारिन्] अनुकरण करनेवाला, नकालची (महा; धर्म ५; स ६३०)।

अणुगिइ स्त्री [अनुकृति] अनुकरण, नकल (श्रा १)।

अणुगिण्ह देखो **अणुग्गह** = अनु + ग्रह। वकृ. **अणुगिण्हमाण, अणुगिण्हेमाण** (निर १, १; णाया १, १६)।

अणुगिद्ध वि [अनुगृद्ध] अत्यन्त आसक्त, लोलुप (सूत्र १, ७)।

अणुगिद्धि स्त्री [अनुगृद्धि] अत्यासक्ति (उत्त ३२)।

अणुगिल सक [अनु + गॄ] भक्षण करना। संकृ. **अणुगिलित्ता** (णाया १, ७)।

अणुगिहीअ वि [अनुगृहीत] जिस पर मेहरबानी की गई हो वह (स १४; १६३)।

अणुगीय वि [अनुगीत] १ पीछे कहा हुआ, अनूदित। २ पूर्व ग्रन्थकार के भाव के अनुकूल किया हुआ ग्रन्थ, व्याख्यान आदि (उत्त १३)। ३ जिसका गान किया गया हो वह, कीर्तित, वर्णित। ४ न. गाना, गीत; 'उज्जाणे···मत्तभिंगाणुगीए' (पउम ३३, १४८)।

अणुगुण वि [अनुगुण] १ अनुकूल, उचित, योग्य (नाट)। २ तुल्य, सदृश गुणवाला;
जाण अलंकारसमो, विहवो
मइलेइ तेवि वड्ढंतो।
विच्छाएइ मियंकं, तुसार-
वरिसो अणुगुणेवि' (गउड)।

अणुगुरु वि [अनुगुरु] गुरु-परम्परा के अनुसार जिस विषय का व्यवहार होता हो वह (बृह १)।

अणुगूल वि [अनुकूल] अनुकूल (स ३७८)।

अणुगेज्झ वि [अनुग्राह्य] अनुग्रह के योग्य, कृपा-पात्र (प्राप)।

अणुगेण्ह देखो **अणुग्गह** = अनु + ग्रह्। अणुगेण्हंतु (वि ५१२)।

अणुग्गह सक [अनु + ग्रह्] कृपा करना, मेहरबानी करना। कृ **अणुग्गहइदव्व, अणुग्गाहिदव्व** (शौ) (नाट)।

अणुग्गह पुं [अनुग्रह] १ कृपा, मेहरबानी (कप्पू)। २ उपकार (औप)। ३ वि. जिस पर अनुग्रह किया जाय वह (वव १)।

अणुग्गह पुं [अनवग्रह] जैन साधुओं को रहने के लिए शास्त्र-निषिद्ध स्थान,
'णो गोयरे णो वणगोणियाणं, णो बद्ध
दुज्झंति य जत्थ गावो।
अण्णत्थ गोणेहिसु जत्थ खुण्णं, स उग्गहो
सेसमणुग्गहो तु' (बृह ३)।

अणुग्गहिअ }
अणुग्गहीअ } वि [अनुगृहीत] जिस पर कृपा की गई हो वह, आभारी (महा; सुपा १६२; स ६७)।
अणुग्गिहीअ }

अणुग्घाइम न [अनुद्घातिम] १ महा-प्रायश्चित का एक भेद (ठा ३,४)। २ वि. महा-प्रायश्चित का पात्र (ठा ३,४)।

अणुग्घाइय वि [अनुद्घातिक] १ अनुद्घातिक नामक महा-प्रायश्चित का पात्र (ठा ५, ३)। २ न. ग्रन्थांश-विशेष, जिसमें अनुद्घातिक प्रायश्चित का वर्णन है (पण्ह २, ५)।

अणुग्घाय वि [अनुद्घात] १ उद्घात-रहित। २ न. निशीथ सूत्र का वह भाग, जिसमें अनुद्घातिक प्रायश्चित्त का विचार है; 'उग्घायमणुग्घायं आरोवण तिविहमो निसीहं तु' (आव ३)।

अणुग्घाय न [अनुद्घात] गुरु-प्रायश्चित्त (वव १)।

अणुग्घायण न [अणोद्घातन] कर्मों का नाश (आचा)।

अणुग्घास सक [अनु + ग्रासय्] खीलाना, भोजन कराना; 'असणं वा पाणं वा खाइमं वा साइमं वा अणुग्घासेज वा अणुपाएज वा' (निसी ७)। वकृ. **अणुग्घासंत** (निचू ७)।

अणुचय पुं [अनुचय] फैलाकर इकट्ठा करना (उप पृ १५)।

अणुचर सक [अनु + चर्] १ सेवा करना। २ पीछे-पीछे जाना, अनुसरण करना। ३ अनुष्ठान करना। अणुचरइ (आरा ६)। अणुचरंति (स १३०)। कर्म. अणुचरिज्जइ। (विसे २५५४)। वकृ. **अणुचरंत** (पुप्फ ३१३) संकृ. **अणुचरित्ता** (चउ १४)।

अणुचर देखो **अणुअर** (उत्त २८)।

अणुचरग वि [अनुचरक] सेवा करनेवाला (पव ६६)।

अणुचरिय वि [अनुचरित] अनुष्ठित, विहित, किया हुआ (कप्प)।

अणुचि सक [अनु + च्यु] मरना, एक जन्म से दूसरे जन्म में जाना। संकृ. **अणुचिऊण** (महा)।

अणुचिंत सक [अनु + चिन्त्] विचारना, याद करना, सोचना। अणुचिंते (संथा ६६)। वकृ. **अणुचिंतेमाण** (णाया १,१)। संकृ. **अणुचीइ, अणुचीति, अणुवीइ** (आचा; सूअ १, १, ३, १३; दस ७)।

अणुचिंतण न [अनुचिन्तन] सोच-विचार, पर्यालोचन (आव ४)।

अणुचिंता स्त्री [अनुचिन्ता] ऊपर देखो (आव ४)।

अणुचिट्ठ सक [अनु + स्था] १ अनुष्ठान करना। २ करना। अणुचिट्ठइ। (महा)।

अणुचिण्ण वि [अनुचीर्ण] १ अनुष्ठित, आचरित, विहित; 'मोहतिगिच्छा य कया, विरियायारो य अणुचिण्णो' (ओघ २४६)। २ प्राप्त, मिला हुआ; 'कायसंफासमणुचिण्णा एगइया पाणा उद्दाइया' (आचा)। ३ परिणमित (जीव १)।

अणुचिण्णव वि [अनुचीर्णवत्] जिसने अनुष्ठान किया हो वह (आचा)।

अणुचिन्न देखो **अणुचिण्ण** (सुपा १६२; रयण ७५; पुप्फ ७५)।

अणुचिय वि [अनुचित] अयोग्य (बृह १)।

अणुचीइ, **अणुचीति** } देखो **अणुचिंत**।

अणुच्च वि [अनुच्च] ऊंचा नहीं, नीचा। °**कुइय** वि [°कुचिक] नीची और अस्थिर शय्या वाला (कप्प)।

अणुच्छहंत वि [अनुत्सहमान] उत्साह नहीं रखता हुआ (पउम १८,१८)।

अणुच्छित्त वि [अनुत्क्षिप्त] नहीं छोड़ा हुआ, अत्यक्त (गउड २३८)।

अणुच्छित्त वि [अनुत्थित] १ गर्व-रहित, विनीत। २ स्फीत, समृद्ध। ३ सब से उन्नत, सर्वोच्च; 'पडिवद्धं नवर तुमे, नरिंदचक्कं पयाववियडंपि। गहवलयमणुच्छित्ते धुवेव्व; परियत्तइ णरिंद' (गउड)।

अणुच्छूढ वि [अनुत्क्षिप्त] अत्यक्त, नहीं छोड़ा हुआ (गा ५२६)।

अणुज पुं [अनुज] छोटा भाई (स ३८८)।

अणुजत्त न [अनुयात्र] यात्रा में, 'अएणया अणुजत्तं निग्गओ पेच्छइ कुसुमियं चूयं' (महा)।

अणुजत्ता स्त्री [अनुयात्रा] निर्गम, निःसरण (पिंड ८८)।

अणुजा सक [अनु + या] अनुसरण करना, पीछे चलना। अणुजाइ (विसे ७१६)।

अणुजाइ वि [अनुयायिन्] अनुसरण करनेवाला (सुपा ४०५)।

अणुजाइ स्त्री [अनुयाति] अनुसरण (धर्मवि ४६)।

अणुजाण न [अनुयान] १ पीछे-पीछे चलना। २ महोत्सव-विशेष, रथयात्रा (बृह १)।

अणुजाण सक [अनु + ज्ञा] अनुमति देना, सम्मति देना। अणुजाणइ (उव)। भूका. अणुजाणित्था (पि ५१७)। हेकृ. **अणुजाणित्तए** (ठा २,१)।

अणुजणण न [अनुज्ञान] अनुमति, सम्मति (सूअ १, ९)।

अणुजाणावण न [अनुज्ञापन] अनुमति लेना, अणुजाणावणविहिणा' (पंचा ६, १३)।

अणुजाणिय वि [अनुज्ञात] सम्मत, अनुमत (सुपा ५८४)।

अणुजाय वि [अनुयात] १ अनुगत, अनुसृत (उप १३७ टी)।

अणुजाय वि [अनुजात] १ पीछे से उत्पन्न। २ सदृश, तुल्य; 'वसभाणुजाए' (सुज १२)।

अणुजीव सक [अनु + जीव्] आश्रय करना। अणुजीवंति (उत्त १८, १४)।

अणुजीवि वि [अनुजीविन्] १ आश्रित, नौकर, सेवक; 'पयईए च्चिय अणुजीविवच्छले' (सुपा ३३७; पात्र; स २४३)। °**त्तण** न [°त्व] आश्रय, नौकरी (पि ५९७)।

अणुजुंज सक [अनु + युज्] प्रश्न करना। कर्म. अणुजुज्जते (धर्मसं २१३)।

अणुजुत्ति स्त्री [अनुयुक्ति] योग्य युक्ति, उचित न्याय (सूअ १, ३, ३)।

अणुजेट्ठ वि [अनुज्येष्ठ] १ बड़े के नजदीक का (आवम)। २ छोटा, उतरता (पउम २२, ७६)।

अणुजोग देखो **अणुओअ** (ठा १०)।

अणुज्ज वि [अनूर्ज] उत्साह-रहित, अनुत्साही, हताश (कप्प)।

अणुज्ज वि [अनोजस्क] तेजरहित, फीका; 'अणुज्जं दीणवयणं विहरइ' (कप्प)।

अणुज्ज वि [अनूद्य] उद्देश्य, लक्ष्य (धर्म १)।

अणुज्जा स्त्री [अनुज्ञा] अनुमति, सम्मति (पउम ३८, २४)।

अणुज्जा देखो **अणोज्जा** (आचा २, १५, ३)।

अणुज्जिय वि [अनूर्जित] बल-रहित, निर्बल (बृह ३)।

अणुज्जुय वि [अनृजुक] असरल, वक्र, कपटी (गा ७८९)।

अणुज्झा सक [अनु + ध्या] चिन्तन करना, ध्यान करना। संकृ. **अणुज्झाइत्ता** (आवम)।

अणुज्झाण न [अनुध्यान] चिन्तन, विचार (आवम)।

अणुझा देखो **अणुज्झा**। वकृ. **अणुझायंत** (कुमा)।

अणुझिअअ वि [दे] १ प्रयत, प्रयत्न-शील। २ जागता, सावधान (षड्)।

अणुझिज्जिर वि [अनुक्षयिन्] क्षीण होनेवाला (वज्जा १, २)।

अणुट्ठ वि [अनुत्थ] नहीं उठा हुआ, स्थित (ओघ ७०)।

अणुट्ठा सक [अनु + स्था] १ अनुष्ठान करना, शास्त्रोक्त विधान करना। २ करना। कृ. **अणु-**

ट्ठियव्व, अणुट्ठेअ (सुपा ५३७; सुर १४, ८५)।

अणुट्ठाइ वि [अनुष्ठायिन्] अनुष्ठान करने-वाला (आचा)।

अणुट्ठाण न [अनुष्ठान] १ कृति। २ शास्त्रोक्त विधान (आचा)।

अणुट्ठाण न [अनुत्थान] क्रिया का अभाव (उवा)।

अणुट्ठावण न [अनुष्ठापन] अनुष्ठान कराना (कस)।

अणुट्ठिय वि [अनुष्ठित] विधि से संपादित, विहित, किया हुआ (षड्; सुर ४, १६६)।

अणुट्ठिय वि [अनुत्थित] १ बैठा हुआ। २ आलसी, प्रमादी (आचा)।

अणुट्ठियव्व देखो **अणुट्ठा**।

अणुट्ठुभ न [अनुष्टुप्] एक प्रसिद्ध छंद, 'पञ्चक्खरगणणाए अणुट्ठुभाणं हवंति दस सहस्सा (सुपा ६५६)।

अणुट्ठेअ देखो **अणुट्ठा**

अणुण देखो **अणुणी**। अणुणह (भवि)।

अणुणंत देखो **अणुणी**।

अणुणय पुं [अनुनय] विनय, प्रार्थना (महा; अभि ११९)।

अणुणाइ वि [अनुनादिन्] प्रतिध्वनि करने वाला, 'गज्जियसद्दस्स अणुणाइणा' (कप्प)।

अणुणाय पुं [अनुनाद] प्रतिध्वनि, प्रतिशब्द (विसे ३२०४)।

अणुणाय वि [अनुज्ञात] अनुमत, अनुमोदित (पंचू)।

अणुणास पुंन [अनुनास] अनुनासिक, जो नाक से बोला जाता है वह अक्षर। २ वि. सानुस्वार, अनुस्वार-युक्त (ठा ७); कागस्सर-मणुणासं च' (जीव ३ टी)।

अणुणासिअ पुं [अनुनासिक] देखो ऊपर का पहला अर्थ (वज्जा ६)।

अणुणी सक [अनु + नी] १ अनुनय करना, विनय करना, प्रार्थना करना। २ समझाना, दिलासा देना, सान्त्वना देना। वकृ. **अणुणंत**; 'पुरोहियं तं कमसोणुणंतं' (उत्त १४; भवि); **अणुणेंत** (गा ६०२)। कवकृ. **अणुणिज्जंत**, **अणुणिज्जमाण**, **अणुणीअमाण** (सुपा ३६७; से २, १६, पि ५३६)।

अणुणीअ वि [अनुनीत] जिसका अनुनय किया गया हो वह (दे ८, ४८)।

अणुणेंत देखो **अणुणी**।

अणुण्णय वि [अनुन्नत] १ नीचा, नम्र (दस ५, १)। २ गर्वरहित, निरभिमानी; 'एत्थवि भिक्खू अणुण्णए विणीए' (सूअ १, १६)।

अणुण्णव सक [अनु + ज्ञापय्] १ अनु-मति देना। २ आज्ञा देना, हुकुम देना। कर्म. अणुण्णविज्जइ (उवा)। वकृ. **अणुण्णवेमाण** (ठा ६)। कृ **अणुण्णवेयव्व** (ओघ ३८५ टी)। संकृ. **अणुण्णवित्ता**, **अणुण्णविय** (आवम; आचा २, २, ६)।

अणुण्णवणया } स्त्री [अनुज्ञापना] १ अनु-
अणुण्णवणा } मति, सम्मति। २ आज्ञा, फरमाइश (सम ४४; ओघ ३८४ टी)।

अणुण्णवणी स्त्री [अनुज्ञापनी] अनुमति-प्रका-शक भाषा, अनुमति लेने का वाक्य (ठा ४,३)।

अणुण्णा स्त्री [अनुज्ञा] १ अनुमति, अनुमोदन (सूअ २,२)। २ आज्ञा। °कप्प पुं [°कल्प] जैन साधुओं के लिए वस्त्र-पात्रादि लेने के विषय में शास्त्रीय विधान (पंचभा)।

अणुण्णा स्त्री [अनुज्ञा] १ पठन-विषयक गुरु-आज्ञा-विशेष (अणु ३)। २ सूत्र के अर्थ का अध्ययन (वव १)।

अणुण्णाय वि [अनुज्ञात] १ जिसको आज्ञा दी गई हो वह। २ अनुमत, अनुमोदित (ठा ३, ४)।

अणुण्ह वि [अनुष्ण] ठंडा, जो गरम नहीं है वह (पि ३१२)।

अणुतड पुं [अनुतट] भेद, पदार्थों का एक जाति का पृथक्करण; जैसे संतप्त लोहे को हथौड़े से पीटने से स्फुलिंग (चिनगारी) पृथक् होते हैं (ठा ५)।

अणुतडिया स्त्री [अनुतटिका] १ ऊपर देखो (पण्ण ११)। २ तलाव, द्रह आदि का भेद (भास ७)।

अणुतप्प अक [अनु+तप्] अनुताप करना, पछताना। अणुतप्पइ (स १८४)।

अणुतप्पि वि [अनुतापिन्] पश्चात्ताप करने-वाला (वव)।

अणुताव सक [अनु + तापय्] तपाना। संकृ. **अणुतावित्ता** (सूअ २, ४, १०)।

अणुताव पुं [अनुताप] पश्चात्ताप (पाअ; स १८४)।

अणुतावय वि [अनुतापक] पश्चात्ताप कराने-वाला (सूअ २, ७, ८)।

अणुतावि देखो **अणुतप्पि** (उप ७२८ टी)।

अणुत्त वि [अनुक्त] अकथित (पंच ५)।

अणुत्तंत देखो **अणुवत्त**।

अणुत्तप्प वि [अनुत्त्रप्य] १ परिपूर्ण शरीर। २ पूर्ण शरीरवाला, 'होइ अणुत्तप्पो सो अवि-गलइंदियपडिपुण्णो' (वव २)।

अणुत्तर वि [अनुत्तर] १ सर्वश्रेष्ठ, सर्वोत्तम (ठा १०)। २ एक सर्वोत्तम देवलोक का नाम (अनु)। ३ छोटा, 'अणुत्तरो भाया' (पउम ६, ४)। °ग्गा स्त्री [°अग्र्या] एक पृथिवी, जहां मुक्त जीवों का निवास है (सूअ १,६)। °णाणि वि-[°ज्ञानिन्] केवलज्ञानी (सूअ १, २, ३)। °विमाण न [°विमान] एक सर्वोत्कृष्ट देवलोक (भग ६,६)। °ोववाइय वि [°ौपपातिक] अनुत्तर देवलोक में उत्पन्न (अनु)। °ोववाइयदसा स्त्री. ब. [°ौपपातिकदशा] नववां जैन अंग-ग्रंथ (अनु)।

अणुत्थाण देखो **अणुट्ठाण** (स ६४६)।

अणुत्थाह्य वि [अनुत्साह] हतोत्साह, निराश (कुमा)।

अणुदत्त पुं [अनुदात्त] नीचे से बोला जाने-वाला स्वर (बृह १)।

अणुदय पुं [अनुदय] १ उदय का अभाव। २ कर्म-फल के अनुभव का अभाव (कम्म २, १३, १४, १५)।

अणुदवि न [दे] प्रभात, सुबह (दे १, १६)।

अणुदिअ वि [अनुदित] जिसका उदय न हुआ हो (भग)।

अणुदिअस न [अनुदिवस] प्रतिदिन, हमेशा (नाट)।

अणुदिज्जंत वि [अनुदीयमान] उदय में न आता हुआ (भग)।

अणुदिण न [अनुदिन] प्रतिदिन, हमेशा (कुमा)।

अणुदिण्ण } वि [अनुदित] १ उदय को
अणुदिन्न } अप्राप्त। २ फल-दान में अतत्पर

(कर्म) (भग १, ३, ३); 'उदिरण = उदित' (भग १, ४, ७ टी)।

अणुदिण्ण } व [अनुदीरित] १ जिसकी **अणुदिन्न** } उदीरणा दूर भविष्य में हो। २ जिसकी उदीरणा भविष्य में न हो (भग १, ३)।

अणुदिय वि [अनुदित] उदय को अप्राप्त 'मिच्छत्तं जमुदिन्नं तं खीणं अणुदियं च उव-संतं' (भग १, ३ टी)।

अणुदियह न [अनुदिवस] प्रतिदिन, हमेशा (सुर १, ११५)।

अणुदिव न [दे] प्रभात, प्रातःकाल (षड्)।

अणुदिसा } स्त्री [अनुदिक्] विदिक्, **अणुदिसी** } ईशान कोण आदि विदिशा (विसे २७०० टी; पि ६८, ४१३, कप्प)।

अणुदिट्ठ वि [अनुदिष्ट] जिसका उद्देश्य न किया गया हो वह (पण्ह २, १)।

अणुद्ध वि [अनूर्ध्व] ऊंचा नहीं, नीचा (कुमा)।

अणुद्धय वि [अनुद्धत] सरल, भद्र, विनयी (उप ७६८ टी)।

अणुद्धरि पुं [अनुद्धरिन्] एक क्षुद्र जन्तु, कुंथु (कप्प)।

अणुद्धिय वि [अनुद्धृत] १ जिसका उद्धार न किया गया हो वह। २ बाहर नहीं निकाला हुआ, 'जं कुणइ भावसल्लं अणुद्धियं इत्थ सव्वदुहमूलं' (श्रा ४०)।

अणुद्धुय वि [अनुद्धूत] अपरित्यक्त, नहीं छोड़ा हुआ (कप्प)।

अणुधम्म पुं [अणुधर्म] गृहस्थ-धर्म (विसे)।

अणुधम्म पुं [अनुधर्म] अनुकूल—हितकर धर्म; 'एसोणुधम्मो मुणिणा पवेइओ' (सूअ १, २, १)। °**चारि** वि [°चारिन्] हित-कर धर्म का अनुयायी, जैन-धर्मी (सूअ १, २, २)।

अणुधम्मिय वि [अनुधार्मिक] धर्म के अनु-कूल, धर्मोचित; 'एयं खु अणुधम्मियं तस्स' (आचा)।

अणुधाव सक [अनु + धाव्] पीछे दौड़ना। वकृ. **अणुधावंत** (से ४, २१)।

अणुधावण सक [अनुधावन] पीछे दौड़ना (सुपा ५०३)।

अणुधाविर वि [अनुधावितृ] पीछे दौड़ने-वाला (उप ७२८ टी)।

अणुनाइ वि [अनुनादिन्] प्रतिध्वनि करने-वाला (कप्प)।

अणुनाय वि [अनुज्ञात] अनुमत, जिसको अनुमति दी गई हो वह; 'आहवणे मोक्कलयं अणुनायाए तए नाह' (सुपा ४७७)।

अणुनास देखो **अणुणास** (जीव ३ टी)।

अणुन्नव देखो **अणुण्णव**। वकृ. **अणुन्नवेमाण** (ठा ५, ३)। कृ. **अणुन्नवेयव्व** (कस)। संकृ. **अणुन्नवेत्ता** (कस)।

अणुन्नवणा देखो **अणुण्णवणा** (ओघ ६३०; कस)।

अणुन्नवणी देखो **अणुण्णवणी** (ठा ४, १)।

अणुन्ना देखो **अणुण्णा** (सुर ४, १३३; प्रासू १८१)।

अणुन्नाय देखो **अणुण्णाय** (ओघ १; महा)।

अणुपंथ पुं [अनुपथ] १ समीप का मार्ग (कस)। २ मार्ग के समीप, रास्ता के पास (बृह २)।

अणुपत्त वि [अनुप्राप्त] प्राप्त, मिला हुआ (सुर ४, २११)।

अणुपन्न वि [अनुपन्न] प्राप्त (कुप्र ४०१)।

अणुपयट्ट वि [अनुप्रवृत्त] अनुसृत, अनुगत (महा)।

अणुपयाण न [अनुप्रदान] दान का बदला प्रतिग्रहण (संबोध ३४)।

अणुपरियट्ट सक [अनुपरि + अट्] घूमना, परिभ्रमण करना। संकृ. **अणुपरियट्टित्ताणं**; 'देवे णं भंते महिड्ढिए.......पभू लवणस-मुद्दं अणुपरियट्टित्ताणं हव्वमागच्छित्तए ?' (भग १८, ७)। कृ. **अणुपरियट्टियव्व** (णाया १, ६)। हेकृ. **अणुपरियट्टेउं** (णाया १, ६)।

अणुपरियट्ट अक [अनुपरि + वृत्] फिरना, फिरते रहना; 'दुक्खाणमेव आवट्टं अणुपरिय-ट्टइ'। (आचा)। वकृ. **अणुपरियट्टमाण** आचा)। संकृ. **अणुपरियट्टित्ता** (औप)।

अणुपरियट्टण न [अनुपर्यटन] परिभ्रमण (सूअ १, १, २)।

अणुपरियट्टण न [अनुपरिवर्तन] परिवर्तन, फिरना (भग १, ६)।

अणुपरिवट्ट देखो **अणुपरियट्ट** = अनुपरि + वृत्। वकृ. **अणुपरिवट्टमाण** (पि २८६)।

अणुपरिवाडि, °**डी** स्त्री [अनुपरिपाटि, °टी] अनुक्रम (से १५, ६६; पउम २०, ११, ३२, १६)।

अणुपरिहारि वि [अणुपरिहारिन्] 'परि-हारी' को मदद करनेवाला, त्यागी मुनि की सेवा-शुश्रूषा करनेवाला (ठा ३, ४)।

अणुपरिहारि वि [अनुपरिहारिन्] ऊपर देखो (ठा ३, ४)।

अणुपवन्न वि [अनुप्रपन्न] प्राप्त (सूअ २, ३, २१)।

अणुपवाएत्तु वि [अनुप्रवाचयितृ] पढ़ाने-वाला, पाठक, उपाध्याय (ठा ५, २)।

अणुपवाय देखो **अणुप्पवाय** = अनुप्र + वाचय्।

अणुपविट्ठ वि [अनुप्रविष्ट] पीछे से प्रविष्ट (णाया १, १; कप्प)।

अणुपविस सक [अनुप्र + विश्] १ पीछे से प्रवेश करना। २ प्रवेश करना, भीतर जाना। अणुपविसइ (कप्प)। वकृ. **अणुप-विसंत** (निवू २)। संकृ. **अणुपविसित्ता** (कप्प)।

अणुपवेस पुं [अनुप्रवेश] प्रवेश, भीतर जाना। (निचू ७)।

अणुपस्स सक [अनु + दृश्] पर्यालोचन करना, विवेचना करना। संकृ. **अणुपस्सिय** (सूअ १, २, २)।

अणुपस्सि वि [अनुदर्शिन्] पर्यालोचक, विवेचक (आचा)।

अणुपाल सक [अनु + पालय्] १ अनुभव करना। २ रक्षण करना। ३ प्रतीक्षा करना, राह देखना। अणुपालेइ (महा); वकृ. 'साया-सोक्खम् **अणुपालंतेण**' (पक्खि); **अणुपालित**, **अणुपालेमाण** (महा)। संकृ. **अणुपालेऊण**, **अणुपालित्ता**, **अणुपालिय** (महा; कप्प; पि ५७०)।

अणुपालण न [अनुपालन] रक्षण, प्रति-पालन (पंचभा)।

अणुपालणा देखो **अणुवालणा** (विसे २५२० टी)।

अणुपालिय वि [अनुपालित] रक्षित, प्रतिपालित (ठा ८)।

अणुपास देखो **अणुपस्स**। वकृ. **अणुपासमाण** (दसचू २)।

अणुपिट्ठ न [अनुपृष्ठ] अनुक्रम, 'अणुपिट्ठसिद्धाइं' (सम्म)।

अणुपिहा देखो **अणुपेहा** (द्रव्य ३५)।

अणुपुंख न [अनुपुङ्ख] मूल तक, अन्त-पर्यन्त; 'अणुपुंखमावडंतावि आवया तस्स ऊसवा हुंति' (कुप्र ३३)।

अणुपुव्व वि [अनुपूर्व] क्रमवार, आनुक्रमिक (ठा ४, ४)। क्रिवि. क्रमशः (पाअ)। °**सो** [शस्] अनुक्रम से (आचा)।

अणुपुव्व न [आनुपूर्व्य] क्रम, परिपाटी, अनुक्रम (राय)।

अणुपुव्वी स्त्री [आनुपूर्वी] ऊपर देखो (पाअ)।

अणुपेक्खा स्त्री [अनुप्रेक्षा] भावना, चिन्तन, विचार (पउम १४, ७७)।

अणुपेहण न [अनुप्रेक्षण] ऊपर देखो (उप १४२ टी)।

अणुपेहा स्त्री [अनुप्रेक्षा] ऊपर देखो (पि ३२३)।

अणुपेहि वि [अनुप्रेक्षिन्] चिन्तन-कर्ता (सूअ १, १०, ७)।

अणुप्पइन्न वि [अनुप्रकीर्ण] एक दूसरे से मिला हुआ, मिश्रित (कप्प)।

अणुप्पणी सक [अनुप्र+णी] १ प्रणय करना। २ प्रसन्न करना। वकृ. **अणुप्पणंत** (उप पृ २८)।

अणुप्पगंथ [अणुप्रग्रन्थ] सन्तोषी, अल्प परिग्रह वाला (ठा ६)।

अणुप्पगंथ वि [अनुप्रग्रन्थ] ऊपर देखो (ठा ६)।

अणुप्पण्ण वि [अनुत्पन्न] अविद्यमान (नीचू ५)।

अणुप्पत्त देखो **अणुपत्त** (कप्प)।

उग्घर वि [उद्गृह] गृह-त्यागी, जिसने घरबार छोड़ कर संन्यास लिया हो वह, साधु;
'चंदोव्व कालपक्खे परिहाई पए पए पमायपरो।
तह उग्घरविग्घरनिरंगणो वि नय इच्छियं लहइ'
(णाया १, १० टी)।

उग्घव देखो अग्घव। उग्घवइ (हे ४, १६९ टि; राज)।

उग्घसिय न [अवघर्षित] घर्षण (राय ६७)।

उग्घाअ पुं [दे] १ समूह, संघात (दे १, १२६; स ७७; ४३६; गउड; से ५, ३४)। २ स्थपुट, विषमोन्नत प्रदेश (दे १,१२६)।

उग्घाअ पुं [उद्घात] १ आरम्भ, प्रारम्भ; 'उग्घाओ आरंभो' (पाअ)। २ प्रतिघात ठोकर लगना। ३ लघूकरण, भाग-पात (ठा ३)। ४ उपोद्घात, भूमिका (विसे १३४८)। ५ ह्रास (ठा ५, २)। ६ न. प्रायश्चित-विशेष। ७. निशीथ सूत्र का एक अंश, जिसमें उक्त प्रायश्चित्त का वर्णन है; 'उग्घायमणुग्घायं आरोवण तिविहमो निसीहं तु' (आव ३)।

उग्घाअ सक [उद् + घातय्] विनाश करना। उग्घाएइ (उत्त २९, ६)।

उग्घाइम वि [उद्घातिम] १ लघु, छोटा। २ न. लघु प्रायश्चित्त (ठा ३)।

उग्घाइय वि [उद्घातित] १ विनाशित (ठा १०)। २ न. लघु प्रायश्चित्त (ठा ५)।

उग्घाइय वि [उद्घातित] लघु प्रायश्चित्त वाला (वव १)।

उग्घाइय न [उद्घातिक] लघु प्रायश्चित्त (कस)।

उग्घाड सक [उद् + घाटय्] १ खोलना। २ प्रकट करना। ३ बाहर करना। उग्घाडइ (हे ४, ३३)। उग्घाडए (महा)। संकृ **उग्घाडिऊण** (महा)। कृ. **उग्घाडिअव्व** (श्रा १६)। कवकृ. **उग्घाडिज्जंत** (से ५, १२)।

उग्घाड पुं [उद्घाट] प्रकट, प्रकाश; 'किंतु कम्रो बहुएहिं उग्घाडो नियकम्माणं' (सिरि ५२८)।

उग्घाड देखो **उग्घाड** = उद् + घाटय्। हेकृ. 'तं जिणहरस्स दारं केणवि नो सक्कियं उघाडेउं' (सिरि ५२८)।

उग्घाड वि [उद्घाट] १ खुला हुआ, अनाच्छादित (पउम ३९, १०७)। २ थोड़ा बन्द किया हुआ; 'उग्घाडकवाडउग्घाडणाए' (आव ४)। ३ व्यक्त, प्रकट। ४ परिपूर्ण, अन्यून; 'एत्थंतरम्मि उग्घाडपोरिसीसूयगो बली पत्तो' (सुपा ६७)।

उग्घाडण न [उद्घाटन] १ खोलना (आव ४)। २ बाहर करना, बाहर निकालना (उप पृ ३९७)।

उग्घाडणा स्त्री [उद्घाटना] ऊपर देखो (आव ४)।

उग्घाडिअ वि [उद्घाटित] १ खुला हुआ। २ प्रकटित, प्रकाशित (से २, ३७)।

उग्घायण न [उद्घातन] १ नाश, विनाश (आचा)। २ पूज्य-स्थान, उत्तम जगह। ३ सरोवर में जाने का मार्ग (आचा २, ३)।

उग्घार पुं [उद्घार] सिञ्चन, छिड़काव; 'विणितरुहिरुग्घारं निवडिओ धरणिवट्टे' (स ५९८)।

उग्घिट्ठ } वि [उद्घृष्ट] संघृष्ट, 'नमिरसुर-
उग्घुट्ठ } किरीडुग्घिट्ठपायारविंदे' (लहुअ ४; से ६, ८०)।

उग्घुट्ठ वि [उद्घुष्ट] घोषित, उद्घोषित (सुर १०, १४; सण); 'अमरवहुग्घुट्ठजयजयारवं' (महा)।

उग्घुट्ठ वि [दे] उत्प्रोञ्छित, लुप्त, दूरीकृत, विनाशित (दे १, ९९); 'उरघालिरवेणीमुहथणलग्गुग्घुट्ठमहिरआ जणअसुआ' (से ११, १०२)।

उग्घुस सक [मृज्] साफ करना, मार्जन करना। उग्घुसइ (हे ४, १०५)।

उग्घुस सक [उद् + घुष्] देखो **उग्घोस**। संकृ. **उग्घुसिअ** (नाट)।

उग्घुसिअ वि [मृष्ट] मार्जित, साफ किया हुआ (कुमा)।

उग्घोस सक [उद् + घोषय्] घोषणा करना, ढिंढोरा पिटवाना, जाहिर करना। उग्घोसेह (विपा १, १)। वकृ. **उग्घोसेमाण** (विपा १, १; णाया १, ५)। कवकृ. **उग्घोसिज्जमाण** (विपा १, २)।

उग्घोस पुं [उद्घोष] नीचे देखो (स्वप्न २१)।

उग्घोसणा स्त्री [उद्घोषणा] डुग्गी पिटवाना, ढिंढोरा पिटवा कर जाहिर करना (विपा १, १)।

उग्घोसिय वि [मार्जित] साफ किया हुआ, 'उग्घोसियसुनिम्मलं व आयंसमंडलतलं' (पण्ह २, ५)।

उग्घोसिय वि [उद्घोषित] जाहिर किया हुआ, घोषित (भवि)।

उघूण वि [दे] पूर्ण, भरपूर (षड्)।

उचिय वि [उचित] योग्य, लायक, अनुरूप (कुमा; महा)। °**ण्णु** वि [°ज्ञ] विवेकी (उप ७६८ टी)।

उच्च न [दे] नाभि-तल (दे १, ८६)।

उच्च } वि [उच्च, °क, उच्चैस्] १ ऊँचा
उच्चअ } (कुमा)। २ उत्तम, उत्कृष्ट (हे २, १५४; सूअ १, १०)। °**च्छंद** वि [°च्छन्दस्] स्वैर, स्वेच्छाचारी (पण्ह १, २)। °**णागरी** देखो °**नागरी** (कप्प)। °**त्त** न [त्व] १ ऊँचाई (सम १२; जी २८)। २ उत्तमता (ठा ४, १)। °**त्तभयग**, °**त्तभयय** पुं [°त्वभृतक] जिससे समय और वेतन का इकरार कर यथासमय नियत काम लिया जाय वह नौकर (राज; ठा ४, १)। °**त्तरिया** स्त्री [°त्तरिका] लिपि-विशेष (सम ३५)। °**त्थवणय** न [°स्थापनक] लम्बगोलाकार वस्तु-विशेष, 'धण्णस्स णं अणगारस्स गीवाए अयमेयारूवे तवरूवलावन्ने होत्था, से जहानामए करगगीवा इवा कुंडियागीवा इवा उच्चत्थवणए इवा' (अनु)। °**वंचिआ** स्त्री [°वंचिका] ऊँचा-नीचा करना, जैसे-तैसे रखना;

'कह तंपि तुइ ण णाअं जह सा
आसंदिआण बहुआणं।
काऊण उच्चवचिअं तुह
दंसणलेहला पडिआ'
(गा ६९७)।

°**वाय** पुं [°वाद] प्रशंसा, श्लाघा (उप ७२८ टी)। देखो **उच्चा**।

उच्चइअ वि [उच्चयित] एकत्रीकृत, इकट्ठा किया हुआ (काल)।

उच्चंडिय वि [दे] ऊँचा चढ़ाया हुआ (हम्मीर २८)।

उच्चंतय पुं [उच्चन्तग] दन्त-रोग, दाँत में होनेवाला रोग-विशेष (राज)।

उच्चंपिअ वि [दे] १ दीर्घ, लम्बा, आयत (दे १, ११६)। २ आक्रान्त, दबाया हुआ, रोंदा हुआ; 'सीसं उच्चंपिअं' (तंदु)।

उच्चड्डिअ वि [दे] उत्क्षिप्त, ऊँचा फेंका हुआ (दे १, १०६)।

उच्चत्त वि [उत्त्यक्त] पतित, त्यक्त (पाअ)।

उच्चत्तवरत्त न [दे] १ दोनों तरफ का स्थूल भाग। २ अनियमित भ्रमण, अव्यवस्थित विवर्तन (दे १, १३९)। ३ दोनों तरफ से ऊँचा-नीचा करना (पाअ)।

उच्चत्थ वि [दे] दृढ़, मजबूत (दे १, ९७)।

उच्चदिअ वि [दे] मुषित, चुराया हुआ (षड्)।

उच्चप्प वि [दे] आरूढ़, ऊपर बैठा हुआ (दे १, १००)।

उच्चय सक [उत् + त्यज्] त्याग देना, छोड़ देना। कृ. **उच्चयणिज्ज** (पउम ६६, २८)।

उच्चय पुं [उच्चय] १ समूह, राशि; 'रयणोच्चयं विसालं' (सुपा ३४; कप्प)। २ ऊँचा ढेर करना (भग ८, ९)। ३ नीवी, स्त्री के कटी-वस्त्र की नाड़ी (पाअ)। °**बंध** पुं [°बन्ध] बन्ध-विशेष, ऊपर ऊपर रख कर चीजों को बाँधना (भग ८, ९)।

उच्चय पुं [अवचय] इकट्ठा करना, एकत्रीकरण (दे २, ५६)।

उच्चर सक [उत्+चर्] १ पार जाना, उत्तीर्ण होना । २ कहना, बोलना । ३ अक. समर्थ होना, पहुँच सकना । ४ बाहर निकलना । उच्चरए (सूक्त ४६); 'मूलदेवेण य निरूवियाइं पासाइं जाव दिट्ठं निसियासिहत्थेहिं वेढियमत्तारायं मग्गएसेहिं । चिंतियं चः णाहमेएसिं उच्चरामि, कायव्वं च मए वइरनिज्जायणं; निराउहो संपयं, ता न पोरिसस्सावसरोत्ति चिंतिय भणियं' (महा) । वकृ.

'भरिउच्चरंतपरिअप्पिअसंभरणपिसुणो वराईए । परिवाहो विअ दुक्खस्स वहइ णअणट्ठिओ वाहो' (गा ३७७) ।

उच्चरण न [उच्चरण] कथन, उच्चारण; 'सिद्धसमक्खं सोहिं वय-उच्चरणाइ काऊण' (सुपा ३१७) ।

उच्चरिय वि [उच्चरित] १ उत्तीर्ण, पार-प्राप्त; 'तीए हत्थिसंभमुच्चरियाए उज्झिऊण भयं, जीवियदायगोत्ति मुणिऊण तुमं साहिलासं पलोइओ' (महा) । २ उच्चरित, कथित, उक्त (विसे १०८३) ।

उच्चलण न [उच्चलन] उन्मर्दन, उत्पीड़न (पाअ) ।

उच्चलिय वि [उच्चलित] चलित, गत (भवि) ।

उच्चल्ल वि [दे] १ अध्यासित, आरूढ़ । २ विदारित, छिन्न (षड्) ।

उच्चल्ल सक [उत्+चल्] १ चलना, जाना । २ समीप में आना ।

उच्चल्लिय वि [उच्चलित] १ गत, गया हुआ । २ समीप में आया हुआ;

'जिणभवणदुवारट्ठियउच्चल्लिय-
फुल्लमालिओहस्स ।
पुप्फाइं गेण्हंतो, अंतो
विहिणा पविट्ठो हं'
(सुर ३, ७४) ।

उच्चा अ [उच्चैस्] १ ऊँचा, 'तो तेण दुट्ठहरिणा उच्चा हरिऊण लोय-पच्चक्खं । उवणीओ सो रण्णे' (महा) । २ उत्तम, श्रेष्ठ (ठा २, १) । °**गोत्त**, °**गोय** न [°गोत्र] १ उत्तम गोत्र, श्रेष्ठ-वंश । २ कर्म विशेष, जिसके प्रभाव से जीव उत्तम माने-जाते कुल में उत्पन्न होता है (ठा २, ४; आचा) । °**वय** न [°व्रत] १ महाव्रत (उत्त १) । २ वि. महाव्रतधारी (उत्त १५) ।

उच्चाअ वि [दे] १ श्रान्त, थका हुआ (ओघ ५१८) । २ पुं. आलिंगन, परिरम्भ (सुपा ३३२) ।

उच्चाइय वि [दे. उत्त्याजित] उत्थापित, उठाया हुआ; 'उच्चाइया नंगरा' (स २०६) ।

उच्चाग पुं [उच्चाग] हिमाचल पर्वत । °**य** वि [°ज] हिमाचल में उत्पन्न; 'उच्चागयठाणलट्ठसंठियं' (कप्प) ।

उच्चाड वि [दे] विपुल, विशाल (दे १, ९७) ।

उच्चाड सक [दे] १ रोकना, निवारना । २ अक. अफसोस करना, दिलगीर होना (हे २, १९३ टि) ।

उच्चाडण न [उच्चाटन] १ एक स्थान से दूसरे स्थान में उठा ले आना, स्व-स्थान से भ्रष्ट करना । २ मन्त्र-विशेष, जिसके प्रभाव से वस्तु अपने स्थान से उड़ायी जा सकती है; 'उच्चाडणथंभणमोहणाइ सव्वंपि मह करगयं व' (सुपा ५९९) ।

उच्चाडणी स्त्री [उच्चाटनी] विद्या-विशेष जिसके द्वारा वस्तु अपने स्थान से उड़ायी जा सकती है (सुर १३, ८१) ।

उच्चाडिर वि [दे] १ रोकनेवाला, निवारण करनेवाला । २ अफसोस करनेवाला, दिलगीर; 'किं उल्लावेंतीए, उअ जूरंतीए किं नु भीआए । उच्चाडिरीए वेव्वेत्ति, तीए भणिअं न विम्हरिमो' (हे २, १९३) ।

उच्चार सक [उत्+चारय्] १ बोलना, उच्चारण करना । २ मलोत्सर्ग करना, पाखाना जाना । उच्चारेइ (उवा) । वकृ. **उच्चारयंत** (स १०७) । **उच्चारेमाण** (कप्प; णाया १, १) । कृ. **उच्चारेयव्व** (उवा) ।

उच्चार पुं [उच्चार] १ उच्चारण । २ विष्ठा, मलोत्सर्ग (सम १०; उवा; सुपा ६११) ।

उच्चार वि [दे] विमल, स्वच्छ (दे १, ९७) ।

उच्चारण न [उच्चारण] कथन, 'इसि हस्सपंचक्खरूच्चारणद्धाए' (ओप) ।

उच्चारिअ वि [दे] गृहीत, उपात्त (दे १, ११४) ।

उच्चारिअ वि [उच्चारित] १ कथित, उक्त । २ पाखाना गया हुआ (राज) ।

उच्चाल सक [उत्+चालय्] १ ऊँचा फेंकना । २ दूर करना । संकृ. '**उच्चालइय** निहाणिसु अदुवा आसणाओ खलइंसु' (आचा) ।

उच्चालइय वि [उच्चालयितृ] दूर करनेवाला त्यागनेवाला; 'जं जाणेज्जा उच्चालइयं तं जाणेज्जा दुरालइयं' (आचा) ।

उच्चालिय वि [उच्चालित] उठाया हुआ, ऊँचा किया हुआ, उत्थापित; 'उच्चालियम्मि पाए इरियासमियस्स संकमट्ठाए' (ओघ ७४८; दसनि ४५) ।

उच्चाव सक [उच्चय्] ऊँचा करना, उठाना । संकृ. **उच्चावइत्ता**; 'दोवि पाए उच्चावइत्ता सव्वओ समंत समभिलोएज्ज' (पएण १७) ।

उच्चावय वि [उच्चावच] १ ऊँचा और नीचा (णाया, १, १; पएण ३४) । २ उत्तम और अधम (भग १५) । ३ अनुकूल और प्रतिकूल (भग १, ९) । ४ असमञ्जस, अव्यवस्थित (णाया १, १६) । ५ विविध, नानाविध; 'उच्चावयाहिं सेज्जाहिं तवस्सी भिक्खू थामवं' (उत्त ८) । ६ उत्कृष्टतर, विशेष उत्तम; 'तए णं तस्स आणंदस्स समणोवासगस्स उच्चावएहिं सीलव्वयगुणवेरमणपच्चक्खाणपोसहोववासेहिं अप्पाणं भावेमाणस्स' (उवा; ओप) ।

उच्चाविय वि [उच्चित] ऊँचा किया हुआ (वज्जा १३२) ।

उच्चिट्ठ अक [उत्+स्था] खड़ा होना । उच्चिट्ठ (काल) ।

उच्चिडिम वि [दे] मर्यादा-रहित, निर्लज्ज; 'उच्चिडिमं मुक्कमजायं' (पाअ) ।

उच्चिण सक [उत्+चि] फूल वगैरह को तोड़ कर एकत्रित करना, इकट्ठा करना । उच्चिणइ (हे ४, २४१) । वकृ. **उच्चिणंत** (भवि) ।

उच्चिणग न [उच्चयन] अवचयन, एकत्रीकरण (सुपा ४९९) ।

उच्चिणिय वि [उच्चित] इकट्ठा किया हुआ, अवचित (पाअ) ।

उच्चिणिर वि [उच्चेतृ] फूल वगैरह को चुननेवाला (कुमा) ।

उच्चिय देखो उचिय; 'तस्स सुग्रोच्चियपन्नत्तणेण संतोसमणुपत्ता' (उप १६६ टी)।

उच्चिवलय न [दे] कलुषित जल, मैला पानी (पाम्र)।

उच्चुंच वि [दे] दृप्त, गर्विष्ठ, अभिमानी (दे १, ९९)।

उच्चुग वि [दे] अनवस्थित (षड्)।

उच्चुड अक [उत्+चुड्] अपसरण करना, हटना। वकृ. **उच्चुडंत** (गउड ७३३)।

उच्चुप्प सक [चट्] चढ़ना, आरूढ़ होना, ऊपर बैठना। उच्चुप्पइ (हे ४, २५९)।

उच्चुप्पिअ वि [दे. चटित] आरूढ़, ऊपर चढ़ा हुआ (दे १, १००)।

उच्चुरण [दे] उच्छिष्ट, जूठा (षड्)।

उच्चुलउलिअ न [दे] कुतूहल से शीघ्र शीघ्र जाना (दे १, १२१)।

उच्चुल्ल वि [दे] १ उद्विग्न, खिन्न। २ अधिरूढ, आरूढ। ३ भीत, डरा हुआ (दे १, १२७)।

उच्चूड पुं [उच्चूड] निशान का नीचे लटकता हुआ शृंगारित वस्त्रांश (उव ४४६)।

उच्चूर वि [दे] नानाविध, बहुविध (राज)।

उच्चूल पुं [अवचूल] १ निशान का नीचे लटकता हुआ शृङ्गारित वस्त्रांश (उप ४४६ टी)। २ औंधा-सिर—पैर ऊपर और सिर नीचे कर—खड़ा किया हुआ (विपा १, ६)।

उच्चे देखो **उच्चिण**। उच्चेइ (हे ४, २४१)। हेकृ. **उच्चेउं** (गा १५९)।

उच्चेय वि [उच्चेतस्] चिन्तातुर मनवाला (पाम्र)।

उच्चेल्लर न [दे] १ ऊसर भूमि। २ जघनस्थानीय केश (दे १, १३६)।

उच्चेव वि [दे] प्रकट, व्यक्त (दे १, ९७)।

उच्चोड पुं [दे] शोषण, 'चंदणुच्चोडकारी चंडो देहस्स दाहो' (कप्पू; प्राप)।

उच्चोदय पुं [उच्चोदय] चक्रवर्ती का एक देवकृत प्रासाद (उत्त १३, १३)।

उच्चोल पुं [दे] १ खेद, उद्वेग। २ नीवी, स्त्री के कटी-वस्त्र की नाड़ी (दे १, १३१)।

उच्छ पुं [उक्षन्] बैल, वृषभ (हे २, १७)।

उच्छ पुं [दे] १ आँत का आवरण (दे १, ८५)। २ वि. न्यून, हीन; 'उच्छत्तं वा न्यूनत्वम्' (पण्ह २, १)।

उच्छअ पुं [उत्सव] क्षण, उत्सव (हे २, २२)।

°उच्छअ वि [पृच्छक] प्रश्न-कर्ता (गा ९०)।

उच्छइअ वि [उच्छदित] आच्छादित, 'पालंबउच्छइयवच्छयलो' (काल)।

उच्छंखल वि [उच्छृङ्खल] १ शृङ्खला-रहित, अवरोध-वर्जित, बन्धन-शून्य। २ उद्धत, निरंकुश (गउड)।

उच्छंखलिय वि [उच्छृङ्खलित] अवरोधरहित किया हुआ, खुला किया हुआ; 'उच्छंखलियवणाणं सोहग्गं किंपि पवणाणं' (गउड)।

उच्छंग पुं [उत्सङ्ग] मध्य भाग; 'मउडुच्छंगपरिग्गहमियंकजोण्हावभासिणो पसुवइणो' (गउड; से १०,२)। २ क्रोड, गोद, कोरा (पाम्र); 'उच्छंगे णिविसेत्ता' (आवम)। ३ पृष्ठ देश (औप)।

उच्छंगिअ वि [उत्सङ्गित] कोरा, कोली या गोद में लिया हुआ (उप ६४८ टी)।

उच्छंगिअ वि [दे] आगे किया हुआ, आगे रखा हुआ (दे १, १०७)।

उच्छंघ देखो उत्थंघ (हे ४, ३६ टी)।

उच्छंट पुं [दे] झड़प से की हुई चोरी (दे १, १०१; पाम्र)।

उच्छट्ट पुं [दे] चोर, डाकू (दे १, १०१)।

उच्छडिअ वि [दे] चुराई हुई चीज, चोरी का माल (दे १, ११२)।

°उच्छण न [प्रच्छन] प्रश्न, पूछना (गा ५००)।

उच्छण्ण देखो **उच्छन्न** (हे १, ११४)।

उच्छत न [अपच्छत्र] १ अपने दोष को ढकने का व्यर्थ प्रयत्न, गुजराती में 'ढांकपिछोडो'। २ मृषावाद, झूठ वचन (पण्ह १, २)।

उच्छन्न वि [उत्सन्न] छिन्न, खण्डित, नष्ट (कुमा; सुपा ३८४)।

उच्छप्प सक [उत्+सर्पय्] उन्नत करना, प्रभावित करना। उच्छप्पइ (सुपा ३५२)। वकृ. **उच्छप्पंत** (सुपा २९६)।

उच्छप्पण न [उत्सर्पण] उन्नति, अभ्युदय (सुपा २७१)।

उच्छप्पणा स्त्री [उत्सर्पणा] ऊपर देखो, 'जिणपवयणम्मि उच्छप्पणाउ कारेइ विविहाम्रो' (सुपा २०६; ६४९)।

उच्छल अक [उत्+शल्] १ उछलना, ऊँचा जाना। २ कूदना। ३ पसरना, फैलना। वकृ. **उच्छलंत** (कप्प; गउड)।

उच्छलण न [उच्छलन] उछलना (दे १, ११८; ६, ११५)।

उच्छलिअ वि [उच्छलित] उछला हुआ, ऊँचा गया हुआ (गा ११७; ६२४; गउड)। २ प्रसृत, फैला हुआ; 'ता ताण वरगंधो। उच्छालयो छलिउं पिव गधं गोसीसचंदणवणस्स' (सुपा ३८५)।

उच्छलिर वि [उच्छलितृ] उछलनेवाला (धर्मवि १४; कुप्र ३७३)।

उच्छल्ल देखो **उच्छल**। उच्छल्लइ (पि ३२७); 'उच्छल्लंति समुद्दा' (हे ४, ३२६)।

उच्छल्ल वि [उच्छल] उछलनेवाला (भवि)।

उच्छल्लणा स्त्री [दे] अपवर्त्तना, अपप्रेरणा; 'कप्पडप्पहारनिद्दयआरक्खियखरफरुसवयणतज्जणगलच्छल्लुच्छल्लणाहि विमणा चारगवसहि पवेसिया' (पण्ह १, ३)।

उच्छल्लिअ देखो **उच्छलिअ** (भवि)।

उच्छल्लिअ वि [दे] जिसकी छाल काटी गई हो वह, 'तरुणो उच्छल्लिआ य दंतीहिं' (दे १, १११)।

उच्छव देखो **उच्छअ** (कुमा)। २ उत्सेक (भवि)।

उच्छविअ न [दे] शय्या, बिछौना (दे १, १०३)।

उच्छह सक [उत्+सह्] उद्यम करना। वकृ. **उच्छहं** (दस ९, ३, ६)।

उच्छह अक [उत्+सह्] उत्साहित होना। वकृ. **उच्छहंत** (भवि)।

उच्छहिय वि [उत्सहित] उत्साह-युक्त (सण)।

उच्छाइअ वि [अवच्छादित] आच्छादित, ढका हुआ (पउम ६१, ४२; सुर ३, ७१)।

उच्छाडिअ (अप) वि [अवच्छादित] ढका हुआ (भवि)।

उच्छाण देखो **उच्छ** = उक्षन् (प्रामा)।

उच्छाय पुं [उच्छ्राय] उत्सेध, ऊँचाई (ठा ७)।

उच्छाय सक [अव + छादय्] आच्छादन करना, ढकना। संकृ. **उच्छाइऊण** (चेइय ४८५)।

उच्छायण वि [अवच्छादन] आच्छादक, ढकनेवाला (स ३२३)।

उच्छायण वि [उच्छादन] नाशक (स ३२३; ५६३)।

उच्छायणया } स्त्री [उच्छादना] १ उच्छेद, **उच्छायणा** } विनाश (भग १५)। २ व्यवच्छेद, व्यावृत्ति (राज)।

उच्छार देखो **उत्थार**=आ + क्रम् (हे ४, १६० टी)।

उच्छाल सक [उत् + शालय्] उछालना, ऊँचा फेंकना। वकृ. **उच्छालिंत** (कुम्मा ४)।

उच्छालण न [उच्छालन] उछालना, उत्क्षेपण (कुम्मा ५)।

उच्छालिअ वि [उच्छालित] फेंका हुआ, उत्क्षिप्त (सुपा ६७)।

उच्छास देखो **ऊसास** (मै ६८)।

उच्छाह सक [उत् + साहय्] उत्साह दिलाना, उत्तेजित करना। **उच्छाहइ** (सुपा ३५२)।

उच्छाह पुं [उत्साह] १ उत्साह (ठा २,१)। २ दृढ़ उद्यम, स्थिर प्रयत्न (सुज २०)। ३ उत्कंठा, उत्सुकता (चंद २०)। ४ पराक्रम, बल। ५ सामर्थ्य, शक्ति (आचू १; हे १, ११४; २, ४८; पउम २०, ११८)।

उच्छाह पुं [दे] सूत का डोरा (दे १,६२)।

उच्छाहण न [उत्साहन] उत्तेजन, प्रोत्साहन (उप ५६७ टी)।

उच्छाहिय वि [उत्साहित] प्रोत्साहित, उत्तेजित (पिंड)।

उच्छिंद सक [उत् + छिद्] उन्मूलन करना, उखाड़ना। संकृ. **उच्छिंदिअ** (सूत्र ४४)।

उच्छिंदण न [दे] उधार लेना, करजा लेना, सूद पर लेना (पिंड ३१७)।

उच्छिंपग वि [अवच्छिम्पक] चोरों को खान-पान वगैरह की सहायता देनेवाला (पण्ह १, ३)।

उच्छिंपण न [उत्क्षेपण] १ ऊपर फेंकना। २ बाहर निकालना (पण्ह १, १)।

उच्छिट्ठ वि [उच्छिष्ट] जूठा, उच्छिष्ट (सुपा ११७; ३७५; प्रासू १५८)।

उच्छिट्ठ वि [उच्छिष्ट] अशिष्ट, असभ्य (दस ३, १ टी)।

उच्छिण्ण वि [उच्छिन्न] उच्छिन्न, उन्मूलित (ठा ५)।

उच्छित्त वि [दे] १ उत्क्षिप्त, फेंका हुआ। २ विक्षिप्त, पागल (दे १, १२४)।

उच्छित्त वि [उत्क्षिप्त] फेंका हुआ (से ५, ६१; पाअ)।

उच्छित्त देखो **उव्विग्ग** (से २, १५; गउड)।

उच्छित्त वि [उत्सिक्त] सींचा हुआ, सिक्त (दे १, १२३)।

उच्छिन्न देखो **उच्छिण्ण** (कप्प)।

उच्छिप्पंत देखो **उक्खिव**।

उच्छिय वि [उच्छ्रित] उन्नत, ऊँचा (राज)।

उच्छिरण वि [दे] उच्छिष्ट, जूठा (षड्)।

उच्छिल्ल न [दे] १ छिद्र, विवर (दे १, ९५)। २ वि. अवजीर्ण (षड्)।

उच्छु देखो **इक्खु** (पाअ; गा ७४१; पि १७७; ओघ ७७१; दे १,११७)। °**जंत** न [°यंत्र] ईख पेरने का सांचा (दे ६, ५१)।

उच्छु पुं [दे] पवन, वायु (दे १, ८५)।

उच्छुअ वि [उत्सुक] उत्कण्ठित (हे २, २२)।

उच्छुअ न [दे] डरते-डरते की हुई चोरी (दे १, ९५)।

उच्छुअरण न [दे] ईख का खेत (दे १, ११७)।

उच्छुआर वि [दे] संछन्न, ढका हुआ (दे १, ११५)।

उच्छुंडिअ वि [दे] १ बाण वगैरह से आहत। २ अपहृत, छीना हुआ (दे १, १३५)।

उच्छुग देखो **उच्छुअ** (सुर ८,६१)। °**भूय** वि [°भूत] जो उत्कण्ठित हुआ हो (सुर २, २१४)।

उच्छुच्छु वि [दे] दृप्त, अभिमानी (दे १, ९६)।

उच्छुण्ण वि [उत्क्षुण्ण] १ खण्डित, तोड़ा हुआ, 'उच्छुण्णं मद्दिअं च निद्दलिअं' (पाअ)। २ आक्रान्त, 'रइणावि अणुच्छुण्णा, वीसत्थं मारुएण वि अणालिद्धा। तिअसेहिंवि परिहरिआ, पवंगमेहिं मलिआ सुवेलुच्छंगा' (से १०, २)।

उच्छुद्ध वि [दे] १ विक्षिप्त। २ पतित (ओघ २२० भा)।

उच्छुभ सक [अप + क्षिप्] आक्रोश करना, गाली देना। **उच्छुभइ** (भग १५)।

उच्छुभण न [उत्क्षेपण] ऊँचा फेंकना (पव ७३ टी)।

उच्छुर वि [दे] अविनश्वर, स्थायी (दे १, ९०)।

उच्छुरण न [दे] १ ईख का खेत। २ ईख, ऊख (दे १, ११७)।

उच्छुल्ल पुं [दे] १ अनुवाद। २ खेद, उद्वेग (दे १, १३१)।

उच्छूढ वि [दे] आरूढ़, ऊपर बैठा हुआ (षड्)।

उच्छूढ वि [उत्क्षिप्त] १ त्यक्त, उज्झित (णाया १, १ उव)। २ मुषित, चुराया हुआ (राज)। ३ निष्कासित, बाहर निकाला हुआ (औप)।

उच्छूढ वि [उत्क्षुब्ध] ऊपर देखो; 'उच्छूढसरीरघरा अन्नो जीवो सरीरमन्नं ति' (उव पि ६६)।

उच्छूर देखो **उल्लूर** = तुड् (हे ४, ११६ टि)।

उच्छूल देखो **उच्चूल** (उव)।

उच्छेअ पुं [उच्छेद] १ नाश, उन्मूलन; 'एगंतुच्छेअम्मिवि सुहदुक्खविअप्पणमजुत्तं' (सम्म १८)। २ व्यवच्छेद, व्यावृत्ति; 'उच्छेओ सुत्तत्थाणं ववच्छेउत्ति वुत्तं भवति' (नीचू १)।

उच्छेयण न [उच्छेदन] विनाश, उन्मूलन; 'चिंतेइ एस समओ एयस्सुच्छेयणे मज्झ' (सुपा ३३५)।

उच्छेर अक [उत् + श्रि] १ ऊँचा होना, उन्नत होना। २ अधिक होना, अतिरिक्त होना। वकृ. **उच्छेरंत** (काप्र १९४)।

उच्छेव पुं [उत्क्षेप] १ ऊँचा करना, उठाना। २ फेंकना (वव २, ४)।

उच्छेव पुं [उत्क्षेप] प्रक्षेप (वव ४)।

उच्छेवण न [उत्क्षेपण] ऊपर देखो (से ६, २४)।

उच्छेवण न [दे] घृत, घी (दे १, ११६)।

उच्छेह पुं [उत्सेध] ऊँचाई (दे १, १३०)।

उच्छोडिय वि [उच्छोटित] छुड़ाया हुआ, मुक्त किया हुआ; 'उच्छोडिय-बंधो सो रन्ना भणिओ य भद्द! उवविससु' (सुर १, १०५); 'पासट्ठियपुरिसेहिं तक्खणमुच्छोडिया य से बंधा' (सुर २, ३६)।

उच्छोभ वि [उच्छोभ] १ शोभा-रहित। २ न. पिशुनता, चुगली (राज)।

उच्छोल सक [उत्+मूलय्] उन्मूलन करना, उखाड़ना। वकृ. **उच्छोलंत** (राज)।

उच्छोल सक [उत्+क्षालय्] प्रक्षालन करना, धोना। वकृ. **उच्छोलंत** (निचू १७)। प्रयो., वकृ. **उच्छोलावंत** (निचू १६)।

उच्छोलण न [उत्क्षालन] प्रभूत जल से प्रक्षालन, 'उच्छोलणं च कक्कं च तं विज्जं परियाणिया' (सूअ १, ६; औप)।

उच्छोलणा स्त्री [उत्क्षालना] प्रक्षालन (दस ४)।

उच्छोला स्त्री [दे] प्रभूत जल, 'नहदंतकेसरोमे जमेइ उच्छोलधोयणो अजओ' (उव)।

उच्छोलित्तु वि [उत्क्षालयितृ] डुबोनेवाला, निमग्न करनेवाला (सूअ २, २, १८)।

उजु देखो उज्जु (आचा; कप्प)।

उजुअ देखो उज्जुअ (नाट)।

उज्ज देखो ओय = ओजस् (कप्प)।

उज्ज न [ऊर्ज] १ तेज, प्रताप। २ बल (कप्प)।

उज्जअणी } स्त्री [उज्जयनी, °यिनि]
उज्जइणी } नगरी-विशेष, मालव देश की प्राचीन राजधानी, आजकल भी यह 'उज्जैन' नाम से प्रसिद्ध है (चारु ३९; पि ३८६)।

उज्जंगल न [दे] बलात्कार, जबरदस्ती। २ वि. दीर्घ, लम्बा (दे १, १३५)।

उज्जगरय पुं [उज्जागरक] १ जागरण, निद्रा का अभाव;

'जत्थ न उज्जगरओ,
जत्थ न ईसा विसूरणं माणं।
सब्भावचाडुयं जत्थ,
नत्थि नेहो तहिं नत्थि'
(वज्जा ६८)।

उज्जग्गिर न [उज्जागर] जागरण, निद्रा का अभाव (दे १; ११७; वज्जा ७४)।

उज्जग्गुज्ज वि [दे] स्वच्छ, निर्मल (दे १ ११३)।

उज्जड वि [दे] उजाड़, वसति-रहित (दे १, ९६);

'उक्किरणारयभरोणयत-
लजज्जरभूविसट्टबिलविसमा
थोउज्जडक्कविडंवा इमाओ
ता उन्दरथलीओ' (गउड)।

उज्जणिअ वि [दे] वक्र, टेढ़ा (दे १; १११)।

उज्जम अक [उद्+यम्] उद्यम करना, प्रयत्न करना। उज्जमइ (धम्म १४)। उज्जमह (उव)। वकृ. **उज्जमंत, उज्जममाण** (पराह १, ३); 'ण करेइ दुक्खमोक्खं उज्जममाणावि संजमतवेसु' (सूअ १, १३)। कृ. **उज्जमिअव्व, उज्जमेयव्व** (सुर १४, ८३; सुपा २८७; २२४)। हेकृ. **उज्जमिउं** (उव)।

उज्जम पुं [उद्यम] उद्योग, प्रयत्न (उव; जी ५०; प्रासू ११५)।

उज्जमण (अप) न [उद्यापन] उद्यापन, व्रत-समाप्ति-कार्य (भवि)।

उज्जमि वि [उद्यमिन्] उद्योगी (कुप्र ४१६)।

उज्जमिय (अप) वि [उद्यापित] समापित (व्रत) (भवि)।

उज्जम्ह अक [उत्+जृम्भ्] जोर से जँभाई लेना। उज्जम्हइ (प्राकृ ६४)।

उज्जय हि [उद्यत] उद्योगी, उद्युक्त, प्रयत्न-शील (पाअ; काप्र १६६; गा ४४८)। **°मरण** न [°मरण] मरण-विशेष (आचा)।

उज्जयंत पुं [उज्जयन्त] गिरनार पर्वत, 'इय उज्जयंतकप्पं, अवियप्पं जो करेइ जिणभत्तो' (ती; विवे १८); 'ता उज्जयंतसत्तंजएसु तित्थेसु दोसुवि जिणिंदे' (मुणि १०९७५)।

उज्जर वि [दे] १ मध्य-गत, भीतर का। २ पुं. निर्जरण, क्षय (तंदु ४१)।

उज्जल अक [उद्+ज्वल्] १ जलना। २ प्रकाशित होना, चमकना। उज्जलंति (विक्र ११४)। वकृ. **उज्जलंत** (णंदि)।

उज्जल वि [उज्ज्वल] १ निर्मल, स्वच्छ (भग ७, ८; कुमा)। २ दीप्त, चमकीला (कप्प; कुमा)।

उज्जल वि [दे] देखो उज्जल्ल (हे २, १७४ टि)।

उज्जलग वि [उज्ज्वलन] चमकीला, देदीप्यमान; 'जालुज्जलणगअंबरंव कत्थइ पयंतं अइवेगचंचलं सिहिं' (कप्प)।

उज्जलिअ पुं [उज्ज्वलित] तीसरी नरक-भूमि का सातवाँ नरकेन्द्रक—नरक-स्थान विशेष (देवेन्द्र ८)।

उज्जलिअ वि [उज्ज्वलित] १ उद्दीप्त, प्रकाशित (पउम ११८, ८८; औप)। २ ऊँची ज्वालाओं से युक्त (जीव ३)। ३ न. उद्दीपन (राज)।

उज्जल्ल वि [दे] स्वेद-सहित, पसीनावाला, मलिन; 'मुंडा कंडूविणट्ठंगा उज्जल्ला असमाहिया' (सूअ १, ३)। २ बलवान, बलिष्ठ (हे २, १७४)।

उज्जल्ल न [औज्ज्वल्य] उज्ज्वलता (गा ९२९)।

उज्जल्ला स्त्री [दे] बलात्कार, जबरदस्ती (दे १, ९७)।

उज्जव अक [उद्+यत्] प्रयत्न करना। वकृ. 'सुट्ठुवि उज्जवमाणं पंचेव करंति रित्तयं समणं' (उव)।

उज्जवण देखो उज्जावण (भवि)।

उज्जह सक [उद्+हा] प्रेरणा करना। संकृ. **उज्जहित्ता** (उत्त २७, ७)।

उज्जाअर } पुं [उज्जागर] जागरण, निद्रा
उज्जागर } का अभाव (गा ४८२; वज्जा ७६)।

उज्जाडिअ वि [दे] उजाड़ किया हुआ (भवि)।

उज्जाण न [उद्यान] उद्यान, बगीचा, उपवन (अणु; कुमा)। **°जत्ता** स्त्री [°यात्रा] गोष्ठी, गोठ (णाया १, १)। **°पालअ, °वाल** वि [°पालक, °पाल] बगीचा का रक्षक, माली (सुपा २०८; ३०५)।

उज्जाणिअ वि [औद्यानिक] उद्यान-संबंधी, बगीचा का (भग १४, १)।

उज्जाणिअ वि [दे] निम्नीकृत, नीचा किया हुआ (दे १, ११३)।

उज्जाणिआ } स्त्री [औद्यानिका] गोष्ठी,
उज्जाणिगा } गोठ; 'उज्जाणं जत्थ लोगो उज्जाणिमाए वच्चइ' (निचू ८; स १५१)।

उज्जाणी स्त्री [औद्यानी] गोष्ठी, गोठ (सुपा ४८५)।

उज्जायण न [उद्यायन] गोत्र-विशेष (सुज्ज १०, १ टी)।

उज्जाल सक [उत् + ज्वालय्] उज्ज्वल करना, विशेष निर्मल करना। संकृ. उज्जालियं (श्रावक ३७६)।

उज्जाल सक [उद् + ज्वालय्] १ उजाला करना। २ जलाना। संकृ. **उज्जालिय, उज्जालित्ता** (दस ५; आचा)।

उज्जालण न [उज्ज्वालन] जलाना (दस ५)।

उज्जालण न [उज्ज्वालन] उज्ज्वल करना (सिरि ६८०)।

उज्जालय वि [उज्ज्वालक] आग सुलगानेवाला (सूत्र १, ७, ५)।

उज्जालिअ वि [उज्ज्वालित] जलाया हुआ, सुलगाया हुआ (सुर ६, ११७)।

उज्जावण न [उद्यापन] व्रत का समाप्ति-कार्य (प्रासू)।

उज्जाविय वि [दे] विकासित (सरण)।

उज्जिंत देखो **उज्जयंत** (णाया १, १६);

'उज्जिंतसेलसिहरे, दिक्खा
णाणं निसीहिआ जस्स।
तं धम्मचक्कवट्टिं,
अरिट्ठनेमिं नमंसामि' (पडि)।

उज्जीरिअ वि [दे] निर्भर्त्सित, अपमानित, तिरस्कृत (दे १, ११२)।

उज्जीवण न [उज्जीवन] १ पुनर्जीवन, जिलाना; 'तस्सपभावो एसो कुमरस्सुज्जीवणे जाओ' (सुपा ५०४)। २ उद्दीपन (सण)।

उज्जीविय वि [उज्जीवित] पुनर्जीवित, जिलाया हुआ (सुपा २७०)।

उज्जु वि [ऋजु] सरल, निष्कपट, सीधा (औप; आचा)। °**कड** वि [°कृत] १ निष्कपट तपस्वी (आचा; उत्त)। °**कड** वि [°कृत्] माया-रहित आचरणवाला (आचा)। °**जड**, °**जड्ड** वि [°जड] सरल किन्तु मूर्ख, तात्पर्य को नहीं समझनेवाला (पंचा १६; उत्त २६)। °**मइ** स्त्री [°मति] १ मनःपर्यव ज्ञान का एक भेद, सामान्य मनोज्ञान, सामान्य रीति से दूसरों के मनोभाव को जानना। २ वि. उक्त मनो-ज्ञानवाला (परह २, १; औप)। °**वालिया** स्त्री [°वालिका] नदी-विशेष, जिसके किनारे भगवान् महावीर को केवल-ज्ञान उत्पन्न हुआ था (कप्प; स ४३२)। °**सुत्त** पुं [°सूत्र] वर्तमान वस्तु को ही माननेवाला नय-विशेष (ठा ७)। °**सुय** पुं [°श्रुत] देखो पूर्वोक्त अर्थ; 'पच्चुप्पन्नग्गाही उज्जुसुओ णयविही मुणेअव्वो' (अणु)। °**हत्थ** पुं [°हस्त] दाहिना हाथ (ओघ ५११)।

उज्जु पुं [ऋजु] संयम (सूत्र १, १३, ७)।

उज्जुअ वि [ऋजुक] ऊपर देखो (आचा; कुमा; गा १५६; ३५२)।

उज्जुआइअ वि [ऋजुकारित] सरल किया हुआ (से १३; २०)।

उज्जुग देखो **उज्जुअ** (पि ५७)।

उज्जुत्त वि [उद्युक्त] उद्यमी, प्रयत्नशील (सुर ४, १५; पाअ)।

उज्जुरिअ वि [दे] १ क्षीण, नष्ट। २ शुष्क, सूखा (दे १, ११२)।

उज्जूढ वि [उद्व्यूढ] धारण किया हुआ (संबोध ५३)।

उज्जेणग पुं [उज्जयनक] श्रावक-विशेष, एक उपासक का नाम (आचू ४)।

उज्जेणी देखो **उज्जइणी** (महा; काप्र ३३३)।

उज्जोअ सक [उद् + द्योतय्] प्रकाश करना, उद्योत करना। उज्जोएइ (महा)। वकृ. **उज्जोयंत, उज्जोइंत, उज्जोयमाण, उज्जोएमाण** (णाया १, १; सुपा ४७; सुर ८, ८७; सुपा २४२; जीव ३)।

उज्जोअ पुं [उद्योग] प्रयत्न, उद्यम (पउम ३, १२६; सूक्त ३६ पुप्फ २८; २६)।

उज्जोअ पुं [उद्द्योत] १ प्रकाश, उजेला। °**गर** वि [°कर] प्रकाशक; 'लोगस्स उज्जोअगरे, धम्मतित्थयरे जिणे' (पडि; पाअ; हे १, १७७)। २ उद्द्योत का कारण-भूत कर्म-विशेष (सम ६७; कम्म १)। °**त्थ** न [°स्त्र] शस्त्र-विशेष (पउम १२, १२८)।

उज्जोअग वि [उद्द्योतक] प्रकाशक, 'सव्वजगुज्जयोगस्स' (णंदि)।

उज्जोअण न [उद्द्योतन] १ प्रकाशन, अवभासन। २ वि. प्रकाश करनेवाला (उप ७२८ टी)। ३ पुं. सूर्य, रवि। ४ एक प्रसिद्ध जैनाचार्य (गु ७; सार्ध ६२)।

उज्जोअय वि [उद्द्योतक] १ प्रकाशक। २ प्रभावक, उन्नति करनेवाला (उर ८, १२)।

उज्जोइंत देखो **उज्जोअ** = उद् + द्योतय्।

उज्जोइय वि [उद्द्योतित] प्रकाशित (सम १५३; सुपा २०५)।

उज्जोएमाण देखो **उज्जोअ** = उद् + द्योतय्।

उज्जोमिआ स्त्री [दे] रश्मि, रस्सी (दे १, ११५)।

उज्जोव देखो **उज्जोअ** = उद् + द्योतय्। वकृ. **उज्जोवंत, उज्जोवयंत, उज्जोवेंत, उज्जोवेमाण** (पउम २१, १५; स २०७; ६३१; ठा ८)।

उज्जोवण न [उद्द्योतन] प्रकाशन (स ६३१)।

उज्जोविय देखो **उज्जोइय** (कप्प; णाया १, १; परह १, ४; पउम , १६०; स ३६)।

उज्झ सक [उज्झ्] त्याग करना, छोड़ देना। उज्झइ (महा)। कवकृ. **उज्झिज्जमाण** (उप २११ टी)। संकृ. **उज्झिअ, उज्झिउं, उज्झिऊण** (अभि ६०; पि ५७६; राज)। हेकृ. **उज्झित्तए** (णाया १, ८)। कृ. **उज्झियव्व** (उप ५६७ टी)।

उज्झ पुं [उज्झ, उद्ध्य] उपाध्याय, पाठक (विसे ३१६८)।

उज्झअ } वि [उज्झक] त्याग करनेवाला,
उज्झग } छोड़नेवाला (सूत्र १, ३; उप १७६ टी)।

उज्झण न [उज्झन] परित्याग (उप १७६; पृ ४०३; पउम १, ६०; औप)।

उज्झणया } स्त्री [उज्झना] परित्याग (उप
उज्झणा } ५६३; आव ४)।

उज्झणिअ वि [दे] विक्रीत, बेचा हुआ। २ निम्नीकृत, नीचा किया हुआ (षड्)।

उज्झमण न [दे] पलायन, भागना (दे १, १०३)।

उज्झमाण वि [दे] पलायित, भागा हुआ (षड्)।

उज्झर पुं [निर्झर] पर्वत से गिरनेवाला जल-प्रवाह, पहाड़ का झरना (णाया १, १; गउड; गा ६३६)। °**वण्णी** स्त्री [°पर्णी] उदक-पात, जल-प्रपात (निचू ५)।

उज्झरिअ वि [दे] टेढ़ी नजर से देखा हुआ। २ विक्षिप्त। ३ क्षिप्त, फेंका हुआ। ४ परित्यक्त, उज्झित (दे १, १३३)।

उज्झल वि [दे] प्रबल, बलिष्ठ (षड्)।

उज्झलिअ वि [दे] १ प्रक्षिप्त, फेंका हुआ। २ विक्षिप्त (षड्)।

उज्झस पुं [दे] उद्यम, उद्योग, प्रयत्न (दे १, ९५)।

उज्झसिअ वि [दे] उत्कृष्ट, उत्तम (षड्)।

°उज्झा देखो **अउज्झा** (उप पृ ३७४)।

उज्झाय पुं [उपाध्याय] विद्या-दाता गुरु, शिक्षक, पाठक (महा; सुर १, १८०)।

उज्झासि त्रि [उद्भासिन्] चमकनेवाला, देदीप्यमान, 'कंकणुज्झासिहत्था' (रंभा)।

उज्झिंखिअ न [दे] १ वचनीय, लोकापवाद। २ त्रि. निन्दनीय। ३ कथनीय (दे ३, ५५)।

उज्झिय त्रि [उज्झित] १ परित्यक्त, विमुक्त (कुमा)। २ भिन्न (आव ४)। ३ न. परित्याग (अणु)। **°य** पुं [°क] एक सार्थवाह का पुत्र (विपा १, २)।

उज्झिय त्रि [दे] १ शुष्क, सूखा हुआ। २ निम्नीकृत, नीचा किया हुआ (षड्)।

उज्झिया स्त्री [उज्झिता] एक सार्थवाह-पत्नी (णाया १, ७)।

उट्ट पुंस्त्री [उष्ट्र] ऊँट, करभ (विपा १, ६; हे २, ३४; उवा)। स्त्री. **उट्टी** (राज)।

उट्टार पुं [अवतार] घाट, तीर्थ, जलाशय का तट;

'अह ते तुरउट्टारे बहुभडमयरे सुसत्थकमलवणे।
लीलायंति जहिच्छं समरतलाए कुमारगया'
(पउम ९८, ३०)।

उट्टिगा देखो **उट्टिया** (धर्मसं ७८)।

उट्टिय } वि [औष्ट्रिक] ऊँट सम्बन्धी। ऊँट
उट्टियय } के रोओं का बना हुआ (ठा ५, ३; ओघ ७०९)। ३ पुं. भृत्य, नौकर (कुमा)। ४ घड़ा, घट (उवा)।

उट्टिया स्त्री [उष्ट्रिका] घड़ा, घट, कुम्भ (विपा १, ६; उवा)। **°समण** पुं [°श्रमण] आजीविक-मत का साधु, जो बड़े घड़े में बैठ कर तपस्या करता है (औप)।

उट्ठ अक [उत् + स्था] उठना, खड़ा होना। उट्ठइ (हे ४, १७; महा)। उट्ठेइ (पि ३०९)। वकृ. **उट्ठंत** (गा ३८२; सुपा २९९), **उट्ठिंत** (सुर ८, ४३; १३, ५३)। संकृ. **उट्ठाय, उट्ठित्तु, उट्ठित्ता, उट्ठेत्ता** (राज; आचा; पि ५८२)। हेकृ. **उट्ठिउं** (उप पृ २५८)।

उट्ठ वि [उत्थ] उत्थित, उठा हुआ (ओघ ७० उवा)। **°बइस** अप [°ोपवेश] उठ-बैठ (हे ४, ४२३)।

उट्ठ पुं [ओष्ठ] ओठ, अधर (सम १२५; सुपा ५२३)।

उट्ठ पुं [उष्ट्र] जलचर जंतु-विशेष (सूअ १, ७, १५)।

उट्ठण देखो उट्ठाण (धर्मवि १३०)।

उट्ठंभ सक [अव + स्तभ्] १ आलम्बन देना, सहारा देना। २ आक्रमण करना कर्म. उट्ठब्भइ (हे ४, ३६५)। संकृ. '**उट्ठंभिया** एगया कायं' (आचा १, ९, ३, ११)।

उट्ठवण न [उत्थापन] उत्थापन, ऊँचा करना, उठाना (ओघ २१४; दे १, ८२)।

उट्ठविय वि [उत्थापित] उत्पाटित, उठाया हुआ, खड़ा किया हुआ; 'सा सणियं उट्ठविया भणइ किमागमणकारणं सुणहे' (सुर ६, १६०)।

उट्ठा देखो **उट्ठ** = उत् + स्था (प्रामा)।

उट्ठा स्त्री [उत्था] उत्थान, उठान; 'उट्ठाए उट्ठेइ' (णाया १, १; औप)।

उट्ठाइ वि [उत्थाइन्] उठनेवाला (आचा)।

उट्ठाइअ वि [उत्थित] १ जो तैयार हुआ हो, प्रगुण (पउम १२, ९६)। २ उत्पन्न, उत्थित (स ३७९)।

उट्ठाइअ देखो **उट्ठाविअ** (उवा)।

उट्ठाण न [उत्थान] १ उठान, ऊँचा होना (उव); 'मअसलिलेहिं घडासु अ वोच्छिज्जइ पसरिअं महिरउट्ठाणं' (से १३, ३७)। २ उद्भव, उत्पत्ति (णाया १, १४)। ३ आरम्भ, प्रारम्भ (भग १५)। ४ उद्वसन, बाहर निकलना (णंदि)। **°सुय** न [°श्रुत] शास्त्र-विशेष (णंदि)।

उट्ठाय देखो **उट्ठ** = उत् + स्था।

उट्ठाव सक [उत् + स्थापय्] उठाना। उट्ठावेइ (महा)।

उट्ठावण देखो **उट्ठवण** (कस)।

उट्ठावण देखो **उवट्ठावण**; 'पव्वावणविहिमुट्ठावणं च अज्जाविहिं निरवसेसं' (उव)।

उट्ठावणा देखो **उवट्ठावणा** (भत्त २५)।

उट्ठाविअ वि [उत्थापित] १ उठाया हुआ, खड़ा किया हुआ (नाट)। २ उत्पातित; 'तुमए उट्ठाविओ कली एस' (उप ६४८ टी)।

उट्ठिउं }
उट्ठिंत }
उट्ठित्ता } देखो **उट्ठ** = उत् + स्था।
उट्ठित्तु }

उट्ठिय वि [उत्थित] उत्थित, खड़ा हुआ (सुर ३, ९९)। २ उत्पन्न, उद्भूत (पण्ह १, ३); 'विहीसिया कावि उट्ठिया एसा' (सुपा ५४१)। ३ उदित, उदय-प्राप्त; 'उट्ठियम्मि सूरे' (अणु)। उद्यत, उद्युक्त (आचा)। ५ उद्वसित, बाहर निकला हुआ (ओघ ६५ भा)।

उट्ठिर वि [उत्थातृ] उठनेवाला (सण)।

उट्ठिसिय वि [उद्घुषित] पुलकित, रोमाञ्चित (ओघ; कुमा)।

उट्ठीअ (अप) देखो **उट्ठिय** (पिंग)।

उट्ठुभ } अक [अव + ष्ठीव्] थूकना।
उट्ठुह } उट्ठुभंति, उट्ठुभइ (पि १२०), उट्ठुहइ (भग १५)। संकृ. **उट्ठुहइत्ता** (भग १५)।

उठिअ (अप) देखो **उट्ठिय** (पिंग—पत्र ५८१)।

°उड पुंन [कुट] घट, कुम्भ;

'पडिवक्खमण्णुपुंजे लावण्णउडे अणंगगअकुंभे।
पुरिससअहिअअधरिए कीस थणंती थणे वहसि'
(गा २६०)

°उड पुं [कूट] समूह, राशि; 'सप्पी जहा अंडउडं भत्तारं जो विहिंसइ' (सम ५१)।

°उड देखो **पुड** (उवा; महा; गउड; गा ६६०; सुर २, १३; प्रासू ३९)।

उडंक पुं [उटङ्क] एक ऋषि, तापस-विशेष (निचू १२)।

उडंब वि [दे] लिप्त, लिपा हुआ (षड्)।

उडज }
उडय } पुं [उटज] ऋषि-आश्रम, पर्णशाला, पत्तों से बना हुआ घर (अभि १११; प्रति ८४; अभि ३७; स १०); 'उडवो तावसगेहं' (पाअ);
उडव }

'जमहं दिया य राओ य, हुणामि महुसप्पिसं। तेण मे उडओ दड्ढो, जायं सरणओ भयं' (निचू १)।

उडाहिअ वि [दे] उत्क्षिप्त, फेंका हुआ (षड्)।

उडिअ वि [दे] अन्विष्ट, खोजा हुआ (षड्)।

उडिउ पुं [दे] उड़िद, उरद, माष, धान्य-विशेष (दे १, ९८)।

उडु पुं [उडु] एक देव-विमान (देवेन्द्र १३१)। °**प्पभ** पुंन [°प्रभ] उडु नामक विमान के पूर्व तरफ स्थित एक देव-विमान (देवेन्द्र १३८)। °**मज्झ** पुंन [°मध्य] उडुविमान के दक्षिण तरफ का एक देव-विमान (देवेन्द्र १३८)। °**यावत्त** पुंन [°कावर्त] उडुविमान के पश्चिम तरफ का एक देव-विमान (देवेन्द्र १३८)। °**सिट्ठ** पुंन [°सृष्ट] उडुविमान के उत्तर तरफ का एक देव-विमान (देवेन्द्र १३८)।

उडु न [उडु] १ नक्षत्र (पाअ)। २ विमान-विशेष (सम ६९)। °**प**, °**व** पुं [°प] १ चन्द्र, चन्द्रमा (औप; सुर १६, २४९)। २ जहाज, नौका (दे १, १२२)। ३ एक की संख्या (सुर १६, २४९)। °**वइ** पुं [°पति] चन्द्र (सम ३०; पण्ह १, ४)। °**वर** पुं [°वर] सूर्य (राज)।

उडु देखो उउ (ठा २, ४; ओघ १२३ भा)।

उडुंबरिज्जिया स्त्री [उदुम्बरीया] जैन मुनियों की एक शाखा (कप्प)।

उडुहिअ न [दे] १ विवाहिता स्त्री का कोप। २ वि. उच्छिष्ट, जूठा (दे १, १३७)।

उडूखल } **उडूहल** } पुंन [उडूखल] उलूखल, उदूखल (पिंड ३६१; प्राकृ ७)।

उड्ड पुं [उड्र] १ देश-विशेष, उत्कल, ओड़, ओड़ नामों से प्रसिद्ध देश, जिसको आजकल उड़ीसा कहते हैं (स २८६)। २ इस देश का निवासी, उड़िया; 'सगजवण-बब्बर-गाय मुरुं-डोड्ड-भडग—' (पण्ह १, १)।

उड्ड त्रि [दे] कुंआ आदि को खोदनेवाला, खनक (दे १, ८५)।

उड्डण पुं [दे] १ बैल, साँड़। २ वि. दीर्घ, लम्बा (दे १, १२३)।

उड्डंस देखो **उद्दंस** (उत्त ३६, १३८)।

उड्डस पुं [दे] खटमल, खटकीरा, उड़िस (दे १, ९६)।

उड्डहण पुं [दे] चोर, डाकू (दे १, ९१)।

उड्डाअ पुं [दे] उद्गम, उदय, उद्भव (दे १, ९१)।

उड्डाण न [उड्डयन] उड़ान, उड़ना; 'मोरोवि अहव घिप्पइ, हंत तइजम्मि उड्डाणे' (सुर ८, ५२)।

उड्डाण पुं [दे] १ प्रतिशब्द, प्रतिध्वनि। २ कुरर, पक्षि-विशेष। ३ विष्ठा, पुरीष। ४ मनोरथ, अभिलाष। ५ वि. गर्विष्ठ, अभिमानी (दे १, १२८)।

उड्डामर वि [उड्डामर] उद्भट, प्रबल (कुप्र १४५)।

उड्डामर वि [उड्डामर] १ भय, भीति। २ आडम्बरवाला, टीपटापवाला (पाअ)।

उड्डामरिअ वि [उड्डामरित] भय-भीत किया हुआ (कप्पू)।

उड्डाव सक [उद् + डायय्] उड़ाना। उड्डावइ (भवि)। वकृ. **उड्डावंत** (हे ४, ३५२)।

उड्डाव वि [उड्डायक] उड़ानेवाला (पिंड ४७१)।

उड्डावण न [उड्डायन] १ उड़ाना, 'मत्तजल-वायसुड्डावणेण जलकलुसणं किमिमं' (कुमा)। २ आकर्षण; 'हियउड्डावणे' (णाया १,१४)।

उड्डाविअ वि [उड्डायित] उड़ाया हुआ (गा ११०; पिंग)।

उड्डाविर वि [उड्डायितृ] उड़ानेवाला (वज्जा ६४)।

उड्डास पुं [दे] संताप, परिताप (दे १,९६)।

उड्डाह पुं [उद्दाह] १ भयङ्कर दाह, जला देना (उप २०८)। २ मालिन्य, निन्दा, उप-घात (ओघ २२१)।

उड्डिअ वि [औड्र] उड़ीसा देश का निवासी (नाट)।

उड्डिअ वि [दे] उत्क्षिप्त, फेंका हुआ (षड्)।

उड्डिअंत देखो **उड्डी** = उत् + डी।

उड्डिआहरण न [दे] छुरी पर रक्खे हुए फूल को पाँव की दो उँगलियों से लेते हुए चल जाना; 'छुरिअग्गमुक्कपुप्फं घेत्तुअ पायंगुलीहि उप्पयणं। तं उड्डिआहरणं' 'कुसुमं यत्रोड्डीय, क्षुरिकाग्राल्लाघवेन संगृह्य। पादाङ्गुलिभिर्गच्छति, तद्विज्ञातव्यमुड्डिआहरणं' (दे १, १२१)।

उड्डिय वि [उड्डीन] उड़ा हुआ; 'तरुउड्डिय-पक्खिणव्व पगे' (धर्मवि १३९)।

उड्डिहिअ वि [दे] ऊपर फेंका हुआ (पाअ)।

उड्डी अक [उद् + डी] उड़ना। उड्डेइ, उड्डिंति (पि ४७४)। वकृ. **उड्डिअंत**, **उड्डेंत** (दे ६, ६४; उप १०३१ टी)। संकृ. **उड्डेऊण**, **उड्डेवि** (पि ५८६; भवि)।

उड्डी स्त्री [औड्री] लिपि-विशेष, उत्कल देश की लिपि (विसे ४६४ टी)।

उड्डीण वि [उड्डीन] उड़ा हुआ (णाया १, १; पाअ; सुपा ४६४)।

उड्डुअ पुं [दे] डकार, उद्गार; 'जंभाइएणं उड्डुएणं वायनिसग्गेणं' (पडि)।

उड्डुइय } **उड्डोअ** } पुं [दे] देखो **उड्डुअ** (चेइय ४३४; ४३७)।

उड्डुवाडिय पुं [उड्डुवाटिक] भगवान् महावीर के एक गण का नाम (कप्प)। देखो **उद्दवाइअ**।

उड्डुहिअ देखो **उडुहिअ** (दे १, १३७)।

उड्डोय देखो **उड्डुअ** (राज)।

उड्ढ न [ऊर्ध्व] १ ऊपर, ऊँचा (अणु)। २ वमन, उलटी; 'उड्ढणिरोहो कुट्ठं' (बृह ३)। ३ वि. उत्तम, मुख्य; 'अहत्ताए नो उड्ढत्ताए परिणमंति' (भग ६, ३; श्रावम)। ४ खड़ा, दण्डायमान; 'खाणुव्व उड्ढदेहो काउस्सग्गं तु ठाइज्जा' (आव ६)। ५ ऊपर का, उपरितन (उवा)। °**कंडूयग** पुं [°कण्डूयक] तापसों का एक सम्प्रदाय जो नाभि के ऊपर भाग में ही खुजलाते हैं (भग ११, ९)। °**काय** पुं [°काय] शरीर का उपरितन भाग (राज)। °**काय** पुं [°काक] काक, वायस; 'ते उड्ढ-काएहि पखज्जमाणा अवरेहिं खज्जंति सणप्फ-एहिं' (सूअ १,५,२,७)। °**गम** वि [°गम] ऊपर जानेवाला (सुपा ४५९)। °**गामि** वि [°गामिन्] ऊपर जानेवाला (सम १५३)। °**चर** वि [°चर] ऊपर चलनेवाला, आकाश में उड़नेवाला (गृध्रादि) (आचा)। °**दिसा** स्त्री [°दिश्] ऊर्ध्व दिशा (उवा; आव ६)। °**रेणु** पुं [°रेणु] परिमाण-विशेष, आठ

श्लक्ष्णश्लक्ष्णिका (इक)। **°लोग, °लोय** पुं [°लोक] स्वर्ग, देव-लोक (ठा ५, ३; भग)। **°वाय** पुं [°वात] ऊँचा गया हुआ वायु, वायु-विशेष (जीव १)।

उड्ढं ऊपर देखो; 'उड्ढंजाणू अहोसिरे झाण-कोट्ठोवगए' (भग १, १; महा; श्रा ३३)।

उड्ढंक न [दे] मार्ग का उन्नत भू-भाग (सूअ १, २)।

उड्डुल, उड्डुल्ल पुं [दे] उल्लास, विकास (दे १, ९१)।

उड्ढविय वि [ऊर्ध्वित] ऊँचा किया हुआ (वज्जा १४६)।

उड्ढा स्त्री [ऊर्ध्वा] ऊर्ध्व-दिशा (ठा ६)।

उड्ढि [दे] देखो उद्धि (सुज्ज १०, ८)।

उड्ढि देखो वुड्ढि (षड्)।

उड्ढि देखो इड्ढि (षड्)।

उड्ढिय देखो उद्धरिअ = उद्धृत (रंभा)।

उड्ढिया स्त्री [दे] १ पात्र-विशेष (स १७३)। २ कम्बल वगैरह ओढ़ने का वस्त्र (स ५८६)।

उणं देखो पुण = पुनर् (पिंड ८२)।

उण न [ऋण] ऋण, करजा (षड्)।

उण, उणा, उणाइ देखो पुण (प्रामा; प्रासू ६१; कुमा; हे १, ६५)।

उणपन्न स्त्रीन [एकोनपञ्चाशत्] उनचास, ४९ (देवेन्द्र ९६)।

उणाइ पुं [उणादि] व्याकरण का एक प्रकरण (पण्ह २, २)।

उणाइ पुं [दे] प्रिय, पति, नायक; 'उणाइ-साहढोल्लाः प्रियार्थे' (संक्षि ४७)।

उणो देखो पुण (गउड; वि ३४१; हे १,६५)।

उण्ण न [ऊर्ण] भेड़ या बकरी के रोम, रोआँ। देखो उन्न। **°कप्पास** पुं [°कार्पास] ऊन, भेड़ के रोम (निचू १)। **°णाभ** पुं [°नाभ] मकड़ी, कीट-विशेष (राज)।

°उण्ण देखो पुण्ण = पूर्ण (से ८, ६१; ६५)।

उण्णअ सक [उद् + नद्] पुकारना, आह्वान करना। उण्णअइ (प्राकृ ७४)।

उण्णइ स्त्री [उन्नति] उन्नति, अभ्युदय (गा ४६७)।

उण्णइज्जमाण देखो उण्णो।

उण्णम अक [उद् + नम्] ऊंचा होना, उन्नत होना। वकृ. **उण्णमंत** (पि १६६)। संकृ. **उण्णमिय** (आचा २, १, ५)।

उण्णम वि [दे] समुन्नत, ऊँचा (दे १, ८८)।

उण्णय वि [उन्नत] १ उन्नत, ऊँचा (अभि २०९)। २ गुणवान्, गुणी (णाया १, १)। ३ अभिमानी (सूअ १, १६)। ४ न. अभिमान, गर्व (भग १२, ५)।

उण्णय पुं [उन्नय] नीति का अभाव (भग १२, ५)।

उण्णा स्त्री [ऊर्णा] ऊन, भेड़ के रोम (आवम)। **°पिपीलिया** स्त्री [°पिपीलिका] चींटी, जन्तु-विशेष (दे ६,४८)।

उण्णाअक वि [उन्नायक] १ उन्नति-कारक। २ पुन. छन्दःशास्त्र प्रसिद्ध मध्य-गुरु चतुष्कल की संज्ञा (पिंग)।

उण्णाग पुं [उन्नाक] ग्राम-विशेष (आवम)।

उण्णाम पुं [उन्नाम] १ उन्नति, ऊँचाई (से ६, ५९)। २ गर्व, अभिमान। ३ गर्व का कारण-भूत कर्म (भग १२, ५)।

उण्णाम सक [उद् + नमय्] ऊँचा करना (से ४, ५६)।

उण्णामिय वि [उन्नमित] ऊँचा किया हुआ (गा १६; २५६; से ६, ७१)।

उण्णाल सक [उद् + नमय्] ऊँचा करना। उण्णालइ (प्राकृ ७५)।

उण्णालिय वि [दे] १ कृश, दुर्बल। २ उन्नमित, ऊँचा किया हुआ (दे १, १३६)।

उण्णिअ वि [उन्नीत] वितर्कित; विचारित (से १३, ७७)।

उण्णिअ वि [और्णिक] ऊन का बना हुआ (ठा ६, ३; ओघ ७०९; ८९ भा)।

उण्णिद्द वि [उन्निद्र] १ विकसित, उल्लसित (गउड)। २ निद्रा-रहित (माल ८५)।

उण्णी सक [उद् + नी] १ ऊँचा ले जाना। २ कहना। भवि. उण्णेहं (विसे ३५८५)। कवकृ. **उण्णइज्जमाण** (राज)।

उण्णुइअ पुं [दे] १ हुँकार। २ आकाश की तरफ मुँह किए हुए कुत्ते की आवाज (दे १, १३२)। ३ वि. गर्वित; 'एवं भणिओ संतो उण्णुइओ सो कहेइ सव्वं तु' (वव २, १०)।

उण्ह पुं [उष्ण] १ आतप, गरमी (णाया १, १)। २ वि. गरम, तप्त (कुमा)।

उण्हवण न [उष्णन] गरम करना (पिंड २४०)।

उण्हिआ स्त्री [दे] कृसर, खिचड़ी (दे १, ८८)।

उण्हीस पुंन [उष्णीष] पगड़ी, मुकुट (हे २, ७५)।

उण्होदयभंड पुं [दे] भ्रमर, भमरा, भौंरा (दे १,१२०)।

उण्होला स्त्री [दे] कीट-विशेष (आवम)।

उताहो अ [उताहो] अथवा, या (वि ८५)।

उत्त वि [उक्त] कथित, अभिहित (सुर १०, ७६; स ३७३)।

उत्त वि [उप्त] १ बोया हुआ। २ निष्पादित, उत्पादित; 'देवउत्ते अए लोए बंभउत्तेति यावरे' (सूअ १, १, ३)।

उत्त पुं [दे] वनस्पति-विशेष (राज)।

°उत्त वि [गुप्त] रक्षित (सूअ १, १, ३, ५)।

उत्त देखो पुत्त (गा ८४; सुर ७, १५८)।

उत्तइय, उत्तुइय वि [उत्तेजित] (दश० नि० गा० १११. अग०)।

उत्तंघ देखो **उत्थंघ** = रुध्। **उत्तंघइ** (हे ४, १३३)।

उत्तंघ देखो **उत्तंभ**। उत्तंघइ (प्राकृ ७०)।

उत्तंत देखो वुत्तंत (षड्; विक्र ३९)।

उत्तंपिअ वि [दे] खिन्न, उद्विग्न (दे १, १०२)।

उत्तंभ सक [उत् + स्तम्भ्] १ रोकना। २ अवलम्बन देना, सहारा देना। कर्म. उत्तंभिज्जइ, उत्तंभिज्जंति (पि ३०८)।

उत्तंभण न [उत्तम्भन] १ अवरोध। २ अवलम्बन (उप पृ २२१)।

उत्तंभय वि [उत्तम्भक] १ रोकनेवाला। २ अवलम्बन देनेवाला, सहायक (उप पृ २२०)।

उत्तंस पुं [अवतंस] शिरो-भूषण, अवतंस (गउड; दे २, ५७)।

उत्तंस पुं [उत्तंस] कर्णपूरक, कनफूल, कर्ण-भूषण (पाअ)।

उत्तइय वि [दे] उत्तेजित, अधिक दीपित (दसनि ३, ३५)।

उत्तण वि [दे] गर्वित (सट्ठि ५६ टी)। देखो **उत्तुण**।

उत्तण वि [**उत्तृण**] तृणवाली जमीन, 'खित्तखिलभूमिवल्लराइं उत्तणघडसंकडाइं डज्झंतु' (पण्ह १, १)।

उत्तणुअ वि [**उत्तनुक**] अभिमानी, गर्विष्ठ (पाअ)।

उत्तत्त वि [**उत्तप्त**] अति-तप्त, बहुत गरम (सुपा ३७)।

उत्तत्त वि [**दे**] अध्यासित, आरूढ़ (षड्)।

उत्तत्थ वि [**उत्त्रस्त**] भय-भीत, त्रास-प्राप्त (पण्ह १, ३; पाअ)।

उत्तद्ध देखो उत्तरद्ध (पिंग)।

उत्तप्प वि [**दे**] १ गर्वित, अभिमानी (दे १, १३१; पाअ)। अधिक गुणवाला (दे १३१)।

उत्तप्प वि [**उत्तप्त**] देदीप्यमान (राज)।

उत्तम पुं [**उत्तम**] एक दिन का उपवास (संबोध ५८)।

उत्तम वि [**उत्तम**] १ श्रेष्ठ, प्रशस्त, सुन्दर (कप्प; प्रासू ६)। २ प्रधान, मुख्य (पंचा ४)। ३ परम, उत्कृष्ट; 'उत्तमकट्ठपत्ते' (भग ७,६)। ४ अन्त्य, अन्तिम (राज)। ५ पुं. मेरु-पर्वत (इक)। ६ संयम, त्याग (दसा ५)। ७ राक्षस वंश का एक राजा, स्वनाम-ख्यात एक लंकेश (पउम ५, २६४)। °**ट्ठ** पुं [°**र्थ**] १ श्रेष्ठ वस्तु। २ मोक्ष (उत्त २)। ३ मोक्ष-मार्ग; 'जीवा ठिया परमट्ठम्मि' (पउम २, ८१)। ४ अनशन, मरण (ओघ ७)। °**ण्ण** वि [°**र्ण**] लेनदार (नाट)।

उत्तम वि [**उत्तमस्**] अज्ञान-रहित, 'तिविहतमा उम्मुक्का, तम्हा ते उत्तमा हुंति' (आवनि ५५; कप्प)।

उत्तमंग न [**उत्तमाङ्ग**] मस्तक, सिर (सम ५०; कुमा)।

उत्तमा स्त्री [**उत्तमा**] १ 'णायाधम्मकहा' का एक अध्ययन (णाया २,१)। २ इन्द्राणी (णाया २, १; ठा ४, १)।

उत्तमा स्त्री [**उत्तमा**] पक्ष की प्रथम रात्रि (सुज्ज १०, १४)।

उत्तम्म अक [**उत् + तम्**] खिन्न होना, उद्विग्न होना। उत्तम्मइ (स २०३)। वकृ. **उत्तम्मंत; उत्तम्ममाण** (नाट)। संकृ. **उत्तम्मिअ** (नाट)।

उत्तम्मिअ वि [**उत्तान्त**] खिन्न, दिलगीर (दे १, १०२; पाअ)।

उत्तर अक [**उत् + तॄ**] १ बाहर निकलना। २ सक. पार करना। उत्तरिस्सामो (स १०१)। वकृ. **उत्तरंत**;

'पेच्छंति अणिमिसच्छा पहिआ
हलिअस्स पिट्ठपंडुरिअं।
धूअं दुद्धसमुद्दुत्तरंतलच्छिं
विअ सअण्हा' (गा ३८८);

'उत्तरंताण य मरुं, खंधवारो तिसाए मरिउमारद्धो' (महा)। संकृ. **उत्तरित्तु** (त्रि ५७७)। हेकृ. **उत्तरित्तए** (पि ५७८)।

उत्तर अक [**अव + तृ**] उतरना, नीचे आना। वकृ. **उत्तरमाण**, 'उत्तरमाणस्स तो विमाणाओ' (सुपा ३४०)। **उत्तर** वि [**उत्तर**] १ श्रेष्ठ, प्रशस्त (पउम ११८, ३०)। २ प्रधान, मुख्य (सूअ १, ३)। ३ उत्तर-दिशा में रहा हुआ (जं १)। ४ उपरि-वर्त्ती, उपरितन (उत्त २)। ५ अधिक, अतिरिक्त; 'अट्ठुत्तर—' (औप; सूअ १, २)। ६ अवान्तर, भेद, शाखा; 'उत्तरपगइ' (कम्म १)। ७ ऊन का बना हुआ वस्त्र, कम्बल वगैरह (कप्प)। ८ न. जवाब, प्रत्युत्तर (वव १)। ९ वृद्धि (भग १३, ४)। १० पुं. ऐरवत क्षेत्र के बाईसवें भावी जिनदेव का नाम (सम १५४)। ११ वर्षा कल्प (कप्प)। १२ एक जैन मुनि, आर्य-महागिरि के प्रथम शिष्य (कप्प)। °**कंचुय** पुं [°**कञ्चुक**] बख्तर-विशेष (विपा १, २)। °**करण** न [°**करण**] उपस्कार, संस्कार, विशेष-गुणाधान;

'खंडियविराहियाणं,
मूलगुणाणं सउत्तरगुणाणं।
उत्तरकरणं कीरइ, जह
सगड-रहंग-गेहाणं' (आव ५)।

°**कुरा** स्त्री [°**कुरु**] स्वनाम-ख्यात क्षेत्र-विशेष; 'उत्तरकुराए णं भंते! कुराए केरिसए आगारभावपडोयारे पण्णत्ते' (जीव ३)। °**कुरु** पुं [°**कुरु**] १ वर्ष-विशेष; 'उत्तरकुरुमाणुसच्छरावो' (पि ३२८; सम ७०; पण्ह १, ४; पउम ३५, ५०)। २ देव-विशेष (जं २)। °**कुरुकूड** न [°**कुरुकूट**] १ माल्यवंत पर्वत का एक शिखर (ठा ६)। २ देव-विशेष (जं ४)। °**कोडि** स्त्री [°**कोटि**] संगीतशास्त्र-प्रसिद्ध गान्धार-ग्राम की एक मूर्च्छना (ठा ७)। °**गंधारा** स्त्री [°**गान्धारा**] देखो पूर्वोक्त अर्थ (ठा ७)। °**गुण** पुं [°**गुण**] शाखा गुण, अवान्तर गुण (भग ७, ३)। °**चावाला** स्त्री [°**चावाला**] नगरी-विशेष (आवम)। °**चूल** [°**चूड**] गुरु-वन्दन का एक दोष, गुरु को वन्दन कर बड़े आवाज से 'मत्थएण वंदामि' कहना (धर्म २)। °**चूलिया** स्त्री [°**चूलिका**] देखो अनन्तर-उक्त अर्थ (बृह ३; गुभा २५)। °**ड्ढ** न [°**ार्ध**] पिछला आधा भाग उत्तरार्ध (जं ४)। °**दिसा** स्त्री [°**दिश्**] उत्तर दिशा (सुर २, २२८)। °**द्ध** न [°**ार्ध**] पिछला आधा भाग (पिंग)। °**पगइ**, °**पयडि** स्त्री [°**प्रकृति**] कर्मों के अवान्तर भेद (उत्त ३३; सम ६६)। °**पच्चत्थिमिल्ल** पुं [°**पाश्चात्य**] वायव्य कोण (पि)। °**पट्ट** पुं [°**पट्ट**] बिछौना के ऊपर का वस्त्र (ओघ १५६ भा)। °**पारणग** न [°**पारणक**] उपवासादि व्रत की समाप्ति, पारण (काल)। °**पुरच्छिम**, °**पुरत्थिम** पुं [°**पौरस्त्य**] ईशान कोण, उत्तर और पूर्व के बीच की दिशा (णाया १, १; भग; पि ६०२)। °**पोट्ठवया** स्त्री [°**प्रौष्ठपदा**] उत्तरा भाद्रपदा नक्षत्र (सुज्ज ४)। °**फग्गुणी** स्त्री [°**फाल्गुनी**] उत्तर-फाल्गुनी नक्षत्र (कप्पू; पि ६२)। °**बलिस्सह** पुं [°**बलिस्सह**] १ एक प्रसिद्ध जैन साधु (कप्प)। २ उत्तर बलिस्सह-नामक स्थविर से निकाला हुआ एक गण, भगवान् महावीर का द्वितीय गण—साधु-संप्रदाय (कप्प; ठा ९)। °**भद्दवया** स्त्री [°**भाद्रपदा**] नक्षत्र-विशेष (ठा ९)। °**मंदा** स्त्री [°**मन्दा**] मध्यम ग्राम की एक मूर्च्छना (ठा ७)। °**महुरा** स्त्री [°**मथुरा**] नगरी विशेष (दंस)। °**वाय** पुं [°**वाद**] उत्तरवाद (आचा)। °**विक्किय**, °**वेउव्विय** वि [°**वैक्रिय**] स्वाभाविक-भिन्न वैक्रिय, बनावटी वैक्रिय (कम्म १: कप्प)। °**साला** स्त्री [°**शाला**] १ क्रीडा-गृह। २ पीछे से बनाया हुआ घर। ३ वाहन-गृह, हाथी-घोड़ा आदि बाँधने का स्थान, तबेला (निचू ८)। °**साहग**, °**साहय** वि [°**साधक**] विद्या, मन्त्र वगैरह का

सावन करनेवाले का सहायक (सुपा १५१; ८ ३६६)। देखो उत्तरा°।

उत्तरओ अ [उत्तरतः] उत्तर दिशा की तरफ (ठा ८; भग)।

उत्तरंग न [उत्तरङ्ग] १ दरवाजे का ऊपर का काष्ठ (कुमा)। २ वि. चपल, चंचल (मुद्रा २६८)।

उत्तरकुरु पुं. ब. [उत्तरकुरु] १ देव-भूमि. स्वर्ग (स्वप्न ६०)। २ स्त्री. भगवान् नमिनाथ की दीक्षाशिविका (विचार १२९)।

उत्तरण न [उत्तरण] १ उतरना, पार करना (ठा ५, स ३६२)। २ अवतरण, नीचे आना (ठा १०)।

उत्तरणवरंडिया स्त्री [दे] उडुप, जहाज, डोंगी (दे १, १२२)।

उत्तरविउव्विय वि [उत्तरवैक्रियिक] उत्तर-वैक्रियनामक लब्धि से सम्पन्न (पंच २, २०)।

उत्तरसंग देखो उत्तरा-संग (पव ३८)।

उत्तरा स्त्री [उत्तरा] १ उत्तर दिशा (ठा १०)। २ मध्यम ग्राम की एक मूर्च्छना (ठा ७)। ३ एक दिशा-कुमारी देवी (ठा ८)। ४ दिगम्बर-मत-प्रवर्तक आचार्य शिवभूति की स्वनाम ख्यात भगिनी (विसे)। ५ अहिच्छत्रा नगरी की एक वापी का नाम (ती)। °णंदा स्त्री [°नन्दा] एक दिक्कुमारी देवी (राज)। °पह पुं [°पथ] उत्तरदिशा-स्थित देश, उत्तरीय देश (आवू २)। °फग्गुणी देखो उत्तर-फग्गुणी (सम ७; इक)। °भद्दवया देखो उत्तर-भद्दवया (सम ७; इक)। °यण न [°यण] उत्तरायण, सूर्य का उत्तर दिशा में गमन, माघ से लेकर छः महीना (सम ५३)। °यया स्त्री [°यता] गान्धार-ग्राम की एक मूर्च्छना (ठा ७)। °वह देखो °पह (महा; उव १४२ टी)। °संग पुं [°संग] उत्तरीय वस्त्र का शरीर में न्यास-विशेष, उत्तरासण (कप्प; भग; औप)। °समा स्त्री [°समा] मध्यम ग्राम की एक मूर्च्छना (ठा ७)। °साढा स्त्री [°षाढा] नक्षत्र-विशेष (सम ६; कस)।

°हुत्त न [°भिमुख] १ उत्तर की तरफ। २ वि. उत्तर दिशा की तरफ मुँह किया हुआ (ओघ ६५०; आव ४)।

उत्तरिज्ज } न [उत्तरीय] चादर, दुपट्टा
उत्तरिय } (उवा; प्राप्र; हे १, २४८); 'जरजिण्णं उत्तरियं' (सुपा ५४६),

उत्तरिय वि [उत्तीर्ण] १ उतरा हुआ, नीचे आया हुआ (सुर ६, १५६)। २ पार पहुँचा हुआ (महा)।

उत्तरिय वि [औत्तरिक, औत्तराह] देखो उत्तर (ठा १०; विसे १२४५)।

उत्तरिल्ल वि [औत्तराह] उत्तर दिशा या काल में उत्पन्न या स्थित, उत्तर-सम्बन्धी, उत्तरीय; 'अह उत्तरिल्लरुयगे' (सुपा ४२; सम १००; भग)।

उत्तरीअ देखो उत्तरिय = उत्तरीय (कुमा; हे १, २४८; महा)।

उत्तरीकरण न [उत्तरीकरण] उत्कृष्ट बनाना, विशेष शुद्ध करना; 'तस्स उत्तरीकरणेणं' (पडि)।

उत्तरोट्ठ पुं [उत्तरौष्ठ] १ ऊपर का ओठ (पि ३६७)। २ श्मश्रु, मूँछ (राज)।

उत्तलहअ पुं [दे] विटप, अंकुर (दे १, ११६)।

उत्तव वि [उक्तवत्] जिसने कहा हो वह (पि ५६६)।

उत्तस अक [उत् + त्रस्] १ त्रास पाना, पीड़ित होना। २ डरना, भयभीत होना। वकृ. उत्तसंत (सुर १, २४६; १०, २२०)।

उत्तसिय वि [उत्त्रस्त] १ भयभीत। २ पीड़ित (सुर १, २४६)।

उत्ताड सक [उत् + ताडय्] १ ताड़ना, ताड़न करना। २ वाद्य बजाना। कवकृ. 'उत्ताडिज्जंताणं दद्दरियाणं कुडवाणं' (राय)।

उत्ताडण न [उत्ताडन] १ ताड़ना करना (कुमा)। २ वाद्य बजाना (राज)।

उत्ताण वि [उत्तान] १ उन्मुख, ऊर्ध्व-मुख (पंचा १८)। २ चित्त (विपा १, ६; ठा ४, ४)। ३ विस्फारित; 'उत्ताणणयणपेच्छणिज्जा पासादीया दरिसणिज्जा' (औप)। ४ अनिपुण, अकुशल; 'उत्ताणमई न साहए धम्मं' (धम्म ८)। °साइय वि [°शायिन्] चित्त सोनेवाला (कस)।

उत्ताणअ } ऊपर देखो (भग; गा ११०;
उत्ताणग } कस)।

उत्ताणपत्तय वि [दे] एरण्ड-सम्बन्धी (पत्ती वगैरह); (दे १, १२०)।

उत्ताणिअ वि [उत्तानित] १ चित्त किया हुआ (से ६, ८९; गा ४६०)। २ चित्त सोनेवाला (दसा)।

उत्तार सक [अव + तारय्] नीचे उतारना। वकृ. उत्तारेमाण (ठा ५)।

उत्तार सक [उत् + तारय्] १ पार पहुँचाना। २ बाहर निकालना। ३ दूर करना; 'देहो···नईए खित्तो, तओ एए जइ नो उत्तारिंता तो हं मरिऊण' (सुपा ३५७; काल)।

उत्तार पुं [उत्तार] १ उतरना, पार करना; 'अणुसोओ संसारो पडिसोओ तस्स उत्तारो' (दस २); णइउत्ताराइ' (उवर ३२)। २ परित्याग (विसे १०४२)। ३ उतारनेवाला, पार करानेवाला;

'भवसयसहस्सदुलहे,
जाइजरामरणसागरोत्तारे।
जिणवयणम्मि गुणायर!
खणमवि मा काहिसि पमायं'
(प्रासू १३४)।

उत्तार पुं [दे] आवास-स्थान, गुजराती में 'उतारो' (सिरि ७००)।

उत्तारण न [उत्तारण] १ उतारना २ दूर करना। ३ बाहर निकालना। ४ पार करना;

'ता अज्जवि मोहमहाअहिविसवेगा
फुरंति तुह बाढं।
ताणुत्तारणहेउं, तम्हा
जत्तं कुणसु भद्द।।'
(सुपा ५५७; विसे १०४०)।

उत्तारय वि [उत्तारक] पार उतारनेवाला (स ६४७)।

उत्तारिअ वि [उत्तारित] १ पार पहुँचाया हुआ। २ दूर किया हुआ। ३ बाहर निकाला हुआ; 'तेणवि उत्तारिओ भूमिविवराओ' (महा)।

उत्ताल वि [उत्ताल] १ महान्, बड़ा; 'उत्ताल-तालयाणं वणिएहिं दिज्जमाणाण' (सुपा ५०२)। २ उतावला, शीघ्रकारी; 'कहवि उत्तालो अप्पडिलेहियसेज्जं गिण्हंतो' (सुपा ६२०)। ३ उद्धत (दे १, १०१)। ४ बेताल, ताल विरुद्ध गान का एक दोष; 'गायंतो मा

पगाहि उत्तालं' (ठा ७); 'भीयं दुयमुप्पिच्छुत्थमुत्तालं च कमसो मुरोयव्वं' (जीव ३)।

उत्ताल न [दे] लगातार रुदन, अन्तर-रहित क्रन्दन की आवाज (दे १, १०१)।

उत्तालण देखो **उत्ताडण**।

उत्तावल न [दे] उतावल, शीघ्रता। २ वि. शीघ्रकारी, आकुल; 'हल्लुत्तावलिगिहदासिविहियतक्कालकररिगज्जे' (सुर १०, १)।

उत्तास सक [उत् + त्रासय्] १ भयभीत करना, डराना। २ पीड़ना, हैरान करना। उत्तासेदि (शौ) (नाट)। कृ-उत्तासणिज्ज (तंदु)।

उत्तास पुं [उत्त्रास] १ त्रास, भय। २ हैरानी (कप्पू)।

उत्तासइत्तु वि [उत्त्रासयितृ] १ भय-भीत करनेवाला। २ हैरान करनेवाला (आचा)।

उत्तासणअ, **उत्तासणग** वि [उत्त्रासनक] १ भयंकर, उद्वेग-जनक। २ हैरान करनेवाला (पउम २२, ३५; णाया १, ८)।

उत्तासिय वि [उत्त्रासित] १ हैरान किया हुआ। २ भयभीत किया हुआ (सुर १, २४७; श्राव ४)।

उत्ताहिय वि [दे] उत्क्षिप्त, फेंका हुआ (दे १, १०६)।

उत्ति स्त्री [उक्ति] वचन, वाणी (श्रा १४; सुपा २३; कप्पू)।

उत्तिंग पुं [उत्तिङ्ग] १ गर्दभाकार कीट-विशेष (धर्म २; निचू १३)। २ चींटियों का बिल; 'उत्तिंगपणगदगमट्टीमक्कडासंताणासंकमरो' (पडि)। ३ चींटियों की सन्तान (दसा ३)। ४ तृण के अग्रभाग पर स्थित जल-बिंदु (आचा)। ५ वनस्पति-विशेष, सर्पच्छत्रा, गुजराती में जिसको '**बिलाडी नी टोप**' कहते हैं; 'गहणेसु न चिट्ठिज्जा,
बीएसु हरिएसु वा।
उदगम्मि तहा निच्चं,
उत्तिगपणगेसु वा' (दस ८, ११)।
६ न. छिद्र, विवर, रन्ध्र (निचू १८; आचा २, ३, १, १६)। °**लेण** न [°लयन] कीट-विशेष का गृह—बिल (कप्प)।

उत्तिंगपणग पुंन [उत्तिङ्गपनक] कीटिका-नगर, चीटियों का बिल (दास ५, १, ५६)।

उत्तिट्ठ अक [उत् + स्था] १ उठाना। २ उदित होना। वकृ. 'उत्तिट्ठन्ते दिवायरे' (उत्त ११, २४)।

उत्तिण वि [उत्तृण] तृण-शून्य;
'झंझावाउत्तिणवरविवर-
पलोट्टंतसलिलधाराहिं।
कुड्डुलिहिओहिदिअहं
रक्खइ अज्जा करअलेहिं'
(गा १७०)।

उत्तिणिअ वि [उत्तृणित] तृण-रहित किया हुआ, 'झंझावाउत्तिणिए घरम्मि' (गा १३५)।

उत्तिण्ण वि [उत्तीर्ण] १ बाहर निकला हुआ, 'उत्तिण्णा तलागाओ' (महा)। दिट्ठं च महासरवरं, मज्जिओ जहाविहिं तम्मि, उत्तिण्णो य उत्तरपच्छिमतीरे' (महा)। २ पार पहुँचा हुआ, पार-प्राप्त (स ३३२); 'उत्तिण्णा समुद्दं, पत्ता वीयभयं' (महा)। ३ जो कम हुआ हो; 'संचरइ चिरपडिग्गहलायण्णुत्तिसण्णवेससोहग्गो' (गउड)। ४ रहित, 'सोहइ अदोसभावो गुणोव्व जइ होइ मच्छरुत्तिण्णो (गउड)। ५ निपटा हुआ, जिसने कार्य समाप्त किया हो वह; 'ण्हाणुत्तिण्णाए' (गा ५५५)। ६ उल्लंघित, अतिक्रान्त (राज)।

उत्तिण्ण वि [अवतीर्ण] १ नीचे उतरा हुआ, 'रायादक्खो, तेण साहा गहिया, उत्तिण्णो, निराणंदो किंकायव्वविमूढो गओ चंपं' (महा)।

उत्तित्थ पुंन [उत्तीर्थ] कुपथ, अपमार्ग (भवि)।

उत्तिम देखो **उत्तम** (षड्; पि १०१; हे १, ४१; निचू १)।

उत्तिमंग देखो **उत्तमंग** (महा; पि १०१)।

उत्तिन्न देखो **उत्तिण्ण** (काप्र १४६; कुमा)।

उत्तिरिविडि, **उत्तिवडा** स्त्री [दे] भाजन वगैरह का ऊँचा ढेर, भाजनों की थप्पी; गुजराती में जिसको 'उतरेवड' कहते हैं (दे १, १२२); 'फोडेइ विरालो लोलयाए सारेवि उत्तिवडं' (उप ७२८ टी)।

उत्तुंग वि [उत्तुङ्ग] ऊँचा, उन्नत (महा; कप्पू; गउड)।

उत्तुंड वि [उत्तुण्ड] उन्मुख, ऊर्ध्व-मुख (गउड)।

उत्तुण वि [दे] गर्व-युक्त, दृप्त, अभिमानी (दे १, ६६; गउड)।

उत्तुप्पिय वि [दे] स्निग्ध, चिकना (विपा १, २)।

उत्तुय सक [उत् + तुद] पीड़ा करना, हैरान करना। वकृ. उत्तुयंत (विपा १, ७)।

उत्तुरिद्धि स्त्री [दे] गर्व, अभिमान। २ वि. गर्वित, अभिमानी (दे १, ६६)।

उत्तुर्व वि [दे] दृप्त, देखा हुआ (षड्)।

उत्तुहिअ वि [दे] उत्खाटित, छिन्न, नष्ट (दे १, १०५; १११)।

उत्तूहु पुं [दे] किनारा-रहित इनारा, तट-शून्य कूप (दे १, ६४)।

उत्तेअ वि [उत्तेजस्] १ तेजस्वी, प्रखर। २ पुं. मात्रावृत्त का एक भेद (पिंग; नाट)।

उत्तेअण न [उत्तेजन] उत्तेजन (मुद्रा १६८)।

उत्तेइअ, **उत्तेजिअ** वि [उत्तेजित] उद्दीपित, प्रोत्साहित, प्रेरित (दस ३; पाअ)।

उत्तेड, **उत्तेडय** पुं [दे] बिन्दु (पिण्ड १६); 'सितो य एसो घडउत्तडएहिं' (स २६४)।

उत्थ न [उक्थ] १ स्तोत्र-विशेष। २ योग-विशेष (विसे)।

उत्थ वि [उत्थ] उत्पन्न, उत्थित (सुपा १६६; गउड)।

उत्थ (शौ) देखो **उट्ठ** = उत् + स्था। उत्थेदि (प्राकृ ६४)।

उत्थइय वि [अवस्तृत] १ व्याप्त (से ४, ३८)। २ प्रसारित, फैलाया हुआ। ३ आच्छादित; 'अच्छरगमउयमसूरगउच्छ- (?त्थ)-इयं भद्दासणं रयावेइ' (णाया १, १; पि ३०६)।

उत्थंगिअ देखो **उत्थंघिअ** = उत्तम्भित (पि ५०५)।

उत्थंघ सक [उद् + नमय्] ऊँचा करना, उन्नत करना। उत्थंघइ (हे ४, ३६)।

उत्थंघ सक [उत् + स्तम्भ्] १ उठाना। २ अवलम्बन देना। ३ रोकना (गउड; से ५, ६)। उत्थंघेइ (गा ७२४)।

उत्थंघ सक [उत् + क्षिप्] ऊँचा फेंकना। उत्थंघइ (हे ४, १४४)। संकृ. **उत्थंघिअ** (कुमा)।

उत्थंघ सक [रुध्] रोकना। उत्थंघइ (हे ४, १३३)।

उत्थंघ पुं [उत्तम्भ] ऊर्ध्व-प्रसरण, ऊँचा फैलाना (से ६, ३३)।

उत्थंघण न [उत्तम्भन] ऊपर देखो (गउड)।

उत्थंघि वि [उत्क्षेपिन्] ऊँचा फेंकना (गउड)।

उत्थंघिअ वि [उन्नमित] ऊँचा किया हुआ, उन्नत किया हुआ (कुमा)।

उत्थंघिअ वि [रुद्ध] रोका हुआ (कुमा)।

उत्थंघिअ वि [उत्तम्भित] उत्थापित, उठाया हुआ (से ५, ६०)।

उत्थंभि वि [उत्तम्भिन्] १ आघात-प्राप्त, अवलम्बन करनेवाला;

'धारिज्जइ जलनिहीवि
कल्लोलोत्थंभिसत्तकुलसेलो ।
न हु अन्नजम्मनिम्मिअ-
सुहासुहो कम्म-परिणामो ॥'
(प्रासू १२७)।

उत्थंभिअ वि [उत्तम्भित] १ अवलम्बित। २ रुका हुआ, स्तम्भित; 'अइपीणत्थणउत्थंभिआणणे सुअणु सुणसु मह वअणं' (गा ६२४)। ३ बन्धन-मुक्त किया हुआ (स ५६८)।

ओंबाल सक [प्लावय्] १ डुबाना। २ व्याप्त करना। ओंबालइ (हे ४, ४१)।

ओंबालिअ वि [छादित] ढका हुआ (कुमा)।

ओंबालिअ वि [प्लावित] १ डुबाया हुआ। २ व्याप्त (कुमा)।

ओकंबण देखो **उक्कंबण** (आचा २, २, ३, १ टी)।

ओकच्छिया देखो **उकच्छिआ** (पव ६२)।

ओकड्ढ वि [अपकृष्ट] १ खींचा हुआ। २ न. अपकर्षण, खींचाव (उत्त १६)।

ओकड्ढग देखो **उक्कड्ढग** (पण्ह १, ३)।

ओकरग पुं [अवकरक] विष्ठा (मन ३०)।

ओकस सक [अव + कृष्] १ निमग्न होना, गड़ जाना। २ खींचना। ३ बह जाना। वकृ. **ओकसमाण** (कस)।

ओक्कंत वि [अवक्रान्त] निराकृत, पराजित; 'परवाईहिं अणोक्कंता अण्णउत्थिएहिं अणाढंसिज्जमाणा विहरंति' (औप)।

ओक्कंदी देखो **उक्कंदी** (दे १, १७४)।

ओकणी स्त्री [दे] यूका, जूँ (दे १, १५९)।

ओक्किअ न [दे] १ वास, वसन, अवस्थान। २ वमन, उल्टी (दे १, १५१)।

ओक्खंच सक [आ + कृष्] खींचना। कर्म. 'जह जह ओक्खंचिज्जइ, तह तह वेगं पणिएहमाणेण। भयवं ! तुरंगमेणं, इहाणिओ आसमे तुम्हं' (सुर ११, ५१)।

ओक्खंड सक [अव + खण्डय्] तोड़ना, भांगना। कृ. **ओक्खंडेअव्व** (से १०, २६)।

ओक्खंडिअ वि [दे] आक्रान्त (दे १, ११२)।

ओक्खंद देखो **अवक्खंद** (सुर १०, २१०; पउम ३७, २६)।

ओक्खल देखो **उऊखल** (कुमा; प्राप्र)।

ओक्खली [दे] देखो **उक्खली** (दे १,१७४)।

ओक्खमाण (शौ) वि [भविष्यत्] भविष्य में होनेवाला, भावी (प्राकृ ९६)।

ओक्खिण्ण वि [दे] १ अवकीर्ण। २ खण्डित, चूर्णित (कस; दे १, १३०)। २ छन्न, ढका हुआ। ३ पार्श्व में शिथिल (दे १, १३०)।

ओक्खित्त वि [अवक्षिप्त] फेंका हुआ (कस)।

ओखंच देखो **ओक्खंच**।

ओगम देखो **अवगम**। कृ. **ओगमिदव्व** (शौ) (मा ४८)।

ओगय वि [उपगत] प्राप्त (सूअ १, ५, २, १०)।

ओगर देखो **ओग्गर** (पिंग)।

ओगलिअ वि [अवगलित] गिरा हुआ, खिसका हुआ (गा २०५)।

ओगसण न [अपकसन] ह्रास (राज)।

ओगहिअ वि [अवगृहीत] उपात्त, गृहीत (ठा ३)।

ओगाढ वि [अवगाढ] १ आश्रित, अधिष्ठित (ठा २, २)। २ व्याप्त (णाया १, १६)। ३ निमग्न (ठा ४)। ४ गंभीर, गहरा (पउम २०, ६५; से ९, २६)।

ओगास पुं [अवकाश] जगह, स्थान (विवे १३६ टी)।

ओगास पुं [अवकाश] मार्ग, रास्ता (सुख २, २१)।

ओगाह सक [अव + गाह्] पाँव से चलना। वकृ. **ओगाहंत** (पिंड ५७५)।

ओगाह सक [अव + गाह्] अवगाहन करना। ओगाहइ (षड्)। वकृ. **ओगाहंत** (आव २)। संकृ. **ओगाहइत्ता, ओगाहित्ता** (दस ५; भग ५, ४)।

ओगाहण न [अवगाहन] अवगाहन (भग)।

ओगाहणा स्त्री [अवगाहना] १ आधार-भूत आकाश-क्षेत्र (ठा १)। २ शरीर (भग ६, ८)। ३ शरीर परिमाण (ठा ४, १)। ४ अवस्थान, अवस्थिति (विसे)। °णाम न [°नामन्] कर्म-विशेष (भग ६, ८)। °णाम पुं [°नाम] अवगाहनात्मक परिणाम (भग ६, ८)।

ओगाहिम वि [अवगाहिम] पक्वान्न (पंचा ५)।

ओगिज्झ, ओगिण्ह सक [अव + ग्रह्] १ आश्रय लेना। २ अनुज्ञा-पूर्वक ग्रहण करना। ३ जानना। ४ उद्देश करना। ५ लक्ष्य कर कहना। ओगिण्हइ (भग; कप्प)। संकृ. **ओगिज्झिय, ओगिण्हइत्ता, ओगिण्हित्ता, ओगिण्हित्ताणं** (आचा; णाया १, १; कस; उवा)। कृ. **ओघेत्तव्व** (कप्प पि ५७०)।

ओगिण्हण न [अवग्रहण] सामान्य ज्ञान-विशेष, अवग्रह (णंदि)।

ओगिण्हणया स्त्री [अवग्रहणता] १ ऊपर देखो (णंदि)। २ मनो-विषयीकरण, मन से जानना (ठा ८)।

ओगिन्ह देखो **ओगिण्ह**। संकृ. **ओगिन्हित्ता** (निर १, १)।

ओगुंडिय वि [अवगुण्डित] लिप्त (बृह १)।

ओगुट्ठि स्त्री [अपकृष्टि] अपकर्ष, हलकाई, तुच्छता (पउम ५६, १५)।

ओगूहिय वि [अवगूहित] आलिंगित (णाया १, ६)।

ओग्गर पुं [ओग्गर] धान्य-विशेष, व्रीहि-विशेष (पिंग)।

ओग्गह देखो **उग्गह** (सम्म ७५; उव; कस; स ३५; ५६८)।

ओग्गह सक [प्रति + इष्] ग्रहण करना। ओग्गहइ (प्राकृ ७३)।

ओग्गहण देखो **ओगिण्हण**। °पट्टग पुंन [°पट्टक] जैन साध्वियों के पहनने का एक गुह्याच्छादक वस्त्र, जांघिया, लंगोट (कस)।

ओग्गहिय वि [अवगृहीत] १ अवग्रह-ज्ञान से जाना हुआ, अवग्रह का विषय। २ अनुज्ञा से गृहीत। ३ बद्ध, बँधा हुआ (उवा)। ४ देने के लिए उठाया हुआ (औप)।

ओग्गहिय वि [अवग्रहिक] अनुज्ञा से गृहीत, अवग्रहवाला (औप)।

ओग्गारण न [उद्गारण] उद्गार (चारु ७)।

ओग्गाल पुं [दे] छोटा प्रवाह (दे १, १५१)।

ओग्गाल सक [रोमन्थाय्] पगुराना, चबाई हुई वस्तु का पुनः चबाना। ओग्गालइ (हे ४, ४३)।

ओग्गालिर वि [रोमन्थायितृ] पगुरानेवाला, चबाई हुई वस्तु का पुनः चबानेवाला (कुमा)।

ओग्गाह देखो **उग्गाह** = उद् + ग्राहय्। ओग्गाहइ (प्राकृ ७२)।

ओग्गिअ वि [दे] अभिभूत, पराभूत (दे १, १५८)।

ओग्गीअ पुं [दे] हिम, बर्फ (दे १, १४६)।

ओग्घ देखो **उग्घड**। ओग्घइ (प्राकृ ७१)।

ओग्घसिय वि [अवघर्षित] प्रमार्जित, साफ-सुथरा किया हुआ (राय)।

ओघ पुं [ओघ] १ समूह, संघात (णाया १, ५)। २ संसार, 'एते ओघं तरिस्संति समुद्दं ववहारिणो' (सूअ १, ३)। ३ अविच्छेद अविच्छिन्नता (पण्ह १, ४)। ४ सामान्य, साधारण। **सण्णा** स्त्री [°संज्ञा] सामान्य ज्ञान (पण्ण ७)। °**देस** पुं [°देश] सामान्य विवक्षा (भग २५, ३)। देखो **ओह** = ओघ।

ओघट्टिद (शौ) वि [अवघट्टित] आहत (प्रयौ २७)।

ओघसर पुं [दे] १ घर का जल-प्रवाह। २ अनर्थ, खराबी, नुकसान (दे १, १७०; सुर २, ६६)।

ओघसिय देखो **ओग्घसिय**।

ओघाययण न [ओघायतन] १ परम्परा से पूजा जाना स्थान। २ तलाव में पानी जाने का साधारण रास्ता (आचा २, १०, २)।

ओघेत्तव्व देखो **ओगिण्ह**।

ओचार पुं [दे. अपचार] धान्य रखने की बड़ी कोठी—मिट्टी का पात्र-विशेष (अणु १५१)।

ओचिदी (शौ) स्त्री [औचिती] उचितता, औचित्य (रंभा)।

ओचुंब सक [अव + चुम्ब्] चुम्बन करना। संकृ. **ओचुंबिऊण** (भवि)।

ओचुल्ल न [दे] चुल्हा का एक भाग (दे १, १५३)।

ओचूल, ओचूलग देखो **ओऊल** (विपा १, २; गुर ३, ७०)। २ मुख से हटा हुआ शिथिल—ढीला (वस्त्र); 'ओचूलगनियत्था' (जं ३—पत्र २४५)।

ओच्चय देखो **अवचय** (महा)।

ओच्चिया स्त्री [अवचायिका] तोड़ कर (फूलों को) इकट्ठा करनेवाली (गा ७६७)।

ओच्छल्लर न [दे] ऊपर-भूमि। २ जवन के रोम (दे १, १३६)।

ओच्छअ, ओच्छइय वि [अवस्तृत] १ आच्छादित। २ निरुद्ध, रोका हुआ (पण्ह १, ४; गउड; स १६४)।

ओच्छंदिअ वि [दे] १ अपहृत। २ व्यथित, पीड़ित (षड्)।

ओच्छण्ण वि [अवच्छन्न] आच्छादित, ढका हुआ; 'णिच्चोउगो असोगो ओच्छण्णो सालरुक्खेणं' (सम १५२)। देखो **ओच्छन्न**।

ओच्छत्त न [दे] दन्त-धावन, दतवन (दे १, १५२)।

ओच्छन्न देखो **ओच्छण्ण** (स ११२, औप)। २ अवष्टब्ध, आक्रान्त (आचा)।

ओच्छर (शौ) सक [अव + स्तृ] १ बिछाना, फैलाना। २ आच्छादित करना, ढांकना। ओच्छरीअदि (नाट—उत्तम १०५)।

ओच्छविय, ओच्छाइय वि [अवच्छादित] आच्छादित, ढका हुआ; 'गुच्छलयारुक्खगुम्मवल्लिगुच्छओच्छाइयं सुरम्मं वेभारगिरिकडगपायमूलं' (णाया १, १—पत्र २५; २८ टी; महा; स १५०)।

ओच्छाइवि नीचे देखो।

ओच्छाय सक [अव + छादय्] आच्छादन करना। संकृ. **ओच्छाइवि** (भवि)।

ओच्छायण वि [अवच्छादन] ढांकना, पिधान (स ५५७)।

ओच्छाहिय देखो **उच्छाहिय**;

'ओच्छाहिओ परेण व लद्धि-
पसंसाहिं वा समुत्तइओ ।
अवमाणिओ परेण य जो
एसइ माणपिंडो सो ॥'
(पिंड ४६५) ।

ओच्छिअ न [दे] केश-विवरण (दे १, १५०) ।

ओच्छिण्ण वि [अवच्छिन्न] आच्छादित; 'पत्तेहि य पुप्फेहि य ओच्छिण्णपलिच्छिण्णा' (जीव ३) ।

ओच्छुंद सक [आ + क्रम्] १ आक्रमण करना । २ गमन करना । ओच्छुंदंति (से १३, १६) । कर्म. ओच्छुंदइ (से १०, ५५) ।

ओच्छुण्ण वि [आक्रान्त] १ दबाया हुआ । २ उल्लंघित; 'ओच्छुण्णदुग्गमपहा' (से १३, ६३; १५, १३) ।

ओच्छोअअ न [दे] घर की छत के प्रान्त भाग से गिरता पानी;
'रक्खेइ पुत्तअं मत्थएण
ओच्छोअअं पडिच्छंती ।
अंसूहिं पहिअघरिणी ओलि-
ज्जंतं ण लक्खेइ' (गा ६२१)

ओजिम्ह अक [घ्रा] तृप्त होना । ओजिम्हइ (प्राकृ ६५) ।

ओज्जर वि [दे] भीरु, डरपोक (षड्) ।

ओज्जल देखो उज्जल (दे) ।

ओज्जल्ल वि [दे] बलवान्, प्रबल (दे १, १५४) ।

ओज्जाअ पुं [दे] गर्जित, गर्जारव (दे १, १५४) ।

ओज्झ वि [दे] मैला, अस्वच्छ, चोखा नहीं वह (दे १, १४८) ।

ओज्झंत देखो ओज्झा = अप + ध्या ।

ओज्झमण न [दे] पलायन, भाग जाना (दे १, १०३) ।

ओज्झर पुं [निर्झर] झरना, पर्वत से निकलता जल-प्रवाह (गा ६४०; हे १, ९८; कुमा; महा) ।

ओज्झरिअ [दे] देखो उज्झरिअ (दे १, १३३) ।

ओज्झरी स्त्री [दे] ओझ, आंत का आवरण (दे १, १५७) ।

ओज्झा सक [अप + ध्या] खराब चिन्तन करना । कवकृ. ओज्झंत (भवि) ।

ओज्झा देखो अउज्झा (उप पृ ३७४) ।

ओज्झाय देखो उवज्झाय (कुमा; प्राप्र) ।

ओज्झाय वि [दे] दूसरे को प्रेरणा कर हाथ से लिया हुआ (दे १, १५९) ।

ओज्झावग देखो उवज्झाय (उप ३५७ टी) ।

ओट्ठ पुं [ओष्ठ] ओठ, अधर (पउम १, २४; स्वप्न १०४; कुमा) ।

ओट्ठिय वि [औष्ट्रिक] उष्ट्र-सम्बन्धी, उष्ट्र के बालों से बना हुआ (कस; स ५८६) ।

ओडड्ढ वि [दे] अनुरक्त, रागी (दे १, १५६) ।

ओड्ड पुं [ओड्र] १ उत्कल देश । २ वि. उत्कल देश का निवासी, उड़िया (पिंग) ।

ओड्डिअ वि [ओड्रीय] उत्कल-देशीय (पिंग) ।

ओड्ढण न [दे] ओढ़न, उत्तरीय, चादर (दे १, १५५) ।

ओड्ढिणा स्त्री [दे] ओढ़नी (स २११) ।

ओढण न [दे] अवगुण्ठन (प्राकृ ३८) ।

ओण देखो ऊण = ऊन (रंभा) ।

ओणंद सक [अव + नन्द्] अभिनन्दन करना । कवकृ. ओणंदिज्जमाण (कप्प) ।

ओणम अक [अव + नम्] नीचे नमना । वकृ. ओणमंत (से १, ४५) । संकृ. ओणमिअ, ओणमिऊण (आचा २; निचू १) ।

ओणय वि [अवनत] १ नमा हुआ (सुर २, ४९) । २ न. नमस्कार, प्रणाम (सम २१) ।

ओणल्ल अक [अव + लम्ब्] लटकना, 'केसकलावु खंधे ओणल्लइ' (भवि) ।

ओणविय वि [अवनमित] नमाया हुआ, अवनत किया हुआ (गा ६३५) ।

ओणाम सक [अव + नमय्] नीचे नमाना, अवनत करना । ओणामेहि (मृच्छ ११०) । संकृ. ओणामित्ता (निचू) ।

ओणामणी स्त्री [अवनामनी] एक विद्या, जिसके प्रभाव से वृक्ष वगैरह स्वयं फलादि देने के लिए अवनत होते हैं (उप पृ १५५; निचू १) ।

ओणामिय, **ओणाविय** वि [अवनमित] अवनत किया हुआ (से ५, ३९; ६, ४; गा १०३; भवि) ।

ओणिअत्त अक [अपनि + वृत्] पीछे हटना, वापिस आना । वकृ. ओणिअत्तंत (से २, ७) ।

ओणिअत्त वि [अपनिवृत्त] पीछे हटा हुआ, वापिस आया हुआ (से ५, ५८) ।

ओणिमिल्ल वि [अवनिमीलित] मुद्रित, मूँदा हुआ (से ६, ८७; १३, ८२) ।

ओणियट्ट देखो ओनियट्ट (पि ३३३) ।

ओणियव्व पुं [दे] वल्मीक, चीटियों का खुदा हुआ मिट्टी का ढेर (दे १, १५१) ।

ओणीवी स्त्री [दे] नीवी, कटि-सूत्र (दे १, १५०) ।

ओणुणअ वि [दे] अभिभूत, पराभूत (दे १, १५८) ।

ओण्णिद्द न [औन्निद्र्य] निद्रा का अभाव; 'ओण्णिद्दं दोब्बल्लं' (काप्र ८५; दे १, ११७) ।

ओण्णिय वि [और्णिक] ऊन का बना हुआ, ऊर्ण-निर्मित (कस) ।

ओणेज्ज वि [उपनेय] सांचे में ढाल कर बना हुआ फूल आदि, सांचे से बनता मोम का पुतला; 'आउट्टिमउक्किन्नं ओणणे (? णे) ज्जं पीलिमं च रंगं च' (दसनि २, १७) ।

ओत्तलहअ पुं [दे] विटप (दे १, ११९) ।

ओत्ताण देखो उत्ताण (विक्र २८) ।

ओत्थ सक [स्थग्] ढकना । ओत्थइ (प्राकृ ६५) ।

ओत्थअ वि [अवस्तृत] १ फैला हुआ, प्रसृत (से २, ३) । २ आच्छादित, पिहित; 'समंतओ अत्थयं गयणं' (आवम; दे १, १५१; स ७७, ३७९) ।

ओत्थअ वि [दे] अवसन्न, खिन्न (दे १, १५१) ।

ओत्थइअ देखो ओच्छइय (गा ५६६; से ८, ६२; स ५७६) ।

ओत्थर देखो ओच्छर । ओत्थरइ (पि ५०५; नाट) ।

ओत्थर पुं [दे] उत्साह (दे १, १५०) ।

ओत्थरण न [अवस्तरण] बिछौना (पउम ४६, ८४) ।

ओत्थरिअ वि [अवस्तृत] १ बिछाया हुआ । २ व्याप्त (से ७, ४७) ।

ओत्थरिअ वि [दे] १ आक्रान्त । २ जो आक्रमण करता हो वह (दे १, १६६) ।

ओत्थल्ल देखो उत्थल्ल = उत् + स्तृ । ओत्थल्लइ (प्राकृ ७५) ।

ओत्थल्लपत्थल्ला देखो उत्थल्लपत्थल्ला (दे १, १२२) ।

ओत्थाडिय वि [अवस्तृत] बिछाया हुआ (भवि) ।

ओत्थार सक [अव + स्तारय्] आच्छादित करना । कर्म. ओत्थारिज्जंति (स ६६८) ।

ओदइग देखो ओदइय (अज्झ १३६) ।

ओदइय पुंन [औदयिक] १ उदय, कर्म-विपाक (भग ७, १४; विसे २१७४) । २ वि. उदय निष्पन्न (विसे २१७४; सूअ १, १३) । ३ पुं. कर्मोदय रूप भाव; 'कम्मोदयसहावो सव्वो असुहो सुहो य ओदइओ' (विसे ३४९४) । ४ त्रि. उदय होने पर होनेवाला (विसे २१७४) ।

ओदच्च न [औदात्य] उदात्तता, श्रेष्ठता (प्राकृ) ।

ओदज्ज न [औदार्य] उदारता (प्राकृ) ।

ओदण न [ओदन] भात, रींधा हुआ चावल (पण्ह २, ५; ओघ ७१४; चारु १) ।

ओदरिय वि [औदरिक] पेट-भरा, पेट भरने के लिए ही जो साधु हुआ हो वह (निचू १) ।

ओदहण न [अवदहन] तप्त किए हुए लोहे के कोश वगैरह से दागना (राज) ।

ओदारिय न [औदार्य] उदारता (प्राकृ) ।

ओद्द वि [आर्द्र] गीला (प्राकृ २०) ।

ओद्दंपिअ वि [दे] १ आक्रान्त । २ नष्ट (दे १, १७१) ।

ओद्धंस सक [अव + ध्वंस्] १ गिराना । २ हटाना । ३ हराना । कवकृ. 'परवाईहिं अणोक्कंता अण्णउत्थिएहिं अणोद्धंसिज्जमाणा विहरंति' (औप) ।

ओधाव सक [अव + धाव्] पीछे दौड़ना । ओधावइ (महा) ।

ओधुण देखो अवधुण । कर्म. ओधुव्वंति (पि ५३६) । संकृ. ओधुणिअ (पि ५९१) ।

ओधूअ वि [अवधूत] कम्पित (नाट) ।

ओधूसरिअ वि [अवधूसरित] धूसर रंग-वाला, हलका पीला रंगवाला (से १०, २१) ।

ओनडिय वि [अवनटित] अवगणित, तिरस्कृत; 'चंदुओनडियअरुणपहं' (सम्मत्त २१४) ।

ओनियट्ट वि [अवनिवृत्त] देखो ओणिअत्त = अपनिवृत्त (कप्प) ।

ओपल्ल वि [दे] अपदीर्ण, कुण्ठित; 'तते णं से तेतलिपुत्ते नीलुप्पल जाव असिं खंधे ओहरति, तत्थवि य से धारा ओपल्ला' (णाया १, १४) ।

ओप्प वि [दे] मृष्ट, ओप दिया हुआ (षड्) ।

ओप्प सक [अर्पय्] अर्पण करना । ओप्पेइ (हे १, ६३) ।

ओप्पा स्त्री [दे] शाण आदि पर मणि वगैरह का घर्षण करना (दे १, १४८) ।

ओप्पाइय वि [औत्पातिक] उत्पात-सम्बन्धी (औप) ।

ओप्पिअ वि [अर्पित] समर्पित (हे १, ६३) ।

ओप्पिअ वि [दे] शाण पर घिसा हुआ, 'णिवमउडोप्पिअपयणह' (दे १, १४८) ।

ओप्पील पुं [दे] समूह, जत्था (पाअ) ।

ओप्पुंसिअ, **ओप्पुसिअ** } देखो उप्पुसिअ (गउड; पि ४८६) ।

ओबद्ध वि [अवबद्ध] १ बँधा हुआ । २ अवसन्न (वव १) ।

ओबुज्झ सक [अव + बुध्] जानना । वकृ. ओबुज्झमाण (आचा) ।

ओब्भालण देखो उब्भालण (दे १, १०३) ।

ओभग्ग वि [अवभग्न] भग्न, नष्ट (से ३, ६३; १०, २८) ।

ओभावणा स्त्री [अपभ्राजना] लोक-निन्दा, अपकीर्त्ति (राज) ।

ओभास अक [अव + भास्] प्रकाशना, चमकना । वकृ ओभासमाण (भग ११, ९) । प्रयो. ओभासेइ (भग) ओभासंति, ओभासेंति (सुज १९) कृ. ओभासमाण (सूअ १, १४) ।

ओभास सक [अव + भाष्] याचना करना, मांगना । कवकृ. ओभासिज्जमाण (निचू २) ।

ओभास पुं [अवभास] १ प्रकाश (औप) । २ महाग्रह-विशेष (ठा २, ३) ।

ओभासण न [अवभासन] १ प्रकाशन, उद्योतन (भग ८, ८) । २ आविर्भाव । ३ प्राप्ति (सूअ १, १२) ।

ओभासण न [अवभाषण] याचना, प्रार्थना (वव ८) ।

ओभासिय वि [अवभाषित] १ याचित, प्रार्थित (वव ६) । २ न. याचना, प्रार्थना (बृह १) ।

ओभुग्ग वि [अवभुग्न] वक्र, बाँका; (णाया १, ८—पत्र १३३) ।

ओमोडिय वि [अवमुक्त] छुड़ाया हुआ, रहित किया हुआ; 'तेणवि कड्ढिऊणालक्खं पिव सूई-ओमोडिओ नियकुक्कुडो' (महा) ।

ओम वि [अवम] असार, निस्सार (आचा २, ५, २, १) ।

ओम वि [अवम] १ कम, न्यून, हीन (आचा) । २ लघु, छोटा (ओघ २२३ भा) । ३ न. दुर्भिक्ष, अकाल (ओघ १३ भा) । °**कोट्ठ** वि [°कोष्ठ] ऊनोदर, जिसने कम खाया हो वह (ठा ४) । °**चेलग**, °**चेलय** त्रि [°चेलक] जीर्ण और मलिन वस्त्र धारण करनेवाला (उत्त १२; आचा) । °**रत्त** पुं [°रात्र] १ दिन-क्षय, ज्योतिष की गिनती के अनुसार जिस तिथि का क्षय होता है वह (ठा ६) । २ अहोरात्र, रात-दिन (ओघ २८५) ।

ओमइल्ल वि [अवमलिन] मलिन, मैला (से २, २५) ।

ओमंथ [दे] देखो ओमत्थ (पाअ) ।

ओमंथिय वि [दे] अधोमुख किया हुआ, नमाया हुआ (णाया १, १) ।

ओमंथिय वि [अवमस्तिक] शीर्षासन से स्थित, नीचे मस्तक और ऊँचे पैर रखकर स्थित (णंदि १२८ टी) ।

ओमंस वि [दे] अपसृत, अपगत (षड्) ।

ओमज्जण न [अवमज्जन] स्नान-क्रिया (उप ६४८ टी) ।

ओमज्जायण पुं [अवमज्जायन] ऋषि-विशेष (जं ७; इक) ।

ओमज्जिअ वि [अवमार्जित] जिसको स्पर्श कराया गया हो वह, स्पर्शित (स ५६७) ।

ओमट्ठ वि [अवमृष्ट] स्पृष्ट, छुआ हुआ (से ५, २१) ।

ओमत्थ वि [दे] नत, अधोमुख (पात्र)।

ओमत्थिय [दे] देखो **ओमंथिय** (ओघ ३८६)।

ओमल्ल न [निर्माल्य] निर्माल्य, देवोच्छिष्ट द्रव्य (षड्)।

ओमल्ल वि [दे] घनीभूत; कठिन, जमा हुआ (षड्)।

ओमाण पुं [अपमान] अपमान, तिरस्कार (उत्त २६)।

ओमाण न [अवमान] १ जिससे क्षेत्र वगैरह का माप किया जाता है वह, हस्त, दण्ड वगैरह मान (ठा २, ४)। २ जिसका माप किया जाता है वह क्षेत्रादि (अणु)।

ओमाणण न [अवमानन, अप॰] अपमान, तिरस्कार (स ६६७)।

ओमाय वि [अवमित] परिमित, मापा हुआ (सुज्ज ६)।

ओमाल देखो **ओमल्ल** = निर्माल्य (हे १, ३८; कुमा; वज्जा ८८)।

ओमाल अक [उप + मालू] १ शोभना, शोभित होना। २ सक. सेवा करना, पूजना। संकृ. **ओमालिवि** (भवि)। कवकृ. 'अहवावि भत्तिपणमंततियसवहूसीसकुसुमदामेहिं। ओमालिज्जंतकमो, नियमा तित्थाहिवो होइ' (उप ९८६ टी)।

ओमालिअ देखो **ओमल्ल** = निर्माल्य (प्राकृ ३४)।

ओमालिअ वि [उपमालित] १ शोभित। २ पूजित, अर्चित (भवि)।

ओमालिआ स्त्री [अवमालिका] चिमड़ी या मुरझाई हुई माला (गा १६४)।

ओमास पुं [अवमर्श] स्पर्श (से ६, ६७)।

ओमिण सक [अव + मा] मापना, मान करना। कर्म. ओमिणिज्जइ (अणु)।

ओमिणण न [दे] प्रोंखनक, विवाह की एक रीति, वर के लिये सासू की ओर से किया हुआ न्योछावर (पंचा ८,२५)।

ओमिय वि [अवमित] परिच्छिन्न, परिमित (सुज्ज ६)।

ओमील अक [अव + मील्] मुद्रित होना, बन्द होना। वकृ. **ओमीलंत** (से ३, १)।

ओमीस वि [अवमिश्र] १ मिश्रित। २ समीपस्थ। ३ न. सामीप्य, समीपता;
'सुचिरंपि अच्छमाणो,
नेरुलिओ कायमणियओमीसे।
न उवेइ कायभावं,
पाहन्नगुणेण नियएण।'
(ओघ ७७२)।

ओमुक्क वि [अवमुक्त] परित्यक्त (सम्मत्त १५६)।

ओमुग्ग देखो **उम्मुग्ग** (पि १०४; २३४)।

ओमुच्छिअ वि [अवमूर्च्छित] महा-मूर्छा को प्राप्त (पउम ७, १५८)।

ओमुद्धग वि [अवमूर्धक] अधोमुख, 'ओमुद्धगा धरणियले पडंति' (सूअ १, ५)।

ओमुय सक [अव + मुच्] पहनना। ओमुयइ (कप्प)। वकृ. **ओमुयंत** (कप्प)। संकृ. **ओमुइत्ता** (कप्प)।

ओमोय पुं [ओमोक] आभरण, आभूषण (भग ११, ११)।

ओमोयर वि [अवमोदर] भूख की अपेक्षा न्यून भोजन करनेवाला (उत्त ३०)।

ओमोयरिय न [अवमोदरिक] १ न्यून भोजनत्व, तप-विशेष (आचा)। २ दुर्भिक्ष, अकाल (ओघ ७)।

ओमोयरिया स्त्री [अवमोदरिता, ॰रिका] न्यून भोजन रूप तप (ठा ६)।

ओम्माय पुं [उन्माद] उन्मत्तता (संबोध २१)।

ओय न [ओजस्] १ विषम संख्या, जैसे एक, तीन, पाँच आदि (पिंड ६२६)। २ आहार-विशेष, अपनी उत्पत्ति के समय जीव प्रथम जो आहार लेता है वह (सूअनि १७१)।

ओय वि [ओकस्] गृह, घर (वव ५)।

ओय वि [ओज] १ एक, असहाय (सूअ १, ४, २, १)। २ मध्यस्थ, तटस्थ, उदासीन (बृह १)। ३ पुं. विषम राशि (भग २५,३)।

ओय न [ओजस्] १ बल (आचा)। २ प्रकाश, तेज (चंद ५)। ३ उत्पत्ति-स्थान में आहृत पुद्गलों का समूह (पण्ण ८; संग १८२)। ४ आर्तव, ऋतु-धर्म (ठा ३, ३)।

ओयंसि वि [ओजस्विन्] १ बलवान्। २ तेजस्वी (सम १५२; औप)।

ओयट्टण न [अपवर्त्तन] पीछे हटना, वापिस लौटना (उप ७६०)।

ओयड्ढ सक [अप + कृष्] खींचना। कवकृ. **ओयड्ढियंत** (पउम ७१, २६)।

ओयड्ढिया } स्त्री [दे] ओढ़नी, ओढ़ने
ओयड्ढी } का वस्त्र, चादर, दुपट्टा (मुख २, ३०)।

ओयण देखो **ओदण** (पउम ६६, १६)।

ओयत्त वि [अववृत्त] अवनत, अधोमुख (पात्र)।

ओयत्त सक [अप + वर्तय्] उलटाना, खाली करने के लिए नमाना। संकृ. **ओयत्तियाणं** (आचा २, १, ७, ५)।

ओयत्तण न [अपवर्तन] खिसकाना, हटाना (पिंड ५६३)।

ओयविय वि [दे] परिकर्मित (पण्ह १, ४; औप)।

ओया स्त्री [ओजस्] शक्ति, सामर्थ्य (णाया १, १०—पत्र १७०)।

ओया स्त्री [ओजस्] १ प्रकाश (सुज्ज ६)। २ माता का शुक्र-शोणित (तंदु १०)।

ओयाइअ देखो **उवयाइय** (सुपा ६२५; दे ४, २२)।

ओयाय वि [उपयात] उपागत, समीप पहुँचा हुआ (णाया १, ६; निर १, १)।

ओयार सक [अव + तारय्] नीचे उतारना। संकृ. **ओयारिया** (दस ५, १, ६३)।

ओयार पुं [अवतार] घाट, तीर्थ (चेइय ५१८)।

ओयारग वि [अवतारक] १ उतारनेवाला। २ प्रवृत्ति करनेवाला (सम १०६)।

ओयारण देखो **उयारण** (कुप्र ७१)।

ओयावइत्ता अ [ओजयित्वा] १ बल दिखा कर। २ चमत्कार दिखा कर। ३ विद्या आदि का सामर्थ्य दिखा कर (जो दीक्षा दी जाय वह) (ठा ४)।

ओर वि [दे] १ चारु, सुन्दर (दे १,१४६)। २ समीप (दश॰ अग॰ चू॰, आख्या॰ कोश. पत्र ८७ गा॰ ६)।

ओरंपिअ वि [दे] १ आक्रान्त। २ नष्ट (दे १, १७१)।

ओरंपिअ वि [दे] पतला किया हुआ, छिला हुआ (पात्र)।

ओरत्त वि [दे] १ गर्विष्ठ, अभिमानी। २ कुसुम्भ से रक्त। ३ विदारित, काटा हुआ (दे १, १६५; पाअ)।

ओरद्ध देखो **अवरद्ध** = अपराद्ध (प्राकृ ५०)।

ओरम अक [उप + रम्] निवृत्त होना। ओरम (सूअ १, २, १, १०)।

ओरल्ली स्त्री [दे] लम्बा और मधुर आवाज (दे १, १५४; पाअ)।

ओरस सक [अव + तृ] नीचे उतरना। ओरसइ (हे ४, ८५)।

ओरस वि [उपरस] स्नेह-युक्त, अनुरागी (ठा १०)।

ओरस वि [औरस] १ स्वोत्पादित पुत्र, स्व-पुत्र (ठा १०)। २ औरस्य, हृदयोत्पन्न (जीव ३)।

ओरसिअ वि [अवतीर्ण] उतरा हुआ (कुमा)।

ओरस्स वि [औरस्य] हृदयोत्पन्न, आभ्यन्तरिक (प्राकृ)।

ओराल देखो **उराल** = उदार (ठा ४; १० जीव १)।

ओराल देखो उराल (दे) (चंद १)।

ओराल न [औदार] नीचे देखो (विसे ६३१)।

ओरालिय न [औदारिक] १ शरीर विशेष, मनुष्य और पशुओं का शरीर (औप)। २ वि. शोभायमान, शोभा वाला (पाअ)। ३ औदारिक शरीर वाला (विसे ३७५)। °**णाम** न [°नामन्] औदारिक शरीर का हेतुभूत कर्म (कम्म)।

ओरालिय वि [दे] १ व्याप्त। २ उपलिप्त; 'दिट्ठोरुहिरोरालियसिरो' (सुख १, १३)।

ओरालिय वि [दे] १ पोंछा हुआ; 'मुहि करयलु देवि पुणु ओरालिउ मुहकमलु' (भवि)। २ फैलाया हुआ, प्रसारित; 'दसदिसि वहकयंबु ओरालिओ' (भवि)।

ओराली देखो **ओरल्ली** (सुर ११, ८६)।

ओरिंकिय न [अवरिङ्कित] महिष की आवाज, 'कत्थइ महिसोरिंकिय कत्थइ डुहुडुहुडुहुहंतनइ-सलिलं' (पउम ६४, ४३)।

ओरिल्ल पुं [दे] लम्बा काल, दीर्घ काल (दे १, १५५)।

ओरी [दे] समीप (आख्या० कोष. पत्र—८५ गा० १५)।

ओरुंज न [दे] क्रीडा-विशेष (दे १, १५६)।

ओरुंभिय वि [उपरुद्ध] आवृत्त, आच्छादित (गा ६१४)

ओरुण्ण वि [अवरुदित] रोया हुआ (गा ५३८)।

ओरुद्ध वि [अवरुद्ध] रुका हुआ, बन्द किया हुआ (गा ८००)।

ओरुभ सक [अव + रुह्] उतरना। वकृ. **ओरुभमाण** (कस)।

ओरुम्मा अक [उद् + वा] सूखना, सूख जाना। ओरुम्माइ (हे ४, ११)।

ओरुह देखो **ओरुभ**। वकृ. **ओरुहमाण** (संथा ६३; कस)।

ओरुहण न [अवरोहण] नीचे उतरना (पउम २६, ५५; विसे १२०८)।

ओरूहण न [अवरोहण] नीचे उतारना, अवतारण (पव १५५)।

ओरोध देखो **ओरोह** = अवरोध (विपा १, ६)।

ओरोह देखो **ओरुभ**। वकृ. **ओरोहमाण** (कस; ठा ५)।

ओरोह पुं [अवरोध] १ अन्तःपुर, जनानखाना (औप)। २ अन्तःपुर की स्त्री (सुर १, १४३)। ३ नगर के दरवाजा का अवान्तर द्वार (णाया १, १; औप)। ४ संघात, समूह (राज)।

ओलअ पुं [दे] १ श्येन पक्षी, बाज पक्षी। २ अपलाप, निह्नव (दे १, १६०)।

ओलअणी स्त्री [दे] नवोढा, दुलहिन (दे १, १६०)।

ओलइअ वि [दे. अवलगित] १ शरीर में सटा हुआ, परिहित (दे १ १६२; पाअ)। २ लगा हुआ (से १, १६२)।

ओलइणी स्त्री [दे] प्रिया, स्त्री (दे १, १६०)।

ओलंड सक [उत् + लङ्घ्] उल्लंघन करना। ओलंडेंति (णाया १, १—पत्र ६१)।

ओलंब देखो **अवलंब** = अव+लम्ब्। संकृ. **ओलंबिऊण** (महा)।

ओलंब पुं [अवलम्ब] नीचे लटकना (औप; स्वप्न ७३)।

ओलंबण न [अवलम्बन] सहारा, आश्रय। °**दीव** पुं [°दीप] शृङ्खला-बद्ध दीपक (राज)।

ओलंबिय वि [अवलम्बित] आश्रित, जिसका सहारा लिया गया हो वह (निचू १)। २ लटकाया हुआ (औप)।

ओलंबिय वि [उल्लंबित] लटकाया हुआ (सूअ २, २ औप)।

ओलंभ पुं [उपालम्भ] उलाहना, 'अप्पोलंभ-णिमित्तं पढमस्स णायज्झयणस्स अयमट्ठे पण्णत्ते त्ति बेमि' (णाया १, १)।

ओलक्खिअ वि [उपलक्षित] पहिचाना हुआ (पउम १३, ४२; सुपा २५४)।

ओलग्गि (अप) देखो **ओलग्गि** (सिरि ५२४)।

ओलग्ग सक [अव + लग्] १ पीछे लगना। २ सेवा करना। ओलग्गंति (पि ४८८)। हेकृ. **ओलग्गिउं** (सुपा २३४; महा)। प्रयो., संकृ. **ओलग्गाविवि** (सण)।

ओलग्ग वि [अवरुग्ण] १ ग्लान, बीमार। २ दुर्बल, निर्बल (णाया १, १—पत्र २८ टी; विपा १, २)।

ओलग्ग वि [अवलग्न] पीछे लगा हुआ, अनुलग्न (महा)।

ओलग्ग [दे] देखो **ओलुग्ग** (दे १, १६४)।

ओलग्गा स्त्री [दे] सेवा, भक्ति, चाकरी; 'करेउ देवो पसायं मम ओलग्गाए' (स ६३६); 'ओलग्गाए वेलत्ति जंपिउं निग्गओ खुज्जो' (धम्म ८ टी)।

ओलग्गि वि [अवलागिन्] सेवा करने-वाला। स्त्री-°णी (रंभा)।

ओलग्गिअ वि [अवलग्न] सेवित (वज्जा ३२)।

ओलावअ पुं [दे] श्येन, बाज पक्षी (दे १, १६०; स २१३)।

ओलि देखो **ओली** = आली (हे १, ८३)।

ओलिंदअ पुं [अलिन्दक] बाहर के दरवाजे का प्रकोष्ठ (गा २५४)।

ओलिंप सक [दे] खोलना। कवकृ. '**ओलिंप-** [?लिप्प] **माणे** वि तहा तहेव काया कवाडम्मिविभासियव्वा' (पिंड ३५४)।

ओलिंप सक [अव + लिप्] लीपना, लेप लगाना। वकृ. **ओलिंपमाण** (राज)।

ओलिंभा स्त्री [दे] उपदेहिका, दीमक (दे १, १५३; गउड)।

ओलिज्झमाण देखो ओलिह।

ओलित्त वि [अवलिप्त, उपलिप्त] लीपा हुआ, कृतलेप (पण्ह १, ३; उवा; पाअ; दे १, १५८; औप)।

ओलित्ती स्त्री [दे] खड्ग आदि का एक दोष (दे १, १५६)।

ओलिप्प न [दे] हास, हँसी (दे १, १५३)।

ओलिप्पंती स्त्री [दे] खड्ग आदि का एक दोष (दे १. १५६)।

ओलिह सक [अव + लिह्] आस्वादन करना। कवकृ. ओलिज्झमाण (कप्प)।

ओली सक [अव + ली] १ आगमन करना। २ नीचे आना। ३ पीछे आना। 'नीयं च काया ओलिंति' (विसे २०६४)।

ओली स्त्री [आली] पंक्ति, श्रेणी (कुमा)।

ओली स्त्री [दे] कुल-परिपाटी, कुलाचार (दे १, १४८)।

ओलुंकी स्त्री [दे] बालकों की एक प्रकार की क्रीड़ा (दे १, १५३)।

ओलुंड सक [वि + रेचय्] झरना, टपकना, बाहर निकालना। ओलुंडइ (हे ४, २६)।

ओलुंडिर वि [विरेचयितृ] झरनेवाला (कुमा)।

ओलुंप पुं [अवलोप] मसलना, मर्दन करना (गउड)।

ओलुंपअ पुं [दे] तापिका-हस्त, तवा का हाथा (दे १, १६३)।

ओलुग्ग वि [अवरुग्ण] १ रोगी, बीमार (पाअ)। २ भग्न, नष्ट (पण्ह १, १); 'सुक्का भुक्खा निम्मंसा ओलुग्गा ओलुग्ग-सरीरा' (निर १, १)।

ओलुग्ग वि [दे] १ सेवक, नौकर। २ निस्तेज, निर्बल, बल-हीन (दे १, १६४)। ३ निश्छाय, निस्तेज (सुर २, १०२; दे १, १६४; स ४६६; ५०४)।

ओलुग्गाविय वि [दे] १ बीमार। २ विरह, पीड़ित (वज्जा ८६)।

ओलुट्ट वि [दे] १ असंघटमान, असंगत। २ मिथ्या, असत्य (दे १, १६४)।

ओलेहड वि [दे] १ अन्यासक्त। २ तृष्णा-पर। ३ प्रवृद्ध (दे १, १७२)।

ओलोअ देखो अवलोअ। वकृ. ओलोअंत, ओलोएमाण (मा ५; णाया १, १६; १, १)।

ओलोट्ट सक [अप + लुठ्] पीछे लौटना। वकृ. ओलोट्टमाण (राज)।

ओलोयण न [अवलोकन] १ देखना। २ दृष्टि, नजर (उप पृ १२७)।

ओलोयण न [अवलोकन] गवाक्ष, 'दिट्ठा अन्नया तेण ओलोयणगएण' (सुख २, ६)।

ओलोयणा स्त्री [अवलोकना] १ देखना। २ गवेषणा, खोज (वव ४)।

ओल्ल पुं [दे] १ पति, स्वामी। २ दण्ड-प्रतिनिधि पुरुष, राजपुरुष-विशेष (पिंग)।

ओल्ल देखो उल्ल = आर्द्र (हे, १, ८२; काप्र १७२)।

ओल्ल देखो उल्ल = आर्द्रय्। ओल्लेइ (पि १११)। वकृ. ओल्लंत (से १३, ६६)। कवकृ. ओल्लिज्जंत (गा ६२१);

ओल्लट्टण पुं [अवलट्टन] एक नरक-स्थान (देवेन्द्र २८)।

ओल्लण न [आर्द्रयण] गीला करना, भिजाना (पि १११)।

ओल्लणी स्त्री [दे] मार्जिता, इलायची, दाल-चीनी आदि मसाला से संस्कृत दधि (दे १, १५४)।

ओल्लरण न [दे] स्वाप, सोना (दे १, १६३)।

ओल्लरिअ वि [दे] सुप्त, सोया हुआ (दे १६३; सुपा ३१२)।

ओल्लविद (शौ) नीचे देखो (पि १११; मृच्छ १०५)।

ओल्लिअ वि [आर्द्रित] आर्द्र किया हुआ (गा ३३०; सण)।

ओल्ली स्त्री [दे] पनक, काई; गुजराती में 'ऊल' (चेइय ३७३)।

ओल्हव सक [वि + ध्यापय्] बुझाना। ठंढा करना। कवकृ. ओल्हविज्जंत (स ३६२)। कृ. ओल्हवेयव्व (स ३६२)।

ओल्हविअ वि [दे] देखो उल्हविय (सुर १०, १४६)।

ओव न [दे] हाथी वगैरह को बाँधने के लिए किया हुआ गर्त्त (दे १, १४६)।

ओवअण न [अवपतन] नीचे गिरना, अधः पात (से ६, ७७; १३, २२)।

ओवइणी स्त्री [अवपातिनी] विद्या-विशेष, जिसके प्रभाव से स्वयं नीचे आता है या दूसरे को नीचे उतारता है (सूअ २, २)।

ओवइय वि [अवपतित] १ अवतीर्ण, नीचे आया हुआ (से ६, २८; औप)। २ आ पड़ा हुआ, आ डटा हुआ (से ६, २६)। ३ न. पतन (औप)।

ओवइय पुंस्त्री [दे] तीन इन्द्रियवाला एक क्षुद्र जन्तु; 'से किं तं तेइंदिया ? तेइंदिया अणे-गविहा पण्णत्ता, तं जहा:—ओवइया रोहि-णीया हत्थिसोंडा' (जीव १)।

ओवइय वि [औपचयिक] उपचित, परिपुष्ट (राज)।

ओवगारिय वि [औपकारिक] उपकार करने वाला (भग १३, ६)।

ओवगारिय वि [औपकारिक] उपकार के निमित्त का, उपकारार्थक (देवेन्द्र ३०६)।

ओवग्ग सक [अप + क्रम्] १ व्याप्त करना। २ ढकना, आच्छादन करना। ओवग्गइ, ओवग्गउ (से ४, २५, ३, ११)।

ओवग्ग सक [उप + वल्ग्, आ + क्रम्] १ आक्रमण करना। २ पराभव करना। ओवग्गइ (भवि)। संकृ. ओवग्गिवि (भवि)।

ओवग्गहिय वि [औपग्रहिक] जैन साधुओं के एक प्रकार का उपकरण, जो कारण-विशेष से थोड़े समय के लिए लिया जाता है (पव ६०)।

ओवग्गिअ वि [दे. उपवल्गित] १ अभिभूत १ आक्रान्त (से ६, ३०; पाअ; सुर १३, ४२)।

ओवघाइय वि [औपघातिक] उपघात करने वाला, पीड़ा उत्पन्न करनेवाला; 'सुयं वा जइ वा दिट्ठं न लविज्जोवघाइयं' (दस ८)।

ओवच्च सक [उप + व्रज्] पास जाना, 'सुहाए ओवच्च वासहरं' (भवि)।

ओवट्ट अक [अप + वृत्] १ पीछे हटना। २ कम होना, ह्रास-प्राप्त होना। वकृ. ओवट्टंत (उप ७६२)।

ओवट्ट पुं [अपवर्त्त] १ ह्रास, हानि। २ भागाकार, (विसे २०६२)।

ओवट्टण न [अपवर्त्तन] ह्रास, कमी (श्रावक २१६)।

ओवट्टणा स्त्री [अपवर्त्तना] भागाकार, भाग-हरण (राज)।

ओवट्टिअ न [दे] चाटु, खुशामद (दे १, १६२)।

ओवट्ठ वि [अववृष्ट] बरसा हुआ, जिसने वृष्टि की हो वह (से ६, ३४)।

ओवट्ठ पुं [दे· अववर्ष] १ वृष्टि, बारिश (से ६, २५)। २ मेघ-जल का सिञ्चन (दे १, १५२)।

ओवट्ठिइअ वि [औपस्थितिक] उपस्थिति के योग्य, नौकर (प्रयौ ११)।

ओवड अक [अव + पत्] गिरना, नीचे पड़ना। वकृ· **ओवडंत** (से १३, २८)।

ओवडण न [अवपतन] १ अधःपात। २ झम्पा-पात (से २, ३२)।

ओवड्ढ वि [उपार्ध] आधे के करीब। **°ोमोयरिया** स्त्री [°वमोदरिका] बारह कवल का ही आहार करना, तप-विशेष (भग-७, १)।

ओवड्ढि वि [अपवृद्धि] ह्रास (निचू २०)।

ओवड्ढा स्त्री [दे] ओढ़नी का एक भाग (दे १, १५१)।

ओवण न [उपवन] बगीचा, आराम (कुमा)।

ओवणिहिय पुं [औपनिहित, औपनिधिक] भिक्षाचर विशेष; समीपस्थ भिक्षा को लेनेवाला साधु (ठा ५; औप)।

ओवणिहिया स्त्री [औपनिधिकी] आनुपूर्वी-विशेष, अनुक्रम-विशेष (औप)।

ओवत्त सक [अप + वर्त्तय्] १ उलटा करना। २ फिराना, घुमाना। ३ फेंकना। संकृ· **ओवत्तिय** (दस ५)। कृ. **ओवत्तेअव्व** (से १०, ५०)।

ओवत्त वि [अपवृत्त] फिराया हुआ (से ६, ६१)।

ओवत्तिय वि [अपवर्त्तित] १ घुमाया हुआ। २ क्षिप्त (णाया १, १—पत्र ४७)।

ओवत्थाणिय वि [औपस्थानिक] सभा का कार्य करनेवाला नौकर। स्त्री· **°या** (भग ११, ११)।

ओवम देखो **ओवम्म**; 'इंदियपच्चक्खं पिय अणुमाए ओवमं च सद्दगाणं' (जीवस १४२)।

ओवमिय वि [औपमिक] उपमा-सम्बन्धी (अणु)।

ओवमिय, ओवम्म न [औपम्य] १ उपमा (ठा ८; अणु)। २ उपमान, प्रमाण (सूअ १, १०)।

ओवय सक [अव + पत्] १ नीचे उतरना। २ आ पड़ना। वकृ. **ओयवंत, ओवयमाण** कप्प; स ३७०; पि ३९७; णाया १, १ ९)।

ओवयण न [दे. अवपदन] प्रोङ्खणक, चुमना (णाया १, १—पत्र ३९)।

ओवयण न [अवपतन] अवतरण, नीचे उतरना (भग ३, २—पत्र १७७)।

ओवयाइयय वि [औपयाचितक] मनौती से प्राप्त किया हुआ, मनौती से मिला हुआ (ठा १०)।

ओवयारिय वि [औपचारिक] उपचार-संबन्धी (पंचा ६; पुप्फ ४०६)।

ओवर पुं [दे] निकर, समूह (दे १, १५७)।

ओववाइय वि [औपपातिक] १ जिसकी उत्पत्ति होती हो वह (पंच १)। १ पुं. संसारी, प्राणी (आचा)। ३ देव या नारक-जीव (दस ४)। ४ न. देव या नारक जीव का शरीर (पंच १)। ५ जैन आगम-ग्रन्थ विशेष, औप-पातिक सूत्र (औप)।

ओववाइय वि [औपपातिक] एक जन्म से दूसरे जन्म में जानेवाला (सूअ १, १, ११)।

ओवसग्गिय वि [औपसर्गिक] १ उपसर्ग से संबन्ध रखनेवाला, उपद्रव—समर्थ रोगादि। २ शब्द-विशेष, प्र, परा आदि अव्यय रूप शब्द (अणु)।

ओवसमिअ पुंन [औपशमिक] १ उपशम। २ वि. उपशम से उत्पन्न। ३ उपशम होने पर होनेवाला (विसे २१७४)।

ओवसेर न [दे] १ चन्दन, सुगन्धि काष्ठ-विशेष। २ वि. रति-योग्य (दे १, १७३)।

ओवस्सय देखो **उवस्सय**; 'घट्टिज्जइ ओवस्सय-तणयं तेणाइरक्खट्ठा' (पव ८१)।

ओवह सक [अव + वह्] १ बह जाना, बह चलना। २ डूबना। कवकृ. **ओवुब्भमाण** (कस)।

ओवहारिअ वि [औपहारिक] उपहार-संबन्धी (विक ७५)।

ओवहिय वि [औपधिक] माया से गुप्त विचरनेवाला (णाया १, २)।

ओवाअअ पुं [दे] आपातप, जल-समूह की गरमी (षड्)।

ओवाइय देखो **ओववाइय** (राज)।

ओवाइय देखो **उवयाइय** (सुपा ११३)।

ओवाइय वि [आवपातिक] सेवा करनेवाला (ठा १०)।

ओवाडण न [अवपाटन] विदारण, नाश (ठा २, ४)।

ओवाडिय वि [अवपाटित] विदारित (औप)।

ओवाय सक [उप + याच्] मनौती करना। वकृ. **ओवायंत, ओवाइयमाण** (सुर १३, २०९; णाया १, ८—पत्र १३४)।

ओवाय पुं [अवपात] १ सेवा, भक्ति (ठा ३, २; औप)। २ गर्त्त, गड्ढा (पण्ह १, १)। ३ नीचे गिरना (पण्ह १, ४)।

ओवाय वि [औपाय] उपाय-जन्य, उपाय-संबन्धी (उत्त १, २८)।

ओवार सक [अप + वारय्] आच्छादन करना, ढकना। संकृ. **ओवारिअ** (अभि २१३)।

ओवारि न [दे] धान्य भरने का एक प्रकार का लम्बा कोठा, गोदाम (राज)।

ओवारिअ वि [दे] ढेर किया हुआ, राशि-कृत (स ४८७; ४८)।

ओवारिअ वि [अपवारित] आच्छादित, ढका हुआ (मै ६१)।

ओवास अक [अव + काश्] शोभना, विराजना। ओवासइ (प्राप)।

ओवास अक [अव + काश्] अवकाश पाना, जगह मिलना। ओवासइ (प्राप्र; कुमा ७, २३; प्राकृ ६६)।

ओवास पुं [अवकाश] अवकाश, खाली जगह (पाअ; प्राप्र; से १, ५४)।

ओवास पुं [उपवास] उपवास, भोजनाभाव (पउम ४२, ८९)।

ओवासंतर पुंन [अवकाशान्तर] आकाश, गगन (भग २०, २—पत्र ७७६)।

ओवाह सक [अव + गाह्] अवगाहना। ओवाहइ (प्राप्र)।

ओवाहिअ वि [अपवाहित] १ नीचे गिराया हुवा (से ६, ६६; १३, ७२)। २ घुमाकर नीचे डाला हुआ (से ७, ५५)।

ओविअ वि [दे] १ आरोपित, अध्यासित। २ मुक्त, परित्यक्त। ३ हृत, छीना हुआ। ४ न. खुशामद। ५ रुदित, रोदन (दे १, १६७)। ६ वि. परिकर्मित, संस्कारित (कप्प)। ७ खचित, व्याप्त (आवम)। ८ उज्ज्वालित, प्रकाशित (णाया १, १६)। ६ विभूषित, शृंगारित (प्राप)। देखो **उविय**।

ओविद्ध वि [अपविद्ध] १ प्रेरित, आहत (से ७,१२)। २ नीचे गिराया हुआ (से १३, २६)।

ओवील सक [अव + पीडय्] पीड़ा पहुंचाना, मार-पीट करना। वकृ. **ओवीलेमाण** (णाया १, १८—पत्र २३६)।

ओवीलय देखो **उव्वीलय** (पराह १, ३)।

ओवुब्भमाण देखो **ओवह**।

ओवेहा स्त्री [उपेक्षा] १ उपदर्शन, देखना। २ अवधीरण; 'संजयगिहिचोयणाचोयणे य वावारओवेहा' (ओघ १७१ भा)।

°**ओव्वण** देखो **जोव्वण** (से ७, ६२)।

ओव्वत्त अक [अप + वृत्] १ पीछे फिरना, लौटना। २ अवनत होना। संकृ. **ओवत्तिऊण** (ओघ भा ३० टी)।

ओव्वत्त वि [अपवृत्त] पीछे फिरा हुआ। २ नमा हुआ, अवनत (से ८, ८४)।

ओव्वेव्व देखो **उव्वेव** (संक्षि ३५)।

ओस देखो **ऊस** = ऊष (दस ५, १, ३३)।

ओस पुं [दे] देखो **ओसा** (राज)। °**चारण** पुं [°चारण] हिम के अवलम्बन से जानेवाला साधु (गच्छ)।

ओसक्क सक [अव + ष्वष्क्] कम करना, घटाना। संकृ. **ओसक्किया** (दस ५,१,६३)।

ओसक्क अक [अव + ष्वष्क्] १ पीछे हटना, अपसरण करना। २ भागना, पलायन करना। ३ उदीरण करना, उत्तेजित करना। ओसकइ (पि ३०२;३१५)। वकृ. **ओसक्कंत, ओसक्कमाण** (से ५, ७३; स ६४)। संकृ. **ओसक्कइत्ता, ओसक्किय, ओसक्किऊण** (ठा ८; दस ४; सुर २, १५)।

ओसक्क वि [दे. अवष्वष्कित] अपसृत, पीछे हटा हुआ (दे. १, १४६; पाअ)।

ओसक्कण न [अवष्वष्कण] १ अपसरण (स ६३)। २ नियत काल से पहले करना (धर्म ३)। ३ उत्तेजन (बृह २)।

ओसक्किय वि [अवष्वष्कित] नियत काल से पहले किया हुआ (पिंड २६०)।

ओसट्ट अक [वि + सृप्] फैलना, पसरना। ओसट्टइ (गा ८५६)।

ओसट्ट वि [दे] विकसित, प्रफुल्लित (षड्)

ओसडिअ वि [दे] आकीर्ण, व्याप्त (षड्)।

ओसढ न [औषध] दवा, इलाज, भैषज (हे १, २२७)।

ओसढिअ वि [औषधिक] वैद्य, चिकित्सक (कुमा)।

ओसण न [दे] उद्वेग, खेद (दे १ १५५)।

ओसण्ण वि [अवसन्न] १ खिन्न (गा ३८२; से १३, ३०)। २ शिथिल, ढीला (वव ३)। देखो **ओसन्न**।

ओसण्ण वि [दे] त्रुटित, खण्डित (दे १, १५६; षड्)।

ओसण्णं अ [दे] प्रायः बहुत कर (कप्प)।

ओसत्त वि [अवसक्त] संबद्ध, संयुक्त (णाया १, ३; स ४४६)।

ओसधि देखो **ओसहि** (ठा २, ३)।

ओसद्ध वि [दे] पातित, गिराया हुआ (पाअ)।

ओसन्न देखो **ओसण्ण** = अवसन्न (सुर ४, ३४; णाया १, ५; सं ६; पुप्फ २१)। ३ न. एकान्त; 'ओसन्ने देइ गेराहइ वा' (उव)।

ओसन्न वि [अवसन्न] निमग्न (दसचू १, ८)।

ओसन्नं देखो **ओसण्णं** (कम्म १, १३; विसे २२७५)।

ओसप्पिणी स्त्री [अवसर्पिणी] दश कोटाकोटि सागरोपमपरिमित काल-विशेष, जिसमें सर्व पदार्थों के गुणों की क्रमशः हानि होती जाती है (सम ७२; ठा १)।

ओसम सक [उप + शमय्] उपशान्त करना। भवि. ओसमेहिंति (पिंड ३२६)।

ओसमिअ वि [उपशमित] शान्ति-प्राप्त (सम ३७)।

ओसर अक [अव + तृ] १ नीचे आना। २ अवतरना, जन्म लेना। ओसरइ (षड्)।

ओसर अक [अप + सृ] अपसरण करना, पीछे हटना। २ सरकना, खिसकना, फिसलना। ओसरइ (महा; काल)। वकृ. **ओसरंत** (गा १८; ३६३; से ६, २६; ६, ८२; १२, ६; से ६३)।

ओसर सक [अव + सृ] आना, तीर्थंकर आदि महापुरुष का पधारना (उप ७२८ टी)।

ओसर पुं [अवसर] १ अवसर, समय (सूअ १, २)। २ अन्तर (राज)।

ओसरण न [अवसरण] १ जिन-देव का उपदेश स्थान (उप १३३; रयण १)। २ साधुओं का एकत्रित होना (सूअ १, १२)।

ओसरण न. [अपसरण] १ हटना, दूर होना। २ वि. दूर करनेवाला; 'बहुपावकम्मओसरणं' (कुमा १)।

ओसरिअ वि [दे] १ आकीर्ण, व्याप्त। २ आँख के इशारे से संकेतित या इंगित (षड्)। ३ अधोमुख, अवनत। ४ न. आँख का इशारा (दे १, १७१)।

ओसरिअ वि [अवसृत] आगत, पधारा हुआ (उप ७२८ टी)।

ओसरिअ वि [अपसृत] १ पीछे हटा हुआ (पउम १६, २३; पाअ; गा ३५१)। २ न. अपसरण (से २, ८)।

ओसरिअ वि [उपसृत] संमुखागत, सामने आया हुआ; (पाअ)।

ओसरिआ स्त्री [दे] अलिन्दक, बाहर के दरवाजे का प्रकोष्ठ (दे १, १६१)।

ओसव पुं [उत्सव] उत्सव, आनन्द-क्षण (प्राप्र)।

ओसविय देखो **ओसमिअ** (पिंड ३२६)।

ओसविय वि [उच्छ्रयित] ऊँचा किया हुआ (पउम ८, २६६)।

ओसव्विअ वि [दे] १ शोभा-रहित। २ न. अवसाद, खेद (दे १, १६८)।

ओसह न [औषध] दवाई, भैषज (औप; स्वप्न ५६)।

ओसहि°, ही स्त्री [ओषधि] १ वनस्पति (पराण १)। २ नगरी-विशेष (राज)। °**महिहर** पुं [°महिधर] पर्वत-विशेष (अच्चु ४४)।

ओसहिअ वि [आवसथिक] चन्द्रार्घ-दानादि व्रत को करनेवाला (गा ३४६)।

ओसा स्त्री [दे] १ ओस, निशा-जल (जी ५; आचा; विसे २५७६)। २ हिम, बरफ (दे १, १६४)।

ओसाअ पुं [दे] प्रहार की पीड़ा (दे १, १५२)।

ओसाअ पुं [अवश्याय] हिम, ओस (से १३, ५२; दे ८, ५३)।

ओसाअंत वि [दे] १ जँभाई खाता हुआ आलसी। २ बैठता। ३ वेदना-युक्त (दे १, १७०)।

ओसाअण वि [दे] १ महीशान, जमीन का मालिक। २ आपोशान (षड्)।

ओसाण न [अवसान] १ अन्त (ठा ४)। २ समीपता, सामीप्य (सूअ १, ४)।

ओसाण न [अवसान] गुरु के समीप स्थान, गुरु के पास निवास (सूअ १, १४, ४)।

ओसाणिहाण वि [दे] विधि-पूर्वक अनुष्ठित (दे १, १६३)।

ओसाय पुं [अवश्याय] ओस, निशा-जल (जीवस ३१)।

ओसायण न [अवसादन] परिशाटन, नाश (विसे)।

ओसार सक [अप + सारय्] दूर करना। ओसारेहि (स ४०८)। कर्म. ओसारिज्जंतु (स ४१०)। संकृ. **ओसारिवि** (भवि)।

ओसार पुं [दे] गो-वाट, गो-बाड़ा (दे १, १४६)।

ओसार पुं [अपसार] अपसरण (से १३, १४)।

ओसार देखो **ऊसार** = उत्सार (भवि)।

ओसार पुं [अवसार] कवच, बख्तर (से १२, ५६)।

ओसारिअ वि [अपसारित] दूर किया हुआ, अपनीत (गा ६६; पउम २३, ८)।

ओसारिअ वि [अवसारित] अवलम्बित, लटकाया हुआ (औप)।

ओसास (अप) देखो **ओवास** = अवकाश (भवि)।

ओसिअ वि [दे] १ अबल, बल-रहित (दे १, १५०)। २ अपूर्व, असाधारण (षड्)।

ओसिअ वि [उषित] १ बसा हुआ, रहा हुआ (सूअ १, १४, ४)। २ व्यवस्थित (सूअ १, ४, १, २०)।

ओसिअंत वकृ- [अवसीदत्] पीड़ा पाता हुआ (हे १, १०१; से ३, ५१)।

ओसिंघिअ वि [दे] घ्रात, सूँघा हुआ (दे १, १६२; पाअ)।

ओसिंचित्तु वि [अपसेचयितृ] अपसेक करनेवाला (सूअ २, २)।

ओसिक्खिअ न [दे] १ गति-व्याघात। २ अरति-निहित (दे, १, १७३)।

ओसित्त वि [अवसिक्त] भीजाया हुआ, सिक्त (आचा २, १, १, १)।

ओसित्त वि [दे] उपलिप्त (दे १, १५८)।

ओसिय वि [अवसित] १ पर्यवसित। २ उपशान्त (सूअ १, १३)। २ जीत, पराभूत (विसे)।

ओसिरण न [दे] व्युत्सर्जन, परित्याग (षड्)।

ओसीअ वि [दे] अधो-मुख, अवनत (दे १, १५८)।

ओसीर देखो **उसीर** (पराह २, ५)।

ओसीस अक [अप + वृत्] १ पीछे हटना। २ घूमना, फिरना। संकृ. **ओसीसिऊण** (दे १, १५२)।

ओसीस वि [अप + वृत्त] अपवृत्त (दे १, १५२)।

ओसुअ वि [उत्सुक] उत्कण्ठित (प्राप्र)।

ओसुंखिअ वि [दे] उत्प्रेक्षित, कल्पित (दे १६१)।

ओसुंभ सक [अव+पातय्] १ गिरा देना। २ नष्ट करना। कर्म. ओसुब्भंति (स ७, ६१)। वकृ. **ओसुंभइ** (से ४, ५४)। कवकृ. **ओसुब्भंत** (पि ५३५)।

ओसुक्क सक [तिज्] तीक्ष्ण करना, तेज करना। ओसुक्कइ (हे ४, १०४)।

ओसुक्क वि [अवशुष्क] सूखा हुआ (पउम ५३, ७६; ५, १४)।

ओसुक्ख अक [अव + शुष्] सूखना। वकृ. **ओसुक्खंत** (से ६, ६३)।

ओसुद्ध वि [दे] १ विनिपतित (दे १, १५७)। २ विनाशित (से १३, २२)।

ओसुब्भंत देखो **ओसुंभ**।

ओसुय न [औत्सुक्य] उत्सुकता, उत्कण्ठा (औप; पि ३२७ ए)।

ओसोयणी, **ओसोवणिया**, **ओसोवणी** स्त्री [अवस्वापनी] विद्या-विशेष, जिसके प्रभाव से दूसरे को गाढ़ निद्राधीन किया जा सकता है (सुपा २२०; णाया १, १६; कप्प)।

ओस्सक्क पुं [अवष्वष्क] अपसर्पण, पीछे हटना (पव २)।

ओस्सक्कण देखो **ओसक्कण** (पिंड २८५)।

ओस्सा [दे] देखो **ओसा** (कस)।

ओस्साड पुं [अवशाट] नाश, विनाश (सण)।

ओह देखो **ओघ** (पराह १, ४; गा ५१८; निचू १६; ओघ २; धम्म १० टी)। ५ सूत्र, शास्त्र-सम्बन्धी वाक्य (विसे ६५७)।

ओह सक [अव + तॄ] नीचे उतरना। ओहइ (हे ४, ८५)।

ओह पुंन [ओघ] १ उत्सर्ग, सामान्य नियम; (णंदि ५२)। २ सामान्य, साधारण (वव १)। ३ प्रवाह (राय ४७ टी)। ४ सलिल-प्रवेश। ५ आस्रव-द्वार (आचा २, १६, १०)। ६ संसार (सूअ १, ६, ६)। °**सुय** न [°श्रुत] शास्त्र-विशेष (णंदि ५२)।

ओहंक पुं [दे] हास हँसी (दे १, १५३)।

ओहंजलिया स्त्री [दे] क्षुद्र जन्तु-विशेष, चतुरिन्द्रिय जीव-विशेष (जीव १)।

ओहंतर वि [ओघतर] संसार पार करनेवाला (मुनि); (आचा)।

ओहंस पुं [दे] १ चन्दन। २ जिसपर चन्दन घिसा जाता है वह शिला, चन्द्रौटा या होरसा (दे १, १६८)।

ओहट्ट अक [अप + घट्ट्] १ कम होना, ह्रास पाना। २ पीछे हटना। ३ सक. हटाना, निवृत्त करना। ओहट्टइ (हे ४, ४१६)। वकृ. **ओहट्टंत** (से ८, ६०; सुपा २३३)।

ओहट्ट पुं [दे] १ अवगुण्ठन। २ नीवी, कटि-वस्त्र। ३ वि. अपसृत, पीछे हटा हुआ (दे १, १६६; भवि)।

ओहट्ट } वि [अपघट्टक] निवारक, हटाने-
ओहट्टय } वाला, निषेधक (विपा १, २, णाया १, १६; १८)।

ओहट्टिअ वि [दे] दूसरे को दबाकर हाथ से गृहीत (दे १, १५९)।

ओहट्टु पुं [दे] हास, हंसी (दे १, १५३)।

ओहट्ठ वि [अवघृष्ट] घिसा हुआ (पउम ३७, ३)।

ओहड वि [अपहृत] नीचे लाया हुआ (दस ५, १, ३९)।

ओहडणी स्त्री [दे] अर्गला (दे १, १६०)।

ओहत्त वि [दे] अवनत (दे १, १५६)।

ओहत्थिअ वि [अपहस्तित] परित्यक्त, दूर किया हुआ (मै ३५)।

ओहय वि [उपहत] उपघात-प्राप्त (णाया १, १)।

ओहय वि [अवहत] विनाशित (औप)।

ओहर सक [अप + हृ] अपहरण करना। कर्म. ओहरीआमि (पि ६८)।

ओहर अक [अव + हृ] टेढ़ा होना, वक्र होना। २ सक. उलटा करना। ३ फिराना। संकृ. **ओहरिय** (आचा २, १, ७)।

ओहर न [उपगृह] छोटा गृह, कोठरी (पराह १, १)।

ओहरण न [अपहरण] उठा ले जाना, अपहार (उप ९७९)।

ओहरण न [दे] १ विनाशन, हिंसा। २ असंभव अर्थ की सम्भावना (दे १, १७४)। ३ अस्त्र, हथियार (स ५३१; ६३७)। ४ वि. आघ्रात (षड्)।

ओहरिअ वि [दे. अपहृत] १ फेंका हुआ (से १३, ३)। २ नीचे गिराया हुआ (से ३, ३७)। ३ उतारा हुआ, उत्तारित (ओघ ८०६)। ४ अपनीत; 'ओहरिअभरुव्व भार-वहो' (श्रा ४०)।

ओहरिस वि [दे] १ आघ्रात, सूँघा हुआ। २ पुं. चन्दन घिसने की शिला, चन्द्रौटा (दे १, १६९)।

ओहल देखो उऊखल (हे १, १७१; कुमा)।

ओहल सक [अव + खल्] घिसना। भवि- ओहलिही (सुपा १३६)।

ओहलिय वि [अवखलित] घिसा हुआ, 'अंसुजलोहलियगंडयलो' (सुर २, १८६; सरा)।

ओहली स्त्री [दे] ओघ, समूह (सुपा ३६४)।

ओहस सक [उप + हस्] उपहास करना। ओहसइ (नाट)। कवकृ. **ओहसिज्जंत** (से १५, १०)। कृ **ओहसणिज्ज** (स ८)।

ओहसिअ न [दे] १ वस्त्र, कपड़ा। २ वि. धूत, कम्पित (दे १, १७३)।

ओहसिअ वि [उपहसित] जिसका उपहास किया गया हो वह (ग, ६०; दे १, १७३; स ४४८)।

ओहाइअ वि [दे] अधो-मुख (१, १५८)।

ओहाइअ वि [अवधाविन] चरित्र से भ्रष्ट (दसचू १, १)।

ओहाडण न [अवघाटन] प्रायश्चित्त-विशेष (वव १)।

ओहाडण न [अवघाटन] ढकना, पिधान (वव १)।

ओहाडणी स्त्री [दे. अवघाटनी] १ पिधानी (दे १, १६१)। २ एक प्रकार की ओढ़नी (जीव ३)

ओहाडिय वि [अवघाटित] १ पिहित, बन्द किया हुआ; 'वइरामयकवाडोहाडियाओ' (जं १—पत्र ७१)। २ स्थगित (आव ५)।

ओहाण न [उपधान] स्थगन, ढकना (वव ४)।

ओहाण न [अवधान] उपयोग, ख्याल (आचा)।

ओहाण न [अवधावन] अवक्रमण, पीछे हटना (निचू १६)।

ओहाम सक [तुलय्] तौलना, तुलना करना। ओहामइ (हे ४, २५)। वकृ. **ओहामंत** (कुमा)।

ओहामिय वि [तुलित] तौला हुआ (पाअ; सुपा २६९)।

ओहामिय वि [दे] १ अभिभूत (षड्)। २ तिरस्कृत (स ३१३; ओघ ६०)। ३ बन्द किया हुआ, स्थगित; 'जह वीणावंसरवा खणेण ओहामिआ सव्वा' (पउम ४९, ६)।

ओहार सक [अव + धारय्] निश्चय करना। संकृ. **ओहारिअ** (अभि १६४)।

ओहार पुं [दे] १ कच्छप। २ नदी वगैरह के बीच की शुष्क जगह, द्वीप। ३ अंश, विभाग (दे १, १६७)। ४ जलचर-जन्तु-विशेष (पराह १, ३)।

ओहार पुं [अवधार] निश्चय। °व वि [°वत्] निश्चयवाला (द्र ४९)।

ओहारइत्तु वि [अवधारयितृ] निश्चय करने-वाला (राज)।

ओहारइत्तु वि [अवहारयितृ] दूसरे पर मिथ्याभियोग लगानेवाला (राज)।

ओहारण न [अवधारण] नियम, निश्चय (द्र २)।

ओहारणी स्त्री [अवधारणी] निश्चयात्मक भाषा; 'ओहारणिं अप्पियकारिणिं च भासं न भासिज्ज सया स पुज्जो' (दस ८, ३)।

ओहारिणी स्त्री [अवधारिणी] ऊपर देखो (भास १४)।

ओहाव सक [आ + क्रम्] आक्रमण करना। ओहावइ (हे ४, १६०; षड्)।

ओहाव अक [अव + धाव्] पीछे हटना। वकृ. **ओहावंत, ओहावेंत** (ओघ १२६; वव ८)।

ओहावण न [अवधावन] १ अपसर्पण, पलायन (वव १)। २ दीक्षा से भागना, दीक्षा को छोड़ देना (वव ३)।

ओहावण न [अवभावन] अपमान, अपकीर्ति (पिंड ४८९)।

ओहावणा स्त्री [अपहापना] लाघव, लघुता (जय २९)।

ओहावणा स्त्री [अपभावना] तिरस्कार, अनादर (उप १२९ टी; स ४१०)।

ओहावणा स्त्री [आक्रान्ति] आक्रमण (काल)।

ओहाविअ वि [अपभावित] १ तिरस्कृत (सुपा २२४)। २ ग्लान, ग्लानि-प्राप्त (वव ८)।

ओहाविअ वि [अवधावित] पलायित, अप-सृत (दसचू १, २)।

ओहास पुं [अवहास, उपहास] हँसी, हास्य (प्राप्र; मै ४३)।

ओहासण न [अवभाषण] याचना, मांग, विशिष्ट भिक्षा (आव ४)।

ओहासिय वि [अवभाषित] याचित (पंचा १३, १०)।

ओहि पुंस्त्री [अवधि] १ मर्यादा, सीमा, हद (गा १७०;२०६)। २ रूपि-पदार्थ का अतीन्द्रिय ज्ञान-विशेष (उवा; महा)। °जिण पुं [°जिन] अवधिज्ञानवाला साधु (पराह २, १)। °णाण न [°ज्ञान] अवधिज्ञान (वव १)। °णाणावरण न [°ज्ञानावरण] अवधिज्ञान का प्रतिबन्धक कर्म (कम्म १)। °दंसण न [°दर्शन] रूपी वस्तु का अतीन्द्रिय सामान्य ज्ञान (सम १५)। °दंसणावरण न [°दर्शनावरण] अवधिदर्शन का आवारक कर्म (ठा ६)। °नाण देखो °णाण (प्राकृ)। °मरण न [°मरण] मरण-विशेष (भग १३, ७)।

ओहिअ वि [अवतीर्ण] उतरा हुआ (कुमा)।

ओहिअ वि [औघिक] औत्सर्गिक, सामान्य रूप से उक्त (अणु १६६; २००)।

ओहिण्ण वि [अपभिन्न] रोका हुआ, अटकाया हुआ (से १३, २४)।

ओहित्थ न [दे] १ विषाद, खेद। २ रभस, वेग। ३ वि. विचारित (दे १, १६८)।

ओहिर देखो ओहीर। ओहिरइ (षड्)।

ओहिर देखो ओहर = अप + हृ। कर्म. ओहिरिआमि (पि ६८)।

ओहीअंत वि [अवहीयमान] क्रमशः कम होता हुआ (से १२, ४२)।

ओहीण वि [अवहीन] १ पीछे रहा हुआ (अभि ५६)। २ अपगत, गुजरा हुआ (से १२, ६७)।

ओहीर अक [नि + द्रा] सो जाना, निद्रा लेना (हे ४, १२)। वकृ. ओहीरमाण (णाया १, १; विपा २, १; कप्प)।

ओहीर अक [सद्] खिन्न होना। वकृ. ओहीरंतं च सीअंत' (पाअ)।

ओहीरिअ वि [अवधीरित] तिरस्कृत, परिभूत (आचा २, १)।

ओहीरिअ वि [दे] १ उद्गीत। २ अवसन्न, खिन्न (दे १, १६३)।

ओहुअ वि [दे] अभिभूत, पराभूत (दे १, १५८)।

ओहुंज देखो उवहुंज। ओहुंजइ (भवि)।

ओहुड वि [दे] विफल, निष्फल (दे १, १५७)।

ओहुप्पंत वि [आक्रम्यमाण] जिसपर आक्रमण किया जाता हो वह (से ३, १८)।

ओहुर वि [दे] १ अवनत, अवाङ्मुख (गउड)। २ खिन्न, खेद-प्राप्त। ३ स्रस्त, ध्वस्त (दे १, १५७)।

ओहुल्ल वि [दे] १ खिन्न। १ अवनत, नीचे झुका हुआ (भवि)।

ओहूणण न [अवधूनन] १ कम्प। २ उल्लङ्घन। ३ अपूर्व करण से भिन्न ग्रन्थि का भेद करना (आचा १, ६, १)।

ओहूय वि [अवधूत] उल्लङ्घित (बृह १)।

॥ इअ सिरिपाइअसद्दमहण्णवे ओआराइसद्दसंकलणो णवमो तरंगो समत्तो।
तस्समत्तीए अ सरविहाओवि समत्तो॥

क

क पुं [क] १ प्राकृत वर्ण-माला का प्रथम व्यञ्जनाक्षर, जिसका उच्चारण-स्थान कण्ठ है (प्राप; प्रमा)। २ ब्रह्मा (दे ५, २६)। ३ किए हुए पाप का स्वीकार; 'कत्ति कडं मे पावं' (आवम)। ४ न. पानी, जल (स ६११)। ५ सुख (सुर १६,५५)। देखो °अ = क।

क देखो किम् (गउड, महा)।

कअवंत देखो कय-व = कृतवत् (प्राकृ ३५)।

कइ वि. ब. [कति] कितना, 'तं भंते ! कइदिसं ओभासेइ' (भग)। °अ वि [°क] कतिपय, कईएक; 'मोएमि जाव तुज्झं, पियरं कइएसु दियहेसु' (पउम ३४,२७)। °अव वि [°पय] कतिपय, कईएक (हे १, २५०)। °इ अ [°चित] कईएक (उप पृ ३)। °त्थ वि [°थ] कितनावाँ, कौन संख्या का? (विसे ६१७)। °वइय. °वय, °वाह वि [°पय] कईएक (पउम ६१, १६; उवा, षड्; कुमा; हे १, २५०)। °वि अ [°अपि] कईएक (काल; महा)। °विह वि [°विध] कितने प्रकार का (भग)।

कइ वि [कृतिन्] १ विद्वान्, पण्डित। २ पुण्यवान् (सूअ २, १, ६०)।

कइ अ [कचित्] कहीं, किसी जगह में (दसचू २, १४)।

कइ अ [कदा] कब, किस समय?; 'एआई उण मज्झो थणभारं कइ णु उव्वहइ?' (गा ८०३)।

कइ पुं [कपि] बन्दर, वानर (पाअ)। °दीव पुं [°द्वीप] द्वीप-विशेष, वानर-द्वीप (पउम ५५,१६)। °द्धय, °धय पुं [°ध्वज] १ वानर-द्वीप के एक राजा का नाम (पउम ६, ८३)। २ अर्जुन (हे २, ६०)। °हसिअ न [°हसित] १ स्वच्छ आकाश में अचानक बीजली का दर्शन। २ वानर के समान विकृत मुँह का हँसना (भग ३,६)।

कइ देखो कवि = कवि (गउड; सुर १, २७)। °अर (अप) पुं [कवि] श्रेष्ठ कवि (पिंग)। °मा स्त्री [°त्व] कवित्व, कविपन (षड्)। °राय पुं [°राज] १ श्रेष्ठ कवि (पिंग)। २ 'गउडवहो' नामक प्राकृत काव्य के कर्त्ता वाक्पतिराज-नामक कवि; 'आसि कइरायइंघो वप्पइराओ त्ति पणइलवो' (गउड ७९७)।

कइअ वि [क्रयिक] खरीदनेवाला, ग्राहक; 'किणंतो कइओ होइ, विक्किणंतो य वाणिओ' (उत्त ३५, १४)।

कइअंक } पुं [दे] निकर, समूह (दे २,
कइअंकसइ } १३)।

अइअव न [कैतव] कपट, दम्भ (कुमा; प्राप्र)।

कइआ अ [कदा] कब, किस समय ? (गा १३८; कुमा)।

कइउल्ल वि [दे] थोड़ा, अल्प (दे १, २१)।

कइंद पुं [कवीन्द्र] श्रेष्ठ कवि (गउड)।

कइकच्छु स्त्री [कपिकच्छु] वृक्ष-विशेष, केवाँच, कौंछ, कवाछ (गा ५३२)।

कइगई स्त्री [कैकयी] राजा दशरथ की एक रानी (पउम ६५, २१)।

कइत्थ पुं [कपित्थ] १ वृक्ष-विशेष, कैथ का पेड़। २ फल-विशेष, कैथ, कैथा (गा ६४१)।

कइम वि [कतम] बहुत में से कौन सा ? (हे १, ४८; गा ११६)।

कइयव्व देखो कइअव (तंदु ५३)।

कइयहा (अप) अ [कदा] कब, किस समय ? (सण)।

कइयाइ अ [कदाचित्] किसी समय में (कुप्र ४१३)।

कइर देखो कयर = कतर (पिंड ४६६)।

कइर पुं [कदर] वृक्ष विशेष, 'जं कइररुक्ख-हिट्ठा इह दसकोडी दविणमत्थि' (श्रा १६)।

कइरव न [कैरव] कमल, कुमुद (हे १, १५२)।

कइरव पुंन [कैरव] कुमुद, 'कइरवो' (संक्षि ५)।

कइरविणी स्त्री [कैरविणी] कुमुदिनी, कमलिनी (कुमा)।

कइलास पुं [कैलास, °श] १ स्वनाम-ख्यात पर्वत विशेष (पाअ; पउम ५; ५३; कुमा)। २ मेरु पर्वत (निचू १३)। ३ देव-विशेष, एक नाग-राज (जीव ३)। °सय पुं [°शय] महादेव, शिव (कुमा)। देखो केलास।

कइलासा स्त्री [कैलासा, °शा] देव-विशेष की एक राजधानी (जीव ३)।

कइल्लबइल्ल पुं [दे] स्वच्छन्द-चारी बैल (दे २, २५)।

कइविया स्त्री [दे] बरतन-विशेष, पीकदान, पीकदानी (णाया १, १ टी—पत्र ४३)।

कइस (अप) वि [कीदृश] कैसा (कुमा)।

कईया (अप) देखो कइआ (सुपा ११६)।

कईवय देखो कइवय (पउम २८, १६)।

कईस पुं [कवीश] श्रेष्ठ कवि, उत्तम कवि (पिंग)।

कईसर पुं [कवीश्वर] उत्तम कवि (रंभा)।

कउ पुं [क्रतु] यज्ञ (कप्पू)।

कउ (अप) अ [कुतः] कहाँ से (हे ४, ४१६)।

कउअ वि [दे] १ प्रधान, मुख्य। २ पुंन चिन्ह, निशान (दे २, ५६)।

कउच्छेअय पुं [कौक्षेयक] पेट पर बँधी हुई तलवार (हे १, १६२; षड्)।

कउड न [दे. ककुद] देखो कउह = ककुद (षड्)।

कउरअ } पुं [कौरव] १ कुरु देश का
कउरव } राजा। २ पुंस्त्री. कुरु वंश में उत्पन्न। ३ वि. कुरु (देश या वंश) से संबन्ध रखनेवाला। ४ कुरु देश में उत्पन्न (प्राप्र; नाट; हे १, १६२)।

कउल न [दे] १ करीष, गोइँठा का चूर्ण (दे २, ७)।

कउल न [कौल] तान्त्रिक मत का प्रवर्त्तक ग्रन्थ, कौलोपनिषद् वगैरह। २ वि. शक्ति का उपासक। ३ तान्त्रिक मत को जाननेवाला। ४ तान्त्रिक मत का अनुयायी। ५ देवता-विशेष;

'विसासिज्जंतमहापसुदं-
सणसंभमपरोप्परारूढा।
गयणे च्चिय गंधउडिं
कुणंति तुह कउलणारीओ'
(गउड)।

कउलव देखो कउरव (चंड)।

कउसल पुंन [कौशल] चतुराई, 'कउसलो' (संक्षि ६; प्राकृ १०)।

कउसल न [कौशल] कुशलता, दक्षता, होशियारी (हे १, १६२; प्राप्र)।

कउह न [दे] नित्य, सदा, हमेशा (दे २, ५)।

कउह पुंन [ककुद] १ बैल के कंधे का कुब्बड़। २ सफेद छत्र वगैरह राज-चिह्न। ३ पर्वत का अग्रभाग, टोंच (हे १, २२५)। ४ वि. प्रधान, मुख्य;

'कलरिभियमहुरतंतीतलतालवंसकउहाभिरामेसु।
सद्देसु रज्जमाणा, रमंती सोइंदियवसट्टा।'
(णाया १, १७)। देखो ककुह।

कउहा स्त्री [ककुभ्] १ दिशा (कुमा)। २ शोभा, कान्ति। ३ चम्पा के पुष्पों की माला। ४ इस नाम की एक रागिणी। ५ शास्त्र। ६ विकीर्ण केश (हे १, २१)।

कउहि वि [ककुदिन्] वृषभ, बैल (अणु १४२)।

कए } अ [कृते] वास्ते, निमित्त, लिए;
कएणं } 'तत्तो सो तस्स कए, खणेइ खाणी-
कएण } उणेगठाणेसु' (कुम्मा १५; कुमा);

'अवरण्हमजिरीणं कएण कामो वहइ चावं' (गा ४७३);

'लज्जा चत्ता सीलं च
खंडिअं अजसघोसणा दिण्णा।
जस्स कएणं पिअसहि !
सो चेअ जणो जणो जाओ'
(गा ५२५)।

कएल्ल वि [कृत] किया हुआ (सुख २, १५)।

कओ अ [कुतः] कहाँ से ? (आचा; उव; रयण २६)। °हुत्त क्रिवि [दे] किस तरफ; 'कओहुत्तं गंतव्वं ?' (महा)।

कओ अ [क] कहाँ, किस स्थान में; 'कओ वयामो ?' (णाया १, १४)।

कओण्ह वि [कदुष्ण] थोड़ा गरम (धर्मवि ११२)।

कओल देखो कवोल (से ३, ४६)।

कं अ [कम्] उदक, जल (तंदु ५३)।

कंइ अ [दे] किससे, 'कंइ पंइ सिक्खिउ ए गइलालस' (विक १०२)।

कंक पुं [कङ्क] १ पक्षि-विशेष (पण्ह १, १; ४; अनु ४)। २ एक प्रकार का मजबूत और तीक्ष्ण लोहा (उप ४६४)। ३ वृक्ष-विशेष; 'कंकफलसरलनयण—' (उप १०३१ टी)। °पत्त न [°पत्र] बाण-विशेष, एक प्रकार का बाण, जो उड़ता है (वेणी १०२)। °लोह पुंन [°लोह] एक प्रकार का लोहा (उप पृ ३२६; सुपा २०७)। °वत्त देखो °पत्त (नाट)।

कंकइ पुं [कङ्कति] वृक्ष-विशेष; नागबला-नामक ओषधि (उप १०३१ टी)।

कंकड पुं [कङ्कट] वर्म, कवच; 'रामो चावे सकंकडे दिट्ठी देंतो' (पउम ४४, २१; औप)।

कंकडइय वि [कङ्कटित] कवचवाला, वर्मित (पण्ह १, ३)।

कंकडुअ, कंकडुग पुं [काङ्कटुक] दुर्भेद्य माष, उरद की एक जाति, जो कभी पकता ही नहीं; 'कंकडुओ विव मासो, सिद्धि न उवेइ जस्स ववहारो' (वव ३)।

कंकण न [कङ्कण] हाथ का आभरण-विशेष, कँगन (श्रा २८; गा ६६)।

कंकण पुं [दे] चतुरिन्द्रिय जन्तु की एक जाति (उत्त ३६, १४७)।

कंकणी स्त्री [कङ्कण] हाथ का आभरण-विशेष; 'सयमेव मंकणीए धणीए तं कंकणी बद्धा' (कुप्र १८५)।

कंकति पुं [कङ्कति] ग्राम- विशेष (राज)।

कंकतिज्ज पुंस्त्री [काङ्कतीय] माधराज वंश में उत्पन्न (राज)।

कंकय पुं [कङ्कत] १ नागबला-नामक ओषधि। २ सर्प की एक जाति। ३ पुंस्त्री. कंघा, केश सँवारने का उपकरण (सूत्र १, ४)।

कंकलास पुं [कृकलास] कर्कोट, सांप की एक जाति (पाअ)।

कंकसी स्त्री [दे] कंघी, केश सँवारने का उपकरण (ती १५)।

कंकाल न [कङ्काल] चमड़ी और मांस रहित अस्थि-पञ्जर; 'कंकालवेसाए' (श्रा १६); 'अह नरकरंककंकालसंकुले भीसणमसाणे' (वज्जा २०; दे २, ५३)।

कंकावंस पुं [कङ्कावंश] वनस्पति-विशेष; (पएण ३३)।

कंकिल्लि देखो **कंकेल्लि** (सुपा ५५६; कुमा)।

कंकुण देखो **कंकण** = दे (सुख ३६, १४७)।

कंकेलि पुं [कङ्केलि] अशोक वृक्ष (मै ६० विक्र २८)।

कंकेल्लि पुं [दे. कङ्केल्लि] अशोक वृक्ष (दे २, १२; गा ४०४; सुपा १४०; ५६२; कुमा)।

कंकोड न [दे. कर्कोट] १ वनस्पति-विशेष, ककरैल, एक प्रकार की सब्जी, जो वर्षा में ही होती है (दे २, ७; पाअ)। २ पुं. एक नागराज। ३ सांप की एक जाति (हे १, २६; षड्)।

कंकोल पुं [कङ्कोल] १ कङ्कोल, शीतल-चीनी के वृक्ष का एक भेद। २ न. उस वृक्ष का फल; 'सकप्पूरेलाकंकोलं तंबोलं' (उप १०३१ टी)। देखो **कक्कोल**।

कंख सक [काङ्क्ष्] चाहना, वांछना। कंखइ (हे ४, १९२; षड्)।

कंखण न [काङ्क्षण] नीचे देखो (धर्म २)।

कंखा स्त्री [काङ्क्षा] १ चाह, अभिलाष (सूत्र १, १५)। २ आसक्ति, गृद्धि (भग)। ३ अन्य धर्म की चाह अथवा उसमें आसक्ति रूप सम्यक्त्व का एक अतिचार (पडि)। °**मोहणिज्ज** न [°मोहनीय] कर्म-विशेष (भग)।

कंखि वि [काङ्क्षिन्] चाहनेवाला (आचा; गउड; सुर १३, २४३)।

कंखिअ वि [काङ्क्षित] १ अभिलषित। २ कांक्षा युक्त, चाहवाला (उवा; भग)।

कंखिर वि [काङ्क्षितृ] चाहनेवाला, अभिलाषी (गा ५५; सुपा ५३७)।

कंगणी स्त्री [दे] वल्ली-विशेष, कांगनी (पएण १)।

कंगु स्त्रीन [कङ्गु] १ धान्य-विशेष, काँगन या काँगो (ग ७; दे ७, १)। २ वल्ली-विशेष (पएण १)।

कंगुलिया स्त्री [दे. कङ्गुलिका] जिन-मन्दिर की एक बड़ी आशातना, जिन-मन्दिर में या उसके नजदीक लघु या वृद्ध नीति का करना (धर्म २)।

कंचण पुंन [काञ्चन] १ एक देव-विमान (देवेन्द्र १३१)। २ वि. सोने का, सुवर्ण का; 'कंचणं खंडं' (वज्जा १५८)। °**पह** न [°प्रभ] १ रत्न-विशेष। २ वि. रत्न-विशेष का बना हुआ (देवेन्द्र २६६)। °**पायव** पुं [°पादप] वृक्ष-विशेष (स ६७३)।

कंचण पुं [काञ्चन] १ वृक्ष-विशेष। २ स्वनाम-ख्यात एक श्रेष्ठी (उप ७२८ टी)। ३ न. सुवर्ण, सोना (कप्प)। °**उर** न [°पुर] कलिंग देश का एक मुख्य नगर (आक)। °**कूड** न [°कूट] १ सौमनस-नामक वक्षस्कार पर्वत का एक शिखर (ठा ७)। २ देव-विमान-विशेष (सम १२)। ३ रुचक पर्वत का एक शिखर (ठा ८)। °**केअई** स्त्री [°केतकी] लता-विशेष (कुमा)। °**तिलय** न [°तिलक] इस नाम का विद्याधरों का एक नगर (इक)। °**त्थल** न [°स्थल] स्वनाम ख्यात एक नगर (दंस)। °**बलाणग** न [°बलानक] चौरासी तीर्थों में एक तीर्थ का नाम (राज)। °**सेल** पुं [°शैल] मेरु-पर्वत (कप्पू)।

कंचणग पुं [काञ्चनक] १ पर्वत-विशेष (सम ७०)। २ काञ्चनक पर्वत का निवासी देव (जीव ३)।

कंचणा स्त्री [कञ्चना] स्वनाम ख्यात एक स्त्री (पराह १, ४)।

कंचणार पुं [कञ्चनार] वृक्ष-विशेष (पउम ५३, ७९; कुमा)।

कंचणिया स्त्री [काञ्चनिका] रुद्राक्ष माला (औप)।

कंचा (पै) देखो **कण्णा** (प्राप्र)।

कंचि, कंची स्त्री [काञ्चि, °ञ्ची] १ स्वनाम-ख्यात एक देश (कुमा)। २ कटी-मेखला, कमर का आभूषण (पाअ)। ३ स्वनाम-ख्यात एक नगर (सुपा ४०६)।

कंची स्त्री [दे] मुशल के मुँह में रक्खी जाती लोहे की एक वलयाकार चीज, सामी या साम (दे २, १)।

कंचीरय न [दे] पुष्प-विशेष (वज्जा १०८)।

कंचीरय न [काञ्चीरत] सुरत-विशेष (वज्जा १०८)।

कंचु, कंचुअ पुं [कञ्चुक] १ स्त्री का स्तनाच्छादक वस्त्र, चोली (पउम ६, ११; पाअ)। २ सर्प-त्वक्, सांप की केंचली, केंचुली (विसे २५१७)। ३ वर्म, कवच (भग ६,३३)। ४ वृक्ष-विशेष (हे १, २५; ३०)। ५ वस्त्र, कपड़ा; 'तो उज्झिऊण लज्जा (लज्जं), ओइंधइ कंचुयं सरीराओ' (पउम ३४, १५)।

कंचुइ पुं [कञ्चुकिन्] १ अन्तःपुर का प्रतीहार, चपरासी (णाया १, १; पउम ८, ३६; सुर २, १०६)। २ सांप (विसे २५१७)। ३ यव, जव। ४ चणक, चना। ५ जुआर, अगहन में होनेवाला एक प्रकार का अन्न, जोन्हरी। ६ वि. जिसने कवच धारण किया हो वह (हे ४, २६३)।

कंचुइअ वि [कञ्चुकित] कञ्चुकवाला (कुमा; विपा १, २)।

कंचुइज्ज पुं [कञ्चुकीय] अन्तःपुर का प्रतीहार (भग ११, ११)।

कंचुइज्जंत वि [कञ्चुकायमान] कञ्चुक की तरह आचरण करता; 'रोमंचकंचुइज्जंतसव्वगत्तो' (सुपा १८१)।

कंचुग देखो कंचुअ (ओघ ६७६; विसे २५२८)।

कंचुगि देखो °कंचुइ (सण)।

कंचुलिआ स्त्री [कञ्चुलिका] कंचली, चोली (कप्पू)।

कंछुली स्त्री [दे] हार, कण्ठाभरण (भवि)।

कंजिअ न [काञ्जिक] काञ्जिक (सुर ३;१३३; कप्पू)।

कंट देखो कंटग (पिंड २००)।

कंटअंत वि [कण्टकायमान] १ कण्टक जैसा, कण्टक की तरह आचरता (से ६, २४)। २ पुलकित होता (अचु ५८)।

कंटइअ वि [कण्टकित] १ कण्टकवाला (से १,३२)। २ रोमाञ्चित, पुलकित (कुमा; पाअ)।

कंटइज्जंत देखो कंटअंत (गा ६७)।

कंटइल पुं [कण्टकिल] १ एक जात का बाँस। २ वि. कण्टकों से व्याप्त (सूत्र १,५)।

कूवर पुंन [कूवर] १ जहाज का एक अवयव, जहाज का मुख-भाग; 'संचुण्णियकट्ठकूवरा' (णाया १, ६—पत्र १५७)। २ रथ या गाड़ी वगैरह का एक अवयव, युगन्धर (से १२, ८४)।

कूवल न [दे] जवन-वस्त्र (दे २, ४३)।

कूविय न [कूजित] अव्यक्त शब्द, 'तह कहवि कुणइ सो सुरयकूवियं तप्पुरो जेण' (सुपा ५०८)।

कूविय पुं [कूपिक] इस नाम का एक संनिवेश—गांव (आवम)।

कूविय वि [दे] मोष-व्यावर्त्तक, चुराई हुई चीज की खोज कर उसे लानेवाला (णाया १, १८—पत्र २३६)। २ चोर की खोज करनेवाला (णाया १, १)।

कूविया स्त्री [कूपिका] १ छोटा कूप (उप ७२८टी)। २ छोटा स्नेह-पात्र, कुप्पी (राज)।

कूवी स्त्री [कूपी] ऊपर देखो, 'एयाओ अमयकूवीओ' (उप ७२८ टी)।

कूसार पुं [दे] गर्त्ताकार, गर्त्त जैसा स्थान, खड्डा; 'कूसारखलंतपओ' (दे २, ४४; पाअ)।

कूहंड पुं [कूष्माण्ड] व्यन्तर देवों की एक जाति (पण्ह १, ४)।

केसक [क्री] कीनना, खरीदना। केइ, केअइ (षड्)।

के° वि [कियत्] कितना? °च्चिरेण अ [°चिरेण] कितने समय में? (अंत २४)। °च्चिरं अ [°चिरं] कितने समय तक? (पि १४९)। °च्चिरेण देखो °चिरेण (पि १४९)। °दूर न [°दूर] कितना दूर? 'केदूरे सा पुरी लंका?' (पउम ४८, ४७)। °महालय वि [°महालय] कितना बड़ा? (णाया १, ८)। °महालिय वि [°महत्] कितना बड़ा? (पण्ण २१)। °महिड्ढिय वि [°महर्द्धिक] कितनी बड़ी ऋद्धिवाला (पि १४९)।

केअइ पुं [केकय] देश-विशेष, जिसका आधा भाग आर्य और आधा भाग अनार्य है, सिन्धु देश की सीमा पर का देश (इक); 'केयइअद्धं च आरियं भणियं' (पण्ण १; सत्त ६७ टी)।

केअई स्त्री [केतकी] वृक्ष-विशेष, केवड़ा का वृक्ष (कुमा; दे ८, २५)।

केअग, केअय पुं [केतक] १ वृक्ष-विशेष, केवड़ा का गाछ, केतकी (गउड)। २ न. केतकी-पुष्प, केवड़ा का फूल (गउड)। ३ चिन्ह, निशान (ठा १०)।

केअगी स्त्री [केतकी] १ केवड़ा का गाछ या पौधा। २ केवड़ा का फूल (राय ३४)।

केअल देखो केवल (अभि २६)।

केअव देखो कइअव = कैतव; 'जं केअवेण पिम्मं' (गा ७४४)।

केआ स्त्री [दे] रज्जु, रस्सी (दे २, ४४; भग १३, ६)।

केआर पुं [केदार] १ क्षेत्र, खेत (सुर २, ७८)। २ आलवाल, क्यारी (पाअ; गा ६६०)।

केआरवाण पुं [दे] वृक्ष-विशेष, पलाश का पेड़ (दे २, ४५)।

केआरिआ स्त्री [केदारिका] घासवाली जमीन, गोचर भूमि (कप्पू)।

केउ पुं [केतु] १ ध्वज, पताका (सुपा २२९)। २ ग्रह-विशेष (सुज्ज २०; गउड)। ३ चिन्ह, निशान (औप)। ४ तूल-सूत्र, रूई का सूता (गउड)। °खेत्त न [°क्षेत्र] मेघ-वृष्टि से ही जिसमें अन्न पैदा हो सकता हो ऐसा क्षेत्र-विशेष (आव ६)। °मई स्त्री [°मती] किन्नरेन्द्र और किंपुरुषेन्द्र की अग्र-महिषी का नाम, इन्द्राणी-विशेष (भग १०, ५; णाया २)। °माल न [°माल] वैताढ्य पर्वत पर स्थित इस नाम का एक विद्याधर-नगर (इक)।

केउ पुं [दे] कन्द, काँदा (दे २,४४)।

केउ पुंन [केतु] एक देवविमान (देवेन्द्र १३४)।

केउग, केउय पुं [केतुक] पाताल-कलश-विशेष (सम ७१; ठा ४,२—पत्र २२६)।

केऊर पुंन [केयूर] १ हाथ का आभूषण-विशेष, अङ्गद, बाजूबन्द (पाअ; भग ९,३३)। २ पुं. दक्षिण समुद्र का पाताल-कलश (पव २७२)।

केऊरपुत्त पुं [दे] गाय तथा भैंस का बच्चा (संक्षि ४७)।

केऊव पुं [केयूप] दक्षिण समुद्र का एक पाताल-कलश (इक)।

केंकाय अक [केङ्काय्] 'कें-कें' आवाज करना। वकृ. 'पेच्छइ तओ जडागिं केंकायंतं महीपडियं' (पउम ४४, ५४)।

केंसुअ देखो किंसुअ (कुमा)।

केकई स्त्री [कैकयी] १ राजा दशरथ की एक रानी, केकय देश के राजा की कन्या (पउम २२, १०८; उप पृ ३७)। २ आठवें वासुदेव की माता (सम १५२)। ३ अपर-विदेह के विभीषण-वासुदेव की माता (आवम)।

केकय पुं [केकय] १ देश-विशेष, यह देश प्राचीन वाह्लीक प्रदेश के दक्षिण की ओर तथा सिंधु देश की सीमा पर स्थित है। २ इस देश का रहनेवाला (पण्ह १, १)। ३ केकय देश का राजा (पउम २२, १०८)।

केकसिया स्त्री [कैकसिका] रावण की माता का नाम (पउम ७, ५४)।

केका स्त्री [केका] मयूर-वाणी। °रव पुं [°रव] मयूर की आवाज, मयूर-शब्द (णाया १, १—पत्र २५)।

केकाइय न [केकायित] मयूर का शब्द (सुपा ७९)।

केक्कई देखो केकई (पउम ७६, २६)।

केक्कय देखो केकय (पव २७४)।

केकसी स्त्री [कैकसी] रावण की माता (पउम १०३, ११४)।

केक्काइय देखो केकाइय (णाया १, ३—पत्र ६५)।

केगई देखो केकई (पउम १, ६४; २०, १८४)।

केगाइय देखो केकाइय (राज)।

केज्ज वि [क्रेय] बेचने की चीज (ठा ६)।

केढ } पुं [कैटभ] १ इस नाम का एक
केढव } प्रतिवासुदेव राजा (पउम ५, १५६)। २ दैत्य-विशेष (हे १, २४०; कुमा)। °रिउ पुं [°रिपु] श्रीकृष्ण, नारायण (कुमा)।

केत्त देखो केत्तिअ (हास्य १३६)।

केत्तिअ } वि [कियत्] कितना? (हे २,
केत्तिल } १५७; कुमा; षड्; महा)।

केत्तुल (अप) ऊपर देखो (कुमा; षड्; हे ४, ४०८)।

केत्थु (अप) अ [कुत्र] कहाँ, किस जगह? (हे ४, ४०५)।

केद्दह देखो केत्तिअ (हे २, १५७; प्राप्र)।

केम } (अप) देखो कहं (षड्; हे ४, ४०१;
केम्व } ४१८)।

केय न [केत] १ गृह, घर। २ चिह्न, निशानी (पव ४)।

केयण न [केतन] १ वक्र वस्तु, टेढ़ी चीज। २ चंगेरी का हाथा (ठा ४,२—पत्र २१८)। ३ संकेत, संकेत-स्थान (वव ४)। ४ धनुष की मूठ (उत्त ६)। ५ मछली पकड़ने का जाल (सूअ १, ३, १)। ६ स्थान, जगह (आचा)। ७ 'कडवल्लसंठितं' (सूत्र० चूर्णी. पत्र ८२ गा० १७६)।

केयय देखो केकय (सुपा १४२)।

केयव्व वि [क्रेतव्य] खरीदने योग्य वस्तु (उत्त ३५, १५)।

केर } वि [दे. संबन्धिन्] संबन्धी वस्तु,
केरय } संबन्धी चीज (स्वप्न ५१; हे ४, ३५६; ३७३; प्राप्र; भवि)।

केरव न [कैरव] १ कुमुद, सफेद कमल (पाअ; सुपा ४६)। २ कैतव, कपट (हे १, १५२)।

केरिच्छ वि [कीदृक्ष] कैसा, किस तरह का? (हे १, १०५; प्राप्र; काल)।

केरिस वि [कीदृश] कैसा, किस तरह का? (प्रामा)।

केरी स्त्री [क्रकटी] वृक्ष-विशेष, करीर का गाछ; 'निबंबबोरिकेरि—' (उप १०३१ टी)।

केल देखो कयल = कदल (हे १, १६७)।

केलाइय वि [समारचित] साफसुथरा किया हुआ (कुमा)।

केलाय सक [समा + रचय] समारचन करना, साफ कर ठीक करना। केलायइ (हे ४, ६५)।

केलास पुं [कैलास] राहु का कृष्ण पुद्गल-विशेष (सुज्ज २०)।

केलास पुं [कैलास] १ स्वनाम-प्रसिद्ध पर्वत-विशेष (से ६, ७३; गउड; कुमा)। २ इस नाम का एक नाग-राज (इक)। ३ इस नाग-राज का आवास-पर्वत (ठा ४, २)। ५ मिट्टी का एक तरह का पात्र (निर १, ३)। देखो कइलास।

केलि देखो कयलि (कुमा)।

केलि स्त्री [दे] कन्द-विशेष (उत्त ३६, ६८; सुख ३६, ६८)।

केलि } स्त्री [केलि, °ली] १ क्रीड़ा, खेल,
केली } मजाक (कुमा; पाअ; कप्पू)। २ परि-हास, हाँसी, ठट्ठा (पाअ; औप)। ३ काम-क्रीड़ा (कप्पू; औप)। °आर वि [°कार] क्रीड़ा करनेवाला, विनोदी (कप्पू)। °काणग न [°कानन] क्रीडोद्यान (कप्पू)। °किल, °गिल वि [°किल] १ विनोदी, क्रीड़ा-प्रिय (सुपा ३१४)। २ पुं. व्यन्तर-जातीय देव-विशेष (सुपा ३२०)। ३ पुंन. स्थान-विशेष (पउम ५५, १७)। °भवण न [°भवन] क्रीड़ा-गृह, विलास-घर (कप्पू)। °विमाण न [°विमान] विलास-महल (कप्पू)। °सअण न [°शयन] काम-शय्या (कप्पू)। °सेज्जा स्त्री [°शय्या] काम-शय्या (कप्पू)।

केली देखो कयली (हे १, १२०)।

केली स्त्री [दे] असती, कुलटा, व्यभिचारिणी स्त्री (दे २, ४४)।

केलीगिल वि [कैलीकिल] केलीकिल स्थान में उत्पन्न (पउम ५५, १७)।

केव° देखो के° (भग; पण्ण १७—पत्र ५४५; विसे २८६१)।

केवँ (अप) देखो कहं (कुमा)।

केवइय वि [कियत्] कितना? (सम १३४; विसे ६४६ टी)।

केवट्ट पुं [कैवर्त्त] धीवर, मछलीमार, मछुआ (पाअ; स २५८; हे २, ३०)।

केवड (अप) देखो केत्तिअ (हे ४, ४०८; कुमा)।

केवल वि [केवल] १ अकेला, असहाय (ठा २, १; औप)। २ अनुपम, अद्वितीय (भग ६, ३३)। ३ शुद्ध, अन्य वस्तु से अमिश्रित (दस ४)। ४ संपूर्ण, परिपूर्ण (निर १, १)। ५ अनन्त, अन्त-रहित (विसे ८४)। ६ न. ज्ञान-विशेष, सर्वश्रेष्ठ ज्ञान, भूत, भावी वगैरह सर्व वस्तुओं का ज्ञान, सर्वज्ञता (विसे ८२७)। °कप्प वि [°कल्प] परिपूर्ण, संपूर्ण (ठा ३, ४)। °णाण न [°ज्ञान] सर्वश्रेष्ठ ज्ञान, संपूर्ण ज्ञान (ठा २, १)। °णाणि, °नाणि वि [°ज्ञानिन्] १ केवल-ज्ञानवाला, सर्वज्ञ (कप्प; औप)। २ पुं. इस नाम के एक अर्हन् देव, अतीत उत्सर्पिणी-काल के प्रथम तीर्थंकर (पव ६)। °ण्णाण, °नाण; °न्नाण देखो °णाण (विसे ८२६; ८२६; ८२३)। °दंसण न [°दर्शन] परिपूर्ण सामान्य बोध (कम्म ४, १२)।

केवलं अ [केवलम्] केवल, सिर्फ, मात्र (स्वप्न ६२; ६३; महा)।

केवलाअ सक [समा + रभ्] आरम्भ करना, शुरू करना। केवलाअइ (षड्)।

केवलि वि [केवलिन्] केवल ज्ञानवाला, सर्वज्ञ (भग)। °पक्खिय वि [पाक्षिक] १ स्वयंबुद्ध। २ पुं. जिनदेव, तीर्थंकर (भग ६, ३१)।

केवलिअ वि [केवलिक] १ केवलज्ञानवाला (भग)। २ परिपूर्ण, संपूर्ण; 'सामाइयं केवलियं पसत्थं' (विसे २६८१)।

केवलिअ वि [कैवलिक] १ केवल-ज्ञान से संबन्ध रखनेवाला (दं १७)। २ केवलि-प्रोक्त (सूअ १,१४)। ३ केवल-ज्ञानि-संबन्धी (ठा ४, २)। ४ न. केवल ज्ञान, संपूर्ण ज्ञान (आव ४)।

केवलिअ न [कैवल्य] केवल ज्ञान, 'केवलिए संपत्ते' (सत्त ६७ टी; विसे ११८०)।

केवली स्त्री [केवली] ज्योतिष विद्या-विशेष (हास्य १२६, १२६)।

केस पुं [केश] केश, बाल (उप ७६८ टी; प्रयौ २६)। °पुर न [°पुर] वैताढ्य पर स्थित एक विद्याधर-नगर (इक)। °लोअ पुं [°लोच] केशों का उन्मूलन (भग; पण्ह २, ४)। °वाणिज्ज न [°वाणिज्य] केश-वाले जीवों का व्यापार (भग ८,५)। °हत्थ, °हत्थय पुं [°हस्त, °क] केशपाश, समा-रचित केश, संयत बाल (कप्प; पाअ)।

केस देखो **केरिस**। स्त्री. °सी (अणु १३१)।

केस देखो **किलेस** (उप ७६८ टी; धम्म २२)।

केसर पुं [कवीश्वर] उत्तम कवि, श्रेष्ठ कवि (उप ७२८ टी)।

केसर पुंन [केसर] एक देवविमान (देवेन्द्र १४२)।

केसर पुंन [केसर] १ पुष्प-रेणु, पराग, किंजल्क (से १, ५०; दे ६, १३)। २ सिंह वगैरह के कंधा का बाल, केसरा (से १, ५०; सुपा २१५)। ३ पुं. बकुल वृक्ष (कप्पू; गउड; पाअ)। ४ न. इस नाम का एक उद्यान, काम्पिल्य नगर का एक उपवन (उत्त १७)। ५ फल-विशेष (राज)। ६ सुवर्ण, सोना। ७ छन्द-विशेष (हे १, १४६)। ८ पुष्प-विशेष (गउड ११२२)।

केसरा स्त्री [केसरा] १ सिंह वगैरह के स्कन्ध पर के बालों की सटा, 'केसरा य सीहाणं' (प्रासू ५१; गउड; प्रामा)।

केसरि पुं [केसरिन्] १ सिंह, वनराज, कण्ठीरव (उप ७२८ टी; से ८, ९४; पण्ह १, ४)। २ ह्रद-विशेष, नीलवन्त पर्वत पर स्थित एक ह्रद (सम १०४)। ३ नृप-विशेष, भरत-क्षेत्र के चतुर्थ प्रति वासुदेव (सम १५४)। °दह पुं [°द्रह] द्रह-विशेष (ठा २, ३)।

केसरिआ स्त्री [केसरिका] साफ करने का कपड़े का टुकड़ा (भग; विसे २५५२ टी)।

केसरिल्ल वि [केसरवत्] केसरवाला (गउड)।

केसरी स्त्री [केसरी] देखो केसरिआ; 'तिदं-डकुंडियछत्तछलुयंकुसपवित्तयकेसरीहत्थगए' (णाया १, ५—पत्र १०५)।

केसव पुं [केशव] १ अर्ध-चक्रवर्त्ती राजा (सम)। २ श्रीकृष्ण वासुदेव, नारायण (गउड)।

केसि वि [क्लेशिन्] क्लेश-युक्त, क्लिष्ट (विसे ३१५४)।

केसि पुं [केशि] १ एक जैन मुनि, भगवान् पार्श्वनाथ के शिष्य (राय; भग)। २ असुर-विशेष, अश्व के रूप को धारण करनेवाला एक दैत्य, जिसको श्रीकृष्ण ने मारा था (मुद्रा २६२)।

केसि पुं [केशिन्] देखो **केसव** (पउम ७५, २०)।

केसिअ वि [केशिक] केशवाला, बाल-युक्त। स्त्री. °आ (सूअ १, ४, २)।

केसी स्त्री [केशी] सातवें वासुदेव की माता (पउम २०, १८४)।

°केसी स्त्री [°केशी] केशवाली स्त्री, 'विइण्ण-केसी' (उवा)।

केसुअ देखो **किंसुअ** (हे १, २९; ८६)।

केह (अप) वि [कीदृश] कैसा, किस तरह का? (भवि; षड्; कुमा)।

केहिं (अप) अ. लिए, वास्ते (हे ४, ४२५)।

कैअव न [कैतव] कपट, दम्भ (हे १, १; गा १२४)।

कोअ देखो **कोक** (दे २, ४५ टी)।

कोअ देखो **कोव** (गउड)।

कोअंड देखो **कोदंड** (पाअ)।

कोआस अक [वि + कस्] विकसना, खिलना। कोआसइ (हे ४, १९५)।

कोआसिय वि [विकसित] विकसित, प्रफुल्ल, खिला हुआ (कुमा; जं २)।

कोइल पुं [कोकिल] १ कोयल, पिक (पण्ह १, ४; उप २३; स्वप्न ६१)। २ छन्द का एक भेद (पिंग)। °च्छय पुं [°च्छद] वनस्पति-विशेष, तलकण्टक (पण्ण १७—पत्र ५२७)।

कोइला स्त्री [कोकिला] स्त्री-कोयल, पिकी; 'कोइला पंचमं सरं' (अणु; पाअ)।

कोइला स्त्री [दे] कोयला, काष्ठ के अंगार (दे २, ४९)।

कोउआ स्त्री [दे] गोइठा की अग्नि, करीषाग्नि (दे २, ४८; पाअ)।

कोउग } न [कौतुक] १ कुतूहल, अपूर्व वस्तु
कोउय } देखने का अभिलाष (सुर २, २२६)। २ आश्चर्य, विस्मय (वव १)। ३ उत्सव (राय)। ४ उत्सुकता, उत्कण्ठा (पंचव १)। ५ दृष्टि-दोषादि से रक्षा के लिए किया जाता काजल का तिलक, रक्षा-बन्धनादि प्रयोग (राय; औप; विपा १, १; पण्ह १, २; धर्म ३)। ६ सौभाग्य आदि के लिए किया जाता स्नपन, विस्मापन, धूप, होम वगैरह कर्म (वव १, णाया १, १४)।

कोउण्ह वि [कदुष्ण] थोड़ा गरम (धर्मवि ११३)।

कोउहल } देखो **कुऊहल** (हे १, ११७;
कोउहल्ल } १७१; २, ९९; कुमा; प्राप्र)।

कोउहल्लि वि [कुतूहलिन्] कुतूहली, कौतुकी, कुतूहल-प्रिय (कुमा)।

कोऊहल }
कोऊहल्ल } देखो **कुऊहल** (कुमा; पि ६१)।

कोंकण पुं [कोङ्कण] देश-विशेष (स ४१२)।

कोंकणग पुं [कोङ्कणक] १ अनार्य देश-विशेष (इक)। २ वि. उस देश में रहनेवाला (पण्ह १, १; विसे १४१२)।

कोंच पुं [क्रौञ्च] १ इस नाम का एक अनार्य देश (पण्ह १, १)। २ पक्षि-विशेष (ठा ७)। ३ द्वीप-विशेष (ती ४५)। ४ इस नाम का एक असुर (कुमा)। ५ वि. क्रौञ्च देश का निवासी (पण्ह १, १)। °रिवु पुं [°रिपु] कार्त्तिकेय, स्कन्द (कुमा)। °वर पुं [°वर] इस नाम का एक द्वीप (अणु-टी) °वीरग पुंन [°वीरक] एक प्रकार का जहाज (बृह १)। देखो **कुंच**।

कोंचिगा स्त्री [कुञ्चिका] ताली, कुंजी (उप १७७)।

कोंचिय वि [कुञ्चित] आकुञ्चित, संकुचित पण्ह १, ४)।

कोंटलय न [दे] १ ज्योतिष-सम्बन्धी सूचना। २ शकुनादि निमित्त-सम्बन्धी सूचना; 'पउंजणे कोंटलयस्स' (ओघ २२१ भा)।

कोंठ देखो **कुंठ** (हे १, ११६ पि)।

कोंड देखो **कुंड** (हे १, २०२)।

कोंड पुं [कौण्ड . गौड] देश-विशेष (इक)।

कोंडल देखो कुंडल (राज)। °मेत्तग पुं [°मित्रक] एक व्यन्तर देव का नाम (बृह ३)।

कोंडलग पुं [कुण्डलक] पक्षि विशेष (औप)।

कोंडलिआ स्त्री [दे] १ श्वापद जन्तु-विशेष, साही, श्वावित्। २ क्रीड़ा, कीट (दे २,५०)।

कोंडिअ पुं [दे] ग्राम-निवासी लोगों में फूट कराकर छल से गाँव का मालिक बन बैठनेवाला (दे २, ४८)।

कोंडिणपुर न [कौण्डिनपुर] नगर-विशेष (रुक्मि ५१)।

कोंडिया देखो कुंडिया (पराह २, ५)।

कोंडिण्ण देखो कोडिन्न (राज)।

कोंढ देखो कुंढ (हे १, ११६)।

कोंदुल्लु पुं [दे] उलूक, उल्लू, पक्षि-विशेष (दे २, ४६)।

कोंत देखो कुंत (पराह १, १ सुर २, २८)।

कोंतल देखो कुंतल=कुन्तल (प्राकृ ६. संक्षि ४)।

कोंती देखो कुंती (णाया १, १६—पत्र २१३)।

कोंभी देखो कुंभी (प्राकृ ६)।

कोक पुं [कोक] १ चक्रवाक पक्षी (दे ८, ४३)। २ वृक, भेड़िया (इक)।

कोकंतिय पुंस्त्री [दे] जन्तु-विशेष, लोमड़ी, लोखरिआ (पराह १, १)। स्त्री. °या (णाया १, १—पत्र ६५)।

कोकणद देखो कोकणय (संबोध ४७)।

कोकणय न [कोकनद] १ रक्त कुमुद। २ लाल कमल (पराण १; स्वप्न ७२)।

कोकासिय [दे] देखो कोकासिय (पराह १, ४—पत्र ७८)।

कोकुइय देखो कुक्कुइअ (ठा ६—पत्र ३७१)।

कोक्क सक [व्या+हृ] बुलाना, आह्वान करना। कोक्कइ (हे १, ७६; षड्)। वकृ. कोकंत (कुमा)। संकृ. कोक्किवि (भवि)। प्रयो. कोक्कावइ (भवि)।

कोक्कास पुं [कोक्कास] इस नाम का एक वर्धकि, बढ़ई (आचू १)।

कोक्कासिय [दे] देखो कोआसिअ (दे २, ५०)।

कोक्किय वि [व्याहृत] आहूत, बुलाया हुआ (भवि)।

कोक्कुइय देखो कक्कुइअ (कस; औप)।

कोखुब्भ देखो खोखुब्भ वकृ. कोखुब्भमाण (पि ३१६)।

कोच्चप्प न [दे] अलीक-हित, झूठी भलाई, दिखावटी हित (दे २, ४६)।

कोच्चिय पुंस्त्री [दे] शैक्षक, नया शिष्य (वव ६)।

कोच्छ न [कौत्स] १ गोत्र-विशेष। २ पुंस्त्री. कौत्स गोत्र में उत्पन्न (ठा ७—पत्र ३६०)।

कोच्छ वि [कौक्ष] १ कुक्षि सम्बन्धी, उदर से सम्बन्ध रखनेवाला। २ न. उदरप्रदेश; 'गणियायारकणेरुकोत्थ (? च्छ) हत्थी' (णाया १, १—पत्र ६४)।

कोच्छभास पुं [दे. कुत्सभाष] काक, कौआ, वायस; 'न मणी सयसाहस्सो आविज्झइ कोच्छभासस्स' (उव)।

कोच्छेअय देखो कुच्छेअय (हे १, १६१; कुमा; षड्)।

कोज्ज देखो कुज्ज (कप्प)।

कोज्जप्प न [दे] स्त्री-रहस्य (दे २, ४६)।

कोज्जय देखो कुज्जय (णाया १, ८—पत्र १२५)।

कोज्जरिअ वि [दे] आपूरित, पूर्ण किया हुआ, भरा हुआ (षड्)।

कोज्झरिअ वि [दे] ऊपर देखो (दे २, ५०)।

कोटर देखो कोट्टर (चेइय १५१)।

कोटिंब पुं [दे] गौ (निशीथ ३५६५ गा०)।

कोटुंभ पुंन [दे] हाथ से आहत जल, 'कोटुंभो जलकरप्फालो' (पाअ)। देखो कोट्टुंभ।

कोटीवरिस अ [कोटीवर्ष] लाट देश की प्राचीन राजधानी (विचार ४६)।

कोट्ट देखो कुट्ट=कुट्ट्। कवकृ. कोट्टिज्जमाण (आवम)। संकृ. कोट्टिय (जीव ३)।

कोट्ट न [दे] १ नगर, शहर (दे २, ४५)। २ कोट, किला, दुर्ग (णाया १, ८—पत्र १३४; उत्त ३०; बृह १; सुपा ११८)। °वाल पुं [°पाल] कोटवाल, नगर-रक्षक (सुपा ४१३)।

कोट्टंतिया स्त्री [कुट्टयन्तिका] तिल वगैरह को चूरने का उपकरण (णाया १, ७—पत्र ११७)।

कोट्टकिरिया स्त्री [कोट्टक्रिया] देवी-विशेष, दुर्गा आदि रुद्र रूपवाली देवी (अणु २५)।

कोट्टग देखो कुट्टग (उप १७६; पराह १, १)।

कोट्टर देखो कोडर (महा; हे ४, ४२२; गा ५६३ अ)।

कोट्टवीर पुं [कोट्टवीर] इस नाम का एक मुनि, आचार्य शिवभूति का एक शिष्य (विसे २५५२)।

कोट्टा स्त्री [दे] १ गौरी, पार्वती (दे २, ३५—१, १७४)। २ गला, गर्दन (उप ६६१)।

कोट्टाग पुं [कोट्टाक] १ वर्धकि, बढ़ई (आचा २, १; २)। २ न. हरे फलों को सुखाने का स्थान-विशेष (बृह १)।

कोट्टिंब पुं [दे] द्रोणी, नौका, जहाज (दे २, ४७)।

कोट्टिम पुंन [कुट्टिम] १ रत्नमय भूमि (णाया १, २)। २ फरस-बंध जमीन, बँधी हुई जमीन (जं १)। ३ भूमि-तल (सुर ३, १००)। ४ एक या अनेक तलावाला घर (वव ४)। ५ झोंपड़ी, मढ़ी। ६ रत्न की खान। ७ अनार का पेड़ (हे १, ११६; प्राप्र)।

कोट्टिम वि [कृत्रिम] बनावटी, बनाया हुआ, अकुदरती (पउम ६६, ३६)।

कोट्टिल } पुं [कौट्टिक] मुग्दर, मुगरी, मुगरा, **कोट्टिल्ल** } जोड़ी (राज; विपा १,६—पत्र ६६; ६६)।

कोट्टी स्त्री [दे] १ दोह, दोहन। २ विषम स्खलना (दे २, ६४)।

कोट्टुंभ पुंन [दे] हाथ से आहत जल, 'कोटटुंभं करहए तोए' (दे २, ४७)।

कोटटुम अक [रम्] क्रीड़ा करना, रमण करना। कोट्टुमइ (हे ४, १६८)।

कोट्टुवाणी स्त्री [कोट्टुवाणी] जैन मुनि-गण की एक शाखा (कप्प)।

कोट्ठ देखो कुट्ठ=कुष्ठ (भग १६, ६; णाया १, १७)।

कोट्ठ पुं [कोष्ठ] १ धारणा, अवधारित अर्थ का कालान्तर में स्मरण-योग्य अवस्थान (णंदि १७६)। २ सुगन्धी द्रव्य-विशेष (राय ३४)।

कोट्ठ, कोट्ठग, कोट्ठय देखो कुट्ठ = कोष्ठ (णाया १, १; ठा ३, १; पात्र)। ३ आश्रय-विशेष, आवास-विशेष (ओघ २००; वव १)। ४ अपवरक, कोठरी (दस ५, १; उप ४८६)। ५ चैत्य-विशेष (णाया २, १)। °गार न [°गार] धान्य भरने का घर (औप; कप्प)। २ भाण्डागार, भंडार (णाया १, १)।

कोट्ठार पुंन [कोष्ठागार] भाण्डागार, भंडार; (पउम २, ३)।

कोट्ठि वि [कुष्ठिन्] कुष्ठ रोगी (आचा)।

कोट्ठिया स्त्री [कोष्ठिका] छोटा कोष्ठ, लघु कुशूल (उवा)।

कोट्टु पुं [क्रोष्टृ] शृगाल, सियार (षड्)।

कोडंड देखो कोदंड (स २५६)।

कोडंडिय देखो कोदंडिय (कप्प)।

कोडंब न [दे] कार्य, काम, काज (दे २, २)।

कोडय [दे] देखो कोडिअ (पाअ)।

कोडर न [कोटर] गह्वर, वृक्ष का पोल भाग, विवर (गां ५६२)।

कोडल पुं [कोटर] पक्षि-विशेष (राज)।

कोडाकोडि स्त्री [कोटाकोटि] संख्या-विशेष, करोड़ को करोड़ से गुनने पर जो संख्या लब्ध हो वह (सम १०५; कप्प; उव)।

कोडाल पुं [कोडाल] १ गोत्र-विशेष का प्रवर्त्तक पुरुष। २ न. गोत्र-विशेष (कप्प)।

कोडि स्त्री [कोटि] १ धनुष का अग्र भाग (राय ११३)। २ भेद, प्रकार (पिंड ३६५)।

कोडि स्त्री [कोटि] १ संख्या विशेष, करोड़, १००००००० (णाया १, ८; सुर १, ६७; ४, ६१)। २ अग्र-भाग, अणी, नोक (से १२, २६; पाअ)। ३ अंश, विभाग, भाग; 'नत्थिक्कसो पएसो लोए वालग्गकोडिमित्तोवि' (पव्व ३६; ठा ६)। °कोडि देखो कोडाकोडि (सुपा २६६)। °बद्ध वि [°बद्ध] करोड़ संख्यावाला (वव ३)। °भूमि स्त्री [°भूमि] एक जैन तीर्थ (ती ४३)। °सिला स्त्री [°शिला] एक जैन तीर्थ (पउम ४८, ६६)। °सो अ [°शस्] करोड़ों, अनेक करोड़ (सुपा ४२०)। देखो कोडी।

कोडिअ न [दे] १ छोटा मिट्टी का पात्र, लघु सराव, सकोरा (दे २,४७)। २ पुं. पिशुन, दुर्जन, चुगलखोर (षड्)।

कोडिअ पुं [कोटिक] १ एक जैन मुनि (कप्प)। २ एक जैन-मुनि-गण (कप्प; ठा ६)।

कोडिअ वि [कोटित] संकोचित (धर्मसं ३६८)।

कोडिण्ण, कोडिन्न न [कौडिन्य] १ इस नाम का एक नगर (उप ६४८ टी)। २ वाशिष्ठ गोत्र की शाखा रूप एक गोत्र (कप्प)। ३ पुं. कौडिन्य गोत्र का प्रवर्त्तक पुरुष। ४ वि. कौडिन्य-गोत्रीय (ठा ७—पत्र ३६०; कप्प)। ५ पुं. एक मुनि, जो शिवभूति का शिष्य था (विसे २५५२)। ६ महागिरि-सूरि का शिष्य, एक जैन मुनि (कप्प)। ७ गोतम-स्वामी के पास दीक्षा लेनेवाले पाँच सौ तापसों का गुरु (उप १४२ टी)।

कोडिन्ना स्त्री [कौण्डिन्या] कौडिन्य-गोत्रीय स्त्री (कप्प)।

कोडिल्ल पुं [दे] पिशुन, दुर्जन, चुगलखोर (दे २, ४०; षड्)।

कोडिल्ल देखो कोट्टिल्ल (राज)।

कोडिल्ल पुं [कौटिल्य] इस नाम का एक ऋषि, चाणक्य मुनि (वव १; अणु)।

कोडिल्लय न [कौटिल्यक] चाणक्य-प्रणीत नीति-शास्त्र (अणु)।

कोडिसाहिय न [कोटिसहित] प्रत्याख्यान विशेष, पहले दिन उपवास करके दूसरे दिन भी उपवास की ली जाती प्रतिज्ञा (पव ४)।

कोडी देखो कोडि (उव; ठा ३, १; जी ३७)। °करण न [°करण] विभाग, विभजन (पिंड ३०७)। °णार न [°नार] इस नाम का सोरठ देश का एक नगर (ती ५६)। °मातसा स्त्री [°मातसा] गान्धार ग्राम की एक मूर्च्छना (ठा ७—पत्र ३६३)। °वरिस न [°वर्ष] लाट देश की राजधानी, नगर-विशेष (इक; पव १७४)। °वरिसिया स्त्री [°वर्षिका] जैन मुनि-गण की एक शाखा (कप्प)। °सर पुं [°श्वर] करोड़ पति, कोटीश (सुपा ३)।

कोडीण न [कोडीन] १ इस नाम का एक गोत्र, जो कौत्स गोत्र की एक शाखा रूप है। २ वि. इस गोत्र में उत्पन्न (ठा ७—पत्र ३६०)।

कोडुंब न [दे] कार्य, काज (दे २, २)।

कोडुंबि देखो कुडुंबि (ठा ३, १—पत्र १२५)।

कोडुंबिय पुं [कौटुम्बिक] १ कुटुम्ब का स्वामी, परिवार का स्वामी, परिवार का मुखिया (भग)। २ ग्राम-प्रधान, गाँव का आदमी (पण्ह १, ५—पत्र ६४)। ३ वि. कुटुम्ब में उत्पन्न, कुटुम्ब से सम्बन्ध रखनेवाला, कुटुम्ब-सम्बन्धी (महा; जीव ३)।

कोडूसग पुं [कोदूषक] अन्न-विशेष, कोदों की एक जाति (राज)।

कोड्ड [दे] देखो कुड्ड (दे २, ३३; स ६४१; ६४२; हे ४, ४२२; णाया १, १६—पत्र २२४; उप ८६२; भवि)।

कोड्डुम देखो कोट्टुम (कुमा)।

कोड्डुमिअ न [रत] रति-क्रीड़ा-विशेष (कुमा)।

कोड्डिय वि [दे] कुतुहली, कौतुकी, विनोद-शील, उत्कण्ठित (उप ७६८ टी)।

कोड्ढ, कोढ पुं [कुष्ठ] रोग-विशेष, कुष्ठ-रोग पि ६६; णाया १, १३; श्रा २०)।

कोढि वि [कुष्ठिन्] कुष्ठ-रोग से ग्रस्त, कुष्ठ-रोगी (आचा)।

कोढिक, कोढिय वि [कुष्ठिक] कुष्ठ-रोगी, कुष्ठ-ग्रस्त (पण्ह २, ५ विपा १, ७)।

कोण वि [दे] १ काला, श्याम वर्णवाला (दे २, ४५)। २ पुं. लकुट, लकड़ी, यष्टि (दे २, ४५; निचू १; पाअ)। ३ वीणा वगैरह बजाने की लकड़ी, वीणा-वादन-दण्ड (जीव ३)।

कोण, कोणग पुंन [कोण] कोन, अस्र, घर का एक भाग (गउड; दे २, ४५; रंभा)।

कोणव पुं [कौणप] राक्षस, पिशाच (पाअ)।

कोणायल पुं [कोणाचल] भगवान् शान्ति-नाथ के प्रथम श्रावक का नाम (विचार ३७८)।

कोणालग पुं [कोनालक] जलचर पक्षि-विशेष (पण्ह १, १)।

कोणाली स्त्री [दे] गोष्ठी, गोठ (बृह १)।

कोणिअ } पुं [कोणिक] राजा श्रेणिक का
कोणिग } पुत्र, नृप-विशेष (अंत; णाया १, १; महा; उव)।

कोणु स्त्री [दे] लेखा, लकीर, रेखा (दे २,२६)।

कोणेट्टिया स्त्री [दे] गुज्जा, गु० 'चणोठी' (अनु० वृ० हारि० पत्र० ७६) देखो, चणोट्टिया।

कोण्ण पुं [दे. कोण] गृह-कोण, घर का एक भाग, कोना (दे २, ४५)।

कोतव न [कौतव] मूषक के रोम से निष्पन्न सूता (राज)।

कोतुहल देखो कुऊहल (काल)।

कोत्तलंका स्त्री [दे] दारू परोसने का भाण्ड, पात्र-विशेष (२, १४)।

कोत्तिअ वि [कौतुकिक] कौतुकी, कुतूहली (गा ६७२)।

कोत्तिअ पुं [कोत्रिक] १ भूमि-शयन करनेवाला वानप्रस्थ (औप)। २ न. एक प्रकार का मधु (ठा ६)।

कोत्थ देखो कोच्छ = कौक्ष।

कोत्थर न [दे] १ विज्ञान (दे २, १३)। २ कोटर, गह्वर (सुपा २४७; निचू १५)।

कोत्थल पुं [दे] १ कुशूल, कोष्ठ (दे २, ४८)। २ कोथली, थैला (स १६२)। °कारा स्त्री [°कारी] भौंरी, कीट-विशेष (बृह १)।

कोत्थुभ } पुं [कौस्तुभ] वासुदेव के वक्षः
कोत्थुह } स्थल की मणि (ती १०; प्राप्र;
कोथुभ } महा; गा १५१; पण्ह १, ४)।

कोदंड पुं [कोदण्ड] धनुष, धनु, कार्मुक, चाप (अंत १६)।

कोदंडिम } देखो कु-दंडिम (जं ३; कप्प)।
कोर्दंडिय }

कोदूसग देखो कोडूसग (भग ६, ७)।

कोद्दव गेखो कुद्दव (भवि)।

कोद्दविया स्त्री [दे] मातृवाहा, क्षुद्र कीट-विशेष (सुख १८, ३५)।

कोद्दाल देखो कुद्दाल (पण्ह १, १—पत्र २३)।

कोद्दालिया स्त्री [कुद्दालिका] छोटा कुदार, कुदारी (विपा १, ३)।

कोध पुं [कोध] इस नाम का एक राजा, जिसने दाशरथि भरत के साथ जैन दीक्षा ली थी (पउम ८५, ४)।

कोप्प देखो कुप्प = कुप्। कोप्पइ (नाट)।

कोप्प पुं [दे] अपराध, गुनाह (दे २, ४५)।

कोप्प वि [कोप्य] द्वेष्य, अप्रीतिकर; 'अकोप्पजंघजुगला' (पण्ह १, ३)।

कोप्पर पुं [कूर्पर] १ हाथ का मध्य भाग (ओघ २६६ भा; कुमा; हे १, १२४)। २ नदी का किनारा, तट, तीर (ओघ ३०)।

कोबेरी स्त्री [कौबेरी] विद्या-विशेष (पउम ७, १४२)।

कोभग } पुं [कोभक] पक्षि-विशेष (अंत;
कोभगक } औप)।

कोमल वि [कोमल] मृदु, सुकुमार (जी १०; पाअ; कप्पू)।

कोमार वि [कौमार] १ कुमार से संबन्ध रखनेवाला, कुमार-संबन्धी (विपा १, ७१)। २ कुमारी-संबन्धी (पाअ)। ३ कुमारी में उत्पन्न (दे १, ८१)। स्त्री. °रिया, °री (भग १५)। °भिच्च न [°भृत्य] वैद्यक शास्त्र-विशेष, जिसमें बालकों के स्तन पान-संबन्धी वर्णन है (विपा १, ७—पत्र ७५)।

कोमारी स्त्री [कौमारी] विद्या-विशेष (पउम ७, १३७)।

कोमुइया स्त्री [कौमुदिका] श्रीकृष्ण वासुदेव की एक भेरी, जो उत्सव की सूचना के समय बजाई जाती थी (विसे १४७६)।

कोमुई स्त्री [दे] पूर्णिमा, कोई भी पूर्णिमा (दे २, ४८)।

कोमुई स्त्री [कौमुदी] १ शरद् ऋतु की पूर्णिमा (दे २, ४८)। २ चन्द्रिका, चाँदनी (औप; धम्म ११ टी)। ३ इस नाम की एक नगरी (पउम ३६, १००)। ४ कार्तिक की पूर्णिमा (राय)। °नाह पुं [°नाथ] चन्द्रमा, चाँद (धम्म ११ टी)। °महूसव पुं [°महोत्सव] उत्सव-विशेष (पि ३६६)।

कोमुदिया देखो कोमुइया (णाया १, ५—पत्र १००)।

कोमुदी देखो कोमुई = कौमुदी (णाया १, १२)।

कोयव वि [कौतव] चूहे के रोमों से बना हुआ (वस्त्र) (अणु ३४)।

कोयव वि [कौयव] 'कोयव' देश में निष्पन्न (आचा २, ५, १, ५)। देखो कोयवग।

कोयवग } पुं [दे] रूई से भरे हुए कपड़े
कोयवय } का बना हुआ प्रावरण-विशेष, रजाई (णाया १, १७—पत्र २२६)।

कोयवी स्त्री [दे] रूई से भरा हुआ कपड़ा (बृह ३)।

कोरंग पुं [कोरङ्क] पक्षि-विशेष (पण्ह १, १—पत्र ८)।

कोरंट } पुं [कोरण्ट, °क] १ वृक्ष-विशेष
कोरंटग } (पाअ)। २ न. इस नाम का भृगुकच्छ (भडौंच) शहर का एक उपवन (वव १)। ३ कोरण्टक वृक्ष का पुष्प (पण्ह १, ४; जं १)।

कोरअ (शौ) देखो कउरव (प्राकृ ८४)।

कोरय } पुंन [कोरक] फलोत्पादक मुकुल,
कोरव } फल की कली (पाअ); 'चत्तारि कोरवा पन्नत्ता' (ठा ४, १—पत्र १८५)।

कोरव देखो कउरव (सम्मत्त १७६)।

कोरविआ स्त्री [कौरव्या] देखो कोरव्वीया (अणु १३०)।

कोरव्व पुंस्त्री [कौरव्य] १ कुरु-वंश में उत्पन्न (सम १५२; ठा ६)। २ कौरव्य-गोत्रीय। ३ पुं. आठवाँ चक्रवर्ती राजा ब्रह्मदत्त (जीव ३)।

कोरव्वीया स्त्री [कौरवीया] इस नाम की षड्ज ग्राम की एक मूर्च्छना (ठा ७)।

कोरिंट } देखो कोरंट (णाया १, १—
कोरिंटय } पत्र १६; कप्प; पउम ४२, ८;
कोरेंट } औप; उवा)।

कोल पुं [दे] ग्रीवा, नोक, गला (दे २, ४५)।

कोल पुं [क्रोड] १ सूअर, वराह (पण्ह १, १—पत्र ७; स १११)। २ उत्सङ्ग, गोद; 'कोलीकय—' (गउड)।

कोल पुं [कोल] १ देश-विशेष (पउम ६८, ६६)। २ घुण, काष्ठ-कीट (सम ३६)। ३ शूकर, वराह, सूअर (उप ३२० टी; णाया १, १; कुमा; पाअ)। ४ मूषिक के आकार का एक जन्तु (पण्ह १, १—पत्र ७)। ५ अन्न-विशेष (धम्म ५)। ६ मनुष्य की एक नीच जाति (आचू ४)। ७ बदरी-वृक्ष, बेर का गाछ। ८ न. बदरी-फल, बेर (दस ५, १; भग ६, १०)। °पाग न [°पाक] नगर-

विशेष, जहाँ श्रीऋषभदेव भगवान् का मंदिर है, यह नगर दक्षिण में है (ती ४५)। °पाल पुं [°पाल] देव-विशेष, धरणेन्द्र का लोकपाल (ठा ३, १—पत्र १०७)। °सुणय, °सुणह पुंस्त्री [°शुनक] १ बड़ा शूकर, सूअर की एक जाति, जंगली वराह (आचा २, १, ५)। २ शिकारी कुत्ता (पराग ११)। स्त्री. °णिया (पराग ११)। °वास पुंन [°वास] काष्ठ, लकड़ी (सम ३६)।

कोल वि [कौल] १ शक्ति का उपासक, तान्त्रिक मत का अनुयायी। २ तान्त्रिक मत से संबन्ध रखनेवाला; 'कोलो धम्मो कस्स णो भाइ रम्मो' (कप्पू)। ३ न. बदर-फल-संबन्धी (भग ६, १०)। °चुण्ण न [°चूर्ण] बेर का चूर्ण, बेर का सत्तू (दस ५, १)। °ट्ठिय न [°ास्थिक] बेर की गुठिया या गुठली (भग ६, १०)।

कोलंब पुं [दे] पिठर, स्थाली (दे २, ४७; पाग्र)। २ गृह, घर (दे २, ४७)।

कोलंब पुं [कोलम्ब] वृक्ष की शाखा का नामा हुआ अग्र भाग (अनु ५)।

कोलगिणी स्त्री [कोली, कोलकी] कोल-जातीय स्त्री (आचू ४)।

कोलघरिय वि [कौलगृहिक] कुलगृह-संबन्धी, पितृगृह-संबन्धी, पितृगृह से संबन्ध रखनेवाला (उवा)।

कोलज्जा स्त्री [दे] धान्य रखने का एक तरह का गर्त्त (आचा २, १, ७)।

कोलर देखो **कोटर** (गा ५६३ अ)।

कोलव न [कौलव] ज्योतिष-शास्त्र में प्रसिद्ध एक करण (विसे ३३४८)।

कोलाल वि [कौलाल] १ कुम्भकार-संबन्धी। २ न. मिट्टी का पात्र (उवा)।

कोलालिय पुं [कौलालिक] मिट्टी का पात्र बेचनेवाला (बृह २)।

कोलाह पुं [कोलाभ] साँप की एक जाति (पराह १)।

कोलाहल पुं [दे] पक्षी की आवाज, पक्षी का शब्द (दे २, ५०)।

कोलाहल पुं [कोलाहल] तुमुल, शोरगुल, रौला, हल्ला, बहुत दूर जानेवाला अनेक प्रकार का अस्फुट शब्द (दे २, ५०; हेका १०५; उत्त ६)।

कोलाहलिय वि [कोलाहलिक] कोलाहल-वाला, शोरगुलवाला (पउम ११७, १६)।

कोलिअ पुं [दे] एक अधम मनुष्य-जाति (सुख २, १५)।

कोलिअ पुं [दे] कोली, तन्तुवाय, जुलाहा, कपड़ा बुननेवाला (दे २, ६५; गंदि; पव २; उप पृ २१०)। २ जाल का कीड़ा, मकड़ा (दे २,२५; पाग्र; श्रा २०; आव ४; बृह १)।

कोलित्त न [दे] उल्मुक, लूका (दे २, ४६)।

कोलिन्न न [कौलीन्य] कुलीनता, खानदानी (धर्मवि १४६)।

कोलीकय वि [क्रोडीकृत] स्वीकृत, अंगीकृत (गउड)।

कोलीण न [कौलीन] १ किंवदंती, लोक-वार्ता, जन-श्रुति (मा ३७)। २ वि. वंश-परंपरागत, कुलक्रम से आयात। ३ उत्तम कुल में उत्पन्न। ४ तान्त्रिक मत का अनुयायी (नाट—महावी १३३)।

कोलीर न [दे] लाल रंग का एक पदार्थ, कुरुविन्द; 'कोलीररत्तणयणेअ' (दे २, ४६)।

कोलुण्ण न [कारुण्य] दया, अनुकम्पा, करुणा (निचू ११)। °पडिया, °वडिया स्त्री [°प्रतिज्ञा] अनुकम्पा की प्रतिज्ञा (निचू ११)।

कोलेज्ज पुं [दे] नीचे गोल और ऊपर खाई के आकार का धान्य आदि भरने का कोठा (आचा २, १, ७, १)।

कोलेय पुं [कौलेयक] श्वान, कुत्ता (सम्मत्त १६०; धर्मवि ५२)।

कोल्ल पुंन [दे] कोयला, जली हुई लकड़ी का टुकड़ा (निचू १)।

कोल्लइर न [कोल्लकिर] नगर-विशेष (पिंड ४२७)।

कोल्लपाग न [कोल्लपाक] दक्षिण देश का एक नगर, जहाँ श्री ऋषभदेव का मन्दिर है (ती ४५)।

कोल्लर पुं [दे] पिठर, स्थाली, थाली, थरिया (दे २, ४७)।

कोल्ला देखो **कुल्ला** (कुमा)।

कोल्लाग देखो **कुल्लाग** (अंत)।

कोल्लापुर न [कोल्लापुर] दक्षिण देश का एक नगर, महालक्ष्मी का स्थान (ती ३४)।

कोल्लासुर पुं [कोल्लासुर] इस नाम का एक दैत्य (ती ३४)।

कोल्लुग [दे] देखो **कोल्हुअ** (वव १; बृह १)।

कोल्हाहल न [दे] फल-विशेष, बिम्बी-फल (दे २, ३६)।

कोल्हुअ पुं [दे] १ शृगाल, सियार (दे २, ६५; पाग्र; पउम ७, १७; १०५, ४२)। २ कोल्हू, चरखी, ऊख से रस निकालने का कल (दे २, ६५; महा)।

कोव सक [कोपय्] १ दूषित करना। २ कुपित करना। कोवेइ (सूअनि १२५), कोवइज्ज (कुप्र ६४)।

कोव पुं [कोप] क्रोध, गुस्सा (दिवा १, ६; प्रासू १७५)।

कोवण वि [कोपन] क्रोधी, क्रोध-युक्त (पाग्र; सुपा ३८५; सम ३४७; स्वप्न ८२)।

कोवाय पुं [कोपक] अनार्य देश-विशेष (पव २७४)।

कोवासिअ देखो **कोआसिय** (पाग्र)।

कोवि वि [कोपिन्] क्रोधी, क्रोध-युक्त (सुपा २८१; श्रा २०)।

कोविअ वि [कोविद] निपुण, विद्वान्, अभिज्ञ (आचा; सुपा १३०; ३६२)।

कोविअ वि [कोपित] १ क्रुद्ध किया हुआ। २ दूषित, दोष-युक्त किया हुआ; 'वइरो किर दाहो वायणंति नवि कोवियं वयणं' (उव)।

कोविआ स्त्री [दे] शृगाली, सियारिन (दे २, ४६)।

कोविआर पुं [कोविदार] वृक्ष-विशेष (विक्र ३३)।

कोविणी स्त्री [कोपिनी] कोप-युक्त स्त्री (श्रा १२)।

कोशण (मा) वि [कदुष्ण] थोड़ा गरम (प्राकृ १०२)।

कोस पुं [दे] १ कुसुम्भ रंग से रंगा हुआ रक्त वस्त्र। २ समुद्र, जलधि, सागर (दे २, ६५)।

कोस पुं [क्रोश] कोस, मार्ग की लम्बाई का परिमाण, दो मील (कप्प; जी ३२)।

कोस पुं [कोश, ष] १ खजाना, भण्डार (णाया १, १३१; पउम ५, २४)। २ तलवार की म्यान (सूअ १, ६)। ३ कुड्मल; 'कमलकोसव्व' (कुमा)। ४ मुकुल, कली (गउड)। ५ गोल, वृत्ताकार; 'ता मुह-मेलियकरकोसपिहियपसरंतदंतकरपसरं' (सुपा २७; गउड)। ६ दिव्य-भेद, तप्त लोहे का स्पर्श वगैरह शपथ; 'एत्थ अम्हे कोसविसएहिं पच्चाएमो' (स ३२४)। ७ अभिधान-शास्त्र, शब्दार्थ-निरूपक ग्रन्थ, जैसा प्रस्तुत पुस्तक। ८ पुंन. पानपात्र, चषक (पाअ)। ८ न. नगर विशेष; 'कोसं नाम नयरं' (स १३३)। °पाण न [°पान] सौगंध, शपथ (गा ४४८)। °हिव पुं [°धिप] खजानची, भंडारी (सुपा ७३)।

कोसंब पुं [कोशाम्र] फल-वृक्ष-विशेष (पएण १—पत्र ३१)। °गंडिया स्त्री [°गण्डिका] खड्ग-विशेष, एक प्रकार की तलवार (राज)।

कोसंबिया स्त्री [कौशाम्बिका] जैनमुनि-गण की एक शाखा (कप्प)।

कोसंबी स्त्री [कौशाम्बी] वत्स देश की मुख्य-नगरी (ठा १०; विपा १,५)।

कोसग पुं [कोशक] साधुओं का एक चर्म-मय उपकरण, चमड़े की एक प्रकार की थैली (धर्म ३)।

कोसट्टइरिआ स्त्री [दे] चण्डी, पार्वती, गौरी, शिव-पत्नी (दे २, ३५)।

कोसय न [दे कोशक] लघु शराव, छोटा पान पात्र (दे २, ४७; पाअ)।

कोसल न [कौशल] कुशलता, निपुणता, चातुरी (कुमा)।

कोसल न [दे] नीवी, नारा, इजारबन्द (दे २, ३८)।

कोसल, **कोसलग** पुं [कोसल °क] १ देश-विशेष (कुमा; महा)। २ एक जैन महर्षि, सुकोसल मुनि (पउम २२, ४४)। ३ कोसल देश का राजा। ४ वि. कोशल देश में उत्पन्न (ठा ५, २)। ५ °पुर न [°पुर] अयोध्या नगरी (आक १)।

कोसला स्त्री [कोसला] १ नगरी-विशेष, अयोध्या-नगरी (पउम २०, २८)। २ अयोध्या-प्रान्त, कोसल-देश (भग ७, ६)।

कोसलिअ वि [कौशलिक] १ कोसल देश में उत्पन्न, कोसल देश-सम्बन्धी (भग २०, ८)। २ अयोध्या में उत्पन्न, अयोध्या-संबन्धी (जं २)।

कोसलिअ न [दे. कौशलिक] प्राभृत, भेंट, उपहार (दे २, १२; सण; सुपा—प्रस्तावना ५)।

कोसलिआ स्त्री [दे. कौशलिका] ऊपर देखो (दे २, १२; सुपा—प्रस्तावना ५)।

कोसल्ल न [कौशल्य] निपुणता, चतुराई (कुमा; सुपा १६; सुर १०; ८०)।

कोसल्ल न [दे] प्राभृत, भेंट, उपहार; 'तं पुरजणकोसल्लं नरवइणा अप्पियं कुमारस्स' (महा)।

कोसल्लया स्त्री [कौशल्य] निपुणता, चतुराई; 'तह मज्झनीइकोसल्लया य खीणच्चिय इयाणिं' (सुपा ६०३)।

कोसल्ला स्त्री [कौशल्या] दाशरथि राम की माता (उत्त पृ ३७४)।

कोसल्लिअ न [दे. कौशलिक] भेंट, उपहार (दे २, १२; महा; सुपा ४१३; ५२७; सण)।

कोसा स्त्री [कोशा] इस नाम की एक प्रसिद्ध वेश्या, जिसके यहाँ जैन महर्षि श्रीस्थूलभद्र मुनि ने निर्विकार भाव से चातुर्मास (चौमासा) किया था (विवे ३३)।

कोसिण वि [कोष्ण] थोड़ा गरम (नाट—वेणी)।

कोसिय न [कौशिक] १ मनुष्य का गोत्र विशेष (अभि ४१; ठा ३६०)। २ बीसवें नक्षत्र का गोत्र (चंद १०)। ३ पुं. उलूक, घूक, उल्लू (पाअ; सार्ध ५६)। ४ साँप-विशेष, चण्डकोशिक-नामक दृष्टि-विष सर्प, जिसको भगवान् श्रीमहावीर ने प्रबोधित किया था (आवम)। ५ वृक्ष-विशेष। ६ इन्द्र। ७ नकुल। ८ कोशाध्यक्ष, खजानची ९ प्रीति, अनुराग। १० इस नाम का एक राजा। ११ इस नाम का एक असुर। १२ सर्प को पकड़नेवाला, सपेरा, गारुड़िक। १३ अस्थिसार, मज्जा। १४ शृंगाररस (हे १, १५९)। १५ इस नाम का एक तापस (भवि)। १६ पुंस्त्री. कौशिक गोत्र में उत्पन्न, कौशिक-गोत्रीय (ठा ७—पत्र ३९०)। १७ स्त्री. कोसिई (मा १६)।

कोसिया स्त्री [कौशिका] १ भारतवर्ष की एक नदी (कस)। २ इस नाम की एक विद्या-धर-राज-कन्या (पउम ७, ५४)। ३ चमड़े का जूता; 'कोसियमालाभूसियसिरोहरो विगय-वसणो य' (स २२३)। देखो कोसी।

कोसियार पुं [कोशिकार] १ कीट-विशेष, रेशम का कीड़ा (पण्ह १, ३)। २ न. रेशमी वस्त्र (ठा ५, ३)।

कोसी स्त्री [कोशी] १ शिम्बी, छीमी, फली (पाअ)। २ तलवार की म्यान (सूअ २, १, १६)।

कोसी स्त्री [कोशी] देखो कोसिया (ठा ५, ३—पत्र ३५१)। २ गोलाकार एक वस्तु; 'कंचणकोसीपविट्ठदंताणं' (औप)।

कोसुंभ वि [कौसुम्भ] कुसुंभ-सम्बन्धी (रँग) (सिरि १०५७)।

कोसुम वि [कौसुम] फूल सम्बन्धी, फूल का बना हुआ; 'कोसुमा बाणा' (गउड)।

कोसुम्ह देखो कुसुंभ (संक्षि ४)।

कोसेअ, **कोसेज्ज** न [कौशेय] १ रेशमी वस्त्र, रेशमी कपड़ा (दे २, ३३; सम १५३; पण्ह १, ४)। २ तसर का बना हुआ वस्त्र (जीव ३)।

कोह पुं [°क्रोध] गुस्सा, कोप (ओघ २ भा; ठा ४, १)। °मुंड वि [°मुण्ड] क्रोध-रहित (ठा ५, ३)।

कोह पुं [कोथ] सड़ना, शीर्णता (भग ३, ६)।

कोह पुं [दे कोथ] कोथली, थैला (विसे २९८८)।

कोह वि [क्रोधवत्] क्रोध-युक्त, कोप-सहित; 'कोहाए माणाए मायाए लोभाए·····आसाय-णाए' (पडि)।

कोहंगक पुं [कोभङ्गक] पक्षि-विशेष (औप)।

कोहंझाण न [क्रोधध्यान] क्रोध-युक्त चिन्तन (आउ ११)।

कोहंड न [कूष्माण्ड] १ कुष्माण्डी-फल, कोहँड़ा (पि ७६; ८९; १२७)। २ न.

देव-विमान-विशेष (ती ५६)। ३ पुं. व्यन्तर-श्रेणीय देव-जाति-विशेष (पव १६४)।
कोहंडी स्त्री [कूष्माण्डी] कोहँड़े का गाछ (हे १, १२४; दे २, ५० टी)।
कोहण वि [क्रोधन] १ क्रोधी, गुस्साखोर (सम ३७; पउम ३५, ७)। २ पुं. इस नाम का रावण का एक सुभट (पउम ५६, ३२)।
कोहल देखो **कुऊहल** (हे १, १७१)।
कोहलिअ वि [कुतूहलिन्] कुतूहली, कुतूहल-प्रेमी। स्त्री. °आ (गा ७६८)।
कोहलिआ स्त्री [कूष्माण्डिका] कोहँड़ा का गाछ;
'जह लंघेसि परवइं निययवइं
भरसहंपि मोत्तूणं।
तह मण्णे कोहलिए, अज्जं
कल्लंपि फुट्टिहिसि' (गा ७६८)।
कोहली देखो **कोहंडी** (हे २, ७३; दे २, ५० टी)।
कोहल्ल देखो **कोहल** (षड्)।
कोहल्ली स्त्री [दे] तापिका, तवा, पचन-पात्र-विशेष (दे २, ४६)।
कोहल्ली देखो **कोहंडी** (षड्)।
कोहि, **कोहिल्ल** वि [क्रोधिन्] क्रोधी, क्रोधी-स्वभाव का गुस्साखोर (कम्म ४, १४०; बृह २)।
कौरव, **कौलव** देखो **कउरव** (हे १, १, चंड)।
°**क्किसिय** देखो **किसिय** = कृषित (उप ७२८ टी)।
°**क्कूर** देखो **कूर** = कूर। (वा २६)।
°**क्केर** देखो °**केर** (हे २, ६६)।
°**क्खंड** देखो **खंड** (गउड)।
°**क्खंभ** देखो **खंभ** (से ३, ५६)।
°**क्खम** देखो **खम** (अभ २७)।
°**क्खलण** देखो **खलण** (गउड)।
°**क्खिंसा** देखो **खिंसा** (सुपा ५१०)।
°**क्खु** देखो **खु** (कप्पू; अभि ३७; चारु १४)।
°**क्खुत्त** देखो **खुत्त** (गउड)।
°**क्खेड्ड** देखो **खेड्ड** (सुपा ५५२)।
°**क्खेव** देखो **खेव**; 'खारक्खेवं व खए' (उप ७२८ टी)।
°**क्खोडी** देखो **खोडी** (पण्ह १, ३)।

॥ इअ सिरिपाइअसद्दमहण्णवे कयाराइसद्दसंकलणो
दसमो तरंगो समत्तो ॥

ख

ख पुं [ख] १ व्यंजन-वर्ण विशेष, इसका स्थान कण्ठ है (प्रामा; प्राप)। २ न. आकाश, गगन; 'गज्जंते खे मेहा' (हे १, १८७; कुमा; दे ६, १२१)। ३ इन्द्रिय (विसे ३४४३)। °**ग** पुं [°ग] १ पक्षी, खग (पाअ; दे २, ५०)। २ मनुष्य की एक जाति, जो विद्या के बल से आकाश में गमन करती है, विद्याधर-लोक (आरा ५६)। देखो **खय** = खग। °**गइ** स्त्री [°गति] १ आकाश-गति। २ कर्म-विशेष, जो आकाश-गति का कारण है (कम्म २,३; नव ११)। °**गामिणी** स्त्री [°गामिनी] विद्या-विशेष, जिसके प्रभाव से आकाश में गमन किया जा सकता है (पउम ७, १४५)। °**पुप्फ** न [°पुष्प] आकाश-कुसुम, असंभावित वस्तु (कुमा)।
खअ, **खउर** सक [खव्] संपत्ति-युक्त करना। खअइ, खउरइ (प्राकृ ७३)।
खइ वि [क्षयिन्] १ क्षयवाला, नाशवाला। २ क्षय रोगवाला, क्षय-रोगी (सुपा २३३; ५७६)।
खइअ वि [क्षपित] नाशित, उन्मूलित (औप; भवि)।
खइअ वि [खचित] १ व्याप्त, जटित। २ मण्डित, विभूषित (हे १, १९३; औप; स ११४)।
खइअ वि [खादित] १ खाया हुआ, भुक्त, ग्रस्त (पाअ; स २५०; उप पृ ४६)। २ आक्रान्त; 'तह य होंति उ कसाया। खइओ जेहिं मणुस्सो कज्जाकज्जाइं न मुणेइ' (स ११४)। ३ न. भोजन, भक्षण; 'खइएण व पीएण व न य एसो ताइओ हवइ अप्पा' (पञ्च ६२; ठा ४, ४—पत्र २७६)।
खइअ वि [क्षयित] क्षय-प्राप्त, क्षीण; 'किमि-कायखइयदेहो' (सुर १६, १६१)।
खइअ पुं [दे] हेवाक, स्वभाव (ठा ४, ४—पत्र २७६)।
खइअ, **खइग** पुं [क्षायिक] १ क्षय, विनाश, उन्मूलन; 'से किं तं खइए ? खइए अट्ठण्हं कम्मपयडीणं खइएणं' (अणु)। २ वि. क्षय से उत्पन्न, क्षय-संबन्धी, क्षय से संबन्ध रखनेवाला। ३ कर्म-नाश से उत्पन्न; 'कम्मक्खयसहावो खइओ' (विसे ३४६५; कम्म १,१५; ३,१९; ४,२२; सम्य २३; औप)।
खइत्त न [क्षैत्र] खेतों का समूह, अनेक खेत (पि ६१)।
खइया स्त्री [खदिका] खाद्य-विशेष, सेका हुआ व्रीहि—धान, लावा; 'दहिघयपायसखइया-निअोएं' (भवि)।
खइर पुं [खदिर] वृक्ष-विशेष, खैर का गाछ (आचा; कुमा)।
खइर वि [खादिर] खदिर-वृक्ष-संबन्धी (हे १, ६७; सुपा १५१)।
खइव [दे] देखो **खइअ** (ठा ४, ४—पत्र १७६ टी)।

खउड पुं [खपुट] स्वनाम-प्रसिद्ध एक जैनाचार्य (श्रावम; श्राचू)।

खउर श्रक [क्षुभ्] १ क्षुब्ध होना, डर से विह्वल होना। २ सक. कलुषित करना। खउरइ (हे ४, १५५; कुमा); 'खउरेंति धिइग्गहणं' (से ५, ३)।

खउर वि [दे] कलुषित, 'दरदड्ढविवण्णविद्दुमरश्रक्खउरा' (से ५, ४७; स ५७८)।

खउर न [क्षौर] क्षौर-कर्म, हजामत (हेका १८६)।

खउर पुंन [खपुर] खैर वगैरह का चिकना रस, गोंद (बृह ३; निचू १६)। °कढिणय न [°कठिनक] तापसों का एक प्रकार का पात्र (विसे १४६५)।

खउरिअ वि [क्षुब्ध] कलुषित (पाअ; बृह ३)।

खउरिअ वि [क्षौरित] मुण्डित, लुञ्चित, केश-रहित किया हुश्रा (से १०, ४३)।

खउरिअ वि [खपुरित] खरण्टित, चिपकाया हुश्रा (निचू ५)।

खउरीकय वि [खपुरीकृत] गोंद वगैरह की तरह चिकना किया हुश्रा;

'कलुसीकश्रो य किट्टीकश्रो य
खउरीकश्रो य मलिणिश्रो।
कम्मेहि एस जीवो, नाऊणवि
मुज्झई जेण' (उव)।

खओवसम पुं [क्षयोपशम] कुछ भाग का विनाश श्रौर कुछ का दबना (भग)।

खओवसमिय वि [क्षयोपशमिक] १ क्षयोपशम से उत्पन्न, क्षयोपशम-संबन्धी (सम १४५; ठा २, १; भग)। २ पुंन. क्षयोपशम (भग; विसे २१७५)।

खंखर पुं [दे] पलाश-वृक्ष (ती ५३)।

खंगार पुं [खङ्गार] राजा खेंगार, विक्रम की बारहवीं शताब्दी का सौराष्ट्र देश का एक भूपति, जिसको गुजरात के राजा सिद्धराज ने मारा था (ती ५)। °गढ पुं [°गढ] नगर विशेष, सौराष्ट्र का एक नगर, जो श्राजकल 'जूनागढ़' के नाम से प्रसिद्ध है (ती २)।

खंच सक [कृष्] १ खींचना। २ वश में करना। खंचइ (भवि); 'ता गच्छ तुरियं तुरयं मा खंच मुंच मुकलयं' (सुपा १६८)।

खंचिय वि [कृष्ट] १ खींचा हुश्रा (स ५७४)। २ वश में किया हुश्रा (भवि)।

खंज श्रक [खञ्ज्] लंगड़ा होना (कप्पू)।

खंज वि [खञ्ज] लंगड़ा, पंगु, लूला (सुपा २७६)।

खंज न [खञ्ज] गाड़ी में लोहे के डंडे के पास बांधा जाता सण श्रादि का गोल कपड़ा—जो तेल श्रादि से भीजाया हुश्रा रहता है, बिड़श्रा; 'खंजंजणणयणनिभा' (उत्त ३४,४)।

खंजण पुं [खञ्जन] राहु का कृष्ण पुद्गल-विशेष (सुज्ज २०)।

खंजण पुं [खञ्जन] १ पक्षि-विशेष, खञ्जरीट (दे २,७०)। २ वृक्ष-विशेष; 'ताडवडखज्जखंजणसुक्खयरगहीरदुक्खसंचारे' (स २५६)।

खंजण पुं [दे] १ कर्दम, कीचड़ (दे २,६६; पाश्र)। २ कज्जल, काजल, मषी (ठा ४,२)। ३ गाड़ी के पहिए के भीतर का काला कीच (पण्ण १७—पत्र ५२५)।

खंजर पुं [दे] सूखा हुश्रा पेड़ (दे २, ६८)।

खंजा स्त्री [खञ्जा] छन्द-विशेष (पिंग)।

खंजिअ वि [खञ्जित] जो लंगड़ा हुश्रा हो, पंगूभूत (कप्पू)।

खंड सक [खण्डय्] तोड़ना, टुकड़ा करना, विच्छेद करना। खंडइ (हे ४, ३६७)। कवकृ खंडिज्जंत (से १३, ३२; सुपा १३४)। हेकृ. खंडित्तए (उवा)। कृ. खंडियव्व (उप ६२८ टी)।

खंड पुं [खण्ड] एक नरक-स्थान (देवेन्द्र २६)। °कव्व न [°काव्य] छोटा काव्यग्रन्थ (सम्मत्त ८४)।

खंड (श्रप) देखो खग्ग; 'सुंडीरहं खंडइ वसइ लच्छी' (भवि)।

खंड पुंन [खण्ड] १ टुकड़ा, श्रंश, हिस्सा (हे २, ६७; कुमा)। २ चीनी, मिस्री (उर ६, ८)। ३ पृथ्वी का एक हिस्सा; 'छक्खंड—' (सण)। °घडग पुं [°घटक] भिक्षुक का जल-पात्र (णाया १, १६)। °प्पवाया स्त्री [°प्रपाता] वैताढ्य पर्वत की एक गुफा (ठा २, ३)। °भेय पुं [°भेद] विच्छेद-विशेष, पदार्थ का एक तरह का पृथक्करण, पटके हुए घड़े की तरह पृथग्भाव (भग ५, ४)। °मल्लग पुंन [°मल्लक] भिक्षा-पात्र (णाया १, १६)। °सो श्र [°शस्] टुकड़ा-टुकड़ा, खण्ड-खण्ड (पि ५१६)। °भेय देखो °भेय (ठा १०)।

खंड न [दे] १ मुण्ड, शिर, मस्तक। २ दारू का बरतन, मद्य-पात्र (दे २, ६८)।

खंडई स्त्री [दे] श्रसती, कुलटा (दे २, ६७)।

खंडग पुंन [खण्डक] चौथा हिस्सा (पव १४३)।

खंडग न [खण्टक] शिखर-विशेष (ठा ६; इक)।

खंडण न [खण्डन] १ विच्छेद, भञ्जन, नाश (णाया १, ८)। २ कण्डन, धान्य वगैरह का छिलका श्रलग करना; 'खंडणदलणाइं गिहकम्मे' (सुपा १४)। ३ वि. नाश करनेवाला, नाशक (सुपा ४३२)।

खंडणा स्त्री [खण्डना] विच्छेद, विनाश (कप्पू; निचू १)।

खंडपट्ट पुं [खण्डपट्ट] १ द्यूतकार, जूश्रारी (विपा १, ३)। २ धूर्त्त, ठग। ३ श्रन्याय से व्यवहार करनेवाला (विपा १,३)।

खंडरक्ख पुं [खण्डरक्ष] १ दाण्डपाशिक, कोतवाल (णाया १, १, पण्ह १, ३; श्रौप)। २ शुल्कपाल, चुंगी वसूल करनेवाला (णाया १, १; विसे २३६०; श्रौप)।

खंडव न [खाण्डव] इन्द्र का वन-विशेष, जिसको श्रर्जुन ने जलाया था (नाट—वेणी ११४)।

खंडा स्त्री [खण्ड] मिस्री, चीनी, शक्कर, खांड़ (श्रोघ ३७३)।

खंडा स्त्री [खण्डा] इस नाम की एक विद्याधर-कन्या (महा)।

खंडाखंडि श्र [खण्डशस्] टुकड़ा-टुकड़ा; खण्डखण्ड (उवा; णाया १,६)। °डीकय वि [कृत] टुकड़ा-टुकड़ा किया हुश्रा (सुर १६, ५६)।

खंडामणिकंचण न [खण्डामणिकाञ्चन] इस नाम का एक विद्याधर-नगर (इक)।

खंडावत्त न [खण्डावर्त्त] इस नाम का एक विद्याधरनगर (इक)।

खंडाहंड वि [खण्डखण्ड] टुकड़ा-टुकड़ा किया हुआ (सुपा ३८५)।

खंडिअ पुं [खण्डिक] छात्र, विद्यार्थी (ग्रौप)।

खंडिअ वि [खण्डित] छिन्न, विछिन्न (हे १, ५३; महा)।

खंडिअ पुं [दे] १ मागध, भाट, विरुद-पाठक। २ वि. अनिवार्य, निवारण करने को अशक्य (दे २, ७८)।

खंडिआ स्त्री [खण्डिका] खण्ड, टुकड़ा (अभि ६२)।

खंडिआ स्त्री [दे] नाप-विशेष, बीस मन की नाप (सं २४)।

खंडी स्त्री [दे] १ अपद्वार, छोटा गुप्त द्वार (णाया १, १८—पत्र २३६)। २ किले का छिद्र (णाया १, २—पत्र ७९)।

खंडु (अप) देखो खग्ग। गुजराती में 'खांडु' कहते हैं (प्राकृ १२१)।

खंडुअ न [दे] बाहु-वलय, हाथ का आभूषण-विशेष, बाजूबंद (मृच्छ १८१)।

खंडुय देखो खडग (पव १४३)।

खंत पुं [दे] पिता, बाप (पिंड ४३२; सुख २, ३; ५; ८)

खंत देखो खा।

खंत वि [क्षान्त] क्षमा-शील, क्षमा-युक्त (उप ३२० टी; कप्पू; भवि)।

खंतव्व वि [क्षन्तव्य] क्षमा-योग्य, माफ करने लायक (विक्र ३८; भवि)।

खंति स्त्री [क्षान्ति] क्षमा, क्रोध का अभाव (कप्प; महा; प्रासू ४८)।

खंति देखो खा।

खंतिया } स्त्री [दे] माता, जननी (पिंड
खंती } ४३०; ४३१)।

खंद पुं [स्कन्द] १ कार्त्तिकेय, महादेव का एक पुत्र (हे २, ५, प्राप्र; णाया १, १—पत्र ३९)। २ राम का स्कन्द नाम का एक सुभट (पउम ६७, ११)। °कुमार पुं [°कुमार] एक जैन मुनि (उव)। °ग्गह पुं [°ग्रह] १ स्कन्दकृत उपद्रव, स्कन्दावेश (जं २)। २ ज्वर-विशेष (भाग ३, ६)। °मह पुं [°मह] स्कन्द का उत्सव (णाया १, १)। °सिरी स्त्री [°श्री] एक चोर-सेनापति की भार्या का नाम (विपा १, ३)।

खंदग } पुं [स्कन्दक] १-२ ऊपर देखो। ३
खंदय } एक जैन मुनि (उव; भग; अंत; सुपा ४०८)। ४ एक परिव्राजक, जिसने भगवान् महावीर के पास पीछे से जैन दीक्षा ली थी (पुप्फ ८४)।

खंदरुद्द न [स्कन्दरुद्र] शास्त्र-विशेष (धर्मसं ९३५)।

खंदिल पुं [स्कन्दिल] एक प्रख्यात जैनाचार्य, जिसने मथुरा में जैनागमों को लिपि-बद्ध किया (गच्छ १)।

खंध पुं [स्कन्ध] भित्ति, भीत, दीवार (आचा २, १, ७, १)।

खंध पुं [स्कन्ध] १ पुद्गल-प्रचय, पुद्गलों का पिण्ड (कम्म ४, ६९)। २ समूह, निकर (विसे ९००)। ३ कन्धा, काँध (कुमा)। ४ पेड़ का धड़, जहाँ से शाखा निकलती है (कुमा)। ५ छन्द-विशेष (पिंग)। °करणी स्त्री [°करणी] साध्वियों को पहनने का उपकरण-विशेष (ओघ ६७७)। °मंत वि [°मत्] स्कन्धवाला (णाया १, १)। °बीय पुं [°बीज] स्कन्ध ही जिसका बीज होता है ऐसा कदली वगैरह का गाछ (ठा ५, २)। °सालि पुं [°शालिन्] व्यन्तर देवों की एक जाति (राज)।

खंधग्गि पुं [दे. स्कन्धाग्नि] स्थूल काष्ठों की आग (दे २, ७०; पाअ)।

खंधमंस पुं [दे] हाथ, भुजा, बाहू (दे २, ७१)।

खंधमसी स्त्री [दे] स्कन्ध-यष्टि, हाथ (षड्)।

खंधय देखो खंध (पिंग)।

खंधयट्ठि स्त्री [दे. स्कन्धयष्टि] हाथ, भुजा, (दे २, ७१)।

खंधर पुंस्त्री [कन्धर] ग्रीवा, गला, गरदन (सण)। स्त्री. °रा (महा)।

खंधलट्ठि स्त्री [दे. स्कन्धयष्टि] स्कन्ध-यष्टि, हाथ, भुजा (षड्)।

खंधवार देखो खंधावार (महा)।

खंधाआर देखो खंधावार (प्राकृ ३०)।

खंधार पुं. ब. [स्कन्धार] देश-विशेष (पउम ९८,६६)।

खंधार देखो खंधावार (पउम ९६, २८; महा; विसे २४४१)।

खंधाल वि [स्कन्धवत्] स्कन्धवाला (सुपा १२९)।

खंधावार पुं [स्कन्धावार] छावनी, सैन्य का पड़ाव, शिविर (णाया १, ८; स ६०३, महा)।

खंधि वि [स्कन्धिन्] स्कन्धवाला (ग्रौप)।

खंधिल्ल देखो खंधि (स ६९७)।

खंधी स्त्री. देखो खंध (ग्रौप)।

खंधीधार पुं [दे] बहुत गरम पानी की धारा (दे २, ७२)।

खंप सक [सिच्] सिञ्चना, छिड़कना। खंपइ (भवि)।

खंपणय न [दे] वस्त्र, कपड़ा; 'बहुसेयसिन्न-मलमइलखंपणयचिक्कणसरीरो' (सुपा ११)।

खंभ पुं [स्तम्भ] खंभा, थंभा (हे १, १८७; २, ४; ८; भग; महा)।

खंभ सक [स्कभ्] क्षुब्ध होना, विचलित होना। खंभेज्जा, खंभाएज्जा (ठा ५, १—पत्र २९२)।

खंभतित्थ न [स्तम्भतीर्थ] एक जैन तीर्थ, गुजरात का प्राचीन 'खंभण' गाँव (कुप्र २१)।

खंभल्लिअ वि [स्तम्भि] खंभे से बाँधा हुआ (से ९, ८५)।

खंभाइत्त न [स्तम्भादित्य] गूर्जर देश का एक प्राचीन नगर, जो आजकल 'खंभात' नाम से प्रसिद्ध है (ती २३)।

खंभाळण न [स्तम्भालगन] खम्भे से बांधना (पण्ह १, ३)।

खक्खरग पुंन [दे] सूखी रोटी (धर्म २)।

खग्ग पुं [खड्ग] १ पशु विशेष, गेंडा (उप १४८; पण्ह १, १)। २ पुंन. तलवार, असि (हे १, ३४; स ५३१)। °धेणुआ स्त्री [°धेनु] छूरी, चाकू (दंस)। °पुरा स्त्री [°पुरा] विदेह वर्ष की स्वनाम-प्रसिद्ध नगरी (ठा २, ३)। °पुरी स्त्री [°पुरी] पूर्वोक्त ही अर्थ (इक)।

खग्गाखग्गि न [खड्गाखड्गि] तलवार की लड़ाई (सिरि १०३२)।

खग्गि पुं [खड्गिन्] जन्तु-विशेष, गेंड़ा (कुमा)।

खग्गिअ पुं [दे] ग्रामेश, गाव का मुखिया (दे २, ६९)।

खग्गी स्त्री [खड्गी] विदेह वर्ष की नगरी-विशेष (ठा २, ३)।

खग्गूड वि [दे] १ शठ-प्राय, धूर्त्त-सदृश (ओघ ३६ भा)। २ धर्मरहित, नास्तिक-प्राय (ओघ ३५ भा)। ३ निद्रालु। ४ रस-लम्पट (बृह १)।

खच सक [खच्] १ पावन करना, पवित्र करना। २ कसकर बांधना। खचइ (हे ४, ८९)।

खचिअ देखो खइअ = खचित (कुमा)। ३ पिञ्जरित (कप्प)।

खच्चल्ल पुं [दे] ऋक्ष, भल्लूक, भालू (दे २, ६९)।

खच्चोल पुं [दे] व्याघ्र, शेर (दे २, ६९)।

खज्ज पुं [खर्ज] वृक्ष-विशेष (स २५६)।

खज्ज वि [खाद्य] १ खाने योग्य वस्तु (पण्ह १, २)। २ न. खाद्य-विशेष (भवि)।

खज्ज वि [क्षय्य] जिसका क्षय किया जा सके वह (षड्)।

खज्जंत देखो खा।

खज्जग देखो खज्ज = खाद्य (भग १५)।

खज्जमाण देखो खा।

खज्जय देखो खज्ज = खाद्य (पउम ६९, १६)।

खज्जिअ वि [दे] १ जीर्ण, सड़ा हुआ। २ उपालब्ध, जिसको उलाहना दिया गया हो वह (दे २, ७८)।

खज्जिर (अप) वि [खाद्यमान] जो खाया गया हो वह (सण)।

खज्जू स्त्री [खर्जू] खुजली, पामा (राज)।

खज्जूर पुं [खर्जूर] १ खजूर का पेड़ (कुमा; उत्त ३४)। २ न. खजूर का फल (पउम ४१, ९; सुपा ५७)।

खज्जूरी स्त्री [खर्जूरी] खजूर का गाछ (पाअ; पण्ण १)।

खज्जोअ पुं [दे] नक्षत्र (दे २, ६९)।

खज्जोअ पुं [खद्योत] कीट-विशेष, जुगनू, (सुपा ४७; णाया १, ८)।

खट्ट न [दे] १ तीमन, कढ़ी, झोर (दे २, ६७)। २ वि. खट्टा, अम्ल (पण्ण १—पत्र २७; जीव १)। °मेह पुं [°मेघ] खट्टे जल की वर्षा (भग ७, ६)।

खट्टंग न [दे] छाया, आतप का अभाव (दे २, ६८)।

खट्टंग न [खट्वाङ्ग] १ शिव का एक आयुध (कुमा)। २ चारपाई का पाया या पाटी। ३ प्रायश्चित्तात्मक भिक्षा मांगने का एक पात्र। ४ तान्त्रिक मुद्रा-विशेष;
'हत्थट्ठियं कवालं, न मुयइ नूणं खणंपि खट्टंगं।
सा तुह विरहे बालय, बाला कावालिणी जाया'
(वज्जा ८८)।

खट्टक्खड पुं [खट्वाक्षक] रत्नप्रभा नामक पृथिवी का एक नरकावास, 'कालं काऊण रयणप्पभाए पुढवीए खट्टक्खडाभिहाणे नरए पलिओवमाऊ चेव नारगो उववन्नोत्ति' (स ८६)।

खट्टा स्त्री [खट्वा] खाट, पलंग, चारपाई (सुपा ३३७; हे १, १९५)। °मल्ल पुं [°मल्ल] बीमारी की प्रबलता से जो खाट से उठ न सकता हो वह (बृह १)।

खट्टिअ } [दे. खट्टिक] खटीक, सौनिक,
खट्टिक } कसाई (गा ६८२; सूअ २, २; दे २, ७०)।

खड पुं [दे] एक म्लेच्छ-जाति (मृच्छ १५२)।

खड न [दे] तृण, घास (दे २, ६७; कुमा)।

खडइअ वि [दे] संकुचित, संकोच-प्राप्त (दे २, ७२)।

खडंग न [षडङ्ग] छः अंग, वेद के ये छः अंग—शिक्षा, कल्प, व्याकरण, ज्योतिष, छन्द, निरुक्त। °वि वि [°वित्] छहों अंगों का जानकार (पि २६५)।

खडक्कय पुंन [खटत्कृत] आहट देना, ध्वनि के द्वारा सूचना, सिकड़ी वगैरह की आवाज; 'वियडकवाडकडाणं खडक्कओ निसुणिओ तत्तो' (सुपा ४१४)।

खडक्कार पुं [खटत्कार] ऊपर देखो (सुर ११, ११२; विक्र ९०)।

खडक्किआ } स्त्री [दे] खिड़की, छोटा द्वार
खडक्की } (कप्पू; महा; दे २, ७१)।

खडक्किय देखो खडक्कय (धर्मवि ५६)।

खडक्खड पुं [खटत्खट] खट-खट आवाज (मोह ८६)।

खडक्खर देखो छडक्खर (सम्मत्त १४३)।

खडखड पुं [खडखड] देखो खाडखड (इक)।

खडखडग वि [दे] छोटा और लम्बा (राज)।

खडट्टोबिल पुं [दे] एक म्लेच्छ-जाति (मृच्छ १५२)।

खडणा स्त्री [दे] गैया, गौ (गा ६३९ अ)।

खडहड पुं [खटखट] साँकल वगैरह की आवाज, खटत्कार (सुपा ५०२)।

खडहडी स्त्री [दे] जन्तु-विशेष, गिलहरी, गिल्ली (दे २, ७२)।

खडिअ देखो खट्टिअ (गा ६८२ अ)।

खडिअ देखो खलिअ (गा १९२ अ)।

खडिअ पुं [दे] दवात, स्याही का पात्र (धर्मवि ५७)।

खडिआ स्त्री [खटिका] खड़ी, लड़कों को लिखने की खड़ी या खड़िया (कप्पू)।

खडी स्त्री [खटी] ऊपर देखो (प्राकृ)।

खडुआ स्त्री [दे] मौक्तिक, मोती (दे २, ६८)।

खडुक्क अक [आविस् + भू] प्रकट होना, उत्पन्न होना। खडुक्कंति (वज्जा ४६)।

खडुक्क } पुंस्त्री [दे] मुंड सिर पर उंगली
खडुग } का आघात (वव १)।

खड्ड सक [मृद्] मर्दन करना। खड्डइ (हे ४, १२६)।

खड्ड } न [दे] १ श्मश्रु, दाढ़ी-मूँछ (दे २,
खड्डुग } ६६; पाअ)। २ बड़ा, महान् (विसे २५७९ टी)। ३ गर्त्त के आकारवाला (उवा)।

खड्डा स्त्री [दे] १ खानि, आकर (दे २, ६६)। २ पर्वत का खात, पर्वत का गर्त्त (दे २, ६६)। ३ गर्त्त, गड्ढा, खड्डा (सुर २, १०३; स १५२; सुपा १५; श्रा १६; महा; उत्त २; पंचा ७)।

खड्डिअ वि [मृदित] जिसका मर्दन किया गया हो वह (कुमा)।

खड्डुया स्त्री [दे] ठोकर, आघात; 'खड्डुया मे चवेडा मे' (उत्त १, ३८)।

खड्डोलय पुं [दे] खड्डा, गर्त्त, गड्ढा (स ३९३)।

खण सक [खन्] खोदना। खणइ (महा)। कर्म. खम्मइ, खणिज्जइ (हे ४, २४४)। वकृ. खणेमाण (सुर २, १०३)। संकृ-

खणेत्तु (आचा)। कवकृ. खन्नमाण (पि ५४०)।

खण पुं [क्षण] काल-विशेष, बहुत थोड़ा समय (ठा २, ४; हे २, २०; गउड; प्रासू १३४)। °जोइ वि [°योगिन्] क्षणमात्र रहनेवाला (सूत्र १, १, १)। °भंगुर वि [°भङ्गुर] क्षण-विनश्वर, क्षणिक (पउम ८, १०५; गा ४२३; विवे ११४)। °या स्त्री [°दा] रात्रि, रात (उप ७६८ टी।

खणक्खण } अक [खणखणाय्] 'खण-खणखणखण } खण' आवाज करना। खण-खणंति (पउम ३६, ५३)। वकृ. खण-क्खणंत (स ३८४)।

खणग वि [खनक] खोदनेवाला (णाया १, १८)।

खणण न [खनन] खोदना (पउम ८६, ६०; उप पृ २२१)।

खणय देखो खण = क्षण (आचा; उवा)।

खणय वि [खनक] खोदनेवाला (दे १, ८५)।

खणाविय वि [खानित] खुदाया हुआ (सुपा ४५४; महा)।

खणि स्त्री [खनि] खान, आकर (सुपा ३५०)।

खणिक्क } देखो खणिय = क्षणिक; 'सद्दाइया खणिग } कामगुणा खणिक्का' (श्रु १५२; धर्मसं २२८)।

खणित्त न [खनित्र] खोदने का अस्त्र, खन्ती (दे ४, ४)।

खणिय वि [क्षणिक] १ क्षण-विनश्वर, क्षण-भंगुर (विसे १६७२)। २ वि. फुरसत-वाला, काम-धंधा से रहित; 'नो तुम्हे विव अम्हे खणिया इय वुत्तु नीहरिओ' (धम्म ८ टी)। °वाइ वि [°वादिन्] सर्व पदार्थ को क्षण-विनश्वर माननेवाला, बौद्धमत का अनुयायी (राज)।

खणिय वि [खनित] खुदा हुआ (सुपा २५६)।

खणी देखो खणि (पात्र)।

खणुसा स्त्री [दे] मन का दुःख, मानसिक पीड़ा (दे २, ६८)।

खण्ण न [दे] खात, खोदा हुआ (दे २, ६६; बृह ३; वव १)।

खण्ण वि [खन्य] खोदने योग्य (दे २, ३६)।

खण्णु देखो खाणु (दे २, ६६; षड्)।

खण्णुअ पुं [दे. स्थाणुक] कीलक, खोंटी, खूँटा (दे २, ६८; गा ६४; ४२२ अ)।

खत्त न [दे] १ खात, खोदा हुआ (दे २, ६६; पात्र)। २ शस्त्र से तोड़ा हुआ (ओघ ३४०)। ३ सेंध, चोरी करने के लिए दीवाल में किया हुआ छेद (उप पृ ११६; णाया १, १८)। ४ खाद, गोबर (उप ५६७ टी)। °खणग पुं [°खनक] सेंध लगाकर चोरी करनेवाला (णाया १, १८)। °खणण न [°खनन] सेंध लगाना (णाया १, १८)। °मेह पुं [°मेघ] करीष के समान रसवाला मेघ (भग ७, ६)।

खत्त पुं [क्षत्र] क्षत्रिय, मनुष्य-जाति-विशेष (सुपा १६७; उत्त १२)।

खत्त वि [क्षात्र] १ क्षत्रिय-संबन्धी, क्षत्रिय का। २ न. क्षत्रियत्व, क्षत्रियपन; 'अहह अखत्तं करेइ कोइ इमो' (धम्म ८ टी; नाट)।

खत्तय पुं [दे] १ खेत खोदनेवाला। २ सेंध लगाकर चोरी करनेवाला। ३ ग्रह-विशेष, राहु (भग १२, ६)।

खत्ति पुं [दे] एक म्लेच्छ-जाति (मृच्छ १५२)।

खत्ति पुंस्त्री [क्षत्रिन्] नीचे देखो, 'खत्तीण सेट्ठे जह दंतवक्के' (सूत्र १, ६, २२)।

खत्तिअ पुंस्त्री [क्षत्रिय] मनुष्य की एक जाति, क्षत्री, राजन्य (पिंग; कुमा; हे २, १८५; प्रासू ८०)। °कुंडग्गाम पुं [°कुण्डग्राम] नगर-विशेष, जहाँ श्रीमहावीर देव का जन्म हुआ था (भग ६, ३३)। °कुंडपुर न [°कुण्डपुर] पूर्वोक्त ही अर्थ (आचा २, १५, ४)। °विज्जा स्त्री [°विद्या] धनु-विद्या (सूत्र २, २)।

खत्तिणी } स्त्री [क्षत्रियाणी] क्षत्रिय जाति खत्तियाणी } की स्त्री (पिंग; कप्प)।

खद्द न [दे] प्रभूत लाभ (पंचा १७, २१)।

खद्ध वि [दे] १ भुक्त, भक्षित (दे २, ६७; सुपा ६१०; उप पृ २५२; सण; भवि)। २ प्रचुर, बहुत; 'खद्धे भवदुक्खजले तरइ विणा नेय सुगुरुतरिं' (सार्ध. ११४; दे २, ६७; पव २; बृह ४)। ३ विशाल, बड़ा (ओघ ३०७; ठा ३, ४)। ४ अ. शीघ्र, जल्दी (आचा २, १, ६)। °दाणिअ वि. [°दानिक] समृद्ध, ऋद्धि-संपन्न (ओघ ८६)।

खन्न [दे] देखो खण्ण (पात्र)।

खन्नमाण देखो खण = खन्।

खन्नुअ [दे] देखो खण्णुअ (पात्र)।

खपुसा स्त्री [दे] एक प्रकार का जूता (बृह ३)।

खप्पर पुं [कर्पर] १ मनुष्य-जाति-विशेष, 'पत्ते तम्मि दसएणगेसु पवलं जं खप्पराणं बलं' (रंभा)। २ भिक्षा-पात्र, कपाल (सुपा ४६५)। ३ खोपड़ी, कपाल (हे १, १८१)। ४ घट वगैरह का टुकड़ा (पउम २०, १६६)।

खप्पर } वि [दे] रूक्ष, रूखा, निष्ठुर खप्पुर } (दे २, ६६; पात्र)।

खम सक [क्षम्] १ क्षमा करना, माफ करना। २ सहन करना। खमइ (उवर ८३; महा)। कर्म. खमिज्जइ (भवि)। कृ. खम्मियव्व (सुपा ३०७; उप ७२८ टी; सुर ४, १६७)। प्रयो. खमावइ (भवि)। संकृ. खमावइत्ता, खमावित्ता (पडि; काल)। कृ. खमावियव्व (कप्प)।

खम वि [क्षम] १ उचित, योग्य; 'सच्चित्तो आहारो न खमो मणसा वि पत्थेउं' (पच ५४; पात्र)। २ समर्थ, शक्तिमान् (दे १, १७; उप ६५०; सुपा ३)।

खमग पुं [क्षमक, क्षपक] तपस्वी जैन साधु (उप पृ ३६२; ओघ १४०; भत्त ४४)।

खमण न [क्षपण] तपश्चर्या, बेला, तेला आदि तप (पिंड ३१२)।

खमण न [क्षपण, क्षमण] १ उपवास (बृह १; निचू २०)। २ पुं. तपस्वी जैन साधु (ठा १०—पत्र ५१४)।

खमय देखो खमग (ओघ ५६४; उप ४८६; भत्त ४०)।

खमा स्त्री [क्षमा] १ पृथिवी, भूमि; 'उव्वूढ-खमाभारो' (सुपा ३४८)। २ क्रोध का अभाव, क्षान्ति (हे २, १८)। °वइ पुं [°पति] राजा, नृप, भूपति (धर्म १६)। °समण पुं [°श्रमण] साधु, ऋषि, मुनि (पडि)। °हर पुं [°धर] १ पर्वत, पहाड़। २ साधु, मुनि (सुपा ३२६)।

खमावणया } स्त्री [क्षमणा] खमाना, माफी **खमावणा** } माँगना (भग १७, ३; राज)।

खमाविय वि [क्षमित] माफ किया हुआ (हे ३, १५२; सुपा ३६४)।

खमिय वि [क्षमित] माफ किया हुआ (कुप्र १६)।

खम्म देखो **खण** = खन्। खम्मइ (प्राकृ ६८)।

खम्मक्खम पुं [दे] १ संग्राम, लड़ाई। २ मन का दुःख। ३ पश्चात्ताप का निश्वास (दे २, ७६)।

खय देखो **खच**। खग्रइ (षड्)।

खय अक [क्षि] क्षय पाना, नष्ट होना। खग्रइ (षड्)।

पभावई स्त्री [प्रभावती] १ उन्नीसवें जिन-देव की माता का नाम (सम १५१)। २ रावण की एक पत्नी का नाम (पउम ७४, ११)। ३ उदायन राजर्षि की पटरानी और चेड़ा नरेश की पुत्री का नाम (पडि)। ४ बलदेव के पुत्र निषध की भार्या (भ्राचू १)। ५ राजा बल की पत्नी (भग ११, ११)।

पभावग वि [प्रभावक] प्रभाव बढ़ानेवाला, शोभा की वृद्धि करनेवाला (श्रा ६; द्र २३)। २ उन्नति-कारक। ३ गौरव जनक (कुप्र १६८)।

पभावण न [प्रभावन] नीचे देखो (श्रु ९)।

पभावणा स्त्री [प्रभावना] १ माहात्म्य, गौरव। २ प्रसिद्धि, प्रख्याति (गाया १, १६—पत्र १२२; श्रा ६; महा)।

पभावय वि [प्रभावक] गौरव बढ़ानेवाला (संबोध ३१)।

पभावाल पुं [प्रभावाल] वृक्ष-विशेष (राज)।

पभाविंत देखो **पभाव** = प्र + भावय्।

पभास सक [प्र + भाष्] बोलना, भाषण करना। पभासंति (विसे ४६६ टी)। वकृ. **पभासंत, पभासयंत, पभासमाण** (उप पृ २३; पउम ५५, १८; ८६, १०)।

पभास अक [प्र + भास्] प्रकाशित होना। पभासिंति (सुज्ज १६)। भूका—पभासिसु (भग; सुज्ज १६)। भवि. पभासिस्संति (सुज्ज १६)। वकृ. **पभासमाण** (कप्प)।

पभास सक [प्र + भासय्] प्रकाशित करना। प्रभासेइ (भग)। पभासंति (सुज्ज ३—पत्र ६४)। वकृ. **पभासयंत, पभासेमाण** (पउम १०८, ३३; रयण ७५; कप्प; उवा; ओप; भग)।

पभास पुं [प्रभास] १ भगवान् महावीर के एक गणधर का नाम (सम १६; कप्प)। २ एक विकटापाती पर्वत का अधिष्ठाता देव (ठा २, ३—पत्र ६६)। ३ एक जैन मुनि का नाम (धर्म ३)। ४ एक चित्रकार का नाम (धम्म ३१ टी)। ५ न. तीर्थ-विशेष (जं ३, महा)। ६ देव-विमान-विशेष (सम १३, ४१)। °**तित्थ** न [°तीर्थ] तीर्थ-विशेष, भारतवर्ष की पश्चिम दिशा में स्थित एक तीर्थ (इक)।

पभासा स्त्री [प्रभासा] अहिंसा, दया (पण्ह २, १)।

पभासिय वि [प्रभाषित] उक्त, कथित (सूत्र १, १, १, १६)।

पभासेमाण देखो **पभास** = प्र + भासय्।

पभिइ देखो **पभिइं** (द्र ५५)।

°**पभिइ** वि.ब. [°प्रभृति] इत्यादि, वगैरह (भग; उवा; महा)।

पभिइं } अ [प्रभृति] प्रारम्भ कर, (वहां
पभिई } से) शुरू कर, लेकर; 'बालभावाओ
पभीइ } पभिइं' (सुर ४, १६७; कप्प;
पभीइं } महा; स ७३६; २७५ टि)।

पभीय वि [प्रभीत] अति भीत, अत्यन्त डरा हुआ (उत ५, ११)।

पभु पुं [प्रभु] १ इक्ष्वाकु वंश के एक राजा का नाम (पउम ५, ७)। २ स्वामी, मालिक (पउम ६३, २६; बृह २)। ३ राजा, नृप; 'पभू राया अणुप्पभू जुवराया' (निचू २)। ४ वि. समर्थ, शक्तिमान् (श्रा २७; भग १५, उवा, ठा ४, ४)। ५ योग्य, लायक; 'पभुत्ति वा जोग्गोत्ति वा एगट्ठा' (निचू २०)।

पभुंज सक [प्र + भुज्] भोग करना। पभुंजेदि (शौ) (द्रव्य ६)।

पभुति (पै) देखो **पभिइं** (कुमा)।

पभुत्त वि [प्रभुक्त] १ जिसने खाने का प्रारम्भ किया हो वह (सुर १०, ५८)। २ जिसने भोजन किया हो वह (स १०४)।

पभूइ } देखो **पभिइं** (पउम ६, ७६; स
पभूइं } २७५)।

पभूय वि [प्रभूत] प्रचुर, बहुत (भग; पउम ५, ५; गाया १, १; सुर ३, ८१; महा)।

पभोय (अप) देखो **उवभोग**; 'भोय-पभोयमाणु जं किजइ' (भवि)।

पमइल वि [प्रमलिन] अति मलिन (गाया १, १)।

पमक्खण न [प्रम्रक्षण] १ अभ्यञ्जन, विलेपन। २ विवाह के समय किया जाता एक तरह का उबटन (स ७४)।

पमक्खिअ वि [प्रम्रक्षित] १ विलिप्त। २ विवाह के समय जिसको उबटन किया गया हो वह (वसु; सम ७५)।

पमज्ज सक [प्र + मृज्, मार्ज्] मार्जन करना, साफ-सुथरा करना, झाड़ू आदि से धूलि वगैरह को दूर करना। पमज्जइ (उव;

उवा)। पमज्जिया (आचा)। वकृ. **पमज्जेमाण** (ठा ७)। संकृ. **पमज्जित्ता** (भग; उवा)। हेकृ. **पमज्जित्तु** (पि ५७७)।

पमज्जण न [प्रमार्जन] मार्जन, भूमि-शुद्धि (अंत)।

पमज्जणिया, **पमज्जणी** स्त्री [प्रमार्जनी] झाड़ू, भूमि साफ करने का उपकरण (णाया १, ७; धर्म ३)।

पमज्जय वि [प्रमार्जक] प्रमार्जन करनेवाला (दे ५, १८)।

पमज्जिअ वि [प्रमृष्ट, प्रमार्जित] साफ किया हुआ (उवा; महा)।

पमत्त वि [प्रमत्त] १ प्रमाद-युक्त, असावधान, प्रमादी, बेदरकार (उवा; अभि १८५; प्रासू ६८)। २ न. छठवाँ गुण-स्थानक (कम्म ४, ४७; ५६)। ३ प्रमाद (कम्म २)। °**जोग** पुं [°योग] प्रमाद-युक्त चेष्टा (भग)। °**संजय** पुं [°संयत] प्रमादी साधु, प्रमाद-युक्त मुनि (भग ३, ३)।

पमद देखो **पमय** (स्वप्न ५१; कप्पू)।

पमदा देखो **पमया** (नाट—शकु २)।

पमद्द सक [प्र + मृद्] १ मर्दन करना। २ विनाश करना। ३ कम करना। ४ चूर्ण करना। ५ रुई की पूणी—पूनी बनाना। वकृ. **पमद्दमाण** (पिंड ५७४)।

पमद्द पुं [प्रमर्द] १ ज्योतिष शास्त्र में प्रसिद्ध एक योग (सम १३; सुज्ज १०, ११)। २ संघर्ष, संमर्द (राज)। ३ वि. मर्दन करनेवाला। ४ विनाशक; 'सारं मरणाइ सव्वं पच्चक्खाणं खु भवदुहपमद्दं' (संबोध ३७)।

पमद्दण न [प्रमर्दन] १ चूरना, चूर्ण करना (राय)। २ नाश करना। ३ कम करना (सम १२२)। ४ रुई की पूणी करना (पिंड ६०३)। ५ वि. विनाश करनेवाला (पंचा १४, ४२)।

पमद्दय वि [प्रमर्दक] प्रमर्दन-कर्त्ता (दसनि १०, ३०)।

पमद्दि वि [प्रमर्दिन्] प्रमर्दन करनेवाला (औप; पि २६१)।

पमय पुं [प्रमद] १ आनन्द, हर्ष (काल; श्रा २७)। २ न. धतूरे का फल। °**च्छी** स्त्री [°ाक्षी] स्त्री, महिला (सुपा २३०)। °**वण** न [°वन] राजा का अन्तःपुर-स्थित वह वन या बागीचा जहाँ राजा रानियों के साथ क्रीड़ा करे (से ११, ३७; णाया १, ८; १३)।

पमया स्त्री [प्रमदा] उत्तम स्त्री, श्रेष्ठ महिला (उव; बृह ४)।

पमह पुं [प्रमथ] शिव का अनुचर (पाअ)। °**णाह** पुं [°नाथ] महादेव (समु १५०)। °**हिव** पुं [°धिप] शिव, महादेव (गा ४४८)।

पमा सक [प्र + मा] सत्य-सत्य ज्ञान करना। कर्म. पमीयए (विसे ९४६)।

पमा स्त्री [प्रमा] १ प्रमाण, परिमाण; 'पीअ-लधाउविणिम्मिअविहुत्थिसमप्पहुलिंगआहरणं' (कुमा)। २ प्रमाण, न्याय; 'अतिप्पसंगो पमासिद्धो' (धर्मसं ६८१)।

पमा° देखो **पमाय** = प्रमाद (वव १)।

पमाइ वि [प्रमादिन्] प्रमादी, बेदरकार (सुपा ५४३; उव; आचा)।

पमाइअव्व देखो **पमाय** = प्र + मद्।

पमाइल्ल देखो **पमाइ**; 'धम्मपमाइल्ले' (उप ७२८ टी)।

पमाण सक [प्र + मानय्] विशेष रीति से मानना, आदर करना। कृ. **पमाणणिज्ज** (श्रा २७)।

पमाण न [प्रमाण] १ यथार्थ ज्ञान; सत्य ज्ञान। २ जिससे वस्तु का सत्य-सत्य ज्ञान हो वह, सत्य ज्ञान का साधन (अणु)। ३ जिससे नाप किया जाय वह; 'अणुप्पमाणंपि' (श्रा २७; भग; अणु)। ४ नाप, माप, परिमाण (विचार ५४४; ठा ५, ३; जीवस ९४; भग; विपा १, २)। ५ संख्या (अणु; जी २६)। ६ प्रमाण-शास्त्र, न्याय-शास्त्र, तर्क-शास्त्र; 'लक्खणसाहित्तपमाणजोइसाईणि सा पढइ' (सुपा १०३)। ७ पुंन. सत्य रूप से जिसका स्वीकार किया जाय वह। ८ माननीय, आदरणीय। ९ सच्चा, सही, ठीक-ठीक, यथार्थ; 'कमागओ जो य जेसिं किल धम्मो सो य पमाणो तेसिं' (सुपा ११०; श्रा १४); 'सुचिरंपि अच्छमाणो नलथंभो

पिच्छ इच्छुवाडम्मि।

कीस न जायइ महुरो जइ

सेसग्गी पमाणं ते' (प्रासू ३३)।

°**वाय** पुं [°वाद] न्याय-शास्त्र, तर्क-शास्त्र (सम्मत्त ११७)। °**संवच्छर** पुं [°संवत्सर] वर्ष-विशेष (सुज्ज १०, २०)।

पमाण सक [प्रमाणय्] प्रमाण रूप से स्वीकार करना। पमाण, पमाणह (पिंग)। वकृ. **पमाणंत** (उवर १८९)। कृ. **पमाणियव्व** (सिरि ९१)।

पमाणिअ वि [प्रमाणित] प्रमाण रूप से स्वीकृत (सुपा ११०; श्रा १२)।

पमाणिआ, **पमाणी** स्त्री [प्रमाणिका, प्रमाणी] छन्द-विशेष (पिंग)।

पमाणीकर सक [प्रमाणी + कृ] प्रमाण करना, सत्य रूप से स्वीकार करना। कर्म. पमाणीकरीअदि (शौ) (पि ३२४)। संकृ. **पमाणीकिअ** (नाट—मालवि ४०)।

पमाद देखो **पमाय** = प्र + मद्। कृ. **पमादेयव्व** (णाया १, १—पत्र ६०)।

पमाद देखो **पमाय** = प्रमाद (भग; औप; स्वप्न १०६)।

पमाय अक [प्र + मद्] प्रमाद करना, बेदरकारी करना। पमायइ, पमायए (उव; पि ४६०)। वकृ. **पमायंत** (सुपा १०)। कृ. **पमाइअव्व** (भग)।

पमाय पुं [प्रमाद] १ कर्तव्य कार्य में अप्रवृत्ति और अकर्तव्य कार्य में प्रवृत्ति रूप असावधानता, बेदरकारी (आचा; उत ४, ३२; महा; प्रासू ३८; १३४)। २ दुःख, कष्ट; 'समग्गलोयाण वि जा तिमायासमा समुप्पाइयपुप्पमाया' (सत्त ३५)।

पमार पुं [प्रमार] १ मरण का प्रारम्भ (भग १५)। २ बुरी तरह मारना (ठा ५, १)।

पमारणा स्त्री [प्रमारणा] बुरी तरह मारना (वव ३)।

पमिय वि [प्रमित] परिमित, नापा हुआ; 'अंगुलमूलासंखिअभागप्पमिया उ होंति सेढीओ' (पंच २, २०)।

पमिलाण वि [प्रम्लान] अतिशय मुरझाया हुआ (ठा ३, १; धर्मवि ५५)।

पमिलाय अक [प्र + म्लै] मुरझाना, 'पराण-पन्नाय परेणं जोणी पमिलायए महिलियाणं' (तंदु ४)।

पमिल्ल अक [प्र + मील्] विशेष संकोच करना, सकुचना। पमिल्लइ (हे ४, २३२; प्राप्र)।

पमीय° देखो पमा = प्र + मा।

पमील देखो पमिल्ल। पमीलइ (हे ४, २३२)।

पमुइअ वि [प्रमुदित] हर्ष-प्राप्त, हर्षित (औप, जीव ३)।

पमुंच सक [प्र + मुच्] छोड़ना, परित्याग करना। पमुंचंति (उव)। कर्म. पमुच्चइ (पि ५४२)। भवि. पमोक्खसि (आचा)। वकृ. पमुंचमाण (राज)।

पमुक्क वि [प्रमुक्त] परित्यक्त (हे २, ९७; षड्)।

°पमुक्ख देखो °पमुह (सुपा १०; गु ११; जी १०)।

पमुच्छिय पुं [प्रमूर्च्छित] नरकावास-विशेष (देवेन्द्र २७)।

पमुत्त देखो पमुक्क (पि ५६६)।

पमुदिय देखो पमुइअ (सुर ३, २०)।

पमुद्ध वि [प्रमुग्ध] अत्यन्त मुग्ध (नाट—मालती ४४)।

पमुह वि [प्रमुख] १ तल्लीन दृष्टिवाला, 'एगप्पमुहे' (आचा)। २ पुं. ग्रह-विशेष, ज्योतिष्क देव-विशेष (ठा २, ३)। ३ न. प्रकृष्ट आरम्भ, आदि, आपात; 'किंपागफल-सरिच्छो भोगा पमुहे हवंति गुणमहुरा' (पउम १०८, ३१; पाअ)।

°पमुह वि. ब. [°प्रमुख] १ वगैरह, आदि। २ प्रधान, श्रेष्ठ, मुख्य (औप; प्रासू १६६)।

पमुहर वि [प्रमुखर] वाचाल, बकवादी (उत्त १७, ११)।

पमेइल वि [प्रमेदस्विन्] जिसके शरीर में चर्बी बहुत हो वह, 'थूले पमेइले वज्झे पाइमेत्ति य नो वए' (दस ७, २२)।

पमेय वि [प्रमेय] प्रमाण-विषय, सत्य-पदार्थ (धर्मसं ११९०)।

पमेह पुं [प्रमेह] रोग-विशेष, मेह रोग, मूत्र-दोष, बहुमूत्रता (निचू १)।

पमोअ पुं [प्रमोद] १ आनन्द, खुशी, हर्ष (सुर १, ७८; महा; णंदि)। २ राक्षस-वंश के एक राजा का नाम, एक लंका-पति (पउम ५, २६३)।

पमोक्ख° देखो पमुंच।

पमोक्ख पुंन [प्रमोक्ष] १ मुक्ति, निर्वाण (सूअ १, १०, १२)। २ प्रत्युत्तर, जवाब; 'नो संचाएइ...... किंचिवि पमोक्खमक्खाइउं' (भग)।

पमोक्खण न [प्रमोचन] परित्याग, 'कंठा-कंठियं अवयासिय बाहपमोक्खणं करेइ' (णाया १, २—पत्र ८८)।

पमोयणा स्त्री [प्रमोदना] प्रमोदन, प्रमोद, आह्लाद, आनंद (चेइय ४११)।

पम्मलाअ अक [प्र + म्लै] अधिक म्लान होना। पम्मलाअदि (शौ); (पि १३६; नाट—मालती ५३)।

पम्माअ, पम्माइअ वि [प्रम्लान] १ विशेष म्लान, अत्यन्त मुरझाया हुआ; 'पम्माअ-सिरीसाइं व। जह से जायाइं अंगाइं' (गा ५६; गा ५६ टि)। २ शुष्क; 'वसहा य जायथामा, गामा पम्मायविक्खल्ला' (धर्मवि ५३)।

पम्माण वि [प्रम्लान] १ निस्तेज, मुरझाया हुआ। २ न. फीकापन, मुरझाना; 'पम्हा (? म्मा) णहरणलिंगो' (अणु १३९)।

पम्मि पुं [दे] पाणि, हाथ, कर (षड्)।

पम्मुक्क देखो पमुक्क (हे २, ९७; षड्; कुमा)।

पम्मुह वि [प्राङ्मुख] पूर्व की ओर जिसका मुँह हो वह (भवि; वज्जा १६४)।

पम्ह पुंन [पक्ष्मन्] १ अक्षि-लोम, बरवनी, आँख के बाल (पाअ)। २ पद्म आदि का केसर, किंजल्क (उवा; भग; विपा १, १)। ३ सूत्र आदि का अत्यल्प भाग। ४ पंख, पाँख (हे २, ७४; प्राप्र)। ५ केश का अग्र-भाग (से ६, २०)। ६ अग्र-भाग; 'णअणाहु-आसणवइत्तपत्तणपम्हं' (से १५, ७३)। ७ महाविदेह वर्ष का एक विजय—प्रदेश (ठा २, ३; इक)। ८ न. एक देव-विमान (सम १५)। °कंत न [°कान्त] एक देव-विमान का नाम (सम १५)। °कूड पुं [°कूट] १ पर्वत-विशेष (राज)। २ न. ब्रह्मलोक नामक देवलोक का एक देव-विमान (सम १५)। ३ पर्वत-विशेष का एक शिखर (ठा २, ३; ६)। °ज्झय न [°ध्वज] देव-विमान-विशेष (सम १५)। °प्पभ न [°प्रभ] ब्रह्मलोक का एक देवविमान (सम १५)। °लेस, °लेस्स न [°लेश्य] ब्रह्मलोक-स्थित एक देव-विमान (सम १५; राज)। °वण्ण न [°वर्ण] वही पूर्वोक्त अर्थ (सम १५)। °सिंग न [°शृङ्ग] वही अर्थ (सम १५)। °सिट्ठ न [°सृष्ट] वही पूर्वोक्त अर्थ (सम १५)। °वत्त न [°वर्त्त] वही अर्थ (सम १५)।

पम्ह देखो पउम (पण्ह १, ४—पत्र ६७; ७८; जीव ३)। °गंध वि [°गन्ध] १ कमल की गन्ध। २ वि. कमल के समान गन्धवाला (भग ६, ७)। °लेस वि [°लेश्य] पद्म नामक लेश्यावाला (भग)। °लेसा स्त्री [°लेश्या] लेश्या-विशेष, पाँचवीं लेश्या, आत्मा का शुभतर परिणाम-विशेष (ठा ३, १; सम ११)। °लेस्स देखो °लेस (पण्ण १७—पत्र ५११)।

पम्हअ सक [प्र + स्मृ] भूल जाना, विस्मरण होना। पम्हअइ (प्राकृ ६१)।

पम्हगावई स्त्री [पद्मकावती] महाविदेह वर्ष का एक विजय, प्रदेश-विशेष (ठा २, ३; इक)।

पम्हट्ठ वि [प्रस्मृत] १ विस्मृत (से ४, ४२)। २ जिसको विस्मरण हुआ हो वह; 'किं पम्हट्ठ म्हि अहं तुह चलणप्पणामविहं-आपडिउणं' (से ६, १२)।

पम्हट्ठ वि [दे] १ प्रभ्रष्ट, विलुप्त (से ४, ४२)। २ फेंका हुआ, प्रक्षिप्त; 'पम्हट्ठं वा परिट्ठविअं ति वा एगट्ठं' (वव १)।

पम्हय वि [पक्ष्मज] १ पक्ष्म से उत्पन्न। २ न. एक प्रकार का सूता (पंचभा)।

पम्हर पुं [दे] अपमृत्यु, अकाल-मरण (दे ६, ३)।

पम्हल वि [पक्ष्मल] पक्ष्म-युक्त, सुंदर अक्षि-लोमवाला (हे २, ७४; कुमा; षड्; औप; गउड; सुर ३, १३६; पाअ)।

पम्हल पुं [दे] किंजल्क, पद्म आदि का केसर (दे ६, १३; षड्)।

पम्हलिय वि [दे. पक्ष्मलित] धवलित, सफेद किया हुआ; 'लायण्णजोण्हापवाहपम्ह-लियचउद्दिसाभोओ' (स ३६)।

पम्हस सक [वि + स्मृ] विस्मरण करना, भूल जाना। पम्हसइ (षड्); पम्हसिज्जासु (गा ३४८)।

पम्हसाविय वि [विस्मारित] भुलाया हुआ, विस्मृत कराया हुआ (सुख २, ५)।

पम्हा स्त्री [पद्मा] १ लेश्या-विशेष, पद्म-लेश्या; आत्मा का शुभतर परिणाम-विशेष (कम्म ३, २२; श्रा २६)। २ विजय-क्षेत्र विशेष (राज)।

पम्हार पुं [दे] अपमृत्यु, बेमौत मरण (दे ६, ३)।

पम्हावई स्त्री [पक्ष्मावती] १ विजय-विशेष की एक नगरी (ठा २, ३; इक)। २ पर्वत-विशेष (ठा २, ३—पत्र ८०)।

पम्हुट्ठ वि [दे] १ नष्ट, नाश-प्राप्त (हे ४; २५८)। २ विस्मृत; 'पम्हुट्ठं विम्हरिअं' (पाअ), 'किं थ तयं पम्हुट्ठं' (णाया १, ८—पत्र १४८; विचार २३८)।

पम्हुत्तरवडिंसग न [पक्ष्मोत्तरावतंसक] ब्रह्मलोक में स्थित एक देव-विमान (सम १५)।

पम्हुस सक [वि + स्मृ] भूलना, विस्मरण करना। पम्हुसइ (हे ४, ७५)।

पम्हुस सक [प्र + मृश्] स्पर्श करना। पम्हुसइ, पम्हुस (हे ४, १८४; कुमा ७, २६)।

पम्हुस सक [प्र + मुष्] चोराना, चोरी करना। पम्हुसइ; पम्हुसेइ; पम्हुसंति (हे ४, १८४; सुपा १३७; कुमा ७, २६)।

पम्हुसण न [विस्मरण] विस्मृति (पंचा १५, ११)।

पम्हुसिअ वि [विस्मृत] जिसका विस्मरण हुआ हो वह (कुमा; उप ७६८ टी)।

पम्हुह सक [स्मृ] स्मरण करना, याद करना। पम्हुहइ (हे ४, ७४)।

पम्हुहण वि [स्मर्तृ] स्मरण करनेवाला (कुमा)।

पय सक [पच्] पकाना, पाक करना। पयइ (हे ४, ६०)। वकृ. **पयंत** (कप्प)। संकृ. **पइउं** (कुप्र २६६)।

पय सक [पद्] १ जाना। २ जानना। ३ विचारना। पयइ (विसे ४०८)।

पय पुंन [पयस्] १ क्षीर, दूध; 'पओ' (हे १, ३२; ओघ १२; पाअ)। २ पानी, जल (सुपा १३६; पाअ)। °**हर** देखो **पओहर** (पिंग)।

पय पुं [प्रज] प्राणी, जन्तु (आचा)।

पय पुंन [पद] १ विभक्ति के साथ का शब्द, 'पयमत्थवायगं जोयगं च तं नामियाईं पंचविहं' (विसे १००३; प्रासू १३८; श्रा २३)। २ शब्द-समूह, वाक्य; 'उवएसपया इहं समक्खाया' (उप १०३८; श्रा २३)। ३ पैर, पाँव, चरण; 'जाणं च तजणातजणीइ लग्गो ठवेमि मंदपए, कव्वपहे बालो इव', 'जाव न सत्तट्ठ पए पच्चाहुत्तं नियत्तो सि' (सुपा १; धर्मवि ५४; सुर ३, १०७; श्रा २३)। ४ पाद-चिन्ह, पदाङ्क (सुर २, २३२; सुपा ३५४; श्रा २३; प्रासू ५०)। ५ पद्य का चौथा हिस्सा (अणु)। ६ निमित्त, कारण (आचा)। ७ स्थान; 'अवमाणपयं हि सेव त्ति' (सुर २, १६७; श्रा २३)। ८ पदवी, अधिकार; 'जुवरायपए किं नवि अहिसिचइ देव मे पुत्तो ?' (सुर २, १७५; महा)। ९ त्राण, शरण। १० प्रदेश। ११ व्यवसाय (श्रा २३)। १२ कूट, जाल-विशेष (सूअ १, १, २, ८)। °**खेम** न [°क्षेम] शिव, कल्याण; 'कुव्वइ अ सो पयखेममप्पणो' (दस ६, ४, ६)। °**त्थ** पुं [°स्थ] पदाति, पैदल, प्यादा; 'तुरएण सह तुरंगो पाइक्को सह पयत्थेण' (पउम ६, १८२)। °**पास** पुं [°पाश] वागुरा, जाल आदि बन्धन (सूअ १, १, २, ८, ९)। °**रक्ख** पुं [°रक्ष] पदाति, प्यादा (भवि; हे ४, ४१८)। °**विग्गह** पुं [°विग्रह] पदविच्छेद (विसे १००६)। °**विभाग** पुं [°विभाग] उत्सर्ग और अपवाद का यथा-स्थान निवेश, सामाचारी-विशेष (आव १)। °**वीढ** देखो **पाय-वीढ** (पव ४०; सुपा ६५६)। °**समास** पुं [°समास] पदों का समुदाय (कम्म १, ७)। °**णुसारि** वि [°ानुसारिन्] एक पद से अनेक अनुक्त पदों का भी अनुसंधान करने की शक्तिवाला (औप, बृह १)। °**णुसारिणी** स्त्री [°ानुसारिणी] बुद्धि-विशेष, एक पद के श्रवण से दूसरे अश्रुत पदों का स्वयं पता लगानेवाली बुद्धि (पण्ण २१)।

पय (अप) देखो **पत्त** = प्राप्त (पिंग)।

पय° देखो **पया** = प्रजा। °**पाल** वि [°पाल] १ प्रजा का पालक। २ पुं. नृप-विशेष (सिरि ४५)।

°**पय** वि [°प्रद] देनेवाला, 'पीइप्पयं' (रंभा)।

पयइ स्त्री [प्रकृति] संधि का अभाव (अणु ११२)।

पयइ देखो **पगइ** (गा ३१७; गउड; महा; नव ३१, भत्त ११४; कप्पू; कुप्र ३४६)।

पयइंद पुं [पतगेन्द्र, पदकेन्द्र] वानव्यन्तर-जातीय देवों का इन्द्र (ठा २, ३)।

पयई देखो **पयवी** (गउड)।

पयंग पुं [पतङ्ग] १ सूर्य, रवि (पाअ); 'तो हरिसपुलइयंगो चक्को इव दिट्ठउग्गयपयंगो' (उत्त ७२८ टी)। २ रंग-विशेष, रञ्जन-द्रव्य-विशेष (उर ६, ४, सिरि १०५७)। ३ शलभ, फतिंगा, उड़नेवाला छोटा कीट (णाया १, १७; पाअ)। ४—५ देखो **पयय** = पतग, पदक, पदग (पण्ह १, ४—पत्र ६८; राज)। °**वीहिया** स्त्री [°वीथिका] १ शलभ का उड़ना। २ भिक्षा के लिए पतंग की तरह चलना, बीच में दो चार घरों को छोड़ते हुए भिक्षा लेना (उत्त ३०, १९)। °**वीही** स्त्री [°वीथी] वही पूर्वोक्त अर्थ (उत्त ३०, १९)।

पयंचुल पुंन [प्रपञ्चुल] मत्स्यबन्धन-विशेष, मछली पकड़ने का एक प्रकार का जाल (विपा १, ८—पत्र ८५)।

पयंड वि [प्रचण्ड] १ अत्युग्र, तीव्र; प्रखर। २ भयानक, भयंकर (पण्ह १, १; ३; ४; उव)।

पयंड वि [प्रकाण्ड] अत्युग्र, उत्कट (पण्ह १, ४)।

पयंत देखो **पय** = पच्।

पयंप अक [प्र + कम्प्] अतिशय काँपना। वकृ. **पयंपमाण** (स ५९९)।

पयंप सक [प्र + जल्प्] १ कहना, बोलना। २ बकवाद करना। पयंपए (महा)। संकृ. **पयंपिऊण**, **पयंपिऊणं** (महा; पि ५८५)। कृ. **पयंपिअव्व** (गा ४५०; सुपा ५५२)।

पयंपण न [प्रजल्पन] कथन, उक्ति (उप पृ २१७)।

पयंपिय वि [प्रकम्पित] अति काँपा हुआ (स ३७७)।

पयंपिय वि [प्रजल्पित] १ कथित, उक्त। २ न. कथन, उक्ति। ३ बकवाद, व्यर्थ जल्पन (विपा १, ७)।

पयंपिर वि [प्रजल्पितृ] १ बोलनेवाला। २ वाचाट, बकवादी (सुर १६, ५८; सुपा ४१५; श्रा २७)।

पयंस सक [प्र + दर्शय्] दिखलाना। पयंसेंति (विसे ६३२)।

पयंसण न [प्रदर्शन] दिखलाना (स ६१३)।

पयंसिअ वि [प्रदर्शित] दिखलाया हुआ (सुर १, १०१; १२, ३२)।

पयक्क देखो **पाइक्क** (…………)।

पयक्ख सक [प्रत्या + ख्या] प्रत्याख्यान करना, प्रतिज्ञा करना। पयक्खेइ (विचार ७५५)।

पयक्खिण देखो **पदक्खिण** = प्रदक्षिण (णाया १, १६)।

पयक्खिण देखो **पदक्खिण** = प्रदक्षिणय्। संकृ. पयक्खिणिऊण (सुर ८, १०५)।

पयक्खिणा देखो **पदक्खिणा** (उप १४२ टी; सुर १४, ३०)।

पयग देखो **पयय** = पतग, पदक, पदग (राज; पव १९४)।

पयच्छ सक [प्र + यम्] देना, अर्पण करना। पयच्छइ (महा)। संकृ. पयच्छिऊण (राज)।

पयच्छण न [प्रदान] १ दान, अर्पण (सुर २, १५१)। २ वि. देनेवाला (सण)।

पयट्ट अक [प्र + वृत्] प्रवृत्ति करना। पयट्टइ (हे २, ३०; ४, ३४७; महा)। कृ. पयट्टिअव्व (सुपा १२६)। प्रयो. पयट्टावेह (स २२) संकृ. पयट्टाविउं (स ७१५)।

पयट्ट वि [प्रवृत्त] १ जिसने प्रवृत्ति की हो वह (हे २, २९; महा)। २ चलित; 'पयट्टयं चलियं' (पाअ)।

पयट्टय वि [प्रवर्त्तक] प्रवृत्ति करनेवाला (पराह १, १)।

पयट्टावअ वि [प्रवर्त्तक] प्रवृत्ति करानेवाला (कप्पू)।

पयट्टाविअ वि [प्रवर्त्तित] प्रवृत्त किया हुआ, किसी कार्य में लगाया हुआ (महा)।

पयट्टिअ वि [दे. प्रवर्त्तित] ऊपर देखो (दे ६, २६)।

पयट्टिअ वि [प्रवृत्त] प्रवृत्ति-युक्त (उत्त ४, २; सुख ४, २)।

पयट्ठाण देखो **पइट्ठाण** (काल; पि २२०)।

पयड सक [प्र + कटय्] प्रकट करना, व्यक्त करना। पयडइ, पयडेइ (सण, महा)। वकृ. पयडंत (सुपा १; गा ४०६; भवि)। हेकृ. पयडित्तु (पि ५७७)। प्रयो. पयडावइ (भवि)।

पयड वि [प्रकट] १ व्यक्त, खुला (कुमा; महा)। २ विख्यात, विश्रुत, प्रसिद्ध; 'विक्खाओ विस्सुओ पयडो' (पाअ)।

पयडण न [प्रकटन] १ व्यक्त करना, खुला करना (सण)। २ वि. प्रकट करनेवाला; 'जे तुज्झ गुणा बहुनेहपयडणा' (धर्मवि ६६)।

पयडावण न [प्रकटन] प्रकट कराना (भवि)।

पयडाविय वि [प्रकटित] प्रकट कराया हुआ (काल; भवि)।

पयडि देखो **पगइ** (पराण २३; पि २१९)।

पयडि स्त्री [दे] मार्ग, रास्ता; 'जे पुण सम्मद्दिट्ठी तेसिं मणो चडणपयडीए' (सट्ठि १४२)।

पयडिय वि [प्रकटित] प्रकट किया हुआ (सुर ३, ४८; श्रा २)।

पयडिय वि [प्रपतित] गिरा हुआ (णाया १, ८—पत्र १३३)।

पयडीकय वि [प्रकटीकृत] प्रकट किया हुआ (महा)।

पयडीकर सक [प्रकटी + कृ] प्रकट करना। प्रयो. पयडीकरावेमि (महा)।

पयडीभूअ } **पयडीहूअ** } वि [प्रकटीभूत] जो प्रकट हुआ हो (सुर ६, १८४; श्रा १६; महा; सण)।

पयड्ढणी स्त्री [दे] १ प्रतिहारी। २ आकृष्टि, आकर्षण। ३ महिषी (दे ६, ७२)।

पयण देखो **पवण** (गा ७७७)।

पयण देखो **पउण** (विसे १८५६)।

पयण } **पयणग** } न [पचन, °क] १ पाक, पकाना (औप; कुमा)। २ पात्र-विशेष, पकाने का पात्र (सूअनि ८०; जीव ३)। °साला स्त्री [°शाला] एक-स्थान (बृह २)।

पयणु } **पयणुअ** } वि [प्रतनु] १ कृश, पतला। २ सूक्ष्म, बारीक। अल्प, थोड़ा (स २४६; सुर ८, १६५; भग ३, ४; जं २; पउम ३०, ६६; से ११, ५६; गा ६८२; गउड)।

पयण्णय देखो **पइण्णग** (तंदु १)।

पयत्त अक [प्र + यत्] प्रयत्न करना। पअत्तध (शौ) (पि ४७१)।

पयत्त देखो **पयट्ट** = प्र + वृत (काल)।

पयत्त पुं [प्रयत्न] चेष्टा, उद्यम, उद्योग (सुपा; उव; सुर १, ६; २, १८२; ४, ८१)।

पयत्त वि [प्रदत्त, प्रत्त] १ दिया हुआ (भग)। २ अनुज्ञात, संमत (अनु ३)।

पयत्त देखो **पयट्ट** = प्रवृत्त (सुर २, १५६; ३, २४८; से ३, २४; ८, ३; गा ४३६)।

पयत्ताविअ वि [प्रवर्त्तित] प्रवृत्त किया हुआ (काल)।

पयत्थ पुं [पदार्थ] १ शब्द का प्रतिपाद्य, पद का अर्थ (विसे १००३, चेइअ २७१)। २ तत्व (सम १०६; सुपा २०५)। ३ वस्तु, चीज (पाअ)।

पयन्न देखो **पइण्ण** = प्रकीर्ण (भवि)।

पयन्ना देखो **पइण्णा** (उप १४२ टी)।

पयप्पण न [प्रकल्पन] कल्पना, विचार (धर्मसं ३०७)।

पयय देखो **पायय** = प्राकृत (हे १, ६७; गउड)।

पयय वि [प्रयत] प्रयत्न-शील, सतत प्रयत्न करनेवाला (औप; पउम ३; ६५; सुर १, ४; उव); 'इच्छिज्ज न इच्छिज्ज व तहवि पयओ निमंतए साहू' (पुप्फ ४२६; पडि)।

पयय पुं [पतग, पदक, पदग] १ वान-व्यन्तर देवों की एक जाति (ठा २, ३; पराण १; इक)। २ पतग देवों का दक्षिण दिशा का इन्द्र (ठा २, ३)। °वइ पुं [°पति] पतग देवों का उत्तर दिशा का इन्द्र (ठा २, ३—पत्र ८५)।

पयय न [दे] अनिश, निरन्तर (दे ६, ६)।

पयर सक [स्मृ] स्मरण करना। पयरेइ (हे ४, ७४)। वकृ. **पयरंत** (कुमा)।

पयर अक [प्र+चर्] प्रचार होना; 'रन्ना सूयारा भणिया जं लोए पयरइ तं सव्वं सव्वे रंधह' (श्रावक ७३ टी)।

पयर अक [प्र+चर्] १ फैलना। २ व्यापृत होना, काम में लगना। पयरइ (णंदि ५१)।

पयर पुं [प्रकर] समूह, सार्थ, जत्था; 'पयरो पिवीलियाणं भीमंपि भुवंगमं डसइ' (स ४२१; पाग्र; कप्प)।

पयर पुं [प्रदर] १ योनि का रोग-विशेष। २ विदारण, भंग। ३ शर, बाण (दे ६, १४)।

पयर देखो **पइर**=वप्; 'कोडुंबिग्रो य खित्ते धन्नं पयरेइ' (सुपा ३६०)।

पयर = देखो **पयार**=प्रकार (हे १, ६८; षड्)।

पयर देखो **पयार**=प्रचार (हे १, ६८)।

पयर पुंन [प्रतर] १ पत्रक, पत्रा, पतरा; 'कणगपयरलंवमाणमुत्तासमुज्जलं.......... वरविमाणपुंडरीयं' (कप्प; जीव ३; आचू १)। २ वृत्त पत्राकार आभूषण-विशेष, एक प्रकार का गहना (औप; णाया १, १)। ३ गणित-विशेष, सूची से गुणी हुई सूची (कम्म ५, ६७; जीवस ६२; १०२)। ४ भेद-विशेष, बाँस आदि की तरह पदार्थ का पृथग्भाव (भास ७)। °तव पुंन [°तपस्] तप-विशेष; °वट्ट न [°वृत्त] संस्थान-विशेष (राज)।

पयर न [प्रतर] गणित-विशेष, श्रेणी से गुनी हुई श्रेणी (अणु १७३)।

पयरण न [प्रकरण] १ प्रस्ताव, प्रसंग। २ एकार्थ-प्रतिपादक ग्रंथ। ३ एकार्थ-प्रतिपादक ग्रंथांश; 'जुम्हदम्हपयरणं' (हे १, २४६)।

पयरण न [प्रतरण] प्रथम दातव्य भिक्षा (राज)।

पयरिस देखो **पयंस**। वकृ. **पयरिसंत** (पउम ६, ६४)।

पयरिस देखो **पगरिस** (महा)।

पयल अक [प्र+चल्] १ चलना। २ स्खलित होना। पयलेज्ज (आचा २, २, ३, ३)। वकृ. **पयलेमाण** (आचा २, २, ३, ३)।

पयल देखो **पयड**=प्र+कटय्। पअल (पिंग)। संकृ. **पअलि** (अप) (पिंग)।

पयल देखो **पयड** = प्रकट (पिंग)।

पयल (अप) सक [प्र+चालय्] १ चलाना। २ गिराना। पअल (पिंग)।

पयल वि [प्रचल] चलायमान, चलनेवाला (पउम १००, ६)।

पयल पुं [दे] नीड़, पक्षि-गृह (दे ६, ७)।

पयल°, **पयला** स्त्री [दे. प्रचला] १ निद्रा, नींद (दे ६, ६)। २ निद्रा-विशेष, बैठे-बैठे और खड़े खड़े जो नींद आती है वह। ३ जिसके उदय से बैठे-बैठे और खड़े-खड़े नींद आती है वह कर्म (सम १५; कम्म १, ११)। °**पयला** स्त्री [दे. प्रचला] १ कर्म-विशेष, जिसके उदय से चलते-चलते निद्रा आती है वह कर्म। २ चलते-चलते आने-वाली नींद (कम्म १, ११; ठा ६; निचू ११)।

पयला अक [प्रचलाय्] निद्रा लेना, नींद करना। पयलाइ (पाग्र)। हेकृ. **पयलाइत्तए** (कस)।

पयलाइअ न [प्रचलायित] १ नींद, निद्रा। २ घूर्णन, नींद के कारण बैठे-बैठे सिर का डोलना (से १२, ४२)।

पयलाइया स्त्री [दे] हाथ से चलनेवाले जन्तु की एक जाति (सूअ २, ३, २५)।

पयलाय देखो **पयला**=प्रचलाय्। पयलायइ (जीव ३)। वकृ. **पयलायंत** (राज)।

पयलाय पुं [दे] १ हर, महादेव (दे ६, ७२)। २ सर्प, साँप (दे ६, ७२; षड्)।

पयलायण न [प्रचलायन] देखो **पयलाइअ** (बृह ३)।

पयलायभत्त पुं [दे] मयूर, मोर (दे ६, ३६)।

पयलिअ देखो **पयडिअ** (पिंग; पि २३८)।

पयलिय वि [प्रचलित] १ स्खलित, गिरा हुआ (राय; आउ)। २ हिला हुआ (पउम ६८, ७३; णाया १, ८; कप्प; औप)।

पयलिय वि [प्रदलित] भांगा हुआ, तोड़ा हुआ (कप्प)।

पयले सक [प्र=चालय्] चलायमान करना, अस्थिर करना। पयलेंति (दसचू १, १७)।

पयल्ल अक [प्र+सृ] पसरना, फैलना। पयल्लइ (हे ४, ७७; प्राकृ ७६)।

पयल्ल अक [कृ] १ शिथिलता करना, ढीला होना। २ लटकना। पयल्लइ (हे ४, ७०)।

पयल्ल वि [प्रसृत] फैला हुआ (पाग्र)।

पयल्ल पुं [प्रकल्य] महाग्रह-विशेष (सुज्ज २०)।

पयल्लिर वि [प्रसृमर] फैलनेवाला (कुमा)।

पयल्लिर वि [शैथिल्यकृत्] शिथिल होने-वाला, ढीला होनेवाला (कुमा ६, ४३)।

पयल्लिर वि [लम्बनकृत्] लटकनेवाला (कुमा ६ ४३)।

पयव सक [प्र+तप्, तापय्] तपाना, गरम करना। पअवेज्ज (से ४, २८)। वकृ. **पअविज्जंत** (से २, २४)।

पयव सक [पा] पीना, पान करना। कवकृ. 'धीरग्गं सहमुहल घणपअविज्जंतअं' (से २, २४)।

पयवई स्त्री [दे] सेना, लश्कर (दे ६, १६)।

पयवि स्त्री [पदवि] देखो **पयवी** (चेइय ८७२)।

पयविअ वि [प्रतप्त, प्रतापित] गरम किया हुआ, तपाया हुआ (गा १८५; से २, २५)।

पयवी स्त्री [पदवी] १ मार्ग, रास्ता (पाग्र; गा १०७; सुपा ३७८)। २ बिरुद, पदवी (उप पृ ३८६)।

पयह सक [प्र+हा] त्याग करना, छोड़ना। पयहे, पयहिज, पयहेज्ज (सूअ १, १०, १५; १, २, २, ११; १, २, ३, ६; उत्त ४, १२; स १३६)। संकृ. **पयहिय** (पउम ६३, १६; गच्छ १, २४)। कृ. **पयहियव्व** (स ७१४)।

पयहिण देखो **पदक्खिण** = प्रदक्षिण (भवि)।

पया सक [प्र+जनय्] प्रसव करना, जन्म देना। पयामि (विपा १, ७)। पयाएज्जासि (विपा १, ७)। भवि. पयाहिति, पयाहिंति, पयाहिसि (कप्प; पि ७६; कप्प)।

पया सक [प्र+या] प्रयाण करना, प्रस्थान करना। पयाइ (उत्त १३, २४)।

पया स्त्री [दे] चुल्ली, चुल्हा (राज)।

पया स्त्री. ब. [प्रजा] १ वशवर्त्ती मनुष्य, रैयत; 'जह य पयाण नरिंदो' (उव; विपा

१, १)। २ लोक, जन-समूह; (सिरि ४२; पंचा ७, ३७)। ३ जंतु-समूह; 'निव्विरण-चारी अरए पयासु' (आचा; सूअ १, ५, २, ६)। ४ संतान वाली स्त्री; 'निव्विद नंदि अरए पयासु अमोहदंसी' (आचा; सूअ १, १०, १५)। ५ संतान, संतति (सिरि ४२)। °णंद पुं [°नन्द] एक कुलकर पुरुष का नाम (पउम ३, ५३)। °नाह पुं [°नाथ] राजा, नरेश (सुपा ५७५)। °पाल पुं [°पाल] एक जैन मुनि जो पाँचवें बलदेव के पूर्वजन्म में गुरू थे (पउम २०, १९२)। °वइ पुं [°पति] १ ब्रह्मा, विधाता (पाअ; सुपा ३०५)। २ प्रथम वासुदेव के पिता का नाम (पउम २०, १८२; सम १५२)। ३ नक्षत्र-देव-विशेष, रोहिणी-नक्षत्र का अधिष्ठायक देव (ठा २, ३—पत्र ७७; सुज्ज १०, १२)। ४ दक्ष, कश्यप आदि ऋषि। ५ राजा, नरेश। ६ सूर्य, रवि। ७ वह्नि, अग्नि। ८ त्वष्टा। ९ पिता, जनक। १० कीट-विशेष। ११ जामाता (हे १, १७७; १८०)। १२ अहो-रात्र का उन्नीसवाँ मुहूर्त्त (सुज्ज १०, १३)।

पयाइ पुं [पदाति] प्यादा, पाँव से (पैदल) चलनेवाला सैनिक (हे २, १३८; षड्; कुमा; महा)।

पयाग पुंन [प्रयाग] तीर्थ-विशेष, जहाँ गंगा और यमुना का संगम है (पउम ८२, ८१; हे १, १७७)।

पयाण न [प्रदान] दान, वितरण (उवा; उप ५९७ टी; सुर ४, २१०; सुपा ४६२)।

पयाण न [प्रतान] विस्तार (भग १६, ६)।

पयाण न [प्रयाण] प्रस्थान, गमन (णाया १, ३; पण्ह २, १; पउम ५४, २८; महा)।

पयाम देखो **पकाम** (स ६५६)।

पयाम न [दे] अनुपूर्व, क्रमानुसार (दे ६, ९; पाअ)।

पयाय देखो **पयाग** (कुमा)।

पयाय वि [प्रयात] जिसने प्रयाण किया हो वह (उप २११ टी; महा, औप)।

पयाय वि [प्रजात] उत्पन्न, संजात; 'पयाय-साला विडिमा' (दस ७, ३१)।

पयाय वि [प्रजात, प्रजनित] प्रसूत, जिसने जन्म दिया हो वह; 'दारगं पयाया' (विपा १, १; २; कप्प; णाया १, १—पत्र ३३); 'पयाया पुत्तं' (वसु)।

पयाय देखो **पयाव** = प्रताप (गा ३२६; से ४, ३०)।

पयार सक [प्र + चारय्] प्रचार करना। पयारइ (सण)। संकृ. पयारिवि (अप) (सण)।

पयार सक [प्र + तारय्] प्रतारण करना, ठगना। पयारइ, पयारसि (सण)।

पयार पुं [प्रकार] १ भेद, किस्म। २ ढंग, रीति, तरह (हे १, ६८; कुमा)।

पयार पुं [प्राकार] किला, दुर्ग (पउम ३०, ४९)।

पयार पुं [प्रचार] १ संचार, संचरण (सुपा २४)। २ प्रसार, फैलाव (हे १, ६८)।

पयार पुं [प्रचार] १ प्रकर्ष-प्राप्ति (दसनि १, ४१)। २ आचरण, आचार (दसनि १, १३५)।

पयारण न [प्रतारण] वञ्चना, ठगाई (सुर १२, ६१)।

पयारिअ वि [प्रतारित] ठगा हुआ, वञ्चित (पाअ; सुर ४, १५५)।

पयाल पुं [पाताल] भगवान् अनन्तनाथजी का शासन-यक्ष; 'छम्मुह पयाल किन्नर' (संति ८)।

पयाव सक [प्र + तापय्] तपाना, गरम करना। वकृ. पयावेमाण (पि ५५२)। हेकृ. पयावित्तए (कप्प)।

पयाव पुं [प्रताप] १ तेज, प्रखरता (कुमा; सण)। २ प्रकृष्ट ताप, प्रखर ऊष्मा (पव ४)।

पयावण न [पाचन] पकवाना, पाक कराना (पण्ह १, १; श्रा ८)।

पयावण न [प्रतापन] १ गरम करना, तपाना (ओघ १८० भा; पिंड ३४; आचा)। २ अग्नि (कुप्र ३८९)।

पयावि वि [प्रतापिन्] १ प्रताप-शाली। २ पुं. इक्ष्वाकु वंश के एक राजा का नाम (पउम ५, ५)।

पयास सक [प्र + काशय्] १ व्यक्त करना। २ चमकाना। ३ प्रसिद्ध करना। पयासेइ (हे ४, ४५)। वकृ. पयासंत, पयासेंत, पयासअंत (सण; गा ४०३; उप ८३३ टी; पि ३९७)। कृ. पयासणिज्ज, पयासियव्व (उप ५९७ टी; उप पृ ५५)।

पयास देखो **पगास** = प्रकाश (पाअ; कुमा)।

पयास पुं [प्रयास] प्रयत्न, उद्यम (चेइय २६०)।

पयास (अप) नीचे देखो (भवि)।

पयासग वि [प्रकाशक] प्रकाश करनेवाला (सं ७८)।

पयासण न [प्रकाशन] १ प्रकाश-करण (आचा; सुपा ४१६)। २ वि. प्रकाशक, प्रकाश करनेवाला; 'परमत्थपयासणं वीरं' (पुप्फ १)।

पयासय देखो **पयासग** (विसे ११३०; सं १; पव ८९)।

पयासि वि [प्रकाशिन्] प्रकाश करनेवाला (सण; हम्मीर १४)।

पयासिय देखो **पगासिय** (भवि)।

पयासिर वि [प्रकाशितृ] प्रकाश करनेवाला (भवि)।

पयासे देखो **पयास** = प्र + काशय्।

पयाहिण देखो **पदक्खिण** = प्रदक्षिण (उवा, औप; भवि; पि ६५)।

पयाहिण देखो **पदक्खिण** = प्रदक्षिणय्। पयाहिणइ (भवि)। पयाहिणंति (कुप्र २९३)।

पयाहिणा देखो **पदक्खिणा** (सुपा ४७)।

पय्यवत्थाण (शौ) न [पर्यवस्थान] प्रकृति में अवस्थान (अभि ४८)।

पर सक [भ्रम्] भ्रमण करना, घूमना। परइ (हे ४, १६१; कुमा)।

पर देखो **प** = प्र (तंदु ४)।

पर वि [पर] १ अन्य, भिन्न, इतर (गा ३८४; महा; प्रासू ८; १५८)। २ तत्पर, तल्लीन; 'कोऊहलपरा' (महा; कुमा)। ३ श्रेष्ठ, उत्तम, प्रधान (आचा; रयण १५)। ४ प्रकर्ष-प्राप्त, प्रकृष्ट (आचा; श्रा २३)। ५ उत्तरवर्त्ती, बाद का; 'परलोग—' (महा)। ६ दूरवर्त्ती (सूअ १, ८; निचू १)। ७ अनात्मीय, अस्वीय (उत्त १; निचू २)। ८ पुं. शत्रु, दुश्मन, रिपु (सुर १२, ९२; कुमा; प्रासू ६)। ९ न. केवल, फक्त (कुमा; भवि)। °उट्ठ वि [°पुष्ट] अन्य से पालित। २ पुं. कोकिल पक्षी (हे १, १७९)। °उत्थिय वि

[°तीर्थिक] भिन्न दर्शनवाला (भग)। °एस पुं [°देश] विदेश, भिन्न, अन्य देश (भवि)। °ओ अ [°तस्] १ बाद में, परली—दूसरी तरफ; 'अडवीए परओ' (महा)। २ भिन्न में, इतर में (कुमा)। ३ इतर से, अन्य से (सूअ १, १२)। °गणिच्चय वि [°गणीय] भिन्न गण से संबन्ध रखनेवाला। स्त्री· °च्चिया (निचू ८)। °गरिहंझाण न [°गर्हाध्यान] इतर की निन्दा का विचार (आउ)। °घाय पुं [°घात] १ दूसरे को आघात पहुँचाना। २ पुंन. कर्म-विशेष, जिसके उदय से जीव अन्य बलवानों की भी दृष्टि में अजेय समझा जाता है वह कर्म; 'परघाउदया पाणी परेसि बलीणंपि होइ दुद्धरिसो' (कम्म १, ४४)। °चित्तण्णु वि [°चित्तज्ञ] अन्य के मन के भाव को जाननेवाला (उप १७६ टी)। °च्छंद, °छंद पुं [°च्छन्द] १ पर का अभिप्राय, अन्य का आशय (ठा ४, ४; भग २५, ७)। २ पराधीन, परतन्त्र (राज; पाअ)। °जाणुअ वि [°ज्ञ] १ पर को जाननेवाला। २ प्रकृष्ट जानकार (प्राकृ १८)। °ट्ठ पुं [°र्थ] परोपकार (राज)। °ट्ठा स्त्री [°र्थे] दूसरे के लिए; 'कडं परट्ठाए' (आचा)। °णिंदंझाण न [°निन्दाध्यान] अन्य की निन्दा का चिन्तन (आउ)। °ण्णुअ देखो °जाणुअ (प्राकृ १८)। °तंत वि [°तन्त्र] पराधीन, परायत्त (सुपा २३३)। °तिथिअ देखो °उत्थिय (भग; सम्म ८५)। °तीर न [°तीर] सामनेवाला किनारा (पाअ)। °त्त न [°त्व] १ भिन्नत्व, पार्थक्य। २ वैशेषिक दर्शन में प्रसिद्ध गुण-विशेष (विसे २४६१)। °त्त अ [°त्र] १ जन्मान्तर में, परलोक में (सुपा ५०८)। २ न. जन्मान्तर; 'ते इहअंपि परत्ते नरयगइं जंति नियमेण' (सुपा ५२१), 'इह लोए च्चिय दीसइ सग्गो नरओ य किं परत्तेण' (वज्जा १३८)। °त्थ अ [°त्र] जन्मान्तर में, 'इहं परत्थावि य जं विरुद्धं न किज्जए तंपि सया निसिद्धं' (सत्त ३७; सुर १४, ३३; उव)। °त्थ देखो °ट्ठ (सुर ४, ७३)। °त्थी स्त्री [°स्त्री] परकीय स्त्री (प्रासू १५५)। °दार पुंन [°दार] परकीय स्त्री (पडि); 'जो वज्जइ परदारं सो सेवइ नो कयाइ परदारं' (सुपा ३६६), 'दव्वेण अप्पकालं गहिया वेसावि होइ परदारं' (सुपा ३८०)। °दारि वि [°दारिन्] परस्त्री-लम्पट; 'ता एस वसुमईए कएण परदारियाए आयाओ' (सुर ६, १७६)। °पक्ख वि [°पक्ष] वैधर्मिक, भिन्न धर्म का अनुयायी (द्र १७)। °परिवाइय वि [°परिवादिक] इतर के दोषों को बोलनेवाला, पर-निन्दक (औप)। °परिवाय पुं [°परिवाद] १ पर के गुण-दोषों का विप्रकीर्ण वचन (औप, कप्प)। २ पर-निन्दा, इतर के दोषों का परिकीर्त्तन (ठा १; ४, ४)। ३ अन्य के सद्गुणों का अपलाप (पंचू)। °परिवाय पुं [°परिपात] अन्य का पातन, दोषोंद्घाटन-द्वारा दूसरे को गिराना (भग १२, ५)। °पुट्ठ देखो °उट्ठ (पण्ण १७; स ४१६)। °भव पुं [°भव] आगामी जन्म (औप; पण्ह १, १)। °भविअ वि [°भविक] आगामी जन्म से संबन्ध रखनेवाला (भग; ठा ६)। °भाग पुं [°भाग] १ श्रेष्ठ अंश। २ अन्य का हिस्सा। ३ अत्यन्त उत्कर्ष (उप पृ ६७)। °महेला स्त्री [°महेला] १ उत्तम स्त्री। २ परकीय स्त्री (सुपा ४७०)। °यत्त देखो °यत्त, 'परयत्तो परछंदो' (पाअ)। °लोअ, °लोग पुं [°लोक] १ इतर जन, स्वजन से भिन्न (उप ६८६ टी)। २ जन्मान्तर (पण्ह १, २; विसे १६५१; महा; प्रासू ७५; सण)। °वस वि [°वश] पराधीन, परतन्त्र (कुमा; सुपा २३७)। °वाइ पुं [°वादिन्] इतर दार्शनिक (औप)। °वाय पुं [°वाद] १ इतर दर्शन, भिन्न मत (औप)। २ श्रेष्ठ वादी (श्रा २३)। °वाय पुं [°वाच्] १ सज्जन, सुजन। २ वि. श्रेष्ठ वाणीवाला (श्रा २३)। °वाय वि [°वाज] १ श्रेष्ठ गतिवाला। २ पुं. श्रेष्ठ अश्व (श्रा २३)। °वाय वि [°वाय] जानकार, ज्ञानी (श्रा २३)। °वाय वि [°पाक] १ सुन्दर रसोई बनानेवाला। २ पुं. रसोइया (श्रा २३)। °वाय पुं [°पात] १ जुआड़ी, जुए का खेलाड़ी। २ अशुभ समय (श्रा २३)। °वाय पुं [°व्याद] ब्राह्मण, विप्र (श्रा २३)। °वाय पुं [°वाय] धनी जुलाहा, धनाढ्य तन्तुवाय (श्रा २३)। °वाय वि [°व्रात] १ प्रकृष्ट समूहवाला। २ न. सुभिक्ष समय का धान्य (श्रा २३)। °वाय पुं [°वात] ग्रीष्म समय का जलधि-तट (श्रा २३)। °वाय पुं [°व्याच] धूर्त्त, ठग (श्रा २३)। °वाय वि [°पाय] अनीतिवाला (श्रा २३)। °वाय वि [°वाक] वेदज्ञ, वेदवित् (श्रा २३)। °वाय वि [°पातृ] १ दयालु, कारुणिक। २ खूब पान करनेवाला। ३ खूब सूखनेवाला। ४ पुं. पावृट् काल का यवास वृक्ष। ५ मद्य-व्यसनी (श्रा २३)। °वाय वि [°बाद] सुस्थिर (श्रा २३)। °वाय वि [°व्यातृ] १ श्रेष्ठ आच्छादक। २ पुं. वस्त्र, कपड़ा (श्रा २३)। °वाय वि [°वातृ] १ प्रकृष्ट वहन करनेवाला। २ पुं. श्रेष्ठ तन्तु-वाय, उत्तम जुलाहा। ३ महान् पवन (श्रा २३)। °वाय वि [°व्यागस्] १ अति बड़ा अपराधी, गुरुतर अपराधी (श्रा २३)। °वाय वि [°व्याप] प्रकृष्ट विस्तारवाला (श्रा २३)। °वाय वि [°बाक] १ जहाँ पर प्रकृष्ट बक-समूह हो वह स्थान। २ न. मत्स्य-परिपूर्ण सरोवर (श्रा २३)। °वाय वि [°व्याय] १ श्रेष्ठ वायुवाला। २ जहाँ पर पक्षियों का विशेष आगमन होता हो वह। ३ पुं. अनुकूल पवन से चलता जहाज। ४ सुन्दर घर। ५ वनोद्देश, वन-प्रदेश (श्रा २३)। °वाय वि [°बाय] १ जहाँ पानी का प्रकृष्ट आगमन हो वह। २ न. जलधि-मुख, समुद्र का मुँह। ३ पुं. महासमुद्र, महा-सागर (श्रा १३)। °वाय वि [°व्याज] अन्य के पास-विशेष गमन करनेवाला। २ प्रार्थना-परायण (श्रा २३)। °वाय वि [°पाय] १ अत्यन्त हीन-भाग्य। २ नित्य-दरिद्र (श्रा २३)। °वाय वि [°वाप] १ प्रकृष्ट वपनवाला। २ पुं. कृषक (श्रा २३)। °वाय वि [°पाप] १ महापापी। २ हत्या करनेवाला (श्रा २३)। °वाय पुं [°पाक] १ कुम्भकार, कुम्हार। २ मुक्त जीव। ३ पहली तीन नरक-भूमि (श्रा २३)। °वाय वि [°पाग] वृक्ष-रहित, वृक्ष-वर्जित (श्रा २३)। °वाय वि [°वाज्] शत्रु-नाशक (श्रा २३)। °वाय पुं [°पाद] महान् वृक्ष,

बड़ा पेड़ (श्रा २३)। °वाय वि [°पात्] प्रकृष्ट पैरवाला (श्रा २३)। °वाय वि [°वाच] फलित शालि (श्रा २३)। °वाय वि [°वाप] १ विशेष भाव से शत्रु की चिन्ता करनेवाला। २ पुं. मन्त्री, अमात्य। ३ सुभट, योद्धा (श्रा २३)। °वाय वि [°पात] आपात-सुन्दर, जो प्रारम्भ में ही सुन्दर हो वह (श्रा २३)। °वाय वि [°व्राय] श्रेष्ठ विवाहवाला (श्रा २३)। °वाय वि [°पाय] श्रेष्ठ रक्षावाला, जिसकी रक्षा का उत्तम प्रबन्ध हो वह। २ अत्यन्त प्यासा। ३ पुं. राजा, नरेश (श्रा २३)। °वाय वि [°व्यात] १ इतर के पास विशेष वमन करनेवाला। २ पुं. भिक्षुक, याचक (श्रा २३)। °वाय वि [°पायस्] १ दूसरे की रक्षा के लिए हथियार रखनेवाला। २ पुं. सुभट, योद्धा (श्रा २३)। °वाया स्त्री [°व्याजा] वेश्या, वारांगना (श्रा २३)। °वाया स्त्री [°व्यागस्] असती, कुलटा (श्रा २३)। °वाया स्त्री [°व्यापा] अन्तिम समुद्र की स्थिति (श्रा २३)। °वाया स्त्री [°पाता] धूर्त-मैत्री (श्रा २३)। °वाया स्त्री [°व्राया] नृप-कन्या (श्रा २३)। °वाया स्त्री [°पागा] मरु-भूमि (श्रा २३)। °वाया स्त्री [°वाच्] कश्मीर-भूमि (श्रा २३)। °वाया स्त्री [°वाज्] नृप-स्थिति (श्रा २३)। °वाया स्त्री [°पात्] शतपदी, जन्तु-विशेष (श्रा २३)। °वाया स्त्री [°व्यावा] भेरी, वाद्य-विशेष (श्रा २३)। °विएस पुं [°विदेश] परदेश, विदेश (पउम ३२, ३६)। °व्वस देखो °वस (षड्; गा २६५; भवि)। °संतिग वि [°सत्क] पर-संबन्धी, परकीय (पण्ह १ ३)। °समय पुं [°समय] इतर दर्शन का सिद्धान्त; 'जावइया नयवाया तावइया चेव परसमया' (सम्म १४४)। °हुअ वि [°भृत] १ दूसरे से पुष्ट, अन्य से पालित (प्राप्र)। २ पुंस्त्री. कोयल, पिक पक्षी (कप्प)। स्त्री. °आ (सुर ३, ५४; पाअ)। °घाय देखो °घाय (प्रासू १०४; सम ६७)। °धीण देखो °हीण (धर्मवि १३६)। °यत्त वि [°यत्त] पराधीन, परतन्त्र (पउम ६४, ३४; उप पृ १८२; महा)। °हीण वि [°धीन] परतन्त्र, परायत्त (नाट—मालवि २०)।

पर° देखो **परा** = प्र (श्रा २३; पउम ६१, ८)।

परं अ [परम्] १ परन्तु, किन्तु; 'जं तुमं आणवेसित्ति, परं तुह दूरे नयरं' (महा)। २ उपरान्त; 'नो से कप्पइ एत्तो बाहिं; तेण परं, जत्थ नाणदंसणचरित्ताइं उस्सप्पंति त्ति बेमि' (कस १,५१; २,४—७; ४,१२—२६)। ३ केवल, फक्त; 'एस मह संतावो, परं माणससरमज्जणेण जइ अवगच्छइत्ति' (महा)।

परं अ [परुत्] आगामी वर्ष, 'अज्जं कल्लं परं परारिं' (वै २), 'अज्जं परं परारिं पुरिसा चिंतंति अत्थसंपत्तिं' (प्रासू ११०)।

परंग सक [परि + अङ्ग्] चलना, गति करना। कवकृ. **परंगिज्जमाण** (औप)।

परंगमण न [पर्यङ्गन] पाँव से चलना, चंक्रमण (औप)।

परंगामण न [पर्यङ्गन] चलाना, चंक्रमण कराना (भग ११, ११—पत्र ५४४)।

परंतम वि [परतम] अन्य को हैरान करनेवाला (ठा ४, २—पत्र २१६)।

परंतम वि [परतमस्] १ अन्य पर क्रोध करनेवाला। २ अन्य-विषयक अज्ञान रखनेवाला (ठा ४, २—पत्र २१६)।

परंतु अ [परन्तु] किन्तु (सुपा ४६६)।

परंदम वि [परन्दम] १ अन्य को पीड़ा पहुँचाने वाला (उत्त ७, ६)। २ अन्य को शान्त करनेवाला। ३ अश्व आदि को सिखानेवाला (ठा ४, २—पत्र २१३)।

परंपर, **परंपरग**, **परंपरय** } वि [परम्पर] १ भिन्न-भिन्न (णंदि)। २ व्यवहित; 'परंपर-सिद्ध—' (पण्ण १; ठा २, १; १०)। ३ पुंन. परम्परा, अविच्छिन्न धारा (उप ७३३), 'पुरिसपरंपरएण तेहिं इट्ठगा आणिया', 'एस दव्वपरंपरगो' (आव १), 'परंपरेणं' (कप्प; धर्मसं ५३१; १३०६)।

परंपरा स्त्री [परम्परा] १ अनुक्रम, परिपाटी (भग; औप; पाअ)। २ अविच्छिन्न धारा, प्रवाह (णाया १, १)। ३ निरन्तरता, अ-व्यवधान (भग ६, १)। ४ व्यवधान, अन्तर; 'अणंतरोववण्णगा चेव परंपरोववण्णगा चेव' (ठा २, २; भग १३, १)।

परंभरि वि [परम्भरि] दूसरे का पेट भरनेवाला (ठा ४, ३—पत्र २४७)।

परंमुह वि [पराङ्मुख] मुँह-फिरा, विमुख (पि २६७)।

परकीअ, **परकेर**, **परक्क** } वि [परकीय] अन्य-सम्बन्धी, इतर से सम्बन्ध रखनेवाला (विसे ४१; सुपा ३४६; अभि १५१; षड्; स्वप्न ४०; स २०७; षड्), 'न सेवियव्वा पमया परक्का' (गोय १३)।

परक्क न [दे] छोटा प्रवाह (दे ६, ८)।

परक्कंत वि [पराक्रान्त] १ जिसने पराक्रम किया हो वह। २ अन्य से आक्रान्त; 'गामाणुगामं दूइज्जमाणस्स दुज्जायं दुप्परक्कंतं भवइ' (आचा)। ३ न. पराक्रम, बल। ४ उद्यम, प्रयत्न। ५ अनुष्ठान; 'जे अबुद्धा महाभागा वीरा असम्मत्तदंसिणो, असुद्धं तेसि परक्कंतं' (सूअ १, ८, २२)।

परक्कम अक [परा + क्रम्] पराक्रम करना। परक्कमे, परक्कमेज्जा, परक्कमेज्जासि (आचा)। वकृ. **परक्कमंत**, **परक्कममाण** (आचा)। कृ. **परक्कमियव्व**, **परक्कम्म** (णाया १, १; सूअ १, १, १)।

परक्कम सक [परा + क्रम्] १ जाना। २ आसेवन करना। ३ अक. प्रवृत्ति करना। परक्कमे (दस ५, १, ६)। परक्कमिज्जा (दस ८, ४१)। संकृ. **परक्कम्म** (दस ८, ३२)।

परक्कम पुं [पराक्रम] गर्त आदि से भिन्न मार्ग (दस ५, १, ४)।

परक्कम पुंन [पराक्रम] १ वीर्य, बल, शक्ति, सामर्थ्य (विसे १०४६; ठा ३, १; कुमा), 'तस्स परक्कमं गीयमाणं न तए सुयं' (सम्मत्त १७६)। २ उत्साह। ३ चेष्टा, प्रयत्न (आचू १; प्रासू ६३; आचा)। ४ शत्रु का नाश करने की शक्ति (जं ३)। ५ पर-आक्रमण, पर-पराजय (ठा ४, १; आवम)। ६ गमन, गति (सूअ २, १, ६)। ७ मार्ग (दश० अ० चू० सू० ८६)।

परक्कमि वि [पराक्रमिन्] पराक्रम-संपन्न (धर्मवि १६; १२०)।

परग न [दे· परक] १ तृण-विशेष, जिससे फूल गूँथे जाते हैं (ग्राचा २, २, ३, २०; सूत्र २, २, ७)। २ धान्य-विशेष (सूत्र २, २, ११)।

परग वि [पारग] परग तृण का बना हुआ (ग्राचा २, १, ११, ३; २, २, ३, १४)।

परगासय वि [प्रकाशक] प्रकाश करनेवाला (तंदु ४६)।

परग्घ वि [पराघ] महर्घ, महँगा, बहुमूल्य (दस ७, ४३)।

परज्ज (अप) सक [परा + जि] पराजय करना, हराना। परज्जइ (भवि)।

परज्जिय (अप) वि [पराजित] पराजय-प्राप्त, हराया हुआ (भवि)।

परज्झ वि [दे] १ पर-वश, पराधीन, परतन्त्र; 'जेसंखया तुच्छपरप्पवाई ते पेज्ज-दोसाणुगया परज्झा' (उत्त ४, १३ बृह ४)। २ पुंन. परतन्त्रता, पराधीनता (ठा १०—पत्र ५०५; भग ७, ८—पत्र ३१४)।

परट्ट देखो परिअट्ट = परिवर्त (जीवस २५२; पव १६२; कम्म ५, ५६)।

परडा स्त्री [दे] सर्प-विशेष (दे ६, ५), 'उच्चारं कुणमाणो अपाणदेसम्मि गरुय-परडाए, दट्ठो पीडाए मग्रो' (सुपा ६२०)।

परदारिअ पुं [पारदारिक] परस्त्री-लम्पट (पउम १०५, १०७)।

परद्ध वि [दे] १ पीड़ित, दुःखित (दे ६, ७०; पाग्र; सुर ७, ४; १६, १४४; उप पृ २२०; महा)। २ पतित। ३ भीरु, डरपोक (दे ६, ७०)। ४ व्याप्त; 'जोइ परद्धा जीवा न दोसगुणदंसिणो होंति' (धम्मो १४)।

परप्पर देखो परोप्पर (पि ३११; नाट—मालती १६८)।

परब्भवमाण देखो पराभव = परा + भू।

परभत्त वि [दे] भीरु, डरपोक (षड्)।

परभाअ पुं [दे] सुरत, मैथुन (दे ६, २७)।

परम वि [परम] १ उत्कृष्ट, सर्वाधिक (सूत्र १, ६; जी ३७)। २ उत्तम, सर्वोत्तम, श्रेष्ठ (पंचव ४; धर्म ३; कुमा)। ३ अत्यर्थ, अत्यन्त (पराह १, ३; भग; ग्रौप)। ४ प्रधान, मुख्य (ग्राचा; दस ६, ३)। ५ पुं. मोक्ष, मुक्ति। ६ संयम, चारित्र (ग्राचा; सूत्र १, ६)। ७ न. सुख (दस ४)। ८ लगातार पाँच दिनों का उपवास (संबोध ५८)। °ट्ठ पुं [°र्थ] १ सत्य पदार्थ, वास्तविक चीज; 'अयं परमट्ठे सेसे अणट्ठे' (भग; धर्म १)। २ मोक्ष, मुक्ति (उत्त १८; पराह १, ३)। ३ संयम, चारित्र (सूत्र १, ६)। ४ पुंन. देखो नीचे °त्थ = र्थं; 'पर-मट्ठनिट्ठिग्रट्ठा' (पडि, धर्म २)। °ण्ण देखो °न्न (सम १५१)। °त्थ पुंन [°र्थ] १ तत्त्व, सत्य, 'तत्तं परमत्थं' (पाग्र), 'परम-त्थदो' (अभि ६१)। २—४ देखो °ट्ठ (सुपा २४; ११०; सण; प्रासू १६४; महा)। °त्थ न [°स्त्र] सर्वोत्तम हथियार, अमोघ अस्त्र (से १, १)। °दंसि वि [°दर्शिन्] १ मोक्ष देखनेवाला। २ मोक्ष-मार्ग का जानकार (ग्राचा)। °न्न न [°न्न] १ खीर, दुग्ध-प्रधान मिष्ट भोजन (सुपा ३६०)। २ एक दिन का उपवास (संबोध ५८)। °पय न [°पद] मोक्ष, निर्वाण, मुक्ति (पाग्र; भवि; अजि ४०; पंचा १४)। °प्प पुं [°त्मन्] सर्वोत्तम ग्रात्मा, परमेश्वर (कुमा; सुपा ८३; रयण ४३)। °प्पय देखो °पय (सुपा १२७)। °प्पय देखो °प्प (भवि)। °प्पया स्त्री [°त्मता] मुक्ति, मोक्ष; 'सेलेसिं ग्रारुहिउं अरिकेसरिसूरी परमप्पयं पत्तो' (सुपा १२७)। °बोधिसत्त पुं [°बोधिसत्त्व] परमार्हत, अर्हन् देव का परम भक्त (मोह ३)। °संखिज्ज न [°संख्येय] संख्या-विशेष (कम्म ४, ७१)। °सोमणस्सिय वि [°सौमनस्यित] सर्वोत्तम मनवाला, संतुष्ट मनवाला (ग्रौप; कप्प)। °सोमणस्सिय वि [°सौमनस्यिक] वही अर्थ (ग्रौप; कप्प)। °हेला स्त्री [°हेला] उत्कृष्ट तिरस्कार (सुपा ४७०)। °उ न [°युस्] १ लम्बा ग्रायुष्य, बड़ी उमर (पउम १०, ७)। २ जीवित काल, उमर (विपा १,१)। °णु पुं [°णु] सर्व-सूक्ष्म वस्तु (भग; गउड)। °हम्मिय [°धार्मिक] असुर-विशेष, नारक जीवों को दुःख देनेवाले देवों की एक जाति (सम २८)। °होहिअ वि [°धोवधिक] अवधिज्ञान-विशेषवाला, ज्ञानि-विशेष (भग)।

परमाहम्मिय वि [परमधार्मिक] सुख का अभिलाषी (दस ४, १)।

परमिट्ठि पुं [परमेष्ठिन्] १ ब्रह्मा, चतुरानन (पाग्र; सम्मत्त ७८)। २ अर्हन्, सिद्ध, ग्राचार्य, उपाध्याय और मुनि (सुपा ६५; ग्राप ६८; गण ६; निसा २०)।

परमुक्क वि [परामुक्त] परित्यक्त (पउम ७१, २६)।

परमुवगारि, **परमुवयारि** वि [परमोपकारिन्] बड़ा उपकार करनेवाला (सुर २, ४२; २, ३७)।

परमुह देखो परम्मुह (से २, १६)।

परमेट्ठि देखो परमिट्ठि (कुमा; भवि; चेइय ४६६)।

परमेसर पुं [परमेश्वर] सर्वैश्वर्य-संपन्न, परमात्मा (सम्मत्त १४४; भवि)।

परम्मुह वि [पराङ्मुख] विमुख, मुँह-फिरा, उदासीन (गाया १, २; काप्र ७२३; गा ६८८)।

परय न [परक] ग्राधिक्य, अतिशय (उत्त ३४, १४)।

परलोइअ वि [पारलौकिक] जन्मान्तर-संबन्धी (ग्राचा; सम ११६; पराह १, ५)।

परवाय वि [प्रवाज] १ प्रकृष्ट शब्द से प्रेरणा करनेवाला। २ पुं. सारथि, रथ हाँकनेवाला (श्रा २३)।

परवाय वि [प्रारवाय] १ श्रेष्ठ गाना गाने-वाला। २ पुं. उत्तम गवैया (श्रा २३)।

परवाय पुं [प्रपाज] नाज (अन्न) भरने का कोठा, वह घर जहाँ नाज संगृहीत किया जाता है, कोठार, बखार (श्रा २३)।

परवाया स्त्री [प्रवाप] गिरि-नदी, पहाड़ी नदी (श्रा २३)।

परस (अप) देखो फास = स्पर्श (पिंग; भवि)। °मणि पुं [°मणि] रत्न-विशेष, जिसके स्पर्श से लोहा सुवर्ण होता है (पिंग)।

परसण्ण (अप) देखो पसण्ण (पिंग)।

परसु पुं [परशु] अस्त्र-विशेष, परश्वध, कुठार, कुल्हाड़ी (भग ६, ३३; प्रासू ६; ६२; काल)। °राम पुं [°राम] जमदग्नि ऋषि का पुत्र, जिसने इक्कीस बार निःक्षत्रिय पृथिवी की थी (कुमा; पि २०८)।

परसुहत्त पुं [दे] वृक्ष, पेड़, दरख्त (दे ६, २९)।

परस्सर पुंस्त्री [दे.पराशर] गेंडा, पशु-विशेष (पराण १; राज)। स्त्री. °री (पराण ११)।

परहुत्त वि [पराभूत] पराजित, हराया गया (पउम ६१, ८)।

परा अ [परा] इन अर्थों का सूचक अव्यय— १ आभिमुख्य, संमुखता। २ त्याग। ३ धर्षण। ४ प्राधान्य, मुख्यता। ५ विक्रम। ६ गति, गमन। ७ भङ्ग। ८ अनादर। ९ तिरस्कार। १० प्रत्यावर्तन (हे २, २१७)। ११ भृश, अत्यन्त (ठा ३, २; श्रा २३)।

परा स्त्री [दे. परा] तृण-विशेष (पराह २, ३—पत्र १२३)।

पराइ सक [परा+जि] हराना, पराजय करना। संकृ. **पराइत्ता** (सूअनि १९९)।

पराइअ वि [पराजित] पराभव-प्राप्त (पउम २, ८९; औप; स ६३४; सुर ६, २५; १३, १७१; उत्त ३२, १२)।

पराइअ (अप) वि [परागत] गया हुआ (भवि)।

पराइण देखो **पराजिण**। पराइणइ (पि ४७३; भग)।

पराई स्त्री [परकीया] इतर से संबन्ध रखनेवाली, वह नायिका जो परपुरुष से प्रेम करे (हे ४, ३५०; ३६७)। देखो **पराय** = परकीय।

पराकम देखो **परक्कम** (सूअ २, १, ६)।

पराकय वि [पराकृत] निराकृत, निरस्त (अज्झ ३०)।

पराकर सक [परा+कृ] निराकरण करना। पराकरोदि (शौ) (नाट—चैत ३५)।

पराजय पुं [पराजय] परिभव, अभिभव, हार (राज)।

पराजय } सक [परा+जि] पराजय
पराजिण } करना, हराना। भूका. पराजयित्था (पि ५१७)। भवि. पराजिणिस्सइ (पि ५२१)। संकृ. **पराजिणित्ता** (ठा ४, २)। हेकृ. **पराजिणित्तए** (भग ७, ९)।

पराजिणिअ } देखो **पराइअ** = पराजित
पराजिय } (उप पृ ५२; महा)।

पराण देखो **पाण** = प्राण (नाट—चैत ५४; पि १३२)।

पराणग वि [परकीय] अन्य का, दूसरे का; 'जत्थ हिरएणसुवरएणं हत्थेण पराणगंपि नो छिप्पे' (गच्छ २, ५०)।

पराणिय वि [पराणीत] पहुँचा हुआ (भवि)।

पराणी सक [परा+णी] पहुँचाना। पराणए (भवि)। पराणेमि (स २३४); 'जइ भणसि ता निमेसमित्तेण तुमं तायमंदिरं पराणेमि' (कुप्र ६०)।

परानयण न [पराणयन] पहुँचाना; 'नियमभगिणीपरानयणे का लज्जा, अवि य ऊसवो एस' (उप ७२८ टी)।

पराभव सक [परा+भू] हराना। कवकृ. **पराभविज्जंत, परब्भवमाण** (उप ३२० टी; णाया १, २; १८)।

पराभव पुं [पराभव] पराजय, हार (विपा १, १)।

पराभविअ वि [पराभूत] अभिभूत, हराया हुआ (धर्मवि ६८)।

परामट्ठ देखो **परामुट्ठ** (पउम ९८, ७३)।

परामरिस सक [परा+मृश्] १ विचार करना, विवेचन करना। २ स्पर्श करना। परामरिसइ (भवि)। वकृ. **परामरिसंत** (भवि)। संकृ. **परामरिसिअ** (नाट—मृच्छ ८७)।

परामरिस पुं [परामर्श] १ विवेचन, विचार (प्रामा)। २ युक्ति, उपपत्ति। ३ स्पर्श। ४ न्याय- शास्त्रोक्त व्याप्ति-विशिष्ट रूप से पक्ष का ज्ञान (हे २, १०५)।

परामिट्ठ } वि [परामृष्ट] १ विचारित,
परामुट्ठ } विवेचित। २ स्पृष्ट, छुआ हुआ (नाट—मृच्छ ३३; हे १ १३१; स १००; कुप्र ५१)।

परामुस सक [परा+मृश] १ स्पर्श करना, छूना। २ विचार करना, विवेचन करना। ३ आच्छादित करना। ४ पोंछना। ५ लोप करना। परामुसइ (कस)। कर्म. 'सूरो परामुसिज्जइ णाभिजुहुक्खित्तधूलिहिं' (उवर १२३)। वकृ. 'नियउत्तरिज्जेण नयणाइं **परामुसंतेण** भणियं' (कुप्र ६६)। कवकृ. **परामुसिज्जमाण** (स ३४९)।

परामुसिय देखो **परामुट्ठ** (महा; पाअ)।

पराय अक [प्र+राज्] विशेष शोभना। वकृ. **परायंत** (कप्प)।

पराय पुं [पराग] १ धूली, रज; 'रेणू पंसू रओ पराओ य' (पाअ)। २ पुष्प-रज (कुमा; गउड)।

पराय } वि [परकीय] पर-संबन्धी, इतर
परायग } से संबन्ध रखनेवाला; 'नो अप्पणा पराया गुरुणो कइयावि हुंति सुद्धाणं' (सट्ठि १०५; हे ४, ३७६; भग ८; ५)।

परायण वि [परायण] तत्पर (कम्म १, ६१)।

परारिं अ [परारि] आगामी तीसरा वर्ष (प्रासू ११०; वै २)।

पराल देखो **पलाल** (प्रासू १३८)।

पराव (अप) सक [प्र+आप्] प्राप्त करना। परावहिं (हे ४, ४४२)।

परावत्त अक [परा+वृत्] १ बदलना; पलटना। २ पीछे लौटना। परावत्तइ (उवर ८८)। वकृ. **परावत्तमाण** (राज)।

परावत्त सक [परा+वर्तय्] १ फिराना। २ आवृत्ति करना। परावत्तंति (पव ७१), परावत्तेसि (मोह ४७)। संकृ. 'तो सागरेण भणियं अरे **परावत्तिऊण** नियघरहं' (कुप्र ३७८)।

परावत्त पुं [परावर्त] परिवर्तन, हेरफेर, हेराफेरी (स ६२; उप पृ. २७; महा)।

परावत्ति वि [परावर्तिन्] परिवर्तन करनेवाला; 'वेसपरावत्तिणी गुलिया' (महा)।

परावत्ति स्त्री [परावृत्ति] परिवर्तन, हेराफेरी (उप १०३१ टी)।

परावत्तिय वि [परावर्तित] परिवर्तित, बदला हुआ (महा)।

परासर पुं [पराशर] १ पशु-विशेष (राज)। २ ऋषि-विशेष (औप; गा ८९२)।

परासु वि [परासु] प्राण-रहित, मृत (श्रा १४; धर्मसं ६७)।

पराहव देखो **पराभव** = पराभव (गुण ६)।

पराहुत्त वि [दे. पराङ्मुख] विमुख, मुँह-फिरा (ग २४५; से १०, ६४; उप पृ ३८८; ओघ ५१४; वज्जा २६), 'महविणयपराहुत्तो' (पउम ३३, ७४; सुख २, १७)।

पराहुत्त } वि [पराभूत] अभिभूत, हराया
पराहूअ } हुआ (उप ६४८ टी; पाअ)।

परि अ [परि] इन अर्थों का सूचक अव्यय—१ सर्वतोभाव, समंतात्, चारों ओर (गा २२; सूअ १, ६)। २ परिपाटी, क्रम (पिंग)। ३ पुनः पुनः; फिर फिर (पराह १, १; श्रावक २८४)। ४ सामीप्य, समीपता; (गउड ७७६)। ५ विनिमय, बदला; 'परियाण' = परिदान (भवि)। ६ अतिशय, विशेष (स ७३४)। ७ संपूर्णता; 'परिट्ठिअ' (पव ६६)। ८ बाहरपन (श्रावक २८४)। ९ ऊपर (हे २, २११; सुपा २६६)। १० शेष, बाकी। ११ पूजा। १२ व्यापकता। १३ उपरम, निवृत्ति। १४ शोक। १५ किसी प्रकार की प्राप्ति। १६ आख्यान। १७ संतोष-भाषण। १८ भूषण, अलंकरण। १९ आलिंगन। २० नियम। २१ वर्जन, प्रतिषेध (हे २, २१७, भवि; गउड)। २२ निरर्थक भी इसका प्रयोग होता है (गउड १०; सण)।

परि देखो **पडि** = प्रति (ठा ५, १—पत्र ३०२; पएण १६—पत्र ७७४; ७८१)।

परि स्त्री [दे] गीति, गीत (कुमा)।

परि सक [क्षिप्] फेंकना। परिइ (षड्)।

परिअंज सक [परि + भञ्ज्] भाँगना, तोड़ना। परिअंजइ (धात्वा १४३)।

परिअंत सक [श्लिष्] १ आलिंगन करना। २ संसर्ग करना। परिअंतइ (हे ४, १९०)।

परिअंत देखो **पज्जंत** (पराह १, ३; पउम ६५, १६; सूअ २, १, १५)।

परिअंतणा स्त्री [परियन्त्रणा] अतिशय यन्त्रणा (नाट—मालती २८)।

परिअंतिअ वि [श्लिष्ट] आलिंगित (कुमा)।

परिअंभिअ वि [परिजृम्भित] विकसित (से २, २०)।

परिअट्ट अक [परि + वृत्] पलटना, बदलना। वकृ. 'दिट्ठो अपरिअट्टंतीए सहयारच्छायाए एसो' (कुप्र ४५; महा), **परियट्टमाण** (महा)।

परिअट्ट सक [परि + वर्तय्] १ पलटाना, बदलाना। २ आवृत्ति करना, पठित पाठ को याद करना। ३ फिराना, घुमाना। परियट्टइ, परियट्टेइ (भवि; उव)। हेकृ. 'परियट्टिउमाढत्तो नलिणीगुम्मं ति अज्भयणं' (कुप्र १७३)।

परिअट्ट सक [परि + अट्] परिभ्रमण करना, घूमना। परिअट्टइ (हे ४, २३०)। संकृ. **परियट्टिवि** (अप) (भवि)।

परिअट्ट पुं [दे] रजक, धोबी (दे ६, १५)।

परिअट्ट पुं [परिवर्त] १ पलटाव, बदला। २ समय का परिणाम-विशेष, अनन्त उत्सर्पिणी और अवसर्पिणी काल (विपा १,१; सुर १६, १४५; पव १६२)।

परिअट्टग वि [परिवर्तक] परिवर्तन करनेवाला (निचू १०)।

परिअट्टण न [परिवर्तन] १ पलटाव, बदला करना (पिंड ३२४; वै ६७)। २ द्विगुण, त्रिगुण आदि उपकरण (आचा १, २, १, १)।

परिअट्टणा स्त्री [परिवर्तना] १ फिर फिर होना (पराह १, १)। २ आवृत्ति, पठित पाठ का आवर्तन (आचा २, १, ४, २; उत्त २९, १; ३०, ३४; औप; ठा ५, ३)। ३ द्विगुण आदि उपकरण (पि २८९)। ४ बदला करना (पिंड ३२५)।

परिअट्टय वि [पर्यटक] परिभ्रमण करनेवाला; 'मेरुगिरिसययपरियट्टयं' (कप्प ३९)।

परिअट्टलिअ वि [दे] परिच्छिन्न (दे ६, ३६)।

परिअट्टविअ वि [दे] परिच्छिन्न (षड्)।

परिअट्टिय वि [परिवर्तित] बदलाया हुआ (ठा ३, ४; पिंड ३२३; पंचा १३, १२)। देखो **परिअत्तिअ**।

परिअड सक [परि + अट्] परिभ्रमण करना। परिअडंति (श्रावक १३३)। वकृ. **परियडंत** (सुर २, २)।

परिअडण न [पर्यटन] परिभ्रमण (स ११४)।

परिअडि स्त्री [दे] १ वृति, बाड़। २ वि. मूर्ख, बेवकूफ (दे ६, ७३)।

परिअडिअ वि [पर्यटित] परिभ्रान्त, भटका हुआ (सिक्खा १७)।

परिअड्डिअ वि [दे] प्रकटित, व्यक्त किया हुआ (षड्)।

परिअड्ढ अक [परि + वृध्] बढ़ना, 'परिअड्ढइ लायरणं' (हे ८, २२०)।

परिअड्ढ सक [परि + वर्धय्] बढ़ाना (हे ४; २२०)।

परिअड्ढि स्त्री [परिवृद्धि] विशेष वृद्धि (प्राकृ २१)।

परिअड्ढिअ वि [परिवर्धिन्, °क] बढ़ानेवाला, 'समणगणवंदपरियड्ढिए' (औप)।

परिअड्ढिअ वि [पर्याढ्यक] परिपूर्ण (औप)।

परिअड्ढिअ वि [परिकर्षिन्, °क] खींचनेवाला, आकर्षक (औप)।

परिअड्ढिअ वि [परिकृष्ट] खींचा हुआ, आकृष्ट; 'जस्स समरेसु रेहइ हयगयमयमिलियपरिमलुग्गारा। दढपरियड्ढियजयसिरिकेसकलावो व्व खग्गलया' (सुपा ३१)।

परिअण पुं [परिजन] १ परिवार, कुटुम्ब, पुत्र-कलत्र आदि पालनीय वर्ग। २ अनुचर, अनुगामी (गा २८३; गउड; पि ३५०)।

परिअत्त देखो **परिअंत** = श्लिष्। परिअत्तइ (हे ४, १९० टी)।

परिअत्त देखो **परिअट्ट** = परि + वृत्। परियत्तइ (भवि); 'नडुव्व परिअत्तए जीवो' (वै ६०), परियत्तए (उवा)। वकृ. **परियत्तमाण** (महा)।

परिअत्त देखो **परिअट्ट** = परि + वर्तय्। संकृ. **परियत्तेउ** (तंदु ३८)।

परिअत्त देखो **परिअट्ट** = परिवर्त (औप)।

परिअत्त वि [दे] प्रसृत, फैला हुआ; 'सव्वासणरिउसंभवहो करपरिअत्ता तावँ' (हे ४, ३९५)।

परिअत्त वि [परिवृत्त] पलटा हुआ (भवि)।

परिअत्तण देखो **परिअट्टण** (गउड), 'चाइयणकरपरंपरपरियत्तणखेयवसपरिस्संता। अत्था किविणघरत्था सुत्थावत्था सुयंति व्व' (सुपा ६३३)।

परिअत्तणा देखो **परिअट्टणा** (राज)।

परिअत्तमाण देखो **परिअत्त**।

परिअत्तमाणी स्त्री [परिवर्तमाना] कर्मप्रकृति-विशेष, वह कर्म-प्रकृति जो अन्य प्रकृति

के बन्ध या उदय को रोक कर स्वयं बन्ध या उदय को प्राप्त होती है (पंच ३, १४; ३, ४३; कम्म ५, १ टी)।

परिअत्ता स्त्री [परिवर्ता] ऊपर देखो (कम्म ५, १)।

परिअत्तिअ वि [परिवर्तित] १ मोड़ा हुआ; 'वालिअयं परिअत्तिअं' (पाअ)। २ देखो परिअट्टिय (भवि)।

परिअर सक [परि + चर्] सेवा करना। वकृ. परिअरंत (नाट—शकु १५८)।

परिअर वि [दे] लीन, निमग्न (दे ६, २४)।

परिअर पुं [परिकर] १ कटि-कन्धन; 'सन्नद्धबद्धपरियरभडेहि' (भवि)। २ परिवार; 'किरणकिलामियपरियरभुयंगविसजलणधूमतिमिरेहिं' (गउड; चेइय ६४)।

परिअर पुं [परिचर] सेवक, भृत्य; 'अणुणिज्जंतं रक्खापरिअरधुअधवलचामरणिहेण' (गउड)।

परिअरण न [परिचरण] सेवा (संबोध ३६)।

परिअरणा स्त्री [परिचरणा] सेवा (सम्मत्त २१५)।

परिअरिय वि [परिकरित, परिवृत] १ परिवार-युक्त; 'हयगयरहजोहसुहडपरियरिओ' (महा; भवि; सण)। २ परिवेष्टित; 'तओ तं समायण्णिऊण सुहसुहं ताण गेयं समंतओ परियरिया सव्वलोगेणं' (महा; सिरि १२८२)।

परिअल सक [गम्] जाना, गमन करना। परिअलइ (हे ४, १६२)।

परिअल } पुंस्त्री [दे] थाल, थलिया, भोजन-
परिअलि } पात्र (भवि; दे ६, १२)।

परिअलिअ वि [गत] गया हुआ (कुमा)।

परिअल्ल देखो परिअल। परिअल्लइ (हे ४, १६२)। संकृ. परिअल्लिऊण (कुमा)।

परिआरअ वि [परिचारक] सेवक, भृत्य (चारु ५३)। स्त्री. °रिआ (अभि १६६)।

परिआल सक [वेष्टय्] वेष्टन करना, लपेटना। परिआलेइ (हे ४, ५१)।

परिआल वि [दे] परिवृत, परिवेष्टित; 'सो जयइ जामइल्लायमाणमुहलालिवलयपरिआलं।
लच्छिनिवेसंतेउरवइं व
जो वहइ वणमालं' (गउड)।

परिआल देखो परिवार (णाया १, ८; ठा ४, २; औप)।

परिआलिअ वि [वेष्टित] लपेटा हुआ, बेढ़ा हुआ (कुमा; पाअ)।

परिआव देखो परिताव (दस ६, २, १४)।

परिआविअ सक [पर्या + पा] पीना। परिआविएज्जा (सूअ २, १, ४६)।

परिआसमंत (अप) अ [पर्यासमन्तात्] चारों ओर से (भवि)।

परिइ सक [परि + इ] पर्यटन करना। परिंयंति (उत्त २७, १३)।

परिइण्ण वि [परिकीर्ण] व्याप्त (सम्मत्त १५६)।

परिइद (शौ) वि [परिचित] परिचय-विशिष्ट, ज्ञात, पहचाना हुआ (अभि २४५)।

परिउंब सक [परि + चुम्ब्] चुम्बन करना। परिउंबइ (भवि)।

परिउंबण न [परिचुम्बन] सर्वतः चुम्बन (गा २२; हास्य १३४)।

परिउंबणा स्त्री [परिचुम्बना] ऊपर देखो; 'गंडपरिउंबणापुलइअंग ण पुणो चिराइस्सं' (गा २०)।

परिउज्झिय वि [पर्युज्झित] सर्वथा त्यक्त (सण)।

परिउट्ठ वि [परितुष्ट] विशेष तुष्ट (स ७३४)।

पेल्ल देखो पेर = प्र + ईरय्। पेल्लेइ (प्राकृ ६०)। कवकृ. **पेल्लिज्जंत** (से ६, २५)। संकृ. **पेल्लि** (अप), **पेल्लिअ** (पिंग)। कृ. **पेल्लेयव्व** (ओघभा १८ टी)।

पेल्ल सक [पीडय्] पीलना, दबाना, पीड़ना। पेल्लेसि, पेल्लिसि (स ५७४ टि)।

पेल्ल सक [पूरय्] पूरना, भरना। कवकृ. **पेल्लिज्जंत** (से ६, २५)।

पेल्ल } **पेल्लग** } पुंन [दे] बच्चा, शिशु, बालक (उप २१६); 'बीयम्मि पेल्लगाइं' (उप २२० टी)।

पेल्लग देखो पेरग (निचू १६)।

पेल्लण देखो पेरण (पण्ह १, ३; गउड)।

पेल्लण न [क्षेपण] फेंकना (धर्म २)।

पेल्लय पुं [दे] देखो पेल्ल = (दे) (विपा १, २—पत्र ३६); 'सपेल्लियं सियालिं' (सुख २, ३३)।

पेल्लय देखो पेरग (बृह १)।

पेल्लय पुं [पेल्लक] भगवान् महावीर के पास दीक्षा लेकर अनुत्तर विमान में उत्पन्न एक जैन मुनि (अनु २)।

पेल्लव } **पेल्लाव** } देखो पेर। पेल्लवइ, पेल्लावइ (प्राकृ ६०)।

पेल्लिअ वि [दे. पीडित] पीड़ित (दे ६, ५७); 'बलियदाइयपेल्लिओ' (महा)।

पेल्लिअ देखो पेरिअ (गा २२१; विपा १, १)।

पेल्लेयव्व देखो पेल्ल = प्र + ईरय्।

पेव्वे अ. आमन्त्रण-सूचक अव्यय (षड्)।

पेस सक [प्र + एषय्] भेजना, पठाना। पेसइ, पेसेइ (भवि; महा)। वकृ. **पेसअंत** (पि ४९०; रंभा)। संकृ. **पेसिअ, पेसिउं** (मा ४०; महा)। कृ. **पेसइयव्व, पेसिअव्व; पेसेयव्व** (सुपा ३००; २७८; ६३०; उप १३६ टी)।

पेस देखो पीस। वकृ. **पेसयंत** (राज)।

पेस पुंस्त्री [प्रेष्य] १ कर्मकर, नौकर, दास, चाकर (सम १९; सूअ १, २, २, ३; उवा)। २ वि. भेजने योग्य (हे २, ९२)।

पेस पुं [दे. पेश] १ सिन्ध देश में होनेवाली एक पशु-जाति (आचा २, ५, १, ८)।

पेस वि [दे. पैश] पेश नामक जानवर के चमड़े का बना हुआ (वस्त्र) (आचा २, ५, १, ८)।

पेसण न [दे] कार्य, काज, प्रयोजन (दे ६, ५७; भवि; णाया १, ७—पत्र ११७; पउम १०३, २९)।

पेसण न [प्रेषण] १ पठाना, भेजना। २ नियोजन, व्यापारण (कुमा; गउड)। ३ आज्ञा, आदेश (से ३, ५४)।

पेसणआरी } **पेसणआली** } स्त्री [दे] दूती, दूत-कर्म करने-वाली स्त्री (दे ६, ५९; षड्)।

पेसणा स्त्री [पेषण] पीसना, पेषण; 'सिलाए जवगोहूमपेसणाए हेऊए' (उप ५९७ टी)।

पेसल वि [पेशल] १ सुन्दर, मनोज्ञ (आचा; गउड)। २ मधुर, मञ्जु (पाअ)। ३ कोमल (गउड)।

पेसल } **पेसलेस** } न [दे] सिन्ध देश के पेश नामक पशु के चर्म के सूक्ष्म पक्ष्म से निष्पन्न वस्त्र, 'पेसाणि वा पेसलाणि वा' (२ आचा २, ५, १—सूत्र १४५), 'पेसाणि वा पेसलेसाणि वा' (३ आचा २, ५, १, ८; (राज)।

पेसव सक [प्र + एषय्] भेजवाना। कृ. **पेसवेयव्व** (उप १३६ टी)।

पेसवण न [प्रेषण] भेजवाना, दूसरे के द्वारा प्रेषण (उवा; पडि)।

पेसविअ वि [प्रेषित] भेजवाया हुआ, प्रस्था-पित (पाअ; उप पृ ५८)।

पेसाय वि [पैशाच] पिशाच-संबन्धी (बृह २)।

पेसि स्त्री [पेशि] देखो **पेसी** (सुपा ४८७)।

पेसिअ वि [प्रेषित] १ भेजा हुआ, प्रहित (गा ११२; भवि; काल)। २ प्रेषण (पउम ९, ३५)।

पेसिआ स्त्री [पेशिका] खण्ड, टुकड़ा; 'अंब-पेसिया ति वा अंबाडगपेसिया ति वा' (अनु ६; आचा २, ७, २, ७; ८; ९)।

पेसिआर पुं [प्रेषितकार] नौकर, भृत्य, कर्मकर (पउम ६, ३५)।

पेसिदवंत (शौ) वि [प्रेषितवत्] जिसने भेजा हो वह (पि ५६९)।

पेसी स्त्री [पेशी] मांस-खण्ड, मांस-पिण्ड (तंदु ७)। देखो **पेसिआ**।

पेसुण्ण } **पेसुन्न** } न [पैशुन्य] परोक्ष में दोष-कीर्तन, चुगली (औप; सूअ १, १३, २; णाया १, १; भग; सुपा ४२१)।

पेसेयव्व देखो पेस = प्र + एषय्।

पेस्सिदवंत देखो पेसिदवंत (पि ५६९)।

पेह सक [प्र + ईक्ष्] १ देखना, निरीक्षण करना, ध्यान-पूर्वक देखना। २ चिन्तन करना। पेहइ, पेहए (पि ८७; उव), पेहंति (कुप्र १९२)। भवि. पेहिस्सामि (पि ५३०)। वकृ. **पेहंत, पेहमाण** (उपपृ १५४; चेइय २२०; पि ३२३)। संकृ. **पेहाए, पेहिया** (कस; पि ३२३)।

पेह सक [प्र + ईह्] १ इच्छा करना, चाहना। २ प्रार्थना करना। पेहेइ (दस ६, ४, २)।

पेहण न [प्रेक्षण] निरीक्षण (पंचा ४, ११)।

पेहा स्त्री [प्रेक्षण] १ निरीक्षण (उव; सम ३२)। २ कायोत्सर्ग का एक दोष, कायोत्सर्ग में बन्दर की तरह ओष्ठ-पुट को हिलाते रहना (पव ५)। ३ पर्यालोचन, चिन्तन (आव ४)। ४ बुद्धि, मति (उत्त १, २७)।

पेहाविय वि [प्रेक्षित] दर्शित, दिखलाया हुआ (उप पृ ३८८)।

पेहि वि [प्रेक्षिन्] निरीक्षक (आचा; उव)। स्त्री. °णी (पि ३२३)।

पेहिय वि [प्रेक्षित] निरीक्षित (महा)।

पेहुण न [दे] १ पिच्छ, पँख (दे ६, ५८; पाअ; गा १७३; ७६५; वज्जा ४४; भत्त १४१; गउड)। २ मयूर-पिच्छ, मयूर-पंख, शिखण्ड (पण्ह १, १; २, ५; जं १; णाया १, ३) देखो पिहुण।

पोअ सक [प्र + वे] पिरोना, गूँथना। पोअंति (गच्छ ३, १८; सुअनि ७४)। वकृ. **पोयमाण** (स ५१२)। संकृ. **पोइऊण** (धर्मवि ६७)।

पोअ वि [प्रोत] पिराया हुआ (दे १, ७६)।

पोअ पुं [पोत] १ जहाज, प्रवहण, नौका (पाअ; सुपा ८८; ३६९)। २ बालक, शिशु, बच्चा (दे ६, ८१; पाअ; सुपा ३६९)। ३ न. वस्त्र, कपड़ा (ठा ३, १—पत्र ११४)

पोअ पुं [दे] १ धव वृक्ष, धाय, धौं का पेड़। २ छोटा साँप (दे ६, ८१)।

पोअइआ स्त्री [दे] निद्राकारी लता, लता-विशेष (दे ६, ६३; पाअ)।

पोअंड वि [दे] १ भय-रहित, निडर। २ षण्ढ, नामर्द (दे ६, ६१)।

पोअंत पुं [दे] शपथ, सौगन (दे ६, ६२)।

पोअण न [प्रवयन, प्रोतन] पिरोना, गुम्फन, गूँथना (आवम)।

पोअणपुर न [पोतनपुर] नगर-विशेष (सुपा ५०६; भवि)।

पोअणा स्त्री [प्रवयना, प्रोतना] पिरोना (उप ३५६)।

पोअय वि [पोतज] पोत से उत्पन्न होनेवाला प्राणी—हस्ती आदि (ठा ३, १)।

पोअय पुं [पोतक] देखो पोअ = पोत (उवा; औप)।

पोअलय पुं [दे] १ आश्विन मास का एक उत्सव; जिसमें पत्नी के हाथ से लेकर पति अपूप को खाता है। २ एक प्रकार का अपूप—खाद्य-विशेष, पूआ। ३ बाल वसन्त (दे ६, ८१)।

पोआई स्त्री [पोताकी] १ शकुनि को उत्पन्न करनेवाली विद्या-विशेष २ शकुनिका, पक्षि-विशेष (विसे २४५३)।

पोआउय वि [पोतायुज, पोतज] देखो पोअय (पउम १०२, ६७)।

पोआय पुं [दे] ग्राम-प्रधान, गाँव का मुखिया (दे ६, ६०)।

पोआल पुं [दे] वृषभ, बलीवर्द (दे ६, ६२)।

पोआल [दे. पोतक] बच्चा; शिशु, बालक (ओघ ४४७)।

पोइय पुं [दे] १ हलवाई, मिठाई बेचनेवाला। २ खद्योत (दे ६, ६३)। ३ निमग्न, डूबा हुआ (ओघ १३६)। ४ स्पन्दित (बृह १)।

पोइअ वि [प्रोत] पिरोया हुआ (दे ७, ४४; उप पृ १०६; पाअ)।

पोइअल्लय देखो पोइअ = प्रोत (ओघ ५३६ टी)।

पोइआ, पोई स्त्री [दे] निद्राकारी लता, वल्ली-विशेष (दे ६, ६३; पएण १—पत्र ३४)।

पोउआ स्त्री [दे] करीष—सूखा गोबर (गोइँठा) का अग्नि (दे ६, ६१)।

पोंग पुं [दे] पाक, पकना (स १८०)।

पोंगिल्ल वि [दे] पका हुआ, परिपक्व, परि-पाक-युक्त; कच्छी भाषा में 'पोंगेल';

'अन्नेवि सइंमहियलनिसीय-
गुप्पन्नकिणियपोंगिल्ला।
मलिणजरकप्पडोच्छइय-
विग्गहा कहवि हिंडंति ॥'
(स १८०)।

पोंड न [दे] फूल, पुष्प; 'एगं सालियपोंडं बद्धो आमेलगो होइ' (उत्तनि ३)।

पोंड देखो पुंड। °वद्धण न [°वर्धन] नगर-विशेष (महा)। °वद्धणिया स्त्री [°वर्धनिका] जैन मुनि-गण की एक शाखा (कप्प)।

पोंड, पोंडय पुं [दे] यूथ का अधिपति (दे ६, ६०)। २ फल (पएह १, ४—पत्र ७८)। ३ अविकसित अवस्थावाला कमल (विसे १४२५)। ४ कपास का सूता; 'दव्वं तु पोंडयादी भावे सुत्तमिह सूयगं नाणं' (सूअनि ३)।

पोंडरिगिणी देखो पुंडरिगिणी (ठा २, ३)।

पोंडरिय देखो पुंडरीअ = पुण्डरीक (स ४३६)।

पोंडरी स्त्री [पौण्ड्री, पुण्डरीका] जम्बूद्वीप के मेरु के उत्तर रुचक पर रहनेवाली एक दिक्कुमारी देवी (ठा ८)।

पोंडरीअ देखो पुंडरीअ = पुण्डरीक (औप, णाया १, ५; १६; सम ३३; देवेन्द्र ३१८; सूअनि १४६)।

पोंडरीअ, पोंडरीग न [पौण्डरीक] १ गणित-विशेष, रज्जु-गणित (सूअनि १५४)। २ देखो पुंडरीअ = पौण्डरीक (सूअ २, १, १; सूअनि १४६; १५१)।

पोक्क सक [व्या + हृ, पत् + कृ] पुकारना, आह्वान करना। पोक्कइ (हे ४, ७६)।

पोक्क वि [दे] आगे स्थूल और उन्नत तथा बीच में निम्न (नासिका); 'पोक्कनासे' (उत्त १२, ६)।

पोक्कण पुं [पोक्कण] १ अनार्य देश-विशेष। २ उस देश में बसनेवाली म्लेच्छ जाति (पएह १, १)।

पोक्कण न [व्याहरण, पूत्करण] १ पुकार, आह्वान। २ वि. पुकारनेवाला (कुमा)।

पोक्कर देखो पुक्कर। पोक्करंति (महा)। वकृ. पोक्करंत (सुपा ३८०)।

पोक्करिय वि [पूत्कृत] १ पुकारा हुआ (सुर ६, १६४)। २ न. पुकार (दंस ३)।

पोक्कार देखो पुक्कार = पूत्कार (उप पृ १८५)।

पोक्किअ देखो पोक्करिय (उप १०३१ टी)।

पोक्खर न [पुष्कर] १ जल, पानी। २ पद्म, कमल। ३ पद्म-कोष। ४ एक तीर्थ, अजमेर-नगर के पास का एक जलाशय—तीर्थ। ५ हाथी की सूँढ़ का अग्र भाग। ६ वाद्य-भाण्ड। ७ आपण, दूकान। ८ असि-कोष, तलवार की म्यान। ६ मुख, मुँह। १० कुष्ठ रोग की ओषधि। ११ द्वीप-विशेष। १२ युद्ध, लड़ाई। १३ शर, बाण। १४ आकाश; 'पोक्खरं' (हे १, ११६; २, ४; संक्षि ४)। १५ पुं. नाग-विशेष। १६ रोग-विशेष। १७ सारस पक्षी। १८ एक राजा का नाम। १६ पर्वत-विशेष। २० वरुण-पुत्र; 'पोक्खरो' (प्राप्र)। देखो पुक्खर।

पोक्खर वि [पौष्कर] १ पुष्कर-सम्बन्धी। २ पद्माकार रचनावाला; 'पोक्खरं पवहणं' (चारु ७०)।

पोक्खरिणी स्त्री [पुष्करिणी] १ जलाशय-विशेष, वर्तुल वापी (णाया १, १—पत्र ६३)। २ पद्मिनी, कमलिनी, पद्म-लता; 'जलेण वा पोक्खरिणीपलासं' (उत्त ३२, ६०)। ३ वापी (कुमा)। ४ पद्म-समूह। ५ पुष्कर-मूल (हे २, ४)। ६ चौकोना जला-शय, पोखरी, वापी (पएह १, १; हे २, ४)।

पोक्खल देखो पुक्खल (पएण १—पत्र ३५; आचा २, १, ८, ११)।

पोक्खलच्छिल्लय, पोक्खलच्छिल्लय देखो पुक्खलच्छिभय (पएण १—पत्र ३५; राज)।

पोक्खलि पुंन [पुष्कलिन्] एक जैन उपा-सक, जिसका दूसरा नाम शतक था (राज)।

पोग्गर, पोग्गल पुंन [पुद्गल] १ रूपादि-विशिष्ट द्रव्य, मूर्त द्रव्य, रूपवाला पदार्थ; 'पोग्गला' (भग ८, १; ठा २, ४; ४, ४;

५, ३; ८), 'पोग्गलाइं' (सुज्ज ६; पंच ३, ४६)। २ न. मांस (पव २६८; हे १, ११६)। °त्थिआय पुं [°ास्तिकाय] पुद्गल-स्कन्ध, पुद्गल-राशि (भग; ठा ५, ३)। °परट्ट, °परियट्ट पुं [°परिवर्त] १ समस्त पुद्गल-द्रव्यों के साथ एक-एक परमाणु का संयोग-वियोग। २ समय का उत्कृष्टतम परिमाण-विशेष, अनन्त कालचक्र-परिमित समय (कम्म ५, ८६; भग १२, ४; ठा ३, ४)।

पोग्गलि वि [पुद्गलिन्] पुद्गलवाला, पुद्गल-युक्त (भग ८, १०—पत्र ४२३)।

पोग्गलिय वि [पौद्गलिक] पुद्गल-मय, पुद्गल-संबन्धी, पुद्गल का (पिंडभा ३२४)।

पोच्च वि [दे] सुकुमार, कोमल; गुजराती में 'पोचुं' (दे ६, ६०)।

पोच्चड वि [दे] १ असार, निस्सार (णाया १, ३—पत्र ६४)। २ अतिनिबिड (पएह १, १—पत्र १४)। ३ मलिन (निचू ११)।

पोच्छल अक [प्रोत् + शल्] उछलना, ऊँचा जाना। वकृ. पोच्छलंत (सुर १३, ४१)।

पोच्छाहण न [प्रोत्साहन] उत्तेजन (वेणी १०५)।

पोच्छाहिअ वि [प्रोत्साहित] विशेष उत्साहित किया हुआ, उत्तेजित (सुर १३, २६)।

पोट्ट पुं [पुत्र] लड़का, 'एक्केण चारभड-पोट्टेण' (वव १, टी)।

पोट्ट न [दे] पेट, उदर, मराठी में 'पोट' (दे ६, ६०; णाया १, १—पत्र ६१; ओघभा ७६; गा ८३; १७१; २८५; स ११६; ७३८; उवा; सुख २, १५; सुपा ५४३; प्राकृ ३७; पव १३५; जं २)। °साल पुं [°शाल] एक परिव्राजक का नाम (विसे २४५२; ५५)। °सारणी स्त्री [°सारणी] अतीसार रोग (आव ४)।

पोट्ट } न [दे] पोटला, गट्ठर, गठरी;
पोट्टल } 'कामिणिणियंबबिंबं कंदप्पविलासराय-हाणित्ति। न मुणइ अमेज्झपोट्टं' (सुपा ३५५; दे २, २४; स १००)।

पोट्टलिगा स्त्री [दे] पोटली, गठरी (सुख २, १७)।

पोट्टलिय वि [दे] पोटली उठानेवाला, गठरी-वाहक (निचू १६)।

पोट्टलिया [दे] देखो पोट्टलिगा (उप पृ ३८७; सुर १२, ११; सुख २, १७)।

पोट्टि स्त्री [दे] उदर-पेशी (गच्छ २००)।

पोट्टिल पुं [पोट्टिल] १ भारतवर्ष का भावी नववाँ तीर्थंकर—जिन-देव (सम १५३)। २ भारतवर्ष के चौथे भावी जिन-देव का पूर्वभवीय नाम (सम १५४)। ३ भगवान् महावीर का व्युत्क्रम से छठवें भव का नाम (सम १०५)। ४ एक जैन मुनि, जिसने भगवान् महावीर के समय में तीर्थंकर-नाम-कर्म बँधा था (ठा ६)। ५ एक जैन मुनि (पउम २०, २१)। ६ देव-विशेष (णाया १, १४)। ७ देखो पोट्टिल (राज)।

पोट्टिला स्त्री [पोट्टिला] व्यक्ति-वाचक नाम, एक स्त्री का नाम (णाया १, १४)।

पोट्टिस पुं [पोट्टिस] एक कवि का नाम (कप्पू)।

पोट्ठवई स्त्री [प्रौष्ठपदी] १ भाद्रपद मास की पूर्णिमा। २ भादों की अमावस्या (सुज्ज १०, ६)।

पोट्ठिल पुं [पुष्ठिल] भगवान् महावीर के पास दीक्षा लेकर अनुत्तर-विमान में उत्पन्न एक जैन मुनि (अनु)।

पोडइल न [दे] तृण-विशेष (पएण १—पत्र ३३)।

पोढ वि [प्रौढ] १ समर्थ (पाअ)। २ निपुण, चतुर। ३ प्रगल्भ। ४ प्रवृद्ध, यौवन के बाद की अवस्थावाला (उप पृ ८६; सुपा २२४; रंभा; नाट—मालती १३६)। °वाय पुं [°वाद] प्रतिज्ञा-पूर्वक प्रत्याख्यान (गा ५२२)।

पोढा स्त्री [प्रौढा] १ तीस से पचपन वर्ष तक की स्त्री (कुप्र १८५)। २ नायिका का एक भेद, शृङ्गार रस में काम-कला आदि अच्छी तरह जाननेवाली (प्राकृ १०)।

पोढिम पुंस्त्री [प्रौढमन्] प्रौढता, प्रौढपन (मोह २)।

पोढी स्त्री [प्रौढी] ऊपर देखो (कुप्र ४०७)।

पोणिअ वि [दे] पूर्ण (दे ६, २८)।

पोणिआ स्त्री [दे] सूते से भरा हुआ तकुवा (दे ६, ६१)।

पोत देखो पोअ = पोत (औप; बृह १; णाया १, ८)।

पोतणया देखो पोअणा (उप पृ ४१२)।

पोत्त पुं [पौत्र] पुत्र का पुत्र, पोता (दे २, ७२; श्रा १४)।

पोत्त न [पोत्र] प्रवहण, नौका; 'वेलाउलम्मि ओयारियाणि सव्वाणि तेण पोत्ताणि' (उप ५९७ टी)।

पोत्त } न [पोत] १ वस्त्र, कपड़ा (श्रा
पोत्तग } १२; ओघ १६८; कप्पू; स ३३२)। २ धोती, कटी-वस्त्र (गच्छ ३, १८; कस; वव ८४; श्रावक ६३ टी; महा)। ३ वस्त्र-खण्ड (पिंड ३०८)।

पोत्तय पुं [दे] फोता, वृषण, अण्डकोश (दे ६, ६२)।

पोत्तिअ न [पौतिक] वस्त्र, सूती कपड़ा (ठा ५, ३—पत्र ३३८; कस २, २६ टि)।

पोत्तिअ वि [पोतिक] १ वस्त्र-धारी। २ पुं. वानप्रस्थों का एक भेद (औप)।

पोत्तिआ स्त्री [पौत्रिका] पुत्र की लड़की (रंभा)।

पोत्तिआ स्त्री [दे] चतुरिन्द्रिय जन्तु की एक जाति (उत्त ३६, १४७)।

पोत्तिआ } स्त्री [पोतिका, पोती] १ धोती,
पोत्ती } पहनने का वस्त्र, साड़ी (विसे २६०१)। २ छोटा वस्त्र, वस्त्र-खण्ड; 'चउ-प्फालयाए पोत्तीए मुहं बंधेत्ता' (णाया १, १—पत्र ५३; पिंडभा ६), 'मुहपोत्तियाए' (विपा १, १)।

पोत्ती स्त्री [दे] काच, शीशा (दे ६, ६०)।

पोत्तुल्लया देखो पोत्तिआ (णाया १, १८—पत्र २३५)।

पोत्थ } पुंन [पुस्त, °क] १ वस्त्र, कपड़ा
पोत्थग } (णाया १, १३—पत्र १७६)। २-
पोत्थय } ३ देखो पुत्थ; 'पोत्थकम्मजक्खा विव निच्चिट्ठा' (वसु; श्रा १२; सुपा २८६; विसे १४२५, बृह ३; प्राप्र; औप)।

पोत्था स्त्री [प्रोस्था] प्रोत्थान, मूलोत्पत्ति (उत्त २०, १६)।

पोत्थार पुं [पुस्तककार] पोथी लिखनेवाला, पोथी बनाने का काम करनेवाला शिल्पी, दफ्तरी, जिल्दसाज (जीव ३)।

पोत्थिया स्त्री [पुस्तिका] पोथी, पुस्तक; 'सरस्सइ व्व पोत्थियावलग्गहत्था' (काल)।

पोप्पय पुंन [दे] हस्त-परिमर्षण, हाथ फिराना (उप पृ ३५३)।

पोप्फल न [पूगफल] सुपारी (हे १, १७०; कुमा)।

पोप्फली स्त्री [पूगफली] सुपारी का पेड़ (हे १, १७०; कुमा)।

पोम देखो पउम; 'जहा पोमं जले जायं' (उत्त २५, २७; सुत्त २५, २७; पउम ५३, ७९)।

पोमर न [दे] कुसुम्भ-रक्त वस्त्र (दे ६, ६३)।

पोमाड पुं [दे. पद्माट] पमाड, पमार, चकवड़ का पेड़ (स १४४)। देखो पउमाड।

पोमावई स्त्री [पद्मावती] छन्द-विशेष (पिंग)।

पोमिणी देखो पउमिणी (सुपा ६४६; सम्मत्त १७१)।

पोम्म देखो पउम (हे १, ६१; १, २, ११२; गा ७५; कुमा; प्राकृ २८; कप्पू; पि १६६)।

पोम्मा देखो पउमा (प्राकृ २८; गा ४७१; पि १६६)।

पोम्ह देखो पम्ह = पक्ष्मन्; 'जह उ किर णालिगाए घणियं मिदुरूयपोम्हभरियाए' (धर्मसं ९८०)।

पोर पुं [पूतर] जल में होनेवाला क्षुद्र जन्तु (हे १, १७०; कुमा)।

पोर वि [पौर] पुर में—नगर में उत्पन्न, नागरिक (प्राकृ ३५)।

पोर देखो पुर = पुरस्। °कव्व न [°काव्य] शीघ्रकवित्व (राज)।

पोर पुंन [दे. पर्वन्] ग्रंथि, गाँठ (ठा ४, १; अनु)। °बीय वि [°बीज] पर्व-बीज से उगनेवाली वनस्पति, इक्षु आदि (ठा ४, १)।

पोरग पुंन [पर्वक] वनस्पति का एक भेद, पर्ववाली वनस्पति (पण्ण १—पत्र ३३)।

पोरच्छ पुं [दे] दुर्जन, खल (दे ६, ६२ पाअ)।

पोरच्छिम देखो पुरच्छिम (सुपा ४१)।

पोरत्थ वि [दे] मत्सरी, ईर्ष्यालु, द्वेषी (षड्)।

पोरय न [दे] क्षेत्र (दे ६, २६)।

पोरव पुं [पौरव] राजा पुरु की संतान (अभि ९५)।

पोरवाड पुं [पौरवाट] एक जैन श्रावक-कुल (ती २)।

पोराण देखो पुराण (पण्ण २८; औप; भग; हे ४, २८७; उव; गा ३४०)।

पोराण वि [पौराण] १ पुराण-सम्बन्धी (राय)। २ पुराण शास्त्र का ज्ञाता (राज)।

पोराणिय वि [पौराणिक] पुराण-शास्त्र-संबन्धी (स ३४४)।

पोरिस न [पौरुष] १ पुरुषत्व, पुरुषार्थ (प्रासू १७)। २ पराक्रम (कुमा)।

पोरिस वि [पौरुषेय] पुरुष-जन्य, पुरुष-प्रणीत (धर्मसं ८९२ टी)।

पोरिसिमंडल न [पौरुषीमण्डल] एक जैन शास्त्र (णंदि २०२)।

पोरिसिय देखो पोरिसीय; 'अत्थाहमतारमपोरिसियंसि उदगंसि अप्पाणं मुयति' (णाया १, १४—पत्र १९०)।

पोरिसी स्त्री [पौरुषी] १ पुरुष-शरीर-प्रमाण छाया। २ जो समय में पुरुष-परिमाण छाया हो वह काल, प्रहर (उवा; विपा २, १; आचा; कप्प, पव ४)। ३ प्रथम प्रहर तक भोजन आदि का त्याग, प्रत्याख्यान-विशेष, तप-विशेष (पव ४; संबोध ५७)।

पोरिसीय वि [पौरुषिक] पुरुष-प्रमाण, पुरुष-परिमित; 'कुंभी महंताहियपोरिसीया' (सूअ १, ५, १, २४)।

पोरुस पुं [पुरुष] अत्यन्त वृद्ध पुरुष (सूअ १, ७, १०)।

पोरुस देखो पोरिस (स २०४; उप ७२८ टी; महा)।

पोरेकच्च, **पोरेगच्च** न [पौरस्कृत्य] पुरस्कार, कला-विशेष (औप; राय; औप १०७ टि)।

पोरेवच्च न [पौरोवृत्य] पुरोवर्त्तित्व, अग्रेसरता (औप; सम ८६; विपा १, १; कप्प)।

पोलंड सक [प्रोत + लङ्घ्] विशेष उल्लंघन करना। पोलंडेइ (णाया १, १—पत्र ६१)।

पोलच्चा स्त्री [दे] खेटित भूमि, कृष्ट जमीन (दे ६, ६३)।

पोलास न [पोलास] १ नगर-विशेष, पोलासपुर (उवा)। २ उद्यान-विशेष (राज)। °पुर न [°पुर] नगर-विशेष (उवा; अंत)।

पोलासाढ न [पोलाषाढ] श्वेतविका नगरी का एक चैत्य (विसे २३५७)।

पोलिअ पुं [दे] सौनिक, कसाई (दे ६, ६२)।

पोलिआ स्त्री [दे. पौलिका] खाद्य-विशेष, पूरी (?); 'सुणओ इव पोलियासत्तो' (उप ७२८ टी; राज)।

पोली देखो पओली; 'बद्धेसु पोलिदारेसु, गवेसंतो अ धुत्तयं' (श्रा १२; उप पृ ८४; धर्मवि ७७)।

पोल्ल वि [दे] पोला, शुषिर, खाली, रिक्त; 'पोल्लो व्व मुट्ठी जह से असारे' (उत्त २०, ४२; णाया १, १—पत्र ६३; पव ८१), 'वंका कीडक्खइया चित्तलया पोल्लया य दड्ढा य' (महा)।

पोल्लड वि [दे] ऊपर देखो, 'वंका कीडक्खइया चित्तलया पोल्लडा य दड्ढा य' (ओघ ७३५; विचार ३३६)।

पोल्लर न [दे] तप-विशेष, निर्विकृतिक तप (संबोध ५८)।

पोस अक [पुष्] पुष्ट होना। पोसइ (धात्वा १४५; भवि)।

पोस सक [पोषय्] १ पुष्ट करना। २ पालन करना। पोसेइ (पंचा १०, १४); 'मायरं पियरं पोस' (सूअ १, ३, २, ४), पोसाहि (सूअ १, २, १, १९)। कवकृ. पोसिज्जंत (गा १३५)।

पोस वि [पोष] १ पोषक, पुष्टि-कारक; 'अभिक्खणं पोसवत्थं परिहिंति' (सूअ १, ४, १, ३)। २ पुं. पोषण, पुष्टि (संबोध ३९)।

पोस पुं [पोस] १ अपान-देश, गुदा (पण्ह १, ४—पत्र ७८; ओघ ५५६; औप)। २ योनि (निचू ६)। ३ लिंग, उपस्थ; 'णवसोतपरिस्सवा बोंदी पण्णत्ता, तं जहा; दो सोत्ता, दो णेत्ता, दो घाणा, मुहं, पोसे, पाऊ' (ठा ९—पत्र ४५०)।

पोस पुं [पौष] पौष मास (सम ३५)।

पोसग वि [पोषक] १ पुष्टि-कारक। २ पालन-कर्ता (पण्ह १, २)।

पोसण न [पोषण] १ पुष्टि (पराह १, २)। २ पालन। ३ वि. पोषण-कर्ता, 'लोग परं पि जहासिपोसरणे' (सूअ १, २, १, १६)।
पोसण न [पोसन] अपान, गुदा (जं ३)।
पोसणया स्त्री [पोषणा] १ पोषण, पुष्टि। २ भरण, पालन (उवा)।
पोसय देखो **पोस** = पोस; 'पोसए त्ति' (ठा ६ टी—पत्र ४५०; बृह ४)।
पोसय देखो **पोसग** (राज)।
पोसह पुं [पोषध, पौषध] १ अष्टमी, चतुर्दशी आदि पर्वतिथि में करने योग्य जैन श्रावक का व्रत-विशेष, आहार-आदि के त्याग-पूर्वक किया जाता अनुष्ठान-विशेष (सम १६; उवा; औप; महा; सुपा ६१६; ६२०)। २ पर्व-दिवस—अष्टमी, चतुर्दशी आदि पर्व-तिथि; 'पोसहसद्दो रूढीए एत्थ पव्वाणुवायओ भणिओ' (सुपा ६१६)। °**पडिमा** स्त्री [°प्रतिमा] जैन श्रावक को करने योग्य अनुष्ठान-विशेष, व्रत-विशेष (पंचा १०, ३)। °**वय** न [°व्रत] वही पूर्वोक्त अर्थ (पडि)। °**साला** स्त्री [°शाला] पौषध-व्रत करने का स्थान (णाया १, १—पत्र ३१; अंत; महा)। °**ोववास** पुं [°ोपवास] पर्वदिन में उप-वास-पूर्वक किया जाता जैन श्रावक का अनु-ष्ठान-विशेष, जैन श्रावक का ग्यारहवाँ व्रत (औप; सुपा ६१६)।
पोसहिय वि [पौषधिक] जिसने पोषध-व्रत किया हो वह, पौषध करनेवाला (णाया १, १—पत्र ३०; सुपा ६१६; धर्मवि २७)।
पोसिअ वि [दे] दुःस्थ, दरिद्र, दुःखी (दे ६, ६१)।
पोसिअ वि [पुष्ट] पोषण-युक्त (भवि)।
पोसिअ वि [पोषित] १ पुष्ट किया हुआ। २ पालित (उत्त २७, १४)।
पोसिद (शौ) वि [प्रोषित] प्रवास—विदेश में गया हुआ। °**भत्तुआ** स्त्री [°भर्तृका] जिसका पति प्रवास—परदेश में गया हो वह स्त्री (स्वप्न १३४)।
पोसी स्त्री [पौषी] १ पौष मास की पूर्णिमा। २ पौष मास की अमावस (सुज्ज १०, ६; इक)।
पोह पुं [दे] बैल आदि की विष्ठा का ढेर, कच्छी भाषा में 'पोह' (पिंड २४५)।
पोह पुं [प्रोथ] अश्व के मुख का प्रान्त भाग (गउड)।
पोहण पुं [दे] छोटी मछली (दे ६, ६२)।
पोहत्त न [पृथुत्व] चौड़ाई (भग)।
पोहत्त देखो **पुहत्त** (पि ७८)।
पोहत्तिय वि [पार्थक्त्विक] पृथक्त्व-संबन्धी (पराण २२—पत्र ६३६; ६४०; २३—पत्र ६६४)।
पोहल देखो **पोप्फल** (षड्)।
°**प्प** देखो **प** = प्र; 'विप्पोसहिपत्ताणं' (संति २; गउड)।
°**प्पआस** देखो **पयास** = प्रयास (अभि ११७)।
°**प्पउत्त** देखो **पउत्त** = प्रवृत्त (मा ३)।
°**प्पअअ** देखो **पअय** (अभि १७६)।
°**प्पडव** (मा) अक [प्र + तप्] गरम होना। प्पडवदि (पि २१६)।
°**प्पडिआर** देखो **पडिआर** = प्रतिकार (मा ४३)।
°**प्पडिहा** देखो **पडिहा** = प्रतिभा (कुमा)।
°**प्पणइ** देखो **पणइ** = प्रणयिन् (कुमा)।
°**प्पणाम** देखो **पणाम** = प्रणाम (हे ३, १०५)।
°**प्पणास** देखो **पणास** = प्रणाश (सुपा ६५७)।
°**प्पण्णा** देखो **पण्णा** = प्रज्ञा (कुमा)।
°**प्पत्थाण** देखो **पत्थाण** (अभि ८१)।
°**प्पदेस** देखो **पदेस** (नाट—विक्र ४)।
°**प्पफुरिद** (शौ) देखो **पप्फुरिअ** (नाट—मालती ५४)।
°**प्पबंध** देखो **पबंध** (रंभा)।
°**प्पभिदि** देखो °**पभिइ** (रंभा)।
°**प्पभूद** (शौ) देखो **पभूय** (नाट—वेणी ३६)।
°**प्पमत्त** देखो **पमत्त** (अभि १८५)।
°**प्पमाण** देखो **पमाण** (पि ३६६ ए)।
°**प्पमुक्क** देखो **पमुक्क** (नाट—उत्तर ५६)।
°**प्पमुह** देखो **पमुह** (गउड)।
°**प्पयर** देखो **पयर** (कुमा)।
°**प्पयाव** देखो **पयाव** (कुमा)।
°**प्पयास** देखो **पयास**=प्रकाश (सुपा ६५७)।
°**प्पलावि** देखो **पलावि** (अभि ४६)।
°**प्पवत्तण** देखो **पवत्तण**; 'अजिअजिण सुह-प्पवत्तणं' (अजि ४)।
°**प्पवह** देखो **पवह** (कुमा)।
°**प्पवेस** देखो **पवेस** (रंभा)।
°**प्पवेसि** देखो **पवेसि** (अभि १७५)।
°**प्पसर** देखो **पसर** = प्र + सृ। वकृ. °**प्पसरंत** (रंभा)।
°**प्पसर** देखो **पसर** = प्रसर।
°**प्पसव** देखो **पसव** = (नाट—मालवि ३७)।
°**प्पसाय** देखो **पसाय** = प्रसाद (रंभा)।
°**प्पसुत्त** देखो **पसुत्त** (रंभा)।
°**प्पसूद** (शौ) देखो **पसूअ** = प्रसूत (अभि १४०)।
°**प्पहर** देखो **पहर** = प्रहार (से २, ४; पि २६७ ए)।
°**प्पहा** देखो **पहा** (कुमा)।
°**प्पहाण** देखो **पहाण** (रंभा)।
°**प्पहाय** देखो **पहाय** = प्रभाव; 'प्पहाउ' (रंभा)।
°**प्पहार** देखो **पहार** (रंभा)।
°**प्पहाव** देखो **पहाव** (अभि ११६)।
°**प्पहु** देखो **पहु** (रंभा)।
°**प्पारंभ** देखो **पारंभ** (रंभा)।
°**प्पिअ** देखो **पिअ** = प्रिय (अभि ११८; मा १८)।
°**प्पिआ** देखो **पिआ** (कुमा)।
°**प्पिव** देखो **इव** (प्राकृ २६)।
°**प्पेम** देखो **पेम** (पि ४०४)।
°**प्पेम्म** देखो **पेम्म** (कुमा)।
°**प्पोढ** देखो **पोढ** (रंभा)।
°**प्फंस** देखो **फंस** = स्पर्श (काप्र ७४३; गा ४६२; ५५६)।
°**प्फणा** देखो **फणा** (सुपा ५३५)।
°**प्फद्धा** देखो **फद्धा** (कुमा)।
°**प्फल** देखो **फल** (पि २००)।
°**प्फाल** सक [स्फालय्] १ आघात करना। २ पछाड़ना। प्फालउ (पिंग)।

°प्फालण न [स्फालन] आघात (गउड; गा ५४६)।

°प्फुड देखो फुड (कुमा; रंभा)।

°प्फोडण देखो फोडण (गा ३८१)।

प्रस्स (अप) देखो पस्स = दृश्। प्रस्सदि (हे ४, ३९३)।

प्राइम्व, प्राइव, प्राउ (अप) देखो पाय = प्रायस् (हे ४, ४१४; कुमा)।

प्रिय (अप) देखो पिअ = प्रिय (हे ४, ३९८; कुमा)।

प्रेंक्किअ न [दे] वृष रटित, बैल की चिल्लाहट (षड्)।

प्रेयंड वि [दे] धूर्त्त, ठग (दे १, ४)।

॥ इअ सिरिपाइअसद्दमहण्णवम्मि पआराइसद्दसंकलणो
सत्तावीसइमो तरंगो परिसमत्तो॥

फ

फ पुं [फ] ओष्ठ-स्थानीय व्यञ्जन वर्ण-विशेष (प्राप्र)।

फंद अक [स्पन्द्] थोड़ा हिलना, फरकना। फंदइ, फंदंति (हे ४, १२७; उत्त १४, ४५)। वकृ. फंदंत, फंदमाण (सूअ १, ४, १, ६; ठा ७—पत्र ३८३; कप्प)।

फंद पुं [स्पन्द] किञ्चित् चलन (षड्; सण)।

फंदण न [स्पन्दन] ऊपर देखो (विसे १८४७; हे २, ५३; प्राप्र)।

फंदणा स्त्री [स्पन्दना] ऊपर देखो (सूअनि ८ टी)।

फंदिअ वि [स्पन्दित] १ कुछ हिला हुआ, फरका हुआ (पाअ)। २ हिलाया हुआ, ईषत् चालित (जीव ३)।

फंफ (अप) अक [उद् + गम्] उछलना। फंफाइ (पिंग १८४, ५)।

फंफसय पुं [दे] लता-भेद, वल्ली-विशेष (दे ६, ८३)।

फंफाइ (अप) वि [कम्पायित, कम्पित] कँपाया हुआ, कम्प-प्राप्त (पिंग)।

फंस अक [विसम् + वद्] असत्य प्रमाणित होना, प्रमाण-विरुद्ध होना, अप्रमाण साबित होना। फंसइ (हे ४, १२९)। प्रयो., भूका. फंसाविही (कुमा)।

फंस सक [स्पृश्] छूना। फंसइ, फंसेइ (हे ४, १८२; प्राकृ २७)। कर्म. फंसिज्जइ (कुमा)।

फंस पुं [स्पर्श] स्पर्श, छूना (पाअ; प्राप्र; प्राकृ २७; गा २६६)।

फंसण न [स्पर्शन] छूना, स्पर्श करना (उप ३३० टी; धर्मवि ४३, मोह २६)।

फंसण वि [पांसन] अपसद, अधम; 'कुल-फंसणो' (सुख २, ६; स १६८; भवि)।

फंसण वि [दे] १ युक्त, संयत। २ मलिन, मैला (दे ६, ८७)।

फंसुल वि [दे] मुक्त, त्यक्त (दे ६, ८२)।

फंसुली स्त्री [दे] नवमालिका, पुष्प-प्रधान वृक्ष-विशेष (दे ६, ८२)।

फक्किया स्त्री [फक्किका] ग्रन्थ का विषम स्थान, कठिन स्थान (सुर १६, २४७)।

फग्गु वि [फल्गु] १ असार, निरर्थक, तुच्छ (सुर ८, ३; संबोध १६; गा ३६६ अ)। २ स्त्री. भगवान् अजितनाथ की प्रथम शिष्या (सम १५२)। °मित्त पुं [°मित्र] स्वनाम-ख्यात एक जैन मुनि (कप्प)। °रक्खिय पुं [°रक्षित] एक जैन मुनि (आव १)। °सिरी स्त्री [°श्री] इस अवसर्पिणी काल के पंचम आरे में होनेवाली अन्तिम जैन साध्वी (विचार ५३४)।

फग्गु पुं [दे. फल्गु] वसन्त का उत्सव, फगुआ (दे ६, ८२)।

फग्गुण पुं [फाल्गुन] १ मास-विशेष, फागुन का महिना (पाअ; कप्प)। २ अर्जुन, मध्यम पाण्डुपुत्र (वज्जा १३०)।

फग्गुणी स्त्री [फाल्गुनी] १ फागुन मास की पूर्णिमा (इक; सुज्ज १०, ६)। २ फागुन मास की अमावस्या (सुज्ज १०, ६)। ३ एक गृह-पति की स्त्री (उवा)।

फग्गुणी स्त्री [फल्गुनी] नक्षत्र-विशेष (ठा २, ३)।

फट्ट अक [स्फट्] फटना, टूटना। फट्टइ (भवि)।

फड सक [स्फट्] १ खोदना। २ शोधना। वकृ. 'गतं फडमाणीओ' (सुपा ६१३)। हेकृ. फडिउं (सुपा ६१३)।

फड न [दे] साँप का सर्व शरीर (दे ६, ८६)।

फड पुंन [दे. फट] साँप की फणा (दे ६, ८६; कुप्र ४७२)।

फडही [दे] देखो फलही (गा ५५० अ)।

फडा स्त्री [फटा] साँप की फन, सर्प-फणा (णाया १, ६; पउम ५२, ५; पाअ; औप)। °ल वि [°वत्] फनवाला (हे २, १५९; चंड)।

फडिअ वि [स्फटित] खोदा हुआ, 'तो थोवे-सघरेहिं नरेहिं फडिया भडत्ति सा गत्ता' (सुपा ६१३)।

फडिअ } देखो फलिह = स्फटिक (नाट— फडिग } रत्ना ८३); 'फडिगपाहाणनिभा' (निचू ७)।

फडिल्ल देखो फडा-ल (चंड)।

फडिह पुं [परिघ] १ अर्गला, आगल (से १३, ३८)। २ कुठार (से ५, ५४)।

फडिहा देखो फलिहा = परिखा (से १२, ७५)।

फड्ड } पुंन [दे. स्पर्ध, °क] १ अंश, फड्डग } भाग, निस्सा, गुजराती में 'फाडिउं'; फड्ड } 'कम्मियकड्डमिस्सा चुल्ली उक्खा य फड्डुग } फड्डगजुया उ' (पिंड २५३)। २ संपूर्ण गण के अधिष्ठाता के वशवर्त्ती गण का एक लघुतर हिस्सा, समुदाय का एक अति छोटा विभाग जो संपूर्ण समुदाय के अध्यक्ष के अधीन हो; 'गच्छागच्छिं गुम्मागुम्मि फड्डाफड्डि' (औप; बृह १)। ३ द्वार आदि का छोटा छिद्र, विवर। ४ अवधिज्ञान का निर्गम-स्थान; 'फड्डा य असंखेज्जा', 'फड्डा य आणुगामी' (विसे ७३८; ७३९)। ५ समुदाय; 'तत्थ पव्वइयगा फड्डगेहिं एंति' (आवम; आचू १)। ६ समुदाय-विशेष, वर्गणा-समुदाय; 'नेहप्पच्चय-फड्डगमेगं अविभागवग्गणा णंता' (कम्मप २८; ४४; पंच ३, २८; ५, १८३, १८४; जीवस ७६); 'तं इगिफड्डुं संते', 'तासिं खलु फड्डुगाइं तु' (पंच ५, १७६; १७१)। °वइ पुं [°पति] गण के अवान्तर विभाग का नायक (बृह १)।

फण पुं [फण] फन, साँप की फणा (से ६, ५५; पाअ; गा २४०; सुपा १; प्रासू ५१)।

फणग पुं [दे. फनक] कंघा, केश सवाँरने का उपकरण (उत्त २२, ३०)।

फणज्जुय पुं [दे] वनस्पति-विशेष, 'तुलसी कण्ह-ओराले फणज्जुए अज्जए य भूयणए' (पण्ण १—पत्र ३४)।

फणस पुं [पनस] कटहर का पेड़ (पण्ण १; हे १, २३२; प्राप्र)।

फणा स्त्री [फणा] फन (सुर २, २३६)।

फणि पुं [फणिन्] १ साँप, सर्प, नाग (उप ३५७ टी; पाअ; सुपा ५५६; महा; कुमा)। २ दो कला या एक गुरु अक्षर की संज्ञा (पिंग)। ३ प्राकृत-पिंगल का कर्ता, पिंगला-चार्य (पिंग)। °चिंध पुं [°चिह्न] भगवान् पार्श्वनाथ (कुमा)। °पहु पुं [°प्रभु] १ नागकुमार देवों का एक स्वामी, धरणेन्द्र (ती ३)। २ शेष नाग (धर्मवि ५७)। °राय पुं [°राज] १ शेष नाग (कुप्र २७२)। २ पिंगल-कर्ता (पिंग)। °लआ स्त्री [°लता] नागलता, वल्ली-विशेष, (कप्पू)। °वइ पुं [°पति] १ इन्द्र-विशेष, धरणेन्द्र (सुपा ३१)। २ नाग-राज (मोह २९)। ३ पिंगलकार (पिंग)। °सेहर पुं [°शेखर] प्राकृत-पिंगल का कर्ता (पिंग)।

फणिंद पुं [फणीन्द्र] १ नाग-राज, शेष नाग (प्रासू ११३)। २ पिंगलकार (पिंग)।

फणिल्ल सक [चोरय्] चोरी करना। फणिल्लइ (धात्वा १४६)।

फणिह पुं [दे. फणिह] कंघा, केश सवाँरने का उपकरण (सूअ १, ४, २, ११)।

फणीसर पुं [फणीश्वर] देखो फणि-वइ (पिंग)।

फणुज्जय देखो फणज्जुय (राज)।

फद्ध पुं [स्पर्ध] स्पर्धा, हिर्स (कुमा)।

फद्धा स्त्री [स्पर्धा] ऊपर देखो (दे ८, १३; कुमा ३, १८)।

फद्धि वि [स्पर्धिन्] स्पर्धा करनेवाला (प्राकृ २३)।

फर } पुं [दे. फल, °क] १ काष्ठ आदि फरअ } का तख्ता। २ ढाल। (दे १,७६;६, ८२; कप्पू; सुर २, ३१)। देखो फल, फलग।

फरअ पुंन [दे. स्फरक] अस्त्र-विशेष, 'फरएहिं छाइऊणं तेवि हु गिण्हंति जीवंतं' (धर्मवि ८०)।

फरक्किद वि [दे] फरका हुआ, हिला हुआ, कम्पित (कप्पू)।

फरस देखो फरिस = स्पर्श (रंभा; नाट)।

फरसु पुं [परशु] कुठार, कुल्हाड़ा, फरसा (भवि; पि २०४)। °राम पुं [°राम] ब्राह्मण-विशेष, जमदग्नि ऋषि का पुत्र (भत्त १५३)।

फरहर अक [फरफराय्] फरफर आवाज करना। वकृ. फरहरंत (भवि)।

फरिह देखो फलिह = स्फटिक (इक)।

फरिस सक [स्पृश्] छूना। फरिसइ (षड्); फरिसइ (प्राकृ २७)। कर्म. फरि-सिज्जइ (कुमा)। कवकृ. फरिसिज्जंत (धर्मवि १३६)।

फरिस } पुंन [स्पर्श, °क] स्पर्श, छूना फरिसग } (आचा; पण्ह १, १; गा १३२; प्राप्र; पाअ; कप्प); 'न य कीरइ तणुफरिसं' (गच्छ २, ४४)।

फरिसण न [स्पर्शन] इन्द्रिय-विशेष, त्वगि-न्द्रिय (कुप्र २२४)।

फरिसिय वि [स्पृष्ट] छुआ हुआ (कुप्र १६; ४२)।

फरिहा देखो फलिहा = परिखा (णाया १, १२)।

फरुस वि [परुष] १ कर्कश, कठिन (उवा; पाअ; हे १, २३२; प्राप्र)। २ न. कुवचन, निष्ठुर वाक्य, 'ण यावि किंची फरुसं वदेज्जा' (सूअ १, १४, ७; २१)।

फरुस } पुं [दे. परुष, °क] कुम्भकार, फरुसग } कुम्हार, कोहाँर, कुंभार; 'पोग्गलमो-यगफरुसगदंते' (बृह ४)। °साला स्त्री [°शाला] कुंभकार-गृह (बृह ३)।

फरुसिया स्त्री [परुषता, पारुष्य] कर्कशता, निष्ठुरता (आचा)।

फल अक [फल्] फलना, फलान्वित होना। फलइ (गा १७; ८६४), फलंति (सिरि १२८२)। वकृ. फलंत (से ७, ५९)।

फल पुंन [फल] १ वृक्षादि का शस्य (आचा; कप्प; कुमा; ठा ६; जी १०)। २ लाभ; 'पुच्छइ ते सुमिणाणं एएसिं किमिह मह फलो होइ' (उप ९८६ टी)। ३ कार्य; 'हेउफलभा-वओ होंति' (पंचव १; धर्म १)। ४ इष्टानिष्ट-कृत कर्म का शुभ या अशुभ फल—परिणाम (सम ७२; हे ४, ३३५)। ५ उद्देश्य। ६ प्रयोजन। ७ त्रिफला। ८ जायफल। ९ बाण का अग्र भाग। १० फाल। ११ दान। १२ मुष्क, अण्डकोष। १३ ढाल। १४ कक्कोल, गन्ध-द्रव्य-विशेष (हे १, २३)। १५ अग्र भाग; 'अदु वा मुट्ठिणा अदु

कुंताइफलेणं' (आचा १, ६, ३, १०)। °मंत, °व वि [°वत्] फलवाला (गाया १, ४; पंचा ४)। °वड्ढिय, वद्धिय न [°वर्द्धिक] १ नगर-विशेष, फलोधि-नामक मरुदेशीय नगर। २ वहाँ का एक जैन मन्दिर (ती ५२)।

फलअ } पुंन [फलक] १ काष्ठ आदि का
फलग } तख्ता (आचा; गा ६५६; तंदु २६; सुर १०, १६१; औप)। २ जुए का एक उपकरण (औप; धण ३२)। ३ ढाल; 'भरिएहिं फलएहिं' (विपा १, ३; कुमा; सार्ध १०१)। ४ देखो फल (आचा)। °सज्जा स्त्री [°शय्या] काष्ठ का तख्ता जिसपर सोया जाय (भग)।

फलण न [फलन] फलना (सुपा ६)।

फलह } पुंन [फलह, °क] फलक, काठ
फलहग } आदि का तख्ता; 'असंसंजए भिक्खु-पडियाए पीढं वा फलहगं वा णिस्सेणिं वा उदूहलं वा आहट्टु उस्सविय दुरुहेज्जा' (आचा २, १, ६, १), 'भूमिसेज्जा फलह-सेज्जा' (औप), 'घरफलहे' (दे १, ८; पि २०६), 'पेक्खइ मन्दिराइँ फलहद्धुग्घाडिय-जालगवक्खाइं', 'अह फलहंतरेण दरिसिय-गुज्भंतरदेसइं' (भवि);

'पिहुपत्तासयमयलं गुणनियरनिबद्धफलहसंघायं।
संजमियसयलजोगं बोहित्थं मुणिवरसरिच्छं'
(सुर १३, ३६)।

फलहिआ } स्त्री [फलहिका, फलही] काठ
फलही } आदि का तख्ता; 'सूरिए अत्थमिए फलहिअं घडेउमाढवइ', 'इत्थ पहाणफलहो चिट्ठइ' (ती ११), 'कलावईए रूवं सिग्घं आलिहसु चित्तफलहीए' (सुर १, १५१)।

फलही स्त्री [दे] १ कर्पास, कपास (दे ६, ८२; गा १६५, ३५६)। २ कपास की लता; 'दरफुडिअवेंटभारोणआइ हसिअं व फलहीए' (गा ३६०)।

फलाव सक [फलाय्] फलवान् बनाना, सफल करना; 'तत्तोवि अ धण्णतमा निअय-फलेणं फलावंति' (रत्न २६)।

फलावह वि [फलावह] फलप्रद, फल को धारण करनेवाला (पउम १४, ४४)।

फलासव पुं [फलासव] मद्य-विशेष (पण्ण १७)।

फलि पुं [दे] १ लिंग, चिह्न। २ वृषभ, बैल (दे ६, ८६)।

फलिअ वि [फलित] १ विकसित, 'फुडिअं फलिअं च दलिअमुद्दरिअं' (पाअ)। २ फल-युक्त, जिसको फल हुआ हो वह (गाया १, ११)।

फलिअ न [दे] वायन, बायन, भोजन आदि का बाँटा जाता उपहार (ठा ३, ३—पत्र १४७)।

फलिआरी स्त्री [दे] दूर्वा, कुश तृण (दे ६, ८३)।

फलिणी स्त्री [फलिनी] प्रियंगु-वृक्ष (दे १, ३२; ६, ४६; पाअ, कुमा; गा ६६३)।

फलिह पुं [परिघ] १ अर्गला, आगल; 'अग्गला फलिहो' (पाअ; औप), 'ऊसिय-फलिहा' (भग २, ५—पत्र १३४)। २ अस्त्र-विशेष, लोहे का मुद्गर आदि अस्त्र। ३ गृह, घर। ४ काच-घट। ५ ज्योतिष-शास्त्र-प्रसिद्ध एक योग (हे १, २३२; प्राप्र)।

फलिह पुं [स्फटिक] १ मणि-विशेष, स्फटिक मणि (जी ३; हे १, १६७; कप्पू)। २ एक विमानावास, देव-विमान-विशेष (देवेन्द्र १३२; इक)। ३ रत्नप्रभा पृथिवी का एक स्फटिक-मय काण्ड (ठा १०)। ४ गन्धमादन पर्वत का एक कूट (इक)। ५ कुण्डल पर्वत का एक कूट। ६ रुचक पर्वत का एक शिखर (राज)। °गिरि पुं [°गिरि] कैलास पर्वत (पाअ)।

फलिह पुं [फलिह] फलक, काठ आदि का तख्ता; 'अवेसिणो फलिहा' (पाअ), 'नाणो-वगरणभूयाणं कवलियाफलिहपुत्थियाईणं' (आप ८)।

फलिह पुंन [स्फटिक] आकाश (भग २०, २)।

फलिह न [दे] कपास का टेंटा, टेंट या ढेढ़ी (अणु ३५ टी)।

फलिहंस पुं [फलिहंसक] वृक्ष-विशेष (दे ४, १२)।

फलिहा स्त्री [परिखा] खाई, किले या नगर के चारों ओर की नहर (औप; हे १, २३२; कुमा)।

फलिहि देखो परिहि (प्राकृ १५)।

फलिही देखो फलही=दे (अणु ३५ टी)।

फली स्त्री [फली] काठ आदि की छोटी तख्ती; 'तत्तो चंदणफलीउ वणियहट्टम्मि विक्किउं कहवि (सुपा ३८५)।

फलोवय } वि [फलोपग] फल-प्राप्त, फल-
फलोवा° } सहित (ठा ३, १ पत्र—११३)।

फल्ल वि [फल्य] सूते का वस्त्र, सूती कपड़ा (बृह १)।

फव्वीह सक [लभ्] यथेष्ट लाभ प्राप्त करना, गुजराती में 'फाववु''। फव्वीहामो (बृह १)। फव्व (दश० अगस्त्य० सू० ३०३)।

फसल वि [दे] १ सार, चितकबरा; 'फसलं सबलं सारं किम्मीरं चित्तलं च बोगिल्लं' (पाअ; दे ६, ८७)। २ स्थासक (दे ६, ८७)।

फसलाणिअ } वि [दे] कृत-विभूष, जिसने
फसलिअ } विभूषा की हो वह, शृङ्गारित (दे ६, ८३); 'फसलियाणि कुंकुमराएण' (स ३६०)।

फसुल वि [दे] मुक्त (दे ६, ८२)।

फाइ स्त्री [स्फाति] वृद्धि (ओघ ४७)।

फाईकय वि [स्फीतीकृत] १ फैलाया हुआ। २ प्रसिद्ध किया हुआ; 'वइसेसियं पणीयं फाईकयमण्णमण्णेहिं' (विसे २५०७)।

फागुण देखो फग्गुण (पि ६२)।

फाड सक [पाटय्, स्फाटय्] फाड़ना। फाडेइ (हे १, १६८; २३२)। वकृ. फाडंत (कुमा)।

फाडिय वि [फाटित, स्फाटित] विदारित (भवि)।

फाणिअ पुंन [फाणित] १ गुड़; 'फाणिओ गुडो भण्णति' (निचू ४)। २ गुड़ का विकार-विशेष, आर्द्र गुड़, पानी से द्रावित गुड़ (औप; कस; पिंड २३६; ६२५; पव ४)। ३ क्वाथ (पण्ण १७—पत्र ५३०)।

फाय वि [स्फीत] १ वृद्ध। २ विस्तीर्ण। ३ ख्यात (विसे २५०७)।

फार वि [स्फार] १ प्रचुर, बहुत; 'फारफल-भारभज्जिरसाहासयसंकुलो महासाही' (धर्मवि ५५)। २ विशाल, विपुल। ३ विस्तृत,

फैला हुआ (सुर २, २३६; काप्र १७०; सुपा १६४; कुप्र ५१)।

फारक वि [दे. स्फारक] स्फरकास्त्र को धारण करनेवाला, 'तं नासंतं दट्ठुं फारक्का नमुइवयणओ ढुक्का' (धर्मवि ८०)।

फारुसिय न [पारुष्य] परुषता, कठोरता, कर्कशता; 'फारुसियं समाइयंति' (आचा)।

फाल देखो °प्फाल।

फाल देखो फाड। फालेइ (हे १, १९८; २३२)। कवकृ. फालिज्जंत, फालिज्जमाण (गा १५३; सम्मत्त १७४)। संकृ. फालेऊण (गा ४८९)।

फाल पुंन [फाल] १ लोहमय कुश, एक प्रकार की लोहे की लम्बी कील (उवा)। २ फाल से की जाती एक प्रकार की दिव्य-परीक्षा, शपथ-विशेष (सुपा १८९)। ३ फलांग, लाँफ; 'दीवि व्व विहलफालो' (कुप्र १२)।

फालण न [पाटन, स्फाटन] विदारण, "खोणी किं न सहेदि सीरमुहओ तं तारिसं फालणं" (रंभा; सम १२५)।

फालण देखो °प्फालण।

फाला स्त्री [फाला] फलाङ्ग, लाँफ (कुप्र २७८; कुलक ३२)।

फालि स्त्री [दे. फालि] १ फली, छीमी, फलियाँ २ शाखा "सिंबलिफालिव्व अग्गिणा दड्ढो" (संथा ८५)। ३ फाँक, टुकड़ा "—नागवल्लीदलपूगीफलफालिपमुह—" (रयण ५५)।

फालिअ वि [पाटित, स्फाटित] विदारित (कुमा; पएह १, १—पत्र; पउम ८२, ३१; औप)।

फालिअ न [दे. फालिक] देश-विशेष में होता वस्त्र-विशेष, "अमिलाणि वा गजलाणि वा फालियाणि वा कायहाणि वा (आचा २, ५, १, ७)।

फालिअ, फालिग, फालिह पुं [स्फाटिक] १ रत्न-विशेष (कप्प)। २ वि. स्फटिक-रत्न का (पि २२६; उप ९८६; सुपा ८८)।

फालिहद्द पुं [पारिभद्र] १ फरहद का पेड़। २ देवदारु का पेड़। ३ निम्ब का पेड़ (१; २३२)।

फास सक [स्पृश्, स्पर्शय्] १ स्पर्श करना, छूना। २ पालन करना। फासइ, फासेइ (हे ४, १८२; भग)। कर्म. फासिज्जइ (कुमा)। वकृ. फासंत, फासयंत (पंचा १०, ३५ पएह २, ३—पत्र १२३)। कवकृ. फासाइज्जमाण (भग—अ°)। संकृ. फासइत्ता, फासित्ता (उत्त २९, १; सुख २९, १; कप्प; भग)।

फास पुंन [स्पर्श] १ स्पर्श, छूना (भग; प्रासू १०४)। २ ग्रह-विशेष, ज्योतिष्क देव-विशेष (ठा २, ३—पत्र ७८)। ३ दुःख-विशेष, "एयाइं फासाइं फुसंति बालं" (सूअ १, ५, २, २२)। ४ शब्द आदि विषय (उत्त ४, ११)। ५ स्पर्श इन्द्रिय, त्वचा (भग)। ६ रोग। ७ ग्रहण। ८ युद्ध, लड़ाई। ९ गुप्त चर, जासूस। १० वायु, पवन। ११ दान। १२ 'क' से लेकर 'म' तक के अक्षर। १३ वि. स्पर्श करनेवाला (हे २, ९२)। °कीव पुं [°क्लीब] क्लीब का एक भेद (निचू ४)। °णाम, °नाम न [°नामन्] कर्म-विशेष, कर्कश आदि स्पर्श का कारणभूत कर्म (राज; सम ६७)। °मंत वि [°मत्] स्पर्शवाला (ठा ५, ३; भग)। °मय वि [°मय] स्पर्श-मय, स्पर्श से निर्वृत्त; 'फासामयाओ सोक्खाओ' (ठा १०)।

फासग वि [स्पर्शक] स्पर्श करनेवाला (अज्झ १०४)।

फासण न [स्पर्शन] १ स्पर्श-क्रिया (श्रा १६)। २ स्पर्शेन्द्रिय, त्वचा (पव ६७)।

फासणया, फासणा स्त्री [स्पर्शना] १ स्पर्श-क्रिया (ठा ६; स १५६; जीवस १८१)। २ प्राप्ति (राज)।

फासिअ वि [स्पृष्ट] १ छुआ हुआ (नव ४१; विसे २७८३)। २ प्राप्त; 'उचिए काले विहिणा पत्तं जं फासियं तयं भणियं' (पव ४)।

फासिअ वि [स्पर्शिक] स्पर्श करनेवाला (विसे १००१)।

फासिअ वि [स्पर्शित] १ स्पर्श-युक्त, स्पृष्ट। २ प्राप्त (पव ४—गाथा २१२)।

फासिंदिय न [स्पर्शेन्द्रिय] त्वगिन्द्रिय (भग; णाया १, १७)।

फासु, फासुअ, फासुग वि [प्रासु, °क] अचेतन, जीव-रहित, निर्जीव, अचित्त वस्तु (भग; पंचा १०, ६; औप; उवा; णाया १, ५; पउम ८२, ५)।

फिक्कर अक [फित् + कृ] प्रेत—पिशाच का चिल्लाना; 'तह फिक्करंति पेया' (सुपा ४९२)।

फिक्कि पुंस्त्री [दे] हर्ष, खुशी (दे ६, ८३)।

फिज न [दे. स्फिच्] नितम्ब, चूतर, जंघा का उपरि-भाग (सुख ८, १३)।

फिट्ट अक [भ्रंश्] १ नीचे गिरना। २ टूटना, भाँगना। ३ ध्वस्त होना। ४ पलायन करना, भागना। फिट्टइ (हे ४, १७७; प्राकृ ७६; गा १८३; चेइय ५८७), फिट्टई (उत्त २०, ३०), फिट्टंति (सिरि १२९३)। भवि. फिट्टिहिइ, फिट्टिहिसि (कुप्र १६५; गा ७६८)।

फिट्ट वि [भ्रष्ट] विनष्ट; 'पाणिएण तएह विअ न फिट्टा' (गा ९३; भवि)।

फिट्टा स्त्री [दे] १ मार्ग, रास्ता; 'ता फिट्टाए मिलियं कुट्टियनरपेडियं एगं' (सिरि २९९)। २ प्रणाम-विशेष, मार्ग में किया जाता प्रणाम (गुभा १)। °मित्त पुंन [°मित्र] मार्ग में मिलने पर प्रणाम करने तक की अवधिवाली मित्रतावाला (सुपा १८९)।

फिड देखो फिट्ट। फिडइ (हे ४, १७७)।

फिडिअ वि [भ्रष्ट, स्फिटित] १ भ्रंश-प्राप्त, नष्ट, च्युत (ओघ ७, १११; ११२; से ४, ५४; ६४)। २ अतिक्रान्त, उल्लंघित (ओघभा १७४; औप)।

फिड्डु वि [दे] वामन (दे ६, ८४)।

फिप्प वि [दे] कृत्रिम, बनावटी (दे ६, ८३)।

फिप्फिस न [दे] अन्त्र—आँत स्थित मांस-विशेष, फेफड़ा (सूअनि ७२; पएह १, १)।

फिर सक [गम्] फिरना, चलना। वकृ. फिरंत (धर्मवि ८१)।

फिरक्क पुंन [दे] खाली गाड़ी, भार ढोने-वाली खाली गाड़ी; 'समचित्ता दुवि वसहा सगडं कड्ढंति उवलभरियंपि। अदुवि विभि-न्नचित्ता फिरक्कजुत्तावि तम्मंति' (सुपा ४२४)।

फिरिय वि [गत] गया हुआ,
'गोधणवालणहेउं पुरिसा इह
केवि अग्गओ फिरिया।
जं सुम्मइ आसन्नो
सुन्नेपि हु एस संखरवो'
(धर्मवि १३६)।

फिलिअ देखो **फिडिअ** (से ८, ६८)।

फिल्लुस अक [दे] फिसलना, खिसकना, गिरना। वकृ. 'सेवालियभूमितले फिल्लुस-माणा य थामथामम्मि' (सुर २, १०५)। देखो **फेल्लुस**।

फीअ देखो **फाय** (सूअ २, ७, १)।

फीणिया स्त्री [दे] एक जात की मीठाई, गुजराती में 'फेणी'; (सम्मत्त ५७)।

फुंका स्त्री [दे] फूँक, मुँह से हवा निकालना (मोह ६७)।

फुंकार पुं [फुङ्कार] फुफकार, कुपित सर्प आदि की आवाज (सुर २, २३७)।

फुंटा स्त्री [दे] केश-बन्ध (दे ६, ८४)।

फुंद देखो **फंद** = स्पन्द। फुंदइ (से १५, ७७)।

फुंफमा, फुंफुआ, फुंफुगा स्त्री [दे] करीषाग्नि, वनकण्डे की आग (पाअ; दे ६, ८४; तंदु ४५; जीव २; बृह १; कम्म १, २२)।

फुंफुमा स्त्री [दे] १ करीषाग्नि, 'अहवा डज्झउ निहुयं निद्धूमं फुंफुम व्व चिरमेसो' (उप ७२८ टी)। २ कचवर-वह्नि, कूड़ा-करकट की आग (सुख १, ८)।

फुंफुल, फुंफुल्ल सक [दे] १ उत्पाटन करना। २ कहना। फुंफुल्लइ (हे ४, १७४)।

फुंस सक [मृज्, प्र + उञ्छ्] पोंछना; साफ करना। फुंसदि (प्राकृ ९३)।

फुंसण देखो **फासण** (उप पृ ३४)।

फुक्क अक [फूत् + कृ] १ फुफकारना, फूँ फूँ आवाज करना। २ सक. मुँह से हवा निकालना, फूँकना। फुक्कइ (पिंग)। वकृ. **फुक्कंत** (गा १७६), **फुक्किज्जंत** (अ) (हे ४, ४२२)।

फुक्का स्त्री [दे] १ मिथ्या (दे ६, ८३)। २ फूँक (कुप्र १५०)।

फुक्कार पुं [फूत्कार] फुफकार, फूँ फूँ की आवाज (कुप्र ५८; सण)।

फुक्किय वि [फूत्कृत] फुफकारा हुआ (आव ४)।

फुक्की स्त्री [दे] रजकी, धोबिन (दे ६, ८४)।

फुग्ग स्त्रीन [दे. स्फिच्] शरीर का अवयव-विशेष, कटि-प्रोथ (सूअनि ७६)।

फुग्गफुग्ग वि [दे] विकीर्ण रोमवाला, परस्पर असंबद्ध—बिखरे हुए केशवाला; 'तस्स भुमगाओ फुग्गफुग्गाओ' (उवा)।

फुट, फुट्ट अक [स्फुट्, भ्रंश्] १ विकसना, खीलना। २ प्रकट होना। ३ फूटना, फटना, टूटना। ४ नष्ट होना। फुटइ, फुट्टई, फुट्टेइ, फुट्टउ (संक्षि ३६; प्राकृ ६६; हे ४, १७७; २३१; उव; भवि; पिंग; गा २२८)। भवि. 'फुट्टिस्सइ बोहित्थं महिलाजणकहियमंतं वा' (धर्मवि १३), फुट्टिहिइ (पि ५२६)। वकृ. **फुट्टंत, फुट्टमाण** (पण्ह १, ३; गा २०४; सुर ४, १५१; णाया १, १—पत्र ३६)।

फुट्ट वि [स्फुटित, भ्रष्ट] १ फूटा हुआ, टूटा हुआ, विदीर्ण (उप ७२८ टी; सम्मत्त १४५; सुर २, ६०; ३, २४३; १३, २१०)। २ भ्रष्ट, पतित (कुमा)। ३ विनष्ट; 'फुट्टहडा-हडसीसं' (णाया १, १६; विपा १, १)।

फुट्टण न [स्फुटन] १ फूटना, टूटना (कुप्र ४१७)। २ वि. फूटनेवाला, विदीर्ण होनेवाला (हे ४, ४२२)।

फुट्टिअ वि [स्फुटित] विदारित, 'फुट्टिअमोहो' (कुमा ७, ६४)।

फुट्टिर वि [स्फुटितृ] फूटनेवाला (सण)।

फुट्ठ देखो **पुट्ठ** = स्पृष्ट (पि ३११)।

फुड देखो **फुट्ट** = स्फुट्, भ्रंश्। फुडइ (हे ४, १७७; २३१; प्राकृ ६६); 'फुडंति सव्वंग-संधीओ' (उप ७२८ टी)। वकृ. **फुडमाण** (सुर ३, २४३)।

फुड देखो **पुट्ठ** = स्पृष्ट (पण्ण ३६; ठा ७—पत्र ३८३; जीवस २००; भग)।

फुड वि [स्फुट] स्पष्ट, व्यक्त, साफ, विशद (पाअ; हे ४, २५८; उवा)।

फुडण न [स्फुटन] टूटना, खण्डित होना (पण्ह १, १—पत्र २३)।

फुडा स्त्री [स्फुटा] अतिकाय-नामक महोरगेन्द्र की एक पटरानी, इन्द्राणी-विशेष (ठा ४, १; इक)।

फुडा स्त्री [फटा] साँप की फन, 'उक्कडफु-डकुडिलजडिलकक्कसवियडफुडाडोवकरणदच्छं' (उवा)।

फुडिअ वि [स्फुटित] १ विकसित, खिला हुआ (पाअ; गा ३६०)। २ फूटा हुआ, विदीर्ण (स ३८१)। ३ विकृत (पण्ह १, २—पत्र ४०)।

फुडिअ (अप) देखो **फुरिअ** (भवि)।

फुडिआ स्त्री [स्फोटिका] छोटा फोड़ा, फुनसी (सुपा १३८)।

फुडु देखो **फुट्ट**। फुडुइ (षड्)।

फुन्न वि [दे. स्पृष्ट] छूआ हुआ (पव १५८ टी; कम्म ५, ८५ टी)।

फुप्फुस न [दे] उदरवर्ती अन्त्र-विशेष, फेफड़ा (सूअनि ७३; पउम २६, ५४)।

फुम सक [भ्रम्] भ्रमण करना। फुमइ (हे ४, १६१)। प्रयो. फुमावइ (कुमा)।

फुम सक [दे. फूत् + कृ] फूँक मारना, मुँह से हवा करना। फुमेज्जा (दस ४, १०)। वकृ. **फुमंत** (दस ४, १०)। प्रयो. फुमावेज्जा (दस ४, १०)।

फुर अक [स्फुर्] १ फरकना, हिलना। २ तड़फड़ना। ३ विकसना, खीलना। ४ प्रकाशित होना, प्रकट होना; 'फुरइ अ सीताइ तक्खणं वामच्छं' (से १५, ७६; पिंग)। वकृ. **फुरंत, फुरमाण** (गा १६२; सुर २, २२१; महा; पिंग; से ६, २५; १२, २६)। संकृ. **फुरित्ता** (ठा ७)।

फुर सक [अप + हृ] अपहरण करना, छीनना। प्रयो. फुरावेंति (वव ३)।

फुर पुं [स्फुर] शस्त्र-विशेष; 'फुरफलगावरण-गहिय—' (पण्ह १, ३—पत्र ४६)।

फुर (अप) देखो **फुड** = स्फुट (पिंग)।

फुरण न [स्फुरण] १ फरकना, कुछ हिलना, ईषत् कम्पन; 'जं पुण अच्छिप्फुरणं मह होही भारिया तेण' (सुर १३, १२७)। २ स्फूर्ति (सुपा ६; वज्जा ३४; सम्मत्त १६१)।

फुरफुर अक [पोस्फुराय्] खूब काँपना, थरथराना, तड़फड़ाना। फुरफुरेज्ज (महानि १)। वकृ. फुरफुरंत, फुरफुरेंत (सुर १४, २३३; स ६६६; २५६)।

फुरिअ वि [स्फुरित] १ कम्पित, हिला हुआ, फरका हुआ, चलित (दे ६, ८४; सुर ५, २२६; गा १३७)। २ दीप्त (दे ६, ८४)।

फुरिअ वि [दे] निन्दित (दे ६, ८४)।

फुरुफुर देखो फुरफुर। वकृ. फुरुफुरंत, फुरुफुरेंत (पण्ह १, ३; पिंड ५६०; सुर ७, २३१; णाया १, ८—पत्र १३३)।

फुल देखो फुड = स्फुट्। फुलइ (नाट)। फुले (अप) (पिंग)।

फुल (अप) देखो फुर = स्फुर्। फुला (पिंग)।

फुल (अप) देखो फुड = स्फुट (पिंग)।

फुल (अप) देखो फुल्ल = फुल्ल (पिंग)।

फुलिअ देखो फुडिअ = स्फुटित (से ५, ३०)।

फुलिअ (अप) देखो फुल्लिअ (पिंग)।

फुलिंग पुं [स्फुलिङ्ग] अग्नि-कण (णाया १, १; दे ६, १३५; महा)।

फुल्ल अक [फुल्ल्] फूलना, पुष्प-युक्त होना, विकसना। फुल्लइ, फुल्लए, फुल्लेइ (रंभा; सम्मत्त १४०), फुल्लंति (हे २, २६)। भवि. फुल्लिहिसि (गा ८०२)।

फुल्ल देखो कम = क्रम्। फुल्लइ (धात्वा १४६)।

फुल्ल न [फुल्ल] १ फूल, पुष्प (कुमा; धर्मवि २०; सम्मत्त १४३; दसनि १)। २ फूला हुआ, पुष्पित (भग; णाया १, १—पत्र १८; कुमा)। °मालिया स्त्री [°मालिका] फूल बेचनेवाली, मालाकार की स्त्री, मालिन (सुर ३, ७४)। °वल्लि स्त्री [°वल्लि] पुष्प-प्रधान लता (णाया १, १)।

फुल्लंधय पुं [फुल्लन्धय, पुष्पन्धय] भ्रमर, भँवरा (उप ९८६ टी)।

फुल्लंधुअ पुं [दे] भ्रमर, भौंरा (दे, ६, ८५; पाअ; कुमा)।

फुल्लग न [फुल्लक] पुष्प की आकृतिवाला ललाट का आभूषण (औप)।

फुल्लण न [फुल्लन] विकास (वज्जा १५२)।

फुल्लया स्त्री [फुल्ला, पुष्पा] वल्ली-विशेष, पुष्पाह्वा, शतपुष्पा, सोया का गाछ; 'दहफुल्लय-कोगलिमा (? मो)गली य तह अक्कबोंदीया' (पण्ह १—पत्र ३३)।

फुल्लवड न [दे] पुष्प-विशेष, मदिरा-वासक फूल (कुप्र ४५३)।

फुल्लविय } वि [फुल्लित] फुलाया हुआ
फुल्लाविय } (सम्मत्त १४०; विक्र २३)।

फुल्लिअ वि [फुल्लित] पुष्पित, विकसित (अंत १२; स ३०३; सम्मत्त १४०; २२७)।

फुल्लिम पुंस्त्री [फुल्लता] विकास, फूलन;
'अच्छउ ता फलकाले फुल्लिमसमए वि कालिमा वयणे।
इय कलिउं व पलासो चत्तो पत्तेहिँ किविणो व्व'
(सुर ३, ४४)।

फुल्लिर वि [फुल्लितृ] फूलनेवाला, प्रफुल्ल; 'हिययएणं दणचंदणफुल्लिरफुल्लेहिँ' (सम्मत्त २१४)।

फुस सक [भ्रम्] भ्रमण करना। फुसइ (हे ४, १६१)।

फुस सक [मृज्] मार्जन करना, पोंछना, साफ करना। फुसइ (हे ४, १०५; भवि)। कर्म. फुसिज्जइ, फुसिज्जउ (कुमा; सुपा १२४)। वकृ. फुसंत, फुसमाण (भवि; कुप्र २८५)। संकृ. फुसिऊण (महा)।

फुस सक [स्पृश्] स्पर्श करना, छूना। फुसइ (भग; औप; उत्त २, ६), फुसंति (विसे २०२३), फुसंतु (भग)। वकृ. फुसंत, फुसमाण (ओघ ३८६; भग)। संकृ. फुसिअ, फुसित्ता, फुसित्ताणं (पंच २, ३८; भग; औप; पि ५८३)। कृ. फुस्स (ठा ३, २)।

फुसण न [स्पर्शन] स्पर्श-क्रिया (भग; सुपा ५)।

फुसणा स्त्री [स्पर्शना] ऊपर देखो (विसे ४३२; नव ३२)।

फुसिअ देखो फुस = स्पृश्।

फुसिअ वि [स्पृष्ट] छुआ हुआ (जीवस १९६)।

फुसिअ वि [मृष्ट] पोंछा हुआ (उप पृ ३४५; सुपा २११; कुप्र २३१)।

फुसिअ पुंन [पृषत] १ बिन्दु, बुन्द, बूँद (आचा; कप्प)। २ बिन्दु-पात (सम ६०)।

फुसिअ वि [भ्रमित] घुमाया हुआ (कुमा ७, ४)।

फुसिआ स्त्री [दे] वल्ली विशेष, 'सेसविदुगोत्तफुसिया' (पण्ण १—पत्र ३३)।

फुस्स देखो फुस = स्पृश्।

फूअ पुं [दे] लोहकार, लोहार (दे ६, ८५)।

फूम देखो फुम। वकृ. फूमंत (राज)।

फूमिअ वि [फूत्कृत] फूँका हुआ (उप पृ १४१)।

फूल देखो फुल्ल = फुल्ल; 'फलफूलछल्लिकट्ठा मूलगपत्ताणि बीयाणि' (जी १३)।

फेक्कार पुं [फेत्कार] १ शृगाल की आवाज (सुर ६, २०४)। २ आवाज, चिल्लाहट (कप्पू)।

फेक्कारिय न [फेत्कारित] ऊपर देखो (स ३७०)।

फेड सक [स्फेटय्] १ विनाश करना। २ दूर हटाना। ३ परित्याग करना। ४ उद्घाटन करना। फेडइ, फेडेइ; फेडंति (उव; हे ४, ३५८; संबोध ५४; स ४१४)। कर्म. फेडिज्जइ (भवि)।

फेडण न [स्फेटन] १ विनाश। २ अपनयन (पव १३५)।

फेडणया स्त्री [स्फेटना] ऊपर देखो (पिंड ३८७)।

फेडावणिय न [दे] विवाह-समय की एक रीति, वधू को प्रथम बार लज्जा-परिहार के वक्त दिया जाता उपहार (स ७८)।

फेडिअ वि [स्फेटित] १ नष्ट किया हुआ, विनाशित (पउम ३६, २२)। २ त्याजित (सिरि ६५५)। ३ अपनीत (ओघभा ४२)। ४ उद्घाटित (स ७८)।

फेण पुं [फेण, फेन] फेण, भाग, जल-मल, पानी आदि के ऊपर का बुद्बुदाकार पदार्थ (पाअ; णाया १, १—पत्र ६२; कप्प)। °मालिणी स्त्री [°मालिनी] नदी-विशेष (ठा २, ३; इक)।

फेणबंध } पुं [दे] वरुण (दे ६, ८५)।
फेणवड }

फेणाय अक [फेणाय्, फेनाय्] फेण—फेन का वमन करना, भाग निकालना। वकृ. फेणायमाण (प्रयौ ७४)।

फेप्फस } न [दे] देखो फिप्फिस, **फेफस** } फुप्फुस (राज; तंदु ३६)।

फेरण न [दे] फेरना, घुमाना; 'गुंफणफेरण-सुंकारएहिं' (सुर २, ८)।

फेल सक [क्षिप्] १ फेंकना। २ दूर करना। फेलदि (शौ) (नाट)। संकृ. **फेलिअ** (नाट)।

फेला स्त्री [दे] झूंठन-झंठन, जूठन, भोजन से बचा-खुचा, उच्छिष्ट;

'तस्स य अणुकंपाए देवी
दासी य तम्मि कूवम्मि।
निच्चं खिवंति फेलं तीए
सो जियइ सुणउव्व।'
'दुग्गंधकूववासो गब्भो,
जणणीइ चावियरसेहिं।
जं गब्भपोसणं पुण तं फेलाहारसंकासं।'
(धर्मवि १४६)।

फेलाया स्त्री [दे] मातुलानी, मामी (दे ६, ८५)।

फेल्ल पुं [दे] दरिद्र, निर्धन (दे ६, ८५)।

फेल्लुस सक [दे] फिसलना, खिसकना, खिसककर गिरना। फेल्लुसइ (दे ६, ८६)। संकृ. **फेल्लुसिऊण** (दे ६, ८६; स ३५५)।

फेल्लुसण न [दे] १ फिसलन, पतन। २ पिच्छिल जमीन, वह जगह जहाँ पाँव फिसल पड़े (दे ६, ८६)।

फेल्हसण देखो **फेल्लुसण** (वव ४ टी)।

फेस पुं [दे] १ त्रास, डर। २ सद्भाव (दे ६, ८७)।

फोअ पुं [दे] उद्गम (दे ६, ८६)।

फोइअय वि [दे] १ मुक्त। २ विस्तारित (दे ६, ८७)।

फोंफा स्त्री [दे] डराने की आवाज, भयोत्पादक शब्द (दे ६, ८६)।

फोड सक [स्फोटय्] १ फोड़ना, विदारण करना। २ राई आदि से शाक आदि को बघारना। फोडेज (कुप्र ६७)। वकृ. **फोडंत, फोडेमाण** (सुपा २०१; ५६३; औप)।

फोड पुं [स्फोट] १ फोड़ा, व्रण-विशेष (ठा १०—पत्र ५२०)। २ वर्ण-विशेष, शब्द-भेद (राज)। ३ वि. भक्षक; 'बहुफोडो' (ओघभा १६१)।

फोडअ (शौ) पुं [स्फोटक] ऊपर देखो (प्राकृ ८६)।

फोडण न [स्फोटन] १ विदारण (पव ६ टी; गउड)। २ राई आदि से शाक आदि को बघारना (पिंड २५०)। ३ राई आदि संस्कारक पदार्थ (पिंड २५५)। ४ वि. फोड़नेवाला, विदारण करनेवाला; 'कायर-जणहिययफोडणं' (णाया १, ८); 'अम्हं मअणसराहअहिअअव्वणफाडणं गीअं' (गा ३८१)।

फोडय देखो **फोडअ** (पउम ६३, २६)।

फोडाव सक [स्फोटय्] १ फोड़वाना। तोड़वाना। २ खुलवाना। संकृ. **फोडाविऊण** (स ४६०)।

फोडाविअ वि [स्फोटित] १ तोड़वाया हुआ। २ खुलवाया हुआ; 'फोडाविया संपुडा' (स ४६०)।

फोडि स्त्री [स्फोटि] विदारण, भेदन; 'भाडी-फोडीसु वजए कम्मं' (पडि)। °**कम्म** न [°**कर्मन्**] १ जमीन आदि का विदारण करने का काम, हल आदि से भूमि-दारण, कूप, तड़ाग आदि खोदने का काम। २ उक्त काम कर आजीविका चलाना (पडि)।

फोडिअ वि [स्फोटित] १ फोड़ा हुआ, विदारित (णाया १, ७; स ४७२)। २ राई आदि से बघारा हुआ (वव १)।

फोडिअय वि [दे. स्फोटित, °क] राई से बघारा हुआ शाकादि (दे ६, ८८)।

फोडिअय न [दे] रात के समय जंगल में सिंहादि से रक्षा का एक प्रकार (दे ६, ८८)।

फोडिया स्त्री [स्फोटिका] छोटा फोड़ा (उप ७६८ टी)।

फोडी स्त्री [स्फोटी, स्फौटी] देखो **फोडि** (उवा; पव ६; पडि)।

फोप्फस न [दे] शरीर का अवयव-विशेष, 'कालिज्जयअंतपित्तजरहिययफोप्फसफेफसपि-लिहोदर—' (तंदु ३६)।

फोफल न [दे] गन्ध-द्रव्य विशेष, एक प्रकार की औषधि, 'महुरविरेयणमेसो कायव्वो फोफलाइदव्वेहिं' (भत्त ४२)।

फोफस देखो **फोप्फस** (पण्ह १, १—पत्र ८)।

फोरण न [स्फोरण] निरन्तर प्रवर्त्तन, 'विसयम्मि अपत्तेवि हु णियसत्तिप्फोरणेण फलसिद्धी' (उवर ७४)।

फोरविअ वि [स्फोरित] निरन्तर प्रवृत्त किया हुआ, 'तेहिंपि नियनियसत्ती फोरवीया' (सम्मत्त २२७; हम्मीर १४)।

फोस देखो **फुस** = स्पृश्; 'सव्वं फोसंति जगं' (जीवस १६६)।

फोस पुं [दे] उद्गम (दे ६, ८६)।

फोस पुं [दे. पोस] अपान-देश, गुदा (तंदु २०)।

फोसणा स्त्री [स्पर्शना] स्पर्श-क्रिया (जीवस १६६)।

॥ इअ सिरिपाइअसद्दमहण्णवे फआराइसद्दसंकलणो
अट्ठावीसइमो तरंगो समत्तो ॥

ब

ब पुं [ब] ओष्ठ-स्थानीय व्यञ्जन वर्ण-विशेष (प्राप)।

बअर (शौ) न [बदर] १ फल-विशेष, बेर। २ कपास का बीज (प्राकृ ८३)।

बइट्ठ (अप) वि [उपविष्ट] बैठा हुआ (हे ४, ४४४; भवि)।

बइल्ल पुं [दे] बैल, बरध, वृषभ (दे ६, ९१; गा २३८; प्राकृ ३८; हे २, १७४; धर्मवि ३; श्रावक २५८ टी; श्रु १५३; प्रासू ५५; कुप्र २७९; ती १५; वै ६; कप्पू)।

बइस (अप) अक [उप + विश्] बैठना; गुजराती में 'बेसवु''। बइसइ (भवि)।

बइसणय (अप) न [उपवेशनक] आसन (ती ७)।

बइसार (अप) सक [उप + वेशय्] बैठाना। बइसारइ (भवि)।

बइस्स देखो **वइस्स** (पि ३००)।

बईस (अप) देखो **बइस**। बईसइ (भवि)।

बईस (अप) न [उपवेश] बैठ, बैठन, बैठना; 'तोवि गोट्ठडा कराविआ मुद्धए उट्ठ-बईस' (हे ४, ४२३)।

बउणी स्त्री [दे] कार्पासी, कर्पास-वल्ली (दे ३, ५७)।

बउल पुं [बकुल] १ वृक्ष-विशेष, मौलसरी का पेड़ (सम १५२; पाअ; णाया १, ९)। २ बकुल का पुष्प (से १, ५६)। °**सिरी** स्त्री [°श्री] १ बकुल का पेड़। २ बकुल का पुष्प (श्रा १२)।

बउस पुं [बकुश] १ अनार्य देश-विशेष। २ पुंस्त्री. उस देश का निवासी (पराह १, १—पत्र १४)। स्त्री: °**सी** (णाया १, १—पत्र ३७)। ३ वि. शबल, चितकबरा। ४ मलिन चरित्रवाला, शरीर के उपकरण और विभूषा आदि से संयम को मलिन करनेवाला (ठा ३, २; ५, ३; सुख ६, १), स्त्री. 'तए णं सा सूमालिया अज्जा सरीरबउसा जाया यावि होत्था' (णाया १, १६)। ४ पुंन. मलिन संयम, शिथिल चारित्र-विशेष (सुख ६, १)।

बउहारी स्त्री [दे] बुहारी, संमार्जनी, झाड़ू (दे ६, ९७)।

बंग पुं [वङ्ग] १ भगवान् आदिनाथ के एक पुत्र का नाम (ती १४)। २ देश-विशेष, बंगाल देश (उप ७६५; ती १४)। ३ बंग देश का राजा (पिंग)।

बंगल (अप) पुं [वङ्ग] बंग देश का राजा (पिंग)।

बंगाल पुं [बङ्गाल] बंगाल देश. 'बंगालदेस-वइणो तेणं तुह ससुरयस्स दिन्ना हं' (सुपा ३७७)।

बंभ देखो **वंभ** (पि २६९)।

बंडि पुं [दे] देखो **बंदि** = बन्दिन् (षड्)।

बंद न [दे] कैदी, कारा-बद्ध मनुष्य; 'बंदंपि किंपि' (स ४२१), 'बंदाइं गिन्हइ कयावि', छलेण गिन्हंति बंदाइं', 'बंदाणं मोयावणकए' (धर्मवि ३२); 'एगत्थबंदपग्गहियपहियकीरंत-करुणरुन्नसरा' (धर्मवि ५२)। °**ग्गाह** पुं [°ग्रह] कैदी रूप से पकड़ना; 'परदोहघट्ट-वाडणबंदग्गहखत्तखणणपमुहाइं' (कुप्र ११३)।

बंदण न [दे] कैदी (नंदीटिप्प० वैनयि की बुद्धि में १३ वाँ कथानक)।

बंदि स्त्री [बन्दि] देखो **बंदी** (हे १, १४२; २, १७६)।

बंदि, **बंदिण** पुं [बन्दिन्] स्तुति-पाठक, मंगल-पाठक, मागध; 'मंगलपाढयमागह-चारणवेआलिआ बंदी' (पाअ; उप ७२८ टी; धर्मवि ३०), 'उद्दामसद्दबंदिणवंद्रसमुग्घुट्ठ-नामाइं' (स ५७६)।

बंदिर न [दे] समुद्र-वाणिज्य-प्रधान नगर, बंदर (सिरि ४३३)।

बंदी स्त्री [बन्दी] १ हठ-हृत स्त्री, बाँदी (दे २, ८४; गउड १०५; ८४३)। २ कैद किया हुआ मनुष्य (गउड ४२९; गा ११८)।

बंदीकय वि [बन्दीकृत] कैद किया हुआ, बाँध कर आनीत (गउड)।

बंदुरा स्त्री [बन्दुरा] अश्व-शाला, 'गच्छ निरूवेहि बंदुराओ, भूसेहि तुरए' (स ७२५)।

बंध सक [बन्ध्] १ बाँधना, नियन्त्रण करना। २ कर्मों का जीव-प्रदेशों के साथ संयोग करना। बंधइ (भग; महा; उव; हे १, १८७)। भूका. बंधिसु (पि ५१६)। कर्म. बंधिज्जइ, बज्झइ (हे ४, २४७), भवि. बंधिहिइ, बज्झिहिइ (हे ४, २४७)। वकृ. बंधंत बंधमाण (कम्म २, ८; पराण २२)। संकृ. बंधइत्ता, बांधउं, बंधिऊण, बंधिऊणं, बंधित्ता, बंधित्तु (भग; पि ५१३; ५८५; ५८२)। हेकृ. बंधेउं (हे १, १८१)। कृ. बंधियव्व (पंच १, ३)। कवकृ. बज्झंत, बज्झमाण (सुपा १९८; कम्म १, ३५; औप)।

बंध पुं [दे] भृत्य, नौकर (दे ६, ८८)।

बंध पुं [बन्ध] १ कर्म-पुद्गलों का जीव-प्रदेशों के साथ दूध-पानी की तरह मिलना, जीव-कर्म-संयोग (आचा; कम्म १, १५; ३२)। २ बन्धन, नियन्त्रण, संयमन (आ १०; प्रासू १५३)। ३ छन्द-विशेष (पिंग)। °**सामि** वि [°स्वामिन्] कर्म-बन्ध करने-वाला (कम्म ३, १; २४)।

बंधई स्त्री [बन्धकी] पुंश्चली, असती स्त्री (नाट—मालती १०६)।

बंधग वि [बन्धक] १ बाँधनेवाला। २ कर्म-बन्ध करनेवाला, आत्म-प्रदेश के साथ कर्म-पुद्गलों का संयोग करनेवाला (पंच ५, ८४; श्रावक ३०६; ३०७; पंचा १६, ४०, कम्म ६, ९)।

बंधण न [बन्धन] १ बाँधने का—संश्लेष का साधन, जिससे बाँधा जाय वह स्निग्ध-तादि गुण (भग ८, ९—पत्र ३९४)। २ जो बाँधा जाय वह। ३ कर्म, कर्म-पुद्गल। ४ कर्म-बन्ध का कारण (सूअ १, १, १, १)। ५ संयमन, नियन्त्रण (प्रासू ३)। ६ नियन्त्रण का साधन, रज्जु आदि (उव)। ७ कर्म-विशेष, जिस कर्म के उदय से पूर्व-गृहीत कर्म-पुद्गलों के साथ गृह्यमाण कर्म-पुद्गलों का आपस में सम्बन्ध हो वह कर्म (कम्म १, २४; ३१; ३५; ३६; ३७)।

बंधणया स्त्री [बन्धन] बन्धन (भग)।

बंधणी स्त्री [बन्धनी] विद्या-विशेष (पउम ७, १४१)।

बंधय देखो बंधग (णंदि ४२)।

बंधव पुं [बान्धव] १ भाई, भ्राता। २ मित्र वयस्य, दोस्त। ३ नातेदार, संबंधी, नतैत। ४ माता। ५ पिता। ६ माता-पिता का सम्बन्धी मामा, चाचा आदि (हे १, ३०; प्रासू ७६; उत्त १८, १४)।

बंधाव (अशो) सक [बन्धय्] बँधाना, बँधवाना। बंधापयति (पि ७)।

बंधाविअ वि [बन्धित] बँधाया हुआ (सुपा ३२५)।

बंधिअ देखो बद्ध (सूअ १, २, १, १८; धर्मवि २३)।

बंधु पुं [बन्धु] १ भाई, भ्राता। २ माता। ३ पिता। ४ मित्र, दोस्त। ५ स्वजन, नातेदार, नतैत (कुमा; महा; प्रासू १०८; सुपा १६८; २४१)। ६ छन्द-विशेष (पिंग)। °जीव पुं [°जीव] वृक्ष-विशेष, दुपहरिया का पेड़ (स्वप्न ६९; कुमा)। °जीवग पुं [°जीवक] वही अर्थ (णाया १, १; कप्प; भग)। °दत्त पुं [°दत्त] १ एक श्रेष्ठी का नाम (महा)। २ एक जैन मुनि का नाम (राज)। °मई, °वई स्त्री [°मती] १ भगवान् मल्लिनाथ की मुख्य साध्वी का नाम (णाया १, ८; पव ९; सम १५२)। २ स्वनाम-ख्यात स्त्री-विशेष (महा; राज)। °सिरी स्त्री [°श्री] श्रीदाम राजा की पत्नी (विपा १, ६)।

बंधुर वि [बन्धुर] १ सुन्दर, रम्य (पाअ)। २ नम्र, अवनत (गउड २०५)।

बंधुरिय वि [बन्धुरित] १ पिंडीकृत (गउड ३८३)। २ नम्रीभूत, नमा हुआ (गउड ५५६)। ३ मुकुटित, मुकुटयुक्त। ४ विभूषित (गउड ५३३)।

बंधुल पुं [बन्धुल] वेश्या-पुत्र, असती-पुत्र (मृच्छ २००)।

बंधूग पुं [बन्धूक] वृक्ष-विशेष, दुपहरिया का पेड़ (स ३१२)।

बंधोल्ल पुं [दे] मेलक, मेल, संगति (दे ६, ८९; षड्)।

बंभ पुं [ब्रह्मन्] १ ब्रह्मा, विधाता (उप १०३१ टी; दे ६, २२; कुप्र २०३)। २ भगवान् शान्तिनाथ का शासनाधिष्ठायक यक्ष (संति ७)। ३ अप्काय का अधिष्ठायक देव (ठा ५, १—पत्र२९२)। ४ पाँचवें देवलोक का इन्द्र (ठा २, ३—पत्र ८५)। ५ बारहवें चक्रवर्ती का पिता (सम १५२)। ६ द्वितीय बलदेव और वासुदेव का पिता (सम १५२; ठा ९—पत्र ४४७)। ७ ज्योतिष-शास्त्र प्रसिद्ध एक योग (पउम १७, १०)। ८ ब्राह्मण, विप्र (कुलक ३१)। ९ चक्रवर्ती राजा का एक देव-कृत प्रासाद (उत्त १३, १३)। १० दिन का नववाँ मुहूर्त (सम ५१)। ११ छन्द-विशेष (पिंग)। १२ ईषत्प्राग्भारा पृथिवी (सम २२)। १३ एक जैन मुनि का नाम (कप्प)। १४ पुंन. एक विमानावास, देव-विमान-विशेष (देवेन्द्र १३१; १३४; सम १९)। १५ मोक्ष, अपवर्ग (सूअ २, ६, २०)। १६ ब्रह्मचर्य (सम १८; ओघभा २)। १७ सत्य अनुष्ठान (सूअ २, ५, १)। १८ निर्विकल्प सुख (आचा १, ३, १, २)। १९ योगशास्त्र-प्रसिद्ध दशम द्वार (कुमा)। °कंत न [°कान्त] एक देव-विमान (सम १९)। °कूड पुं [°कूट] १ महाविदेह वर्ष का एक वक्षस्कार पर्वत (जं ४)। २ न. एक देव-विमान (सम १९)। °चरण न [°चरण] ब्रह्मचर्य (कुप्र १६१)। °चारि वि [°चारिन्] १ ब्रह्मचर्य पालन करनेवाला (णाया १, १; उवा। २ पुं. भगवान् पार्श्वनाथ का एक गणधर—प्रमुख मुनि (ठा ८—पत्र ४२९)। °चेर, °च्चेर न [°चर्य] १ मैथुन-विरति (आचा; पण्ह २, ४; हे २, ७४; कुमा; भग; सं ११; उप पृ ३४३)। २ जिनेन्द्र-शासन, जिन-प्रवचन (सूअ २, ५, १)। °ज्झय न [°ध्वज] एक देव-विमान (सम १९)। °दत्त पुं [°दत्त] भारतवर्ष में उत्पन्न बारहवाँ चक्रवर्ती राजा (ठा २, ४; सम १५२; उव)। °दीव पुं [°द्वीप] द्वीप-विशेष (राज)। °दीविया स्त्री [°द्वापिका] जैन-मुनि गण की एक शाखा (कप्प)। °प्पभ न [°प्रभ] एक देव-विमान (सम १९)। °भूइ पुं [°भूति] एक राजा, द्वितीय वासुदेव का पिता (पउम २०, १८२)। °यारि देखो °चारि (णाया १, १; सम १३; कप्प; सुपा २७१; महा; राज)। स्त्री. °णी (णाया १, १४)। °रुइ पुं [°रुचि] स्वनाम-प्रसिद्ध एक ब्राह्मण, नारद का पिता (पउम ११, ५२)। °लेस न [°लेश्य] एक देव-विमान (सम १९)। °लोअ, °लोग पुं [°लोक] एक स्वर्ग, पाँचवाँ देवलोक (भग; अनु; सम १३)। °लोगवडिंसय न [°लोकावतंसक] एक देव-विमान (सम १७)। °व °वंत वि [°वत्] ब्रह्मचर्यवाला (आचा)। °वडिंसय पुं [°वतंसक] सिद्ध-शिला, ईषत्प्राग्भारा पृथिवी (सम २२)। °वण्ण न [°वर्ण] एक देव-विमान (सम १९)। °वय न [°व्रत] ब्रह्मचर्य (णाया १, १)। °वि वि [°वित्] ब्रह्म का जानकार (आचा)। °व्वय देखो °वय (सं ५६; प्रासू १५६)। °संति पुं [°शान्ति] भगवान् महावीर का शासन-यक्ष (गण ११; ती १५)। °सिंग न [°शृङ्ग] एक देव-विमान (सम १९)। °सिट्ठ न [°सृष्ट] एक देव-विमान (सम १९)। °सुत्त न [°सूत्र] उपवीत, यज्ञोपवीत (मोह ३०; सुख २, १३)। °हिअ पुं [°हित] एक विमानावास, देव-विमान-विशेष (देवेन्द्र १३४)। °वित्त न [°वर्त] एक देव-विमान (सम १९)। देखो बंभाण, बम्ह।

बंभंड न [ब्रह्माण्ड] जगत्, संसार (गउड; कुप्र ४; सुपा ३६८; ५९३)।

बंभण पुं [ब्राह्मण] ब्राह्मण, विप्र (स २६०; सुर २, १३०, सुपा १६८; हे ४, २८०; महा)।

बंभणिआ स्त्री [ब्राह्मणिका] पञ्चेन्द्रिय जन्तु-विशेष (पुप्फ २६७)।

बंभणिआ } **बंभणी** } स्त्री [दे. ब्राह्मणिका] कीट-विशेष (दे ६, ९०; पाअ; दे ८, ६३; ७५)।

बंभण्ण } **बंभण्णय** } स्त्री [ब्रह्मण्य, ब्राह्मण्य, °क] ब्राह्मण का हित। २ ब्राह्मण-संबन्धी। ३ न. ब्राह्मण-समूह। ४ ब्राह्मण-

धर्म; 'बंभएणकज्जेसु सज्जो' (सम्मत्त १४०; कप्प; औप; पि २५०)।

बंभद्दीविग वि [ब्रह्मद्वीपिक] ब्रह्मदीपिका-शाखा में उत्पन्न (णंदि ५१)।

बंभद्दीविगा स्त्री [ब्रह्मद्वीपिका] एक जैन-मुनि-शाखा (णंदि ५१)।

बंभलिज्ज न [ब्रह्मलीय] एक जैन मुनि-कुल (कप्प)।

बंभहर न [दे] कमल, पद्म (दे ६, ९१)।

बंभाण देखो बंभ (पउम ५, १२२)। °गच्छ पुं [°गच्छ] एक जैन-मुनि गच्छ (ती २८)।

बंभि° } स्त्री [ब्राह्मी] १ भगवान् ऋषभदेव
बंभी } की एक पुत्री (कप्प; पउम ५, १२०; ठा ५, २; सम ६०)। २ लिपि-विशेष (सम ३५; भग)। ३ कल्प-विशेष (सुपा ३२४)। ४ सरस्वती देवी (सिरि ७६४)।

बंभुत्तर पुं [ब्रह्मोत्तर] एक विमानावास, देव-विमान-विशेष (देवेन्द्र १३४)। °वडिंसक न [°ावतंसक] एक देव-विमान (सम १६)।

बंहि पुं [बर्हिन्] मयूर, मोर (उत्तर २६)।

बंहिण (अप) ऊपर देखो (पि ४०६)।

बक देखो बय (पण्ह १, १—पत्र ८)।

बक्कर न [दे. बर्कर] परिहास (दे ६, ८६; कुप्र १६७; कप्पू)।

बक्कस न [दे] अन्न-विशेष, 'बक्कसं' मुद्गमाषा-दिनषिकानिष्पन्नमन्नं' (सुख ८, १२; उत्त ८, १२)।

बग देखो बय (दे २, ६; कुप्र ६६)।

बगदादि पुं [बगदादि] देश-विशेष, बगदाद देश; 'बगदादिविसयवसुहाहिवस्स खलीपना-मवेयस्स' (हम्मीर ३४)।

बगी स्त्री [बकी] बगुली, बगुले की मादा (विपा १, ३; मोह ३७)।

बग्गड पुं [दे] देश-विशेष (ती १५)।

बज्झ वि [बाह्य] बाहर का, बहिरङ्ग (पण्ह १, ३; प्रासू १७२)। °ओ अ [°तस्] बाह्य से, बहिरंग से; 'किं ते जुज्झेण बज्झओ' (आचा)।

बज्झ न [बन्ध] बन्धन, बाँधने का वागुरा आदि साधन, 'अह तं पवेज बज्झं, अहे बज्झस्स वा वए' (सूअ १, १, २, ८)।

बज्झ वि [बद्ध] १ बन्धनाकार व्यवस्थित, 'अह तं पवेज्ज बज्झं' (सूअ १, १, २, ८)। २ बँधा हुआ (प्रति १५)।

बज्झंत } देखो बन्ध = बन्ध्।
बज्झमाण }

बठर पुं [बठर] मूर्ख छात्र (कुप्र १६)।

बड (अप) वि [दे] बड़ा, महान् (पिंग)। देखो वड्ड।

बडबड अक [वि + लप्] विलाप करना, बड़बड़ाना। बडबडइ (षड्)।

बडहिला स्त्री [दे] धुरा के मूल में दी जाती कील, कीलक-विशेष (सट्टि ११६)।

बडिस देखो बलिस (हे १, २०२)।

बडु } पुं [बटु, °क] लड़का, छोकड़ा (उप
बडुअ } ७१३; सुपा २००)।

बड्डुवास [दे] देखो वड्डुवास (दे ७, ४७)।

बत्तीस } (अप) देखो बत्तीस (पिंग)।
बत्तिस }

बत्तीस स्त्रीन [द्वात्रिंशत्] १ संख्या-विशेष, बत्तीस, ३२। २ जिनकी संख्या बत्तीस हों वे; 'बत्तीसं जोगसंगहा पन्नत्ता' (सम ५७; औप; उव; पिंग)। स्त्री° °सा (सम ५७)।

बत्तीसइ° स्त्री. ऊपर देखो (सम ५७)। बद्धय न [°बद्धक] १ बत्तीस प्रकार रचनाओं से युक्त। २ बत्तीस पात्रों से निबद्ध (नाटक); 'बत्तीसइबद्धएहिं नाडएहिं' (णाया १, १—पत्र ३६; विपा २, १ टी—पत्र १०४)। °विह वि [°विध] बत्तीस प्रकार का (सम ५७)।

बत्तीसइम वि [द्वात्रिंशत्तम] १ बत्तीसवाँ, ३२ वाँ (पउम ३२, ६७; पण्ण ३२)। २ न. पनरह दिनों का लगातार उपवास (णाया १, १)।

बत्तीसा देखो बत्तीस।

बत्तीसिया स्त्री [द्वात्रिंशिका] १ बत्तीस पद्यों का निबन्ध—ग्रन्थ (सम्मत्त १४४)। २ एक प्रकार का नाप (अणु)।

बद्ध वि [बद्ध] १ बँधा हुआ, नियन्त्रित; 'बद्धं संदाणिअं निअलिअं च' (पाअ)। २ संश्लिष्ट, संयुक्त (भग; पाअ)। ३ निबद्ध, रचित (आवम)। °फल, °फल पुं [°फल] १ करञ्ज का पेड़ (हे २, ६७)। २ वि. फल-युक्त, फल-संपन्न (णाया १, ७—पत्र ११६)।

बद्धग पुं [बद्धक] तूण-वाद्य विशेष (राय ४६)।

बद्धय पुं [दे] कान का एक आभूषण (दे ६, ८६)।

बद्धेल्लग } देखो बद्ध (अणु; महा)।
बद्धेल्लय }

बप्प पुं [दे] १ सुभट, योद्धा (दे ६, ८८)। २ बाप, पिता (दे ६, ८८; उव ७, १८; स ५८१; उप ३२० टी; सुर १, २२१; कुप्र ४३; जय; भवि; पिंग)।

बप्पहट्टि पुं [बप्पभट्टि] एक सुविख्यात जैन आचार्य (विचार ५३३; ती ७)।

बप्पीह पुं [दे] पपीहा, चातक पक्षी (दे ६, ९०; स ६८६; पाअ; हे ४, ३८३)।

बप्पुड वि [दे] बेचारा, दीन, अनुकम्पनीय गुजराती में 'बापडु' (हे ४, ३८७; पिंग)।

बप्फ पुंन [बाष्प] १ भाफ, ऊष्मा; 'बप्फो' (हे २, ७०; षड्), 'बप्फं' (प्राकृ २३; विसे १५३५)। २ नेत्र-जल, अश्रु; 'बप्फं बाहो य नयणजलं' (पाअ), 'बप्फपज्जाउललोअणाहिं' (स ५६१; स्वप्न ८५)।

बाप्फाउल वि [दे. बाष्पाकुल] अतिशय उष्ण (दे ६, ९२)।

बब्बर पुं [बर्बर] १ अनार्य देश-विशेष (पउम ६८, ६५)। २ वि. बर्बर देश का निवासी (पण्ह १, १; पउम; ६६, ५५)। °कूल न [°कूल] बर्बर देश का किनारा (सिरि ४३०)।

बब्बरी स्त्री [दे] केश-रचना (दे ६, ९०)।

बब्बरी स्त्री [बर्बरी] बर्बर देश की स्त्री (णाया १, १; औप; इक)।

बब्बूल पुं [बब्बूल] वृक्ष-विशेष, बबूल का पेड़ (उप ८३३ टी; महा)।

बब्भ पुं [दे] वध्र°, चर्म, चमड़े की रज्जु; 'बब्भो बद्धे' (दे ६, ८८); 'वज्झो बद्धो = (? बब्भो वद्धो)' (पाअ)।

बब्भागम वि [बह्वागम] बहु-श्रुत, शास्त्रों का अच्छा जानकार (कस)।

बब्भासा स्त्री [दे] नदी-भेद, वह नदी जिसके पूर से भावित पानी में धान्य आदि बोया जाता हो (राज)।

बब्भिआयण न [बाभ्रव्यायन] गोत्र-विशेष (इक)।

बमाल पुं [दे] कलकल, कोलाहल (दे ६, ९०)।

बम्ह पुं [ब्रह्मन्] १ ज्योतिष्क देव-विशेष (ठा २, ३—पत्र ७७)। २ देखो **बंभ** (हे २, ७४; कुमा; गा ८१६; अच्चु १३; वज्जा २६; सम्मत्त ७७; हे १, ५९; २, ६३; ३, ५६)। °**चरिअ** देखो **बंभ-चेर** (हे २, ६३; १०७)। °**तरु** पुं [°तरु] पलाश का पेड़ (कुमा)। °**धमणी** स्त्री [°धमनी] ब्रह्मनाड़ी (अच्चु ८४)।

बम्हण्ण (शौ) देखो **बंभण्ण** (प्राकृ ८७)।

बम्हण देखो **बंभण** (अच्चु १७; प्रयौ ३७)।

बम्हणय देखो **बंभणय** (भग)।

बम्हहर [दे] देखो **बंभहर** (षड्)।

बम्हाल पुं [दे] अपस्मार, वायु-रोग-विशेष, मृगी रोग (षड्)।

बय पुं [बक] १ पक्षि-विशेष, बगुला। २ कुबेर। ३ महादेव। ४ पुष्प-वृक्ष विशेष, मल्लिका का गाछ (श्रा २३)। ५ राक्षस-विशेष (श्रा २३)। ६ असुर-विशेष, बकासुर (वेणी १७७)।

बयाला देखो **बा-याला** (पव १९)।

बरठ पुं [दे] धान्य-विशेष (पव १५४ टी)।

बरह न [बर्ह] १ मयूर-पिच्छ (स ५००)। २ पत्र। ३ परिवार (प्राकृ २८)। देखो **बरिह**।

बरहि, **बरहिण** पुं [बर्हिन्] मयूर, मोर (पात्र; प्राकृ २८; पउम; २८, १२०; णाया १, १; पण्ह १, १; औप)।

बरिह देखो **बरह** (हे २, १०४)। °**हर** पुं [°धर] मयूर (षड्; प्राकृ २८)।

बरिहि, **बरिहिण** देखो **बरहि** (कप्पू; हे ४, ४२२)।

बरुअ न [दे] तृण-विशेष, इक्षु-सदृश तृण (दे ५, ९९; ६, ९१; पात्र)।

बरुड पुं [दे] शिल्पी-विशेष, चटाई बनानेवाला शिल्पी (अणु १४९)।

बल अक [ज्वल्] जलना, गुजराती में 'बळवु'। बलंति (हे ४, ४१६)।

बल अक [बल्] १ जीना। २ सक. खाना। बलइ (हे ४, २५९)।

बल सक [ग्रह्] ग्रहण करना। बलइ (षड्)। देखो **वल**=ग्रह्।

बल पुं [बल] १ बलदेव, हलधर, वासुदेव का बड़ा भाई (पउम २०, ८४; पाअ)। २ छन्द-विशेष (पिंग)। ३ एक क्षत्रिय परिव्राजक (औप)। ४ न. सामर्थ्य, पराक्रम (जी ४२; स्वप्न ४२; प्रासू ६३)। ५ शारीरिक पराक्रम; 'बलवीरियाणं जओ भेओ' (अज्झ ६५)। ६ सैन्य, सेना (उत्त ९, ४; कुमा)। ७ खाद्य-विशेष; 'आसाढाहिं बलेहिं भोज्जा कज्जं साधेंति' (सुज्ज १०, १७)। ८ अष्टम तप, लगातार तीन दिनों का उपवास (संबोध ५८)। ९ पर्वत-विशेष का एक कूट—शिखर (ठा ९)। °**च्छिउ** वि [°च्छित्] १ बल का नाशक। २ न. जहर, विष (से २, ११)। °**ण्णु** देखो °**न्न** (राज)। °**देव** पुं [°देव] हली, वासुदेव का बड़ा भाई, राम (सम ७१; औप)। °**न्न** वि [°ज्ञ] बल को जाननेवाला (आचा)। °**भद्द** पुं [°भद्र] १ भरतक्षेत्र का भावी सातवाँ वासुदेव (सम १५४)। २ राजा भरत का एक प्रपौत्र (पउम ५, ३)। ३ एक विमानावास, देवविमान-विशेष (देवेन्द्र १३३)। देखो °**हद्द**। °**भाणु** पुं [°भानु] राजा बलमित्र का भागिनेय (काल)। °**महणा** स्त्री [°मथनी] विद्या-विशेष (पउम ७, १४२)। °**मित्त** पुं [°मित्र] इस नाम का एक राजा (विचार ४९४; काल)। °**व** वि [°वत्] १ बलवान्, बलिष्ठ (विसे ७९८)। २ प्रभूत सैन्यवाला (औप)। ३ पुं. अहोरात्र का आठवाँ मुहूर्त (सुज्ज १०, १३)। °**वइ** पुं [°पति] सेनापति, सेनाध्यक्ष (महा)। °**वंत**, °**वग** देखो °**व** (णाया १, १, औप; णाया १, ५)। °**वत्त** न [°वत्त्व] बलिष्ठता (ओघभा ६)। °**वाउय** वि [°व्यापृत] सैन्य में लगाया हुआ (औप)। °**हद्द** पुं [°भद्र] १ बलदेव। २ छन्द-विशेष (पिंग)। देखो °**भद्द**।

बलकार, **बलक्कार** पुं [बलात्कार] जबरदस्ती (पउम ४६, २९; दे ६, ४९; अभि २१७; स्वप्न ७९)।

बलक्कारिद (शौ) वि [बलात्कारित] जिस पर बलात्कार किया गया हो वह (नाट—मालती १२३)।

बलद्द पुं [दे] बलध, बैल (सुपा ५४५, नाट—मृच्छ ९०)।

बलमड्डा स्त्री [दे] बलात्कार, जबरदस्ती (दे ६, ९२)।

बलमोडि देखो **बलामोडि**; 'मग्गिअलद्धे बल-मोडिचुंबिए अप्पणेण उवणीदे' (गा ८२७)।

बलमोडिअ देखो **बलामोडिअ**; 'केसेसु बल-मोडिअ तेण समरम्मि जअस्सिरी गहिआ' (गा ९७७)।

बलय पुं [दे] बलध, बैल (पउम ८०, १३)।

बलया देखो **बलाया** (हे १, ६७)।

बलवट्टि स्त्री [दे] १ सखी। २ व्यायाम को सहन करनेवाली स्त्री (दे ६, ९१)।

बलहद्दुया स्त्री [दे] चने की रोटी (वज्जा ११४)।

बला अ. स्त्री [बलात्] जबरदस्ती, बलात्कार (से १०, ७८; ओघभा २०); 'बलाए' (उप १०३१ टी)।

बला स्त्री [बला] १ मनुष्य की दश दशाओं में चौथी अवस्था, तीस से चालीस वर्ष तक की अवस्था (तंदु १६)। २ दृष्टि-विशेष, योग की एक दृष्टि। ३ भगवान् कुन्थुनाथ की शासन-देवी, अच्युता (राज)।

बलाका देखो **बलाया** (पण्ह १, १—पत्र ८)।

बलाणय न [दे] १ उद्यान आदि में मनुष्य को बैठने के लिए बनाया जाता स्थान—बेंच आदि (धर्मवि ३३; सिरि ५८९)। २ द्वार, दरवाजा; 'पविसंतो चेव बलाणयम्मि कुज्जा निसीहिया तिन्नि' (चेइय १८८)।

बलामोडि स्त्री [दे. बलामोटि] बलात्कार (दे ६, ९२)।

बलामोडिअ अ [दे. बलादामोट्य] बला-त्कार से, जबरदस्ती से; 'केसेसु बलामोडिअ तेण अ समरम्मि जयसिरी गहिआ' (काप्र १६७; उत्तर १०३; पि २३८)।

बलामोलि देखो बलामोडि (से १०, ६४)।

बलाया स्त्री [बलाका] बक-विशेष, बिसकण्ठिका, बगुले की एक जाति (हे १, ६७; उप १०३१ टी)।

बलाहग पुं [बलाहक] मेघ, जीमूत; 'गलियजलबलाहगपंडुरं' (वसु)।

बलाहगा देखो बलाहया (ठा ८)।

बलाहय देखो बलाहग (णाया १, ५; कप्प; पाअ)।

बलाहया स्त्री [बलाहका] १ बक-विशेष, बलाका (उप २६४)। २ देवी-विशेष, अनेक दिक्कुमारी देवियों का नाम (इक—पत्र २३१; २३४)।

बलि पुं [बलि] १ असुरकुमारों का उत्तर दिशा का इन्द्र (ठा २, ३; १०; इक)। २ स्वनाम-प्रसिद्ध एक राजा (गा ४०६)। ३ सातवाँ प्रतिवासुदेव (पउम ५, १५६)। ४ एक दानव, दैत्य-विशेष (कुमा)। ५ पुंस्त्री. उपहार, भेंट (पिंड १६५; दे १, ६६)। ६ पूजोपहार, देवता को धरा जाता नैवेद्य; 'सुरहिविलेवणवरकुसुमदामबलिदीवणेहिं च' (पव १ टी), 'वंदणपूयणबलिढोयणेसु' (चेइय ५२; पव १३३; सुर ३, ७८; कुप्र १७४)। ७ भूत आदि को दिया जाता भोग, बलिदान; 'भूअबलिव्व' (वै ४६)। ८ पूजा, अर्चा, सपर्या। ९ राज-ग्राह्य भाग। १० चामर का दण्ड। ११ उपप्लव (हे १, ३५)। १२ छन्द-विशेष (पिंग)। °उट्ठ पुं [°पुष्ट] काक, कौआ (पाअ)। °कम्म न [°कर्मन्] १ पूजन, पूजा की क्रिया। २ देवता को उपहार—नैवेद्य धरने की क्रिया (भग; सूअ २, २, ५५; णाया १, १; ८; कप्प; औप)। °चंचा स्त्री [°चञ्चा] बलीन्द्र की राजधानी (णाया २; इक)। °मुह पुं [°मुख] बन्दर, कपि (पाअ)। °यम्म देखो °कम्म (पउम ३७, ४६)।

बलि वि [बलिन्] १ बलवान्, बलिष्ठ (सुपा ४५१; कुप्र २७७)। २ पुं. रामचन्द्र का एक सुभट (पउम ५६, ३८)।

बलिअ वि [दे] १ पीन, मांसल, स्थूल, मोटा (दे ६, ८८; उप १४२ टी; बृह ३)। २ क्रिवि. गाढ़, बाढ़, अतिशय, अत्यर्थ; 'गाढं बाढं बलिअं धणिअं दढमइसएण अच्चत्थं' (पाअ; णाया १, १—पत्र ६४; भग ६, ३३)।

बलिअ वि [बलिन्, बलिक] १ बलवान्, सबल, पराक्रमी; 'कत्थवि जीवो बलिओ कत्थवि कम्माइं हुंति बलियाइं' (प्रासू १२३), 'एस अम्ह ताओ बलियदाइयपेल्लिओ इमं विसमं पल्लिं समस्सिओ' (महा, पउम ४८, ११७; सुपा २७५; औप)। २ प्राणवाला (ठा ४, ३—पत्र २४६)।

बलिअ वि [बलित] जिसको बल उत्पन्न हुआ हो, सबल (कुप्र २७७)। २ पुं. छन्द-विशेष (पिंग)।

बलिअंक पुं [बलिताङ्क] छन्द-विशेष (पिंग)।

बलिआ स्त्री [दे. बलिका] सूर्प, सूप, अन्न को तुषादि-रहित करने का एक उपकरण (आवम)।

बलिट्ठ वि [बलिष्ठ] बलवान्, सबल (प्रासू १५४)।

बलिद्द पुं [दे. बलीवर्द] बलध, वृषभ; 'दो सारबलिद्दावि हु' (सुपा २३८)।

बलिमड्डा स्त्री [दे] बलात्कार; 'अन्नह बलिमड्डाए गहिउमणो सोम ! एकलियं' (उप ७२८ टी)।

बलिवद्द देखो बलीवद्द (पउम ३३, ११६)।

बलिस न [वडिश] मछली पकड़ने का काँटा (हे १, २०२)।

बलिस्सह पुं [बलिस्सह] स्वनाम-ख्यात एक जैन मुनि, आर्य महागिरि का एक शिष्य (कप्प)।

बलीअ वि [बलीयस्] अधिक बलवाला, बलिष्ठ (अभि १०१)।

बलीवद्द पुं [बलीवर्द] बैल, वृषभ (विपा १, २)।

बलुल्लड (अप) देखो बल=बल (हे ४, ४३०)।

बले अ. इन अर्थों का सूचक अव्यय—१ निश्चय, निर्णय। २ निर्धारण (हे २, १८५; कुमा)।

बल्ल न [बाल्य] बालत्व, बालकपन, शिशुता (कुमा ३, ३५)। देखो बाल = बाल्य।

बव सक [ब्रू] बोलना, कहना। बवइ, बवए (षड्)। देखो बुव, बू।

बव न [बव] ज्योतिष-शास्त्र-प्रसिद्ध एक करण (विसे ३३४८; सुज्ञनि ११; सुपा १०८)।

बव्वाड पुं [दे] दक्षिण हस्त (दे ६, ८६)।

बहड वि [बृहत्] बड़ा, महान्। °इच्च न [°आदित्य] नगर-विशेष (ती ३५)।

बहत्तरी देखो बाहत्तरि (पव २०)।

बहप्पइ } **बहप्फइ** } देखो बहस्सइ (हे १, १३८; २, ६६; १३७; षड्, कुमा; सम्मत्त १३७)।

बहरिय देखो बहिरिय; 'तालरवबहरियदियंतरं' (महा)।

बहल न [दे] पंक, कर्दम, कादा (दे ६, ८६)। सुरा स्त्री [°सुरा] पंकवाली मदिरा (दे ५, २)।

बहल वि [बहल] १ निबिड, सान्द्र, निरंतर, गाढ (गउड; हे २, १७७)। २ स्थूल, मोटा (ठा ४, २; गउड)। ३ पुष्कल, अत्यन्त (कप्पू)।

बहलिम पुंस्त्री [बहलता] १ स्थूलता, मोटाई। २ सातत्य, निरंतरता (वज्जा ५२; गा ७५५)।

बहली स्त्री [बहली] १ देश-विशेष, भारतवर्ष का एक उत्तरीय देश; 'तक्खसिलाइ पुरीए बहलीविसयावयंसभूयाए' (कुप्र २१२)। २ बहली देश की स्त्री (णाया १, १—पत्र ३७, औप; इक)।

बहलीय वि [बहलीक] देश-विशेष में—बहली देश में रहनेवाला (पण्ह १, १—पत्र १४)।

बहव देखो बहु; 'काले समइक्कंते अइबहवे' (पउम ४१, ३६), 'सोहग्गकप्पतरुवरपमुहतवे सा कुणइ बहवे' (सम्मत्त २१७), 'जायंति बहववेरग्गपल्लवुल्लासिणो झत्ति' (हि ५)।

बहस्सइ पुं [बृहस्पति] १ ज्योतिष्क देव-विशेष, एक महाग्रह (ठा २, ३—पत्र ७७; सुज्ज २०—पत्र २९४)। २ सुराचार्य, देवगुरु (कुमा)। ३ पुष्य नक्षत्र का अधिष्ठाता देव (सुज्ज १०, १२)। ४ राजनीति-प्रणेता एक ऋषि। ५ नास्तिक मत का प्रवर्तक एक विद्वान् (हे २, १३७)। ६ एक ब्राह्मण, पुरोहित-पुत्र। ७ विपाकसूत्र का एक अध्ययन

(विपा १, १)। °दत्त पुं [°दत्त] देखो अंत के दो अर्थ (विपा १, ५)।

बहि अ [बहिस्] बाहर; 'अबहिलेसे परिव्वए' (आचा), 'गामबहिम्मि य तं ठाविऊण गामंतरे पविट्ठो सो' (उप ६ टी)। °हुत्त वि [°दे] बहिर्मुख (गउड)।

बहिअ वि [दे] मथित, विलोडित (षड्)।

बहिं देखो बहि (आचा; उव)।

बहिणिआ, बहिणी स्त्री [भगिनी] बहिन (अभि १३७; कप्पू; पाअ; पउम ६, ६; हे २, १२६; कुमा)। २ सखी, वयस्या (संक्षि ४७)। °तणअ पुं [°तनय] भगिनी-पुत्र (दे)। °वइ पुं [°पति] बहनोई (दे)। देखो भइणी।

बहित्ता अ [बहिस्तात्] बाहर (सुज्ज ६)।

बहिद्धा अ [दे] १ बाहर। २ मैथुन, स्त्री-संभोग (हे २, १७४; ठा ४, १—पत्र २०१)।

बहिद्धा अ [बहिर्धा] बाहर की तरफ (दस २, ४)।

बहिया अ [बहिस्, बहिस्तात्] बाहर (विपा १, १; आचा; उवा; औप)।

बहिर वि [बाह्य] बहिर्भूत, बाहर का (प्राकृ ३८)।

बहिर वि [बधिर] बहरा, जो सुन न सकता हो वह (विपा १, १; हे १, १८७; प्रासू १४३)।

बहिरिय वि [बधिरित] बधिर किया हुआ (सुर २, ७५)।

बहु वि [बहु] १ प्रचुर, प्रभूत, अनेक, अनल्प (ठा ३, १; भग; प्रासू ४१; कुमा; श्रा २७)। स्त्री. °हुई (षड्; प्राकृ २८)। २ क्रिवि. अत्यन्त, अतिशय (कुमा ५, ६६; काल)। °उदग पुं [°उदक] वानप्रस्थ का एक भेद (औप)। °चूड पुं [°चूड] विद्याधर वंश का एक राजा (पउम ५, ४६)। °जंपिर वि [°जल्पितृ] वाचाट, बकवादी (पाअ)। °जण पुं [°जन] अनेक लोग (भग)। २ न. आलोचना का एक प्रकार (ठा १०)। °णड देखो °नड (राज)। °णाय न [°नाद] नगर-विशेष (पउम ५५, ५३)। °देसिअ वि [°देश्य] कुछ ज्यादा, थोड़ा बहुत (आचा २, ५, १, २२)। °नड पुं [°नट] नट की तरह अनेक भेष को धारण करने-वाला (आचा)। °पडिपुण्ण, °पडिपुन्न वि [°परिपूर्ण] पूरा पूरा (ठा ६; भग)। °पढिय वि [°पठित] अति शिक्षित, अतिशय शिक्षित (णाया १, १४)। °पलावि वि [°प्रलापिन्] बकवादी (उप पृ ३३६)। °पुत्तिअ न [°पुत्रिक] बहु-पुत्रिका देवी का सिंहासन (निर १, ३)। °पुत्तिआ स्त्री [°पुत्रिका] १ पूर्णभद्र नामक यक्षेन्द्र की एक अग्र-महिषी (ठा ४, १; णाया २)। २ सौधर्म देवलोक की एक देवी (निर १, ३)। °प्पएस वि [°प्रदेश] प्रचुर प्रदेश—कर्म-दल वाला (भग)। °फोड वि [°स्फोट] बहु-भक्षक (ओघभा १६१)। °भंगिय न [°भङ्गिक] दृष्टिवाद का सूत्र-विशेष (सम १२८)। °मय वि [°मत] १ अत्यन्त अभीष्ट (जीव १)। २ अनुमोदित, संमत, अनुमत (काप्र १७६; सुर ४, १८८)। °माइ वि [°मायिन्] अति कपटी (आचा)। °माण पुं [°मान] अति-शय आदर (आवम; पि ६००; नाट—विक्र ५)। °माय वि [°माय] अति कपटी (आचा)। °मुल्ल, °मोल्ल वि [°मूल्य] मूल्यवान्, कीमती (राज; षड्)। °रय वि [°रत] १ अत्यन्त आसक्त (आचा)। २ जमालि का अनुयायी। ३ न. जमालि का चलाया हुआ एक मत—क्रिया की निष्पत्ति अनेक समयों में ही माननेवाला मत (ठा १०; औप)। °रय न [°रजस्] खाद्य-विशेष, चिउड़ा की तरह का एक प्रकार का खाद्य (आचा २, १, १, ३)। °रव वि [°रव] १ प्रभूत यशवाला, यशस्वी (सम ५१)। २ न. एक विद्याधर-नगर (इक)। °रूवा स्त्री [°रूपा] सुरूप नामक भूतेन्द्र की एक अग्र-महिषी (ठा ४, १; णाया २)। °लेव पुं [°लेप] चावल आदि के चिकने माँड का लेप (पडि)। °वयण न [°वचन] बहुत्व-बोधक प्रत्यय (आचा २, ४, १, ३)। °विह वि [°विध] अनेक प्रकार का, नानाविध (कुमा; उव)। °विहिय वि [°विध, °विधिक] विविध, अनेक तरह का (सुज्ज नि ६४)। °संपत्त वि [°संप्राप्त] कुछ कम संप्राप्त (भग)। °सच्च पुं [°सत्य] अहोरात्र का दशवाँ मुहूर्त (सुज्ज १०; १३)। °सो अ [°शस्] अनेक बार (उव; श्रा २७; प्रासू ४२; १५६; स्वप्न ५६)। °स्सुय वि [°श्रुत] शास्त्रज्ञ, शास्त्रों का अच्छा जानकार, पण्डित (भग; सम ५१; ठा ६—पत्र ३५२; सुपा ५६४)। °हा अ [°धा] अनेकधा (उव; भवि)।

बहुअ, बहुअय वि [बहु, °क] ऊपर देखो (हे २, १६४; कुमा; श्रा २७)।

बहुआरिआ, बहुआरी स्त्री [दे] बुहारी, झाड़ू (दे ६, १७ टी)।

बहुई देखो बहु = ई।

बहुखज्ज वि [बहुखाद्य] १ बहु-भक्ष्य, खूब खाने योग्य। २ पृथुक-चिउड़ा बनाने योग्य (आचा २, ४, २, ३)।

बहुग देखो बहुअ (आचा ७)।

बहुजाण पुं [दे] १ चोर, तस्कर। २ धूर्त, ठग। ३ जार, उपपति (षड्)।

बहुण पुं [दे] १ चोर, तस्कर। २ धूर्त (दे ६, ६७)।

बहुणाय वि [बाहुनाद] बहुनाद-नगर का (पउम ५५, ५३)।

बहुत्त वि [प्रभूत] बहुत, प्रचुर (हे १, २३३)।

बहुमुह पुं [दे. बहुमुख] दुर्जन, खल (दे ६, ६२)।

बहुराणा स्त्री [दे] खड्ग-धारा, तलवार की धार (दे ६, ६१)।

बहुरावा स्त्री [दे] शिवा, शृगाली (दे ६, ६१)।

बहुरिया स्त्री [दे] बुहारी, झाड़ू (बृह १)।

बहुल वि [बहुल] १ प्रचुर, प्रभूत, अनेक (कुमा; श्रा २८)। २ बहुविध, अनेक प्रकार का (आवम)। ३ व्याप्त (सुपा ६३०)। ४ पुं. कृष्ण पक्ष (पाअ)। ५ स्वनाम-ख्यात एक ब्राह्मण (भग १५)।

बहुल पुं [बहुल] आचार्य महागिरि के शिष्य एक प्राचीन जैन मुनि (णंदि ४६)।

बहुला स्त्री [बहुला] १ गौ, गैया (पात्र)। २ इस नाम की एक स्त्री (उवा)। **°वण** न [°वन] मथुरा नगरी का एक प्राचीन वन (ती ७)।

बहुलि पुं [बहुलिन्] स्वनाम-ख्यात एक राज-पुत्र (उप ६३७)।

बहुली स्त्री [दे] माया, कपट, दम्भ (सुपा ६३०)।

बहुल्लिआ स्त्री [दे] बड़े भाई की स्त्री (षड्)।

बहुल्ली स्त्री [दे] क्रीड़ोचित शालभञ्जिका, खेलने की पुतली (षड्)।

बहुवी देखो बहुई (हे २, ११३)।

बहुव्वीहि पुं [बहुव्रीहि] व्याकरण-प्रसिद्ध एक समास (अणु १४७)।

बहूअ वि [प्रभूत] बहुत, प्रचुर (गउड)।

बहेडय पुं [बिभीतक] १ बहेड़ा का पेड़ (हे १, ८८; १०५; २०६)। २ न. बहेड़ा का फल (कुमा)।

बा° वि. ब. [द्वा°, द्वि] दो, दो की संख्या-वाला। **°इस** (अप) देखो °वीस (पिंग)। **°ईस** देखो °वीस (पिंग)। **°णउइ** स्त्री [°नवति] बानबे, ९२ (सम ९६; कम्म ६, २९)। **°णउय** वि [°नवत] ९२ वाँ (पउम ९२, २९)। **°णुवइ** देखो °णउइ (रयण ९२)। **°याल, °यालीस** स्त्रीन [°चत्वारिंशत्] बयालीस, चालीस और दो, ४२ (उव; नव २; भग; सम ६६; कप्प; औप), स्त्री. **°याला, °यालीसा** (कम्म ६, ६; कप्प)। **°यालीसइम** वि [°चत्वारिंशत्तम] बयालीसवाँ, ४२ वाँ (पउम ४२, ३७)। **°र, °रस** त्रि. ब. [°दशन्] बारह, १२; 'बारभिक्खुपडिमधरो' (संबोध २२; कम्म ४, ५; १५; नव २०; दं ७; कप्प; जी २८; उवा)। **°रस** वि [°दश] बारहवाँ, १२ वाँ (सुख २, १७)। **°रसंग** स्त्रीन [°दशाङ्ग] बारह जैन अंग-ग्रंथ (पि ४११), स्त्री. **°गी** (राज)। **°रसम** वि [°दश] बारहवाँ (सूत्र २, २, २१; पव ४६; महा)। **°रसमासिय** वि [°दशमासिक] बारह मास का, बारह-मास-संबन्धी (कुप्र १४१)। **°रसय** न [°दशक] बारह का समूह (ओघभा १५)। **°रसवरिसिय** वि [°दशवार्षिक] बारह बर्ष का (मोह १०२; कुप्र ६०)। **°रसविह** वि [°दशविध] बारह प्रकार का (नव ३०)। **°रसाह** न [°दशाह, °दशाख्य] १ बारहवाँ दिन। २ जन्म के बारहवें दिन किया जाता उत्सव, बरही (णाया १, १; कप्प; औप; सुर ३,२५)। **°रसी** स्त्री [°दशी] बारहवीं तिथि, द्वादशी (सम २९; पउम ११७, ३२; ती ७)। **°रसुत्तरसय** वि [°दशोत्तरशत] एक सौ बारहवाँ (पउम ११२, २३)। **°रह** देखो °रस = दशन् (हे १, २१९)। **°वट्ठि** स्त्री [°षष्टि] बासठ, ६२ (सम ७५; पंच ५, १८; सुर १३, २३८; देवेन्द्र १३७)। **°वण** (अप)। देखो **°वन्न** (पिंग)। **°वण्ण** देखो °वन्न (कुमा)। **°वत्तर** वि [°सप्तत] बहत्तरवाँ, ७२ वाँ (पउम ७२, ३८)। **°वत्तरि** स्त्री [°सप्तति] बहत्तर, ७२ (सम ८३; भग; औप; प्रासू १२९)। **°वन्न** स्त्रीन [°पञ्चाशत्] बावन, पचास और दो, ५२ (सम ७१; महा); 'बावन्नं होंति जिणभवणा' (सुख ९, १)। **°वन्न** वि [°पञ्चाश] बावनवाँ (पउम ५२, ३०)। **°वीस** स्त्रीन [°विंशति] बाईस, २२ (भग; जी ३४), स्त्री. **°सा** (पि ४४७)। **°वीस** वि [°विंश] बाईसवाँ, २२ वाँ (पउम २०, ८२; पत्र ४६)। **°वीसइ** देखो वीस = विंशति (भग; पव १८६)। **°वीसइम** वि [°विंशतितम] १ बाईसवाँ, २२ वाँ (पउम २२, ११०; अंत २६)। २ लगातार दस दिन का उपवास (णाया १, १—पत्र ७२)। **°वीसविह** वि [°विंशतिविध] बाईस प्रकार का (सम ४०)। **°सट्ठ** वि [°षष्ट] बासठवाँ, ६२ वाँ (पउम ६२, ३७)। **°सट्ठि** स्त्री [°षष्टि] बासठ, ६२ (सम ७५, पिंग)। **°सी, °सीइ** स्त्री [°अशीति] बयासी, ८२ (नव २; सम ८९; कप्प; कम्म ५, १७)। **°सीइम** वि [°अशीतितम] बयासीवाँ, ८२ वाँ (पउम ८२, १२२)। **°हत्तर** (अप) देखो °हत्तरि (सण)। **°हत्तरि** स्त्री [°सप्तति] बहत्तर, ७२ (कप्प; कुमा; सुपा ३१९)।

बाअ पुं [दे] बाल, शिशु (षड्)।

बाइया स्त्री [दे] माँ, माता; गुजराती में 'बाई' (कुप्र ८७)।

बाउल्लया, बाउल्लिआ, बाउल्ली स्त्री [दे] पञ्चालिका, पुतली; 'आलिहियभित्तिबाउल्लयं व न हु मुंजिउं तरइ' (वज्जा ११८; कप्पू; दे ६, ९२)।

बाउस देखो बउस (पिंड २४; ओघ ३४८)।

बाउसिय वि [बाकुशिक] 'बकुश' चारित्र-वाला (सुख ६, १)।

बाउसिया स्त्री [बकुशिका] 'बकुश' चारित्र-वाली (णाया १, १६—पत्र २०६)।

बाढ क्रिवि [बाढ] १ अतिशय, अत्यन्त, घना (उप ३२०; पात्र; महा)। **°क्कार** पुं [°कार] स्वीकार-सूचक उक्ति (निसे ५९५)।

बाण पुं [दे] १ पनस वृक्ष, कटहर का पेड़। २ वि. सुभग (दे ६, ९७)।

बाण पुंस्त्री [बाण] १ वृक्ष-विशेष, कटसरैया का गाछ (पण्ण १७—पत्र ५२६; कुमा)। २ पुं. शर, बाण (कुमा; गउड)। ३ पाँच की संख्या (सुर १६, २४९)। **°वत्त** न [°पात्र] तूणीर, शरधि (से १, १८)।

बाध देखो बाह = बाध्। कवकृ. **बाधीअमाण** (पि ५६३)।

बाधा स्त्री [बाधा] विरोध (धर्मसं ११७)।

बाधिय वि [बाधित] विरोधवाला, प्रमाण-विरुद्ध (धर्मसं २५९)।

बाह्मण देखो बम्हण (हे १, ६७; षड्)।

बाय न [बाक] बक-समूह (श्रा २३)।

बायर वि [बादर] १ स्थूल, मोटा, असूक्ष्म (पण्ह १, १; पव १६२; दे ४४)। २ नववाँ गुण-स्थानक (कम्म २, ३; ५; ७)। **°नाम** न [°नामन्] कर्म-विशेष, स्थूलता-हेतु कर्म (सम ६७)।

बार न [द्वार] दरवाजा (हे १, ७९)।

बारगा स्त्री [द्वारका] स्वनाम-प्रसिद्ध नगरी, जो आजकल भी काठियावाड़ में 'द्वारका' के ही नाम से प्रसिद्ध है (उत्त २२, २२; २७)।

बारवई स्त्री [द्वारवती] १ ऊपर देखो (सम १५१; णाया १, ५; उप ६४८ टी)। २ भगवान् नेमिनाथ की दीक्षा शिविका (विचार १२९)।

बाल पुं [बाल] १ बाल, केश (उप ८३४)। २ बालक, शिशु (कुमा; प्रासू ११६)। ३ वि. मूर्ख, अज्ञानी (पाअ)। ४ नया, नूतन (कप्पू)। ५ पुं. स्वनाम-ख्यात एक विद्याधर राजा (पउम १०, २१)। ६ वि. असंयत, संयम-रहित (ठा ४, ३)। °**कइ** पुं [°कवि] तरुण कवि, नया कवि (कप्पू)। °**क्क** पुं [°र्क] उदित होता सूर्य (कुमा)। °**ग्गाह** पुं [°ग्राह] बालक की सार-सम्हाल करनेवाला नौकर (सुर १, १६२)। °**ग्गाहि** पुं [°ग्राहिन्] वही पूर्वोक्त अर्थ (णाया १, २—पत्र ८४)। °**घाय** वि [°घात] बाल-हत्या करनेवाला (णाया १, २; १८)। °**तव** पुंन [°तपस्] १ अज्ञानी की तपश्चर्या (भग; औप)। २ वि. अज्ञान-पूर्वक तप करनेवाला (कम्म १, ५६)। °**तवस्सि** वि [°तपस्विन्] अज्ञान-पूर्वक तप करनेवाला, मूर्ख तपस्वी (पि ४०५)। °**पंडिअ** वि [°पण्डित] आंशिक त्याग करनेवाला, कुछ अंशों में त्यागी और कुछ में अत्यागी (भग)। °**बुद्धि** वि [°बुद्धि] अनभिज्ञ (धरण ५०)। °**मरण** न [°मरण] अविरत दशा का मरण, असंयमी की मौत (भग; सुपा ३५७)। °**वियण**, °**वीयण** पुंस्त्री [°व्यजन] चामर, चँवर (णाया १, ३), स्त्री. 'उवणहाओ बालवीअणी' (ठा ५, १—पत्र ३०३)। °**हार** पुं [°धार] बालक का सार-सम्हाल करनेवाला नौकर (सुपा ४५८)।

बाल देखो बल। °**ण्ण**, °**न्न** वि [°ज्ञ] बल को जाननेवाला (आचा १, २, ५, ५; कप्पा)।

बाल्ल न [बाल्य] बालत्व, बचपन, लड़कपन, लपन, मूर्खता (उत्त ७, ३०)। देखो बल्ल।

बालअ देखो बाल = बाल (गा १२६)।

बालअ पुं [दे] वणिक्-पुत्र (दे ६, ९२)।

बालग्गपोइआ स्त्री [दे] १ जल-मन्दिर, तलाव आदि में बनवाया जाता छोटा प्रासाद। २ वलभी, अट्टालिका (उत्त ९, २४)।

बाला स्त्री [बाला] १ कुमारी, लड़की (कुमा)। २ मनुष्य की दस अवस्थाओं में पहली दशा, दस वर्ष तक की अवस्था (तंदु १६)। ३ छन्द-विशेष (पिंग)।

बालालुंबी स्त्री [दे] तिरस्कार, अवहेलना (सुपा १४)।

बालि वि [बालिन्] बाल-प्रधान, सुन्दर केश-वाला (अणु; बृह १)।

बालिआ स्त्री [बालिका] बाला, कुमारी, लड़की (प्रासू ५१; महा)।

बालिआ स्त्री [बालता] १ बालकपन, शिशुता (भग)। २ मूर्खता, बेवकूफी, 'बिइया मंदस्सा बालिया' (आचा)।

बालिस वि [बालिश] मूर्ख, बेवकूफ (पाअ; धरण २३)।

बाह सक [बाध्] १ विरोध करना। २ रोकना। ३ पीड़ा करना। ४ विनाश करना। बाहइ, बाहए (पंचा ५, १५; हे १, १८७; उव), बाहंति (कुप्र ९८)। कवकृ. **बाहिज्जंत**, **बाहीअमाण** (पउम १८, १९; सुपा ६४५; अभि २४४) कृ. **बाहणिज्ज** (कप्पू)।

बाह पुं [बाष्प] अश्रु, आँसू (हे २, ७०; पाअ; कुमा)।

बाह पुं [बाध] विरोध (भास ३४)।

बाह देखो बाढ (प्रयौ ३७)।

बाह पुं [बाहु] हाथ, भुजा (संक्षि २)।

बाहग वि [बाधक] १ रोकनेवाला (पंचा १, ४९)। २ विरोधी; 'अब्भुवगयबाहगा नियमा' (श्रावक १६२)।

बाहड पुं [बाहड, वाग्भट] राजा कुमारपाल का स्वनाम-प्रसिद्ध मन्त्री (कुप्र ६)।

बाहण न [बाधन] १ बाधा, विरोध (धर्मसं १२७६)। २ विराधन (पंचा १६, ५)।

बाहणा स्त्री [बाधना] ऊपर देखो (धर्मसं १११)।

बाहर देखो बाहिर (आचा)।

बाहल पुं [बाहल] देश-विशेष (आवम)।

बाहल्ल न [बाहल्य] स्थूलता, मोटाई (सम ३५; ठा ८—पत्र ४४०; औप)।

बाहा स्त्री [बाधा] १ हरकत, हरज। २ विरोध (सुपा १२६)। ३ पीड़ा, परस्पर संश्लेष से होनेवाली पीड़ा (जं १; भग १४, ८)।

बाहा स्त्री [बाहु] हाथ, भुजा (हे १, ३६; कुमा; महा; उवा; औप)।

बाहा स्त्री [दे. बाहा] नरकावास-श्रेणी (देवेन्द्र ७७)।

बाहि, **बाहिं** अ [बहिस्] बाहर (सुज्ज १९—पत्र २७१; महा; आचा; कुमा; हे २, १४०; पि ४८१)।

बाहिज्ज न [बाधिर्य] बधिरता, बहरापन (विसे २०८)।

बाहिर अ [बहिस्] बाहर (हे २, १४०; पाअ; आचा; उव)। °**ओ** अ [°तस्] बाहर से (कप्प)।

बाहिर वि [बाह्य] बाहर का (आचा; ठा २, १—पत्र ५५; भग २, ८ टी)। °**उड्ढि** पुं [°ऊर्ध्विन्] कायोत्सर्ग का एक दोष, दोनों पार्ष्णि मिलाकर और पैर को फैलाकर किया जाता कायोत्सर्ग (चेइय ४८६)।

बाहिरंग वि [बहिरङ्ग] बाहर का, बाह्य (सूअ २, १, ४२)।

बाहिरिय वि [बाहिरिक, बाह्य] बाहर का, बाहर से संबन्ध रखनेवाला (सम ८३; णाया १, १; पिंड ६३६; औप; कप्प)।

बाहिरिया स्त्री [बाहिरिका] किले के बाहर की गृह-पंक्ति, नगर के बाहर का मुहल्ला (सूअ २, ७, १; स ६६)।

बाहिरिल्ल वि [बाह्य] बाहर का (भग; पि ५६५)।

बाहु पुंस्त्री [बाहु] १ हाथ, भुजा (हे १, ३६; आचा; कुमा)। २ पुं. भगवान् ऋषभदेव का पुत्र, बाहुबलि (कुप्र ३१०)। °**बलि** पुं [°बलि] १ भगवान् आदिनाथ का एक पुत्र, तक्षशिला का एक राजा (सम ६०; पउम ४, ५२; उव)। २ बाहुबलि के प्रपौत्र का पुत्र (पउम ५, ११)। °**मूल** न [°मूल] कक्षा, बगल (कप्पू)।

बाहुअ पुं [बाहुक] स्वनाम-ख्यात एक ऋषि (सूअ १, ३, ४, २)।

बाहुडअ वि [दे] लज्जित, शर्मिंदा (सुपा ४७४)।

बाहुया स्त्री [बाहुका] त्रीन्द्रिय जन्तु-विशेष (राज)।

बाहुलग देखो बाहु (तंदु ३९)।

बाहुलेय पुं [बाहुलेय] गो-वत्स, बैल, वृषभ (आवम)।

बाहुलेर पुं [बाहुलेय] काली गाय का बछड़ा (श्रणु २१७)।

बाहुल्ल न [बाहुल्य] बहुलता, प्रचुरता (पिंड ५६; भग; सुपा २७; उप ६०७)।

बाहुल्ल वि [बाष्पवत्] अश्रुवाला (कुमा; सुपा ४६०)।

बि वि. ब. [द्वि] दो, २; 'बिन्नि' (हे ४, ४१८; नव ४; टा २, २; कम्म ४, २; १०; सुख १, १४)। °जडि पुं [°जटिन्] एक महाग्रह, ज्योतिष्क देव-विशेष (सुज्ज २०)। °दल न [°दल] चना आदि वह धान्य जिसके दो टुकड़े बराबर के होते हैं; 'जह विदल सूलीणं' (वि ३)। °याल देखो बा-याल (कम्म ६, २८)। °यालसय पुंन [°चत्वारिंशच्छत] एक सौ बेआलीस, १४२ (कम्म २, २६)। °विह वि [°विध] दो प्रकार का (पिंग)। °सट्ठि स्त्री [°षष्टि] बासठ, ६२ (सुज्ज १०, ६ टी)। °सत्तरि, °सयरि स्त्री [सप्तति] बहत्तर, ७२ (पव १६; जीवस २०६; कम्म ३, ५)।

बि° } वि [द्वितीय] दूसरा (कम्म ३, १६;
बिअ } पिंग)। °कसाय पुं [°कषाय] अप्रत्याख्यानावरण नामक कषाय (कम्म ४, ५६)।

बिअ न [द्विक] दो का समुदाय, युग्म, युगल (भग; कम्म १, ३३; प्रासू १६)।

बिआया स्त्री [दे] कीट-विशेष, संलग्न रहनेवाला कीट-द्वय (दे ६, ६३)।

बिइअ देखो बिइज्ज (हे १, ५; पव १६४)।

बिइआ देखो बीआ (राज)।

बिइज्ज वि [द्वितीय] १ दूसरा (हे १, २४८; प्रासू ५६)। २ सहाय, मदद करनेवाला (पाश्र; सुर ३, १४);

'जे दुहियम्मि न दुहिया,
आवइपत्ते बिइज्जया नेव।
पहुणो न ते उ भिच्चा,
धुत्ता परमत्थओ णेया'
(सुर ७, १४५)।

बिउण वि [द्विगुण] दुगुना (हे १, ६४; २, ७६; गा २८६)। °ारय वि [°कारक] दुगुना करनेवाला (भवि)।

बिउण सक [द्विगुणय्] दुगुना करना। बिउणेइ (पि ५५६)।

बिंट न [वृन्त] फलादि का बन्धन; 'बंधणं बिंटं' (पाश्र)। °सुरा स्त्री [°सुरा] मदिरा, दारू; 'बिंटसुरा पिट्ठखउरिया मइरा' (पाश्र)।

बिंत देखो बू = ब्रू।

बिंदिय वि [द्वीन्द्रिय] जिसको त्वचा और जीभ ये दो ही इन्द्रियाँ हों वह (श्रौप)।

बिंदु पुंन [बिन्दु] १ अल्प अंश। २ बिन्दी, शून्य, अनुस्वार। ३ दोनों भ्रू का मध्य भाग। ४ रेखागणित का एक चिन्ह; 'बिंदुणो, बिंदूइ' (हे १, ३४; कप्प, उप १०२२; स्वप्न ३६; कस; कुमा)। °कला स्त्री [°कला] अनुस्वार, बिन्दी (सिरि १६६)। °सार न [°सार] १ चौदहवाँ पूर्व, जैन ग्रन्थांश-विशेष (सम २६; विसे ११२६)। २ पुं. मौर्य वंश का एक राजा, राजा चन्द्रगुप्त का पुत्र (विसे ८६२)।

बिंदुइअ वि [बिन्दुकित] बिन्दु-युक्त, बिन्दु-विलिप्त (पाश्र; गउड)।

बिंदुइज्जंत वि [बिन्दूयमान] बिन्दुओं से व्याप्त होता (से ११, १२५)।

बिंद्रावण न [वृन्दावन] मथुरा के पास का एक वैष्णव-तीर्थ (प्राकृ १७)।

बिंब सक [बिम्ब्] प्रतिबिम्बित करना। कर्म. बिंबिज्जइ (सूक्त ४६)।

बिंब न [बिम्ब] १ प्रतिमा, मूर्त्ति (कुमा)। २ छन्द-विशेष (पिंग)। ३ न. बिम्बीफल, कुन्दरुन का फल (णाया १, ८—पत्र १२६ पाश्र; कुमा; दे २, ३६)। ४ प्रतिबिम्ब, प्रतिच्छाया। ५ अर्थ-शून्य आकार, 'अण्णं जणं पस्सति बिंबभूयं' (सूअ १, १३, ८)। ६ सूर्य तथा चन्द्र का मण्डल (गउड; कप्पू)।

बिंबवय न [दे] फल-विशेष, भिलावाँ; 'बिंबवयं भल्लायं' (पाश्र)।

बिंबिसार देखो भिंभिसार (अंत)।

बिंबी स्त्री [बिम्बी] लता-विशेष, कुन्दरुन का गाछ (कुमा)। °फल न [°फल] कुन्दरुन का फल (सुपा २६३)।

बिंबोवणय न [दे] १ क्षोभ। २ विकार। ३ ओसीसा, उच्छीर्षक (दे ६, ६८)।

बिंह सक [बृंह्] पोषण करना। कृ. देखो बिंहणिज्ज।

बिंहणिज्ज वि [बृंहणीय] पुष्टि-जनक (ठा ६—पत्र ३७५; णाया १, १—पत्र १६)।

बिंहिअ वि [बृंहित] पुष्ट, उपचित (हे १, १२८)।

बिग्गाइआ } स्त्री [दे] कीट-विशेष, संलग्न
बिग्गाई } रहता कीट-युग्म, गुजराती में 'बगाई' (दे ६, ६३)।

बिज्ज देखो बीज; 'बिज्जं पिव वड्ढिया बहवे' (पउम ११, ६६)।

बिज्जउर न [बीजपूर] फल-विशेष, एक तरह का नीबू; 'बिज्जउरचिब्भिडेहिं कुणइ पिहाणाइं सव्वत्थ' (सुपा ६३०)।

बिज्जय (अप) देखो बिइज्ज (भवि)।

बिट्ट पुं [दे] बेटा, लड़का, पुत्र (चंड)।

बिट्टी स्त्री [दे] बेटी, पुत्री, लड़की (चंड; हे ४, ३३०)।

बिट्ठ वि [दे. विष्ट] बैठा हुआ, उपविष्ट (ओघ ४७१)।

बिडाल पुं [बिडाल] मार्जार, बिलाव, बिलार, बिल्ला (पि २४१)।

बिडालिआ } स्त्री [बिडालिका, °ली]
बिडाली } बिल्ली, मार्जारी, बिलारी, बिलैया (सम्मत्त १२२; पि २४१)। देखो बिरालिआ।

बिडिस देखो बडिस (उप १४२ टी)।

बिदिय देखो बिइअ (उप २७६)।

बिन्ना स्त्री [वेन्ना] भारत की एक नदी (पिंड ५०३)।

बिब्बोअ पुं [विव्वोक] १ स्त्री की शृंगार-चेष्टा-विशेष, इष्ट अर्थ की प्राप्ति होने पर गर्व से उत्पन्न अनादर-क्रिया (पण्ह २, ४—पत्र १३१; णाया १, ८—पत्र १४२; भत्त १०६)। २ न. उपधान, तकिया, ओसीसा; 'सयणीअं तूलिअं सबिब्बोअं' (गच्छ ३, ८)।

बिब्बोअ पुं [विव्वोक] काम-विकार (अणु १३६)।

बिब्बोइअ न [विव्वोकित] स्त्री की शृंगार-चेष्टा का एक भेद (पण्ह २, ४—पत्र १३१)।

बिब्बोयण न [दे] उपधान, तकिया, ओसीसा (णाया १, १—पत्र १३)।

बिभेलय देखो बहेडय (पण्ण १—पत्र ३१) ।

बिराड पुं [बिडाल] १ पिंगल-प्रसिद्ध मध्य-लघुक पाँच मात्रावाला अक्षर-समूह । २ छंद-विशेष (पिंग) ।

बिराल देखो बिडाल (सुर १, १८) ।

बिरालिआ } देखो बिडालिआ (सम्मत्त
बिराली } १२३; पाअ) । २ भुजपरिसर्प-विशेष, हाथ से चलनेवाला एक प्रकार का प्राणी (सूअ २, ३, २५) ।

बिरालिया स्त्री [बिरालिका] स्थल-कन्द-विशेष (आचा २, १, ८, ३) ।

बिरुद न [विरुद] इलकाब, पदवी (सम्मत्त १४१) ।

बिल न [बिल] १ रन्ध्र, विवर, साँप आदि जन्तुओं के रहने का स्थान (विपा १, ७; गउड) । २ कूप, कुआँ (राय) । °कोलीकारक वि [दे. °कोलीकारक] दूसरे को व्यामुग्ध करने के लिए विस्वर वचन बोलनेवाला (पण्ह १, ३—पत्र ४४) । °पंतिया स्त्री [°पङ्क्तिका] खान की पद्धति (पण्ह २, ५—पत्र १५०) ।

बिलाड } देखो बिडाल (भग; पि २४१) ।
बिलाल }

बिलालिआ देखो बिरालिआ (पि २४१) ।

बिल्ल पुं [बिल्व] १ वृक्ष-विशेष, बेल का पेड़ (पण्ण १; उप १०३१ टी) । २ न. बेल का फल (पाअ) ।

बिल्लल पुं [बिल्वल] १ अनार्य देश-विशेष । २ उस देश में रहनेवाली मनुष्य-जाति (पण्ह १, १—पत्र १४) । देखो चिल्लल = चिल्वल ।

बिस न [बिस] कमल आदि के नाल का तन्तु, मृणाल (णाया १, १३; कुमा; पाअ) । °कंठी स्त्री [°कण्ठी] बलाका, बक पक्षी की एक जाति (दे ६, ९३) । देखो **भिस** = बिस ।

बिसि देखो बिसी (दे १, ८३) ।

बिसिणी स्त्री [बिसिनी] कमलिनी, कमल का गाछ (पि २०९) ।

बिसी स्त्री [बृषी] ऋषि का आसन (दे १, ८३; पि [illegible]) ।

बिह अक [भी] डरना । बिहेइ (प्राकृ ६४; पि ५०१) ।

बिह वि [बृहत्] बड़ा महान् । °ण्णर पुं [°नल] छन्द-विशेष (पिंग) ।

बिहप्पइ }
बिहप्फइ } देखो बहस्सइ (हे २, १३७; १, १३८; २, ६९; षड्; कुमा) ।
बिहस्सइ }

बिहिअ देखो बिंहिअ (प्राकृ ८) ।

बिहेलग देखो बिभेलय (दस ५, २, २४) ।

बीअ देखो बिइअ (हे १, ५; २, ७९; सुर १, ३८; सुपा ४८५) ।

बीअ न [बीज] १ बीज; बीया; 'लाउअबीअं इक्कं नासइ भारं गुडस्स जह सहसा' (प्रासू १५१; आचा; जी १३; औप) । २ मूल कारण; 'सारीरमाणसाणेयदुक्खबीयभूयकम्म-वणदहणसहं' (महा) । ३ वीर्य, शरीरान्तर्गत सप्त धातुओं में से मुख्य धातु, शुक्र (सुपा ३९०; वव ९) । ४ 'ह्रीं' अक्षर (सिरि १९६) । °बुद्धि वि [°बुद्धि] मूल अर्थ को जानने से शेष अर्थों का निज बुद्धि से स्वयं जाननेवाला (औप) । °मंत वि [°वत्] बीजवाला (णाया १, १) । °रुइ स्त्री [°रुचि] एक ही पद से अनेक पद और अर्थों का अनुसंधान द्वारा फैलनेवाली रुचि । २ वि. उक्त रुचिवाला (पण्ण १) । °रुह वि [°रुह] बीज से उत्पन्न होनेवाली वनस्पति (पण्ण १) । °वाय पुं [°वाप] क्षुद्र जन्तु-विशेष (राज) । °सुहुम न [सूक्ष्म] छिलके का अग्र भाग (कप्प) ।

बीअऊरय न [बीजपूरक] फल-विशेष, एक तरह का नीबू (मा ३६) ।

बीअजमण न [दे] बीज मलने का खल—खलिहान (दे ६, ९२) ।

बीअण पुं [दे] नीचे देखो (दे ६, ९३ टी) ।

बीअय पुंन [दे. बीजक] वृक्ष-विशेष, असन वृक्ष, विजयसार का गाछ (दे ६, ९३; पाअ) ।

बीअवावय पुं [बीजवापक] विकलेन्द्रिय जन्तु की एक जाति (अणु १४१) ।

बीआ स्त्री [द्वितीया] १ तिथि-विशेष, दूज (सम २९; श्रा २९, रयण २; णाया १, १०; सुपा १७१) । २ द्वितीय विभक्ति (चेइय ५०९) ।

बीज देखो बीअ = बीज (कुमा; पण्ह २, १—पत्र ९९) ।

बीडग न [वीटक] बीड़ा; पान का बीड़ा, सज्जित ताम्बूल (सुपा ३३९) ।

बीडि } स्त्री [बीटि, °टी] ऊपर देखो;
बीडी } 'बिल्लदलबीडीओ कीसेवि मुहम्मि पक्खिवइ' (धर्मवि १४०) ।

बीभच्छ पुं [बीभत्स] साहित्य प्रसिद्ध एक रस (अणु १३५) ।

बीभच्छ } वि [बीभत्स] १ घृणोत्पादक,
बीभत्थ } घृणा-जनक । २ भयंकर, भय-जनक (उवा; तंदु ३८; णाया १, २; संबोध ४४) । ३ पुं. रावण का एक सुभट (पउम ५९, २) ।

बीयत्तिय वि [दे. बीजयितृ] बीज बोनेवाला, वपन करनेवाला । २ पुं. पिता; 'बीयं बीयत्ति-यस्सेव' (सुपा ३९०; ३९१) ।

बीलय पुं [दे] ताडंक, कर्णभूषण-विशेष; कान का एक गहना (दे ६, ९३) ।

बीह अक [भी] डरना । बीहइ, बीहेइ (हे ४, ५३; महा; पि २१३) । वकृ. बीहंत (ओघभा १९; उप ७६८ टी; कुमा) । कृ. बीहियव्व (स ६८२) ।

बीहच्छ देखो बीभच्छ (पि ३२७) ।

बीहण }
बीहणग } वि [भीषण, °क] भय-जनक, भयंकर (पि २१३; पण्ह १, १; पउम ३५, ५४) ।
बीहणय }

बीहविय वि [भीषित] डराया हुआ (सम्मत्त ११८) ।

बीहिअ वि [भीत] १ डरा हुआ (हे ४, ५३) । २ न. भय, डर; 'न य बीहिअं ममावि हु' (श्रा १४) ।

बीहिर वि [भेतृ] डरनेवाला (कुमा ६, ३५) ।

बुआव सक [वाचय्] बुलवाना । संकृ. बुआवइत्ता (ठा ३, २—पत्र १२८) ।

बुइअ वि [उक्त] कथित (सूअ १, २, २, २४; १, १४, २५; पण्ह २, २) ।

बुंदि पुंस्त्री [दे] १ चुम्बन । २ सूकर, सूअर (दे ६, ९८) ।

बुंदि स्त्री [दे] शरीर, देह; 'इह बुंदि चइत्ताणं तत्थ गंतूण सिज्झइ' (ठा १ टी—पत्र २४; सुज्ज २०; तंदु १३; सुपा ६५६; धम्म ९ टी; पाअ) । देखो बोंदि ।

बुंदिणी स्त्री [दे] कुमारी-समूह (दे ६, ९४) ।

बुंदीर पुं [दे] १ महिष, भैंसा। २ वि. महान्, बड़ा (दे ६, ६८)।

बुंध न [बुध्न] १ वृक्ष का मूल। २ कोई भी मूल, मूलमात्र (हे १, २६; षड्)।

बुंबा स्त्री [दे] चिल्लाहट, पुकार (सुपा ५६५)।

बुंबु पुं [दे] ऊपर देखो (कप्प ३१)।

बुंबुअ न [दे] वृन्द, यूथ, समूह (दे ६, ६४)।

बुक्क वि [दे] विस्मृत (वव १)।

बुक्क अक [गर्ज्, बुक्क्] गर्जन करना, गरजना। बुक्कइ (हे ४, ६८)।

बुक्क अक [भष्, बुक्क्] श्वान—कुत्ता का भूँकना। बुक्कइ (षड्)।

बुक्क पुंन [दे] १ तुष, छिलका (सुख १८, ३७)। २ वाद्य-विशेष; 'बुक्कतंबुक्कसंबुक्कसंद्दुकडं' (सुपा ५०)।

बुक्कण पुं [दे] काक, कौआ (दे ६, ६४; पाअ)।

बुक्कस देखो **बोक्कस** (राज)।

बुक्का स्त्री [दे] १ मुष्टि (दे ६, ६४; पाअ)। २ व्रीहिमुष्टि (दे ६, ६४)। ३ वाद्य-विशेष; 'ढक्काडक्कहुडुक्काबुक्कासंबुक्ककरडिपभिईणं आउजाणं' (सुपा १६५)।

बुक्का स्त्री [गर्जना] गर्जन, गर्जारव (पउम ६, १०८; गउड)।

बुक्कार पुं [दे. बूत्कार] गर्जन, गर्जना (पउम ७, १०५; गउड)।

बुक्कास पुं [दे] तन्तुवाय, जुलाहा (आचा २, १, २, २)।

बुक्कासार वि [दे] भीरु, डरपोक (दे ६, ६५)।

बुक्किअ वि [गर्जित] जिसने गर्जना की हो वह; 'अह बुक्किआ तुह भडा' (कुमा)।

बुज्झ सक [बुध्] १ जानना, ज्ञान करना, समझना। २ जागना। बुज्झइ (उव)। भूका. बुज्झिंसु (भग)। भवि. बुज्झिहिइ (औप)। वकृ. बुज्झंत, बुज्झमाण (पिंग; आचा)। संकृ. बुज्झा (हे २, १५)। कृ. बुद्ध, बोद्धव्व, बोधव्व (पिंग; कुमा; नव २३; भग; जी २१)।

बुज्झविय, **बुज्झाविअ** वि [बोधित] १ जिसको ज्ञान कराया गया हो वह। २ जगाया गया (कुप्र ६४; सुपा ४२५; प्राकृ ६८)।

बुज्झिअ वि [बुद्ध] ज्ञात, विदित (पाअ)।

बुज्झिर वि [बोद्धृ] १ जाननेवाला। २ जागनेवाला (प्राकृ ६८)।

बुडबुड अक [बुडबुडय्] बुडबुड आवाज करना; 'सुरा जहा बुडबुडेइ अन्नत्तं' (चेइय ४६२)।

बुड्ड अक [ब्रुड्, मस्ज्] डूबना। बुड्डइ (हे ४, १०१; उव; कुमा; भवि)। भवि. बुड्डीसु (अप) (हे ४, ४२३)। वकृ. बुड्डंत, बुड्डमाण (कुमा; उप १०३१ टी)। प्रयो, वकृ. बुड्डावंत (संबोध १५)।

बुड्ड वि [ब्रुडित, मग्न] डूबा हुआ, निमग्न (धम्म १२ टी; गा ३७; रंभा २३, सुर १०, १८६; भवि); 'घयबुड्डमंडगाई' (पव ४ टी)।

बुड्डण न [ब्रुडन] डूबना (संवे २; कप्पू)।

बुड्डिर पुं [दे] महिष, भैंसा (षड्)।

बुड्ढ वि [वृद्ध] बूढ़ा (पिंग)। स्त्री. °ड्ढा, °ड्ढी (काप्र १६७; सिरि १७३)।

बुण्ण वि [दे] १ भीत, डरा हुआ। २ उद्विग्न (दे ७, ६४ टी)।

बुत्ती स्त्री [दे] ऋतुमती स्त्री (दे ६, ६४)।

बुद्ध वि [बुद्ध] १ विद्वान्, पण्डित, ज्ञात-तत्व (सम १; उप ६१२ टी, श्रा १२; कुप्र ४०; श्रु १)। २ जागा हुआ, जागृत (सुर ६, २४३)। ३ भूत, भविष्य और वर्तमान का जानकार (चेइय ७१३)। ४ विज्ञात, विदित (ठा ३, ४)। ५ पुं. जिन-देव, अर्हन्, तीर्थंकर (सम ६०)। ६ बुद्धदेव, भगवान् बुद्ध (पाअ; दे ७, ५१; उर ३, ७; कुप्र ४४०; धर्मसं ६७२)। ७ आचार्य, सूरि (उत्त १, १७)। °पुत्त पुं [°पुत्र] आचार्य शिष्य (उत्त १, ७)। °बोहिय वि [°बोधित] आचार्य-बोधित (नव ४३)। °माणि वि [°मानिन्] निज को पण्डित माननेवाला (सूअ १, ११, २५)। °लय पुंन [°ालय] बुद्ध-मन्दिर (कुप्र ४४२)।

बुद्ध वि [बौद्ध] १ बुद्ध-भक्त। २ बुद्ध-संबन्धी, बुद्ध का (ती ७; सम्मत्त ११६)।

बुद्ध देखो **बुज्झ**।

बुद्ध देखो **बुंध** (सुज्ज २०)।

बुद्धंत पुंन [बुध्नान्त] अधो-भाग, नीचे का हिस्सा; 'ता राहू णं देवे चंदं वा सूरं वा गेण्हमाणे बुद्धंतेणं गिण्हित्ता बुद्धंतेणं मुयइ' (सुज्ज २०)।

बुद्धि स्त्री [बुद्धि] १ मति, मेधा, मनीषा, प्रज्ञा (ठा ४, ४; जी ६; कुमा; कप्प; प्रासू ४७)। २ देव-प्रतिमा-विशेष (णाया १, १ टी—पत्र ४३)। ३ महापुण्डरीक ह्रद की अधिष्ठात्री देवी (ठा २, ३—पत्र ७२; इक)। ४ छन्द-विशेष (पिंग)। ५ तीर्थंकरी। ६ साध्वी (राज)। ७ अहिंसा, दया (पण्ह २, १)। ८ पुं. इस नाम का एक मन्त्री (उप ८४४)। °कूड न [°कूट] पर्वत-विशेष का शिखर (राज)। °बोहिय वि [°बोधित] १ तीर्थंकरी—स्त्री-तीर्थंकर से प्रतिबोधित। २ सामान्य साध्वी से बोधित (राज)। °मंत वि [°मत्] बुद्धिवाला (उप ३३६; सुपा ३७२; महा)। °ल पुं [°ल] १ एक स्वनाम-प्रसिद्ध श्रेष्ठी (महा)। २ देखो °ल्ल (राज)। °ल्ल वि [°ल] बुद्ध्, मूर्ख, दूसरे की बुद्धि पर जीनेवाला; 'तस्स पंडियमाण(? णि)स्स बुद्धिल्लस्स दुरप्पणो' (ओघभा २६ टी; २७)। °वंत देखो °मंत (भवि)। °सागर, °सायर पुं [°सागर] विक्रम की ग्यारहवीं शताब्दी का एक सुप्रसिद्ध जैनाचार्य और ग्रन्थकार (सुर १६, २४५; सार्ध ६६; सम्मत्त ७६)। °सिद्ध पुं [°सिद्ध] बुद्धि में सिद्धहस्त, संपूर्ण बुद्धिवाला (आवम)। °सुंदरी स्त्री [°सुन्दरी] एक मन्त्री-कन्या (उप ७२८ टी)।

बुध देखो **बुद्ध** (पण्ह १, ५; सुज्ज २०)।

बुब्बुअ अक [बुबूय्] 'बु' 'बु' आवाज करना, छाग—बकरा का बोलना। बुब्बयइ (कुप्र २४)। वकृ. बुब्बुयंत (कुप्र २४)।

बुब्बुअ पुं [बुद्बुद] बुलबुला, पानी का बुलका (दे ६, ६५; औप; पिंड १६; णाया १, १; वे ४५; प्रासू ६६; दं १३)।

बुभुक्खा स्त्री [बुभुक्षा] भूख, खाने की इच्छा (अभि २०७)।

बुय वि [ब्रुव] बोलनेवाला (सूअ १ ७, १०)।

बुयाण देखो **बुव**।

बुल वि [दे] बोड, भदन्त, धर्मिष्ठ (पिंग १६८)।

बुलंबुला स्त्री [दे] बुलबुला, बुद्बुद (दे ६, ६५)।

बुलबुल पुं [दे] ऊपर देखो (षड्)।

बुल्ल देखो **बोल्ल**। बुल्लइ (कुप्र २६; श्रा १४); बुल्लंति (प्रासू ४)। प्रयो. बुल्लावेइ, बुलावेमि, बुल्लावए (कुप्र १२७; सिरि ४४०)।

बुव सक [ब्रू] बोलना। बुवइ (षड्; कुमा)। वकृ. बुवंत, बुयाण, बुवाण (उत्त २३, २१; सूग्र १, ७, १०; उत्त २३, ३१)। देखो **बू**।

बुस न [बुस] १ भूसा, यव ग्रादि का कडंगर, नाज का छिलका (ठा ८—पत्र ४१७)। २ तुच्छ धान्य, फल-रहित धान्य (गउड)।

बुसि स्त्री [बृषि, °सि] मुनि का ग्रासन। °म, °मंत वि [°मत्] संयमी, व्रती, मुनि (सूग्र २, ६, १४; ग्राचा)।

बुसिआ स्त्री [बुसिका] यव ग्रादि का कडंगर, भूसा (दे २, १०३)।

बुह पुं [बुध] १ ग्रह-विशेष, एक ज्योतिष्क देव (सुर ३, ५३; धर्मवि २४)। २ वि. पण्डित, विद्वान् (ठा ४, ४; सुर ३, ५३; धर्मवि २४; कुमा; पाग्र)।

बुहप्पइ, **बुहप्फइ**, **बुहस्सइ** } देखो **बहस्सइ** (हे २, ५३; १३७; षड्; कुमा)।

बुहुक्ख सक [बुभुक्ष्] खाने की इच्छा करना। बुहुक्खइ (हे ४, ५; षड्)।

बुहुक्खा देखो **बुभुक्खा** (राज)।

बुहुक्खिअ वि [बुभुक्षित] भूखा (कुमा)।

बू सक [ब्रू] बोलना, कहना। बूम, बूया, बूहि (उत्त २५, २६; सूग्र १, १, ३, ६; १,१,१,२)। बिंति, बेंति, बेमि, बुग्रा (कम्म ३, १२; महा; कप्प)। भूका. ग्रब्बवी (उत्त २३, २१; २२; २५; ३१; ठा ३, २)। वकृ. बिंत, बेंत (उप ७२८ टी; सुपा ३६०; विसे ११६)। संकृ. बूइत्ता (ठा ३, २) देखो **बव**, **बुव**।

बूर पुं [बूर] वनस्पति-विशेष (णाया १, १—पत्र ६; उत्त ३४, १६; कप्प; ग्रौप)। °णालिया, °नालिआ स्त्री [°नालिका] बूर से भरी हुई नली (राज; भग)।

बूल वि [दे] मूक, वाचा-शक्ति से रहित (पिंग १६८ टी)।

बूह सक [बृंह्] पुष्ट करना। बूहए (सूग्र २, ५, ३२)।

बे देखो **बि** (वज्जा १०; हे ३, ११६; १२०; पिंग)। °आसी (ग्रप) स्त्री [°अशीति] बयासी, ८२ (पिंग)। °इंदिय वि [°इन्द्रिय] त्वचा ग्रौर जीभ ये दो ही इन्द्रियवाला प्राणी (ठा १; भग; स ८३; जी १५)। °हिय [द्व्याह्निक] दो दिन का (जीवस ११६)।

बेंट देखो **बिंट** (महा)।

बेंत देखो **बू**।

बेंदि देखो **बे-इंदिय** (पंच ५, ५६)।

बेट्ठ देखो **बिट्ठ** (ग्रोघभा १७४)।

बेड, **बेडय** } पुं [दे] नौका, जहाज (दे ६, ६५, सुर १३, ५०)।

बेडा, **बेडिया**, **बेडी** } स्त्री [दे] नौका, जहाज (उप ७२८ टी; सिरि ३८२; ४०७; श्रा १२; धम्म १२ टी); 'पाणीहि जलं दारइ ग्ररित्तदंडेहि बेडिव्व' (धर्मवि १३२)।

बेड्डा स्त्री [दे] श्मश्रु, दाढ़ी-मूँछ के बाल (दे ६, ६५)।

बेदोणिय वि [द्वैद्रोणिक] दो द्रोण का, द्रोण-द्वय-परिमित; 'कप्पइ मे बेदोणियाए कंसपाईए हिरण्णभरियाए संववहरित्तए' (उवा)।

बेभेल पुं [बेभेल] विन्ध्याचल के नीचे का एक संनिवेश (भाग ३, २—पत्र १७१)।

बेमासिय वि [द्वैमासिक] दो मास का, दो महीने का संबन्ध रखनेवाला (पउम २२, २८)।

बेलि स्त्री [दे] स्थूणा, खूँटा (दे ६, ६५; पाग्र)।

बेल्ल देखो **बिल्ल** (प्राकृ ५)।

बेल्लग पुं [दे] बैल, बलीवर्द (ग्रावम)।

बेस ग्रक [विश्, स्था] बैठना, 'ग्रंतंतं भोक्खामि त्ति बेसए भुंजए य तह चेव' (ग्रोघ ५७१)।

बेसक्खिज्ज न [दे] द्वेष्यत्व, रिपुता, दुश्मनाई (दे ७, ७६ टी)।

बेसण न [दे] वचनीय, लोकापवाद, लोक-निन्दा (दे ७, ७५ टी)।

बेहिम वि [दे. द्वैधिक] दो टुकड़े करने योग्य, खण्डनीय (दस ७, ३२)।

बोंगिल्ल वि [दे] १ भूषित, ग्रलंकृत। २ पुं. ग्राटोप, ग्राडम्बर (दे ६, ६६)।

बोंटण न [दे] चूचुक, स्तन का ग्रग्र भाग (दे ६, ६६)।

बोंड न [दे] १ चूचुक, स्तन-वृन्त (दे ६, ६६)। २ फल-विशेष, कपास का फल (ग्रौप; तंदु २०)। °य न [°ज] सूती वस्त्र, सूती कपड़ा (सूग्र २, २, ७३; ग्रौप)।

बोंद न [दे] मुख, मुँह (दे ६, ६६)।

बोंदि स्त्री [दे] १ रूप। २ मुख, मुँह (दे ६, ६६)। ३ शरीर, देह (दे ६, ६६; पण्ह १, १; कप्प; ग्रौप; उत्त ३५, २०; स ७१२; विसे ३१६१; पव ५५; पंचा १०, ४)।

बोंदिया स्त्री [दे] शाखा (सूग्र २, २, ४६)।

बोकड, **बोक्कड** } पुं [दे] छाग, बकरा; गुजराती में 'बोकडो' (ती २; दे ६, ६६)। स्त्री. °डी (दे ६, ६६ टी)।

बोक्कस पुं [बोक्कस] १ ग्रनार्य देश-विशेष (पव २७४)। २ वर्णसंकर जाति-विशेष, निषाद से ग्रंबष्ठी की कुक्षि में उत्पन्न (सुख ३, ४)।

बोक्कसालिय पुं [दे] तन्तुवाय, 'कोट्टागकुलाणि वा गामरक्खकुलाणि वा बोक्कसालियकुलाणि वा' (ग्राचा २, १, २, ३)।

बोक्कार देखो **बुक्कार** (सुर १०, २२१)।

बोक्किय न [बूत्कृत] गर्जन, गर्जना (पउम ५६, ५४)।

बोगिल्ल वि [दे] चितकबरा, 'फसलं सबलं सारं किम्मीरं चित्तलं च बोगिल्लं' (पाग्र)।

बोट्ट सक [दे] उच्छिष्ट करना, जूठा करना। गुजराती में 'बोटवुं'; 'रयणीए रयणिचरा चरंति बोट्टंति ग्रन्नमाईयं' (सुपा ४६१)।

बोड वि [दे] १ धार्मिक, धर्मिष्ठ। २ तरुण, युवा (दे ६, ६६)। ३ मुण्डित-मस्तक; 'एमेव ग्रडइ बोडो', गुजराती में 'बोडो' (पिंड २१७)।

बोडघेर न [दे] गुल्म-विशेष (पाअ)।

बोडिय पुं [बोटि] १ दिगम्बर जैन संप्रदाय। २ वि. दिगम्बर जैन संप्रदाय का अनुयायी; 'बोडियसिवभूईओ बोडियलिंगस्स होइ उप्पत्ती' (विसे १०४१; २५५२)।

बोडिअ वि [दे] मुण्डित-मस्तक (?); 'बोडिअमसिए धुवं मरणं' (ओघभा ८३ टी)।

बोडुर न [दे] श्मश्रु, दाढ़ी-मूँछ (दे ६, ९५)।

बोड्डिआ स्त्री [दे] कपर्दिका, कौड़ी; 'केसरि न लहइ बोड्डिअवि गय लक्खेंति घेप्पंति' (हे ४, ३३५)।

बोदर वि [दे] पृथु, विशाल (दे ६, ९६)।

बोंदि देखो **बोंदि** (औप)।

बोद्दह [दे] देखो **बोद्रह** (पाअ)।

बोद्ध वि [बौद्ध] बुद्ध-भक्त (संबोध ३४)।

बोद्धव्व देखो **बुज्झ**।

बोद्रह वि [दे] तरुण, जवान (दे ७, ८०)।

बोधण न [बोधन] बोध, शिक्षा, उपदेश (सम ११६)।

बोधव्व देखो **बुज्झ**।

बोधि देखो **बोहि** (ठा २, १—पत्र ४६)। °**सत्त** पुं [°सत्त्व] सम्यग् दर्शन को प्राप्त प्राणी, अर्हन् देव का भक्त जीव (मोह ३)।

बोधिअ वि [बोधित] ज्ञापित, अवगमित (धर्मसं ५०९)।

बोब्बड वि [दे] मूक (दश० अगस्त्य चू० पत्र० २४३)।

बोर न [बदर] फल-विशेष, बेर (गा २००; हे १७०; षड्; कुमा)।

बोरी स्त्री [बदरी] बेर का गाछ (प्राकृ ४; हे १, १७०; कुमा; हेका २५९)।

बोल सक [ब्रोडय्] डुबाना, 'तंबोलो तं बोलइ जिणवसहिट्ठिएण जेण खद्धो' (सार्ध ११४); 'बुड्डुतं बोलए अन्नं' (सूक्त ६६), बोलेइ, बोलए (संबोध १३), 'केसिं च बंधित्तु गले सिलाओ उदगंसि बोलंति महालयंसि' (सूअ १, ५, १०), बोलेमि (सिरि १३८)। 'गुरुनामेणं लोए बोलेइ बहुं' (उवर १५२)।

बोल अक [व्यति+क्रम्] १ पसार होना, गुजरना। २ सक. उल्लंघन करना; 'दूई ण एइ, चंदोवि उग्गओ, जामिणीवि बोलेइ' (गा ८५४), 'पुणो तं बंधेण न बोलइ कयाइ' (श्रावक ३३)। बोलए (चंड)। देखो **वोल** = गम्।

बोल पुं [दे] १ कलकल, कोलाहल (दे ६, ९०; भग; भवि; कप्पू; उप उप ५०९), 'हासबोलबहुला' (औप)। २ समूह; 'कमढासुरेण रइयम्मि भीसणे पलयतुल्लजलबोले' (भाव १; कुलक ३४)।

बोलग पुंन [दे. ब्रोड] १ मज्जन, डूबना। २ कर्षण, खींचाव; 'उच्चूलं बोलगं पज्जेति' (विपा १, ६—पत्र ६८)।

बोलिअ वि [ब्रोडित] डुबाया हुआ (वज्जा ९८)।

बोलिंदी स्त्री [दे] लिपि-विशेष, ब्राह्मी लिपि का एक भेद; 'माहेसरीलिवी दामिलिवी बोलिंदिलीवी' (सम ३५)।

बोल्ल सक [कथय्] बोलना, कहना। बोल्लइ (हे ४, २ प्राकृ ११९; सुर ८, १९७; भवि)। कर्म. बोल्लिअइ (अप) (कुमा)। कृ. बोल्लेव्वय (अप) (कुमा)। प्रयो. बोल्लावइ (कुमा)।

बोल्लअ पुं [कथन] बोल, वचन (गा ६०३)।

बोल्लणअ वि [कथयितृ] बोलने का स्वभाववाला (हे ४, ४४३)।

बोल्ला स्त्री [कथा] वार्त्ता, बात; 'नीयबोल्लाए' (उप १०१५)।

बोल्लाविय वि [कथित] बुलवाया हुआ (स ४९१; ६९९)।

बोल्लिअ वि [कथित] १ उक्त। २ न. उक्ति (भवि; हे ४, ३८३)।

बोव्व न [दे] क्षेत्र, खेत (दे ९६)।

बोह सक [बोधय्] १ समझाना, ज्ञान कराना। २ जगाना। बोहेइ (उव)। कर्म. बोहिज्जइ (उव)। वकृ. **बोहिंत**, **बोहेंत** (सुर १५, २४६; महा)। कवकृ. **बोहिज्जंत** (सुर २, १४५; ८, १६५)। हेकृ. **बोहेउं** (अज्झ १७९)।

बोह पुं [बोध] १ ज्ञान, समझ (जी १)। २ जागरण (कुमा)।

बोहग देखो **बोहय** (दं १)।

बोहण देखो **बोधण** (उप २०६; सुर १, ३७; उवर १)।

बोहय वि [बोधक] बोध देनेवाला, ज्ञानदाता (सम १; णाया १, १; भग; कप्प)।

बोहहर पुं [दे] मागध, स्तुति-पाठक (दे ६, ९७)।

बोहारी स्त्री [दे] बुहारी, संमार्जनी, झाड़ू. (दे ६, ९७)।

बोहि स्त्री [बोधि] १ शुद्ध धर्म का लाभ, सद्धर्म की प्राप्ति; 'दुल्लहा बोही' (उत्त ३६, २५८), 'बोही जिणेहि भणिया भवंतरे सुद्धधम्मसंपत्ती' (चेइय ३३२; संबोध १४; सम ११९; उप ४८१ टी)। २ अहिंसा, अनुकम्पा, दया (पण्ह २, १)। देखो **बोधि**।

बोहिअ वि [बोधित] १ ज्ञापित, समझाया हुआ (भग)। २ विकासित, विबोधित; 'रविकिरणतरुणबोहियसहस्सपत्त—' (कप्प)।

बोहिअ पुं [बोधिक] मनुष्य चुरानेवाला चोर (निचू १; चेइय ४४६)।

बोहिंत देखो **बोह** = बोधय्।

बोहिग देखो **बोहिअ** = बोधिक (राज)।

बोहित्थ पुंन [दे] प्रवहण, जहाज, यानपात्र, नौका (दे ६, ९६; स २०६; चेइय २६४; कुप्र २२२; सिरि ३८३; सम्मत्त १५७; सुपा ९४; भवि)।

बोहित्थिय वि [दे] प्रवहण-स्थित (वज्जा १५८)।

°**ब्भंस** देखो **भंस** (सुपा ५०९)।

°**ब्भमर** देखो **भमर** (नाट—मुद्रा ३९)।

°**ब्भास** देखो **अब्भास**; 'किंतु अइदूहवा सा दिट्ठिब्भामेवि कुणइ न हु कोइ' (सुपा ५९७)।

°**ब्भि** वि [भित्] भेदन करनेवाला, नाशकर्ता; 'सगडब्भि' (आचा १, ३, ४, १)।

ब्रो (अप) देखो **बू**। **ब्रोहि** (प्राकृ १२१)।

॥ इअ सिरिपाइअसद्दमहण्णवम्मि बआराइसद्दसंकलणो
एगूणतीसइमो तरंगो समत्तो॥

भ

भ पुं [भ] १ ओष्ठ-स्थानीय व्यञ्जन वर्ण-विशेष (प्राप; प्रामा)। २ पिंगल-प्रसिद्ध आदि-गुरु और दो ह्रस्व अक्षरों की संज्ञा, भगण (पिंग)। ३ न. नक्षत्र (सुर १६, ४३)। °आर पुं [°कार] १ 'भ' अक्षर। २ भगण (पिंग)। °गण पुं [°गण] भगण (पिंग)।

भइ देखो भव = भू।

भइ स्त्री [भृति] वेतन, तनखाह (णाया १, ८—पत्र १५०; विपा १, ४; उवा)। देखो भुइ।

भइअ वि [भक्त] १ विभक्त (श्रावक १८५; सम ७६)। २ खण्डित; 'अंगुलसखासंखप्पएसभइयं पुढो पयरं' (पंच २, १२; औप)। ३ विकल्पित (वव ६)।

भइअ न [भक्त] भागाकार (वव १)।

भइअ, भइअव्व } देखो भय = भज्।

भइअ, भइग } वि [भृतिक] कर्मकर, नौकर, चाकर (राय २१)।

भइणि°, भइणिआ, भइणी } स्त्री [भगिनी] बहिन, स्वसा (सुपा १५; स्वप्न १५; १७; विपा १, ४; प्रासू ७८; कुल २३५; कुमा)। °वइ पुं [°पति] बहनोई (सुपा १५; ५३२)। °सुअ पुं [°सुत] भागिनेय, भानजा (सुपा १७)। देखो बहिणी।

भइरव वि [भैरव] १ भयंकर, भीषण, भय-जनक (पाअ; सुपा १८२)। २ पुं. नाट्यादि-प्रसिद्ध एक रस, भयानक रस। ३ महादेव, शिव। ४ महादेव का एक अवतार। ५ राग-विशेष, भैरव राग। ६ नद-विशेष (हे १, १५१; प्राप्र)। देखो भेरव।

भइरवी स्त्री [भैरवी] शिव-पत्नी, पार्वती (गउड)।

भइरहि पुं [भगीरथि] सगर चक्रवर्ती का एक पुत्र, भगीरथ (पउम ५, १७५)।

भइल वि [दे] भया, जात (रंभा ११)।

भउम्हा (शौ) देखो भमुहा (पि २५१)।

भउहा (अप) देखो भमुहा (पिंग)।

भएयव्व देखो भय = भज्।

भंकार पुं [भङ्कार] भनकार, अव्यक्त आवाज विशेष (उप पृ ८६)।

भंकारि वि [भङ्कारिन्] भनकार करनेवाला (सण)।

भंग पुं [भङ्ग] १ भाँगना, खण्ड, खण्डन (ओघ ७८८; प्रासू १७०; जी १२; कुमा)। २ प्रकार, भेद, विकल्प (भग; कम्म ३, ५)। ३ विनाश (कुमा; प्रासू २१)। ४ रचना-विशेष; 'तरंगरंगंतभंग—' (कप्प)। ५ पराजय। ६ पलायन (पिंग)। °रय न [°रत] मैथुन-विशेष (वज्जा १०८)।

भंग पुं [भृङ्ग] आर्य देश-विशेष, जिसकी राजधानी प्राचीन काल में पावापुरी थी (इक)।

भंग (अप) देखो भग्ग = भग्न (पिंग)।

भंगरय पुं [भृङ्गरज, भृङ्गारक] १ पौधा विशेष, भृङ्गराज, भँगरा, भंगरैया। २ न. भँगरा का फूल (वज्जा १०८; सुपा ३२४)।

भंगा स्त्री [भङ्गा] १ वनस्पति-विशेष, पाट, कुष्टा; 'कप्पइ णिग्गंथाण वा णिग्गंथीण वा पंच वत्थाइं धारित्तए वा परिहरेत्तए वा, तं जहा—जंगिए भंगिए साणए पोत्तिए तिरीड-पट्टए णामं पंचमए' (ठा ५, ३—पत्र ३३८)। २ वाद्य-विशेष; '—पडहहुड्डुक्कुड्डुक्काभेरीभंगापहुदिभूरिवज्जभंडतुमुल—' (विक्र ८७)।

भंगि स्त्री [भङ्गि] १ प्रकार, भेद (हे ४, ३३६; ४११)। २ व्याज, छल, बहाना; 'सहिभंगिभणिअसब्भाविआवराहाए' (गा ६१३)। ३ विच्छित्ति, विच्छेद (राज)। ४ पुंस्त्री. देश विशेष; 'पावा भंगी य' (पव २७५; विचार ४६)।

भिमोर पुं [दे. हिमोर] हिम का मध्य भाग (?) (हे २, १७४)।

भियग देखो भयग (सण)।

भिलंग पुं [दे] अक्षण। देखो भिलिंज (सूत्र कृतांग सूत्र २८५ चूर्णी)।

भिलगा देखो भिलुगा (दस ६, ६२)।

भिलिंग सक [दे] अभ्यंग करना, मालिश करना। भिलिंगेज्ज (आचा २, १३, २; ४; ५; निचू १७)। वकृ. भिलिंगंत (निचू १७)। प्रयो. भिलिंगावेज्ज (निचू १७) वकृ. भिलिंगावंत (निचू १७)।

भिलिंग } पुं [दे] धान्य-विशेष, मसूर
भिलिंगु } (कप्प; पंचा १०, ७३)।

भिलिंज पुं [दे] अभ्यंग, आपाद-मस्तक-तैल-मर्दन (सूअ १, ४, २, ८ टी)।

भिलुंग पुं [दे. भिलुङ्क] हिंसक पक्षी (राय १२४)।

भिलुगा स्त्री [दे] फटी हुई जमीन, भूमि की रेखा—फाट (आचा २, १, ५, ५)।

भिल्ल पुं [भिल्ल] १ अनार्य देश-विशेष (पव २७४)। २ एक अनार्य जाति (सुर २, ४; ६, ३४; महा)।

भिल्लमाल पुं [भिल्लमाल] स्वनाम ख्यात एक प्रसिद्ध क्षत्रिय-वंश (विवे ११४)।

भिल्लायई स्त्री [भल्लातकी] भिलावाँ का पेड़ (उप १०३१ टी)।

भिल्लिअ वि [भिलित] खण्डित, तोड़ा हुआ; 'पंचमहव्वयतुंगो पायारो भिल्लिओ जेणं' (उव)।

भिस देखो भास=भास्। भिसइ (हे ४, २०३; षड्)। वकृ. भिसंत, भिसमाण, भिसमीण (पउम ३, १२७; ७५, ३७; णाया १, १; औप; कुमा; णाया १, १; पि ५६२)।

भिस सक [प्लुष्] जलाना (प्राकृ ६५; धात्वा १४७)।

भिस सक [भायय्] डराना। भिसइ, भिसेइ (प्राकृ ६४)।

भिस न [भृश] १ अत्यन्त, अतिशय, अतिशयित; 'गलंतभिसभिन्नदेहे य' (पिंड ५८३, उप ३२० टी; सत्त ६१; भवि)।

भिस देखो बिस (प्राकृ १५; पण्ण १; सूअ २, ३, १८)। °कंदय पुं [°कन्दक] एक प्रकार की खाने की मिष्ट वस्तु (पण्ण १७—पत्र ५३३)। °मुणाली स्त्री [°मृणाली] कमलिनी (पण्ण १)।

भिसअ पुं [भिषज्] १ वैद्य, चिकित्सक (हे १, १८; कुमा)। २ भगवान् मल्लिनाथ का प्रथम गणधर (पव ८)।

भिसंत देखो भिस=भास्।

भिसंत न [दे] अनर्थ (दे ६, १०५)।

भिसग देखो भिसअ (णाया १, १—पत्र १५४)।

भिसण सक [दे] फेंकना, डालना। भिसणेमि (गा ३१२)।

भिसमाण देखो भिस=भास्।

भिसरा स्त्री [दे] मत्स्य पकड़ने का जाल-विशेष (विपा १, ८—पत्र ८५)।

भिसाव सक [भायय्] डराना। भिसावेइ (प्राकृ ६४)।

भिसिआ } स्त्री [दे. बृषिका] आसन-विशेष,
भिसिगा } ऋषि का आसन (दे ६, १०५; भग; कुप्र ३७२; णाया १, ८; उप ६४८ टी; औप; सूअ २, २, ४८)।

भिसिण देखो भिसण भिसिणेमि (गा ३१२ अ)।

भिसिणी स्त्री [बिसिनी] कमलिनी, पद्मिनी (हे १, २३८; कुमा; गा ३०८; काप्र ३१; महा; पाअ)।

भिसी स्त्री [बृषी] देखो भिसिआ (पाअ)।

भिसोल न [दे] नृत्य-विशेष (ठा ४, ४—पत्र २८५)।

भिह } अक [भी] डरना। भिहइ (षड्)।
भी } कृ. भेअव्व (सुपा ५८४)।

भी स्त्री [भी] १ भय, 'नो दंडभी डंडं समारभेज्जासि' (आचा)। २ वि. डरनेवाला, भीरु (आचा)।

भीअ वि [भीत] डरा हुआ (हे २, १९३; ४, ५३, पाअ; कुमा, उवा)। °भीय वि [°भीत] अत्यन्त डरा हुआ (सुर ३, १६५)।

भीइ स्त्री [भीति] डर, भय (सुर २, २३७; सिरि ८३६; प्रासू २४)।

भीइअ वि [भीत] डरा हुआ (उप ६४०)।

भीइर वि [भेतृ] डरनेवाला, 'ता मरणभीइरं विसज्जेह मं, पव्वईस्सं' (वसु)।

भीड [दे] देखो भिड। संकृ. भीडिवि (अप) (भवि)।

भीडिअ [दे] देखो भिडिय (सुपा २६२)।

भीतर [दे] देखो भित्तर (कुमा)।

भीम वि [भीम] १ भयंकर, भीषण (पाअ; उव; पण्ह १, १; जी ४४, प्रासू १४४)। २ पुं. एक पाण्डव, भीमसेन (गा ४४३)। ३ राक्षस-निकाय का दक्षिण दिशा का इन्द्र (ठा २, ३—पत्र ८५)। ४ भारतवर्ष का भावी सातवाँ प्रतिवासुदेव; 'अपराइए य भीमे महाभीमे य सुग्गीवे' (सम १५४)। ५ राक्षस-वंश का एक राजा, एक लंकापति

(पउम ५, २६३)। ६ सगर चक्रवर्ती का एक पुत्र (पउम ५, १७५)। ७ दमयंती का पिता (कुप्र ४८)। ८ एक कुल-पुत्र (कुप्र १२२)। ९ गुजरात का चालुक्य-वंशीय एक राजा—भीमदेव (कुप्र ४)। १० हस्तिनापुर नगर का एक कूटग्राह—राज-पुरुष (विपा १, २)। °एव पुं [°देव] गुजरात का एक चालुक्य राजा (कुप्र ५)। °कुमार पुं [°कुमार] एक राज-पुत्र (धम्म)। °प्पभ पुं [°प्रभ] राक्षस-वंश का एक राजा, एक लंका-पति (पउम ५, २५९)। °रह पुं [°रथ] एक राजा, दमयंती का पिता (कुप्र ४८)। °सेण पुं [°सेन] १ एक पाण्डव, भीम (णाया १, १६)। २ एक कुलकर पुरुष (सम १५०)। °वलि पुं [°ावलि] अंग-विद्या का जानकार पहला रुद्र पुरुष (विचार ४७३)। °ासुर न [°ासुर] शास्त्र-विशेष (अणु)।

भीमासुरक्क न [भीमासुरोक्त. °रीय] एक जैनेतर प्राचीन शास्त्र (अणु ३६)।

भीरु } वि [भीरु, °क] डरपोक (चेइय **भीरुअ** } ६९; गउड; उत्त २७, १०; अभि ८२)।

भीस सक [भीषय्] डराना। भीसइ (धात्वा १४७), भीसेइ (प्राकृ ६४)।

भीसण वि [भीषण] भयंकर, भय-जनक (जी ४९; सण; पात्र)।

भीसग देखो भेसग (राज)।

भीसाव देखो भीस। भीसावेइ (धात्वा १४७)।

भीसिद (शौ) वि [भीषित] भय-भीत किया हुआ, डराया हुआ (नाट—माल ५९)।

भीह अक [भी] डरना। भीहइ (प्राकृ ६४)।

भुअ देखो भुंज। भुअइ, भुअए (षड्)।

भुअ न [दे] भूर्ज-पत्र, वृक्ष-विशेष की छाल (दे ६, १०६)। °रुक्ख पुं [°वृक्ष] वृक्ष-विशेष; भूर्जपत्र का पेड़ (पण्ण १—पत्र ३४)। °वत्त न [°पत्र] भोजपत्र (गउड ६४१)।

भुअ पुंस्त्री [भुज] १ हाथ, कर (कुमा)। २ गणित-प्रसिद्ध रेखा-विशेष (हे १, ४)। स्त्री. °आ (हे १, ४; पिंग; गउड; से १, ३)। °परिसप्प पुंस्त्री [°परिसर्प] हाथ से चलनेवाला प्राणी, हाथ से चलनेवाली सर्प-जाति (जी २१; पण्ण १; जीव २)। स्त्री. °प्पिणी (जीव २)। °मूल न [°मूल] कक्षा, काँख (पात्र)। °मोयग पुं [°मोचक] रत्न की एक जाति (भग; औप; उत्त ३६, ७६; तंदु २०)। °सप्प पुं [°सर्प] देखो °परिसप्प (पव १५०)। °ाल वि [°वत्] बलवान् हाथवाला (सिरि ७६९)।

भुअअ देखो भुअग (गउड; पिंग; से ७, ३६; पात्र)।

भुअइंद पुं [भुजगेन्द्र] १ श्रेष्ठ सर्प (गउड)। २ शेषनाग, वासुकि (अच्चु २७)। °वुरेस पुं [°पुरेश] श्रीकृष्ण (अच्चु २७)।

भुअईसर } पुं [भुजगेश्वर] ऊपर देखो **भुअएसर** } (पण्ह १, ४—पत्र ७८; अच्चु ३९)। °णअरणाह पुं [°नगरनाथ] श्री-कृष्ण (अच्चु ३९)।

भुअंग पुं [भुजंग] १ सर्प, साँप (से ५, ६०; गा ६४०; गउड; सुर २, २४५; उव; महा; पात्र)। २ विट, रंडीबाज, वेश्या-गामी (कुमा; वज्जा ११६)। ३ जार, उपपति (कप्पू)। ४ द्यूतकार, जुआड़ी (उप पृ २५२)। ५ चोर, तस्कर; 'देव सलोत्तओ चेव मायापओयकुसलो वाणिययवेसधारी गहिओ महाभुअंगो' (स ४३०)। ६ बदमाश, ठग; 'तावसवेसधारिणो गहियनलियापओग-खग्गा विसेणकुमारसंतिया चत्तारि महाभुयंग त्ति' (स ५२४)। °किंत्ति स्त्री [°कृत्ति] कंचुक (गा ६४०)। °पआत (अप) देखो °प्पजाय (पिंग)। °प्पजाय न [°प्रयात] १ सर्प-गति। २ छन्द-विशेष (भवि)। °राअ पुं [°राज] शेषनाग (त्रि ८२)। °वइ पुं [°पति] शेषनाग (गउड)। °ापआअ (अप) देखो °प्पजाय (पिंग)।

भुअंगम पुं [भुजंगम] १ सर्प, साँप (गउड १७८; पिंग)। २ स्वनाम-ख्यात एक चोर (महा)।

भुअंगिणी } स्त्री [भुजङ्गी] १ विद्या-विशेष **भुअंगी** } (पउम ७, १४०)। २ नागिन (सुपा १८१; भत्त ११७)।

भुअग पुं [भुजग] १ सर्प, साँप (सुर २, २३६; महा; जी ३१)। २ एक देव-जाति, नाग-कुमार देव (पण्ह १, ४)। ३ वानव्यंतर देवों की एक जाति, महोरग (इक)। ४ रंडीबाज; 'मं कुट्टणिव्व भुयगं तुमं पयारेसि अलियवयणेहिं' (कुप्र ३०९)। ५ वि. भोगी, विलासी (णाया १, १ टी—पत्र ४; औप)। °परिरिंगिअ न [परिरिङ्गित] छन्द-विशेष (अजि १६)। °वई स्त्री [°वती] एक इन्द्राणी, अतिकाय नामक महोरगेन्द्र की एक अग्र-महिषी (इक; ठा ४, १; णाया २)। °वर पुं [°वर] द्वीप-विशेष (राज)।

भुअग वि [भोजक] पूजक, सेवा-कारक (णाया १, १ टी—पत्र ४; औप; अंत)।

भुअगा स्त्री [भुजगा] एक इन्द्राणी, अतिकाय नामक इन्द्र की एक अग्र-महिषी (ठा ४, १, णाया २; इक)।

भुअगीसर देखो भुअईसर (तंदु २०)।

भुअण देखो भुवण (चंड; हास्य; १२२; पिंग; गउड)।

भुअप्पइ }
भुअप्फइ } देखो बहस्सइ (पि २१२; षड्)।
भुअस्सइ }

भुआ देखो भुअ = भुज।

भुइ स्त्री [भृति] १ भरण। २ पोषण। ३ वेतन। ४ मूल्य (हे १, १३१; षड्)।

भुउडि देखो भिउडि (पि १२४)।

भुंगल न [दे] वाद्य-विशेष (सिरि ४१२)।

भुंज सक [भुज्] १ भोजन करना। २ पालन करना। ३ भोग करना। ४ अनुभव करना। भुंजइ (हे ४,११०; कस; उवा)। भुंजेजा (कप्प); 'निअभुअं भुंजमु सुहेणं' (सिरि १०४४)। भूका. भुंजित्था (पि ५१७)। भवि. भुंजिही, भोक्खसि, भोक्खामि, भोक्खसे, भोच्छं (पि ५३२; कप्प; हे ३, १७१)। कर्म. भुज्जइ, भुंजिज्जइ (हे ४, २४९)। वकृ. भुंजंत, भुंजमाण, भुंजेमाण, भुंजाण (आचा; कुमा; विपा १, २; सम ३९; कप्प; पि ५०७; धर्मवि १२७)। कवकृ. भुज्जंत (सुपा ३७५)। संकृ. भुंजिअ, भुंजिआ, भुंजिऊण, भुंजिऊणं, भुंजित्ता, भुंजित्तु, भोच्चा, भोत्तुं, भोत्तूण (पि ५९१; सूअ १, ३, ४, २; सण; पि ५८५;

उत्त ६, ३; पि ५०७; हे २, १५; कुमा; प्राकृ ३४)। हेकृ. भुंजित्तए, भोत्तुं, भोत्तए (पि ५७८; हे ४, २१२; आचा), भुंजण (अप) (कुमा)। कृ. भुज्ज, भुंजियव्व, भुंजेयव्व, भोत्तव्व, भुत्तव्व, भोज्ज, भोग्ग (तंदु ३३; धर्मवि ४१; उप १३६ टी; श्रा १६; सुपा ४६५; पिंडभा ४५; सम्मत्त २१६; गाया १, १; पउम ६४, ६४; हे ४, २१२; सुपा ४६५; पउम ६८, २२; दे ७, २१; प्रोघ २१४; उप पृ ७५; सुपा १६३; भवि)।

भुंजग वि [भोजक] भोजन करनेवाला (पिंड १२३)।

भुंजण देखो भुंज = भुज्।

भुंजण न [भोजन] भोजन (पिंड ५२१)।

भुंजणा स्त्री. ऊपर देखो (पव १०१)।

भुंजय देखो भुंजग (सण)।

भुंजाव सक [भोजय्] १ भोजन कराना। २ पालन कराना। ३ भोग कराना। भुंजावेइ (महा)। कवकृ. भुंजाविज्जंत (पउम २, ५)। संकृ. भुंजाविऊण, भुंजावित्ता (पि ५८२)। हेकृ. भुंजावेउं (पंचा १०, ४८ टी)।

भुंजावय वि [भोजक] भोजन करानेवाला (स २५१)।

भुंजाविअ वि [भोजित] जिसको भोजन कराया गया हो वह (धर्मवि ३८; कुप्र १६८)।

भुंजिअ देखो भुंज = भुज्।

भुंजिअ देखो भुत्त (भवि)।

भुंजिर वि [भोक्तृ] भोजन करनेवाला (सुपा ११)।

भुंड पुंस्त्री [दे] सूकर, वराह; गुजराती में 'भुंड' (दे ६, १०६)। स्त्री. °डी, °डिणी (दे ६, १०६ टी; भवि)।

भुंडीर [दे] ऊपर देखो (दे ६, १०६)।

भुंभल न [दे] मद्य-पात्र (कम्म १, ५२)।

भुंहडि (अप) देखो भूमि (हे ४, ३९५)।

भुक्क अक [बुक्क्] भूँकना, श्वान का बोलना। भुक्कइ (गा ६६४ अ)।

भुक्कण पुं [दे] १ श्वान, कुत्ता। २ मद्य आदि का मान (दे ६, ११०)।

भुक्किअ न [बुक्कित] श्वान का शब्द (पाअ; पि २०६)।

भुक्किर वि [बुक्कितृ] भूँकनेवाला (कुमा)।

भुक्खा स्त्री [दे. बुभुक्षा] भूख, क्षुधा (दे ६, १०६; गाया १, १—पत्र २८; महा; उप ३७६; आरा ६६; सम्मत्त १५७)। °लु वि [°वत्] भूखा (धर्मवि ६६)।

भुक्खिअ वि [दे. बुभुक्षित] भूखा, क्षुधातुर (पाअ; कुप्र १२६; सुपा ५०१; उप ७२८ टी; स ५८३; वै २९)।

भुगुभुग अक [भुगभुगाय्] 'भुग' 'भुग' आवाज करना। वकृ. भुगुभुगंत (पउम १०५, ५६)।

भुग्ग वि [भुग्न] १ मोड़ा हुआ, वक्र, कुटिल (गाया १, ८—पत्र १३३; उवा)। वि. भग्न, टूटा हुआ (गाया १, ८)। ३ दग्ध, जला हुआ; 'किं मज्झ जीविएणं एवंविहपराभवग्गिभुग्गाए' (उप ७६८ टी)। ४ भूना हुआ; 'चणउव्व भुग्गु' (कुप्र ४३२)।

भुज (अप) देखो भुंज। भुजइ (सण)।

भुजंग देखो भुअंग (भवि)।

भुजग देखो भुअग = भुजग (धर्मवि १२४)।

भुज्ज देखो भुंज भुज्जइ (षड्)।

भुज्ज पुं [भूर्ज] १ वृक्ष-विशेष। २ न. वृक्ष-विशेष की छाल (कप्पू; उप पृ १२७; सुपा २७०)। °पत्त, °वत्त न [°पत्र] वही अर्थ (प्रावम; नाट. विक्र ३३)।

भुज्ज देखो भुंज।

भुज्ज वि [भूयस्] प्रभूत, अनल्प (औप; पि ४१४)।

भुज्जिय वि [दे. भुग्न] १ भूना हुआ धान्य। २ पुं. धाना, भूना हुआ यव (पण्ह २ ५—पत्र १४८)।

भुज्जो अक [भूयस्] फिर, पुनः (उवा; सुपा २७२)।

भुण्ण पुं [भ्रूण] १ स्त्री का गर्भ। २ बालक, शिशु (संक्षि १७)।

भुत्त वि [भुक्त] १ भक्षित (गाया १, १; उवा; प्रासू ३८)। २ जिसने भोजन किया हो वह; 'ते भायरो न भुत्ता' (सुख १, १५; कुप्र १२)। ३ सेवित। ४ अनुभूत; 'अम्म ताय मए भोगा भुत्ता विसफलोवमा' (उत्त १९, ११; गाया १, १)। ५ न. भक्षण, भोजन; 'हासभुत्तासियाणि य' (उत्त १६, १२)। ६ विष-विशेष (ठा ६)। °भोगि वि [°भोगिन्] जिसने भोगों का सेवन किया हो वह (गाया १, १)।

भुत्तवंत वि [भुक्तवत्] जिसने भोजन किया हो वह (पि ३६७)।

भुत्तव्व देखो भुंज।

भुत्ति स्त्री [भुक्ति] १ भोजन (अच्चु १७; अज्झ ८२)। २ भोग (सुपा १०८)। ३ आजीविका के लिए दिया जाता गाँव, क्षेत्र आदि गिरास; 'उज्जेणी नाम पुरी दिन्ना तस्स य कुमारभुत्तीए' (उप २११ टी; कुप्र १६९)। °वाल पुं [°पाल] गिरासदार (धर्मवि १५४)।

भुत्तु वि [भोक्तृ] भोगनेवाला (श्रा ६, संबोध ३५)।

भुत्तूण पुं [दे] भृत्य, नौकर (दे ६, १०६)।

भुत्थल्ल पुं [दे] बिल्ली को फेंका जाता भोजन (कप्पू)।

भुम देखो भम = भ्रम्। भुमइ (हे ४, १६१; सण)। संकृ. भुमिवि (अप) (सण)।

भुम°, भुमगा, भुमया, भुमा स्त्री [भ्रू] भौं, आँख के ऊपर की रोम राजि (भग; उवा; हे २, १६७; औप; कुमा; पाअ; पव ७३)।

भुमिअ देखो भमिअ = भ्रान्त; 'भुमिअधणू' (कुमा)।

भुम्मि (अप) देखो भूमि (पिंग)।

भुरुंडिआ स्त्री [दे] शिवा, शृगाली, सियारिन (दे ६, १०१)।

भुरुंडिय, भुरुकुंडिअ, भुरुहुंडिअ वि [दे] उद्धूलित, धूलि-लिप्त; 'धूलिभुरुंडियपुत्तेहिं परिगया चिंतए तत्तो' (सुपा २२९; दे ६, १०६), 'भूइभुर (? रु) कुंडियंगो' (कुप्र २६३; सूत्र कु० चूर्णी गा० २८२)।

भुल्ल अक [भ्रंश्] १ च्युत होना। २ गिरना। ३ भूलना; 'भुल्लंति ते मणा मग्गा हा पमाओ दुरंतओ' (प्रात्म १६; हे ४, १७७)।

भुल्ल वि [भ्रष्ट] भूला हुआ, 'कामंधओ किं पममेसि भुल्लो' (श्रु १५३; सुपा १२४; ५१६; कप्पू)।

भुल्लविअ वि [भ्रंशित] भ्रष्ट किया हुआ (कुमा)।

भुल्लिर वि [भ्रंशिन्] भूलनेवाला, 'मयण-अभुल्लिरदुल्ललियभल्लिमुमहल्लतिक्खभल्लीहिं' (सुपा १२३)।

भुल्लुंकी [दे] देखो भल्लुंकी (पाअ)।

भुव देखो हुव=भू। भुवइ (पि ४७५)। भुवदि (शौ) (धात्वा १४७)। भूका. भुवि (भग)।

भुव देखो भुअ=भुज (भवि)।

भुवइंद देखो भुअइंद (से ५, ७१)।

भुवण न [भुवन] १ जगत्, लोक (जी १; सुपा २१; कुमा २, १५)। २ जीव, प्राणी; 'भुवणाभयदाणललिअस्स' (कुमा)। ३ आकाश (प्रासू १००)। °क्खोहणी स्त्री [°क्षोभनी] विद्या-विशेष (सुपा १७४)। °गुरु पुं [°गुरु] जगत् का गुरु (सुपा ७५)। °नाह पुं [°नाथ] जगत् का त्राता (उप पृ ३५७)। °पाल पुं [°पाल] विक्रम की बारहवीं शताब्दी का गोपगिरि का एक राजा (मुणि १०८६६)। °बंधु पुं [°बन्धु] १ जगत् का बन्धु। २ जिनदेव (उप २११ टी)। °सोह पुं [°शोभ] सातवें बलदेव के दीक्षक एक जैन मुनि (पउम २०, २०५)। °लंकार पुं [°लंकार] रावण का एक पट्ट-हस्ती (पउम ८२, १११)।

भुवणा स्त्री [भुवना] विद्या-विशेष (पउम ७, १४०)।

भुहका (मा) देखो भुक्खा (प्राकृ १०१)।

भुस देखो बुस; 'तुसरासी इवा भुसरासी इवा' (भग १५)।

भुसुंढि स्त्री [दे. भुशुण्डि] शस्त्र-विशेष (सण)।

भू देखो भुव=भू। भोमि (पि ४७६)। संकृ भोत्ता, भोदूण (शौ) (हे ४, २७१)।

भू स्त्री [भ्रू] भौं, आँख के ऊपर की रोम-राजि; 'रत्ता भूसन्नाए' (सुपा ५७६; श्रा १४; सुपा २२६; कुमा)।

भू स्त्री [भू] १ पृथिवी, धरती (कुमा; कुप्र ११६; जीवस २७६; सिरि १०४४)। २ पृथ्वीकाय, पार्थिव शरीरवाला जीव (कम्म ४, १०; १६; ३६)। °आर पुं [°दार] शूकर, सूअर (किरात ९)। °कंत पुं [°कान्त] राजा, नर-पति (श्रा २८)। °गोल पुं [°गोल] गोलाकार भूमण्डल (कप्पू)। °चंद पुं [°चन्द्र] पृथिवी का चन्द्र, भूमि-चन्द्र (कप्पू)। °चर वि [°चर] भूमि पर चलने फिरनेवाला मनुष्य आदि (उप ९८६ टी)। °च्छत्त पुंन [°च्छत्र] वनस्पति-विशेष (दे १, ६४)। °तणग देखो °यणय (राज)। °धण पुं [°धन] राजा (श्रा २८)। °धर पुं [°धर] १ राजा, नरपति (धर्मवि ३)। २ पर्वत, पहाड़ (धर्मवि ३; कुप्र २६४)। °नाह पुं [°नाथ] राजा (उप ९८६ टी; धर्मवि १०७)। °मह पुं [°मह] अहोरात्र का सत्ताईसवाँ मुहूर्त्त (सम ५१)। °यणय पुंन [°तृणक] वनस्पति-विशेष (पराण १—पत्र ३४)। °रुह पुं [°रुह] वृक्ष, पेड़ (गउड; पुप्फ ३६२; धर्मवि १३८)। °व पुं [°प] राजा (उप ७२८ टी; ती ३; श्रु ६६, काल)। °वइ पुं [°पति] राजा (सुपा ३६; पिंग)। °वाल पुं [°पाल] १ राजा (गउड; सुपा ५६०)। २ व्यक्ति-वाचक नाम (भवि)। °वित्त पुं [°वित्त] राजा (श्रा २८)। °वीढ न [°पीठ] भूतल, भूमि-तल (सुपा ५६३)। °हर देखो °धर (सण)।

भू° } पुं [भूयस्] कर्म-बन्ध का एक
भूअ } प्रकार (कम्म ५, २२; २३)। °गार पुं [°कार] वही अर्थ (कम्म ५, २२)। देखो भूओगार।

भूअ पुं [दे] यन्त्रवाह, यन्त्र-वाहक पुरुष (दे ६, १०७)।

भूअ वि [भूत] १ वृत्त, संजात, बना हुआ। २ अतीत, गुजरा हुआ (षड्; पिंग)। ३ प्राप्त, लब्ध (णाया १, १—पत्र ७४)। ४ समान, सदृश, तुल्य; 'तसभूएहिं' (सूअ २, ७, ७; ८ टी)। ५ वास्तविक, यथार्थ, सत्य; 'भूअत्थेहिं चिअ गुणेहिं' (गउड), 'भूयत्थसत्थ-गंथी' (सम्मत्त १३६)। ६ विद्यमान; 'एवं जइ स इत्थो संतो भूओ तदन्नहाभूओ' (विसे २२५१)। ७ उपमा, औपम्य। ८ तादर्थ्य, तदर्थ-भाव; 'ओवम्मे तादत्थे व हुज्ज एसित्थ भूयसद्दो त्ति' (श्रावक १२४)। ९ न. प्रकृत्यर्थ; 'उम्मत्तगभूए' (ठा ५, १)। १० पुं. एक देव-जाति (पराह १, ४; इक; णाया १, १—पत्र ३९)। ११ पिशाच (पाअ; दे ४, २५)। १२ समुद्र-विशेष (देवेन्द्र २५५)। १३ द्वीप-विशेष (सुज्ज १९)। १४ पुंन. जन्तु, प्राणी; 'पाणाइं भूयाइं जीवाइं सत्ताइं', 'भूयाणि वा जीवाणि वा' (आचा १, ६, ५, ४; १, ७, २, १; २, १,१,११; पि ३६७); 'हरियाणि भूआणि विलंबगाणि' (सूअ १, ७, ८; उवर १५६)। १५ पृथिवी आदि पाँच द्रव्य, महाभूत (स १६५), 'किं मन्ने पंच भूया' (विसे १६८९)। १६ वृक्ष, पेड़, वनस्पति (आचा १, १, ६, २)। °इंद पुं [°इन्द्र] भूत-देवों का इन्द्र (पि १६०)। °ग्गह पुं [°ग्रह] भूत का आवेश (जीव ३)। °ग्गाम पुं [°ग्राम] जीव-समूह (सम २६)। °त्थ वि [°ार्थ] यथार्थ, वास्तविक (गउड; पउम २८, १४)। °दिण्णा देखो °दिन्ना (पडि)। °दिन्न पुं [°दिन्न] १ एक जैन आचार्य (णंदि)। २ एक चाण्डाल-नायक (महा)। °दिन्ना स्त्री [°दिन्ना] १ एक अन्त-कृत् स्त्री (अंत)। २ एक जैन साध्वी, महर्षि स्थूलभद्र की भगिनी (कप्प)। °मंडलपविभत्ति न [°मण्डलप्रविभक्ति] नाट्य-विधि का एक भेद (राज)। °लिवि स्त्री [°लिपि] लिपि-विशेष (सम ३५)। °वडिंसा स्त्री [°ावतंसा] १ एक इन्द्राणी (जीव ३)। २ एक राजधानी (दीव)। °वाइ, °वाइय, °वादिय पुं [°वादिन्, °वादिक] १ एक देव-जाति (इक; पराह १, ४; औप)। २ वि. भूत-ग्रह का उपचार करनेवाला, मन्त्र-तन्त्रादि का जानकार (सुख १, १४)। °वाय पुं [°वाद] १ यथार्थवाद। २ दृष्टिवाद, बारहवाँ जैन अंग-ग्रन्थ (ठा १०—पत्र ४९१)। °विज्जा, °वेज्जा स्त्री [°विद्या] आयुर्वेद का एक भेद, भूत-निग्रह-विद्या (विपा १, ७—पत्र ७५ टी)। °णंद पुं [°नन्द] १ नागकुमार देवों का दक्षिण दिशा का इन्द्र-

(इक; ठा २, ३—पत्र ८४)। २ राजा कूणिक का पट्ट-हस्ती (भग १७, १)। °णंदप्पह पुं [°नन्दप्रभ] भूतानन्द इन्द्र का एक उत्पात-पर्वत (राज)। °वाय देखो °वाय (विसे ५५१; पव ६२ टी)।

भूअण्ण पुं [दे] जोती हुई खल-भूमि में किया जाता यज्ञ (दे ६, १०७)।

भूआ स्त्री [भूता] १ एक जैन साध्वी, महर्षि स्थूलभद्र की एक भगिनी (कप्प; पडि)। २ इन्द्राणी की एक राजधानी (जीव ३)।

भूइ स्त्री [भूति] १ संपत्ति, धन, दौलत; 'ता परदेसं गंतुं विढवित्ता भूरिभूइपब्भारं' (सुर १, २२३; सुपा १४८)। २ भस्म, राख; 'जारमसाणसमुब्भवभूइसुहप्फंससिज्जिरंगीए' (गा ४०८; स ६; गउड)। ३ महादेव के अंग की भस्म; 'भूइभूसियं हरसरीरं व' (सुपा १४८; ३६३)। ४ वृद्धि (सूअ १, ६, ६)। ५ जीव-रक्षा (उत्त १२, ३३)। °कम्म पुंन [°कर्मन्] शरीर आदि की रक्षा के लिए किया जाता भस्मलेपन-सूत्रबंधनादि (पव ७३ टी; बृह १)। °पण्ण, °पन्न वि [°प्रज्ञ] १ जीव-रक्षा की बुद्धिवाला (उत्त १२, ३३)। २ ज्ञान की वृद्धिवाला, अनन्तज्ञानी (सूअ १, ६, ६)। देखो °भूई।

भूइंद पुं [भूतेन्द्र] भूतों का इन्द्र (पि १६०)।

भूइट्ठ वि [भूयिष्ठ] अति प्रभूत, अत्यन्त (विसे २०३६; विक्र १४१)।

भूइट्ठा स्त्री [भूतेष्टा] चतुर्दशी तिथि (प्राक)।

भूई° देखो भूइ (पव २—११२)। °कम्मिय वि [°कर्मिक] भूति-कर्म करनेवाला (औप)।

भूओ अ [भूयस्] १ फिर से, पुनः (पउम ६८, २८; पंच २, १८)। २ बारंबार, फिर फिर; 'भूओ य अहिलसंतं' (उप ६५१)। °गार पुं [°कार] कर्म-बन्ध का एक प्रकार, थोड़ी कर्म-प्रकृति के बन्ध के बाद होनेवाला अधिक-प्रकृति-बन्ध (पंच ५, १२)।

भूओद पुं [भूतोद] समुद्र-विशेष (सुज्ज १६)।

भूओवघाइय वि [भूतोपघातिन् °क] जीवों की हिंसा करनेवाला (सम ३७; औप)।

भूंहडी (अप) देखो भूमि (हे ४, ३६५ टि)।

भूण देखो भुण्ण (संक्षि १७; सम्मत्त ८६)।

भूज देखो भुज्ज = भूर्ज (प्राकृ २६)।

भूप देखो भू-व (वव १)।

भूमआ देखो भुमया (प्राप्र)।

भूमणया स्त्री [दे] स्थगन, आच्छादन (वव १)।

भूमि स्त्री [भूमि] १ पृथिवी, धरती (पउम ६६, ४८; गउड)। २ क्षेत्र (कुमा)। ३ स्थल, जमीन, जगह, स्थान (पाअ; उवा; कुमा)। ४ काल, समय (कप्प)। ५ माल, मंजिला, तला; 'सत्तभूमियं पासायभवणं' (महा)। °कंप पुं [°कम्प] भू-कम्प (पउम ६६, ४८)। °गिह, °घर न [°गृह] नीचे का घर, भुँइघरा, तहखाना (श्रा १६, महा)। °गोयरिय वि [°गोचरिक] स्थलचर, मनुष्य आदि (पउम ५६, ५२)। स्त्री. °री (पउम ७०, १२)। °च्छत्त न [°च्छत्र] वनस्पति-विशेष (दे)। °तल न [°तल] धरा-पृष्ठ, भूतल (सुर २, १०५)। °देव पुं [°देव] ब्राह्मण (मोह १०७)। °फोड पुं [°स्फोट] वनस्पति-विशेष (जी ६)। °फोडी स्त्री [°स्फोटी] एक प्रकार का जहरीला जन्तु; 'पासवणं कुणमाणो दट्ठो गुज्झम्मि भूमिफोडीए' (सुपा ६२०)। °भाग पुं [°भाग] भूमि-प्रदेश (महा)। °रुह पुंन [°रुह] भूमिस्फोट, वनस्पति-विशेष (श्रा २०; पव ४)। °वइ पुं [°पति] राजा (उप पृ १८८)। °वाल पुं [°पाल] राजा (गउड)। °सुअ पुं [°सुत] मंगल-ग्रह (मृच्छ १४६)। °हर देखो °घर (महा)। देखो भूमी।

भूमिआ स्त्री [भूमिका] १ तला, मंजिल, माल (महा)। २ नाटक में पात्र का वेशान्तर-ग्रहण (कप्पू)।

भूमिंद पुं [भूमीन्द्र] राजा, नरपति (सम्मत्त २१७)।

भूमिपिसाय पुं [दे. भूमिपिशाच] ताल वृक्ष, ताड़ का पेड़ (दे ६, १०७)।

भूमी देखो भूमि (से १२, ८८; कप्पू; पिंड ४४८, पउम ६४, १०)। °तुडयकूड न [°तुडगकूट] एक विद्याधर-नगर (इक)। °भुयंग पुं [°भुजङ्ग] राजा (मोह ८८)।

भूमीस पुं [भूमीश] राजा (श्रा १२)।

भूमीसर पुं [भूमीश्वर] राजा (सुपा ५०७)।

भूयिट्ठ देखो भूइट्ठ (हास्य १२३)।

भूरि वि [भूरि] १ प्रचुर, अत्यन्त, प्रभूत (गउड; कुमा; सुर १, २४८; २, ११४)। २ न. स्वर्ण, सोना। ३ धन, दौलत (सार्ध ८४)। °स्सव पुं [°श्रवस्] एक चन्द्र-वंशीय राजा, भूरिश्रवा (नाट—वेणी ३७)।

भूस सक [भूषय्] १ सजावट करना। २ शोभाना, अलंकृत करना। भूसेमि (कुमा)। वकृ. भूसयंत (रंभा)। कृ. भूस (रंभा)।

भूसण न [भूषण] १ अलंकार, गहना (पाअ; कुमा)। २ सजावट। ३ शोभा-करण (पण्ह २, ४; सण)।

भूसा स्त्री [भूषा] ऊपर देखो (दे ३, ८; कुमा)।

भूसिअ वि [भूषित] मण्डित, अलंकृत (गा ५२०; कुमा; काल)।

भूहरी स्त्री [दे] तिलक-विशेष (सिरि १०२२)।

भे अ [भोस्] आमन्त्रण-सूचक अव्यय (औप)।

भेअ पुंन [भेद] १ प्रकार, 'पुढविभेआइ इच्चाई' (जी ४, ५)। २ विशेष, पार्थक्य (ठा २, १, गउड; कप्पू)। ३ एक राजनीति, फूट; 'दाणमाणोवयारेहि सामभेआइएहि य' (प्रासू ६७), 'सामदंडभेयवप्पयाणणीइसुप्पउत्तणयविहिन्नू' (णाया १, १—पत्र ११)। ४ घाव, आघात; 'वड्ढंति वम्महविइण्णसरप्पसारा ताणं पआसइ ललुं चिअ चित्तभेओ' (कप्पू)। ५ मण्डल का अवान्तराल, बीच का भाग;

'पडिवत्तीओ उदए तह अत्थमणेसु य।
भेयवा(? घा)ओ कण्णकला
मुहुत्ताण गतीति य॥'
(सुज्ज १, १)।

६ विच्छेद, पृथक्करण, विदारण (औप; अणु)। °कर त्रि [°कर] विच्छेद-कर्ता (औप)। °घाय पुं [°घात] मंडल के बीच में गमन (सुज्ज १, १)। °समावन्न वि [°समापन्न] भेद-प्राप्त (भग)।

भेअग वि [भेदक] भेद-कारक (औप; भग)।

भेअण न [भेदन] १ विदारण, विच्छेदन; 'कुंतस्स सत्तपायालभेयणे नूण सामत्थं' (चेइय ७४६; प्रासू १४०)। २ भेद, फूट करना (पव १०६)। ३ विनाश; 'कुलसयण-मित्तभेयणकारिकाओ' (तंदु ४६)।

भेअय देखो **भेअग** (भग)।

भेअव्व देखो **भिंद**।

भेअव्व देखो **भी** = भी।

भेइल्ल वि [भेदवत्] भेद वाला, 'सम्मत्त-नाणचरणा पत्तेयं अट्ठअट्ठभेइल्ला' (संबोध २२; पंच ४, १)।

भेउर देखो **भिउर** (आचा; ठा २, ३)।

भेंडी स्त्री [भिण्डा, °ण्डी] गुल्म-विशेष, एक जाति की वनस्पति (पगह १—पत्र ३२)।

भेंभल देखो **भिंभल** (से ६, ३७)।

भेंभलिद (शौ) देखो **भिंभलिअ** (पि २०६)।

भेक देखो **भेग** (दे १, १४७)।

भेक्खस पुं [दे] राक्षस-रिपु, राक्षस का प्रतिपक्षी (कुप्र ११२)।

भेग पुं [भेक] मेंढक (दे ४, ६; धर्मसं ५५७)।

भेच्छ° देखो **भिंद**।

भेज्ज देखो **भिज्ज** (विपा १, १ टी—पत्र १२)।

भेज्ज, **भेज्जलय**, **भेज्जल्ल** वि [दे] भीरु, डरपोक (दे ६, १०७; षड्)।

भेड वि [दे. भेर] भीरु, कातर (हे १, २५१; दे ६, १०७; कुमा २, ६२)।

भेडअ देखो **भेलय** (मृच्छ १८०)।

भेत्तु वि [भेत्तृ] भेदन-कर्ता (आचा)।

भेत्तुआण, **भेत्तुं**, **भेत्तूण** देखो **भिंद**।

भेद देखो **भिंद**। संकृ. **भेदिअ** (मृच्छ १४३)।

भेद देखो **भेअ** (भग)।

भेदअ देखो **भेअय** (वेणी ११२)।

भेदणया देखो **भेअण** (उप पृ ३२१)।

भेदिअ देखो **भेद** = भिद।

भेदिअ वि [भेदित] भिन्न किया हुआ (भग)।

भेरंड पुं [भेरण्ड] देश-विशेष (राज)।

भेरव न [भैरव] १ भय, डर (कप्प)। २ पुं. राक्षस आदि भयंकर प्राणी (सूअ १, २, २, १४; १६)। ३ देखो **भइरव** (पउम ६, १८३; चेइय १००; औप; महा; पि ६१)। °**णंद** पुं [°नन्द] एक योगी का नाम (कप्पू)।

भेरि, **भेरी** स्त्री [भेरि; °री] वाद्य-विशेष, ढक्का (कप्प; पिंग; औप; सण)।

भेरुंड पुं [भेरुण्ड] भारुंड पक्षी, दो मुँह और एक शरीरवाला पक्षि-विशेष (दे ६, ५०)।

भेरुंड पुं [दे] १ चित्रक, चीता, श्वापद पशु-विशेष (दे ६, १०८)। २ निर्विष सर्प; 'सविसो हम्मइ सप्पो भेरुंडो तत्थ मुच्चइ' (प्रासू १६)।

भेरुताल पुं [भेरुताल] वृक्ष-विशेष (राज)।

भेल सक [भेलय्] मिश्रण करना, मिलाना। गुजराती में 'भेळववु'। संकृ. **भेलइत्ता** (पि २०६)।

भेलय पुं [दे. भेलक] बेड़ा, उडुप, नौका (दे ६, ११०)।

भेलविय वि [भेलित] मिश्रित, युक्त; 'सो भयभेलवियदिट्ठी जलं ति मन्नमाणो' (वसु)।

भेली स्त्री [दे] १ आज्ञा, हुकुम। २ बेड़ा, नौका। ३ चेटी, दासी (दे ६, ११०)।

भेस सक [भेषय्] डराना। भेसइ, भेसेइ (धात्वा १४८; प्राकृ ६४)। कर्म. भेसिज्जए (धर्मवि ३)। वकृ. **भेसंत**, **भेसयंत** (पउम ५३, ८६; श्रा १२)। कवकृ. **भेसिज्जंत** (पउम ४६, ५४)। संकृ. **भेसेऊण** (काल; पि ५८६)। हेकृ. **भेसेउं** (कुप्र १११)।

भेसग पुं [भीष्मक] रुक्मिणी का पिता, कौण्डिन्य-नगर का एक राजा (णाया १, १६; उप ६४८ टी)।

भेसज न [भैषज] औषध (पउम १४, ५४; ५६)।

भेसज्ज न [भैषज्य] औषध, दवाई (उवा; औप; रंभा)।

भेसण देखो **भीसण** (भग ७, ६—पत्र ३०७)।

भेसण न [भीषण] डराना, वित्रासन (ओघ २०१)।

भेसणा स्त्री [भीषणा] ऊपर देखो (पगह २, १—पत्र १००)।

भेसयंत देखो **भेस**।

भेसाव देखो **भेस**। भेसावइ (धात्वा १४८)।

भेसाविय, **भेसिअ** वि [भीषित] डराया हुआ (पउम ४६, ५३; से ७, ४५; सुर २, ११०; श्रावक ६३ टी)।

भो देखो **भुंज**। संकृ. **भोऊण**, **भोत्तूण** (धात्वा १४८; संक्षि ३७)। हेकृ. **भोउ** (धात्वा १४८; संक्षि ३७)। कृ. **भोत्तव्व** (संक्षि ३७), **भोअव्व** (धात्वा १४८)।

भो अ [भोस्] आमन्त्रण-द्योतक अव्यय (प्राकृ ७६; उवा; औप; जी ५०)।

भो° स [भवत्] तुम, आप। स्त्री. **भोई** (उत्त १४, ३३; स ११६)।

भोअ सक [भोजय्] खिलाना, भोजन कराना। भोयइ, भोयए (सम्मत्त १२५; सूअ २, ६, २६)। संकृ. **भोइत्ता** (उत्त ६, ३८)।

भोअ पुं [दे. भोग] भाड़ा, किराया (दे ६, १०८)।

भोअ देखो **भोग** (स ६५८; पाअ; सुपा ४०४; रंभा ३२)।

भोअ पुं [भोज] उज्जयिनी नगरी का एक सुप्रसिद्ध राजा (रंभा)। °**राय** पुं [°राज] वही अर्थ (सम्मत्त ७५)।

भोअ वि [भौत] भस्म से उपलिप्त (धर्मसं ४१)।

भोअग वि [भोजक] १ खानेवाला (पिंड ११७)। २ पालन-कर्ता (बृह १)।

भोअडा स्त्री [दे] कच्छ, लंगोट; 'णेवत्थं भोवडादीयं' (निचू १)।

भोअण न [भोजन] १ भक्षण, खाना। २ भात आदि खाद्य वस्तु (आचा; ठा ६; उवा; प्रासू १८०; स्वप्न ६२; सण)। ३ लगातार सतरह दिनों का उपवास (संबोध ५८)। ४ उपभोग; 'विरूवरूवाइं कामभोगाइं समारंभंति भोयणाए' (सूअ २, १, १७)। °**रुक्ख** पुं [°वृक्ष] भोजन देनेवाली एक कल्पवृक्ष-जाति (पउम १०२, ११६)।

भोअल (अप) पुं [दे. भोल] छन्द-विशेष (पिंग)।

भोइ वि [भोजिन्] भोजन करनेवाला (आचा; पिंड १२०; उव)।

भोइ देखो भोगि (सुपा ४०४; संबोध ५०; पिंग; रंभा)।

भोइ, **भोइअ** } पुं [दे. भोगिन्, °क] १ ग्रामाध्यक्ष, ग्राम का मुखिया, गाँव का नायक (वव ७; दे ६, १०८; उत्त १५, ६; बृह १; ओघभा ४३; पिंड ४३६; सुख १, ३, पव २६८; भवि; सुपा १६५; गा ५५६)। २ महेश (षड्)।

भोइअ वि [भोगिक] १ भोग-युक्त, भोगासक्त, विलासी (उत्त १५, ६; गा ५५६)। २ भोग-वंश में उत्पन्न (उत्त १५, ६)।

भोइअ वि [भोजित] जिसको भोजन कराया गया हो वह (सुर १, २१४)।

भोइणी स्त्री [दे. भोगिनी] ग्रामाध्यक्ष की पत्नी (पिंड ४३६; गा ६०३; ७३७; ७७६; निचू १०)।

भोइया, **भोई** } स्त्री [भोग्या] १ भार्या, पत्नी, स्त्री (बृह १; पिंड ३६८)। २ वेश्या (वव ७)।

भोई देखो भो° = भवत्।

भोंड देखो भुंड (गा ४०२)।

भोक्ख° देखो भुंज।

भोग पुंन [भोग] १ स्पर्श, रस आदि विषय, उपभोग्य पदार्थ; 'रूवी भंते भोगा अरूवी' (भग ७, ७—पत्र ३१०), 'भोगभोगाइं भुंजमाणे विहरइ' (विपा १, २)। २ विषय-सेवा (भग ६, ३३; औप), 'भुंजंता बहुविहाइं भोगाइं' (संथा २७)। ३ मदन-व्यापार, काम-चेष्टा; 'कामभोगे यं खलु मए अप्पाहट्टु' (सूअ २, १, १२)। ४ विषयेच्छा, विषयाभिलाष (आचा)। ५ विषय-सुख; 'चइत्तु भोगाइं असासयाइं' (उत्त १३, २०); 'तुच्छा य कामभोगा' (प्रासू ६६); 'अहिभोगे विय भोगे निहणंव धणं मलंव कमलंपि मन्नंता' (सुपा ८३)। ६ भोजन, आहार (पंचा ५, ४; उप २०७)। ७ गुरु-स्थानीय जाति-विशेष, एक क्षत्रिय-कुल (कप्प; सम १५१; ठा ३, १—पत्र ११३; ११४)। ८ अमात्य आदि गुरु-स्थानीय लोक, गुरु-वंश में उत्पन्न (औप)। ९ शरीर, देह (तंदु २०)। १० सर्प की फरण (सुपा)। ११ सर्प का शरीर (दे ६, ८६)। °करा देखो भोगंकरा (इक)। °कुल न [°कुल] पूज्य-स्थानीय कुल-विशेष (पि ३६७)। °पुर न [°पुर] नगर-विशेष (आवम)। °पुरिस पुं [°पुरुष] भोग-तत्पर पुरुष (ठा ३, १—पत्र ११३; ११४)। °भागि वि [°भागिन्] भोग-शाली (पउम ५६, ८८)। °भूम वि [°भूम] भोग-भूमि में उत्पन्न (पउम १०२, १६६)। °भूमि स्त्री [°भूमि] देवकुरु आदि अकर्म-भूमि (इक)। °भोग पुंन [°भोग] भोगार्ह शब्दादि-विषय, मनोज्ञ शब्दादि (भग ७, ७; विपा १, ६)। °मालिणी स्त्री [°मालिनी] अधोलोक में रहनेवाली एक दिक्कुमारी देवी (ठा ८; इक)। °राय पुं [°राज] भोग-कुल का राजा (दस २, ८)। °वइया स्त्री [°वतिका] लिपि-विशेष (पराग १—पत्र ६२); 'भोगवयता (?इया)' (सम ३५)। °वई स्त्री [°वती] १ अधोलोक में रहनेवाली एक दिक्कुमारी देवी (ठा ८; इक)। २ पक्ष की दूसरी, सातवीं और बारहवीं रात्रि-तिथि (सुज १०, १५)। °विस पुं [°विष] सर्प की एक जाति (पराग १—पत्र ५०)।

भोगंकरा स्त्री [भोगंकरा] अधोलोक में रहनेवाली एक दिक्कुमारी देवी (ठा ८)।

भोगा स्त्री [भोगा] देवी-विशेष (इक)।

भोगि पुं [भोगिन्] १ सर्प, साँप (सुपा ३६६; कुप्र २६८)। २ पुंन. शरीर, देह (भग २, ५; ७, ७)। ३ वि. भोग-युक्त, भोगासक्त, विलासी (सुपा ३६६; कुप्र २६८)।

भोग्ग, **भोच्चा**, **भोच्छं°**, **भोज्ज** } देखो भुंज।

भोट्टंत पुं [भोटान्त] १ देश-विशेष, नेपाल के समीप का एक भारतीय देश, भोटान। २ भोटान का रहनेवाला (पिंग)।

भोण देखो भोअण (षड्)।

भोत्त देखो भुत्त (षड्; सुख २, ६; सुपा ४६५)।

भोत्तए, **भोत्तव्व** } देखो भुंज।

भोत्ता देखो भू = भुव = भू।

भोत्तु वि [भोक्तृ] भोगनेवाला (विसे १५६६; दे २, ४८)।

भोत्तुं, **भोत्तूण** } देखो भुंज।

भोत्तूण देखो भुत्तूण (दे ६, १०६)।

भोदूण देखो भू = भुव = भू।

भोम वि [भौम] १ भूमि-सम्बन्धी (सूअ १, ६, १२)। २ भूमि में उत्पन्न (ओघ २८; जी ५)। ३ भूमि का विकार (ठा ८)। ४ पुं. मंगल-ग्रह (पाअ)। ५ पुं. नगराकार विशिष्ट स्थान। ६ नगर (सम्म १५, ७८)। ७ निमित्त-शास्त्र-विशेष, भूमि-कम्पादि से शुभाशुभ फल बतलानेवाला शास्त्र (सम ४९)। ८ अहोरात्र का सत्ताईसवाँ मुहूर्त्त; 'अरणवं च भोग (? म)रिसहे' (सुज्ज १०, १३)। °ालिय न [°ालीक] भूमि-सम्बन्धी मृषावाद (पराह १, २)।

भोमिज्ज देखो भोमेज्ज (सम २; उत्त ३३६; २०३)।

भोमिर देखो भमिर; 'लब्भइ गाइअगंते संसारे सुभोमिरो जीवो' (संबोध ३२)।

भोमेज्ज, **भोमेयग** } वि [भौमेय] १ भूमि का विकार, पार्थिव (सम १००; सुपा ४८)। २ पुं. एक देव-जाति, भवनपति नामक देव-जाति (सम २)।

भोरुड पुं [दे] भारुंड पक्षी (दे ६, १०८)।

भोल सक [दे] ठगना (सुपा ५२२)।

भोल वि [दे] भद्र, सरल चित्तवाला; गुजराती में 'भोळु'। स्त्री. °ली, °लिया (महानि ६; सुपा ५१४)।

भोलग पुं [भोलक] यक्ष-विशेष, 'भोलगनामा जक्खो अभिवंछियसिद्धिदा अत्थि' (धर्मसं १४१)।

भोलव सक [दे] ठगना, गुजराती में 'भोळववुं'। संकृ. भोलविउं (सुपा २६४)।

भोलवण न [दे] वञ्चन, प्रतारण (सम्मत्त २२६)।

भोलविय, **भोलिअ** } वि [दे] वञ्चित, ठगा हुआ (कुप्र ४३५; सुपा ५२२)।

भोल्लय न [दे] पाथेय-विशेष, प्रबन्ध-प्रवृत्त पाथेय (दे ६, १०८)।

भोवाल (अप) देखो भू-वाल (भवि)।

भोहा (अप) देखो भू = भ्रू (पिंग)।

भ्रंत्रि (अप) देखो भंति = भ्रान्ति (हे ४, ३६०)।

॥ इअ सिरिपाइअसद्दमहण्णवम्मि भआराइसद्दसंकलणो तीसइमो तरंगो समत्तो ॥

म

म पुं [म] ओष्ठ-स्थानीय व्यञ्जन-वर्ण विशेष (प्राप)।

म अ [मा] मत, नहीं (हे ४, ४१८; कुमा; पि ६४; ११४; भवि)।

मआ स्त्री [मृगया] शिकार (अभि ५५)।

मइ स्त्री [मृति] मौत, मरण (सुर २, १४३)।

मइ स्त्री [मति] १ बुद्धि, मेधा, मनीषा; 'मेहा मई मणीसा' (पाअ; सुर २, ६५; कुमा; प्रासू ७१)। २ ज्ञान-विशेष, इन्द्रिय और मन से उत्पन्न होनेवाला ज्ञान (ठा ४, ४; णंदि; कम्म ३, १८; ४, ११; १४; विसे ६७)। °अन्नाण न [°अज्ञान] विपरीत मति-ज्ञान, मिथ्यादर्शन-युक्त मति-ज्ञान (भग विसे ११४; कम्म ४, ४१)। °णाण, °ण्णाण, °नाण न [°ज्ञान] ज्ञान-विशेष (विसे १०७; ११४; ११७; कम्म १, ४)। °नाणावरण न [°ज्ञानावरण] मति-ज्ञान का आवरक कर्म (विसे १०४)। °नाणि वि [°ज्ञानिन्] मति-ज्ञानवाला (भग)। °पत्तिया स्त्री [°पात्रिका] एक जैन मुनि-शाखा (कप्प)। °ब्भंस पुं [°भ्रंश] बुद्धि-विनाश (भग; सुपा १३४)। °म, °मंत, °वंत वि [°मत्] बुद्धिमान् (ओघ ६३०; आचा; भवि)।

मइ° देखो मई = मृगी (कुप्र ४४)।

मइअ वि [मत्त] मद-युक्त, उन्मत्त (से ७, ६६; गा ४६८; ७०६; ७६१)।

मइअ देखो मा = मा।

मइअ वि [दे. मतिक] १ भर्त्सित, तिरस्कृत (दे ६, ११४)। २ न. बोये हुए बीजों के आच्छादन के काम में लगती एक काष्ठ-मय वस्तु, खेती का एक औजार; 'नंगले मइयं सिया' (दस ७, २८; पण्ह १, १—पत्र ८)।

°मइअ वि [°मय] व्याकरण-प्रसिद्ध एक तद्धित-प्रत्यय, निवृत्त, बना हुआ; 'धम्ममइएहि अइसुंदरेहि' (उव), 'जिणपडिमं गोसीसचंद-णमइयं' (महा)।

मइआ स्त्री [मृगया] शिकार (सिरि १११५)।

मइंद पुं [मैन्द] राम का एक सैनिक, वानर-विशेष (से ४, ७; १३, ८३)।

मइंद पुं [मृगेन्द्र] १ सिंह, पंचानन (प्राकृ ३०; सुर १६, २४२; गउड)। २ छन्द का एक भेद (पिंग)।

मइज्ज देखो मईअ = मदीय (षड्)।

मइत्तो अ [मत्] मुझसे (प्राप्र)।

मइमोहणी स्त्री [दे. मतिमोहनी] सुरा, मदिरा, दारू (दे ६, ११३; षड्)।

मइरा स्त्री [मदिरा] ऊपर देखो (पाअ; से २, ११; गा २७०; दे ६, ११३)।

मइरेय न [मैरेय] ऊपर देखो (पाअ)।

मइल वि [मलिन] मैला, मल-युक्त, अस्वच्छ (हे २, ३८; पाअ; गा ३४; प्रासू २५; भवि)।

मइल पुं [दे] कलकल, कोलाहल (दे ६, १४२)।

मइल वि [दे. मलिन] गत-तेजस्क, तेज-रहित, फीका (दे ६, १४२; से ३, ४७)।

मइल सक [मलिनय्] मैला करना, मलिन बनाना। मइलइ, मइलेइ, मइलिंति, मइलेंति (भवि, उव; पि ५५६)। कर्म. मइलिज्जइ (भवि; पि ५५६)। वकृ. मइलंत (पउम २, १००)। कृ. मइलियव्व (स ३६६)।

मइल अक [दे. मलिनाय्] तेज-रहित होना, फीका लगना। वकृ. मइलंत (से ३, ४७; १०, २७)।

मइलण न [मलिनना] मलिन करना (गउड)।

मइलणा स्त्री [मलिनना] १ ऊपर देखो (ओघ ७८८)। २ मालिन्य, मलिनता। ३ कलंक; 'लहइ कुलं मइलणं जेण' (सुर ६, १२०), 'इमाए मइलणाए अमुगम्मि नयरुज्जा-णासन्ने नग्गोहपायवे उब्बंधणेण अत्ताणयं परिच्चइउं ववसिओ चक्कदेवो' (स ६४)।

मइलपुत्ती स्त्री [दे] पुष्पवती, रजस्वला स्त्री (षड्)।

मइलिअ वि [मलिनित] मलिन किया हुआ (श्रावक ६५; पि ५५६; भवि)।

मइल्ल वि [मृत] मरा हुआ। स्त्री. °ल्लिया, 'एवं खलु सामी! पउमावती देवी मइल्लियं दारियं पयाया। तए णं कणगरहे राया तीसे मइल्लियाए दारियाए नीहरणं करेंति, बहूणि लोइयाइं मयकिच्चाइं' (णाया १, १४—पत्र १८६)।

मइहर पुं [दे] ग्राम-प्रधान, गाँव का मुखिया (दे ६, १२१)। देखो मयहर।

मई स्त्री [दे] मदिरा, दारू (दे ६, ११३)।

मई स्त्री [मृगी] हरिणी, हरिण की मादा, हिरनी (गा २८७; से ६, ८०; दे ३, ४६; कुप्र १०)।

मई° देखो मइ = मति। °म, °व वि [°मत्] बुद्धिवाला (पि ७३; ३६६; उप १४२ टी)।

मईअ वि [मदीय] मेरा, अपना (षड्; कुमा; स ४७७; महा)।

मउ पुं [दे] पर्वत, पहाड़ (दे ६, ११३)।

मउ, **मउअ** वि [°मृदु, °क] कोमल, सुकुमार (हे १, १२७; षड्; सम ४१; सुर ३, ३७; कुमा)। स्त्री. °उई (प्राकृ २८; गउड)।

मउअ वि [दे] दीन, गरीब (दे ६, ११४)।

मउइअ वि [मृदुकित] जो कोमल बना हो (गउड)।

मउई देखो मउ = मृदु।

मउंद पुं [मुकुन्द] १ विष्णु, श्रीकृष्ण (राय)। २ वाद्य-विशेष; 'दुंदुहिमउंदमद्दल-तिलिमापमुहेण तूरसद्देण' (सुर ३, ६८), 'महामउंदसंठाणसंठिए' (भग)।

मउक्क देखो माउक्क = मृदुत्व (षड्)।

मउड पुंन [मुकुट] शिरो-भूषण, किरीट, सिरपेंच (पव ३८; हे १, १०७; प्राप्र; कुमा; पाअ; औप)।

मउड, **मउडि** पुं [दे] धम्मिल्ल, कबरी, जूट, जूड़ा (पाअ; दे ६, ११७)।

मउण देखो मोण (हे १, १६२; चंड)।

मउर पुंन [मुकुर] १ बाल-पुष्प, फूल की कली, बौर (कुमा)। २ दर्पण, आईना, शीशा। ३ कुलाल-दण्ड। ४ बकुल का पेड़। ५ मल्लिका-वृक्ष। ६ कोली-वृक्ष। ७ ग्रंथि-पर्ण-वृक्ष, चोरक (हे १, १०७; प्राकृ ७)।

मउर, **मउरंद** पुं [दे] वृक्ष-विशेष, अपामार्ग, ओंगा, लटजीरा, चिरचिरा (दे ६, ११८)।

मउल देखो मउड = मुकुट (से ४, ५१)।

मउल पुंन [मुकुल] थोड़ी विकसित कली, कलिका, बौर (रंभा २६)। २ देह, शरीर। ३ आत्मा; 'मउलं, मउलो' (हे १, १०७; प्राप्र)।

मउल अक [मुकुलय्] सकुचना, संकुचित होना; 'मउलेंति णअणाइं' (गा ५)। वकृ. **मउलंत**, **मउलिंत** (से ११, ६२; पि ४६१)।

मउलण न [मुकुलन] संकोच; 'जं चेअ मउलणं लोअणाणं' (हे २, १८४; विसे ११०६; गउड)।

मउलाअ अक [मुकुलय्] १ सकुचना। २ सक. संकुचित करना। वकृ. **मउलाअंत** (नाट—मालती ५४; पि १२३)।

मउलाइय वि [मुकुलित] सकुचाया हुआ, संकोचित (वज्जा १२६)।

मउलाव देखो मउलाअ। कर्म. मउलाविज्जंति (पि १२३)। वकृ. **मउलावेंत** (पउम १५, ८३)।

मउलावअ वि [मुकुलायक] संकुचित करने-वाला; 'हरिसविसेसो वियसावओ य मउलावओ य अच्छीण' (गउड)।

मउलाविय देखो मउलाइय (उप पृ ३२१; सुपा २००; भवि)।

मउलि पुंस्त्री [दे] हृदय-रस का उच्छलन (दे ६, ११५)।

मउलि पुं [मुकुलिन्] सर्प-विशेष (पण्ह १, १—पत्र ८; पण्ण १—पत्र ५०)।

मउलि पुंस्त्री [मौलि] १ किरीट, मुकुट, शिरो-भूषण (पाअ)। २ मस्तक, सिर (कुप्र ३८६; कुमा; अजि २२; अच्चु ३४)। ३ शिरो-वेष्टन विशेष, एक तरह की पगड़ी (पव ३८)। ४ चूड़ा, चोटी। ५ संयत केश। ६ पुं. अशोक वृक्ष। ७ स्त्री. भूमि, पृथिवी (हे १, १६२; प्राकृ १०)।

मउलिअ वि [मुकुलित] १ संकुचित (सुर ३, ४५; गा ३२३; से १, ६५)। २ मुकुला-कार किया हुआ (औप)। ३ एकत्र स्थित (कुमा)। ४ मुकुल-युक्त; कलिका-सहित (राय)।

मउवी देखो मउई (हे २, ११३; कुमा)।

मऊर पुंस्त्री [मयूर] पक्षि-विशेष, मोर (प्राप्र; हे १, १७१; णाया १, ३)। स्त्री. °री (विपा १, ३)। °**माल** न [°माल] एक नगर (पउम २७, ६)।

मऊरा स्त्री [मयूरा] एक रानी, महापद्म चक्रवर्ती की माता (पउम २०, १४३)।

मऊह पुं [मयूख] १ किरण, रश्मि (पाअ)। २ कान्ति, तेज। ३ शिखा। ४ शोभा (हे १, १७१; प्राप्र)। ५ राक्षस वंश के एक राजा का नाम, एक लंका-पति (पउम ५, २६५)।

मए सक [मदय्] मद-युक्त करना, उन्मत्त बनाना। वकृ. **मएंत** (से २, १७)।

मएज्जारिस वि [मादृश] मेरे जैसा, मेरे तुल्य; 'मएज्जारिसाणं पुरिसाहमाणं इमं चेवोचियं' (स ३३)।

मं (अप) देखो म = मा (षड्; हे ४, ४१८; कुमा)। °**कार** पुं [°कार] 'मा' अव्यय (ठा १०—पत्र ४९५)।

मंकड देखो मक्कड (आचा)।

मंकण पुं [मत्कुण] खटमल, क्षुद्र कीट-विशेष; गुजराती में 'मांकण' (जी १६)।

मंकण पुंस्त्री [दे. मर्कट] बन्दर, वानर। स्त्री. °णी; 'सयमेव मंकणीए धणीए तं कंकणी बद्धा' (कुप्र १८५)।

मंकाइ पुं [मङ्काति] एक अन्तकृद् महर्षि (अंत १८)।

मंकार पुं [मकार] 'म' अक्षर (ठा १०—पत्र ४९५)।

मंकिअ न [मङ्कित] कूद कर जाना (दे ८, १५)।

मंकुण देखो मंकण = मत्कुण (दे; भवि)। °**हत्थि** पुं [°हस्तिन्] गण्डीपद प्राणि-विशेष (पण्ण १—पत्र ४६)।

मंकुस [दे] देखो मंगुस (गा ७८१)।

मंख देखो मक्ख = म्रक्ष्। वकृ. **मंखंत** (राज)।

मंख पुं [दे] अण्ड, वृषण (दे ६, ११२)।

मंख पुं [मङ्ख] एक भिक्षुक-जाति जो चित्र-पट दिखाकर जीवन-निर्वाह करता है (णाया १, १ टी; औप; पण्ह २, ४; पिंड ३०६; कप्प)। °**फलय** न [°फलक] १ मंख का तख्ता। २ निर्वाह-हेतुक चैत्य (पंचा ६, ४५ टी)।

मंखण न [म्रक्षण] १ मक्खन; 'मंखणं व सुकुमालकरचरणा' (उप ६४८ टी)। २ अभ्यंग, मालिश (सुर १२, ८)।

मंखलि पुं [मङ्खलि] एक मंख-भिक्षु, गोशालक का पिता। °पुत्त पुं [°पुत्र] गोशालक, आजीवक मत का प्रवर्तक एक भिक्षु जो पहले भगवान् महावीर का शिष्य था (ठा १०; उवा)।

मंग सक [मङ्ग्] १ जाना। २ साधना। ३ जानना। कर्म. मंगिज्जए (विसे २२)।

मंग पुं [मङ्ग] १ धर्म (विसे २२)। २ रंजन-द्रव्य-विशेष, रंग के काम में आता एक द्रव्य (सिरि १०५७)।

मंगइय देखो मगइय (निर १. १)।

मंगरिया स्त्री [दे] वाद्य-विशेष (राय)।

मंगल पुं [मङ्गल] १ ग्रह-विशेष, अंगारक ग्रह (इक)। २ न. कल्याण, शुभ, क्षेम, श्रेय (कुमा)। ३ विवाह सूत्र-बन्धन (स्वप्न ४६)। ४ विघ्न-क्षय (ठा ३, १)। ५ विघ्न-क्षय के लिए किया जाता इष्टदेव-नमस्कार आदि शुभ कार्य। ६ विघ्न-क्षय का कारण, दुरित-नाश का निमित्त (विसे १२; १३; २२; २३; २४; औप; कुमा)। ७ प्रशंसावाक्य, खुशामद (सूअ १, ७, २५)। ८ इष्टार्थ-सिद्धि, वाञ्छित-प्राप्ति (कप्प)। ९ तप-विशेष, आयंबिल (संबोध ५८)। १० लगातार आठ दिनों का उपवास (संबोध ५८)। ११ वि. इष्टार्थ-साधक, मंगल-कारक (श्राव ४)। °ज्झय पुं [°ध्वज] मांगलिक ध्वज (भग)। °तूर न [°तूर्य] मंगल-वाद्य (महा)। °दीव पुं [°दीप] मांगलिक दीप, देव-मन्दिर में आरती के बाद किया जाता दीपक (धर्मवि १२३; पंचा ८, २३)। °पाढय पुं [°पाठक] मागध, चारण (पाअ)। °पाढिया स्त्री [°पाठिका] वीणा-विशेष, देवता के आगे सुबह और सन्ध्या में बजाई जाती वीणा (राज)।

मंगल वि [दे] १ सदृश, समान (दे ६, ११८)। २ न. अग्नि, आग। ३ डोरा बुनने का एक साधन। ४ बन्दनमाला (विसे २७)।

मंगलग पुंन [मङ्गलक] स्वस्तिक आदि आठ मांगलिक पदार्थ (सुपा ७७)।

मंगलसज्झ न [दे] वह खेत जिसमें बीज बोना बाकी हो (दे ६, १२६)।

मंगला स्त्री [मङ्गला] भगवान् श्रीसुमतिनाथ की माता का नाम (सम १५१)।

मंगलालया स्त्री [मङ्गलालया] एक नगरी का नाम (आचू १)।

मंगलावइ पुं [मङ्गलापातिन्] सौमनस-पर्वत का एक कूट (इक; जं ४)।

मंगलावई स्त्री [मङ्गलावती] महाविदेह वर्ष का एक विजय, प्रान्त-विशेष (ठा २, ३; इक)।

मंगलावत्त पुं [मङ्गलावर्त] १ महाविदेह वर्ष का एक विजय, प्रान्त-विशेष (ठा २, ३; इअ)। २ देव-विशेष (जं ४)। ३ न. एक देव-विमान (सम १७)। ४ पर्वत-विशेष का एक शिखर (इक)।

मंगलिअ } **मंगलीअ** } वि [माङ्गलिक] १ मंगल-जनक; 'सअलजीवलोअमंगलिअ-जम्मलाहस्स' (उत्तर ६०; अच्चु ३६; सुपा ७८)। २ प्रशंसा-वाक्य बोलनेवाला; 'सुहमंगलीए' (सूअ १, ७, २५)।

मंगल्ल वि [मङ्गल्य, माङ्गल्य] मंगल-कारी, मंगल-जनक, मांगलिक; 'पढमाणो जिणगुण-गणनिबद्धमंगल्लवित्ताइं' (चेइय १६०; गाया १, १; सम १२२; कप्प; औप; सुर १, २३८; १५, १७३; सुपा ५५)।

मंगी स्त्री [मङ्गी] षड्ज ग्राम की एक मूर्च्छना (ठा ७—पत्र ३६३)।

मंगु पुं [मङ्गु] एक सुप्रसिद्ध जैन आचार्य, आर्यमंगु (णंदि; ती ७; आत्म २३)।

मंगुल न [दे] १ अनिष्ट (दे ६, १४५; सुपा ३३८; सूक्त ८०)। २ पाप (दे ६, १४५; वज्जा ८; गउड; सूक्त ८०)। ३ पुं. चोर, तस्कर (दे ६, १४५)। ४ वि. असुन्दर, खराब (पाअ, ठा ४, ४—पत्र २७१; स ७१३; दंस ३)। स्त्री. °ली; 'मंगुली णं समणस्स भगवओ महावीरस्स धम्मपण्णत्ती' (उवा)।

मंगुस पुं [दे] नकुल, न्यौला, भुजपरिसर्प-विशेष (दे ६, ११८; सूअ २, ३, २५)।

मंच पुं [दे] बन्ध (दे ६, १११)।

मंच पुं [मञ्च] १ मचान, उच्चासन (कप्प; गउड)। २ गणितशास्त्र प्रसिद्ध दश योगों में तीसरा योग, जिसमें चन्द्रादि मंचाकार से रहते हैं (सुज्ज १२—पत्र २३३)। °इमंच पुं [°तिमञ्च] १ मचान के ऊपर का मञ्च, ऊपर ऊपर रखा हुआ मंच (औप)। २ गणित-प्रसिद्ध एक योग जिसमें चन्द्र, सूर्य आदि नक्षत्र एक दूसरे के ऊपर रक्खे हुए मंचों के आकार से अपस्थित होते हैं (सुज्ज १२)।

मंची स्त्री [मञ्चा] खटिया, खाट; 'ता आरुह मंचीए' (सुर १०, १६८; १६६)।

मंछुडु (अप) अ [मङ्क्षु] शीघ्र, जल्दी (भवि)।

मंजर पुं [मार्जार] मंजार, बिल्ला, बिलाव (हे २, १३२; कुमा)। देखो मज्जर, मज्जार।

मंजरि स्त्री [मञ्जरि] देखो मंजरी (औप)।

मंजरिअ वि [मञ्जरित] मञ्जरी-युक्त; 'मंजरिओ चूयनिकरो' (स ७१६)।

मंजरिआ } **मंजरी** } स्त्री [मञ्जरिका, °री] नवोत्पन्न सुकुमार पल्लवाकार लता, बौर (कुमा, गउड)। °गुंडी स्त्री [°गुण्डी] वल्ली-विशेष; 'तोमरिगुंडी य मंजरीगुंडी' (पाअ)।

मंजार देखो मंजर (हे १, २६)।

मंजिआ स्त्री [दे] तुलसी (दे ६, ११६)।

मंजिट्ठ वि [माञ्जिष्ठ] मजीठ रंगवाला, लाल। स्त्री. °ट्ठी (कप्पू)।

मंजिट्ठा स्त्री [मञ्जिष्ठा] मजीठ, रंग-विशेष (कप्पू; हे ४, ४३८)।

मंजीर न [मञ्जीर] १ नूपुर; 'हंसयं नेउरं च मंजीरं' (पाअ, स ७०४; सुपा ६६)। २ छन्द-विशेष (पिंग)।

मंजीर न [दे] शृङ्खलक, साँकल, जंजीर, सिकड़ (दे ६, ११६)।

मंजु वि [मञ्जु] १ सुन्दर, मनोहर (पाअ)। २ कोमल, सुकुमार (औप; कप्प)। ३ प्रिय, इष्ट (राय; जं १)।

मंजुआ स्त्री [दे] तुलसी (दे ६, ११६; पाअ)।

मंजुल वि [मञ्जुल] १ सुन्दर, रमणीय, मधुर (सम १५२, कप्प; विपा १, ७; पाअ; पिंग)। २ कोमल (गाया १; १)।

मंजुसा } **मंजूसा** } स्त्री [मञ्जूषा] १ विदेह वर्ष की एक नगरी (ठा २, ३—पत्र ८०; इक)। २ पिटारी, छोटी संदूक (सुपा ३२१; कप्पू)।

मंठ वि [दे] १ शठ, लुचा, बदमाश। २ पुं. बन्ध (दे ६, १११)।

मंड सक [मण्ड्] भूषित करना, सजाना। मंडइ (षड्), मंडंति (पि ५५७)।

मंड सक [दे] १ आगे धरना। २ प्रारम्भ करना, गुजराती में 'मांडवु'; 'जो मंडइ रण-भरधुरहो खंधु' (भवि)।

मंड पुंन [मण्ड] रस; 'तयाणंतरं च णं घयविहिपरिमाणं करेइ, नन्नत्थ सारइएणं गोघयमंडेणं' (उवा)।

मंडअ देखो मंडव = मण्डप (नाट—शकु ६८)।

मंडअ } पुं [मण्डक] खाद्य-विशेष, मांडा, मंडग } एक प्रकार की रोटी (उप पृ ११५, पव ४ टी; कुप्र ४३; धर्मवि ११६)।

मंडग वि [मण्डक] विभूषक, शोभा बढ़ानेवाला; 'ससि च·········जोइसमुहमंडगं'। (कप्प)।

मंडण न [मण्डन] १ भूषण, भूषा (गउड; प्रासू १३२)। २ वि. विभूषक, शोभा बढ़ानेवाला (गउड; कुमा)। स्त्री. °णी (प्रासू ६४)। °धाई स्त्री [°धात्री] आभूषण पहनानेवाली दासी (णाया १, १—पत्र ३७)।

मंडल पुं [दे. मण्डल] श्वान, कुत्ता (दे ६, ११४; पाअ; स ३६८; कुप्र २८०; सम्मत्त १६०)।

मंडल न [मण्डल] १ समूह, यूथ (कुमा; गउड; सम्मत्त १६०)। २ देश (उप १४२ टी; कुप्र ४६; २८०)। ३ गोल, वृत्ताकार पदार्थ (कुमा; गउड)। ४ गोल आकार से वेष्टन (ठा ३, ४—पत्र १६६; गउड)। ५ चन्द्र-सूर्य आदि का चार-क्षेत्र (सम ६६; गउड)। ६ संसार, जगत् (उत्त ३१, ३; ४; ५; ६)। ७ एक प्रकार का कुष्ठ रोग। ८ एक प्रकार की वृत्ताकार दाद—दद्रु (पिंड ६००)। ९ बिम्ब; 'डज्झइ ससिमंडलकलस-दिएणकंठग्गहं मयणो' (गउड)। १० सुभटों का स्थान-विशेष (राज)। ११ मण्डलाकार परिभ्रमण (सुज्ज १, ७; स ३४६)। १२ इंगित क्षेत्र (ठा ७—पत्र ३६८)। १३ पुं. नरकावास-विशेष (देवेन्द्र २६)। °व वि [°वत्] मण्डल में परिभ्रमण करनेवाला (सुज्ज १, ७)। °हिव पुं [°धिप] मण्डलाधीश (भवि)। °हिवइ पुं [°धिपति] वही अर्थ (भवि)।

मंडल पुंन [मण्डल] योद्धा का युद्ध समय का आसन (वव १)। °पवेस पुं [°प्रवेश] एक प्राचीन जैन शास्त्र (णंदि २०२)।

मंडलग्ग पुंन [मण्डलाग्र] तलवार, खड्ग (हे ३, ३४; भवि)।

मंडलय पुं [मण्डलक] एक माप, बारह कर्म-माषकों का एक बाट (अणु १५५)।

मंडलि पुं [मण्डलिन्] १ मण्डलाकार चलता वायु, चक्र-वात, बवंडर (जी ७)। २ माण्डलिक राजा; 'तेवीसं तित्थंकरा पुव्वभवे मंडलिरायाणो हात्था' (सम ४२)। ३ सर्प की एक जाति (पण्ह १—पत्र ५१)। ४ न. गोत्र-विशेष, जो कौत्स गोत्र की एक शाखा है। ५ पुंस्त्री. उस गोत्र में उत्पन्न (ठा ७—पत्र ३६०)। °पुरी स्त्री [°पुरी] नगर-विशेष, गुजरात का एक नगर, जो आजकल भी 'मांडल' नाम से प्रसिद्ध है (सुपा ६५६)।

मंडलिअ वि [मण्डलित] मण्डलाकार बना हुआ; 'मंडलियचंडकोदंडमुक्ककंडोलिखंडिय-सिरेहिं' (सुपा ४; वज्जा ६२; गउड)।

मंडलिअ वि [मण्डलिक, माण्डलिक] १ मण्डलाकारवाला। २ पुं. मंडल रूप से स्थित पर्वत-विशेष (ठा ३, ४—पत्र १६६; पण्ह २, ४)। ३ मण्डलाधीश, सामान्य राजा (णाया १, १; पण्ह १, ४; कुमा; कुप्र १२०; महा)।

मंडली स्त्री [मण्डली] १ पंक्ति, श्रेणी, समूह (से ५, ७६; गच्छ २, ५६)। २ अश्व की एक प्रकार की गति (से १३, ६६; महा)। ३ वृत्ताकार मंडल—समूह (संबोध १७; उव)।

मंडलीअ देखो मंडलिअ = मण्डलिक; 'तह तलवरसेणाहिवकोसाहिवमंडलीयसामंते' (सुपा ७३; ठा ३, १—पत्र १२६)।

मंडव पुं [मण्डप] १ विश्राम-स्थान। २ वल्ली आदि से वेष्टित स्थान (जीव ३; स्वप्न ३६; महा; कुमा)। ३ स्नान आदि करने का गृह; 'ण्हाणमंडवंसि', 'भोयणमंडवंसि' (कप्प; औप)।

मंडव न [माण्डव्य] १ गोत्र-विशेष। २ पुंस्त्री. उस गोत्र में उत्पन्न (ठा ७—पत्र ३६०)।

मंडविआ स्त्री [मण्डपिका] छोटा मण्डप (कुमा)।

मंडव्वायण न [माण्डव्यायन] गोत्र-विशेष (सुज १०, १६; इक)।

मंडावण न [मण्डन] सजाना, विभूषित कराना। °धाई स्त्री [°धात्री] सजानेवाली दासी (आचा २, १५, ११)।

मंडावय वि [मण्डक] सजानेवाला (निचू ६)।

मंडि° } वि [मण्डित] १ भूषित (कप्प; मंडिअ } कुमा)। २ पुं. भगवान् महावीर के षष्ठ गणधर का नाम (सम १६; विसे १८०२)। ३ एक चोर का नाम (धर्मवि ७२; ७३)। °कुच्छि पुंन [°कुक्षि] चैत्य-विशेष (उत २०, २)। °पुत्त पुं [°पुत्र] भगवान् महावीर का छठवाँ गणधर (कप्प)।

मंडिअ वि [दे] रचित, बनाया हुआ। २ बिछाया हुआ;

'संसारे हयविहिणा महिलारूवेण मंडिए पासे।
बज्झंति जाणमाणा अयाणमाणावि बज्झंति॥'
(रयण ८)।

३ आगे धरा हुआ; 'मइ मंडिउ रणभरधुरहो खंधु' (भवि)। ४ आरब्ध; 'रणु मंडिउ कच्छाहिवेण ताम' (भवि; सण)।

मंडिल्ल पुं [दे] अपूप, पूआ, पक्वान्न-विशेष (दे ६, ११७)।

मंडी स्त्री [दे] १ पिधानिका, ढकनी (दे ६, १११; पाअ)। २ अन्न का अग्र रस, माँड़। ३ माँड़ी, कलप, लेई (आव ४)। °पाहुडिया स्त्री [°प्राभृतिका] एक भिक्षा-दोष, अन्न के माँड़ अथवा माँड़ी को दूसरे पात्र में रखकर दी जाती भिक्षा का ग्रहण (आव ४)।

मंडुक } देखो मंडूअ (श्रा २८; पण्ह १, १; मंडुक्क } हे २, ६८; षड्; पाअ)।

मंडुक्कलिया } स्त्री [मण्डूकिका, °की] १ स्त्री मंडुक्किया } मेंढक, भेकी, दादुरी (उप १४७ मंडुक्की } टी; १३७ टी)। २ शाक-विशेष, वनस्पति-विशेष (उवा; पण्ण १—पत्र ३४)।

मंडुग, मंडूअ, मंडूक, मंडूर पुं [मण्डूक] १ मेंढक, दादुर; 'मंडुगगइसरिसो खलु अहिगारो होइ सुत्तस्स' (वव ७; कुमा)। २ वृक्ष-विशेष, श्योनाक, सोनापाठा। ३ बन्ध विशेष (संक्षि १७); 'मंडूरो' (प्राप्र)। ४ छन्द-विशेष (पिंग)। °प्पुअ न [°प्लुत] भेक की चाल। २ पुं. ज्योषि-प्रसिद्ध योग-विशेष, भेक की गति की तरह होनेवाला योग (सुज्ज १२—पत्र २३३)।

मंडोवर न [मण्डोवर] नगर-विशेष (ती १५)।

मंत सक [मन्त्रय्] १ गुप्त परामर्श करना, मसलहत करना। २ आमंत्रण करना। मंतइ (महा; भवि)। भवि. मंतही (अप) (पिंग)। वकृ. **मंतंत, मंतयंत** (सुपा ५३५; ३०७; अभि १२०)। संकृ. **मंतिअ, मंतिऊण, मंतेऊण** (अभि १२४; महा)।

मंत पुंन [मन्त्र] १ गुप्त बात, गुप्त आलोचना; 'न कहिज्जइ एसिमेरिसं मंतं' (सिरि ६२५); 'फुट्टिस्सइ बोहित्थं महिलाजणकहियमंतं व' (धर्मवि १३; कुमा)। २ जप्य, जाप करने योग्य प्रणवादिक अक्षर-पद्धति (णाया १, १४; ठा ३, ४ टी—पत्र १५६; कुमा; प्रासू १४)। °जंभग पुं [°जृम्भक] एक देव-जाति (भग १४, ८ टी—पत्र ६५४)। °देवया स्त्री [°देवता] मन्त्राधिष्ठायक देव (श्रा १)। °न्नु वि [°ज्ञ] मन्त्र का जानकार (सुपा ६०३)। °वाइ वि [°वादिन्] मान्त्रिक, मन्त्र को ही श्रेष्ठ माननेवाला (सुपा ५९७)। °सिद्ध वि [°सिद्ध] १ सब मन्त्र जिसके स्वाधीन हों वह। २ बहु-मन्त्र। ३ प्रधान मन्त्रवाला; 'साहोणसव्वमंतो बहुमंतो वा पहाणमंतो वा, नेओ स मंतसिद्धो' (आवम)।

मंत वि [मान्त्र] मन्त्र-सम्बन्धी, मान्त्रिक। स्त्री 'मंती ठक्कारपंतिव्व' (धर्मवि २०)।

मंत देखो **मा = मा**।

मंतक्ख न [दे] १ लज्जा, शरम। २ दुःख (दे ६, १४१)। ३ अपराध; 'न लेइ गरुयंपि णाम-मंतक्खं' (गउड)।

मंतण न [मन्त्रण] १ गुप्त आलोचना, गुप्त मसलहत (पउम ५, ९६; ८२, ४९)। २ मसलहत, परामर्श, सलाह; 'मंतणत्थं हक्कारिओ अणेण जिणदत्तसेट्ठी' (कुप्र ११९)। ३ जाप; 'पुणो पुणो मंतमंतणं सुहयं (चेइय ७९३)।

मंतर देखो **वंतर** (कप्प)।

मंता अ [मत्वा] जानकार (सूअ १, १०, ६; आचा १, १, ५, १; १, ३, १, ३; पि ५८२)।

मंति पुं [मन्त्रिन्] १ मन्त्री, अमात्य, दीवान (कप्प; औप; पाअ)। २ वि मन्त्रों का जानकार (गु १२)।

मंति पुं [दे] विवाह-गणक, जोशी, ज्योतिर्वित् (दे ६, १११)।

मंतिअ वि [मन्त्रित] गुप्त रीति से आलोचित (महा)।

मंतिअ देखो **मंत = मन्त्रय्**।

मंतिअ वि [मान्त्रिक] मन्त्र का ज्ञाता; 'मंतेण मंतियस्स व वाणीए ताडिओ तुज्झ' (धर्मवि ६; मन ११)।

मंतिण देखो **मंति = मन्त्रिन्**; निगृहिओ मंतिणेहि कुसलेहिं' (पउम २१, ९०; ६५, ८; भवि)।

मंतु वि [मन्तृ] १ ज्ञाता, जानकार। २ पुं. जीव, प्राणी (विसे ३५२५)।

मंतु देखो **मण्णु** (हे २, ४४; षड्; निचू २)। °म वि [°मत्] क्रोधवाला, कोप-युक्त। स्त्री. °मई (कुमा)।

मंतु पुंन [°मन्तु] अपराध; 'मंतुं विलियं विप्पियं' (पाअ)।

मंतुआ स्त्री [दे] लज्जा, शरम (दे ६, ११६; भवि)।

मंतेल्लि स्त्री [दे] सारिका, मैना (दे ६, ११९)।

मंथ सक [मन्थ्] १ विलोडन करना। २ मारना, हिंसा करना। ३ अक. क्लेश पाना। मंथइ (हे ४, १२१; प्राकृ. ३३; षड्)। कवकृ. **मंथिज्जंत, मंथिज्जमाण, मच्छंत** (पउम ११३, ३३; सुपा २५१; १९५; पएह १, ३—पत्र ५३)। संकृ. **मंथित्तु** (सम्मत्त २२६)।

मंथ पुं [मन्थ] १ दही विलोने—महने का दण्ड, मथनी (पिसे ३८४)। २ केवलि-समुद्घात के समय मन्थाकार किया जाता जीव-प्रदेश-समूह (ठा ६; औप)।

मंथ (अप) देखो **मत्थ = मस्त** (पिंग)।

मंथण न [मन्थन] १ विलोडन, विलोने की क्रिया; 'खीरोअमंथणुच्छलिअदुद्धसित्तो व्व महुमहणो' (गा ११७)। २ घर्षण; 'मंथणजोए अग्गो' (संबोध १)। ३ पुंन. मथनी, दही आदि मथने की लकड़ी (प्राकृ १४)।

मंथणिआ स्त्री [मन्थनिका] १ मंथनी, महानी, दही मथने की छोटी लकड़ी (राज)। २ मथानी, दधि-कलशी, दही महने की हँड़िया (दे २, ९५)।

मंथणी स्त्री [मन्थनी] ऊपर देखो (दे २, ५५)।

मंथर वि [मन्थर] १ मन्द, धीमा (से १, ३८; गउड; पाअ; सुपा १)। २ विलम्ब से होनेवाला (पंचा ६, २२)। ३ पुं. मन्थन-दण्ड; 'वीसाममंथरायमाणसेलवोच्छिएणदूरवडणाओ' (गउड)।

मंथर वि [दे. मन्थर] १ कुटिल, वक्र, टेढ़ा (दे ६, १४५; भवि)। २ क्लीन. कुसुम्भ, वृक्ष-विशेष, कुसुम का पेड़ (दे ६, १४५)। स्त्री. °रा; 'मंथरा कुसुंभो' (पाअ)।

मंथर वि [दे] बहु, प्रचुर, प्रभूत (दे ६, १४५; भवि)।

मंथरिय वि [मन्थरित] मन्थर किया हुआ (गउड)।

मंथाण पुं [मन्थान] १ विलोडन-दण्ड; 'तत्तो विसुद्धपरिणाममेरुमंथाणमहियभवजलही' (धर्मवि १०७; दे ६, १४१; वज्जा ४; पाअ; सम्मु १५०)। २ छन्द-विशेष (पिंग)।

मंथिअ वि [मथित] विलोडित (दे २, ८८; पाअ)।

मंथु पुंन [दे] १ बदरादि-चूर्ण (पएह २, ५; उत्त ८, १२; सुख ८, १२; दस ५, १, ९८; ५, २, २४; आचा)। २ चूर्ण, चूर, बुकनी (आचा २, १, ८, ८)। ३ दूध का विकार-विशेष, मट्ठा और माखन के बीच की अवस्था वाला पदार्थ (पिंड २८२)।

मंद पु [मन्द] १ ग्रह-विशेष, शनिश्चर (सुर १०, २२४)। २ हाथी की एक जाति (ठा ४, २—पत्र २०८)। ३ वि. अलस, धीमा, मृदु (पाअ; प्रासू १३२)। ४ अल्प, थोड़ा (प्रासू ७१)। ५ मूर्ख, जड़, अज्ञानी (सूअ १, ४, १, ३१; पाअ)। ६ नीच, खल, 'मुहमेव अहीणं तह य मंदस्स' (प्रासू १६)। ७ रोग ग्रस्त, रोगी (उत्त ८,७)। °उण्णिया स्त्री [°पुण्यका] देवी-विशेष (पंचा १६, २४)। °भग्ग वि [°भाग्य] कमनसीब (सुपा ३७६; महा)। °भाअ वि [°भाग, °भाग्य] वही अर्थ (स्वप्न २२; कुमा)। °भाइ वि [°भागिन्] वही अर्थ (स ७५६; सुपा २२१)। °भाग देखो °भाअ (सुर १०, ३८)।

मंद न [मान्द्य] १ बीमारी, रोग; 'न य मंदेणं मरई कोइ तिरिओ अहव मणुओ वा' (सुपा २२६)। २ मूर्खता, बेवकूफी; 'बालस्स मंदयं बीयं' (सूअ १, ४, १, २९)।

मंदक्ख न [मन्दाक्ष] लज्जा, शरम (राज)।

मंदग, मंदय न [मन्दक] गेय-विशेष; एक प्रकार का गान (राज; ठा ४, ४—पत्र २८५)।

मंदर पुं [मन्दर] १ पर्वत-विशेष, मेरु पर्वत (सुज्ज ५; सम १२; हे २, १७४; कप्प; सुपा ४७)। २ भगवान् विमलनाथ का प्रथम गणधर (सम १५२)। ३ वानरद्वीप का एक राजा, मरुयकुमार का पुत्र (पउम ६, ६७)। ४ छन्द का एक भेद (पिंग)। ५ मन्दर-पर्वत का अधिष्ठायक देव (जं ४)। °पुर न [°पुर] नगर-विशेष, (इक)।

मंदा स्त्री [मन्दा] १ मन्द-स्त्री (वज्जा १०६)। २ मनुष्य की दश अवस्थाओं में तीसरी अवस्था २१ से ३० वर्ष तक की दशा (तंदु १६)।

मंदाइणी स्त्री [मन्दाकिनी] १ गंगा नदी, भागीरथी (पउम १०, ५०; पाअ)। २ रामचन्द्र के पुत्र लव की स्त्री का नाम (पउम १०६, १२)।

मंदाय क्रिवि [मन्द] शनैः, धीमे से; 'मंदायं मंदायं पव्वइयाए' (जीव ३)।

मंदाय न [मन्दाय] गेय-विशेष (जं १)।

मंदार पुं [मन्दार] १ कल्पवृक्ष-विशेष (सुपा १)। २ पारिभद्र वृक्ष। ३ न. मन्दार वृक्ष का फूल; 'मंदारदामरमणिज्जभूयं' (कप्प; गउड)। ४ परिभद्र वृक्ष का फूल (वज्जा १०६)।

मंदिअ वि [मान्दिक] मन्दता वाला, मन्द; 'बाले य मंदिए मूढे' (उत्त ८, ५)।

मंदिर न [मन्दिर] १ गृह, घर (गउड; भवि)। २ नगर-विशेष (इक; आचू १)।

मंदिर वि [मान्दिर] मन्दिर-नगर का; 'सीहपुरा सोहा वि य गीयपुरा मंदिरा य बहुणाया' (पउम ५५, ५३)।

मंदीर न [दे] १ शृंखल, साँकल। २ मन्थान-दण्ड (दे ६, १४१)।

मंदुय पुं [दे. मन्दुक] जलजन्तु-विशेष (पण्ह १, १—पत्र ७)।

मंदुरा स्त्री [मन्दुरा] अश्व-शाला (सुपा ६७)।

मंदोदरी, मंदोयरी स्त्री [मन्दोदरी] १ रावण-पत्नी (से १३, ६७)। २ एक वणिक्-पत्नी (उप ५९७ टी)।

मंदोशण (मा)। वि [मन्दोष्ण] अल्प गरम (प्राकृ १०२)।

मंधाउ पुं [मान्धातृ] हरिवंश का एक राजा (पउम २२, ९७)।

मंधादण पुं [मन्धादन] मेष, गाडर; 'जहा मंधादए (? णे) नाम थिमिअं भुंजती दगं' (सूअ १, ३, ४, ११)।

मधाय पुं [दे] आढ्य, श्रीमंत (दे ६, ११९)।

मंभीस (अप)। सक [मा+भी] डरने का निषेध करना, अभय देना। संकृ. मंभीसिवि (भवि)।

मंभीसिय देखो माभीसिअ (भवि)।

मंस पुंन [मांस] मांस, गोश्त, पिशित; 'अयमाउसो मंसे अयं अट्ठी' (सूअ २, १, १६; आचा; ओघभा २४६; कुमा; हे १, २९)। °इत्त वि [°वत्] मांस-लोलुप (सुख १, १५)। °खल न [°खल] मांस सुखाने का स्थान (आचा २, १, ४, १)। °चक्खु पुंन [°चक्षुस्] १ मांस-मय चक्षु। २ वि. मांस-मय चक्षुवाला, ज्ञान-चक्षु-रहित; 'अदिस्से मंसचक्खुणा' (सम ६०)। °ासण वि [°ाशन] मांस-भक्षक (कुमा)। °ासि, °ासिण वि [°ाशिन्] वही अर्थ (पउम १०५, ४४; महा)। 'मंसासिणस्स' (पउम २६, ३७)।

मंस न [मांस] फल का गर्भ, फल का गुद्दा (आचा २, १, १०, ५; ६)।

मंसल वि [मांसल] पीन, पुष्ट, उपचित (पाअ; हे १, २९; पण्ह १, ४)।

मंसी स्त्री [मांसी] गन्ध-द्रव्य-विशेष जटामांसी (पण्ह २, ५—पत्र १५०)।

मंसु पुंन [श्मश्रु] दाढ़ी-मूँछ—पुरुष के मुख पर का बाल (सम ६०; औप; कुमा), 'मंसू' (हे १, २६, प्राप्र), 'मंसूइं' (उवा)।

मंसु देखो मंस; 'मंसूणि छिन्नपुव्वाइं' (आचा)।

मंसुडग न [दे, मांसोन्दुक] मांस-खण्ड (पिंड ५८६)।

मंसुल्ल वि [मांसवत्] मांसवाला (हे २, १५९)।

मक्कंडेअ पुं [मार्कण्डेय] ऋषि-विशेष (अभि २४३)।

मक्कड पुं [मर्कट] १ वानर, बनरा, बन्दर (गा १७१; उप पृ १८८; सुपा ६०६; दे २, ७२; कुप्र ६०; कुमा)। २ मकड़ा, जाल बनानेवाला कीड़ा (आचा; कस; गा ६३; दे ६, ११९)। ३ छन्द का एक भेद (पिंग)। °बंध पुं [°बन्ध] बन्ध-विशेष, नाराच-बन्ध (कम्म १, ३९)। °संताण पुं [°संतान] मकड़ा का जाल (पडि)।

मक्कडबंध न [दे] शृंखलाकार ग्रीवा-भूषण (दे ६, १२७)।

मक्कडी स्त्री [मर्कटी] वानरी बनरी (कुप्र ३०३)।

मक्कल (अप) देखो मक्कड (पिंग)।

मक्कार पुं [माकार] १ 'मा' वर्ण। २ 'मा' के प्रयोगवाली दण्डनीति, निषेध-सूचक एक प्राचीन दण्ड-नीति (ठा ७—पत्र ३९८)।

मक्कुण देखो मंकुण (पव २६२; दे १, ६६)।

पुत्र (निर १, १)। °कण्हा स्त्री [°कृष्णा] राजा श्रेणिक की एक पत्नी (अंत २५)। °कप्प पुं [°कल्प] १ जैन ग्रन्थ-विशेष (णंदि)। २ काल का एक परिमाण (भग १५)। °कमल न [°कमल] संख्या-विशेष, चौरासी लाख महाकमलांग की संख्या (जो २)। °कव्व देखो °मह-कव्व (सम्मत्त १४६)। °काय पुं [°काय] १ महोरग देवों का उत्तर दिशा का इन्द्र (ठा २, ३; इक)। २ वि. महान् शरीरवाला (उवा)। °काल पुं [°काल] १ महाग्रह-विशेष, एक ग्रह-देवता (सुज्ज २०; ठा २, ३)। २ दक्षिण लवण-समुद्र के पाताल-कलश का अधिष्ठायक देव (ठा ४, २—पत्र २२६)। ३ एक इन्द्र, पिशाच-निकाय का उत्तर दिशा का इन्द्र (ठा २, ३—पत्र ८५)। ४ परमाधार्मिक देवों की एक जाति (सम २८)। ५ वायु-कुमार देवों का एक लोकपाल (ठा ४, १—पत्र १६८)। ६ वेलम्ब इन्द्र का एक लोकपाल (ठा ४, १—पत्र १६८)। ७ नव निधियों में एक निधि, जो धातुओं की पूर्ति करता है (उप ६८६ टी; ठा ६—पत्र ४४६)। ८ सातवीं नरक-भूमि का एक नरकावास (ठा ५, ३—पत्र ३४१; सम ५८)। ६ पिशाच देवों की एक जाति (राज)। १० उज्जयिनी नगरी का एक प्राचीन जैन मन्दिर (कुप्र १७४)। ११ शिव, महादेव (आव ६)। १२ उज्जयिनी का एक श्मशान (अंत)। १३ राजा श्रेणिक का एक पुत्र (निर १, १)। १४ न. एक देव-विमान (सम ३५)। °काली स्त्री [°काली] १ एक विद्या-देवी (संति ५)। २ भगवान् सुमतिनाथ की शासन-देवी (संति ६)। ३ राजा श्रेणिक की एक पत्नी (अंत २५)। °किण्हा स्त्री [°कृष्णा] एक महा-नदी (ठा ५; ३—पत्र ३५१)। °कुमुद, °कुमुय न [°कुमुद] १ एक देव-विमान (सम ३३)। २ संख्या-विशेष, चौरासी लाख महाकुमुदांग की संख्या (जो २)। °कुमुयअंग न [°कुमुदाङ्ग] संख्या, कुमुद को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह (जो २)। °कुम्म पुं [°कूर्म] कूर्मावतार (गउड)। °कुल न [°कुल] १ श्रेष्ठ कुल (निचू ८)। २ वि. प्रशस्त कुल में उत्पन्न; 'निक्खंता जे महाकुला' (सूअ १, ८, २४)। °गंगा स्त्री [°गङ्गा] परिमाण-विशेष (भग १५)। °गह पुं [°ग्रह] १ सूर्य आदि ज्योतिष्क (सार्ध ८७)। °गह वि [°आग्रह] आग्रही, हठी (सार्ध ८७)। °गिरि पुं [°गिरि] १ एक जैन महर्षि (उव; कप्प)। २ बड़ा पर्वत (गउड)। °गोव पुं [°गोप] १ महान् रक्षक। २ जिन भगवान् (उवा; विसे २६५६)। °घोस पुं [°घोष] १ ऐरवत क्षेत्र के एक भावी जिनदेव (सम १५४)। २ एक इन्द्र, स्तनित कुमार देवों का उत्तर दिशा का इन्द्र (ठा २, ३—पत्र ८५)। ३ एक कुलकर पुरुष (सम १५०)। ४ परमाधार्मिक देवों की एक जाति (सम २६)। ५ न. देवविमान-विशेष (सम १२; १७)। °चंद पुं [°चन्द्र] ऐरवत वर्ष के एक भावी तीर्थंकर (सम १५४)। °जणिअ पुं [°जनिक] श्रेष्ठी, सार्थवाह आदि नगर के गण्य-मान्य लोग (कुमा)। °जलहि पुं [°जलधि] महा-सागर (सुपा ४७४)। °जस पुं [°यशस्] १ भरत चक्रवर्ती का एक पौत्र (ठा ८—पत्र ४२६)। २ ऐरवत क्षेत्र के चतुर्थ भावी तीर्थंकर-देव (सम १५४)। ३ वि. महान् यशस्वी (उत्त १२, २३)। °जाइ स्त्री [°जाति] गुल्म-विशेष (पण्ण १)। °जाण न [°यान] १ बड़ा यान—वाहन। २ चारित्र, संयम (आचा)। ३ एक विद्याधर-नगर का नाम (इक)। ४ पुं. मोक्ष, मुक्ति (आचा)। °जुद्ध न [°युद्ध] बड़ी लड़ाई (जीव ३)। °जुम्म पुंन [°युग्म] महान् राशि (भग ३५)। °ण देखो °यण; 'गामदुआरब्भासे अगडसमीवे महाणमज्झे वा' (ओघ ६६)। °णई स्त्री [°नदी] बड़ी नदी (गउड; पउम ४०, १३)। °णंदियावत्त पुं [°नन्द्यावर्त] १ घोष नामक इन्द्र का एक लोकपाल (ठा ४, १—पत्र १६८)। २ न. एक देवविमान (सम ३२)। °णगर देखो °नगर (राज)। °णलिण देखो °नलिण (राज)। °णील न [°नील] १ रत्न-विशेष। २ वि. अति नील वर्णवाला (जीव ३; औप)। °णीला देखो °नीला (राज)। °णुभाअ, °णुभाग वि [°अनुभाग] महानुभाव, महाशय (नाट—मालती ३६; गच्छ १, ४; भग; सिरि १६)। °णुभाव वि [°अनुभाव] वही अर्थ (सुर २, ३५; द्र ६६)। °तमपहा स्त्री [°तमःप्रभा] सप्तम नरक-पृथिवी (पव १७२)। °तमा स्त्री [°तमा] वही (चेइय ७५६)। °तीरा स्त्री [°तीरा] नदी-विशेष (ठा ५, ३—पत्र ३५१)। °तुडिय न [°त्रुटित] महात्रुटितांग को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह, संख्या-विशेष (जो २)। °दामड्ढि पुं [°दामास्थि] ईशानेन्द्र के वृषभ-सैन्य का अधिपति (इक)। °दामड्ढि पुं [°दामर्द्धि] वही अर्थ (ठा ५, १—पत्र ३०३)। °दुम देखो मह-द्दुम (इक)। २ न. एक देव-विमान (सम ३५)। °दुमसेण पुं [°द्रुमसेन] राजा श्रेणिक का एक पुत्र जिसने भगवान् महावीर के पास दीक्षा ली थी (अनु २)। °देव पुं [°देव] १ श्रेष्ठ देव, जिन-देव (पउम १०६, १२)। २ शिव, गौरी-पति (पउम १०६, १२; सम्मत्त ७६)। °देवी स्त्री [°देवी] पटरानी (कप्पू)। °धण पुं [°धन] एक वणिक् (पउम ५५, ३८)। °धणु पुं [°धनुष्] बलदेव का एक पुत्र (निर १, ५)। °नई स्त्री [°नदी] बड़ी नदी (सम २७; कस)। °नंदिआवत्त देखो °णंदियावत्त (इक)। °नगर न [°नगर] बड़ा शहर (पण्ह २, ४)। °नय पुं [°नद] ब्रह्मपुत्रा आदि बड़ी नदी (आवम)। °नलिण न [°नलिन] १ संख्या-विशेष, महानलिनांग को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह (जो २)। २ एक देव-विमान (सम ३३)। °नलिणंग न [°नलिनाङ्ग] संख्या-विशेष, नलिन को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह (जो २)। °निज्जामय पुं [°निर्यामक] श्रेष्ठ कर्णधार (उवा)। °निद्दा स्त्री [°निद्रा] मृत्यु, मरण (पउम ६, १६८)। °निनाद, °निनाय वि [°निनाद] प्रख्यात, प्रसिद्ध (ओघ ८६; ८६ टी)। °निसीह न [°निशीथ] एक जैन आगम-ग्रन्थ (गच्छ ३, २६)। °नीला स्त्री [°नीला] एक महानदी

(ठा ५, ३—पत्र ३५१)। °पउम पुं [°पद्म] १ भरतक्षेत्र का भावी प्रथम तीर्थंकर (सम १५३)। २ पुंडरीकिणी नगरी का एक राजा और पीछे से राजर्षि (णाया १, १६—पत्र २४३)। ३ भारतवर्ष में उत्पन्न नववाँ चक्रवर्त्ती राजा (सम १५२; पउम २०, १४३)। ४ भरतक्षेत्र का भावी नववाँ चक्रवर्त्ती राजा (सम १५४)। ५ एक राजा (ठा ६)। ६ एक निधि (ठा ९—पत्र ४४९)। ७ एक द्रह (सम १०४; ठा २, ३—पत्र ७२)। ८ राजा श्रेणिक का एक पौत्र (निर १. १)। ९ देव-विशेष (दीव)। १० वृक्ष-विशेष (ठा २, ३)। ११ न. संख्या-विशेष; महापद्मांग को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह (जो २)। १२ एक देव-विमान (सम ३३)। °पउमअंग न [°पद्माङ्ग] संख्या-विशेष, पद्म को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह (जो २)। °पउमा स्त्री [°पद्मा] राजा श्रेणिक की एक पुत्र-वधू (निर १, १)। °पंडिय वि [°पण्डित] श्रेष्ठ विद्वान् (रंभा)। °पट्टण न [°पत्तन] बड़ा शहर (उवा)। °पण्ण, °पन्न वि [°प्रज्ञ] श्रेष्ठ बुद्धिवाला (उप ७७३; पि २७६)। °पभ न [°प्रभ] एक देव-विमान (सम १३)। °पभा स्त्री [°प्रभा] एक राज्ञी (उप १०३१ टी)। °पम्ह पुं [°पक्ष्म] महाविदेह वर्ष का एक विजय—प्रान्त (ठा २, ३)। °परिण्णा, °परिन्ना स्त्री [°परिज्ञा] आचारांग सूत्र के प्रथम श्रुतस्कन्ध का सातवाँ अध्ययन (राज; आक)। °पसु पुं [°पशु] मनुष्य (गउड)। °पह पुं [°पथ] बड़ा रास्ता, राज-मार्ग (भग; पण्ह १, ३; औप)। °पाण न [°प्राण] ब्रह्मलोक-स्थित एक देव-विमान (उत्त १८, २८)। °पायाल पुं [°पाताल] बड़ा पाताल-कलश (ठा ४, २—पत्र २२६; सम ७१)। °पालि स्त्री [°पालि] १ बड़ा पल्य। २ सागरोपम-परिमित भव-स्थिति—आयु,

'अहमासि महापाणे
जुइमं वरिससओवमे।
जा सा पालिमहापाली दिव्वा
वरिससओवमा'
(उत्त १८, २८)।

°पिउ पुं [°पितृ] पिता का बड़ा भाई (विपा १, ३—पत्र ४०)। °पीढ पुं [°पीठ] एक जैन महर्षि (सट्ठि ८१ टी)। °पुंख न [°पुङ्ख] एक देव-विमान (सम २२)। °पुंड न [°पुण्ड्र] एक देव-विमान (सम २२)। °पुंडरीय न [°पुण्डरीक] १ विशाल श्वेत कमल (राय)। २ पुं. ग्रह-विशेष (सम १०४)। ३ देव-विशेष। ४ देखो °पुंडरीअ (राज)। °पुर न [°पुर] १ एक विद्याधर-नगर (इक)। २ नगर-विशेष (विपा २, ७)। °पुरा स्त्री [°पुरी] महापक्ष्म-विजय की राजधानी (ठा २, ३—पत्र ८०)। °पुरिस पुं [°पुरुष] १ श्रेष्ठ पुरुष (पण्ह २, ४)। २ किंपुरुष-निकाय का उत्तर दिशा का इन्द्र (ठा २, ३—पत्र ८५)। °पुरी देखो °पुरा (इक)। °पोंडरीअ न [°पुण्डरीक] एक देव-विमान (स ३३)। देखो °पुंडरीय (ठा २, ३—पत्र ७२)। °फल देखो मह-प्फल (उवा)। °फलिह न [°स्फटिक] शिखरी पर्वत का एक उत्तर-दिशा-स्थित कूट (राज)। °बल वि [°बल] १ महान् बलवाला (भग)। २ पुं. ऐरवत क्षेत्र का एक भावी तीर्थंकर (सम १५४)। ३ चक्रवर्त्ती भरत के वंश में उत्पन्न एक राजा (पउम ५, ४; ठा ८—पत्र ४२९)। ४ सोमवंशीय एक नर-पति (पउम ५, १०)। ५ पाँचवें बलदेव का पूर्वजन्मीय नाम (पउम २०, १९०)। ६ भारतवर्ष का भावी छठवाँ वासुदेव (सम १५४)। °बाहु पुं [°बाहु] १ भारत-वर्ष का भावी चतुर्थ वासुदेव (सम १५४)। २ रावण का एक सुभट (पउम ५६, ३०)। अपर विदेह-वर्ष में उत्पन्न एक वासुदेव (आव ४)। °भद्द न [°भद्र] तप-विशेष (पव २७१)। °भद्दपडिमा स्त्री [°भद्रप्रतिमा] नीचे देखो (औप)। °भद्दा स्त्री [°भद्रा] व्रत-विशेष, कायोत्सर्ग-ध्यान का एक व्रत (ठा २, ३—पत्र ६४)। °भय देखो मह-ब्भय (आचा)। °भाअ, °भाग वि [°भाग] महानुभाव, महाशय (अभि १७४; महा; सुपा १९८; उप पृ ३)। °भीम पुं [°भीम] १ राक्षसों का उत्तर दिशा का इन्द्र (ठा २, ३—पत्र ८५)। २ भारतवर्ष का भावी आठवाँ प्रतिवासुदेव (सम १५४)। ३ वि. बड़ा भयानक (दंस ४)। °भीमसेण पुं [°भीमसेन] एक कुलकर पुरुष का नाम (सम १५०)। °भुअ पुं [°भुज] देव-विशेष (दीव)। °भुअंग पुं [°भुजङ्ग] शेष नाग (से ७, ५६)। °भोया स्त्री [°भोगा] एक महा-नदी (ठा ५, ३—पत्र ३५१)। °मउंद पुंन [°मुकुन्द] वाद्य-विशेष (भग)। °मंति पुं [°मन्त्रिन्] १ सर्वोच्च अमात्य, प्रधान मन्त्री (औप; सुपा २२३; णाया १, १)। २ हस्ति-सैन्य का अध्यक्ष (णाया १, १—पत्र १९)। °मंस न [°मांस] मनुष्य का मांस (कप्पू)। °मच्च पुं [°अमात्य] प्रधान मन्त्री (कुमा)। °मत्त पुं [°मात्र] हस्तिपक, हाथी का महावत;

'तत्तो नरसिंहनिवस्स कुंजरा
सिंहभयविहुरहियया।
अवगणियमहामत्ता मत्तावि
पलाइया झत्ति'
(कुप्र ३९४)।

°मरुया स्त्री [°मरुता] राजा श्रेणिक की एक पत्नी (अंत)। °मह पुं [°मह] महोत्सव (आव ४)। °महंत वि [°महत्] अति बड़ा (सुपा ५६४; स ६९३)। °माई (अप) स्त्री [°माया] छन्द-विशेष (पिंग)। °माउया स्त्री [°मातृका] माता की बड़ी बहन (विपा १, ३—पत्र ४०)। °माढर पुं [°माठर] ईशानेन्द्र के रथ-सैन्य का अधिपति (ठा ५, १—पत्र ३०३; इक)। °माणसिआ स्त्री [°मानसिका] एक विद्या-देवी (संति ६)। °माहण पुं [°ब्राह्मण] श्रेष्ठ ब्राह्मण (उवा)। °मुणि पुं [°मुनि] श्रेष्ठ साधु (कुमा)। °मेह पुं [°मेघ] बड़ा मेघ (णाया १, १—पत्र ४; ठा ४, ४)। °मेह वि [°मेध] बुद्धिमान् (उप १४२ टी)। °मोक्ख वि [°मूर्ख] बड़ा बेवकूफ (उप १०३१ टी)। °यण पुं [°जन] श्रेष्ठ लोग (सुपा २९१)। °यस देखो °जस (औप; कप्प)। °रक्खस पुं [°राक्षस] लंका नगरी का एक राजा जो धनवाहन का पुत्र था (पउम ५, १३९)। °रह पुं [°रथ] १ बड़ा रथ (पण्ह २, ४—पत्र १३०)। २ वि. बड़ा रथवाला। ३ बड़ा योद्धा, दस

हजार योद्धाओं के साथ अकेला जूझनेवाला (सूअ १, ३, १, १; गउड)। °रहि वि [°रथिन्] देखो पूर्व का २रा और ३रा अर्थ (उप ७२८ टी)। °राय पुं [°राज] १ बड़ा राजा, राजाधिराज (उप ७६८ टी; रंभा; महा)। २ सामानिक देव, इन्द्र-समान ऋद्धिवाला देव (सुर १५, ६)। ३ लोकपाल देव (सम ८६)। °रिट्ठ पुं [°रिष्ठ] बलि नामक इन्द्र का एक सेनापति (इक)। °रिसि पुं [°ऋषि] बड़ा मुनि, श्रेष्ठ साधु (उव)। °रिह, °रुह देखो मह-रिह (पि १४०; अभि १८७)। °रोरु पुं [°रोरु] अप्रतिष्ठान नरकेन्द्रक की उत्तर दिशा में स्थित एक नरकावास (देवेन्द्र २४)। °रोरुअ पुं [°रोरुक, °रौरव] सातवीं नरक-भूमि का एक नरकावास —नरक-स्थान (सम ५८, ठा ५, ३—पत्र ३४१; इक)। °रोहिणी स्त्री [°रोहिणी] एक महा-विद्या (राज)। °लंजर पुं [°अलञ्जर] बड़ा जल-कुम्भ (ठा ४, २—पत्र २२६)। °लच्छी स्त्री [°लक्ष्मी] १ एक श्रेष्ठि-भार्या (उप ७२८ टी)। २ छन्द-विशेष (पिंग)। ३ श्रेष्ठ लक्ष्मी। ४ लक्ष्मी-विशेष (नाट)। °लयंग न [°लताङ्ग] संख्या-विशेष, लता नामक संख्या को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह (इक; जो २)। °लया स्त्री [°लता] संख्या-विशेष, महालतांग को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह (जो २)। °लोहिअक्ख पुं [°लोहिताक्ष] बलीन्द्र के महिष-सैन्य का अधिपति (ठा ५, १—पत्र ३०२; इक)। °वक्क न [°वाक्य] परस्पर-संबद्ध अर्थ वाले वाक्यों का समुदाय (उप ८५६)। °वच्छ पुं [°वत्स] विजय-विशेष, विदेह वर्ष का एक प्रान्त (ठा २, ३; इक)। °वच्छा स्त्री [°वत्सा] वही (इक)। °वण न [°वन] मथुरा के निकट का एक वन (ती ७)। °वण पुंन [°आपण] बड़ी दूकान (भवि)। °वप्प पुं [°वप्र] विजयक्षेत्र-विशेष (ठा २, ३—पत्र ८०; इक)। °वय देखो मह-व्वय (सुपा ६५०)। °वराह पुं [°वराह] १ विष्णु का एक अवतार (गउड)। २ बड़ा सूअर (सूअ १, ७, २५)। °वह देखो °पह (से १, ५८)। °वाउ पुं [°वायु] ईशानेन्द्र के अश्व-सैन्य का अधिपति (ठा ५, १—पत्र ३०३; इक)। °वाड पुं [°वाट] बड़ा बाड़ा, महान् गोष्ठ; 'निव्वाणमहावाडं' (उवा)। °विगइ स्त्री [°विकृति] अति विकार-जनक ये वस्तु—मधु, मांस, मद्य और माखन (ठा ४, १—पत्र २०४; अंत)। °विजय वि [°विजय] बड़ा विजयवाला; 'महाविजयपुप्फुत्तरपवरपुंडरीयाओ महाविमाणाओ' (कप्प)। °विदेह पुं [°विदेह] वर्ष-विशेष, क्षेत्र-विशेष (सम १२; उवा; औप; अंत)। °विमाण न [°विमान] श्रेष्ठ देव-गृह (उवा)। °विल न [°बिल] कन्दरा आदि बड़ा विवर (कुमा)। °वीर पुं [°वीर] १ वर्तमान समय के अन्तिम तीर्थंकर (सम १; उवा; विपा १, १)। २ वि. महान् पराक्रमी (किरात १६)। °वीरिअ पुं [°वीर्य] इक्ष्वाकु वंश के एक राजा का नाम (पउम ५, ५)। °वीहि, °वीही स्त्री [°वीथि, °थी] बड़ा बाजार (पउम ६६, ३४)। २ श्रेष्ठ मार्ग (आचा)। °वेग पुं [°वेग] एक देव-जाति, भूतों की एक प्रकार की जाति (राज; इक)। °वेजयंती स्त्री [°वैजयन्ती] बड़ी पताका, विजय-पताका, (कप्पू)। °सई स्त्री [°सती] उत्तम पतिव्रता स्त्री (उप ७२८ टी, पडि)। °सउणि स्त्री [°शकुनि] एक विद्याधर-स्त्री (पण्ह १, ४—पत्र ७२)। °सड्ढि वि [°श्रद्धिन्] बड़ी श्रद्धावाला (आचा; पि ३३३)। °सत्त वि [°सत्त्व] पराक्रमी (द्र ११; महा)। °समुद्द पुं [°समुद्र] महासागर (उवा)। सयग, °सयय पुं [°शतक] भगवान् महावीर का एक उपासक (उवा)। °सामाण न [°सामान] एक देव-विमान (सम ३३)। °साल पुं [°शाल] एक युवराज (पडि)। °सिलाकंटय पुं [°शिलाकण्टक] राजा कूणिक और चेटकराज की लड़ाई (भग ७, ६—पत्र ३१५)। °सीह पुं [°सिंह] एक राजा, षष्ठ बलदेव और वासुदेव का पिता (ठा ६—पत्र ४४७)। °सीहणिक्कीलिय, °सीहनिक्कीलिय न [°सिंहनिष्क्रीडित] तप-विशेष (राज; पव २७१—गाथा १५२२)। °सीहसेण पुं [°सिंहसेन] भगवान् महावीर के पास दीक्षा लेकर अनुत्तर देवलोक में उत्पन्न राजा श्रेणिक का एक पुत्र (अनु २)। °सुक्क पुं [°शुक्र] १ एक देवलोक, सातवाँ देवलोक (सम ३३; विपा २, १)। २ सातवें देवलोक का इन्द्र (ठा २, ३—पत्र ८५)। ३ न. एक देव-विमान (सम ३३)। °सुमिण पुं [°स्वप्न] उत्तम फल का एक सूचक स्वप्न (णाया १, १—पत्र १३; पि ४४७)। °सुर पुं [°असुर] १ बड़ा दानव। २ दानवों का राजा हिरण्यकशिपु (से १, २; गउड)। °सुव्वय, °सुव्वया स्त्री [°सुव्रता] भगवान् नेमिनाथ की मुख्य श्राविका (कप्प; आवम)। °सूला स्त्री [°शूला] फाँसी (श्रा २७)। °सेअ पुं [°श्वेत] एक इन्द्र, कूष्माण्ड नामक वान-व्यन्तर देवों का उत्तर दिशा का इन्द्र (इक; ठा २, ३—पत्र ८५)। °सेण पुं [°सेन] १ ऐरवत क्षेत्र के एक भावी जिन-देव (सम १५४)। २ राजा श्रेणिक का एक पुत्र जिसने भगवान् महावीर के पास दीक्षा ली थी (अनु २)। ३ एक राजा (विपा १, ६—पत्र ८८)। ४ एक यादव (णाया १, ५)। ५ न. एक वन (विसे २०८६)। देखो मह-सेण। °सेणकण्ह पुं [°सेनकृष्ण] राजा श्रेणिक का एक पुत्र (पि ५२)। °सेणकण्हा स्त्री [°सेनकृष्णा] राजा श्रेणिक की एक पत्नी (अंत २५)। °सेल पुं [°शैल] १ बड़ा पर्वत (णाया १, १)। २ न. नगर-विशेष (पउम ५५, ५३)। °सोआम, °सोदाम पुं [°सौदाम] वैरोचन बलीन्द्र के अश्व-सैन्य का अधिपति (ठा ५, १; इक)। °हरि पुं [°हरि] एक नर-पति, दसवें चक्रवर्त्ती का पिता (सम १५२)। °हिमव, °हिमवंत पुं [°हिमवत्] १ पर्वत-विशेष (पउम १०२, १०५; ठा २, ३; महा)। २ देव-विशेष (जं ४)।

महाअत्त वि [दे] आढ्य, श्रीमन्त (दे ६, ११६)।

महाइय पुं [दे] महात्मा (भवि)।

महाणड पुं [दे. महानट] रुद्र, महादेव (दे ६, ४, १२१)।

महाणस न [महानस] रसोई-घर, पाक-स्थान (णाया १, ८; गा १३; उप २५६ टी)।

महाणसि वि [महानसिन्] रसोई बनानेवाला, रसोइया। स्त्री. °णी (णाया १, ७—पत्र ११७)।

महाणसिय वि [महानसिक] ऊपर देखो (विपा १, ८)।

महाबिल न [दे. महाबिल] व्योम, आकाश (दे ६, १२१)।

महामंति पुं [महामन्त्रिन्] महावत, हस्तिपक (राय १२१ टी)।

महारिय (अप) वि [मदीय] मेरा (जय ३०)।

महाल पुं [दे] जार, उपपति (दे ६, ११६)।

महालक्ख वि [दे] तरुण, जवान (दे ६, १२१)।

महालय देखो मह = महत् (णाया १,८; उवा; औप), 'मा कासि कम्माइं महालयाइं' (उत्त १३, २६)। स्त्री. °लिया (औप)।

महालय पुंन [महालय] १ उत्सवों का स्थान (सम ७२)। २ बड़ा आलय। ३ वि. बृहत्काय, बड़ा शरीरवाला (सूअ २, ५, ६)।

महालवक्ख पुं [दे. महालयपक्ष] श्राद्ध-पक्ष, आश्विन (गुजराती भाद्रपद) मास का कृष्ण पक्ष (दे ६, १२७)।

महावल्ली स्त्री [दे] नलिनी, कमलिनी (दे ६, १२२)।

महाविजय पुं [महाविजय] एक देवविमान (आचा २, १५, २)।

महासउण पुं [दे] उल्लू, घूक-पक्षी (दे ६, १२७)।

महासद्दा स्त्री [दे] शिवा, शृगाली (दे ६, १२०; पाअ)।

महासेल वि [माहाशैल] महाशैल नगर से संबन्ध रखनेवाला, महाशैल का (पउम ५५, ५३)।

महि° देखो मही (कुमा)। °**अल** न [°तल] भू-पीठ, भूमि-पृष्ठ (कुमा; गउड; प्रासू ४५)। °**गोयर** पुं [°गोचर] मनुष्य (भवि; सण)। °**पट्ठ** न [°पृष्ठ] भूमि-तल (षड्)। °**पाल** पुं [°पाल] राजा (उव)। °**मंडल** न [मण्डल] भू-मण्डल (भवि; हे ४, ३७२)। °**रमण** पुं [°रमण] राजा (श्रा २७)। °**वइ** पुं [°पति] राजा (णाया १, १ टी; औप)। °**वट्ठ** देखो °पट्ठ (हे १, १२९; कुमा)। °**वल्लह** पुं [°वल्लभ] राजा (गु १०)। °**वाल** पुं [°पाल] १ राजा, नरपति (हे १, २२९)। २ व्यक्ति वाचक नाम (भवि)। °**वेढ** पुं [°वेष्ट, °पीठ] मही-तल, भू-तल (से १, ४; ४९)। °**सामि** पुं [°स्वामिन्] राजा (कुमा)। °**हर** पुं [°धर] १ पर्वत (पाअ; से ३, ३८; ४, १७; कुप्र ११७)। २ राजा (कुप्र ११७)।

महिअ वि [मथित] विलोडित (से २, १८; पाअ)।

महिअ वि [महित] १ पूजित, सत्कृत (से १२, ४७; उवा; औप)। २ न. एक देवविमान (सम ४१)। ३ पूजा, सत्कार (णाया १, १)।

महिअ वि [महीयस्] बड़ा, गुरु; 'राअनिओओ महिओ को णाम गआगअमिह करेइ' (मुद्रा १८७)।

महिअद्दुअ न [दे] घी का किट्ट, घृत-मल (राज)।

महिआ स्त्री [महिका] १ सूक्ष्म वर्षा, सूक्ष्म जल-तुषार (पण्ण १; जी ५)। २ धूमिका, धुंध, कुहरा (ओघ ३०; पाअ)। ३ मेघ-समूह; 'घणनिवहो कालिआ महिआ' (पाअ)। देखो मिहिआ।

महिंद पुं [महेन्द्र] १ बड़ा इन्द्र, देवाधीश (औप; कप्प; णाया १, १ टी—पत्र ६)। २ पर्वत-विशेष (से ६, ५९)। ३ अति महान्, खूब बड़ा (ठा ४, २—पत्र २३०)। ४ एक राजा (पउम ५०, २३)। ५ ऐरवत वर्ष का भावी १५ वाँ तीर्थंकर (पव ७)। ६ पुंन. एक देव-विमान (सम २२; देवेन्द्र १४१)। °**कंत** न [°कान्त] एक देव-विमान (सम २७)। °**केउ** पुं [°केतु] हनूमान के मातामह का नाम (पउम ५०, १९)। °**ज्झय** पुं [°ध्वज] १ बड़ा ध्वज। २ इन्द्र के ध्वज के समान ध्वज, बड़ा इन्द्र-ध्वज (ठा ४, ४—पत्र २३०)। ३ न. एक देव-विमान (सम २२)। °**दुहिया** स्त्री [°दुहिता] अञ्जनासुन्दरी, हनूमान की माता (पउम ५०, २३)। °**विक्कम** पुं [°विक्रम] इक्ष्वाकु वंश का एक राजा (पउम ५, ६)। °**सीह** पुं [°सिंह] १ कुरु देश का एक राजा (उप ७२८ टी)। २ सनत्कुमार चक्रवर्ती का एक मित्र (महा)।

महिंद वि [माहेन्द्र] १ महेन्द्र-सम्बन्धी। २ उत्पात-विशेष (अणु २१५)।

महिंदुत्तरवडिंसय न [महेन्द्रोत्तरावतंसक] एक देव-विमान (सम २७)।

महिगा देखो महिआ (जीवस ३१)।

महिच्छ वि [महेच्छ] महत्वाकांक्षी (सूअ २, २, ६१)।

महिच्छा स्त्री [महेच्छा] महत्वाकांक्षा, अपरिमित वाञ्छा (पण्ह १, ५)।

महिट्ठ वि [दे] मट्ठा से संसृष्ट, तक्र-संस्कारित (विपा १, ८—पत्र ८३)।

महिड्ढि, **महिड्ढिय**, **महिड्ढीय** वि [महर्द्धि, °क] बड़ी ऋद्धिवाला, महान् वैभववाला (श्रा २७; भग; ओघभा ६; औप; पि ७३)।

महिम पुंस्त्री [महिमन्] १ महत्त्व, माहात्म्य, गौरव (हे १, ३५; कुमा; गउड; भवि)। २ योगी का एक प्रकार का ऐश्वर्य (हे १, ३५)।

महिला देखो मिहिला (महा; राज)।

महिला स्त्री [महिला] स्त्री, नारी (कुमा; हे ३, ४१; पाअ)। °**थूभ** पुं [°स्तूप] कूप आदि का किनारा (विसे २०६४)।

महिलिया स्त्री [महिलिका, महिला] ऊपर देखो (णाया १, २; पउम १४, १४५; प्रासू २४)।

महिलिया स्त्री [मिथिलिका, मिथिला] देखो मिहिला (कप्प)।

महिस पुं [महिष] भैंसा (गउड; औप; गा ५४८)। °**ासुर** पुं [°ासुर] एक दानव (स ४२७)।

महिसंद पुं [दे] वृक्ष-विशेष, शिग्रु का पेड़ (दे ६, १२०)।

महिसिअ वि [माहिषिक] भैंसवाला, भैंस चरानेवाला (अणु १४४)।

महिसिक्क न [दे] महिषी-समूह (दे ६, १२४)।

महिसी स्त्री [महिषी] १ राज-पत्नी (ठा ४, १)। २ भैंस (पाअ; पउम; २६, ४१)।

महिस्सर पुं [महेश्वर] एक इन्द्र, भूतवादि-देवों का उत्तर दिशा का इन्द्र (ठा २, ३—पत्र ८५)। देखो **महेसर**।

मही स्त्री [मही] १ पृथिवी, भूमि, धरती (कुमा; पाग्र)। २ एक नदी (ठा ५, २—पत्र ३०८)। ३ छन्द-विशेष (पिंग)। °**नाह** पुं [°नाथ] राजा (उप पृ ६१)। °**पहु** पुं [°प्रभु] राजा (उप ७२८ टी)। °**पाल** पुं [°पाल] वही अर्थ (उप १५ टी, उव)। °**रुह** पुं [°रुह] वृक्ष, पेड़ (पाग्र; सुर ३, ११०; १६, २४८)। °**वइ** पुं [°पति] राजा (श्रा २८; उप १४९ टी; सुपा ३८)। °**वीढ** न [°पीठ] भूमि-तल (सुर २, ७४)। °**स** पुं [°श] राजा (श्रा १४)। °**सक्क** पुं [°शक्र] वही अर्थ (श्रा १४)। देखो **महि°**।

महु पुं [मधु] १ एक दैत्य (से १, १; अच्चु ४०)। २ वसन्त ऋतु; 'सुरही महू वसंतो' (पाग्र; कुमा)। ३ चैत्र मास (सुर ३, ४०; १६, १०७; पिंग)। ४ पाँचवाँ प्रति-वासुदेव राजा (पउम ५, १५६)। ५ एक राजा (श्रु ६१)। ६ मथुरा का एक राज-कुमार (पउम १२, २)। ७ चक्रवर्ती का एक देव-कृत महल (उत्त १३, १३)। ८ मधूक का पेड़, महुआ का गाछ (कुमा)। ९ अशोक-वृक्ष (चंड)। १० न. मद्य, दारू (से २, २७)। ११ क्षौद्र, शहद (कुमा; पव ४; ठा ४, १)। १२ पुष्प-रस। १३ मधुर-रस। १४ जल, पानी (प्राप्र; हे ३, २५)। १५ छन्द-विशेष (पिंग)। १६ मधुर, मिष्ट वस्तु (पराह २, १)। °**अर** पुंस्त्री [°कर] भ्रमर, भौंरा (पाग्र; स्वप्न ७३; औप; कप्प; पिंग)। स्त्री. °**रिआ**, °**री** (अभि १६०; नाट—मृच्छ ५७)। °**अरवित्ति** स्त्री [°करवृत्ति] माधुकरी, भिक्षा-वृत्ति (सुपा ८३)। °**अरीगीय** न [°करीगीत] नाट्य-विधि-विशेष (महा)। °**आसव** वि [°आश्रव] लब्धि-विशेषवाला, जिसके प्रभाव से वचन मधुर लगे ऐसी लब्धिवाला (पराह २, १—पत्र १००)। °**गुलिया** स्त्री [°गुटिका] शहद की गोली (ठा ४, २)। °**पडल** न [°पटल] मधुपुडा (दे ३, १२)। °**भार** पुं [°भार] छन्द-विशेष (पिंग)। °**मक्खिया**, °**मच्छिआ** स्त्री [°मक्षिका] शहद की मक्खी; 'अह उड्डियाउ तोमरमुहाउ महुक्खि (?मक्खि)याउ सव्वत्तो' (धर्मवि १२४; गा ६३४)। °**मय** वि [°मय] मधु से भरा हुआ (से १, ३०)। °**मह** पुं [°मथ] विष्णु, वासुदेव, उपेन्द्र (पाग्र; से १, १७)। २ भ्रमर (से १, १७)। °**मह** पुं [°मह] वसन्त का उत्सव (से १, १७)। °**महण** पुं [°मथन] १ विष्णु (से १,१; वज्जा २४; गा ११७; हे ४,३८४; पि १४३; पिंग)। २ समुद्र, सागर। ३ सेतु, पुल (से १, १)। °**मास** पुं [°मास] चैत मास (भवि)। °**मित्त** पुंन [°मित्र] कामदेव (सुपा ५२६)। °**मेहण** न [°मेहन] रोग-विशेष, मधु-प्रमेह (आचा १, ६, १, २)। °**मेहणि** वि [°मेहनिन्] मधु-प्रमेह रोगवाला (आचा)। °**मेहि** पुं [°मेहिन्] वही अर्थ (आचा)। °**राय** पुं [°राज] एक राजा (रयण ७४)। °**लट्ठि** स्त्री [°यष्टि] १ ओषधि-विशेष, यष्टिमधु, मुलेठी, जेठी मधु। २ इक्षु, ईख (हे १,२४७)। °**वक्क** पुं [°पर्क] १ दधियुक्त मधु, दही और शहद। २ षोडशोप-चार पूजा का छठवाँ उपचार (उत्तर १०३)। °**वार** पुं [°वार] मद्य, दारू (पाग्र)। °**सिंगी** स्त्री [°शृङ्गी] वनस्पति-विशेष (पराण १—पत्र ३५)। °**सूयण** पुं [°सूदन] विष्णु (गउड; सुपा ७)।

महुअ पुं [मधूक] १ वृक्ष-विशेष, महुआ का गाछ (गा १०३)। २ न. महुआ का फल (प्राप्र; हे १, २२२)।

महुअ पुं [दे] १ पक्षि-विशेष, श्रीवद पक्षी। २ मागध, स्तुति-पाठक (दे ६, १४४)।

महुण सक [मथ्] १ विलोडन करना। २ विनाश करना। वकृ. 'विमुक्कट्टहासा जलियजलरापिंगलकेसा महुणित-जालाकराल-पिसाया मुक्का' (महा)।

महुत्त (अप) देखो **मुहुत्त** (भवि)।

महुप्पल न [महोत्पल] कमल, पद्म; 'महुप्पलं पंकयं नलिणं' (पाग्र)।

महुमुह पुं [दे. मधुमुख] पिशुन, दुर्जन, खल (दे ६, १२२)।

महुर पुं [महुर] १ अनार्य देश-विशेष। २ उस देश में रहनेवाली अनार्य मनुष्य-जाति (पराह १, १—पत्र १४)।

महुर वि [मधुर] १ मीठा, मिष्ट (कुमा; प्रासू ३३; गउड; गा ४०१)। २ कोमल (भग ६, ३१; औप)। °**भासि** वि [°भाषिन्] प्रिय-भाषी (पउम ६, १३३)।

महुरा स्त्री [मथुरा] भारत की एक प्रसिद्ध नगरी, मथुरा (ठा १०; सम १५३; पराह १, ३; हे २, १५०; कुमा; वज्जा १२२)। °**मंगु** पुं [°मङ्गु] एक प्रसिद्ध जैनाचार्य (सिक्खा ६२)। °**हिव** पुं [°धिप] मथुरा का राजा (कुमा)।

महुरालिअ वि [दे] परिचित (दे ६, १२५)।

महुरिम पुंस्त्री [मधुरिमन्] मधुरता, माधुर्य (सुपा २६४; कुप्र ५०)।

महुरेस पुं [मथुरेश] मथुरा का राजा (कुमा)।

महुला स्त्री [दे] रोग-विशेष, पाद-गराड (निचू २)।

महुसित्थ न [मधुसिक्थ] १ मदन, मोम (उप पृ २०६)। २ पंक-विशेष, स्त्री के पैर में लगा हुआ अलता तक लगनेवाला कादा (ओघभा ३३)। ३ कला-विशेष (स ६०२)।

महुस्सव देखो **महूसव** (राज)।

महूअ देखो **महुअ**=मधूक (कुमा; हे १, १२२)।

महूसव पुं [महोत्सव] बड़ा उत्सव (सुर ३, १०८; नाट—मृच्छ ५४)।

महेंद देखो **महिंद** (से ६, २२)।

महेड्डु पुं [दे] पंक, कादा (दे ६, ११६)।

महेब्भ पुं [महेभ्य] बड़ा शेठ (श्रा १६)।

महेभ पुं [महेभ] बड़ा हाथी (कुमा)।

महेला स्त्री [महेला] स्त्री, नारी (हे १, १४६; कुमा)।

महेस पुं [महेश] नीचे देखो (त्रि ६४; भवि)।

महेसर पुं [महेश्वर] १ महादेव, शिव (पउम ३५, ६४; धर्मवि १२८)। २ जिनदेव, अर्हन् (पउम १०६, १२)। ३ श्रीमन्त, आढ्य (सिरि ४२)। ४ भूतवादि देवों के उत्तर दिशा का इन्द्र (इक)। °**दत्त** पुं [°दत्त] एक पुरोहित (विपा १, ५)।

महेसि देखो मह-रिसि (सम १२३; पण्ह १, १; उप ३५७; ७२८ टी; अभि ११८)।

महोअर पुं [महोदर] १ रावण का एक भाई (से १२, ५४)। २ वि. बहु-भक्षी (निचू १)।

महोअहि पुं [महोदधि] महासागर (से ५, २, महा)। °रव पुं [°रव] वानर-वंश का एक राजा (पउम ६, ६३)।

महोच्छव देखो महूसव (सुर ६, ११०)।

महोदहि देखो महोअहि (पण्ह २, ४; उप ७२८ टी)।

महोरग पुं [महोरग] १ व्यन्तर देवों की एक जाति (पण्ह १, ४—पत्र ६८; इक)। २ बड़ा साँप। ३ महा-काय सर्प की एक जाति (पण्ह १, १—पत्र ८)। °त्थ न [°स्त्र] अस्त्र-विशेष (महा)।

महोरगकंठ पुं [महोरगकण्ठ] रत्न-विशेष (राय ६७)।

महोसव देखो महूसव (नाट—रत्ना २४)।

महोसहि स्त्री [महौषधि] श्रेष्ठ औषधि (गउड)।

मा अ [मा] मत, नहीं (चेइय ६८४; प्रासू २१)।

मा स्त्री [मा] १ लक्ष्मी, दौलत (से ३, १५; सुर १६, ५२)। २ शोभा (से ३, १५)।

मा, माअ अक [मा] १ समाना, अटना। २ सक. माप करना। ३ निश्चय करना, जानना। माइ, माअइ, माइजा, माएजा (पव ४०; कुमा; प्राकृ ६६; संवेग १८; औप)। वकृ. मंत, माअंत (कुमा; ४, ३०, से २, ६; गा २७८)। कवकृ. मिज्जंत, मिज्जमाण (से ७, ६६; सम ७६; जीवस १४४)। कृ. माअव्व; 'वाया सहस्स-मइया', माइअ (से ६, ३; महा; कप्प)। देखो मेअ = मेय।

माअडि पुं [मातलि] इन्द्र का सारथि (से १५, ५१)।

माअरा देखो माइ = मातृ (कुमा; हे ३, ४६)।

माअलि देखो माअडि (से १५, ४६)।

माअलिआ स्त्री [दे] मातृष्वसा, माता की बहन (दे ६, १३१)।

माअही स्त्री [मागधी] काव्य की एक रीति (कप्पू)। देखो मागहिआ।

माआरा, माइ स्त्री [मातृ] १ माँ, जननी (षड्; ठा ४, ३; कुमा; सुपा ३७७)। २ देवता, देवी (हे १, १३५; ३, ४६; सुख ३, ६)। ३ स्त्री, नारी। ४ माया (पंचा १७, ४८)। ५ भूमि। ६ विभूति। ७ लक्ष्मी। ८ रेवती। ९ आखुकर्णी। १० जटामांसी। ११ इन्द्र-वारुणी, इन्द्रायण (षड्; हे १, १३५; ३, ४६)। °घर न [°गृह] देवी-मन्दिर (सुख ३, ६)। °ट्ठाण, °ठाण न [°स्थान] १ माया-स्थान (पंचा १७, ४८; सम ३६)। २ माया, कपट-दोष (पंचा १७, ४८; उवर ८४)। °मेह पुं [°मेध] यज्ञ-विशेष, जिसमें माता का वध किया जाय वह यज्ञ (पउम ११, ४२)। °हर देखो °घर (हे १, १३५)। देखो माउ, माया = मातृ।

माइ वि [मायिन्] माया-युक्त, मायावी (भग; कम्म ४, ४०)।

माइ अ [मा] मत, नहीं (प्राकृ ७८)।

माइ, माइअ वि [दे] १ रोमश, रोमवाला, प्रभूत बालों से युक्त (दे ६, १२८; णाया १, १८—पत्र २३७)। २ मयूरित, पुष्प-विशेषवाला (औप; भग; णाया १, १ टी—पत्र ५; अंत)।

माइअ वि [मात] समाया हुआ, अटा हुआ (सुख ६, १)।

माइअ वि [मायिक] मायावी (दे ६, १४७; णाया १, १४)।

माइअ वि [मात्रिक] मात्रा-युक्त, परिमित (तंदु २०; पन्ह १, ४ पत्र ६८)।

माइअ देखो मा = मा।

माई देखो माइ = मा (हे २, १६१; कुमा)।

माइंगण न [दे] वृन्ताक, भंटा (उप ५६३)।

माइंद [दे] देखो मायंद (प्राप्र, स ४१६)।

माइंद पुं [मृगेन्द्र] सिंह, केसरी; 'एक्कसर-पहरदारियमाइंदगइंदजुज्झमाभिडिए' (वज्जा ४२)।

माइंदजाल, माइंदयाल न [मायेन्द्रजाल] माया-कर्म, बनावटी प्रपंच (सुर २, २२६; स ६६०)।

माइंदा स्त्री [दे] आमलकी, आमला का गाछ (दे ६, १२६)।

माइण्हिआ स्त्री [मृगतृष्णिका] धूप में जल की भ्रान्ति (उप २२० टी; मोह २३)।

माइलि वि [दे] मृदु, कोमल (दे ६, १२६)।

माइल्ल देखो माइ = मायिन् (सूअ १, ४, १, १८, आचा; भग, ओघ ४१३; पउम ३१, ५१; औप; ठा ४, ४)।

माइवाह, माईवाह पुंस्त्री [दे. मातृवाह] द्वीन्द्रिय जन्तु-विशेष, क्षुद्र कीट-विशेष (उत्त ३६, १२६, जी १५; पुष्फ २६५)। स्त्री. °हा (सुख १८, ३५; जी १५)।

माउ देखो माइ = मातृ (भग; सुर १, १७६, औप; प्रामा कुमा; षड्; हे १, १३४; १३५)। °ग्गाम पुं [°ग्राम] स्त्री-वर्ग (बृह १)। °च्छा देखो °सिआ (हे २, १४२; गा ६४८)। °पिउ पुं [°पितृ] माँ-बाप (सुर १, १७६)। °म्महो स्त्री [°मही] माँ की माँ, नानी (रंभा २०)। °सिआ, °सी, °स्सिआ स्त्री [°ष्वसृ] माँ की बहन, मौसी (हे २, १४२; कुमा; विपा १, ३; सुर ११, २१६; पि १४८; विपा १, ३—पत्र ४१)।

माउ, माउअ वि [मातृ, °क] १ प्रमाता, प्रमाण-कर्ता, सत्य ज्ञानवाला। २ परिमाण-कर्ता, नापनेवाला। ३ पुं. जीव। ४ आकाश; 'माऊ', 'माउओ' (षड्; हे १, १३१; प्राप्र; प्राकृ ८; हे १, १३४)।

माउअ वि [मातृक] माता-संबन्धी (हे १, १३१; प्राप्र; प्राकृ ८; राज)।

माउअ पुंन [मातृक, °का] १ अकार आदि छयालीस अक्षर; 'बंभीए णं लिवीए छायालीसं माउयक्खरा' (सम ६६; आव ५)। २ स्वर। ३ करण (हे १, १३१; प्राप्र; प्राकृ ८)। नीचे देखो।

माउआ स्त्री [मातृका] १ माता, माँ (णाया १, ६—पत्र १५८)। २ ऊपर देखो (सम ६६)। °पय पुंन [°पद] शास्त्रों के सार-भूत शब्द—उत्पाद, व्यय और ध्रौव्य (सम ६६)।

माउआ स्त्री [दे. मातृका] दुर्गा, पार्वती, उमा (दे ६, १४७)।

माउआ स्त्री [दे] १ सखी, सहेली (दे ६, १४७; पाअ; णाया १, ६—पत्र १५८)। २ ऊपर के होठ पर के बाल, मूँछ; 'रत्तगंड-

मंसुयाहिं माउयाहिं उवसोहियाइं' (णाया १, ६—पत्र १५८)।

माउआपय न [मातृकापद] मूलाक्षर, 'अ' से 'ह' तक के अक्षर (दसनि १, ८)।

माउक्क वि [मृदु, °क] कोमल, कुमार (हे १, १२७; २, ६६; कुमा)।

माउक्क न [मृदुत्व] कोमलता (हे १, १२७; २, २; कुमा)।

माउच्छा स्त्री [दे. मातृष्वसृ] देखो माउ-च्छा (षड्)।

माउच्छा स्त्री [दे] सखी, सहेली (षड्)।

माउच्छ वि [दे] मृदु, कोमल (दे ६, १२६)।

माउत्त } देखो माउक्क = मृदुत्व (कुमा; हे
माउत्तण } २; २; षड्)।

माउल पुं [मातुल] माँ का भाई, मामा (सुर ३, ८१; रंभा; महा)।

माउलिअ देखो मउलिअ (से ११, ६१)।

माउलिंग देखो माहुलिंग (राज)।

माउलिंगा } स्त्री [मातुलिङ्गा, °ङ्गी] बोजौरे
माउलिंगी } का गाछ (पराण १—पत्र ३२; पउम ४२, ६)।

माउलुंग देखो माहुलिंग (हे १, २१४; अनु)।

मागंदिअ पुं [माकन्दिक] माकन्दिकपुत्र नामक एक जैन मुनि (भग १८—१ टी)। °**पुत्त** पुं [°पुत्र] वही अर्थ (भग १८, ३)।

मागसीसी स्त्री [मार्गशीर्षी] १ अगहन मास की पूर्णिमा। २ अगहन की अमावास्या (इक)।

मागह } वि [मागध °क] १ मगध-
मागहय } देशीय, मगध देश में उत्पन्न, मगध देश का, मगध-संबन्धी (ओघ ७१३; विसे १४६६; पव ६१; णाया १, ८; पउम ६६, ५५)। २ पुं. स्तुति-पाठक, बन्दी, चारण (पाअ; औप)। °**भासा** स्त्री [°भाषा] देखो मागहिआ का पहला अर्थ (राज)।

मागहिआ स्त्री [मागधिका] १ मगध देश की भाषा, प्राकृत भाषा का एक भेद। २ कला-विशेष (औप)। ३ छन्द-विशेष (सुख २, ४५; अजि ४)।

माघवई स्त्री [माघवती] सातवीं नरक-भूमि (पव १४३; इक; ठा ७—पत्र ३८८)।

माघवा } [माघवा, °वी] ऊपर देखो; 'मघव
माघवी } त्ति माघव त्ति य पुढवीणं नामधेयाइं' (जीवस १२; इक)।

माज्जार देखो मज्जार (संक्षि २)।

माडंबिअ पुं [माडम्बिक] १ 'मडंब' का अधिपति (णाया १, १; औप; कप्प)। २ प्रत्यन्त—सीमा-प्रान्त का राजा (पराह १, ५—पत्र ६४)।

माडंबिय वि [माडम्बिक] चित्र-मंडप का अध्यक्ष (राय १४१)।

माडिअ न [दे] गृह, घर (दे ६, १२८)।

माढर पुं [माठर] १ सौधर्मेन्द्र के रथ-सैन्य का अधिपति (ठा ५, १—पत्र ३०३, इक)। २ न. गोत्र-विशेष (कप्प)। ३ शास्त्र-विशेष (णंदि)।

माढर पुंस्त्री [माठर] माठर-गोत्र में उत्पन्न (णंदि ४६)।

माढरी स्त्री [माठरी] वनस्पति-विशेष (पराण १—पत्र ३६)।

माढिअ वि [माठित] सन्नाह-युक्त, वर्मित (कुमा)।

माढी स्त्री [माठी] कवच, वर्म, बख्तर (दे ६, १२८ टी; पराह १, ३—पत्र ४४; पाअ; से १२, ६२)।

माण सक [मानय्] १ सम्मान करना, आदर करना। २ अनुभव करना। माणइ, माणेइ, माणंति, माणेमि (हे १, २२८; महा; कुमा; सिरि ६६)। वकृ. **माणंत, माणेमाण** (सुर २, १८२; णाया १, १—पत्र ३३)। कवकृ. **माणिज्जंत** (गा ३२०)। हेकृ. **माणिउं, माणेउं** (महा; कुमा)। कृ. **माणणिज्ज, माणणीअ माणेयव्व** (उवा; सुर १२, १६५; अभि १०७; उप १०३१ टी); 'जया य माणिमो होइ पच्छा होइ अ-माणिमो' (दसचू १, ५)।

माण पुंन [मान] १ गर्व, अहंकार, अभिमान; 'अड्ढढीकयमारिणसिमाणो' (कुमा), 'पुव्वं विबुहसमक्खं गुरुणो एयस्स खंडियं माणं' (सम्मत्त ११६)। २ माप, परिमाण। ३ नापने का साधन, बाट—बटखरा आदि (अणु; कप्प; जी ३०; श्रा १४)। ४ प्रमाण, सबूत (विसे ६४६; धर्मसं ५२५)। ५ आदर, सत्कार (णाया १,१; कप्प)। ६ पुं. एक श्रेष्ठि-पुत्र (सुपा ५४५)। °**इंत**, °**इत्त**, °**इल्ल** वि [°वत्] मान-वाला (षड्; हे २,१५६; हेका ७३; पि ५६५) स्त्री. °**त्ता**, °**त्ती** (कुमा; गउड)। °**तुंग** पुं [°तुङ्ग] एक प्राचीन जैन कवि (नमि २१)। °**वई** स्त्री [°वती] १ मानवाली स्त्री (से १०, ६६)। २ रावण की एक पत्नी (पउम ७४, ११)। °**संघ** न [°संघ] एक विद्याधर-नगर (इक)। °**वाइ** वि [°वादिन्] अहंकारी (आचा)।

माण वि [मान] मान-संबन्धी, मान का; 'कोहाए माणाए मायाए' (पडि)।

माण न [दे] परिमाण-विशेष, दस शेर का नाप; गुजराती में 'माणु' (उप १५४)।

माणंसि वि [दे] १ मायावी, कपटी (दे ६, १४०; षड्)। २ स्त्री. चन्द्र-वधू (दे ६, १४७)।

माणंसि देखो मणंसि (काप्र १६६; संक्षि १७; षड्)।

माणण न [मानन] १ आदर, सत्कार (आचा)। २ मानना (रयण ८४)। ३ अनुभव। ४ सुख का अनुभव; 'सुहसमाणणे' (अजि ३१)।

माणणा स्त्री [मानना] ऊपर देखो (पराह २, १; रयण ८४)।

माणय देखो माण = (दे) (सुपा ३५८)।

माणव पुं [मानव] १ मनुष्य, मर्त्य (पाअ; सुपा २४३)। २ भगवान् महावीर का एक गण (ठा ६—पत्र ४५१; कप्प)।

माणवग } पुं [मानवक] १ एक निधि,
माणवय } अस्त्र-शस्त्रों की पूर्त्ति करनेवाला निधि (उप ६८६ टी; ठा ६—पत्र ४४६; इक)। २ ज्योतिष्क ग्रह-विशेष, एक महाग्रह (ठा २, ३; सुज २०)। ३ सौधर्म देवलोक का एक चैत्य-स्तम्भ (सम ६३)।

माणवी स्त्री [मानवी] एक विद्या-देवी (संति ६)।

माणस न [मानस] १ सरोवर-विशेष (पराह १, ४; औप; महा, कुमा)। २ मन, अन्तः-करण (पाअ; कुमा)। ३ वि. मन-संबन्धी,

मन का (सुर ४, ७५)। ४ पुं. भूतानन्द के गन्धर्व-सैन्य का नायक (इक)।

माणसिअ वि [मानसिक] मन-संबन्धी, मन का (श्रा २४; औप)।

माणसिआ स्त्री [मानसिका] एक विद्या-देवी (संति ६)।

माणि वि [मानिन्] १ मान-युक्त, मानवाला (उव; कुप्र २७६; कम्म ४, ४०)। स्त्री. °णिणी (कुमा)। २ पुं. रावण का एक सुभट (पउम ५६ २)। ३ पर्वत-विशेष। ४ कूट-विशेष (राज; इक)।

माणिअ वि [दे. मानित] अनुभूत (दे ६, १३०; पाअ)।

माणिअ वि [मानित] सत्कृत (गउड)।

माणिक्क न [माणिक्य] रत्न-विशेष, माणिक (सुपा २१७; वज्जा २०; कप्पू)।

माणिग देखो माणि (पउम ७३, २७)।

माणिभद्द पुं [माणिभद्र] १ यक्ष-निकाय के उत्तर दिशा का इन्द्र (ठा २, ३—पत्र ८५; इक)। २ यक्षदेवों की एक जाति (सिरि ६६६; इक)। ३ देव-विशेष। ४ शिखर-विशेष (राज; इक)। ५ एक देव-विमान (राज)।

माणिम देखो माण = मानय्।

माणी स्त्री [मानिका] २५६ पलों का एक माप (अणु १५२)।

माणुस पुंन [मानुष] १ मनुष्य, मानव, मर्त्य (सूअ १, ११, ३; पण्ह १, १; उव; सुर ३, ५६; प्राप्र; कुमा); 'जं पुण हियियाणंदं जणेइ तं माणुसं विरलं' (कुप्र ६), 'मयाणि माइपिइपमुहमाणुसाणि सव्वाणि' (कुप्र २६)। २ वि. मनुष्य-संबन्धी; 'तिविहं कहावत्थुं ति पुव्वायारियपवाओ, तं जहा, दिव्वं दिव्वमाणुसं माणुसं च' (स २)।

माणुसी स्त्री [मानुषी] १ स्त्री-मनुष्य, मानवी (पव २४१; कुप्र १६०)। २ मनुष्य से संबन्ध रखनेवाली; 'माणुसी भासा' (कुप्र ६७)।

माणुसुत्तर } पुं [मानुषोत्तर] १ पर्वत-
माणुसोत्तर } विशेष, मनुष्यलोक का सीमा-कारक पर्वत (राज; ठा ३, ४; जीव ३)। २ न. एक देव-विमान (सम २)।

माणुस्स देखो माणुस (आचा; औप; धर्मवि १३; उपपं २; विसे ३००७); 'माणुस्सं लोगं' (ठा ३, ३—पत्र १४२), 'माणुस्सगाइं भोगभोगाइं' (कप्प)।

माणुस्स } न [मानुष्य, °क] मनुष्यत्व,
माणुस्सय } मानुसपन, मनुष्यता (सुपा १६६; स १३१ प्रासू ४७; पउम ३१, ८१)।

माणुस्सी देखो माणुसी (पव २४०)।

माणूस देखो माणुस (सुर २, १७२; ठा ३, ३—पत्र १४२)।

माणेसर पुं [माणेश्वर] माणिभद्र यक्ष (भवि)।

माणोरामा (अप) स्त्री [मनोरमा] छन्द-विशेष (पिंग)।

मातंग देखो मायंग (औप)।

मातंजण देखो मायंजण (ठा २, ३—पत्र ८०)।

मातुलिंग देखो माहुलिंग (आचा २, १, ८, १)।

मादलिआ स्त्री [दे] माता, जननी (दे ६, १३१)।

मादु देखो माउ = स्त्री (प्राकृ ८)।

माधवी देखो माहवी = माधवी (हास्य १३३)।

माभाइ पुंस्त्री [दे] अभय-प्रदान, अभय-दान, अभय (दे ६, १२६; षड्)।

माभीसिअ न [दे] ऊपर देखो (दे ६, १२६)।

माम अ. कोमल आमन्त्रण का सूचक अव्यय (पउम ३८, ३६)।

माम } पुं [दे] मामा, माँ का भाई (सुपा
मामग } १६; १६५)।

मामग } वि [मामक] १ मदीय, मेरा
मामय } (आचा; अच्चु ७३)। २ ममतावाला (सूअ १, २, २, २८)।

मामय देखो मामग = (दे) (पउम ६८, ५५; स ७३१)।

मामा स्त्री [दे] मामी, मामा की बहू (दे ६, ११२)।

मामाय वि [मामाक] 'मा' 'मा' बोलनेवाला, निवारक (ओघ ४३५)।

मामास पुं [मामाष] १ अनार्य देश-विशेष। २ अनार्य देश में रहनेवाली मनुष्य-जाति (इक)।

मामि अ. सखी के आमन्त्रण में प्रयुक्त किया जाता अव्यय (हे २, १६५; कुमा)।

मामिया } स्त्री [दे] मामा की बहू (विपा
मामी } १, ३—पत्र ४१; दे ६, ११२; गा २०४; प्राकृ ३८)।

माय वि [मात] समाया हुआ (कम्म ५, ८५ टी; पुप्फ १७२; महा)।

माय वि [मायावत्] कपटवाला, 'कोहाए माणाए मायाए लोभाए' (पडि)।

माय देखो मेत = मात्र; 'लोमुक्खणणमायमवि' (सूअ २, १, ४८)।

माय° देखो माया = माया (आचा)।

माय° देखो मत्ता = मात्रा। °न्न वि [°ज्ञ] परिमाण का जानकार (सूअ २, १, ५७)।

मायइ स्त्री [दे] वृक्ष-विशेष (पउम ५३, ७६)।

मायंग पुं [मातङ्ग] १ भगवान् सुपार्श्वनाथ का शासनयक्ष। २ भगवान् महावीर का शासन-यक्ष (संति ७, ८)। ३ हस्ती, हाथी (पाअ; सुर १, ११)। ४ चाण्डाल, डोम (पाअ)।

मायंगी स्त्री [मातङ्गी] १ चाण्डालिन (निचू १)। २ विद्या-विशेष (आचू १)।

मायंजण पुं [मातञ्जन] पर्वत-विशेष (इक)।

मायंड पुं [मार्तण्ड] सूर्य, रवि (सुपा २४२; कुप्र ८७)।

मायंद पुं [दे. माकन्द] आम्र, आम का पेड़ (हे २, १७४; प्राप्र; दे ६, १२८; कुप्र ७१; १०६)।

मायंदिअ देखो मागंदिअ (भग १८, १)।

मायंदी स्त्री [माकन्दी] नगरी-विशेष (स ६; कुप्र १०६)।

मायंदी स्त्री [दे] श्वेताम्बर साध्वी (दे ६, १२६)।

मायण्हिया स्त्री [मृगतृष्णिका] किरण में जल की भ्रान्ति, मरु-मरीचिका;

'जह मुद्धमओ मायण्हियाए
तिसिओ करेइ जल-बुद्धिं।
तह निव्विवेयपुरिसो
कुणइ अधम्मेवि धम्ममइं'
(सुपा ५००)।

मायहिय (अप) देखो **मागहिया** (भवि)।

माया देखो **माइ** = मातृ; 'मायाइ अहं भणिओ' (धर्मवि ५; पाअ; विपा १,६; षड्)। °**पिइ**, °**पिति** पुंन [°पितृ] माँ-बाप (पि ३६१; स १८४)। °**मह** पुं [°मह] माँ का बाप (सुर ११, ४६; सुपा ३८४)। °**वित्त** देखो °**पिइ**; 'दुहियाण होइ सरणं मायावित्तं महिलियाणं' (पउम १७, २१); 'तेणेव देवेण तहिं मायावित्ताइं रोवमाणाइं' (सुर ६, २३५; १, २३६; धर्मवि २१, महा)।

माया देखो **मत्ता** = मात्रा; 'नो अइमायाए पाणभोयणं आहारेत्ता (उत्त १६, ८; औप; उवः कस)।

माया स्त्री [माया] १ कपट, छल, शाठ्य, धोखा (भग; कुमाः ठा ३, ४; पाअ; प्रासू १७५)। २ इन्द्रजाल (दे ३, ५३; उप ८२३)। ३ मन्त्राक्षर-विशेष; 'ह्रीँ' अक्षर (सिरि १६७)। ४ छन्द-विशेष (पिंग)। °**णर** पुं [°नर] पुरुष-वेश-धारी स्त्री-आदि (धर्मसं १२७८)। °**बीय** न [°बीज] 'ह्रीँ' अक्षर (सिरि ४०१)। °**मोस** पुंन [°मृषा] कपट-पूर्वक असत्य वचन (णाया १, १; पण्ह १, २; भग; औप)। °**वत्तिअ**, °**वत्तीय** वि [°प्रत्ययिक] कपट से होनेवाला, छल-मूलक (भग; ठा २, १: नव १७)। °**वि** वि [°विन्] मायायुक्त (पउम ८८, ११)। स्त्री. °**विणी** (सुपा ६२७)।

मायि वि [मायिन्] माया-युक्त, मायावी (उवा; पि ४०५)।

मार सक [मारय्] १ ताड़न करना। २ हिंसा करना। मारइ, मारेइ (आचा; कुमा; भग)। भवि. मारेहिसि (पि ५२८)। कर्म. मारिज्जइ (उव)। वकृ. **मारंत**, **मारेंत** (भत्त ६२; पउम १०५, ७६)। कवकृ. **मारिज्जंत** (सुपा १५७)। संकृ. **मारेत्ता** (महा), **मारि** (अप) (हे ४, ४३९)। हेकृ. **मारेउं** (महा)। कृ. **मारियव्व**, **मारेयव्व** (पउम ११, ४२), **मारणिज्ज** (उप ३५७ टी)।

मार पुं [मार] १ ताड़न (सुपा २२६)। २ मरण, मौत (आचा; सूअ २, २, १७; उप पृ ३०८)। ३ यम, जम (सूअ १, १, ३, ७)। ४ कामदेव, कंदर्प (उप ७६८ टी)। ५ चौथा नरक का एक नरकावास (ठा ४, ४—पत्र २६५; देवेन्द्र १०)। ६ वि. मारनेवाला (णाया १, १६—पत्र २०२)। °**वहू** स्त्री [°वधू] रति (सुपा ३०४)।

मार पुं [मार] मणि का एक लक्षण (राय ३०)।

मारग वि [मारक] मारनेवाला। स्त्री. °**रिगा** (कुप्र २३५)।

मारण न [मारण] १ ताड़न। २ हिंसा (भग; स १२१)।

मारणअ (अप) वि [मारयितृ] मारनेवाला (हे ४, ४४३)।

मारणंतिअ वि [मारणान्तिक] मरण के अन्त समय का (सम ११; ११६; औप; उवा; कप्प)।

मारणया } स्त्री [मारणा] मारना (भग;
मारणा } पण्ह १, १; विपा १, १)।

मारय देखो **मारग** (उवः संबोध ४३)।

मारा स्त्री [मारा] प्राणि-वध का स्थान, सूना (णाया १, १६—पत्र २०२)।

मारि स्त्री [मारि] १ रोग-विशेष, मृत्यु-दायक रोग (स २४२)। २ मारण (आवम)। ३ मौत, मृत्यु (उप ३२६)।

मारि देखो **मार** = मारय्।

मारि वि [मारिन्] मारनेवाला (महा)।

मारिज्ज पुं [मारीच] रावण का एक सुभट (पउम ५९, ७)। देखो **मारीअ**।

मारिज्जि देखो **मारिइ** (पउम ८२, २६)।

मारिय वि [मारित] मारा हुआ (महा)।

मारिलग्गा स्त्री [दे] कुत्सित स्त्री (दे ६, १३१)।

मारिव पुंन [दे] गौरव, 'गौरवे मारिवे' (संक्षि ४७)।

मारिस वि [मादृश] मेरे जैसा (कुमा)।

मारी स्त्री [मारी] देखो **मारि** (स २४२)।

मारिअ पुं [मारीच] ऋषि-विशेष (अभि २४६)। देखो **मारिज्ज**।

मारीइ } पुं [मारीचि] एक विद्याधर
मारीजि } सामन्त राजा (पउम ८, १३२)। २ रावण का एक सुभट (पउम ५६, २७)।

मारुअ पुं [मारुत] १ पवन, वायु (पाअ; सुपा २०४; सुर ३, ४०; १३, १६४; अप १४; महा)। २ हनूमान का पिता (से २, ४४)। °**तणय** पुं [°तनय] हनूमान (से ४४; हे ३, ८७)। °**त्थ** न [°अस्त्र] अस्त्र-विशेष, वातास्त्र (पउम ५६, ६१)।

मारुअ वि [मारुक] मरु देश का, मरु-संबन्धी; 'णो अमयवल्लरी मारुयम्मि कत्थइ थले होइ' (उप ९८६ टी)।

मारुइ पुं [मारुति] हनूमान (से १, ३७)।

माल अक [माल्] १ शोभना। २ वेष्टित होना। कृ 'अच्चिसहस्समालणीयं' (णाया १, १—पत्र ३८)।

माल पुं [दे] १ आराम, बगीचा (दे ६, १४६)। २ मञ्च, आसन-विशेष (दे ६, १४६; णाया १, १—पत्र ६३; पंचा १३, १४)। ३ वि. मञ्जु (दे ६, १४६)।

माल पुं [दे. माल] १ देश-विशेष (पउम ९८, ६५)। २ घर का उपरि-भाग, तला, मंजिल; गुजराती में 'माळो' (णाया १, ६—पत्र ५७; चेइय ४८१; पंचा १३, १४; ठा ३, ४—पत्र १५६)। ३ वनस्पति-विशेष (जं १)।

माल° देखो **माला**। °**गार** वि [°कार] माली (उप पृ १६६)।

मालइ° } स्त्री [मालती] १ लता-विशेष।
मालई } २ पुष्प-विशेष (पउम ५३, ७९; पाअ; कुमा)। ३ छन्द-विशेष (पिंग)।

मालंकार पुं [मालङ्कार] वैरोचन बलीन्द्र के हस्ति-सैन्य का अधिपति (ठा ५, १—पत्र ३०२; इक)।

मालणीय देखो **माल** = माल्।

मालय देखो **माल** = दे. माल (ठा ३, १—पत्र १२३)।

मालव पुं [मालव] १ भारतीय देश-विशेष (इक; उप १४२ टी)। २ मालव देश का निवासी मनुष्य (पण्ह १, १—पत्र १४)।

मालव पुं [मालव] म्लेच्छ-विशेष, आदमी को उठा ले जानेवाली एक चोर जाति (वव ४)।

मालवंत पुं [माल्यवत्] १ पर्वत-विशेष (ठा २, ३—पत्र ६९; ८०; सम १०२)। २ एक रामकुमार (पउम ६, २२०)। °परियाग, °परियाय पुं [°पर्याय] पर्वत-विशेष (ठा २, ३—पत्र ८०; ६९)।

मालविणी स्त्री [मालविनी] लिपि-विशेष (विसे ४६४ टी)।

माला स्त्री [माला] १ फूल आदि का हार, 'मल्लं माला दामं' (पाअ; स्वप्न ७२; सुपा ३१६; प्रासू ३०; कुमा)। २ पंक्ति, श्रेणी (पाअ)। ३ समूह; 'जलमालकद्दमालं' (सूअनि १६१)। ४ छन्द-विशेष (पिंग)। °इल्ल वि [°वत्] माला वाला (प्राप्र)। °कारि वि [°कारिन्] माली, पुष्प-व्यवसायी। स्त्री. °णी (सुपा ५१०)। °गार वि [°कार] वही अर्थ (उप १४२; टी; अंत १८, सुपा ५६२; उप पृ १५९)। °धर पुं [°धर] प्रतिमा के ऊपर के भाग की रचना-विशेष (चेइय ९३)। °यार, °र देखो °कार (अंत १८; उप पृ १५७; गा ५९६)। स्त्री. °री (कुमा; गा ५९७)। °हरा स्त्री [°धरा] छन्द-विशेष (पिंग)।

माला स्त्री [दे] ज्योत्स्ना, चन्द्रिका (दे ६, १२८)।

मालाकुंकुम न [दे] प्रधान कुंकुम (दे ६, १३२)।

मालि पुंस्त्री [मालि] वृक्ष-विशेष (सम १५२)।

मालि पुं [मालिन्] १ पाताल-लंका का एक राजा (पउम ६, २२०)। २ देश-विशेष (इक)। ३ वि. माली, पुष्प-व्यवसायी (कुमा)। ४ शोभनेवाला (कुमा)।

मालिअ पुं [मालिक] ऊपर देखो (दे २, ८; 'पण्ह १, २; सुपा २७३; उप पृ १५७)।

मालिअ वि [मालित] शोभित, विभूषित; 'परलोए पुण्ण कल्लाणमालिआमालिआ कमेणेव' (सा २३; पाअ; उप २६४ टी)।

मालिआ स्त्री [मालिका, माला] देखो माला = माला (सा २३; स्वप्न ५३; औप; उवा)।

मालिज्ज न [मालीय] एक जैन मुनि-कुल (कप्प)।

मालिणी स्त्री [मालिनी] १ माली की स्त्री (कुमा)। २ शोभनेवाली (औप)। ३ छन्द-विशेष (पिंग)। ४ मालावाली (गउड)।

मालिण्ण, मालिन्न न [मालिन्य] मलिनता (उप पृ २२; सुपा ३५२; ५८६)।

मालुग, मालुय पुं [मालुक] १ त्रीन्द्रिय जन्तु-विशेष (सुख ३६, २८)। २ वृक्ष-विशेष (पण्ण १—पत्र ३१; णाया १, २—पत्र ७८)।

मालुया स्त्री [मालुका] १ वल्ली, लता (सूअ १, ३, २, १०)। २ वल्ली-विशेष (पण्ण १—पत्र ३३)।

मालुहाणी स्त्री [मालुधानी] लता-विशेष (गउड)।

मालूर पुं [दे. मालर] कपित्थ, कैथ का गाछ (दे ६, १३०)।

मालूर पुं [मालूर] १ बिल्व वृक्ष, बेल का गाछ (दे ३, १९; गा ५७९; गउड, कुमा)। २ न. बेल का फल (पाअ; गउड)।

माह्व, माम्वह पुं [मातुल] मामा (पुष्पमाला ३२ श्लो० ८ भवभावना)।

माविअ वि [मापित] मापा हुआ (से ६, ६०; दे ८, ४८)।

मास देखो मंस = मांस (हे १, २९; ७०; कुमा; उप ७२८ टी)।

मास पुं [मास] १ महिना, तीस दिन का समय (ठा २, ४; उप ७६८ टी; जी ३५)। २ समय, काल; 'कालमासे कालं किच्चा' (विपा १, १; २; कुप्र ३५), 'पसवमासे' (कुप्र ४०४)। ३ पर्व—वनस्पति-विशेष; 'वीरुणा- (? णी) तह इक्कडे य मासे य' (पण्ण १—पत्र ३३)। °उस देखो °तुस (राज)। °कप्प पुं [°कल्प] एक स्थान में महिना तक रहने का आचार (बृह ६)। °खमण न [°क्षपण] लगातार एक मास का उपवास (णाया १, १; विपा २, १; भग)। °गुरु न [°गुरु] तप-विशेष, एकाशन तप (संबोध ५७)। °तुस पुं [°तुष] एक जैन मुनि (विवे ५१)। °पुरी स्त्री [°पुरी] १ नगरी-विशेष, भृंगी देश की राजधानी (इक)। २ 'वर्त' देश की राजधानी; 'पावा भंगी य, मासपुरी वट्टा' (पव २७५)। °पूरिया स्त्री [°पूरिका] एक जैन मुनि-शाखा (कप्प)। °लहु न [°लघु] तप-विशेष, 'पुरिमड्ढ' तप (संबोध ५७)।

मास पुं [माष] १ अनार्य देश-विशेष। २ देश-विशेष में रहनेवाली मनुष्य-जाति (पण्ह १, १—पत्र १४)। ३ धान्य-विशेष, उड़द (दे १, ९८)। ४ परिमाण विशेष, मासा (वज्जा १००)। °पण्णी स्त्री [°पर्णी] वनस्पति विशेष (पण्ण १—पत्र ३६)।

मासल देखो मंसल (हे १, २९; कुमा)।

मासलिय वि [मांसलित] पुष्ट किया हुआ (गउड; सुपा ४७४)।

मासाहस पुं [मासाहस] पक्षि-विशेष, 'मासाहससउणिसमो किं वा चिट्ठामि घंघलिओ' (संवे ६; उव; उर ३, ३)।

मासिअ पुं [दे] पिशुन, खल, दुर्जन (दे ६, १२२)।

मासिअ वि [मासिक] मास-सम्बन्धी (उवा; औप)।

मासिआ स्त्री [मातृष्वसृ] माँ की बहिन (धर्मवि २२)।

मासु देखो मंसु = श्मश्रु (हे २, ८६)।

मासुरी स्त्री [दे] श्मश्रु, दाढ़ी-मूँछ (दे ६, १३०; पाअ)।

माह पुं [माघ] १ मास-विशेष, माघ का महिना (पाअ; हे ४, ३५७)। २ संस्कृत का एक प्रसिद्ध कवि। ३ एक संस्कृत काव्य-ग्रंथ, शिशुपाल-वध काव्य (हे १, १८७)।

माह न [दे] कुन्द का फूल (दे ६, १२८)।

माहण पुंस्त्री [माहन, ब्राह्मण] हिंसा से निवृत्त, अहिंसक—१ मुनि, साधु, ऋषि। २ श्रावक, जैन उपासक। ३ ब्राह्मण (आचा; सूअ २, २, ४८; ५४; भग १, ७; २, ५; प्रासू ८०; महा)। स्त्री. °णी (कप्प)। °कुंड न [°कुण्ड] मगध देश का एक ग्राम (आचू १)।

माहप्प पुंन [माहात्म्य] १ महत्त्व, गौरव। २ महिमा, प्रभाव (हे १, ३३; गउड; कुमा; सुर ३, ५३; प्रासू १७)।

माहप्पया स्त्री. ऊपर देखो (उप ७६८ टी)।

माहय पुं [दे] चतुरिन्द्रिय कीट-विशेष (उत्त ३६, १४९)।

माहव पुं [माधव] १ श्रीकृष्ण, नारायण (गा ४४३; वज्जा १३०)। २ वसन्त ऋतु। ३ वैशाख मास (गा ७७७; रुक्मि ५३)। °पणइणी स्त्री [°प्रणयिनी] लक्ष्मी (स ५२३)।

माहविआ स्त्री [माधविका] नीचे देखो (पाअ)।

माहवी स्त्री [माधवी] १ लता-विशेष (गा ३२२; अभि १९९; स्वप्न ३९)। २ एक राज-पत्नी (पउम ६, १२६; २०, १८४)।

माहारयण न [दे] १ वस्त्र, कपड़ा। २ वस्त्र-विशेष (दे ६, १३२)।

माहिंद पुं [माहेन्द्र] १ एक देव-लोक (सम ८)। २ एक इन्द्र, माहेन्द्र देवलोक का स्वामी (ठा २, ३—पत्र ८५)। ३ ज्वर-विशेष; 'माहिंदजरो जाओ' (सुपा ६०६)। ४ दिन का एक मुहूर्त्त (सम ५१)। ५ वि. महेन्द्र-सम्बन्धी (पउम ५५, १६)।

माहिंदफल न [माहेन्द्रफल] इन्द्रयव, कौरैया का बीज (उत्तनि ३)।

माहिल पुं [दे] महिषी-पाल, भैंस चरानेवाला (दे ६, १३०)।

माहिवाय पुं [दे] १ शिशिर पवन (दे ६, १३१)। २ माघ का पवन (षड्)।

माहिसी देखो **महिसी** (कप्प)।

माही स्त्री [माघी] १ माघ मास की पूर्णिमा। २ माघ की अमावस्या (सुज्ज १०, ६)।

माहुर वि [माथुर] मथुरा का (भत्त १४५)।

माहुर न [दे] शाक, तरकारी (दे ६, १३०)।

माहुर, माहुरय वि [माधुर, °क] १ मधुर रस-वाला। २ आम्ल रस से भिन्न रसवाला (उवा)।

माहुरिअ न [माधुर्य] मधुरता (प्राकृ १९)।

माहुलिंग पुं [मातुलिङ्ग] १ बीजपूर वृक्ष; बीजौरानीबू का पेड़ (हे १, २४४; चंड)। २ न. बीजौरे का फल (षड्; कुमा)।

माहेसर वि [माहेश्वर] १ महेश्वर-भक्त (सिरि ४८)। २ न. नगर-विशेष (पउम १०, ३४)।

माहेसरी स्त्री [माहेश्वरी] १ लिपि-विशेष (सम ३५)। २ नगरी-विशेष (राज)।

मि (अप) देखो **अवि**—अपि (भवि)।

मि° स्त्री [मृत्] मिट्टी, मट्टी; 'जह मिल्ले-वावगमादलाबुणोवस्समेव गइभावो' (विसे ३१४२)। °पिंड पुं [°पिण्ड] मिट्टी का पिंडा (अभि २००)। °म्मय वि [°मय] मिट्टी का बना हुआ (उप २४२; पिंड ३३४; सुपा २७०)।

मिअ देखो **मय**=मृग; 'सवणिंदियदोसेणं मिओ मओ वाहबाणेण' (सुर ८, १४२; उत्त १, ५; पण्ह १, १; सम ६०; रंभा; ठा ४, २; पि ५४)। °चक्क न [°चक्र] विद्या-विशेष, ग्राम-प्रवेश आदि में मृगों के दर्शन आदि से शुभाशुभ फल जानने की विद्या (सूअ २, २, २७)। °णअणी, °नयणा स्त्री [°नयना] देखो **मय-च्छी** (नाट; सुर ६; १५३)। °मय पुं [°मद] कस्तूरी (रंभा ३५)। °रिउ पुं [°रिपु] सिंह (सुपा ५७१)। °वाहण पुं [°वाहन] भरतक्षेत्र के एक भावी तीर्थंकर (सम १५३)।

मिअ पुं [मृग] हरिण के आकार का पशु-विशेष, जो हरिण से छोटा और जिसका पुच्छ लम्बा होता है। °लोमिअ वि [°लोमिक] उसके बालों से बना हुआ (अणु ३५)।

मिअ देखो **मित्त**=मित्र (प्राप्र)।

मिअ वि [दे] अलंकृत, विभूषित (षड्)।

मिअ वि [मित] मानोपेत, परिमित (उत्त १६, ८; सम १५२; कप्प)। २ थोड़ा, अल्प; 'मिअं तुच्छं' (पाअ)। °वाइ वि [°वादिन्] आत्मा आदि पदार्थों को परिमित माननेवाला (ठा ८—पत्र ४२७)।

मिअ देखो **मिव**=इव (गा २०६ अ; नाट)।

मिअ° देखो **मिआ**। °ग्गाम पुं [°ग्राम] ग्राम-विशेष (विपा १, १)।

मिअआ स्त्री [मृगया] शिकार (नाट—शकु २७)।

मिअंक पुं [मृगाङ्क] १ चन्द्र, चाँद (हे १, १३०; प्राप्र; कुमा; काप्र १९४)। २ चन्द्र का विमान (सुज्ज २०)। ३ इक्ष्वाकु वंश का एक राजा (पउम ५, ७)। °मणि पुं [°मणि] चन्द्रकान्त मणि (कप्पू)।

मिअंग देखो **मयंग**=मृदंग (कप्पू)।

मिअसिर देखो **मगसिर** (पि ५४)।

मिआ स्त्री [मृगा] १ राजा विजय की पत्नी (विपा १, १)। २ राजा बलभद्र की पत्नी (उत्त १९, १)। °उत्त, °पुत्त पुं [°पुत्र] १ राजा विजय का एक पुत्र (विपा १, १; कर्म १५)। २ राजा बलभद्र का एक पुत्र, जिसका दूसरा नाम बलश्री था (उत्त १९, २)। °वई स्त्री [°वती] १ प्रथम वासुदेव की माता का नाम (सम १५२)। २ राजा शतानीक की पटरानी का नाम (विपा १, ५)।

मिइ स्त्री [मिति] १ मान, परिमाण। २ हद, अवधि; 'किं दुक्करमुदायाणं न मिईं जमुवायसत्तीए' (धर्मवि १४३)।

मिइ देखो **मिउ**=मृत् (धर्मसं ५५८)।

मिइंग देखो **मयंग**=मृदंग (हे १, १३७; कुमा)।

मिइंद देखो **मइंद**=मृगेन्द्र (अभि २४२)।

मिउ स्त्री [मृद्] मिट्टी, मट्टी; 'मिउदंडचक्क-चीवरसामग्गीवसा कुलालुव्व' (सम्मत्त २२४), 'मिउपिंडो दव्वघडो सुसावगो तह य दव्वसाहु त्ति' (उप २५५ टी)।

मिउ वि [मृदु] कोमल, सुकुमार (औप; कुमा; सण)।

मिउ वि [मृदु] मनोज्ञ, सुन्दर; 'मिउमद्दव-संपन्ने' (णंदि ५२)।

मिंचण न [दे] मीचना, निमीलन (दे ३, ३०)।

मिंज°, मिंजा, मिंजिय स्त्री [मज्जा] १ शरीर-स्थित धातु-विशेष, हाड़ के बीच का अवयव-विशेष (पण्ह १, १—पत्र ८; महा; उवा; औप)। २ मध्यवर्त्ती अवयव; 'पेहुण-मिंजिया इवा' (पण्ण १७—पत्र ५२९)।

मिंठ, मिंठिल पुं [दे] हस्तिपक, हाथी का महावत (उप १२८ टी; कुप्र ३६८; महा; भत्त ७६; धर्मवि ८१; १३५; मन १०; उप १३०)। देखो **मेंठ**।

मिंढ, मिंढय पुंस्त्री [मेढ्र] १ मेंढा, भेड़, मेष, गाडर (विसे ३०४ टी; उप पृ २०५; कुप्र १९२), 'ते य दरा मिंढया ते य' (धर्मवि

१४०)। स्त्री. °ढिया (पाअ)। २ न. पुरुष-लिंग, पुरुष-चिह्न (राज)। °मुह पुं [°मुख] १ अनार्य देश-विशेष (पव २७४)। २ न. नगर-विशेष (राज)। देखो मेंढ।

मिंढिय पुं [मेण्ढिक] ग्राम-विशेष (कर्म १)।

मिग देखो मय=मृग (विपा १, ७; सुर २, २२७; सुपा १६८; उव), 'सीहो मिगाणं सलिलाण गंगा' (सूअ १, ६, २१)। °गंध पुं [°गन्ध] युगलिक मनुष्य की एक जाति (इक)। °नाह पुं [°नाथ] सिंह (सुपा ६३२)। °वइ पुं [°पति] सिंह (पगह १, १; सुपा ६३६)। °वालुंकी स्त्री [°वालुङ्की] वनस्पति-विशेष (पगण १७—पत्र ५३०)। °ारि पुं [°ारि] सिंह (उव; सुर ६, २७०)। °ाहिव पुं [°ाधिप] सिंह (पगह २, ५)।

मिगया स्त्री [मृगया] शिकार (सुपा २१४; कुप्र २३; मोह ६२)।

मिगव्व न [मृगव्य] ऊपर देखो (उत्त १८, १)।

मिगसिर देखो मगसिर (सम ८; इक; पि ४३६)।

मिगावई देखो मिआ-वई (पउम २०, १८४ २२, ५५; उव; अंत; कुप्र १८३; पडि)।

मिगी स्त्री [मृगी] १ हरिणी (महा)। २ विद्या-विशेष (राज)। °पद न [°पद] स्त्री का गुह्य स्थान, योनि (राज)।

मिच्चु देखो मच्चु (षड्; कुमा)।

मिच्छ (अप) देखो इच्छ=इष्; 'न उ देइ कप्पु मिच्छइ न न दंडु' (भवि)।

मिच्छ पुं [म्लेच्छ] यवन, अनार्य मनुष्य (पउम २७, १८; ३४, ४१; ती १५; संबोध १६)। °पहु पुं [°प्रभु] म्लेच्छों का राजा (रंभा)। °पिय न [°प्रिय] पलाण्डु, प्याज, लशुन; 'मिच्छप्पियं तु भुत्तं जा गंधो ता न हिंडंति' (बृह ५)। °ाहिव पुं [°ाधिप] यवनों का राजा (पउम १२, १४)।

मिच्छ न [मिथ्य] १ असत्य वचन, झूठ। २ वि. असत्य, झूठा; 'मिच्छं ते एवमाहंसु' (भग), 'तं तहा, नेव मिच्छं' (पउम २३, २६)। ३ मिथ्यादृष्टि, सत्य पर विश्वास नहीं रखनेवाला, तत्त्व का अश्रद्धालु; 'मिच्छो हियाहियविभागनाणसण्णासमन्निओ कोई' (विसे ५१९)।

मिच्छ° देखो मिच्छा (कम्म ३, २; ४)। °कार पुं [°कार] मिथ्या-करण (आवम)। °त्त न [°त्व] सत्य तत्त्व पर अश्रद्धा, सत्य धर्म का अविश्वास (ठा ३, ३; आचा ६; भग; औप; उप ५३१; कुमा)। °त्ति वि [°त्विन्] सत्य धर्म पर विश्वास नहीं करनेवाला, परमार्थ का अश्रद्धालु (दं १८)। °दिट्ठि, °दिट्ठीय, °दिट्ठि, °दिट्ठिय वि [°दृष्टि, °क] सत्य धर्म पर श्रद्धा नहीं रखनेवाला, जिन-धर्म से भिन्न धर्म को माननेवाला (सम २६; कुमा; ठा २, २; औप; ठा १)।

मिच्छा अ [मिथ्या] १ असत्य, झूठा (पाअ)। २ कर्म-विशेष, मिथ्यात्व-मोहनीय कर्म (कम्म २, ४; १४)। ३ गुण-स्थानक विशेष, प्रथम गुण-स्थानक (कम्म २, २; ३; १३)। °दंसण न [°दर्शन] १ सत्य तत्त्व पर अश्रद्धा (सम ८; भग; औप)। २ असत्य धर्म (कुमा)। °नाण न [°ज्ञान] असत्य ज्ञान, विपरीत ज्ञान, अज्ञान (भग)। °सुअ न [°श्रुत] असत्य शास्त्र, मिथ्यादृष्टि-प्रणीत शास्त्र (णंदि)।

मिज्ज अक [मृ] मरना। मिज्जंति (सूअ १, ७, ९)। वकृ. मिज्जमाण (भग)।

मिज्जंत } मिज्जमाण } देखो मा=मा।

मिज्झ वि [मेध्य] शुचि, पवित्र (उप ७२८ टी)।

मिट सक [दे] मिटाना, लोप करना। मिटिज्जसु (पिंग)। प्रयो. मिटावइ (पिंग)।

मिट्ठ वि [मिष्ट, मृष्ट] मीठा, मधुर; 'मुहमिट्ठा मणदुट्ठा वेसा सिट्ठाण कहमिट्ठा' (धर्मवि ६५; कप्पू; सुर १२, १७; हे १, १२८; रंभा)।

मिण सक [मा, मी] १ परिमाण करना, नापना, तोलना। २ जानना, निश्चय करना। मिणइ (विसे २१८६), मिणसु (पव २५४)।

मिणण न [मान] मान, माप, परिमाण (उप पृ ६७)।

मिणाय न [दे] बलात्कार, जबरदस्ती (दे ६, ११३)।

मिणाल देखो मुणाल (प्राकृ ८; रंभा)।

मित्त पुं [मित्र] १ सूर्य, रवि (सुपा ६४५; सुख ४, ६; पाअ; वज्जा १४४)। २ नक्षत्रदेव-विशेष, अनुराधा नक्षत्र का अधिष्ठायक देव (ठा २, ३—पत्र ७७; सुज्ज १०, १२)। ३ अहोरात्र का तीसरा मुहूर्त्त (सम ५१; सुज्ज १०, १३)। ४ एक राजा का नाम (विपा १, २)। ५ पुंन. दोस्त, वयस्य सखा; 'मित्तो सही वयंसो' (पाअ), 'पहाणमित्ता' (स ७०७), 'तिविहो मित्तो हवइ' (स ७१५; सुपा ६४५; प्रासू ७६)। °केसी स्त्री [°केशी] रुचक पर्वत पर रहनेवाली एक दिक्कुमारी देवी; 'अलंबुसा मित (?त्त) केसी' (ठा ८—पत्र ४३७; इक)। °गा स्त्री [°गा] वैरोचन बलीन्द्र की एक अग्र-महिषी, एक इन्द्राणी (ठा ४, १—पत्र २०४)। °णंदि पुं [°नन्दिन्] एक राजा का नाम (विपा २, १०)। °दाम पुं [°दाम] एक कुलकर पुरुष का नाम (सम १५०)। °देवा स्त्री स्त्री [°देवा] अनुराधा नक्षत्र (राज)। °व वि [°वत्] मित्रवाला (उत्त ३, १८)। °सेण पुं [°सेन] एक पुरोहित-पुत्र (सुपा ५०७)।

मित्त देखो मेत्त=मात्र (कप्प; जी ३१; प्रासू १४५)।

मित्तल पुं [दे] कन्दर्प, काम (दे ६, १२६; सुर १३, ११८)।

मित्ति स्त्री [मति] १ मान, परिमाण। २ सापेक्षता;

'उस्सग्गववायाणं मित्तीए अह ण भोयणं दुट्ठं।
उस्सग्गववायाणं मित्तीइ तहेव उवगरणं'
(अज्झ ३७)।

मित्तिआ स्त्री [मृत्तिका] मिट्टी, मट्टी (अभि २४३)। °वई स्त्री [°वती] दशार्ण देश की प्राचीन राजधानी (विचार ४८)।

मित्तिज्ज अक [मित्रीय्] मित्र को चाहना। वकृ. मित्तिज्जमाण (उत्त ११, ७)।

मित्तिय न [मैत्रेय] १ गोत्र-विशेष, जो वत्स गोत्र की एक शाखा है। २ पुंस्त्री. उस गोत्र में उत्पन्न (ठा ७—पत्र ३९०)।

मित्तिवय पुं [दे] ज्येष्ठ, पति का बड़ा भाई (दे ६, १३२)।
मित्ती स्त्री [मैत्री] मित्रता, दोस्ती (सूत्र २, ७, ३६; श्रा १४; प्रासू ८)।
मिथुण देखो **मिहुण** (पउम ६६, ३१)।
मिदु देखो **मिउ** (अभि १८३; नाट—रत्ना ८०)।
मिरिअ पुंन [मिरिच] १ मरिच का गाछ। २ मिरच, मिर्चा (पण्ण १७—पत्र ५३१; हे १, ४६; ठा ३, १ टी; पव २५६)।
मिरिआ स्त्री [दे] कुटी, झोंपड़ी (दे ६, १३२)।
वसेरी स्त्री [दे] गवेषणा, खोज (सुपा ४७३) ।

वस्स (शौ) देखो **वरिस** । वस्सदि (नाट—मृच्छ १५५) ।

वस्स वि [वश्य] अधीन, आयत्त (विसे ८७५) ।

वस्सोक न [दे] एक प्रकार की क्रीडा, 'अन्नया य वस्सोक्केण रमंति राय (?या) णं राणियाउ पोत्तेण वाहिंति' (श्रावक ९३ टी) ।

वह सक [वह्] १ पहुँचाना । २ धारण करना । ३ ले जाना, ढोना । ४ अक. चलना; 'परिमलबहलो वहइ पवणो' (कुमा; उव; महा), 'गंगा वहइ पाडलं' (सुख २, ४५), वहसि (हे २, १६४) । कर्म. वहिज्जइ, वब्भइ, वुब्भइ (कुमा; धात्वा १५३; पि ५४१; हे ४, २४५) वकृ. **वहंत, वहमाण** (महा; सुर ३, ११; औप) । कवकृ. **वुज्झमाण** (उत्त २३, ६५; ६८) । हेकृ. **वहिउं, वहित्तए, वोढुं** (धात्वा १५२; कस; ठा ५) । कृ. **वहिअव्व, वोढव्व** (धात्वा १५२; प्रवि ३) ।

वह सक [वध्, हन्] मार डालना। वहेइ, वहंति (उत्त १८, ३; ५; स ७२८; संबोध ४१)। कर्म. वहिज्जंति (कुप्र २५)। वकृ. वहंत, वहमाण (पउम २६, ७७; सुपा ६५१; श्रावक १३६)। कवकृ. वहिज्जंत, वज्झमाण (पउम ४६, २०; आचा)। संकृ. वहिऊण (महा)।

वह सक [व्यथ्] १ पीड़ा करना। २ प्रहार करना। कृ. वहेयव्व (पण्ह २, १—पत्र १००)।

वह (अप) देखो **वरिस** = वृष्। वहदि (प्राकृ १२१)।

वह पुंस्त्री [वध] घात, हत्या (उवा; कुमा; हे ३ १३३; प्रासू १३६; १५३)। स्त्री. °**हा** (सुख १, ३; स २७)। °**कारी** स्त्री [°करी] विद्या-विशेष (पउम ७, १३७)।

वह पुं [दे] १ कन्धे पर का व्रण। २ व्रण, घाव (दे ७, ३१)।

वह पुं [वह] १ वृष-स्कन्ध, बैल का कन्धा (विपा १, २—पत्र २७)। २ परीवाह, पानी का प्रवाह (दे १, ५५)।

वह पुं [व्यथ] लकुट आदि का प्रहार (सूत्र १, ५, २, १४; उत्त १, १६)।

°**वह** देखो **पह** = पथिन् (से १, ६१; ३, १४; कुमा)।

वहइअ वि [दे] पर्याप्त (षड् १७७)।

वहग वि [वधक] घातक, हिंसक, मार डालनेवाला (उवा; स २१३; सुपा ५६४; उप पृ ७०; श्रावक २१२; श्रा २३)।

वहग वि [व्यथक] ताड़ना करनेवाला (जं २)।

वहड पुं [दे] दमनीय बछड़ा (दे ७, ३७)।

वहढोल पुं [दे] वात्या, वात-समूह (दे ७, ४२)।

वहण न [वधन] वध, घात, हत्या; 'अजओ छज्जीवकायवहणम्मि' (सुपा ५२२; धर्मवि १७; मोह १०१; महा; श्रावक १४४; २३७; उप पृ ३५७; सुपा १८४; पउम ४३, ४६)।

वहण न [वहन] १ ढोना (धर्मवि ७२)। २ पोत, जहाज, यानपात्र (पाअ; उप ५६६; कुम्मा १५)। ३ शकट आदि वाहन (उत्त २७, २; सुपा १८२)। ४ वि. वहन करनेवाला (से ३, ६; ती ३)।

वहण (शौ) देखो **पगय** = प्रकृत (प्राकृ ६७)।

वहण (अप) देखो **वसण** = वसन (भवि)।

वहणया स्त्री [वहना] निर्वाह (णाया १, २—पत्र ६०)।

वहणा स्त्री [वधना] वध, घात, हिंसा (पण्ह १, १—पत्र ५)।

वहण्णु पुं [व्यधज्ञ] एक नरक-स्थान, 'उव्वेयणए विज्जलविमुहे तह विच्छवी वि (?व) हण्णू य' (देवेन्द्र २८)।

वहय देखो **वहग** = वधक (सूअ २, ४, ४; पउम २६, ४७; श्रावक २०८; सण)।

वहलीअ देखो **बहलीय** (इक)।

वहा देखो **वह** = वध।

वहाव सक [वाहय्] वहन कराना। कर्म. वहाविज्जइ (श्रावक २५८ टी)।

वहाविअ वि [वधित] मरवाया हुआ (खा २४)।

°**वहाविअ** देखो **पहाविअ** (से ६, १)।

वहिअ वि [व्यथित] पीड़ित (पंचा ५, ४४)।

वहिअ वि [ऊढ] वहन किया हुआ (धात्वा १५२)।

वहिअ वि [वधित] जिसका वध किया गया हो वह (श्रावक १७०; पउम ५, १६५; विपा १, ५; उव; खा २३; २४)।

वहिअ वि [दे] अवलोकित, निरीक्षित; 'तेलोक्कवहियमहियपूइए' (उवा)।

वहिइअ देखो **वहइअ** (षड्)।

वहिचर अक [व्यभि + चर्] १ पर-पुरुष या पर-स्त्री से संभोग करना। २ सक. नियम-भंग करना। वकृ. वहिचरंत (स ७११)।

वहिचार पुं [व्यभिचार] १ पर-स्त्री या पर-पुरुष से संभोग (स ७११)। २ न्यायशास्त्र-प्रसिद्ध एक हेतु-दोष (धर्मसं ६३)।

वहिज्जंत देखो **वह** = वध्।

वहिया स्त्री [दे] बही, हिसाब लिखने की किताब (सम्मत्त १४२; सुपा ३८५; ३८६; ३८७; ३६१)।

वहियाली देखो **वाहियाली**; 'गुरुउज्जाणतडट्ठियवहियालिं नेइ तं निवई' (धर्मवि ४)।

वहिलग पुं [दे. वहिलक] ऊँट, बैल आदि पशु (राज)।

वहिल्ल वि [दे] शीघ्र, शीघ्रता-युक्त; गुजराती में 'वहेलो' (हे ४, ४२२; कुमा; वज्जा १२८)।

वहु पुंस्त्री [दे] चिविडा, गन्ध-द्रव्य-विशेष (दे ७, ३१)।

वहु° देखो **वहू** (हे १, ४; षड्; प्राप्र)।

वहुघारिणी स्त्री [दे] नवोढा, दुलहिन (दे ७, ५०)।

वहुण्णी स्त्री [दे] ज्येष्ठ-भार्या, पति के बड़े भाई की बहू (दे ७, ४१)।

वहुमास पुं [दे] रमण-विशेष, क्रीड़ा-विशेष, जिसमें खेलता हुआ पति नवोढा के घर से बाहर नहीं निकलता है (दे ७, ४६)।

वहुरा स्त्री [दे] शिवा, सियारिन (दे ७, ४०)।

वहुलिआ (अप) स्त्री [वधूटिका] अल्प वय वाली स्त्री, बहुरिया (पिंग)।

वहुव्वा स्त्री [दे] छोटी सास (दे ७, ४०)।

वहुहाडिणी स्त्री [दे] एक स्त्री के रहते हुए व्याही जाती दूसरी स्त्री (दे ७, ५०; षड्)।

वहू स्त्री [वधू] बहू, भार्या, नारी (स्वप्न ४२; पाअ; हे १, ४)।

वहोल पुं [दे] छोटा जल-प्रवाह, गुजराती में 'वहेलो' (दे ७, ३६)।

वहोलिया स्त्री [दे] देखो **वहोल** (चउप्पन्न० पत्र २१४)।

वा सक [वा] गति करना, चलना। वइ (से ६, ५२; गा ५४३; कुमा)।

वा अक [वै, म्लै] सूखना। वाइ (से ६, ५२; हे ४, १८)।

वा सक [व्ये] बुनना। कृ. वाइम; 'गंथिम-पूरिमवेढिमवाइमसंघाइमं छेज्जं' (दसनि २)।

वा अ [वा] इन अर्थों का सूचक अव्यय— १ विकल्प, अथवा, या (आचा; कुमा)। २ समुच्चय, और, तथा (उत्त ८, १२; सुख ८, १२)। ३ अपि भी (कुमा; कप्प; सुख ५, २२)। ४ अवधारण, निश्चय (ठा ८)। ५ सादृश्य, समानता (विसे १८६४)। ६

उपमा; 'कप्पद्दुमं तणेणेव काणकवड्डेण कामधेणुं' वा' (हि १७; सुम १, ४, २, १५; सुख २, ६; वव १)। ७ पाद-पूर्त्ति (उत्त २८, २८)।

वाअड पुं [दे] शुक, तोता (षड्)।

वाअड देखो **वावड** = व्यापृत; 'रइवाअडा तुअंतं पिअंपि पुत्तं सवइ माआ' (गा ४००)।

वाइ वि [वादिन्] १ बोलनेवाला, वक्ता (आचा; भग; उवा; ठा ४, ४)। २ वाद-कर्त्ता, शास्त्रार्थ में पूर्वपक्ष का प्रतिपादन करनेवाला (सम १०२; विसे १७२१; कुप्र ४४०; चेइय १२८, सम्मत्त १४१; श्रा ६)। ३ दार्शनिक, तीर्थिक, इतर धर्म का अनुयायी (ठा ४, ४)।

वाइ वि [वाचिन्] वाचक, अभिधायक, कहने-वाला (विसे ८७४)।

वाइ देखो **वाजि** (राज)।

वाइअ वि [वाचिक] वचन-संबन्धी (औप; धा २४ पडि)।

वाइअ वि [वाचित] १ पाठित, पढ़ाया हुआ (उत्त २७, १४; विसे २३५८)। २ पढ़ा हुआ; 'नामम्मि वाइए तत्थ' (सुपा २७०), 'अलाहि किं वाइएण लेहेण' (हि २, १८६)।

वाइअ वि [वातिक] १ वात से उत्पन्न, वायु-जन्य (रोग आदि) (भग; णाया १, १—पत्र ५०; तंदु १६)। २ वायु से फूला हुआ, वात-रोगवाला (विसे २५७६ टी; पव ६१)। ३ उत्कर्षवाला; 'सपरक्कमराउलवा-इएण सीसे पलीविए नियए' (उव), 'चिंतइ सूरी एसो नियमसो वाइउव्व दुट्ठमणो' (धर्मवि ७६)। ४ पुं. नपुंसक का एक भेद (पुप्फ १२७; धर्म ३)।

वाइअ वि [वादित] १ बजाया हुआ (गा ५५७; कुमा २, ८; ६६; ७०)। २ वन्दित, अभिवादित; 'चलणेसु निवडिऊणं वाइआ बंभणा' (स २६०)।

वाइअ न [वाद्य] १ बाजा, वादित्र (कप्प)। २ बाजा बजाने की कला (सम ८३; औप)।

वाइअ वि [वात] बहा हुआ, चला हुआ; 'मुचकुंदकुडयसंदियरयगब्भिणवाइयसमीरो' (सुर २, ७६)।

वाइंगण न [दे] बैंगन, वृन्ताक, भंटा (उप ५६७ टी; दे ७; २६)।

वाइंगणी } स्त्री [दे] बैंगन का गाछ,
वाइंगिणी } वृन्ताकी (राज; पणग १७—पत्र ५२७)।

वाइगा [दे] देखो **बाइया** (उप १०३१ टी)।

वाइज्जंत देखो **वाए** = वाचय्।

वाइज्जंत देखो **वाए** = वादय्।

वाइत्त न [वादित्र] वाद्य, बाजा (कुप्र ११०; भवि)।

वाइद्ध वि [व्याविद्ध] विपर्यय से उपन्यस्त, उलट-पुलट रखा हुआ (विसे ८५३)।

वाइद्ध वि [व्यादिग्ध] १ उपदिग्ध, उपलिप्त। २ वक्र, टेढ़ा (भग १६, ४—पत्र ७०४)।

वाइम देखो **वा** = व्ये।

वाइयव्व देखो **वाय** = वादय्।

वाईकरण देखो **वाजीकरण** (राज)।

वाउ पुं [वायु] १ पवन, वात (कुमा)। २ वायु-शरीरवाला जीव (अणु; जी २; दं १३)। ३ मुहूर्त्त-विशेष (सम ५१)। ४ सौधर्मेन्द्र के अश्व-सैन्य का अधिपति देव (ठा ५, १—पत्र ३०२)। ५ नक्षत्र-देव-विशेष, स्वाति-नक्षत्र का अधिपति देवता (ठा २, ३—पत्र ७७; सुज्ज १०, १२ टी)। °आय पुं [°काय] १ प्रचण्ड पवन (ठा ३, ३—पत्र १४१)। २ वायु शरीरवाला जीव (भग)। °काइय पुं [°कायिक] वायु शरीरवाला जीव (ठा ३, १—पत्र १२३, पि ३५५)। °काय देखो °आय (जी ७; पि ३५५)। °कुमार पुं [°कुमार] १ एक देव-जाति, भवनपति देवों की एक अवान्तर जाति (भग)। २ हनूमान का पिता (पउम १६, २)। °क्कलिया स्त्री [°उत्कलिका] वायु-विशेष, नीचे बहनेवाला वायु (पण्ण १—पत्र २६)। °क्काइय देखो °काइय (भग)। °क्काय देखो °आय (राज)। °त्तरवडिंसग पुंन [°उत्त-रावतंसक] एक देव-विमान (सम १०)। °पवेस पुं [°प्रवेश] गवाक्ष, झरोखा, वातायन (ओघभा ५८)। °प्पइट्ठाण वि [°प्रतिष्ठान] वायु के आधार से रहनेवाला (भग)। °भूइ पुं [°भूति] भगवान् महावीर का एक गणधर—मुख्य शिष्य (कप्प)।

वाउ पुं [दे] इक्षु, ऊख (दे ७, ५३)।

°**वाउड** वि [प्रावृत] १ आच्छादित, ढका हुआ (भग २, १; पव ६१)। न. कपड़ा, वस्त्र (ठा ५, ६—पत्र २६६)।

वाउत्त पुं [दे] १ विट। २ जार, उपपति (दे ७, ८८)।

वाउप्पइया स्त्री [दे. वातोत्पतिका] भुज-परिसर्प की एक जाति, हाथ से चलनेवाले जन्तु की एक जाति; 'णउलसरडजाहगमुगुंस-खाडहिलवाउप्पि (?प्पइ) यघीरोलियसिरीसि-वगणे य' (पण्ह १, १—पत्र ८)।

वाउब्भाम पुं [वातोद्भ्राम] अनवस्थित पवन, 'वाउब्भा (?ब्भा) मे वाउक्कलिया' (पण्ण १—पत्र २६)।

वाउय वि [व्यापृत] किसी कार्य में लगा हुआ (णाया १, ८—पत्र १४६; औप)।

वाउरा स्त्री [वागुरा] मृग-बन्धन, पशु फँसाने का जाल, फन्दा (पउम ३३, ६७; हेका ३१; गा ६५७)। देखो **वग्गुरा**।

वाउरिय वि [वागुरिक] जाल में फँसाने का काम करनेवाला, व्याध (पण्ह १, १; विपा १, ५—पत्र ६४)।

वाउल वि [व्याकुल] १ घबड़ाया हुआ (उव; उप पृ २२०; करु ३४; हे २, ६६)। २ पुं. क्षोभ (पण्ह १, ३—पत्र ४४)। °हूअ वि [°भूत] व्याकुल बना हुआ (उप २२० टी)।

वाउल वि [वातूल] १ वात-रोगी, उन्मत्त। २ पुं. वातसमूह (हे १, १२१, प्राकृ ३०)।

वाउलग्ग न [दे] सेवा, भक्ति; 'निच्चं चिय वाउलग्गं कुणंति' (राज)।

वाउलण न [व्यापरण] व्यावृत-क्रिया, व्यापार (वव १)।

वाउलणा स्त्री [व्याकुलना] व्याकुल करना (वव ४)।

वाउलिअ वि [व्याकुलित] १ व्याकुल बना हुआ (सण)। २ विलोलित, क्षोभ-प्राप्त (पण्ह १, ३—पत्र ४५)।

वाउलिआ स्त्री [दे] छोटी खाई (गा ६२६)।

वाउल्ल देखो **वाउल** = व्याकुल (हे २, ६६; षड्)।

वाउल्ल वि [दे. वातूल] वाचाट, प्रलाप-शील, बकवादी (दे ७, ५६; पात्र; षड्)।

वाउल्लअ पुंन [दे] पूतला, गुजराती में 'बावलु'; 'आलिहिअभित्तिवाउल्लग्रो व्व ण परम्मुहं ठाइ' (गा २१७), 'आलिहियभित्तिवाउल्लयं व न परम्मुहं ठाइ' (वज्जा १४)।

वाउल्लआ, **वाउल्ली** स्त्री [दे] देखो बाउल्लया, बाउल्ली; 'आलिहिअभित्तिवाउल्लिग्र व्व ण संमुहं ठाइ' (गा २१७ अ; दे ६, ६२)।

वाऊल देखो वाउल = वातूल; 'अभिवायण-वाऊलो हसिज्जए नयरलोएण' (धर्मवि १११; प्राकृ ३०)।

वाऊल देखो वाउल = व्याकुल (प्राकृ ३०)।

वाऊलिअ वि [वातूलित] १ वातूल बना हुआ। २ नास्तिक (रुक्मि १, ६६)।

वाए सक [वादय्] बजाना। वाएइ (महा)। वकृ. वाएंत (महा)। कवकृ. वाइज्जंत (कुप्र १६)। हेकृ. वाइउं (महा)।

वाए सक [वाचय्] १ पढ़ाना। २ पढ़ना। वाएइ, वाएंति (भग; कप्प)। कवकृ. वाइज्जंत (सुपा ३३८; कुप्र १६)।

वाएरिअ वि [वातेरित] पवन-प्रेरित, हवा से हिलाया या कँपाया हुआ (गा १७६)।

वाएसरी स्त्री [वागीश्वरी] सरस्वती देवी; 'वाएसरी पुत्थयवग्गहत्था' (पडि; सम्मत्त २१५)।

वाओलि, **वाओली** स्त्री [वातालि, °ली] पवन-समूह; 'किं अयलो चालिज्जइ पयंडवाउ (? श्रो) लिसएहिंवि' (धर्मवि २७; गउड; णाया १, १—पत्र ६३)।

वाक, **वाग** देखो वक = वल्क (औप; विसे १७; विपा १, ६—पत्र ६६)।

वागड पुं [वागड] गुजरात का एक प्रान्त, जो आधकल भी 'वागड' नाम से ही प्रसिद्ध है (कुप्र ६)।

वागडिअ त्रि [व्याकृत] प्रकट किया हुआ (वव १)।

वागर सक [व्या + कृ] प्रतिपादन करना, कहना। वागरेइ, वागरेज्जा (कप्प; पि ५०६)। वकृ. वागरमाण, वागरेमाण (सुर ७, ४१; सुपा ५११; औप)। संकृ. वागरित्ता (सम ७२)। हेकृ. वागरिउं, वागरित्तए (कुप्र २३८; उवा)।

वागरण न [व्याकरण] १ कथन, प्रतिपादन, उपदेश (विसे ५५०; कुप्र २; पण्ह १, १ टी)। २ निर्वचन, उत्तर (औप; उवा; कप्प)। ३ शब्दशास्त्र (धर्मवि ३८; मोह २)।

वागरणि वि [व्याकरणिन्] प्रतिपादन करनेवाला (सम्म २)।

वागरणी स्त्री [व्याकरणी] भाषा का एक भेद, प्रश्न के उत्तर की भाषा, उत्तर रूप वचन (ठा ४, १—पत्र १८३)।

वागरिय वि [व्याकृत] उक्त, कथित (उवा; अंत ६; उप १४२ टी; पव ७३ टी)। देखो वायड = व्याकृत।

वागल न [वल्कल] वृक्ष की छाल (णाया १, १६—पत्र २१३)।

वागल वि [वाल्कल] वृक्ष की त्वचा—छाल से बना हुआ; 'वागलवत्थनियत्थे' (भग ११, ६—पत्र ५१६)।

वागली स्त्री [दे] वल्ली-विशेष (पण्ण १—पत्र ३३)।

वागिल्ल वि [वाग्मिन्] बहु-भाषी, वाचाल (वव ७)।

वागुर पुं [वागुरा] मृग-बन्धन, जाल, फन्दा; 'रे रे रएह वागुरे' (मोह ७६)।

वागुरि, **वागुरिय** वि [वागुरिन्, °रिक] देखो वाउरिय; गुजराती में 'वाघरी'; 'सकयपसयरोहिए य साहिंति वागुरा (?री) णं' (पण्ह १, २—पत्र २६; सूअ २, २, ३६; विपा १, ८—पत्र ८३)।

वाघाइअ वि [व्याघातिक] व्याघात से उत्पन्न (जं ७—पत्र ५३१)।

वाघाइम वि [व्याघातिम] व्याघात से होने-वाला (सुज्ज १८—पत्र २६५)। २ न. मरण-विशेष—सिंह, दावानल आदि से होने वाली मौत (औप)।

वाघाय पुं [व्याघात] १ स्खलना (सुज्ज १८)। २ विनाश (उत्र ६७६)। ३ प्रतिबन्ध, रुकावट (भग; ओघभा १८)। ४ सिंह, दावानल आदि से अभिभव (औप)।

वाघारिय वि [व्याघारित] प्रलम्ब, लम्बा (पंचा १८, १८; पव ६७)।

वाघुण्णिय वि [व्याघूर्णित] दोलायमान, डोलता (णाया १, १—पत्र ३१)।

वाघेल पुं [दे] एक क्षत्रिय-वंश (ती २६)।

वाच देखो वाय = वाचय्। कवकृ. वाचीअमाण (नाट—मालवि ६१)। संकृ. वाचिऊण (हम्मीर १७)।

वाचय देखो वायग = वाचक (द्रव्य ४६)।

वाचिय देखो वाइअ = वाचित (स ६२१)।

वाज देखो वाय = व्याज (कुप्र २०१)।

वाजि पुं [वाजिन्] अश्व, घोड़ा (विपा १, ७)।

वाजीकरण न [वाजीकरण] १ वीर्य-वर्धक औषध-विशेष। २ उसका प्रतिपादक शास्त्र; आयुर्वेद का एक अंग (विपा १, ७—पत्र ७५)।

वाड पुं [वाट] १ बाड, कंटक आदि से की जाती गृहादि की परिधि (उत्त २२, १४; माल १६५)। २ बाड़ा, बाडवाली जगह; वृतिवाला स्थान; 'निव्वाणमहावाडं साहत्थिं संपावेइ' (उवा; गा २२७; दे ७, ५३ टि; गउड); 'अंते सो साहूणं गोवाडनिरोहणं करेऊण' (विचार ५०६)। ३ वृति आदि से परिवेष्टित गृह-समूह, रथ्या, मुहल्ला (उत्त ३०, १८); 'अहो गणिआवाडस्स सस्सिरीअआ' (चारु ७६)।

वाडंतरा स्त्री [दे] कुटीर, झोंपड़ा या झोंपड़ी (दे ७, ५८)।

वाडग देखो वाड (पिंड ३३४; विपा १, ४—पत्र ५५; उप पृ २८६)।

°वाडण देखो पाडण; 'परदोहवट्टवाडणबंदग्गहखत्तखणणपमुहाइं' (कुप्र ११३)।

वाडव पुं [वाडव] वड़वानल, समुद्र-स्थित अग्नि (सण)।

वाडहाणग पुंन [वाटधानक] १ एक छोटा गाँव। २ त्रि. उस गाँव का निवासी; 'ताहे तेण वाडहाणगा हरिएसा धिज्जाइया कया' (सुख ६, १; महा)।

वाडि° देखो वाडी = वाटी (गा ८; णाया १, ७—पत्र ११६)।

वाडिआ स्त्री [वाटिका] बगीचा, उद्यान, 'सणवाडिआ' (गा ६; चारु ५६; दे ७, ३५; रंभा)।

वाडिम पुं [दे] पशु-विशेष, गण्डक, गेंड़ा (दे ७, ५७)।

वाडिल्ल पुं [दे] कृमि, कीट (दे ७, ५६)।

वाडी स्त्री [दे] वृति, बाड़; 'घरवारे कारिया कंटएहिं वाडी' (कुप्र २६; दे ७, ४३; ५८; षड्)।

वाडी स्त्री [वाटी] बगीचा, उद्यान (धर्मसं ४१)।

वाढि } पुं [दे] वणिक्-सहाय, वैश्य-मित्र
वाढिअ } (दे ७, ५३)।

वाण सक [वि + नम्] विशेष नमना—नत होना। वाणइ (?) (धात्वा १५२)।

वाण वि [वान] वन में उत्पन्न, वन-संबन्धी (औप; सम १०३)। °पत्थ, °प्पत्थ पुं [°प्रस्थ] वन में रहनेवाला तापस, तृतीय आश्रम में स्थित पुरुष (औप; उव ३७७)। °मंत, °मंतर, °वंतर पुंस्त्री [°व्यन्तर] देवों की एक जाति (भग; ठा २, २; सुर १, १३७; औप; जी २४; महा; पि २५१)। स्त्री. °री (पण्ण १७—पत्र ४९९; जीव २)। °वासिआ स्त्री [°वासिका] छन्द-विशेष (अजि ३३)।

°वाण देखो पाण = पान। °वत्त न [°पात्र] पीने का प्याला (से १, १८)।

वाणय पुं [दे] वलयकार, कंकण बनानेवाला शिल्पी (दे ७, ५४)।

वाणर पुंन [वानर] १ बन्दर, कपि, मर्कट (पण्ह १, १; पाअ)। २ विद्याधर मनुष्यों का एक वंश। ३ वानर-वंश में उत्पन्न मनुष्य (पउम ६, १)। °उरी स्त्री [°पुरी] किष्किन्धा नामक एक भारतीय प्राचीन नगरी (से १४, ५०)। °केउ पुं [°केतु] वानर-वंश का कोई भी राजा (पउम ८, २३५)। °दीव पुं [°द्वीप] एक द्वीप (पउम ६, ३४)। °द्धय पुं [°ध्वज] हनूमान (पउम ५३, ४३)। °वइ पुं [°पति] सुग्रीव, रामचन्द्र का एक सेनापति (से २, ४१; ३, ५२)। देखो वानर।

वाणरिंद पुं [वानरेन्द्र] वानर-वंशीय पुरुषों का राजा, वाली (पउम ६, ४०)।

वाणवाल पुं [दे] इन्द्र, पुरन्दर (दे ७, ६०)।

वाणहा देखो पाणहा, वाहणा = उपानह् (पि १४१)।

वाणा देखो वायणा = वाचना। °यरिअ पुं [°चार्य] अध्यापन करनेवाला साधु, शिक्षक, 'एसो च्चिय ता कीरउ वाणायरिओ, तओ गुरू भणइ' (उप ७४२ टी)।

वाणारसी स्त्री [वाराणसी] भारतवर्ष की एक प्राचीन नगरी, जो आज कल 'बनारस' नाम से प्रसिद्ध है (हे २, ११६; णाया १, ४; उवा; इक; उव; धर्मवि ५; पि ३८५)।

वाणि देखो वणि = वणिज् (भवि)। °उत्त, °पुत्त पुं [°पुत्र] वैश्य-कुमार, बनिया का लड़का (कुप्र ३६; ८८; २२१; ४०४; सिरि ३८४; धर्मवि १०४)।

वाणि स्त्री [वाणि] देखो वाणी (संति ४)।

वाणिअ पुं [वाणिज] १ बनिया, व्यापारी, वैश्य (श्रा १२; सुर १, २४८; १३, २६; नाट—मृच्छ ५५; वसु; सिरि ४०)। २ एक गाँव का नाम (उवा; अंत; विपा १, २)।

वाणिअ (अप) देखो वाणिज्ज (सण)।

°वाणिअ देखो पाणिअ = पानीय (गा ६८२; सिरि ४०; सुपा २२६)।

वाणिअय पुं [वाणिजक] बनिया, वैश्य, व्यापारी (पाअ; काप्र ८६३; गा ९५१; उव; सुपा २२६; २७५; प्रासू १८१)।

वाणिज्ज न [वाणिज्य] १ व्यापार, बैपार (सुपा ३४३; पडि)। २ एक जैन मुनि-कुल का नाम (कप्प)।

वाणिज्जा स्त्री [वणिज्या] व्यापार; 'अहिच्छत्तं नगरं वाणिज्जाए गमित्तए' (णाया १, १५)।

वाणिज्जिय वि [वाणिजिक] वाणिज्य-कर्ता, व्यापारी (भवि)।

वाणी स्त्री [वाणी] १ वचन, वाक्य (पाअ)। २ वाग्देवता, सरस्वती देवी (कुमा; संति ४)। ३ छन्द-विशेष (पिंग)।

°वाणीअ देखो पाणीअ (काप्र ९२५)।

वाणीर पुं [दे] जम्बू वृक्ष, जामुन का पेड़ (दे ७, ५६)।

वाणीर पुं [वानीर] वेतस-वृक्ष, बेंत का पेड़ (पाअ; गा ५९९)।

वाणुंजुअ पुं [दे] वणिक्, वैश्य; 'एसो हला नवल्लो दीसइ वाणुंजुओ कोवि' (उप ७२८ टी)।

वात देखो वाय = वात (ठा २, ४—पत्र ८६)।

वातिक } देखो वाइअ = वातिक (पण्ह १,
वातिय } ३—पत्र ५४; ओघ ७२२)।

वाद देखो वाय = वाद (राज)।

वादि देखो वाइ = वादिन् (उवा)।

वानर देखो वाणर (विपा १, २—पत्र ३६; विसे ८६३; सुपा ६१८), 'पुव्वभववानराणि व ताइं विलसंति सिच्छाए' (धर्मवि १३१)।

वापंफ देखो वावंफ। वापंफइ (षड्)।

वापिद (शौ) देखो वावड = व्यापृत (नाट—वेणी ६७)।

वाबाहा स्त्री [व्याबाधा] विशेष पीड़ा (णाया १, ४; चेइय ३५५)।

वाम सक [वमय्] वमन कराना, कै कराना। वामेइ, वामेज्ज (भग; पिंड ६४६)। संकृ. वामेत्ता (भग; उवा)।

वाम वि [दे] १ मृत (दे ७, ४७)। २ आक्रान्त (षड्)।

वाम वि [वाम] १ सव्य, बाँया (ठा ४, २—पत्र २१६; कुमा; सुर ४, ५; गउड)। २ प्रतिकूल, अननुकूल (पाअ; पण्ह १, २—पत्र २८; गउड ८८८; ९६४; कुमा)। ३ सुन्दर, मनोहर; 'वामलोअणा' (पाअ)। ४ न. सव्य पक्ष; 'वामत्थो' (पउम ५५, ३१)। ५ बाँया शरीर (गा ३०३)। °लोअणा स्त्री [°लोचना] सुंदर नेत्रवाली स्त्री, रमणी (पाअ)। °लोकवादि, °लोगवादि पुं [°लोकवादिन्] दार्शनिक-विशेष, जगत् को असद् माननेवाले मत का प्रतिपादक दार्शनिक (पण्ह १, २—पत्र २८)। °वट्ट वि [°वर्त] प्रतिकूल आचरण करनेवाला (बृह १)। °वित्त वि [°वर्त] वही अर्थ (ठा ४, २—पत्र २१६)।

वाम पुं [व्याम] परिमाण-विशेष, नीचे फैलाए हुए दोनों हाथों के बीच का अन्तराल (पव २१२; औप)।

वामण पुंन [वामन] १ संस्थान-विशेष, शरीर का एक तरह का आकार, जिसमें

हाथ, पैर आदि अवयव छोटे हों और छाती, पेट आदि पूर्ण या उन्नत हों वह शरीर (ठा ६—पत्र ३५७; सम १४६; कम्म १, ४०)। २ वि. उक्त आकार के शरीरवाला, ह्रस्व, खर्व (पव ११०; से २, ६; पाअ)। स्त्री. °णी (औप; णाया १, १—पत्र ३७)। ३ पुं. श्रीकृष्ण का एक अवतार (से २, ६)। ४ देव-विशेष, एक यक्ष-देवता (सिरि ६६७)। ५ न. कर्म-विशेष, जिसके उदय से वामन शरीर की प्राप्ति हो वह कर्म (कम्म १, ४०)। °थली स्त्री [°स्थली] देश-विशेष (ती १५)।

वामणिअ वि [दे] नष्ट वस्तु—पलायित को फिर से ग्रहण करनेवाला (दे ७, ५६)।

वामणिआ स्त्री [दे] दीर्घ काष्ठ की बाड (दे ७, ५८)।

वामद्दण न [व्यामर्दन] एक तरह का व्यायाम, हाथ आदि अंगों का एक दूसरे से मोड़ना (णाया १, १—पत्र १६; कप्प; औप)।

वामरि पुं [दे] सिंह, मृगेन्द्र (दे ७, ५४)।

वामलूर पुं [वामलूर] वल्मीक, दीमक (पाअ, गउड)।

वामा स्त्री [वामा] भगवान् पार्श्वनाथजी की माता का नाम (सम १५१)।

वामिस्स देखो वामीस (पउम ६३, ३६)।

वामी स्त्री [दे] स्त्री, महिला (दे ७, ५३)।

वामीस वि [व्यामिश्र] मिश्रित, युक्त, सहित (पउम ७२, ४, तंदु ४४)।

वामीसिय वि [व्यामिश्रित] ऊपर देखो (भवि)।

वामुत्तय वि [व्यामुक्तक] १ परिहित, पहना हुआ। २ प्रलम्बित, लटका हुआ (औप)।

वामूढ वि [व्यामूढ] विमूढ, भ्रान्त (सुर ६, १२६; १२, १४३; सुपा ७०)।

वामोह पुं [व्यामोह] मूढ़ता, भ्रान्ति (उप पृ ३२६; सुपा ६५; भवि)।

वामोहण वि [व्यामोहन] भ्रान्ति-जनक (भवि)।

वाय सक [वाचय्] १ पढ़ना। २ पढ़ाना। वाएइ, वाएसि (कुप्र १६६); 'सावक्का सुयजणणी पासत्था गहिय वायए लेहं' (धर्मवि ४७), 'सुत्तं वाए उवज्झाओ' (संबोध २५)। वकृ. वायंत (सुपा २२३)। संकृ. वाइऊण (कुप्र १६६)। कृ. वायणिज्ज (ठा ३, ४)।

वाय सक [वा] बहना, गति करना, चलना। वायंति (भग ५, २)। वकृ. वायंत (पिंड ८२; सुर ३, ४०; सुपा ४५०; दस ५, १, ८)।

वाय अक [वै, म्लै] सूखना। वाअइ (संक्षि ३६; प्राप्र)। वकृ. वायंत (गउड ११६५)।

वाय सक [वादय्] बजाना। वकृ. वायंत, वायमाण (सुपा २६३; ४३२)। कृ. वाइयव्व (स ३१४)।

वाय वि [वान] शुष्क, सूखा, म्लान (गउड; से ५, ५७; पाअ; प्राप्र; कुमा)।

वाय पुं [दे] १ वनस्पति-विशेष (सूअ २, ३, १६)। २ न. गन्ध (दे ७, ५३)।

वाय पुं [व्रात] समूह, संघ (श्रा २३; भवि)।

वाय वि [व्यातृ] संवरण करनेवाला (श्रा २३)।

वाय वि [व्यागस्] प्रकृष्ट अपराधी (श्रा २३)।

वाय पुं [वातृ] १ पवन, वायु। २ कपड़ा बुननेवाला, जुलाहा (श्रा २३)।

वाय वि [व्याप] प्रकृष्ट विस्तारवाला (श्रा २३)।

वाय पुं [वाक] ऋग्वेद आदि वाक्य (श्रा २३)।

वाय पुं [व्याय] १ गति, चाल। २ पवन, वायु। ३ पक्षी का आगमन। ४ विशिष्ट लाभ (श्रा २३)।

वाय पुं [व्याच] वंचन, ठगाई (श्रा २३)।

वाय पुं [वाज] १ पक्ष, पँख। २ मुनि, ऋषि। ३ शब्द, आवाज। ४ वेग। ५ न. घृत, घी। ६ पानी, जल। ७ यज्ञ का धान्य (श्रा २३)।

वाय न [वाच] शुक-समूह (श्रा २३)।

वाय वि [वाज्] १ फेंकनेवाला। २ नाशक (श्रा २३)।

वाय पुं [व्याज] १ कपट, माया। २ बहाना, छल। ३ विशिष्ट गति (श्रा २३)।

वाय देखो **वाग** = वल्क (विपा १, ६—पत्र ६६)।

वाय पुं [व्राय] विवाह, शादी (श्रा २३)।

वाय पुं [व्यात] विशिष्ट गमन (श्रा २३)।

वाय पुं [वाप] १ वपन, बोना। २ क्षेत्र, खेत (श्रा २३)।

वाय पुं [वाय] १ गमन, गति। २ सूँघना। ३ जानना, ज्ञान। ४ इच्छा। ५ खाना, भक्षण। ६ परिणयन, विवाह (श्रा २३)।

वाय वि [व्याद] विशेष ग्रहण करनेवाला (श्रा २३)।

वाय वि [वाच्] वक्ता, बोलनेवाला (श्रा २३)।

वाय पुं [वात] १ पवन, वायु (भग; णाया १, ११; जी ७; कुमा)। २ उत्कर्ष (उव ५५ टि)। ३ पुंन. एक देव-विमान (सम १०)। °कंत पुंन [°कान्त] एक देव-विमान (सम १०)। °कम्म न [°कर्मन्] अपान वायु का सरना, पादना, पाद, पर्दन (ओघ ६२२ टी)। °कूड पुंन [°कूट] एक देव-विमान (सम १०)। °खंध पुं [°स्कन्ध] घनवात आदि वायु (ठा २, ४—पत्र ८६)। °ज्झय पुंन [°ध्वज] एक देव-विमान (सम १०)। °णिसग्ग पुं [°निसर्ग] अपान वायु का सरना, पर्दन (पडि)। °पलिक्खोभ पुं [परिक्षोभ] कृष्णराजि, काले पुद्गलों की रेखा (भग ६, ५—पत्र २७१)। °प्पभ पुंन [°प्रभ] देव-विमान विशेष (सम १०)। °फलिह पुं [°परिघ] कृष्णराजि (भग ६, ५)। °रुह पुं [°रुह] वनस्पति-विशेष (पएण १—पत्र ३६)। °लेस्स पुंन [°लेश्य] एक देव-विमान (सम १०)। °वण्ण पुंन [°वर्ण] एक देव-विमान (सम १०)। °सिंग पुंन [°शृङ्ग] एक देव-विमान (सम १०)। °सिट्ठ पुंन [°सृष्ट] एक देव-विमान (सम १०)। °ावत्त पुंन [°ावर्त] एक देव-विमान (सम १०)।

वाय पुं [वाद] १ तत्त्व-विचार, शास्त्रार्थ (ओघभा १७; धर्मवि ८०; प्रासू ६३)। २ उक्ति, वचन (औप)। ३ नाम, आख्या;

'वल्लहवाएण अलं मम' (गा १२३)। ४ बजाना; 'मद्दलवायचउप्फललोयं' (सिरि १५७)। ५ स्थैर्य, स्थिरता (श्रा २३)। **°त्थ** पुं [°र्थ] तत्त्व-चर्चा; 'तेहि समं कुणइ वायत्थं' (पउम ४१, ५०)। **°त्थि** वि [°र्थिन्] शास्त्रार्थ की चाहवाला (पउम १०५, २६)।

°वाय पुं [पाक] १ रसोई। २ बालक। ३ दैत्य, दानव (श्रा २३)। देखो **पाग**।

°वाय पुं [°पात] १ पतन (स ६५७; कुमा)। २ गमन। ३ उत्पतन, कूदन (से १, ५५)। ४ पक्षी। ५ न. पक्षि-समूह (श्रा २३)।

°वाय वि [पातृ] १ रक्षा करनेवाला। २ पीनेवाला। ३ सूखनेवाला (श्रा २३)।

°वाय देखो **°बाय** (श्रा २३)।

°वाय पुं [°पाद] १ पर्यन्त। २ पर्वत। ३ पूजा। ४ मूल। ५ किरण। ६ पैर। ७ चौथा भाग (श्रा २३)। देखो **पाय** = पाद।

°वाय देखो **पाव** = पाप (श्रा २३)।

°वाय पुं [पाय] १ रक्षा, रक्षण। २ वि. पीनेवाला (श्रा २३)।

°वाय देखो **अवाय** = अपाय; 'बहुवायम्मि वि देहे विसुज्झमाणस्स वर मरणं' (उव)।

वायउत्त पुं [दे] १ विट, भँडुआ। २ जार, उपपति (दे ७, ८८)।

वायंगण न [दे] बैंगन, वृन्ताक, भंटा (श्रा २०; संबोध ४४; पव ४)।

वायंतिय वि [वागन्तिक] वचन-मात्र में नियमित (राज)।

वायग पुं [वाचक] १ अभिधायक, अभिधा-वृत्ति से अर्थ का प्रकाशक शब्द (सम्मत्त १४३)। २ उपाध्याय, सूत्र-पाठक मुनि (गण ५; संबोध २५; सार्ध १४७)। ३ पूर्व-ग्रन्थों का जानकार मुनि (पण्ण १—पत्र ४; सम्मत्त १४१; पंचा ६, ४५)। ४ एक प्राचीन जैन महर्षि और ग्रन्थकार, तत्त्वार्थ सूत्र का कर्ता श्री उमास्वातिजी (पंचा ६, ४५)। ५ वि. कथक, कहनेवाला। ६ पढ़ानेवाला (गण ५)।

वायग वि [वादक] बजानेवाला (कुमा ६; महा)।

वायग पुं [वायक] तन्तुवाय, जुलाहा (दे ६, ५६)।

वायगवंस पुं [वाचकवंश] एक जैन मुनि-वंश (णंदि ५०)।

वायड पुं [दे] एक श्रेष्ठि-वंश (कुप्र १४३)।

वायड वि [व्याकृत] स्पष्ट, प्रकट अर्थवाला (दसनि ७)। देखो **वागरिय**।

वायडघड पुं [दे] वाद्य-विशेष, दर्दुर नामक बाजा (दे ७, ६१)।

वायडाग पुं [दे] सर्प की एक जाति (पण्ण १—पत्र ५१)।

वायण न [वाचन] देखो **वायणा** (नाट—रत्ना १०)।

वायण न [वादन] १ बजाना (सुपा १६; २६३; कुप्र ४१; महा; कप्पू)। २ वि. बजानेवाला (दे ७, ६१ टी)।

वायण न [दे] भोज्योपायन, खाद्य पदार्थ का बाँटा जाता उपहार, बायन (दे ७, ५७; पाअ)।

वायणया, वायणा स्त्री [वाचना] १ पठन, गुरु-समीपे अध्ययन (उप २६, १)। २ अध्यापन, पढ़ाना (सम १०६; उव)। ३ व्याख्यान (पव ६४)। ४ सूत्र-पाठ (कप्प)।

वायणिअ वि [वाचनिक] वचन-संबन्धी (नाट—विक्र ३५)।

वायय देखो **वायग** = वायक (दे ५, २८)।

वायरण देखो **वागरण** (हे १, २६८; कुमा; भवि; षड्)।

वायव वि [वायव] वायु रोगवाला, वात-रोगी (विपा १, १—पत्र ५)।

°वायव देखो **पायव** (से ७, ६७)।

वायव्व वि [वायव्य] वायव्य कोण का (अणु २१५)।

वायव्व पुं [वायव्य] १ वायुदेवता-संबन्धी; 'वारुणवायव्वाइं पट्ठवियाइं कमेण सत्थाइं' (सुर ८, ४५; महा)। २ न. गौ के खुर से उड़ी हुई धूलि—रज; 'वायव्वएहाणएहाया' (कुमा)।

वायव्वा स्त्री [वायव्या] पश्चिम और उत्तर के बीच की दिशा, वायव्य कोण (ठा १०—पत्र ४७८; सुपा ६८; २६०)।

वायस पुं [वायस] १ काक, कौआ (उवा; प्रासू १६६; हे ४, ३५२)। २ कायोत्सर्ग का एक दोष, कायोत्सर्ग में कौए की तरह दृष्टि को इधर-उधर घुमाना (पव ५)। **°परिमंडल** न [°परिमण्डल] विद्या-विशेष, कौए के स्वर और स्थान आदि से शुभाशुभ फल बतलानेवाली विद्या (सूअ २, २, २७)।

वाया स्त्री [वाच्] १ वाचन, वाणी (पाअ; प्रासू ६; पडि; स ४६२; से १, ३७; गा ३२; ४००)। २ वाणी की अधिष्ठायिका देवी, सरस्वती (श्रा २३)। ३ व्याकरण-शास्त्र (गउड ८०२)। देखो **वइ** = वाच्।

वायाड पुं [दे. वाचाट] शुक, तोता (दे ७, ५६)।

वायाड वि [वाचाट] वाचाल, बकवादी (सुपा ३६०; चेइय ११७; संक्षि २)।

वायाम पुं [व्यायाम] कसरत, शारीरिक श्रम (ठा १—पत्र १६; णाया १, १—पत्र १६; कप्प; औप; स्वप्न ३६)।

वायाम सक [व्यायामय्] कसरत करना, शारीरिक श्रम करना। वकृ. 'सुट्ठु वि वायामेंतो कायं न करेइ किंचि गुणं' (उव)।

वायायण पुंन [वातायन] १ गवाक्ष, झरोखा (पउम ३६, ६१; स २४१; पाअ; महा)। २ पुं. राम का एक सैनिक (पउम ६७, १०)।

वायार पुं [दे] शिशिर-वात, गुजराती में 'वायरो' (दे ७, ५६)।

वायाल वि [वाचाल] मुखर, बकवादी (श्रा १२; पाअ; सुपा ११३)।

°वायाल देखो **पायाल** (से ५, ३७)।

वायाविअ वि [वादित] बजवाया हुआ (स ५२७; कुप्र १३६)।

वायु देखो **वाउ** = वायु (सुज १०, १२; कुमा; सम १६)।

वार सक [वारय्] रोकना, निषेध करना। वारेइ (उव; महा)। वकृ. **वारंत** (सुपा १८३)। कवकृ. **वारिज्जंत** (काप्र १६१; महा)। हेकृ. **वारेउं** (सूअ १, ३, २, ७)। कृ. **वारियव्व, वारेयव्व** (सुपा ५५२; २७२)।

वार पुं [दे. वार] चषक, पान-पात्र (दे ७, ५४)।

वार पुं [वार] १ समूह, यूथ (सुपा २१४; सुर १४, २४; सार्ध ४६; कुमा; सम्मत्त १७५)। २ अवसर, वेला, दफा (उप ६२८; सुपा ३६०; भवि)। ३ सूर्य आदि ग्रह से अधिकृत दिन, जैसे रविवार, सोमवार आदि (गा २६१)। ४ चौथा नरक का एक नरक-स्थान (ठा ६—पत्र ३६५)। ५ बारी, परिपाटी (उप ६४८ टी)। ६ कुम्भ, घड़ा (दस ५, १, ४५)। ७ वृक्ष-विशेष। ८ न. फल-विशेष (पण्ण १७—पत्र ५३१)। °जुवइ स्त्री [°युवति] वारांगना, वेश्या (कुमा)। °जोव्वणा स्त्री [°यौवना] वही अर्थ (प्राकृ १४)। °तरुणी स्त्री [°तरुणी] वही (सण)। °वहू स्त्री [°वधू] वही अर्थ (कुप्र ४४३)। °विलया स्त्री [°वनिता] वही पूर्वोक्त अर्थ (कुमा; सुपा ७८; २००)। °विलासिणी स्त्री [°विलासिनी] वही (कुमा; सुपा २००)। °सुंदरी स्त्री [°सुन्दरी] वही अर्थ (सुपा ७६)।

वार न [°द्वार] दरवाजा (प्राकृ २६; कुमा; गा ८८०)। °वई स्त्री [°वती] द्वारका नगरी (कुप्र ६३)। °वाल पुं [°पाल] दरवान, प्रतीहार (कुमा)।

वारंत देखो वार = वारय्।

वारंवार न [वारंवार] फिर फिर (से ६, ३२; गा २६४)।

वारग पुं [वारक] १ बारी, क्रम (उप ६४८ टी)। २ छोटा घड़ा, लघु कलश (पिंड २७८)। ३ वि. निवारक, निषेधक (कुप्र २६; धर्मवि १३२)।

वारडिय न [दे] रक्त वस्त्र, लाल कपड़ा (गच्छ २, ४६)।

वारड्ड वि [दे] अभिपीडित (षड्)।

वारण न [वारण] १ निषेध, रोक, अटकाव, निवारण (कुमा; ओघ ४४८)। २ छत्र, छाता; 'वारणयचामरेहिं नज्जंति फुडं महा-सुहडा' (सिरि १०२३)। ३ वि. रोकनेवाला, निवारक (कुप्र ३१२)। ४ पुं. हाथी (पाअ; कुमा; कुप्र ३१२)। ५ छन्द का एक भेद (पिंग)।

वारण देखो वागरण (हे १, २६८; कुमा; षड्)।

वारणा स्त्री [वारणा] निवारण, अटकाव (बृह १)।

वारत्त पुं [वारत्त] १ एक अन्तकृद् मुनि (अंत १८)। २ एक ऋषि (उव)। ३ एक अमात्य। ४ न. एक नगर (धम्म ६ टी)।

वारबाण पुं [वारबाण] कञ्चुक, चोली (पाअ)।

वारय देखो वारग (रंभा, णाया १, १६—पत्र १९६; उप पृ ३४२; उवा; अंत)।

वारसिआ स्त्री [दे] मल्लिका, पुष्प-विशेष (दे ७, ६०)।

वारसिय देखो वारिसिय; 'वारसियमहादाणं' (सुपा ७१)।

वारा स्त्री [वारा] १ देरी, विलम्ब; 'अम्मो किमज्ज कज्जं जं लग्गा एत्तिया वारा' (सुपा ४५६)। २ वेला, दफा; 'तो पुणरवि निज्झायइ वाराओ दुन्नि तिन्नि वा जाव' (सट्ठि ६ टी), 'कहं महई वाराणिग्गयस्स' (विबुधानन्द)।

वाराणसी देखो वाणारसी (अन्त; पि ३५४)।

वाराविय वि [वारित] जिसका निवारण कराया गया हो वह (कुप्र १४०)।

वाराह पुं [वाराह] १ पाँचवें बलदेव का पूर्वभवीय नाम (सम १५३)। २ वि. शूकर के सदृश (उवा)।

वाराही स्त्री [वाराही] १ विद्या-विशेष (पउम ७, १४१)। २ वराहमिहिर का बनाया हुआ एक ज्योतिष-ग्रन्थ, वराह-संहिता (सम्मत्त १२१)।

वारि न [वारि] १ पानी, जल (पाअ; कुमा; सण)। २ स्त्री. हाथी को फँसाने का स्थान; 'वारी करिधरणट्ठाणं' (पाअ; स १७७; ६७८)। °भद्दग पुं [°भद्रक] भिक्षुक की एक जाति. शैवलाशी भिक्षुक (सूअनि ६०)। °मय वि [°मय] पानी का बना हुआ। स्त्री. °ई (हे १, ४; पि ७०)। °मुअ पुं [°मुच्] मेघ, जलधर (षड्)। °य पुं [°द] पानी देनेवाला भृत्य (स ७४१)। °रासि पुं [°राशि] समुद्र, सागर (सम्मत्त १६०)। °वाह पुं [°वाह] मेघ, अभ्र (उप २६४ टी)। °सेण पुं [°षेण] १ एक अन्तकृद् महर्षि, जो राजा वसुदेव के पुत्र थे और जिन्होंने भगवान् अरिष्टनेमि के पास दीक्षा ली थी (अन्त १४)। २ एक अनुत्तर-गामी मुनि, जो राजा श्रेणिक के पुत्र थे (अनु १)। ३ ऐरवत वर्ष में उत्पन्न चौबीसवें जिनदेव (सम १५३)। ४ एक शाश्वती जिन-प्रतिमा (पव ५६; महा)। °सेणा स्त्री [°षेणा] १ एक शाश्वती जिन-प्रतिमा (ठा ४, २—पत्र २३०)। २ अधोलोक में रहनेवाली एक दिक्कुमारी देवी (ठा ८—पत्र ४३७; इक २३१ टि)। ३ एक महानदी (ठा ५, ३—पत्र ३५१; इक)। ४ ऊर्ध्वलोक में रहनेवाली एक दिक्कुमारी देवी (इक २३२)। °हर पुं [°धर] मेघ (गउड)।

वारिअ पुं [दे] हजाम, नापित (दे ७, ४७)।

वारिअ वि [वारित] १ निवारित, प्रतिषिद्ध (पाअ; से २, २३)। २ वेष्टित (से २, २३)।

वारिआ स्त्री [द्वारिका] छोटा दरवाजा, बारी (ती २),

'वप्पस्स चा(?वा)रियाए परिखित्तो
खाइयामज्झे।'
'जो जलपूरियविट्ठाकूवाओ
चा(? वा)रियाइ निक्कासो।
सो उवचियगब्भाओ जोणीए निग्गमो इत्थ।'
(धर्मवि १४६)।

वारिज्ज पुंन [दे] विवाह, शादी (दे ७, ५५; पाअ; उप पृ ८०)।

वारिसा देखो वरिसा (विक्र १०१)।

वारिसिय वि [वार्षिक] १ वर्ष-संबन्धी (राज)। २ वर्षा-संबन्धी; 'चिट्ठइ चउरो मासा वारिसिया विबुहपरिमहिओ' (पउम ८२, ६५)।

वारी स्त्री [द्वारिका] बारी, छोटा दरवाजा (ती २)।

वारी स्त्री [वारी] देखो 'वारि' का दूसरा अर्थ; 'बद्धो वारीबंधे फासेण गओ निहणं' (सुर ८, १३६; ओघ ४४६ टी)।

वारी° न [वारि] जल, पानी (हे १, ४; पि ७०)।

वारुअ न [दे] १ शीघ्र, जल्दी। २ वि. शीघ्रता-युक्त; 'ण वारुआ अम्हे' (दे ७, ४८)।

वारुण न [वारुण] १ जल, पानी; 'निम्मल-वारुणमंडलमंडिअससिचारपाणुपवेसे' (सिरि ३६१)। २ वि. वरुण-संबन्धी (पउम १२, १२७; सुर ८, ४५; महा)। °त्थ न [°स्त्र] वरुणाधिष्ठित अस्त्र (महा)। °पुर न [पुर] नगर-विशेष (इक)।

वारुणी स्त्री [वारुणी] १ मदिरा, सुरा, दारू (पात्र; से २, १७; सुर ३, ५५; पण्ह २, ५—पत्र १५०)। २ लता-विशेष, इन्द्र-वारुणी, इन्द्रायन (कुमा)। ३ पश्चिम दिशा (ठा १०—पत्र ४७८; सुपा २५५)। ४ भगवान् सुविधिनाथ की प्रथम शिष्या का नाम (सम १५२; पव ६)। ५ एक दिक्कु-मारी देवी (इक)। ६ कायोत्सर्ग का एक दोष—१ निष्पन्न होती मदिरा की तरह कायोत्सर्ग में 'बुड-बुड' आवाज करना। २ कायोत्सर्ग में मतवाला की तरह डोलते रहना (पव ५)।

वारुया, **वारूया** स्त्री [दे] हस्तिनी, हथिनी (स ७३५; ६४)।

वारेज्ज देखो **वारिज्ज** (स ७३४)।

वारेयव्व देखो **वार** = वारय्।

वाल सक [वालय्] १ मोड़ना। २ वापस लौटाना। वालइ, वालेइ (हे ४, ३३०; भवि; सिरि ४४२)। कवकृ. **वालिज्जंत** (सुर ३, १३६)। संकृ. **वालेऊण** (महा)।

वाल पुं [व्याल] १ सर्प, साँप (गउड; णाया १, १ टी—पत्र ६; औप)। २ दुष्ट हाथी (सुर १०, २१६; चेइय ५८)। ३ हिंसक, पशु, श्वापद (णाया १, १ टी—पत्र ६; औप)। देखो **विआल** = व्याल।

वाल न [वाल] १ एक गोत्र, जो कश्यप-गोत्र की एक शाखा है। २ पुंस्त्री. उस गोत्र में उत्पन्न (ठा ७—पत्र ३९०)।

वाल देखो **बाल** = बाल (औप; पात्र)। °य वि [°ज] केशों से बना हुआ (पउम १०२, १२१)। °वीयणी स्त्री [°वीजनी] १ चामर 'पंच रायककुहाइं; तं जहा—खग्गं छत्तं उप्फेसं वाहणाओ वालवीयणिं' (औप)। २ छोटा व्यजन—पंखा; 'सेयचामरवाल-वीयणीहिं वीइज्जमाणी' (णाया १, १—पत्र ३२; सूअ १, ६, १८)। °हि पुं [°धि] वही अर्थ (पात्र; सुपा २८१)।

°**वाल** देखो **पाल** = पाल (काल; भवि; कुमा १, ६६)।

वालंफोस न [दे] कनक, सोना (दे ७, ६०)।

वालग न [वालक] पात्र-विशेष, गौ आदि के बालों का बना हुआ पात्र (आचा २, १, ८, १)।

वालगपोतिया, **वालग्गपोइया** स्त्री [दे] देखो बालग्ग-पोइआ (सुज्ज ४—पत्र ७०; उत्त ६, २४; सुख ६, २४)।

वालण न [वालन] लौटाना (सुर १, २४६)।

वालप्प न [दे] पुच्छ, दुम, पूँछ (दे ७, ५७)।

वालय पुं [वालक] गन्ध-द्रव्य-विशेष (पात्र)।

वालवास पुं [दे] मस्तक का आभूषण (दे ५६)।

वालवि पुं [व्यालपिन्] मदारी, साँपों को पकड़ने आदि का व्यवसाय करनेवाला, सँपेरा (पण्ह १, २—पत्र २६)।

वालहिल्ल पुं [वालखिल्य] ऋतु से उत्पन्न पुलस्त्य कन्या के साठ हजार पुत्र, जो अंगुष्ठ-पर्व के देह-मानवाले थे (गउड)। देखो **वालिखिल्ल**।

वाला पुंस्त्री [वाला] कंगू, अन्न-विशेष; 'संपण्णं वालावल्लरअं' (गा ८१२)।

वालि पुं [वालि] एक विद्याधर-राजा, कपिराज (पउम ६, ६; से १, १३)। °तणअ पुं [°तनय] राजा वालि का पुत्र, अंगद (से १३, ८३)। °सुअ पुं [°सुत] वही अर्थ (से ४, १२; १३, ६२)।

वालि वि [वालिन्] वक्र, टेढ़ा (से १, १३)।

वालि वि [वालिन्] १ केशवाला। २ पुं. कपिराज (अणु १४२)।

वालिअ वि [वालित] मोड़ा हुआ (पात्र; स ३३७)।

वालिआफोस न [दे] कनक, सुवर्ण (दे ७, ६०)।

वालिंद पुं [वालीन्द्र] विद्याधर वंश का एक राजा (पउम ५, ४५)।

वालिखिल्ल पुं [वालिखिल्य] एक राजर्षि (पउम ३४, १८)। देखो **वालिहिल्ल**।

वालिहाण न [वालधान] पुच्छ, पूँछ (णाया १, ३; उवा)।

वालिहिल्ल देखो **वालहिल्ल** (गउड ३२०)।

वाली स्त्री [दे] वाद्य-विशेष, मुँह के पवन से बजाया जाता तृण-वाद्य (दे ७, ५३)।

°**वाली** स्त्री [पाली] रचना-विशेष, गाल आदि पर की जाती कस्तूरी आदि की छटा (कप्पू)। देखो **पाली**।

वालुअ पुं [वालुक] १ परमाधार्मिक देवों की एक जाति, जो नरक-जीवों को तप्त वालुका—बालू में चने की तरह भुनते हैं (सम २९)। २ धूली-सम्बन्धी (उप पृ २०५)।

वालुअ°, **वालुआ** स्त्री [वालुका] धूलि, बालू, रेत, रज (गउड)। °पुढवी स्त्री [°पृथिवी] तीसरी नरक-पृथिवी (पउम ११८, २)। °प्पभा, °प्पहा स्त्री [°प्रभा] तीसरी नरक-भूमि (ठा ७—पत्र ३८८; इक; अंत १५)। °भा स्त्री [°भा] वही अर्थ (उत्त ३६, १५७)।

वालुंक न [दे] पक्वान्न-विशेष, एक तरह का खाद्य; 'खीरदहिसूवकट्टरलंभे गुडसप्पिवडग-वालुंके' (पिंड ६३७)।

वालुंक न [वालुङ्क] ककड़ी, खीरा (अनु ६; कुप्र ५८)।

वालुंकी, **वालुक्की** स्त्री [वालुङ्की] ककड़ी का गाछ (गा १०; गा १० अ)।

वालुग° देखो **वालुअ°** (स १०२)।

वाव सक [वि + आप्] व्याप्त करना। वावेइ (हे ४, १४१)।

वाव अ [वाव] अथवा, या (विसे २०२०)।

वाव पुं [वाप] वपन, बोना (दे ६, १२६)।

वावइज्ज देखो **वावज्ज**। वावइज्जामि (स ७४१)।

वावंफ अक [कृ] श्रम करना। वावंफइ (हे ४, ६८)।

वावंफिर वि [करिष्णु] श्रम करनेवाला (कुमा)।

वावज्ज अक [व्या + पद्] मर जाना। वावज्जंति (भग)।

वावड पुं [दे] कुटुम्बी, किसान (दे ७, ५४)।

वावड वि [व्यापृत] १ व्याकुल (दे ७, ५४ टी)। २ किसी कार्य में लगा हुआ (हे १, २०६; प्राप्र; कस; सुर १, २६)।

वावड वि [व्यावृत्त] लौटाया हुआ, वापस किया हुआ (उप ५३४)।

वावडय स्त्रीन [दे] विपरीत मैथुन (दे ७, ५८)। स्त्री. °या (पाम्र)।

वावण न [व्यापन] व्याप्त करना (विसे ८६)।

वावणग वि [वामनक] ठिंगणो, ठिंगना, बौना, छोटे कद का (चउप्पन्न० पत्र १६१)।

वावणी स्त्री [दे] छिद्र, विवर (दे ७, ५५)।

वावण्ण देखो वावन्न (णाया १, १२)।

वावत्ति स्त्री [व्यापत्ति] विनाश, मरण (णाया १, ६—पत्र १६६; उप ५०६; स ३६५; ४३२; धर्मसं ६३४; ६७६)।

वावत्ति स्त्री [व्यापृति] व्यापार (उप ५०६)।

वावत्ति स्त्री [व्यावृत्ति] निवृत्ति (ठा ३, ४—पत्र १७४)।

वावन्न वि [व्यापन्न] विनाश-प्राप्त (ठा ५, २—पत्र ३१३, स २४१; सम्मत्त २८; सं ६०)।

वावय पुं [दे] आयुक्त, गाँव का मुखिया (दे ७, ५५)।

वावर अक [व्या + पृ] १ काम में लगना। २ सक. काम में लगाना। वावरेइ (हे ४, ८१), वावरइ (भवि); 'सयं गिहं परिच्चज्ज परिगिहम्मि वावरे' (उत्त १७, १८; सुख १७, १८)। वकृ. वावरंत (कुमा ६, ५१)। प्रयो., हेकृ. वावरावेउं (स ७६२)।

वावरण न [व्यापरण] कार्य में लगाना (भवि)।

वावल्ल देखो वावड = व्यापृत (उप पृ ८७)।

वावल्ल पुंन [दे. वावल्ल] शस्त्र-विशेष (सण)।

वावहारिअ वि [व्यावहारिक] व्यवहार से सम्बन्ध रखनेवाला (इक; विसे ६५६; जीवस ६५)।

वावाअ (?) अक [अव + काश्] अवकाश पाना, जगह प्राप्त करना। वावाअइ (धात्वा १५२)।

वावाअ सक [व्या + पादय्] मार डालना, विनाश करना। वावाएइ (स ३१; महा)। कर्म. वावाइज्जइ, वावाईयइ (स ६७३), भवि. वावाइज्जिस्सइ (पि ५४६)। संकृ. वावाइऊण (स ७५५)। कृ. वावाइयव्व (स १३५)।

वावाइअ वि [व्यापादित] मार डाला गया, विनाशित (सुपा २४१), 'अवावावि(?इ)ओ चेव विउत्तो खु एसो' (स ४११)।

वावायग वि [व्यापादक] हिंसक, विनाश-कर्ता (स २६७)।

वावायण न [व्यापादन] हिंसा, मार डालना, विनाश (स ३३; १०२; १०३; ६७५; सुर १२, २१६)।

वावायय देखो वावायग (स ७५०)।

वावार सक [व्या + पारय्] काम में लगाना। वकृ. वावारेंत (गउड २४४)। कृ. वावारियव्व (सुपा १६२)।

वावार पुं [व्यापार] व्यवसाय (ठा ३, १ टी—पत्र ११४; प्रासू ६१; १२१; नाट—विक्र १७)।

वावारण न [व्यापारण] कार्य में लगाना (विसे ३०७१; उप पृ ७१)।

वावारि वि [व्यापारिन्] व्यापारवाला (से १४, ६६; हम्मीर १३)।

वावारिद (शौ) वि [व्यापारित] कार्य में लगाया हुआ (नाट—शकु १२०)।

वावि अ [वापि] १ अथवा, या (पव ६७)। २ स्त्री. देखो वावी (पण्ह १, १—पत्र ८)।

वावि वि [व्यापिन्] व्यापक (विसे २१५, श्रा २८४; धर्मसं ५२५)।

वाविअ वि [दे] विस्तारित (दे ७, ५७)।

वाविअ वि [वापित] १ प्रापित, प्राप्त करवाया हुआ (से ६, ६२)। २ बोया हुआ; गुजराती में 'वावेलु'; 'जं आसी पुव्वभवे धम्मबीयं वावियं तए जीव' (आत्महि ८; दे ७, ८६)।

वाविअ वि [व्याप्त] भरा हुआ (कुमा ६, ६५)।

वावित्त वि [व्यावृत्त] व्यावृत्तिवाला, निवृत्त (धर्मसं ३२१)।

वावित्ति स्त्री [व्यावृत्ति] व्यावर्तन, निवृत्ति (धर्मसं १०५)।

वाविद्ध देखो वाइद्ध = व्यादिग्ध, व्याविद्ध (ठा ५, २—पत्र ३१३)।

वाविर देखो वावर। वाविरइ (षड्)।

वावी स्त्री [वापी] चतुष्कोण जलाशय-विशेष (औप; गउड; प्रामा)।

वावुड, **वावुद** (शौ) देखो वावड = व्यापृत (नाट—मृच्छ २०१, पि २१८; चारु ६)।

वावोणय न [दे] विकीर्ण, बिखरा हुआ (दे ७, ५६)।

वाशू (मा) स्त्री [वासू] नाटक की भाषा में बाला (मृच्छ २७)।

वास देखो वरिस = वृष्। वासंति (भग)। भूका. वासिसु (कप्प)। कृ. वासिउं (ठा ३, ३—पत्र १४१; पि ६३; ५७७)।

वास अक [वाश्] १ तिर्यंचों का—पशु पक्षियों का बोलना। २ आह्वान करना; 'खीरदुमम्मि वासइ वामत्थो वायसो चलियपक्खो' (पउम ५५, ३१), वासइ, वासए (भवि; कुप्र २२३)। वकृ. वासंत (कुप्र २२३; ३८७)।

वास सक [वासय्] १ संस्कार डालना। २ सुगन्धित करना। ३ वास करवाना। वासइ (भवि)। वकृ. वासंत, वासयंत (औप; कप्प)। कृ. वासणिज्ज (विसे १६७७; धर्मसं ३२६)।

वास देखो वरिस = वर्ष (सम २; कप्प, जी ३४; गउड, कुमा; भग ३, ६; सम १२; हे १, ४३; २, १०५; षड् ४६; सुपा ६७)। °त्ताण न [°त्राण] छत्र, छाता (धर्म ३; ओघ ३०)। °धर, °हर पुं [°धर] पर्वत-विशेष (उवा ७४; २५३; ठा २, ३; सम १२; इक)।

वास पुं [वास] १ निवास, रहना (आचा; उप ४८६, कुमा; प्रासू ३८)। २ सुगन्ध (कुमा; भवि)। ३ सुगन्धी द्रव्य-विशेष (गउड)। ४ सुगन्धी चूर्ण-विशेष; 'पणवन्न-वासवासं विहियं तोसाउ तियसेहिं' (सुपा ६७; दंस २)। ५ द्वीन्द्रिय जन्तु की एक जाति (पण्ण १—पत्र ४४)। °घर न [°गृह] शयन-गृह (णाया १, १६—पत्र

२०१)। °भवण न [°भवन] वही अर्थ (महा)। °रेणु पुं [°रेणु] सुगन्धी रज (औप)। °हर न [°गृह] शयन-गृह (सुर ६, २७; सुपा ३१२; भवि)।

वास पुं [व्यास] १ ऋषि-विशेष, पुराण-कर्ता एक मुनि (हे २, ४५; कप्पू)। २ विस्तार (भग २, ८ टी)।

वास न [वासस्] वस्त्र, कपड़ा (पाअ; वज्जा १६२; भवि)।

°वास देखो पास = पाश (गउड)।

°वास देखो पास = पार्श्व (प्राकृ ३०; गउड)।

वासंग पुं [व्यासङ्ग] आसक्ति, तत्परता; 'ताहे सा पडिबुद्धा विसं व मोत्तूण विसय-वासंगं' (उप १३१ टी; कुप्र ११८; उप पृ १२७)।

वासंठ } (अप) पुं [वसन्त] छन्द का एक **वासंत** } भेद (पिंग १६३; १६३ टि)।

वासंत पुं [वर्षान्त] वर्षा-काल का अन्त-भाग (उप ४८८)।

वासंतिअ वि [वासन्तिक] वसन्त-सम्बन्धी (मै ३)।

वासंतिअ } स्त्री [वासन्तिका, °न्ती] लता-**वासंतिआ** } विशेष (औप; कप्प; कुमा; पण्ण **वासंती** } १—पत्र ३२; णाया १, ९—पत्र १६०; पण्ह १, ४—पत्र ७९)।

वासंदी स्त्री [दे] कुन्द का पुष्प (दे ७, ५५)।

वासग वि [वासक] १ रहनेवाला (उप ७६८ टी)। २ वासना-कर्ता, संस्काराधायक (धर्मसं ३२६)। ३ शब्द करनेवाला। ४ पुं. द्वीन्द्रिय आदि जन्तु (आचा)।

वासण न [दे] पात्र, बरतन; गुजराती में 'वासण'; 'दिट्ठं च पयत्तट्ठावियं चंदणनामं-कियं हिरण्णवासणं' (स ९१; ९२)।

वासण न [वासन] वासित करना (दसनि ३, ३)।

वासणा स्त्री [वासना] संस्कार (धर्मसं ३२६)।

°वासणा स्त्री [दर्शन] अवलोकन, निरीक्षण (विसे १६७७; उप ४६७)। देखो पासणया।

वासय देखो वासग। °सज्जा स्त्री [°सज्जा] नायिका का एक भेद, वह नायिका जो नायक की प्रतीक्षा में सज-धज कर बैठी हो (कुमा)।

वासर पुंन [वासर] दिवस, दिन (पाअ; गउड; महा)।

वासव पुं [वासव] १ इन्द्र, देव-पति (पाअ; सुपा ३०४; चेइय ५८०)। २ एक राज-कुमार (विपा १, १—पत्र १०३)। °केउ पुं [°केतु] हरिवंश का एक राजा, राजा जनक का पिता (पउम २१, ३२)। °दत्त पुं [°दत्त] विजयपुर नगर का एक राजा (विपा २, ४)। °दत्ता स्त्री [°दत्ता] एक आख्यायिका (राज)। °धणु पुंन [°धनुष्] इन्द्र-धनुष (कुप्र ४५६)। °नयर न [°नगर] अमरावती, इन्द्र-नगरी (सुपा ६०९)। °पुरी स्त्री [°पुरी] वही अर्थ (उप पृ १७६)। °सुअ पुं [°सुत] इन्द्र का पुत्र, जयन्त (पाअ)।

वासवदत्ता स्त्री [वासवदत्ता] राजा चंड प्रद्योत की पुत्री और उदयन—वीणावत्सराज की पत्नी (उत्तनि ३)।

वासवार पुं [दे] १ तुरग, घोड़ा (दे ७, ५९)। २ श्वान, कुत्ता; 'विट्टालिज्जइ गंगा कयाइ किं वासवारेहिं' (चेइय १३४)।

वासवाल पुं [दे] श्वान, कुत्ता (दे ७, ६०)।

वासस न [वासस्] वस्त्र, कपड़ा; 'कुभोयणा कुवाससा' (पण्ह १, २—पत्र ४०)।

वासा देखो वरिसा (कुमा; पाअ; सुर २, ७८; गा २३१)। °रत्ति स्त्री. देखो वरिसा-रत्त (हे ४, ३९५)। °वास पुं [°वास] चतुर्मास में एक स्थान में किया जाता निवास (औप; काल; कप्प)। °वासिय वि [°वार्षिक] वर्षाकाल संबन्धी (आचा २, २, २, ८; ९)। °हू पु [°भू] भेक, मेढक (दे ७, ५७)।

वासाणिया स्त्री [दे. वासनिका] वनस्पति-विशेष (सूअ २, ३, १६)।

वासाणी स्त्री [दे] रथ्या, मुहल्ला (दे ७, ५५)।

वासि वि [वासिन्] १ निवास करनेवाला, रहनेवाला (सूअ १, ३, ९; उवा; सुपा ६१८; कुप्र ४९; औप)। २ वासना-कारक, संस्कार-स्थापक (विसे १६७७)।

वासि स्त्री [वासि] बसूला, बढई का एक अस्त्र—औजार; 'न हि वासिवड्ढईणं इहं अभेदो कहंचिदवि' (धर्मसं ४८९)। देखो वासी।

वासिक } वि [वार्षिक] वर्षाकाल-भावी **वासिक्क** } (सुज १२—पत्र २१९)।

वासिट्ठ न [वाशिष्ठ] १ गोत्र-विशेष (ठा ७—पत्र ३९०; कप्प; सुज्ज १०, १६)। २ पुंस्त्री. वाशिष्ठ गोत्र में उत्पन्न (ठा ७)। स्त्री. °ट्ठा, °ट्ठी (कप्प; उत्त १४, २९)।

वासिट्ठिया स्त्री [वाशिष्ठिका] एक जैन मुनि-शाखा (कप्प)।

वासित्तु वि [वर्षितृ] बरसनेवाला (ठा ४, ४—पत्र २६९)।

वासिद } वि [वासित] १ बसाया हुआ, **वासिय** } निवासित (मोह २१)। २ बासी रखा हुआ (अन्न आदि) (सुपा १२; ५३२)। ३ सुगन्धित किया हुआ (कप्प; पव १३३; महा)। ४ भावित, संस्कारित (आव)।

वासी स्त्री [वासी] बसूला, बढ़ई का एक अस्त्र (पण्ह १, १; पउम १४, ७८; कप्प; सुर १, २८; औप)। °मुह पुं [°मुख] बसूले के तुल्य मुँहवाला एक तरह का कीट, द्वीन्द्रिय जन्तु की एक जाति (उत्त ३६, १२९)।

वासुइ } पुं [वासुकि] एक महा-नाग, **वासुगि** } सर्पराज (से २, १३; गा ६९; गउड; ती ७; कुमा; सम्मत्त ७६)।

वासुदेव पुं [वासुदेव] १ श्रीकृष्ण, नारायण (पण्ह १, ४—पत्र ७२)। २ अर्ध-चक्रवर्त्ती राजा, त्रिखण्ड भूमि का अधीश (सम १७; १५२; १५३; अंत)।

वासुपुज्ज पुं [वासुपूज्य] भारतवर्ष में उत्पन्न बारहवें जिन भगवान् (सम ४३; कप्प; पडि)।

वासुली स्त्री [दे] कुन्द का फूल (दे ७, ५५)।

वाह सक [वाहय्] वहन कराना, चलाना। वाहइ, वाहेइ (भवि; महा)। कवकृ. वाहिज्जमाण (महा)। हेकृ. वाहिउं (महा)। कृ. वाह, वाहिय (हे २, ७८ आचा २, ४, २, ९)।

वाह पुंस्त्री [व्याध] लुब्धक, बहेलिया (हे १, १८७; पाअ)। स्त्री. °ही (गा १२१; पि ३८५)।

वाह पुं [वाह] १ अश्व, घोड़ा (पाअ, सूअ १, २, ३, ५; उप ७२८ टी; कुप्र १४७; हम्मीर १८)। २ जहाज, नौका; 'वाहोडुवाइ तरणं' (विसे १०२७)। ३ भारवहन, बोझ ढ़ोना (सूअ १, ३, ४, ५)। ४ परिमाण-विशेष,

आठ सौ आढ़क का एक मान (तंदु २९)। ५ शाकटिक, गाड़ी हाँकनेवाला (सूअ १, २, ३, ५)। °वाहिया स्त्री [°वाहिका] घुड़सवारी (धर्मवि ४)।

वाहगण } पुं [दे] मन्त्री, अमात्य, प्रधान
वाहगणय } (दे ७, ६१)।

वाहड वि [दे] भृत, भरा हुआ; 'बहुवाहडा अगाहा' (दस ७, ३९)।

वाहडिया स्त्री [दे] काँवर, बहँगी (उप पृ ३३७)।

वाहण पुंन [वाहन] १ रथ आदि यान; 'जह भिच्चवाहणा लोए' (गच्छ १, ३८; उवा; औप; कप्प)। २ जहाज, नौका, यानपात्र; गुजराती में 'वहाण' (उवा; सिरि ४२३; कुम्मा १६)। ३ न. चलाना; 'वाहवाहण-परिस्संतो' (कुप्र १४७)। ४ शकट, बोझ आदि ढोआना, भार लाद कर चलाना (पण्ह १, २—पत्र २९; द्र २९)। °साला स्त्री [°शाला] यान रखने का घर (औप)।

वाहणा स्त्री [वाहना] वहन कराना, बोझ आदि ढोआना (श्रावक २५८ टी)।

वाहणा स्त्री [दे] ग्रीवा, डोक, गला (दे ७ ५४)।

वाहणा स्त्री [उपानह्] जूता (औप; उवा; पि १४१)।

वाहणिय वि [वाहनिक] वाहन संबन्धी (उप ७२८ टी)।

वाहणिया स्त्री [वाहनिका] वहन कराना, चलाना; 'आसवाहणियाए' (स ३००)।

वाहत्तु देखो वाहर।

वाहय वि [वाहक] चलानेवाला, हाँकनेवाला (उत्त १, ३७)।

वाहय वि [व्याहत] व्याघात-प्राप्त (मोह १०७; उव)।

वाहर सक [व्या + हृ] १ बोलना, कहना। २ आह्वान करना। वाहरइ (हे ४, २५९; सुपा ३२२; महा)। कर्म वाहिप्पइ, वाहरिज्जइ (हे ४, २५३); 'वाहिप्पंति पहाणा गारुडिया' (सुर १६, ६१)। कवकृ. वाहिप्पंत (कुमा)। वकृ. वाहरंत (गा ५०३; सुर ६, १६६)। संकृ. वाहरिउं (वव ४)। हेकृ. वाहत्तुं (से ११, ११६)।

वाहरण न [व्याहरण] १ उक्ति, कथन (कुमा)। २ आह्वान (स २५२; ५०६)।

वाहराविय वि [व्याहारित] बुलवाया हुआ (कुप्र १५; महा)।

वाहरिअ देखो वाहित्त = व्याहृत (सुर १, १५०; ४, ६; सुपा १३२; महा)।

वाहलार वि [दे. वात्सल्यकार] १ स्नेही, अनुरागी। २ सगा; गुजराती में 'वाहलेसरी'; 'अह सत्थाहो तमन्नजायंपि। नियतणुजं मन्नंतो लालेइ वाहलारुव्व' (धर्मवि १२८)।

वाहलिया } स्त्री [दे] क्षुद्र नदी, छोटा जल-
वाहली } प्रवाह (वज्जा २२; ५४; दे ७, ३९)।

वाहा स्त्री [दे] वालुका, रेत (दे ७, ५४)।

वाहाया स्त्री [दे] वृक्ष-विशेष; 'समिसंगलिया ति वा वाहायासंगलिया ति वा अगत्थिसंगलिया ति वा' (अनु ५)।

वाहाविय वि [वाहित] चलाया हुआ (महा)।

वाहि देखो वाहर। संकृ. वाहित्ता (आक ३८; पि ५८२)।

वाहि पुंस्त्री [व्याधि] रोग, बीमारी; 'चउव्विहे वाही पन्नत्ते' (ठा ४, ४—पत्र २६५; पाअ; सुर ४, ७५; उवा; प्रासू १३३; महा); 'एयाओ सत्त वाहीओ दारुणाओ' (महा)।

वाहि वि [वाहिन्] वहन करनेवाला, ढोनेवाला; 'जहा खरो चंदणभारवाही' (उव)।

वाहिअ वि [वाहित] चलाया हुआ; 'वाहियं तम्मि वंसकुडंगे तं खग्गं' (महा); 'तो तेण तेण खग्गेण कोसखित्तेण वाहिओ घाओ' (सुपा ५२७)।

वाहिअ देखो वाहित्त = व्याहृत (हे २, ९९; षड्; महा; णाया १, १—पत्र ६३)।

वाहिअ वि [व्याधित] रोगी, बीमार (सिरि १०७८; णाया १, १३—पत्र १७९; विपा १, ७—पत्र ७५; पण्ह १, ३—पत्र ५४; कस)।

वाहिणी स्त्री [वाहिनी] १ नदी (धर्मवि ३)। २ सेना, लश्कर; 'सेणा वरूहिणी वाहिणी अणीअं चमू सिन्नं' (पाअ)। ३ सेना-विशेष, जिसमें ८१ हाथी, ८१ रथ, २४३ घोड़े और ४०५ प्यादें हों वह सैन्य (पउम ५६, ६)। °णाह पुं [°नाथ] सेना-पति (किरात १३)। °स पुं [°श] वही (किरात ११)।

वाहित्त वि [व्याहृत] १ उक्त, कथित (हे १, १२८; २, ९९; प्राप्र)। २ आहूत, शब्दित (पाअ; उत्त १, २०)।

वाहित्ति स्त्री [व्याहृति] १ उक्ति, वचन। २ आह्वान (अच्चु २)।

वाहिप्प° देखो वाहर।

वाहिम देखो वाह = वाहय।

वाहियाली स्त्री [वाह्याली] अश्व खेलने की जगह (स १३; सुपा ३२७; महा)।

वाहिल्ल वि [व्याधिमत्] रोगी (धम्म ८ टी)।

वाही देखो वाह = व्याध।

वाहुडिअ वि [दे] गत, चलित; 'तो वाहुडिउ जवेण' (कुप्र ४५८)। देखो बाहुडिअ।

वाहुय देखो वाहित्त = व्याहृत (औप)।

वि देखो अवि = अपि (हे २, २१८; कुमा; गा ११; १७; २३; कम्म ४, १६; ६०; ६६; रंभा)।

वि अ [वि] इन अर्थों का सूचक अव्यय— १ विरोध, प्रतिपक्षता; 'विगहा', 'विओग' (ठा ४, २; गच्छ १, ११; सुर २, २१५)। २ विशेष; 'विउस्सिय' (सूअ १, १, २, २३; भग १, १ टी)। ३ विविधता; 'वियक्खमाण', 'विउस्सग्ग' (ओघभा १८८; भग १, टी; आवम)। ४ कुत्सा, खराबी; 'विरूव' (उप ७२८ टी)। ५ अभाव; 'विइण्ह' (से २,१०)। ६ महत्त्व; 'विएअ' (गउड)। ७ भिन्नता; 'विएस' (महा)। ८ ऊँचाई, ऊर्ध्वता; 'विक्खेव' (ओघभा १६३)। ९ पादपूर्त्ति (पउम १७,९७)। १० पुं. पक्षी (से १,१, सुर १६,४३)। ११ वि. उद्दीपक, उत्तेजक। १२ अवबोधक, ज्ञापक; 'सम्मं सम्मत्तवियासउं वरं दिसउ भवियाणं' (विवे १४३)।

वि देखो बि = द्वि; 'ते पुण होज्ज विहत्था कुम्मापुत्तादओ जहन्नेणं' (विसे ३१६९)।

वि वि [विद्] जानकार, विज्ञ (आचा; विसे ५००)। °उच्छा स्त्री [°जुगुप्सा] विद्वान् की निन्दा, साधु की निन्दा (श्रा ६ टी—पत्र ३०)।

वि° स्त्री [विष्] पुरीष, विष्ठा (पण्ह २, १—६९; संति २; औप; विसे ७८१)।

विअ सक [विद्] जानना। वियसि (विसे १६००)। भवि. विच्छं, वेच्छं (पि ५२३; ५२६; प्राप्र; हे ३, १७१)। वकृ. **विअंत** (रंभा)। संकृ. **विइत्ता, विइत्ताणं, विइत्त** (आचा; दस १०, १८)।

विअ न [वियत्] आकाश, गगन (से ६, ४८)। °**चर** वि [°चर] आकाश-विहारी। °**चरपुर** न [°चरपुर] एक विद्याधर-नगर (इक)।

विअ वि [विद्] १ जानकार, विद्वान्; 'तं च भिक्खू परिन्नाय वियं तेसु न मुच्छए' (सूअ १, १, ४, २)। २ विज्ञान, जानकारी (राज)।

विअ देखो **इव** (हे २, १८२; प्राप्र; स्वप्न २७; कुमा; पउम ११, ८१; महा)।

विअ पुं [वृक] श्वापद जन्तु-विशेष, भेड़िया (नाट—उत्तर ७१)।

विअ पुं [व्यय] विगम, विनाश; 'पंचविहे छेयणे पन्नत्ते, तं जहा—उप्पाछेयणे वियच्छेदणे' (ठा ५, ३—पत्र ३४६)।

विअ वि [विगत] विनष्ट, मृत। °**च्चा** स्त्री [°र्चा] मृत आत्मा का शरीर (ठा १—पत्र १६)।

विअ देखो **अविअ** = अपिच (जीव १)।

विअइ वि [विजयिन्] जिसकी जीत हुई हो वह (मा २२)।

विअइ स्त्री [विगति] विगम, विनाश (ठा १—पत्र १६)।

विअइ देखो **विगइ** = विकृति (ठा १—पत्र १६; राज)।

विअइत्ता देखो **विअत्त** = वि + वर्तय्।

विअइल्ल पुं [विचकिल] १ पुष्प-वृक्ष विशेष। २ न. पुष्प-विशेष (हे १; १६६; कप्पू; वा २३; कुमा)। ३ वि. विकच, विकसित (सण)।

विअओलिअ वि [दे] मलिन (दे ७, ७२)।

विअंग सक [व्यङ्गय्] अंग से हीन करना—हाथ, कान आदि को काटना। वियंगेइ (णाया १, १४—पत्र १८५)।

विअंग वि [व्यङ्ग] अंग-हीन; 'वियंगमंगा' (पण्ह १, १—पत्र १८)।

विअंगिअ वि [दे] निन्दित (दे ७, ६६)।

विअंगिअ वि [व्यङ्गित] खण्डित, छिन्न (पण्ह १, ३—पत्र ४५; टी—पत्र ४६)।

विअंजण देखो **वंजण** = व्यञ्जन (प्राकृ ३१; सम्म ७२)।

विअंजिअ वि [व्यञ्जित] व्यक्त किया हुआ, प्रकट किया हुआ (सूअ २, १, २७; ठा ५, २—पत्र ३०८)।

विअंदूत वि [दे] १ अवरोपित। २ मुक्त (षड् १७७)।

विअंति स्त्री [व्यन्ति] अन्त क्रिया। °**कारय** वि [°कारक] अन्त-क्रिया करनेवाला, कर्मों का अन्त करनेवाला, मुक्ति-साधक (आचा १, ८, ४, ३)।

विअंभ अक [वि + जृम्भ्] १ उत्पन्न होना। २ विकसना। ३ जँभाई खाना। विअंभइ (हे ४, १५७; षड्; भवि)। वकृ. **विअंभंत, विअंभमाण** (धात्वा १५२; से १, ४३; गा ४२५; महा)।

विअंभ वि [विदम्भ] निष्कपट, सत्य; 'अयाणयं वियंभसुहस्सं' (स ६६०)।

विअंभण न [विजृम्भण] १ जँभाई, जम्हाई (स ३३६; सुपा १४६)। २ विकाश। ३ उत्पत्ति (भवि; माल ८४)।

विअंभिअ वि [विजृम्भित] १ प्रकाशित (गा ५६४)। २ उत्पन्न (माल ८६)। ३ न. जँभाई (गा ३५२)।

विअंसण वि [विवसन] वस्त्र-रहित, नग्न (प्राकृ ३२)।

विअंसय पुं [दे] व्याध, बहेलिया (दे ७, ७२)।

विअक्क सक [वि + तर्कय्] विचारना, विमर्श करना, मीमांसा करना। वकृ. **वियक्कंत, वियक्कमाण** (सुपा २६४; उप २२० टी)।

विअक्क पुंस्त्री [वितर्क] विमर्श, मीमांसा (औप; सम्मत्त १४१)। स्त्री. °**क्का** (सूअ १, १२, २१; पउम ६३, ६)।

विअक्किय वि [वितर्कित] विमर्शित, विचारित (सण)।

विअक्ख सक [वि + ईक्ष्] देखना। वकृ. **वियक्खमाण** (ओघभा १८८)।

विअक्खण वि [विचक्षण] विद्वान्, पण्डित, दक्ष (महा; प्रासू ४१; भवि; नाट—वेणी २४)।

विअग्ग वि [व्यग्र] व्याकुल (प्राकृ ३१)।

विअग्घ देखो **वग्घ** = व्याघ्र; '—महिसवि (?विय)ग्घछगलदीविया—' (पण्ह १, १—पत्र ७; पि १३४)।

विअग्घ पुं [वैयाघ्र] व्याघ्र-शिशु (पण्ह १, १—पत्र १८)।

विअज्जास देखो **विवज्जास** (नाट—मृच्छ ३२६)।

विअट्ट सक [विसं + वद्] अप्रमाणित करना, असत्य साबित करना। विअट्टइ (हे ४, १२६)।

विअट्ट अक [वि + वृत्] विचरना, विहरना। वकृ. 'गिम्हसमयंसि पत्ते वियट्टमाणे (सु?) वणेसु वणकरेणुविविहदिण्णकयपंसुघाओ तुमं' (णाया १, १—पत्र ६५)।

विअट्ट वि [विवृत्त] निवृत्त, व्यावृत्त; 'विअट्टछउमेणं जिणेणं' (सम १; भग; कप्प; औप; पडि)। °**भोइ** वि [°भोजिन्] प्रतिदिन भोजन करनेवाला (भग)।

विअट्ट पुं [विवर्त] प्रपञ्च (स १७८)।

विअट्ट, विअट्टिअ वि [विसंवदित] संवाद-रहित, अप्रमाणित; 'विअट्टं विसंवइअं' (पाअ; कुमा ६, ८८)।

विअट्ठ वि [विकृष्ट] १ दूर-स्थित। २ क्रिवि. दूर (णाया १, १ टी—पत्र १)।

विअड सक [वि + कटय्] १ प्रकट करना। २ आलोचना करना। वियडेइ (ठा १० टी—पत्र ४८५)। कवकृ. **वियडिज्जंत** (राज)।

विअड वि [व्यर्द] लज्जित, लज्जा-युक्त (णाया १, ८—पत्र १४३)।

विअड वि [विवृत] खुला हुआ, अनावृत (ठा ३, १—पत्र १२१; ५, २—पत्र ३१२)। °**गिह** न [°गृह] चारो तरफ खुला घर, स्थान-मण्डपिका (कप्प; कस)। °**जाण** न [°यान] खुला वाहन, ऊपर से खुला यान (णाया १, १ टी—पत्र ४३)।

विअड न [दे] १ प्रासुक जल, जीव-रहित पानी (सूअ १, ७, २१; ठा ३, ३—पत्र १३८; ५, २—पत्र ३१३; सम ३७; उत्त २, ४; कप्प)। २ मद्य, दारू (पिंड २३६)। ३ प्रासुक आहार, निर्दोष आहार; 'जं किंचि पावगं भगवं तं अकुव्वं वियडं भुंजित्था' (आचा १, ६, १, १८), 'वियडगं भोच्चा' कप्प)।

विअड वि [विकृत] विकार-प्राप्त (आचा; उत्त २, ४; कस; पि २१६)।

विअड वि [विकट] १ प्रकट, खुला (सूअ १, २, २, २२; पंचा १०, १८; पव १५३)। २ विशाल, विस्तीर्ण; '—अकोसायंतपउम-गंभीरवियडनाभे' (उवा; औप; गा १०३; गउड)। ३ सुन्दर, मनोहर (गउड)। ४ प्रभूत, प्रचुर (सूअ २, २, १८)। ५ पुं. एक ज्योतिष्क महाग्रह (ठा २, ३—पत्र ७८; सुज्ज २०)। ६ एक विद्याधर-राजा (पउम १०, २०)। °भोइ वि [°भोजिन्] प्रकाश में भोजन करनेवाला, दिन में ही भोजन करनेवाला (सम १६)। °वइ, °वाइ पुं [°पातिन्] पर्वत-विशेष (ठा ४, २—पत्र २२३; इक; ठा २, ३—पत्र ६६; ८०)।

विअड अक [विकटय्] विस्तीर्ण होना। वियडेइ (गउड ११६८)।

विअडण स्त्रीन [विकटन] १ अतिचारों की आलोचना। २ स्वाभिप्राय-निवेदन (पंचा २, २७)। स्त्री. °णा (ओघ ६१३; ७६१; पिंडभा ४१; श्रावक ३७६; पंचा १६, १६)।

विअडि स्त्री [वितटि] १ खराब किनारा। २ अटवी, जंगल (णाया १, १—पत्र ६३)।

विअड्डि स्त्री [वितर्दि] वेदिका, हवन-स्थान, वेदी, चौतरा (हे २, ३६; कुमा; प्राप्र)।

विअड्ढ वि [विदग्ध] १ निपुण, कुशल। २ पण्डित, विद्वान् (हे २, ४०; गउड; महा)।

विअड्ढग वि [विकर्षक] खींचनेवाला; 'महाघणविअट्ट(ड्ढ)का' (पण्ह १, ४—पत्र ७२)।

विअड्ढा स्त्री [विदग्धा] नायिका का एक भेद (कुमा)।

विअड्ढिम पुंस्त्री [विदग्धता] १ निपुणता। २ पाण्डित्य (कुप्र ४०५; वज्जा १३४)।

विअण पुंन [व्यजन] बेना, पंखा (प्राप्र; हे १, ४६; पण्ह १, १—पत्र ८)।

विअण वि [विजन] निर्जन, जन-रहित; 'लंघंति वियणकाणणं' (भवि)।

विअणा स्त्री [वेदना] १ ज्ञान। २ सुख-दुःख आदि का अनुभव। ३ विवाह। (प्राप्र; हे १, १४६)। ४ पीड़ा, दुःख, संताप (पाअ; गउड; कुमा)।

विअणिय वि [वितनित, वितत] विस्तीर्ण (भवि)।

विअणिय वि [विगणित] अनादृत, तिरस्कृत (भवि)।

विअण्ण वि [विपन्न] मृत (गा ५४६)।

विअण्ह वि [वितृष्ण] तृष्णा-रहित (गा ६३)।

विअत्त सक [वि + वर्तय्] घूम कर जाना। संकृ. वियत्तूण, वियइत्ता, विउत्ता (आचा १, ८, १, २)।

विसय पुं [विषय] १ गोचर, इन्द्रिय आदि से जाना जाता पदार्थ—शब्द, रूप, रस आदि वस्तु (पाअ; कुमा; महा)। २ जनपद, देश (ओघभा ८; कुमा; पउम २७, ११; सुपा ३१, महा)। ३ काम-भोग, विलास; 'भोगपुरिसो समज्जियविसयसुहो' (ठा ३, १ टी—पत्र ११४; कम्म १, ५७; सुपा ३१; महा)। ४ बाबत, प्रकरण, प्रस्ताव; 'जोइसविसए' (उप ९८६ टी; ओघभा ६)। °**विहइ** पुं [°धिपति] देश का मालिक, राजा (सुपा ४६४)।

विसर सक [वि + सृज्] १ त्याग करना। २ विदा करना, भेजना। विसरइ (षड्)।

विसर अक [वि + सृ] सरकना, धसना, नीचे गिरना, खिसकना। वकृ. **विसरंत** (णाया १, ६—पत्र १५७; से १४, ५४)।

विसर सक वि + स्मृ] भूल जाना, याद न आना। विसरइ (प्राकृ ६३)।

विसर पुं [दे] सैन्य, सेना, लश्कर (दे ७, ६२)।

विसर पुं [विसर] समूह, यूथ, संघात (सुपा ३; सुर १, १८५; १०; १४)।

विसरण न [विशरण] विनाश (राज)।

विसरय पुंन [दे] वाद्य-विशेष (महा)।

विसरा स्त्री [विसरा] मच्छी पकड़ने का जाल-विशेष (विपा १, ८—पत्र ८५)।

विसरिअ वि [विस्मृत] याद नहीं आया हुआ (पि ३१३)।

विसरिया स्त्री [दे] सरट, कृकलास, गिरगिट (राज)।

विसरिस वि [विसदृश] असमान, विजातीय (सण)।

विसलेस पुं [विश्लेष] जुदाई, वियोग, पृथग्भाव (चंड)।

विसल्ल वि [विशल्य] शल्य-रहित (पउम ६३, ११; चेइय ३८७)। °**करणी** स्त्री [°करणी] विद्या-विशेष (सूअ २, २, २७)।

विसल्ला स्त्री [विशल्या] १ एक महौषधि (ती ५)। २ लक्ष्मण की एक स्त्री (पउम ६३, २९)।

विसस सक [वि + शस्] वध करना, मार डालना; 'विससेह महिसे' (मोह ७६)। कवकृ. **विससिज्जंत** (गउड ३१६)।

विसस देखो **विस्सस** = वि + श्वस्। कृ- **विससिअव्व** (सं १०८)।

विससिय वि [विशसित] वध किया हुआ, जो मार डाला गया हो वह (गउड; ४७५; ससम्मत्त १४०)।

विसह सक [वि + षह्] सहन करना। विसहंति (उव)। वकृ. **विसहंत** (से १२, २३; सुपा २३३)। हेकृ. **विसहिउं** (स ३४६)।

विसह वि [विषह] सहन करनेवाला, सहिष्णु; 'वसुंधरा इव सव्वफासविसहे' (कप्प; औप)।

विसह देखो **वसभ** (गउड)।

विसहण न [विषहण] १ सहन करना (धर्मसं ८६७)। २ वि. सहिष्णु (पव ७३ टी)।

विसहिअ वि [विषोढ] सहन किया हुआ (से ६, ३३)।

विसाअ (अप) स्त्री [विश्वा] छन्द-विशेष (पिंग)।

विसाइ वि [विषादिन्] विषाद-युक्त, शोक ग्रस्त (संबोध ३६)।

विसाण न [विषाण] १ हाथी का दाँत (पएह १, १—पत्र ८, अणु २१२)। २ शृंग, सींग (सुख ६, १; पाअ; औप)। ३ सूअर का दाँत (उवा)। ४ पुं. ब. देश-विशेष (पउम ६८, ६५)।

विसाण सक [विशाणय्] घिसना, शाण पर चढ़ाना। कर्म. विसाणीअदि (शौ) (नाट—मृच्छ १३६)।

विसाणि वि [विषाणिन्] १ सींगवाला। २ पुं. हाथी, हस्ती। ३ शृंगाटक, सिंघाड़ा। ४ ऋषभ नामक औषध (अणु १४२)।

विसाय सक [वि + स्वादय्] विशेष चखना, खाना। वकृ. विसाएमाण (णाया १, १—पत्र ३७; कप्प)।

विसाय पुं [विषाद] खेद, शोक, दिलगीरी, अफसोस (उव; गउड; सुपा १०४; हे १, १५५)। °वंत वि [°वत्] खिन्न, शोक-ग्रस्त (श्रा १४)।

विसाय वि [विसात] १ सुख-रहित (विवे १३६)। २ पुंन. एक देव-विमान (सम ३८)।

विसाय वि [विस्वाद] स्वाद-रहित; 'आम-यकारि विसायं मिच्छत्तं कयसणं व जं भुत्तं' (विवे १३६)।

विसार सक [वि + सारय्] फैलाना। वकृ. विसारंत (उत्त २२, ३४)।

विसार पुं [दे] सैन्य, सेना (षड्)।

विसार वि [विसार] सार-रहित, निःस्सार (गउड)।

विसारण न [विशारण] खण्डन (पिंड ५६०)।

विसारणिय वि [विस्मारणिक] स्मारणा-रहित, जिसको याद न दिलाया गया हो वह (काल)।

विसारय वि [दे] धृष्ट, ढीठ, साहसी (दे ७, ६६)।

विसारय वि [विशारद] विद्वान्, पण्डित, दक्ष (पएह, १, ३—पत्र ५३; भग; औप; सुर १, १३; प्रासू १६)।

विसारि वि [विसारिन्] फैलनेवाला, व्यापक (गउड)। स्त्री. °णी (कप्पू)।

विसारि पुं [दे] कमलासन, ब्रह्मा (दे ७, ६२)।

विसाल वि [विशाल] १ विस्तृत, बड़ा, विस्तीर्ण, चौड़ा (पाअ; सुर २, ११६; प्रति १०)। २ पुं. एक ग्रह-देवता, अठासी महा-ग्रहों में एक महाग्रह (ठा २, ३—पत्र ७८)। ३ एक इन्द्र, क्रन्दित-निकाय का उत्तर दिशा का इन्द्र (ठा २, ३—पत्र ८५)। ४ पुंन. देव-विमान विशेष (सम ३५; देवेन्द्र १३६; पव १६४)। ५ न. एक विद्याधर-नगर (इक)।

विसालय पुं [दे] जलधि, समुद्र (दे ७, ७१)।

विसाला स्त्री [विशाला] १ एक नगरी का नाम, उज्जयिनी, उज्जैन (सुपा १०३; उप ६८८)। २ भगवान् पार्श्वनाथ की दीक्षा-शिविका (विचार १२६)। ३ जंबूवृक्ष विशेष, जिससे यह जंबूद्वीप कहलाता है। ४ राजधानी-विशेष (इक)। ५ भगवान् महावीर की माता का नाम (सूअ १, २, ३, २२)। ६ एक पुष्करिणी (राज)।

विसालिस देखो विसरिस (उत्त ३, १४)।

विसासण वि [विशासन] विघातक, विना-शक; 'कुसुमयविसासणं' (सम्म १)।

विसासिअ वि [विशासित] १ मारित, हिंसित, जिसका वध किया हो वह। २ विशेष रूप से घर्षित। ३ विश्लेषित, वियुक्त किया हुआ। ४ मार भगाया हुआ (से ८, ६३)।

विसाह पुं [विशाख] स्कन्द, कार्तिकेय (पाअ)।

विसाहा स्त्री [विशाखा] १ नक्षत्र-विशेष (सम १०)। २ व्यक्ति-वाचक नाम, एक स्त्री का नाम (वज्जा १२२)। ३ एक विद्याधर-कन्या (महा)।

विसाहिअ वि [विसाधित] १ सिद्ध किया गया। २ न. संसिद्धि; 'खग्गविसाहिउ जहिं लहहुं पिय तहिं देसहिं जाहुं' (हे ४, ३८६; ४११)।

विसाही स्त्री [वैशाखी] १ वैशाख मास की पूर्णिमा। २ वैशाख मास की अमावस (सुज्ज १०, ६)।

विसि स्त्री [दे] करि-शारी, गज पर्याण (दे ७, ६१)।

विसि देखो बिसि (हे १, १२८; प्राप्र)।

विसिज्जमाण देखो विस = वि-शॄ।

विसिट्ठ वि [विशिष्ट] १ प्रधान, मुख्य (सूअ १, ६, ७; पएह २, १—पत्र ६६)। २ विशेष-युक्त (महा)। ३ विशेष शिष्ट, सुसभ्य (वज्जा १६०)। ४ युक्त, सहित (पएण २३—पत्र ६७१)। ५ व्यतिरिक्त, भिन्न, विलक्षण (विसे)। ६ पुं. एक इन्द्र, द्वीपकुमार-देवों का उत्तर दिशा का इन्द्र (ठा २, ३—पत्र ८४)। ७ न. लगातार छः दिनों का उपवास (संबोध ५८)। °दिट्ठि स्त्री [°दृष्टि] अहिंसा (पएह २, १)।

विसिट्ठि स्त्री [विसृष्टि] विपरीत क्रम (सिरि ८७८)।

विसिण वि [दे] रोमश, प्रचुर रोमवाला (दे ७, ६४)।

विसिस सक [वि + शिष्] विशेषण-युक्त करना। कर्म. 'किरिया विस(?सि)स्सए पुण नाणाउ, सुए जओ भणिअं' (अज्झ ५८; ५६)।

विसिह पुं [विशिख] १ बाण, तीर (पाअ; पउम ८, १००; सुपा २२; किरात १३)। २ वि. शिखा-रहित (गउड ५३६)।

विसी देखो बिसी (हे १, १२८; प्राप्र)।

विसी स्त्री [विंशति] बीस, बीस का समूह; 'केत्ती(?त्ति)आओ भाअवदाणं विसीओ' (हास्य १३६)।

विसीअ अक [वि + सद्] १ खेद करना। २ निमग्न होना, डूबना। विसीयइ, विसीअंति, विसीअए, विसीयह (सूअ १, ३, ४, १; १, ३,४,५; ठा ४, ४—पत्र २७८; उव)। वकृ. विसीयंत (पि ३६७)।

विसीइय वि [विशीर्ण] १ जीर्ण, त्रुटित। २ न. टूटना, जर्जरित होना; 'संधीहिं विहडियं पिव विसीइयं सव्वअंगेहिं' (सुर १२, १६६)।

विसीरंत देखो विस = वि + शॄ।

विसील वि [विशील] १ ब्रह्मचर्य-रहित, व्यभिचारी (वसु; उप ५६७ टी)। २ खराब स्वभाववाला, विरूप आचरणवाला (उत्त ११, ५)।

विसुज्झ अक [वि + शुध्] शुद्धि करना। विसुज्झइ (उव)। वकृ. **विसुज्झंत, विसुज्झमाण** (उप ३२० टी; णाया १, १—पत्र ६४; उवा; औप; सुर १६, १६१)।

विसुणिअ वि [विश्रुत] विज्ञात (पण्ह १, ४—पत्र ८५)।

विसुत्त वि [विस्रोतस्] १ प्रतिकूल। २ खराब, दुष्ट (भवि)।

विसुत्तिया देखो **विसोत्तिया** (श्रावक ५६; दस ५, १, ६)।

विसुद्ध वि [विशुद्ध] १ निर्मल, निर्दोष (सम ११६; ठा ४, ४ टी—पत्र २८३; प्रासू २२; उव; हे ३, ३८)। २ विशद, उज्ज्वल (पण्ण १७—पत्र ४८६)। ३ पुं. ब्रह्मदेवलोक का एक प्रतर (ठा ६—पत्र ३६७)।

विसुद्धि स्त्री [विशुद्धि] निर्दोषता, निर्मलता (औप; गा ७३७)।

विसुमर सक [वि + स्मृ] भूल जाना, याद न आना। विसुमरइ, विसुमरामि (महा; पि ३१३), विसुमरेहि (स २०४)।

विसुमरिअ वि [विस्मृत] जिसका विस्मरण हुआ हो वह (स २६५; सुख २, २६; सुर १४, १७)।

विसुराविय वि [खेदित] खिन्न किया हुआ; 'अरईविलासविसुरावियाण निव्वडइ सोहग्गं' (गउड १११)।

विसुव न [विषुवत्] रात और दिन की समानतावाला काल, वह समय जब दिन और रात दोनों बराबर होते हैं (दे ७, ५०)।

विसूइआ स्त्री [विसूचिका] रोग-विशेष, हैजा (उव; सुर १६, ७२; आचा २, २, १, ४)।

विसूणिय वि [विशूनित] १ फुला हुआ, सुजा हुआ (पण्ह १, १—पत्र १८)। २ काटा हुआ, उत्कृत्त (सूअ १, ५, २, ६)।

विसूर देखो **विसुमर**। विसूरइ (प्राकृ ६३)।

विसूर अक [खिद्] खेद करना। विसूरइ (हे ४, १३२; प्राप्र; उव)। वकृ. **विसूरंत, विसूरमाण** (उव; गा ४१४; सुपा ३०२; गउड)। कृ. **विसूरियव्व** (गउड)।

विसूरण न [खेदन] १ खेद। २ पीड़ा (पण्ह १, ५—पत्र ६४)।

विसूरणा स्त्री [खेदना] खेद, अफसोस; दुःख (से ५, ३)।

विसूरिअ वि [खिन्न] खेद-युक्त, दिलगीर (से १०, ७६)।

विसूहिय पुंन [विष्वग्हित] एक देव-विमान (सम ४१)।

विसेढि स्त्री [विश्रेणि] १ विदिशा-सम्बन्धी श्रेणि, वक्र रेखा। २ वि. विश्रेणि में स्थित (णंदि; पि ६६; ३०४)।

विसेस सक [वि + शेषय्] विशेष-युक्त करना, गुण आदि द्वारा दूसरे से भिन्न करना, विशेषण से अन्वित करना, व्यवच्छेद करना। विसेसइ, विसेसेइ (भवि; सण; सूअनि ६१ टी; भग; विसे ७६; महा)। कर्म विसेसिज्जइ (विसे ३१११)। संकृ. **विसेसिउं** (विसे ३११४)। कृ. **विसेसणिज्ज, विसेस्स** (विसे २१५६; १०३५)।

विसेस पुंन [विशेष] १ प्रभेद, पार्थक्य, भिन्नता; 'ण संपरायंसि विसेसमत्थि' (सूअ २, ६, ४६; भग; विसे १०५, उव)। २ भेद, प्रकार; 'दसविहे विसेसे पन्नत्ते' (ठा १०, महा; उव)। ३ असाधारण, अमुक, व्यक्ति, खास (उव; जी ३६; महा; अभि २१०)। ४ पर्याय, धर्म, गुण (विसे २६७)। ५ अधिक, अतिशय, ज्यादा; 'तओ विसेसेण तं पुज्जं' (भग; प्रासू १७६; महा; जी ३६)। ६ तिलक। ७ साहित्यशास्त्र-प्रसिद्ध अलंकार-विशेष। ८ वैशेषिक-प्रसिद्ध अन्त्य पदार्थ (हे १, २६०)। °ण्णु [°ज्ञ] विशेष जानने वाला (सं ३२; महा)। °ओ अ [°तस्] खास करके (महा)।

विसेस पुं [विश्लेष] पृथक्करण (वव १)।

विसेसण न [विशेषण] दूसरे से भिन्नता बतानेवाला गुण आदि (उप ४४४; भास ८६; पंच १, १२; विसे ११५)।

विसेसणिज्ज देखो **विसेस** = वि + शेषय्।

विसेसय पुंन [विशेषक] तिलक, चन्दन आदि का मस्तक-स्थित चिह्न (पाअ; से १०, ७४; वेणी ४६; गा ६३८; कुप्र २५५)।

विसेसिअ वि [विशेषित] १ विशेषण-युक्त किया हुआ, भेदित (सम्म ३७, विसे २६८८)। २ अतिशयित (पाअ)।

विसेस्स देखो **विसेस** = वि + शेषय्।

विसोग वि [विशोक] शोक-रहित (आचा)।

विसोत्तिया स्त्री [विस्रोतसिका] १ विमार्ग-गमन, प्रतिकूल गति। २ मन का विमार्ग में गमन, अपध्यान, दुष्ट चिन्तन (आचा; विसे ३०१२; उव; धर्मसं ८१२)। ३ शंका (आचा)।

विसोपग } पुं न [दे. विंशोपक] कौड़ी का
विसोवग } बीसवाँ हिस्सा (धर्मवि ५७; पंचा ११, २२)।

विसोह सक [वि + शोधय्] १ शुद्ध करना, मल-रहित करना, निर्दोष बनाना। २ त्याग करना। विसोहइ, विसोहेइ (उव; सण; कस)। विसोहिज्ज (आचा २, ३, २, ३)। हेकृ. **विसोहित्तए** (ठा २, १—पत्र ५६)।

विसोह वि [विशोभ] शोभा-रहित (दे १, ११०)।

विसोहण न [विशोधन] शुद्धि-करण (कस)।

विसोहणया स्त्री [विशोधना] ऊपर देखो (ठा ८—पत्र ४४१)।

विसोहय वि [विशोधक] शुद्धि-कर्ता (सूअ १, ३, ३, १६)।

विसोहि स्त्री [विशोधि] १ विशुद्धि, निर्मलता, विशुद्धता (पउम १०२, १६६; उव; पिंड ६७१; सुपा १६२)। २ अपराध के योग्य प्रायश्चित्त (ओघ २)। ३ आवश्यक, सामयिक आदि षट्-कर्म (अणु ३१)। ४ भिक्षा का एक दोष, जिस दोषवाले आहार का त्याग करने पर शेष भिक्षा या भिक्षा-पात्र विशुद्ध हो वह दोष (पिंड ३६५)। °कोडि स्त्री [°कोटि] पूर्वोक्त विशोधि-दोष का प्रकार (पिंड ३६५)।

विसोहिय वि [विशोधित] १ शुद्ध किया हुआ। २ पुं. मोक्ष-मार्ग (सूअ १, १३, ३)।

विस्स देखो विस = विश् ; 'देवीए जेण समयं ग्रहंपि ग्रग्गीए विस्सामि' (सुर २, १२७)।

विस्स न [विस्र] १ कच्ची गन्ध अपक्व मांस आदि की बू। २ वि. कच्ची गन्धवाला (प्राप्र; अभि १८४)। °गंधि वि [°गन्धिन्] ग्रामगन्धि, अपक्व मांस के समान गंधवाला (अभि १८४)।

विस्स पुं [विश्व] १ एक नक्षत्र-देवता. उत्तराषाढ़ा नक्षत्र का अधिष्ठाता देव (ठा २, ३—पत्र ७७; अणु १४५; सुज्ज १०, १२)। २ स. सर्व, सकल, सब (विसे १६०३; सुर १२, ५६)। ३ पुंन. जगत्, दुनियाँ (सुपा १३६; सम्मत्त १६०; रंभा)। °इ पुं [°जिन्] यज्ञ विशेष (प्राकृ ६५)। °कम्म पुं [कर्मन्] शिल्पी-विशेष, देव-वर्धकि (स ६००; कुप्र ६)। °पुर न [°पुर] नगर-विशेष (सुपा ६३५)। °भूइ पुं [°भूति] प्रथम वासुदेव का पूर्व-भवीय नाम (सम १५३; पउम २०, १७१; भत्त १३७; ती ७)। °यम्म देखो °कम्म (स ६१०)। °वाइअ पुं [°वादिक] भगवान् महावीर का एक गण (ठा ६—पत्र ४५१)। °सेण पुं [°सेन] १ भगवान् शान्तिनाथजी का पिता, एक राजा (पम १५१; १५२)। २ अहोरात्र का एक मुहूर्त्त (सम ५१)। देखो वीस = विश्व।

विस्सअ (मा) देखो विम्हय = विस्मय (षड्)।

विस्संत देखो वीसंत (सुपा ५८३)।

विस्संतिअ न [विश्रान्तिक] मथुरा का एक तीर्थ (ती ७)।

विस्संद सक [वि + स्यन्द्] टपकना, झरना, चूना। विस्संदति (ठा ४, ४—पत्र २७६)।

विस्संभ सक [वि + श्रम्भ्] विश्वास करना। कृ. विस्संभणिज्ज (श्रा १४; उपपं १६)।

विस्संभ पुं [विश्रम्भ] विश्वास, श्रद्धा (प्रयौ ६६; महा)। °घाइ वि [°घातिन्] विश्वास-घातक (णाया १, २—पत्र ७६)।

विस्संभण न [विश्रम्भण] विश्वास (माल १६६)।

विस्संभणया स्त्री [विश्रम्भणा] विश्वास (आचा)।

विस्संभर पुं [विश्वम्भर] जन्तु-विशेष, भुजपरिसर्प की एक जाति (सूत्र २, ३, २५; ओघ ३२३)। २ मूषक, चूहा (ओघ ३२३)। ३ इन्द्र। ४ विष्णु, नारायण (नाट—चैत ३८)।

विस्संभरा स्त्री [विश्वम्भरा] पृथिवी, धरती (कुप्र २१३)।

विस्संभिय वि [विश्रब्ध] विश्वास-प्राप्त, विश्वासी (सुख १, १४)।

विस्संभिय वि [विश्वभृत्] जगत्-पूरक (उत्त ३, २)।

विस्सत्थ देखो वीसत्थ (नाट—शकु ५३)।

विस्सद्ध देखो वीसद्ध (अभि १६३; मुद्रा २२३)।

विस्सम अक [वि + श्रम्] थाक लेना। विस्समइ (प्राकृ २६)। कृ. विस्समिअ (नाट—मालती ११)।

विस्सम पुं [विश्रम] विश्राम, विश्रान्ति (स्वप्न १०६)।

विस्समिअ देखो विस्संत (सुपा ३७२)।

विस्सर सक [वि + स्मृ] भूलना। विस्सरइ (वाज्जा १५३)।

विस्सर वि [विस्वर] खराब आवाजवाला (सम ५०; पण्ह १, १—पत्र १८)।

विस्सरण न [विस्मरण] विस्मृति, याद न आना (पभा २४; कुल १४)।

विस्सरिय वि [विस्मृत] भुला हुआ (उप पृ ११३)।

विस्सस सक [वि + श्वस्] विश्वास करना, भरोसा करना। विस्ससइ (प्राकृ २६)। वकृ. विस्ससंत (श्रा १४)। कृ. विस्ससणिज्ज (श्रा १४; भत्त ६६)।

विस्ससिअ वि [विश्वस्त] विश्वास-युक्त, भरोसा-पात्र (श्रा १४; सुपा १८३)।

विस्साणिय वि [विश्राणित] दिया हुआ, अर्पित (उप १३८ टी)।

विस्साम देखो वीसाम (प्राकृ २६; नाट—शकु २७)।

विस्सामण न [विश्रामण] चप्पी, अंग-मर्दन आदि भक्ति, वैयावृत्त्य (ती ८)।

विस्सामणा स्त्री [विश्रामणा] ऊपर देखो (पव ३८; हित २०)।

विस्साव देखो विसाय = वि + स्वादय्। कृ. विस्सायणिज्ज (णाया १, १२—पत्र १७४)।

विस्सार सक [वि + स्मृ] भूल जाना। संकृ. 'कोऊहलपरा विस्सारिऊण रायसासणं अगणिऊण नियभूमिं पविट्ठा नयरिं' (महा)।

विस्सार सक [वि + स्मारय्] विस्मरण करवाना (नाट—मालती ११७)।

विस्सारण न [विसारण] विस्तारण, फैलाना (पव ३८)।

विस्सावसु पुं [विश्वावसु] एक गन्धर्व, देव-विशेष (पउम ७२, २६)।

विस्सास पुं [विश्वास] भरोसा, प्रतीति, श्रद्धा (सुख १, १०; सुपा ३५२; प्राप्र)।

विस्सासिय वि [विश्वासित] जिसको विश्वास कराया गया हो वह (सुपा १७७)।

विस्साहल पुं [विश्वाहल] अंग-विद्या का जानकार चतुर्थ रुद्र-पुरुष (विचार ४७३)।

विस्सुअ वि [विश्रुत] प्रसिद्ध, विख्यात (पाअ; औप; प्रासू १०७)।

विस्सुमरिय देखो विसुमरिअ (उप १२७)।

विस्सेणि, **विस्सेणी** } स्त्री [विश्रेणि, °णी] निःश्रेणि, सीढ़ी (आचा)।

विस्सेसर पुं [विश्वेश्वर] काशी-विश्वनाथ, काशी में स्थित महादेव की एक मूर्त्ति (सम्मत्त ७५)।

विस्सोअसिआ दखो विसोत्तिआ (हे २, ६८)।

विह सक [व्यध्] ताड़न करना। वकृ. विहमाण (उत्त २७, ३, सुख २७, ३)।

विह देखो विस = विष (आचा; पि २६३)।

विह पुंन [दे] १ मार्ग, रास्ता (ओघ ६०६)। २ अनेक दिनों में उल्लंघनीय मार्ग (आचा २, ३, १, ११; २, ३, ३, १४)। ३ अटवी-प्राय मार्ग (आचा २, ५, २, ७)।

विह पुंन [विहायस्] आकाश, गगन (भग २०, २—पत्र ७७५; दसनि १, २३); देखो विहग = विहायस्।

विह पुंस्त्री [विध] १ भेद, प्रकार (उवा; कप्प)। २ पुंन. आकाश, गगन (भग २०, २—पत्र ७७५; आचा १, ८, ४, ५; दसनि १, ३३)।

विहइ स्त्री [दे] वृन्ताकी, बैंगन का गाछ (दे ७, ६३)।

विहंग पुं [विहङ्ग] पक्षी, चिड़िया, पखेरू (पाअ; गउड; कप्प; सुर ३, २४५; प्रासू १७२)। °**णाह** पुं [°नाथ] गरुड़ पक्षी (गउड ८२३; ८२४; १०२२)।

विहंग पुं [विभङ्ग] विभाग, टुकड़ा, अंश (पण्ह १, ३—पत्र ५४; गउड ४०४)। देखो विभंग (गउड; भवि)।

विहंगम पुं [विहंगम] पक्षी, चिड़िया (गउड; मोह ३२; श्रु ७७; सण)।

विहंज सक [वि + भञ्ज्] भाँगना, तोड़ना, विनाश करना। संकृ. विहंजिवि (अप) (भवि)।

विहंजिअ वि [विभक्त] बाँटा हुआ; 'आगम-जुत्तिपमाणविहंजिओ' (भवि)।

विहंड सक [वि + खण्डय्] विच्छेद करना, विनाश करना। विहंडइ (भवि)।

विहंडण न [विखण्डन] १ विच्छेद, विनाश (सम्मत्त ३०)। २ वि. विच्छेद-कर्ता, विनाशक (सण)।

विहंडण वि [विभण्डन] भाँड़नेवाला, गालि-सूचक; 'भणसि रे जइ विहंडणं वअणं' (गा ६१२)।

विहंडिअ वि [विखण्डित] विनाशित (पिंग; सण)।

विहग पुं [विहग] पक्षी, चिड़िया (पउम १४, ८०; स ६६७; उत्त २०, ६०)। °**हिव** पुं [°धिप] गरुड़ पक्षी (सम्मत्त २१६)।

विहग पुंन [विहायस्] आकाश, गगन। °**गइ** स्त्री [°गति] १ आकाश में गमन (पंचा ३, ६)। २ कर्म-विशेष, आकाश में गति कर सकने में कारण-भूत कर्म (सम ६७; कम्म १, २४; ४३)।

विहट्ट देखो विघट्ट। विहट्टइ (भवि)।

विहट्टिअ वि [विघट्टित] खण्डित, द्विधाभूत (से २, ३२)।

विहड अक [वि + घट्] वियुक्त होना, अलग होना, टूट जाना। विहडइ, विहडेइ (महा; प्राकृ ७१)। वकृ. **विहडंत** (से ३, १४)।

विहड सक [वि + घटय्] तोड़ना, खण्डित करना। संकृ. विहडिऊण (सण)।

विहड देखो विहल = विह्वल (से ४, ५४)।

विहडण न [विघटन] १ अलग होना, वियोग (सुपा ११६; २४३)। २ अलग करना। ३ खोलना; 'तह भीणा जह मउलि-यलोयणउडविहडणे वि असमत्था' (वज्जा ८८)।

विहडण पुं [दे] अनर्थ (षड्)।

विहडणा स्त्री [विघटना] वियोजन, अलग करना; 'संघडणविहडणावावडेण विहिणा जणो नडिओ' (धर्मवि ४२)।

विहडप्फड वि [दे] १ व्याकुल, व्यग्र (हे २, १७४)। २ त्वरित, शीघ्र (भवि)।

विहडा स्त्री [विघटा] विभेद, अनैक्य, फाट-फुट; 'जह मह कुडुंबविहडा न घडइ कइयावि दंतकलहेण' (सुपा ४२१)।

विहडाव सक [वि + घटय्] वियुक्त करना, अलग करना। विहडावइ (महा)।

विहडावण न [विघटन] वियोजन (भवि)।

विहडाविय वि [विघटित] वियोजित (सार्ध ७१)।

विहडिय वि [विघटित] १ वियुक्त, विच्छिन्न (महा ३६, ५)। २ खुला हुआ (महा ३०, ३०)।

विहण देखो विहन्न। विहणंति (पि ४६०)। संकृ. **विहत्तु** (सूअ १, ५, १, २१)।

विहणु वि [दे] संपूर्ण, सकल (सण)।

विहण्ण न [दे] पिंजन, पींजना, धुनना (दे ७, ६३)।

विहत्त देखो विभत्त (से ७, १५; चेइय २७४; सुर १, ४७; सुपा ३६६)।

विहत्ति देखो विभत्ति (पउम २४, ५, उप पृ १४७)।

विहत्तु देखो विहण।

विहत्थ वि [विहस्त] १ व्याकुल, व्यग्र (से १२, ४६; कुप्र ४०६; सिरि ३८६; ८३६; सम्मत्त १६१)। २ कुशल, दक्ष; 'पहरणवि-हत्थहत्था' (कुप्र १०३; २०६)। ३ पुं. विशिष्ट हाथ, किसी वस्तु से युक्त हाथ; 'पढमं उत्तरिऊणं धवलो जा जाइ पाहुडवि-हत्थो' (सिरि ६६१); 'सद्दवभाणविहत्थो' (उव)। ४ क्लीब (सम्मत्त १६१)।

विहत्थि पुंस्त्री [वितस्ति] परिमाण-विशेष, बारह अंगुल का परिमाण (हे १, २१४; कुमा; अणु १५७)।

विहदि स्त्री [विधृति] १ विशेष धैर्य। २ वि. धैर्य-रहित (संक्षि ६)।

विहन्न, **विहम्म** } सक [वि + हन्] १ मारना, ताड़न करना। २ नाश करना। ३ अतिक्रमण करना। विहन्नई (उत्त २, २२)। कर्म. विहन्निज्जा (उत्त २, १)। वकृ. **विहम्ममाण, विहम्माण** (पि ५६२; उत्त २७, ३)। कवकृ. **विहम्ममाण** (सूअ १, ७, ३०)।

विहम्म वि [विधर्मन्] भिन्न धर्मवाला, विभिन्न, विलक्षण; 'मोत्तूणायसहावं वसेज्ज वत्थुं विहम्मम्मि' (विसे २२४१)।

विहम्म सक [विधर्मय्] धर्म-रहित करना। वकृ. विहम्मेमाण (विपा १, १—पत्र ११)।

विहम्म न [वैधर्म्य] १ विधर्मता, विरुद्ध-धर्मता। २ तर्कशास्त्र-प्रसिद्ध उदाहरण-भेद, वैधर्म्य-दृष्टान्त (सम्म १५३)।

विहम्माणा स्त्री [विधर्मणा, विहनन] कद-र्थना, पीड़ा (पण्ह १, ३—पत्र ५३; विसे २३५०)।

विहय वि [दे] पिंजित, धुना हुआ (दे ७, ६४)।

विहय वि [विहत] १ मारा हुआ, आहत (पउम २७, २८)। २ विनाशित (महा)।

विहय देखो विहग = विहग (गउड; सण)।

विहय देखो विहव = विभव (दे ३, २६; नाट—मालवि ३३)।

विहर अक [वि + हृ] १ क्रीड़ा करना, खेलना। २ रहना, स्थिति करना। ३ सक. गमन करना, जाना। विहरइ (हे ४, २५६; उवा; कप्प; उव), विहरंति (भग), विहरेज्ज (पव १०४)। भूका. विहरिंसु, विहरित्था (उत्त २३, ६; पि ३५०; ५१७)। भवि. विहरिस्सइ (पि ५२२)। वकृ. **विहरंत,**

विहरमाण (उत्त २३, ७; सुख २३, ७; ओघ १२४; महा; भग)। संकृ. **विहरित्ता, विहरिअ** (भग, नाट—वक्र १०२)। **विहरित्तए, विहरिउ°** (भग; ठा २, १—पत्र ५६; उव)। कृ. **विहरियव्व** (उप १३१ टी)।

विहर सक [प्रति + ईक्ष्] प्रतीक्षा करना, बाट जोहना। विहरइ (षड्)।

विहर देखो विहार (उप ८३३ टी)।

विहरण न [विहरण] विहार (कुप्र २२)।

विहरिअ न [दे] सुरत, संभोग (दे ७, ७०)।

विहरिअ वि [विहृत] जिसने विहार किया हो वह (ओघ २१०; उव; कुप्र १६६)।

विहल अक [वि + ह्वल्] व्याकुल होना। वकृ. **विहलंत** (स ४१५)।

विहल देखो विहड = वि + घट्। वकृ. **विहलंत** (से १४, २६)।

विहल वि [विह्वल] व्याकुल, व्यग्र (हे २, ५८; प्राकृ २४; पउम ८, २००; से ५, ५८; गा २८५; प्रासू ५; हास्य १४०; वज्जा २४; षड्; गउड)।

विहल देखो विअल = विकल (संक्षि ८)।

विहल वि [विफल] १ निष्फल, निरर्थक (गउड; सुपा ३६६)। २ असत्य, झूठा; 'मिच्छा मोहं विहलं अलिअं असच्चं असब्भूअं' (पात्र)।

विहल सक [विफलय्] निष्फल बनाना, निरर्थक करना। विहलंति (उव)।

विहलंखल } **विहलंघल** } वि [विह्वलाङ्ग] व्याकुल शरीरवाला (काप्र १६६; स २५५; सुख १८, ३५; सुर ६, १७३; सुपा ४४७); 'वियणाविहलंघला पडिया' (सुर १५, २०४)।

विहलिअ वि [विह्वलित] व्याकुल किया हुआ (कुमा ३, ४३; प्राप; महा)।

विहलिअ देखो विहडिय (से ७, ४६)।

विहलिअ वि [विफलित] विफल किया हुआ (सण)।

विहल्ल अक [वि + रु, वि + स्तृ ?] १ आवाज करना। २ सक. विस्तार करना। विहल्लइ (धात्वा १४३)।

विहल्ल पुं [विहल्ल] राजा श्रेणिक का एक पुत्र (पडि)।

विहव पुं [विभव] समृद्धि, संपत्ति, ऐश्वर्य (पात्र; गउड; कुमा; हे ४, ६०; प्रासू ७२; ७६)।

विहवण न [विभ्रवन] विनाश (राज)।

विहवा स्त्री [विधवा] जिसका पति मर गया हो वह स्त्री, राँड़ (औप; उव; गा ५३६; स्वप्न ५६; सुर १, ४३)।

विहवि वि [विभविन्] संपत्ति-शाली, धनाढ्य (कुमा; सुपा ४२२; गउड)।

विहव्व देखो विहव = विभव (नाट—मृच्छ ६६)।

विहस अक [वि + हस्] १ विकसना, खिलना, प्रफुल्ल होना। २ हास्य करना, मध्यम प्रकार का हास्य करना। विहसइ, विहसए, विहसेइ, विहसंति (प्राकृ २६; सण; कुमा; हे ४, ३६५)। विहसेज्ज, विहसेज्जा (कुमा ५, ८५)। भवि. विहसिहिइ, विहसेहिइ (कुमा ५, ८३)। वकृ. **विहसंत, विहसेंत** (से २, ३६; कुमा ३, ८८; ५, ८४)। संकृ **विहसिऊण, विहसिअ, विहसेऊण** (गउड ८४५; ६१५; नाट—शकु ६८; कुमा ५, ८२)। हेकृ. **विहसिउं, विहसेउं** (कुमा ५, ८२)।

विहसाव सक [वि + हासय्] १ हँसाना। २ विकसित करना। संकृ. **विहसाविऊण, विहसावेऊण** (प्राकृ ६१)।

विहसाविअ वि [विहासित] १ हँसाया हुआ। २ विकसित किया हुआ (प्राकृ ६१)।

विहसिअ वि [विहसित] १ विकसित, खिला हुआ; प्रफुल्ल; 'विहसियदिट्ठीए विहसियमुहीए' (महा; सम्मत्त ७६)। २ न. मध्यम प्रकार का हास्य (गउड ६६६; ७५१)।

विहसिर वि [विहसितृ] खिलनेवाला, विकसित होनेवाला।

विहसिव्विअ वि [दे] विकसित, खिला हुआ (दे ७, ६१)।

विहस्सइ देखो बिहस्सइ (पात्र; औप)।

विहा अक [वि + भा] शोभना, चमकना। विहादि (शौ) (पि ४८७)।

विहा सक [वि + हा] परित्याग करना। संकृ. **विहाय** (सूअ १, १४, १)।

विहा अ [वृथा] निरर्थक, व्यर्थ, मुधा (पंचा १२, ५)।

विहा स्त्री [विधा] प्रकार, भेद (कप्प; महा; अणु)।

विहा° देखो विहग = विहायस् (धर्मसं ६१६)।

विहाइ वि [विधायिन्] कर्ता, करनेवाला (चेइय ४०३; उप ७६८ टी; धर्मवि १३६)।

विहाउ वि [विधातृ] १ कर्ता, निर्माता (विसे १५६७, पंचा ६, ३६)। २ पुं. पणपन्नि-देवों के उत्तर दिशा का इन्द्र (ठा २, ३—पत्र ८५)।

विहाड सक [वि + घटय्] १ वियुक्त करना, अलग करना। २ विनाश करना। ३ खोलना, उघाड़ना। विहाडेइ, विहाडेंति (राय १०४; महा; भग); 'कम्मसमुग्गं विहाडेंति' (औप; राय)। संकृ. 'समुग्गयं तं **विहाडेउं**' (धर्मवि १५)। कृ. **विहाडेयव्व** (महा)।

विहाड वि [विघाट] विकट (राज)।

विहाड वि [विहाट] प्रकाश-कर्ता (सम्म २)।

विहाडण न [दे] अनर्थ (दे ७, ७१)।

विहाडिअ वि [विघटित] १ वियोजित, अलग किया हुआ (धर्मसं ७४२)। २ विनाशित (उप ५६७ टी)।

विहाडिअ वि [विघटित] उद्घाटित, खोला हुआ (उप पृ ५४; वसु)।

विहाडिर वि [विघटयितृ] अलग करनेवाला वियोजक (सण)।

विहाण पुं [दे] १ विधि, विधाता, दैव, भाग्य (दे ७, ६०); 'माणुसमयजूहवहं विहाणवाहो करेमाणो' (स १३०; भवि)। २ बिहान, प्रभात, सुबह (दे ७, ६०; से ३, ३१; भवि; हे ४, ३३०; ३६२; सिरि ५२५)। ३ पूजन अर्चन; 'अओ चेव कूरदेवयाविहाणनिमित्तं पयारिऊण परियणं एयाए वावाइओ हविस्सइ' (स २६६)।

विहाण न [विधान] १ शास्त्रोक्त रीति (उप ७६८; पव ३५)। २ निर्माण, रचना (पंचा-

७, ५; रंभा; महा)। ३ प्रकार, भेद (से ३, ३१; पण्ह १, १; भग)। ४ व्याकरणोक्त विधि-विशेष (पण्ह २, २—पत्र ११४)। ५ अवस्था-विशेष (सूअ २, १, ३२)। ६ विशेष; 'विहाणमग्गणं पडुच्च' (भग १, १ टी)। ७ रीति (महा)। ८ क्रम, परिपाटी (बृह १)।

विहाण न [विहान] परित्याग (राज)।

विहाणिय (अप) वि [विधायिन्] कर्ता, करनेवाला (सण)।

विहाय अक [वि + भा] १ शोभना। २ प्रकाशना, चमकना, दीपना। विहायंति (स १२)। वकृ. विहायंत (सिरि २९८)।

विहाय पुं [विघात] १ अवसान, अंत (से १, १६)। २ विरोधी, दुश्मन, परिपन्थी (से ८, ५४; स ४१२)।

विहाय देखो विभाग (गउड; से ६, ३२)।

विहाय वि [विभात] १ प्रकाशित, 'निसा विहाय त्ति उट्ठिओ कण्हो' (कुप्र २६८)। २ न. प्रभात, प्रातःकाल (से १२, १६)।

विहाय देखो विहग = विहायस् (श्रा २२)।

विहाय देखो विहा = वि + हा।

विहाय (अप) देखो विहिअ (भवि)।

विहार सक [वि + धारय्] १ अपेक्षा करना। २ विशेष रूप से धारण करना। वकृ. विहारंत (पउम ८, १५६)।

विहार पुं [विहार] १ विचरण, गमन, गति (पव १०४; उवा)। २ क्रीड़ा-स्थान (सम १००)। ३ देव-गृह, देव-मन्दिर (उत्त ३०, ७; कुमा)। ४ अवस्थान, अवस्थिति; 'असासयं दट्ठु इमं विहारं' (उत्त १४, ७)। ५ क्रीड़ा (ठा ८; कप्प)। ६ मुनि-वर्त्तन, मुनि-चर्या, साध्वाचार (वव १; णंदि; उव)। °भूमि स्त्री [°भूमि] १ स्वाध्याय-स्थान (आचा २, १, १, ८; कस; कप्प)। २ विचरण-भूमि (वव ४)। ३ क्रीड़ा-स्थान। ४ चैत्य की जगह (कप्प; राज)।

विहारि वि [विहारिन्] विहार करनेवाला (आचा; उव; श्रा १४)।

विहालिय देखो विहाडिअ; 'दुवारं विहालियं पासइ' (उप ६४८ टी)।

विहाव देखो विभाव = वि + भावय्। विहावइ, विहावेमि (भवि; रुक्मि ५७)। कवकृ. विहाविज्जमाण (स ४१)। कृ. विहावियव्व (उप ३४२)।

विहावण न [विधापन] निर्मापण, करवाना (चेइय ६६)।

विहावण न [विभावन] आलोचना, 'एवं विचिंतियव्वं गुणदोसविहावणं परमं' (पंचा ६, ४६)।

विहावरी स्त्री [विभावरी] रात्रि, निशा (पाअ; उप ७६८ टी; सुपा ३६३)।

विहावसु पुं [विभावसु] अग्नि, आग (पाअ)। देखो विभावसु।

विहाविअ वि [विभावित] दृष्ट, निरीक्षित; 'दिट्ठं विहाविअं' (पाअ; गा ५०७)।

विहाविअ वि [विधावित] उल्लसित, प्रस्फुरित (स ६७)।

विहास पुं [विहास] हँसी, उपहास (भवि)।

विहास, विहासाव देखो विहसाव। संकृ. विहासिऊण, विहासेऊण, विहासाविऊण, विहासावेऊण (प्राकृ ६१)।

विहासाविअ, विहासिअ देखो विहसाविअ (प्राकृ ६१)।

विहि पुं [विधि] १ ब्रह्मा, चतुरानन, विधाता (पाअ; अच्चु ३७; धर्मसं ९२६; कुमा)। २ पुंस्त्री. प्रकार, भेद (उवा); 'सव्वाहि नयविहीहिं' (पव १४९)। ३ शास्त्रोक्त विधान, अनुष्ठान, व्यवस्था (पंचा ६, ४८; औप)। ४ क्रम, सिलसिला, परिपाटी (बृह १)। ५ रीति। ६ नियोग, आदेश, आज्ञा। ७ आज्ञा-सूचक वाक्य। ८ व्याकरण का सूत्र-विशेष। ९ कर्म। १० हाथी को खाने का अन्न (हे १, ३५)। ११ दैव, भाग्य; 'अणुकूलो अहव विही किंवा तं जं न करेइ' (सुर ६, ८१; पाअ; कुमा; प्रासू ५८)। १२ नीति, न्याय। १३ स्थिति, मर्यादा (बृह १)। १४ कृति, करण (पंचा ११)। °न्नु वि [°ज्ञ] विधि का जानकार (णाया १, १—पत्र ११; सुर ८, ११८)। °वयण न [°वचन] विधि-वाक्य, विधि-वाद, विध्युपदेश (चेइय ७४४)। °वाय पुं [°वाद] वही पूर्वोक्त अर्थ (भास ७५; चेइय ७४४)।

विहिअ वि [विहित] १ कृत, अनुष्ठित, निर्मित (पाअ; महा)। २ चेष्टित (औप)। ३ शास्त्र में जिसका विधान हो वह, शास्त्रोक्त (पंचा १४, २७)।

विहिंस सक [वि + हिंस्] विविध उपायों से मारना, वध करना। विहिंसइ (आचा १, १, १, ४)। कृ. विहिंस (पण्ह १, २—पत्र ४०)।

विहिंस वि [विहिंस] हिंसा करनेवाला, 'अ-विहिंसे सुव्वए दंते' (आचा १, ६, ४, ३)।

विहिंसग वि [विहिंसक] वध करनेवाला (आचा; गच्छ १, १०)।

विहिंसण न [विहिंसन] विविध प्रकार से मारना (पण्ह १, १—पत्र १८)।

विहिंसा स्त्री [विहिंसा] १ विशेष हिंसा (पण्ह १, १—पत्र ५)। २ विविध हिंसा (सूअ १, २, १, १४)।

विहिण्ण, विहिन्न वि [विभिन्न] १ जुदा, अलग (से ७, ५३; १३, ८६; भवि)। २ खण्डित, भांग कर टुकड़ा-टुकड़ा बना हुआ (से ३, ६०)।

विहिम न [दे] जंगल, अरण्य (उप ८४२ टी)।

विहिमिहिय वि [दे] विकसित, प्रफुल्ल (षड्)।

विहियव्व देखो विहे = वि + धा।

विहिविल्ल सक [वि + रचय्] बनाना, निर्माण करना। विहिविल्लइ (प्राकृ ७४)।

विहीण वि [विहीन] १ वर्जित, रहित (प्रासू १७२)। २ त्यक्त (कुमा)।

विहीर सक [प्रति + ईक्ष्] प्रतीक्षा करना, बाट जोहना। विहीरइ (हे ४, १९३), विहीरह (स ४१८)।

विहीर वि [प्रतीक्ष] प्रतीक्षा करनेवाला (कुमा ७, ३८)।

विहीरिअ वि [प्रतीक्षित] जिसकी प्रतीक्षा की गई हो वह (पाअ)।

विहीसण देखो विभीसण (से ४, ५५)।

विहीसिया देखो विभीसिया (सुपा ५४१)।

विहु पुं [विधु] १ चन्द्र, चाँद (पाअ)। २ विष्णु, श्रीकृष्ण। ३ ब्रह्मा। ४ शंकर,

महादेव। ५ वायु, पवन। ६ कपूर (हे ३, १९)।

विहुअ वि [विधुत] कम्पित (गा ६६०; गउड)। २ उन्मूलित, उखाड़ा हुआ (से १, ५५)। ३ त्यक्त (गउड)।

विहुंडुअ पुं [दे] राहु, ग्रह-विशेष (दे ७, ६५)।

विहुण सक [वि + धू] १ कँपाना, हिलाना। २ दूर करना, हटाना। ३ त्याग करना। ४ पृथग् करना, अलग करना। विहुणइ, विहुणंति (भवि; पि ५०३), विहुणाहि (उत्त १०, ३)। कर्म. विहुव्वइ (पि ५३६)। वकृ. विहुणंत, विहुणमाण (सुपा २७२; पउम ६४, ३५)। कवकृ. विहुव्वंत (से ६, ३५; ७, २१)। संकृ. विहुणिय (सूअ १, २, १, १५; यति २१; स ३०८)।

विहुणण न [विधूनन] १ दूरीकरण (पउम १०१, १९)। २ व्यजन, पंखा (राज)।

विहुणिय वि [विधूत] देखो विहुअ (सुपा २५३; यति २१)।

विहुर वि [विधुर] १ विकल, व्याकुल, विह्वल (स्वप्न ६३; महा; कुमा; दे १, १५; सुपा ६२; गउड; सण)। २ क्षीण (गउड १०३६)। ३ विसदृश, विलक्षण, विषम; 'अवि-सिट्ठम्मिवि जोगम्मि बाहिरे होइ विहुरया' (ओघ ५१)। ४ विश्लिष्ट, वियुक्त (गउड ८३६)। ३ न. व्याकुल-भाव, विह्वलता; 'विलोट्टए विहुरम्मि' (स ७१६; वज्जा ३२; ६४; प्रासू ५८; भवि; सण)।

विहुराइअ वि [विधुरायित] व्याकुल बना हुआ (गउड १११ टी)।

विहुरिज्जमाण वि [विधुरायमाण] व्याकुल बनता (सुपा ४१६)।

विहुरिय वि [विधुरित] १ व्याकुल बना हुआ (सुर २, २१६; ६ ११५; महा)। २ वियुक्त बना हुआ, बिछुड़ा हुआ, विरहित (गउड)।

विहुरीकय वि [विधुरीकृत] व्याकुल किया हुआ (कुमा)।

विहुल देखो विहुर (पाअ)।

विहुल्ल वि [विफुल्ल] १ खिला हुआ। २ उत्साही; 'नियकज्जविहुल्ली' (भवि)।

विहुव्वंत देखो विहुण।

विहूअ वि [विधूत] १ कम्पित, (माल १७८)। २ वर्जित, रहित; 'नयविहिवि-हूयबुद्धी' (पउम ५५, ४)। देखो विधूय, विहुअ।

विहूइ देखो विभूइ (अच्चु १४; भवि)।

विहूण देखो विहुण। संकृ. विहूणिया (आचा १, ७, ८, २४; सूअ १, १, २, १२; पि ५०३)।

विहूण देखो विहीण (कुमा; उव)।

विहूणय न [विधूनक] व्यजन, पंखा (सूअ १, ४, २, १०)।

विहूसण देखो विभूसण (दे ६, १२७; सुपा १६१; कुप्र २६)।

विहूसा स्त्री [विभूषा] १ शोभा (सुपा ६२१; दे ६, ८३)। २ अलंकार आदि से शरीर की सजावट (पंचा १०, २१)।

विहूसिअ वि [विभूषित] विभूषा-युक्त, अलंकृत (भवि)।

विहे सक [वि + धा] करना, बनाना। विहेइ, विहेंति, विहेसि, विहेमि (धर्मसं १०११; स ६३४; ७१२; गउड; ३३२; कुमा ७, ६७)। संकृ. विहेऊण (पि ५८५)। हेकृ. विहेउं (हित १)। कृ. विहियव्व, विहेअ, विहेअव्व (सुपा १५८; हि २२; धम्मो ४; महा; सुपा १६३; श्रा १२; हि २; पउम ६६, १८; सुपा १५६)।

विहेड सक [वि + हेटय्] १ मारना, हिंसा करना। २ पीड़ा करना। वकृ. विहेडयंत (उत्त १२, ३९)। कवकृ. 'विहम्मणाहिं विहेड (?ट्ठ)यंता' (पण्ह १, ३—पत्र ५३)।

विहेडय वि [विहेठक] अनादर-कर्ता (दस १०, १०)।

विहेडि वि [विहेटिन्] १ हिंसा करनेवाला। २ पीड़ा करनेवाला; 'अंगे मंते अहिज्जंति पाणभूयविहेडिणो' (सूअ १, ८, ४)।

विहेडिय वि [विहेटित] पीड़ित (भत्त १३३)।

विहेढणा स्त्री [विहेठना] कदर्थना, पीड़ा (उव)।

विहोड सक [ताडय्] ताड़न करना। विहोडइ (हे ४, २७)।

विहोडिअ वि [ताडित] जिसका ताड़न किया गया हो वह (कुमा)।

विहोय (अप) देखो विहव (भवि)।

वी देखो वि = अपि, वि; 'एक्कं चिय जाव न वी, दुक्खं वोलेइ जणियपियविरहं' (पउम १७, १२)।

वीअ सक [वीजय्] हवा डालना, पंखा करना। वीअअंति अभि ८९), वीयंति (सुर १, ९६)। वकृ. वीअंत (गा ८६; सुर ७, ८८)। कवकृ. विइज्जंत, वीइज्जमाण (से ६, ३७; णाया १, १—पत्र ३३)।

वीअ वि [दे] १ विधुर, व्याकुल। २ तत्काल, तात्कालिक, उसी समय का (दे ६, ९३)।

वीअ देखो बीअ = द्वितीय (कुमा; गा ८६; २०९; ४०९; गउड)।

वीअ वि [वीत] विगत, नष्ट (भग; अज्झ ९६)। °कम्ह न [°कश्म ?] १ गोत्र-विशेष। २ पुंस्त्री. उस गोत्र में उत्पन्न (ठा ७—पत्र ३९०)। °धूम वि [°धूम] द्वेष-रहित (भग ७, १—पत्र २९१)। °ब्भय, °भय न [°भय] १ नगर-विशेष, सिन्धुसौवीर देश की प्राचीन राजधानी (धर्मवि १६; २१; इक; विचार ४८; महा)। २ वि. भय-रहित (धर्मवि २१)। °मोह वि [°मोह] मोह-रहित (अज्झ ९९)। °राग, °राय वि [°राग] राग-रहित, क्षीण-राग (भग; सं ४१)। °सोग पुं [°शोक] एक महाग्रह (सुज्ज २०; ठा २, ३—पत्र ७९)। °सोगा स्त्री [°शोका] सलिलावती नामक विजय-प्रान्त की राजधानी, नगरी-विशेष (णाया १, ८—पत्र १२१; इक; पउम २०, १४२)।

वीअजमण देखो बीअजमण (दे ६, ९३ टी)।

वीअण न [वीजन] १ हवा करना, पंखा से हवा करना (कप्पू)। २ क्लीन. पंखा, व्यजन (सुर १, ९६; कुप्र ३३३; महा)। स्त्री. °णी (औप; सूअ १, ९, ८; णाया १, १—पत्र ३२)।

वीआविय वि [वीजित] जिसको पंखा से हवा कराई गई हो वह (स ५४६)।

वीइ पुंस्त्री [वीचि] १ तरंग, कल्लोल (पात्र; औप)। २ आकाश, गगन (भग २०, २—७७५)। ३ संप्रयोग, संबन्ध (भग १०, २—पत्र ४९५)। ४ पृथग्‌भाव, जुदाई (भग १४, ६ टी—पत्र ६४४)। °दव्व न [°द्रव्य] प्रदेश से न्यून द्रव्य, अवयव-हीन वस्तु (भग १४, ६ टी—पत्र ६४४)।

वीइ स्त्री [विकृति] १ विरूप कृति, दुष्ट क्रिया। २ वि. दुष्ट क्रियावाला (भग १०, २—पत्र ४९५)। ३ देखो विगइ (कम्म ४, ५ टी)।

वीइंगाल वि [वीताङ्गार] राग-रहित (भग ७, १—पत्र २९२; पि १०२)।

वीइक्कंत वि [व्यतिक्रान्त] १ व्यतीत, गुजरा हुआ; 'बासीए राइंदिएहिं वीइक्कंतेहिं' (सम ८९)। २ जिसने उल्लंघन किया हो वह (भग १०, ३ टी—पत्र ४९९)।

वीइक्कम सक [व्यति + क्रम्] उल्लंघन करना। वकृ. **वीइक्कममाण** (कस)।

वीइज्जमाण देखो **वीअ**=वीजय्।

वीइमिस्स वि [व्यतिमिश्र] मिश्रित, मिला हुआ (आचा)।

वीइय वि [वीजित] जिसको हवा की गई हो वह (औप; महा)।

वीइवय सक [व्यति + व्रज्] १ परिभ्रमण करना। २ गमन करना, जाना। ३ उल्लंघन करना। वीइवयइ; वीइवइज्जा, वीइवएज्जा (सुज्ज २० टी; भग १०, ३—पत्र ४९८)। वकृ. **वीइवयमाण** (णाया १, १—पत्र ३१)। संकृ. **वीइवइत्ता, वीइवएत्ता** (भग २, ८; १०, ३—पत्र ४९९)।

वीई स्त्री. देखो **वीइ**=वीचि (पात्र; भग १०, २; २०, २)।

वीई अ [विविच्य] पृथग् होकर, जुदा होकर (भग १०, २—पत्र ४९५)।

वीई अ [विचिन्त्य] चिन्तन करके (भग १०, २—पत्र ४९५)।

वीईवय देखो **वीइवय**। वीईवयइ (भग; सुज्ज २० टी; भग ७, १०—पत्र ३२४)। वकृ. **वीईवयमाण** (राय १९; पि ७०; ५५१)।

वीचि देखो **वीइ**=वीचि (कप्प; भग १४, ६—पत्र ६४४)।

वीचि स्त्री [दे] लघु रथ्या, छोटा मुहल्ला (दे ७, ७३)।

वीज देखो **वीअ**=वीजय्। वीजइ, वीजेमि (हे ४, ५; षड्‌ मै ६६)।

वीजण देखो **वीअण** (कुमा)।

वीजिय देखो **वीइय** (स ३०८)।

वीडग
वीडय } देखो **बीडग** (स ६७)।

वीडय पुं [व्रीडक] लज्जा, शरम (गउड ७३१)।

वीडिअ वि [व्रीडित] लज्जित, शरमिन्दा (णाया १, ८—पत्र १४३)।

वीडिआ स्त्री [वीटिका] सजाया हुआ पान, बीड़ा (गउड)। देखो **बीडी**।

°वीढ देखो **पीढ** (गउड; उप पृ २२६; भवि)।

वीण सक [वि + चारय्] विचार करना। वीणइ, वीणेइ (धात्वा १५३; प्राकृ ७१)।

°वीण देखो **पीण** (सुर १३, १८१)।

वीणण न [दे] १ प्रकट करना (उप पृ ११८)। २ विदित करना, ज्ञापन (उप ७६५)।

वीणा स्त्री [वीणा] वाद्य-विशेष (औप; कुमा; गा ५६१; स्वप्न ६७)। °यरिणी स्त्री [°करी] वीणा-नियुक्त दासी; 'ता लहु वीणायरिणि सद्देहि, सद्दिया वीणायरिणी' (स ३०६)। °वायग वि [°वादक] वीणा बजानेवाला (महा)।

वीत देखो **वीअ**=वीत (ठा २, १—पत्र ५२; पण्ण १७—पत्र ४६४; सुज्ज २०—पत्र २९५)।

वीतिकंत
वीतिक्कंत } देखो **वीइक्कंत** (भग १०, ३—पत्र ४९८; णाया; १, १—पत्र २४, २९)।

वीतिवय
वीतीवय } देखो **वीइवय**। वीतिवयंति (भग)। वीतीवयइ (णाया १, १२—पत्र १७४)। वकृ. **वीतिवयमाण** (कप्प)। संकृ. **वीतिवइत्ता** (औप)।

वीमंस सक [वि + मृश्, मीमांस्] विचार करना, पर्यालोचन करना। संकृ. **वीमंसिय** (सम्मत्त ५६)।

वीमंसय वि [विमर्शक, मीमांसक] विचार-कर्ता (उव)।

वीमंसा स्त्री [विमर्श, मीमांसा] विचार, पर्यालोचन, निर्णय की चाह (सूअ १, १, २, १७; विसे २८९; ३९६; ५६५; उप ५२०)।

वीमंसिय वि [विमर्शित, मीमांसित] विचारित, पर्यालोचित (सम्मत्त ५४)।

वीर पुं [वीर] १ भगवान् महावीर (पण्ह १, १—पत्र २३; १, २; सुज्ज २०; जी १)। २ छन्द-विशेष (पिंग)। ३ साहित्य-प्रसिद्ध एक रस (अणु १३६)। ४ वि. पराक्रमी, शूर (आचा; सूअ १, ८, २३; कुमा)। ५ पुंन. एक देव-विमान (सम १२; इक)। ६ न. वैताढ्य पर्वत की उत्तर श्रेणी में स्थित एक विद्याधर-नगर (इक)। °कंत पुंन [°कान्त] एक देव-विमान (सम १२)। °कण्ह पुं [°कृष्ण] राजा श्रेणिक का एक पुत्र (निर १, १; पि ५२)। °कण्हा स्त्री [°कृष्णा] राजा श्रेणिक की एक पत्नी (अंत २५)। °कूड पुंन [°कूट] एक देव-विमान (सम १२)। °गत पुंन [°गत] एक देव-विमान (सम १२)। °जस पुं [°यशस्] भगवान् महावीर के पास दीक्षा लेनेवाला एक राजा (ठा ८—पत्र ४३०)। °ज्झय पुंन [°ध्वज] एक देव-विमान (सम १२)। °धवल पुं [°धवल] गुजरात का एक पसिद्ध राजा (ती २; हम्मीर १३)। °निहाण न [°निधान] स्थान-विशेष (महा)। °प्पभ न [°प्रभ] एक देव-विमान (सम १२)। °भद्द पुं [°भद्र] भगवान् पार्श्वनाथ का एक गण-धर (सम १३; कप्प)। °मई स्त्री [°मती] एक चोर-भगिनी (महा)। °लेस पुंन [°लेश्य] एक देव-विमान (सम १२)। °वण्ण पुंन [°वर्ण] एक देव-विमान (सम १२)। °वरण न [°वरण] प्रतिसुभट से युद्ध का स्वीकार, 'इस योद्धा से मैं लड़ूँगा' ऐसी युद्ध की माँग (कुमा ६, ४६; ५२)। °वरणी स्त्री

[°वरणी] प्रतिसुभट से प्रथम शस्त्र-प्रहार की याचना (सिरि १०२४)। °वलय न [°वलय] सुभट का एक आभूषण, वीरत्व-सूचक कड़ा (कप्प; तंदु २६)। °विराली स्त्री [°बिराली] वल्ली-विशेष (पएण १—पत्र ३३)। °सिंग पुंन [°शृङ्ग] एक देव-विमान (सम १२)। सिट्ठ पुंन [°सृष्ट] एक देव-विमान (सम १२)। °सेण पुं [°सेन] एक प्रसिद्ध वीर यादव का नाम (णाया १, ५—पत्र १००; अंत; उप ६४८ टी)। °सेणिय पुंन [°सैनिक, श्रेणिक] एक देव-विमान (सम १२)। °वित्त पुंन [°वित्त] देवविमान-विशेष (सम १२)। °सण न [°सन] आसन-विशेष, नीचे पैर रखकर सिंहासन पर बैठने के जैसा अवस्थान (णाया १, १—पत्र ७२; भग)। °सणिय वि [°सनिक] वीरासन से बैठनेवाला (ठा ५, १—पत्र २६६; कस; औप)।

वीरंगय पुं [वीराङ्गद] १ भगवान् महावीर के पास दीक्षा लेनेवाला एक राजा (ठा ८—पत्र ४३०)। २ एक राजकुमार (उप १०३१ टी)।

वीरण स्त्रीन [वीरण] तृण-विशेष, उशीर, खस (अणु २१२; पाअ)।

वीरल्ल पुं [वीरल्ल] श्येन पक्षी (पण्ह १, १—पत्र ८; १३)।

वीरिअ पुं [वीर्य] १ भगवान् पार्श्वनाथ का एक मुनि-संघ। २ भगवान् पार्श्वनाथ का एक गणधर (ठा ८—पत्र ४२६)। ३ पुंन. शक्ति, सामर्थ्य (उवा; ठा ३, १ टी—पत्र १०६)। ४ अन्तरंग शक्ति, आत्म-बल (प्रासू ४६; अज्भ ६५)। ५ पराक्रम (कम्म १, ५२)। ६ एक देव-विमान (देवेन्द्र १३१)। ७ शरीर-स्थित एक धातु, शुक्र। ८ तेज, दीप्ति (हे २, १०७; प्राप्र)।

वीरुणी स्त्री [वीरुणी] पर्व-वनस्पति विशेष, 'वीरुणा (? णी) तह इक्कडे य मासे यं' (पएण १—पत्र ३३)।

वीरुत्तरवडिंसग पुंन [वीरोत्तरावतंसक] एक देव-विमान (सम १२)।

वीरुहा स्त्री [वीरुधा] विस्तृत लता (कुप्र ६५; १३६)।

वीलण वि [दे] पिच्छिल, स्निग्ध, मसृण, चिकना (दे ७, ७३)।

वीलय देखो बीलय (दे ६, ६३)।

वीली स्त्री [दे] १ तरंग, कल्लोल (दे ७, ७३)। २ वीथी, पंक्ति, श्रेणी (षड्)।

वीवाह देखो विवाह = विवाह; 'एसा एक्का धूया वल्लहिया ता इमीए वीवाहं' (सुर ७, १२१; महा)।

वीवाहण न [विवाहन] विवाह करण, विवाह-क्रिया (उव ६८६ टी; सिरि १५१)।

वीवाहिग वि [वैवाहिक] विवाह-सम्बन्धी (धर्मवि १४७)।

वीवाहिय वि [विवाहित] जिसकी शादी की गई हो वह (महा)।

वीवी स्त्री [दे] वीचि; तरंग (षड्)।

वीस देखो विस्स = विस्र (सूअ २, २, ६६; संक्षि २०)।

वीस देखो विस्स = विश्व (सूअ १, ६, २२)। °उरी स्त्री [°पुरी] नगरी-विशेष (उप ५६२)। °सअ वि [°सृज] जगत्कर्ता (षड्)। °सेण पुं [°सेन] १ चक्रवर्ती राजा; 'जोहेसु णाए जह वीससेणे' (सूअ १, ६, २२)। २ पुं. अहोरात्र का १८ वाँ मुहूर्त (सुज्ज १०, १३)।

वीस°, वीसइ स्त्री [विंशति] १ संख्या-विशेष, बीस, २०। २ जिनकी संख्या बीस हों वे (कप्प; कुमा; प्राकृ ३१; संक्षि २१)। °म वि [°म] १ बीसवाँ; २० वाँ (सुपा ४५२; ४५७; पउम २०, २०८; पव ४६)। २ न. लगातार नव दिनों का उपवास (णाया १, १—पत्र ७२)। °हा अ [°धा] बीस प्रकार से (कम्म १, ५)।

वीसंत वि [विश्रान्त] १ विश्राम-प्राप्त, जिसने विश्रान्ति ली हो वह; 'परिस्संता वीसंता नग्गोहतरुतले' (कुप्र ६२; पउम ३३, १३; दे ७, ८६; पाअ; सण; उप ६४८ टी)।

वीसंदण न [विस्यन्दन] दही की तर और आटे से बनता एक प्रकार का खाद्य (पव ४; पभा ३३)।

वीसंभ देखो विस्संभ = वि + श्रम्भ्। वीसंभह (सूअनि २१ टी)।

वीसंभ देखो विस्संभ = विश्रम्भ (उव; प्राप्र; गा ४३७)।

वीसज्जिअ देखो विसज्जिअ (से ६, ७७; १५, ६३; पउम १०, ५२; धर्मवि ४६)।

वीसत्थ वि [विश्वस्त] विश्वास-युक्त (प्राप्र; गा ६०८)।

वीसद्ध वि [विश्रब्ध] विश्वास-युक्त (गा ३७६; अभि ११६; भवि; नाट—मृच्छ १६१)।

वीसम देखो विस्सम = वि + श्रम्। वीसमइ, वीसमामो (षड्; महा; पि ४८६)। वकृ. वीसममाण (पउम ३२, ४२; पि ४८६)।

वीसम देखो विस्सम = विश्रम (षड्)।

वीसम देखो वीस-म।

वीसमिर वि [विश्रमितृ] विश्राम करनेवाला (सण)।

वीसर देखो विस्सर = वि + स्मृ। वीसरइ (हे ४, ७५; ४२६; प्राकृ. ६३; षड्; भवि), वीसरेसि (रंभा)।

वीसर देखो वीस्सर = विस्वर; 'वीसरसरं रसतो जो सो जोणीमुहाओ निप्फिडइ' (तंदु १४)।

वीसरणालु वि [विस्मतृ] भूल जानेवाला (ओघ ४२५)।

वीसरिअ देखो विस्सरिय (गा ३६१)।

वीसव (अप) सक [वि + श्रमय्] विश्राम करवाना। वीसवइ (भवि)।

वीसस देखो विस्सस। वीससइ (पि ६४; ४६६)। वकृ. वीससंत (पउम ११३, ५)। कृ. वीससणिज्ज, वीससणीअ (उत्त २६, ४२; नाट—मालवि ५३)।

वीससा अ [विस्रसा] स्वभाव, प्रकृति (ठा ३, ३—पत्र १५२; भग; णाया १, १२)।

वीससिय वि [वैस्रसिक] स्वाभाविक (आवम)।

वीसा देखो वीसइ (हे १, २८; ६२; ठा ३, १—पत्र ११६; षड्)।

वीसा स्त्री [विश्वा] पृथिवी, धरती (नाट)।

वीसाण पुं [विष्वाण] आहार, भोजन (हे १, ४३)।

वीसाम पुं [विश्राम] १ विराम, उपरम। २ प्रवृत्त व्यापार का अवसान, चालू क्रिया का अंत (हे १, ४३; से २, ३१, महा)।

वीसामण देखो **विस्सामण** (कुप्र ३१०)।

वीसामणा देखो **विस्सामणा** (कुप्र ३१०)।

वीसाय देखो **विसाय** = वि + स्वादय्। कृ. **विसायणिज्ज** (पण्ण १७—पत्र ५३२)।

वीसार देखो **विस्सार** = वि + स्मृ। **वीसारेइ** (धर्मवि ५३१)।

विसारिअ वि [विस्मारित] भुलवाया हुआ (कुमा)।

वीसाल सक [मिश्रय्] मिलाना, मिलावट करना। **वीसालइ** (हे ४, २८)।

वीसालिअ वि [मिश्रित] मिलाया हुआ (कुमा)।

वीसावँ (अप) देखो **वीसाम** (कुमा)।

वीसास देखो **विस्सास** (प्राप्र; कुमा)।

वीसिया स्त्री [विंशिका] बीस संख्यावाला (वव १)।

वीसु न [दे] युतक, पृथग्, जुदा (दे ७, ७३)।

वीसुं अ [विष्वक्] १ समन्तात्, सब ओर से। २ समस्तपन, सामस्त्य (हे १, २४; ४३; ५२; षड्; कुमा; दे ७, ७३ टी)।

वीसुंभ देखो **वीसंभ** = वि + श्रम्भ्। **वीसुंभेज्जा** (ठा ५, २—पत्र ३०८; कस)।

वीसुंभ अक [दे] पृथग् होना, जुदा होना। **वीसुंभेज्जा** (ठा ५, २—पत्र ३०८; कस)।

वीसुंभण न [दे] पृथग्भाव, अलग होना (ठा ५, २ टी—पत्र ३१०)।

वीसुंभण न [विश्रम्भण] विश्वास (ठा ५, २ टी—पत्र ३१०)।

वीसुय देखो **विस्सुअ** (पण्ह १, ४—पत्र ६८)।

वीसेढि, वीसेणि } देखो **विसेढि** (भास १०; णंदि १८४)।

वीहि पुंन [व्रीहि] धान, धान्य-विशेष; 'सालीणि वा वीहीणि वा कोद्दवाणि वा कंगूणि वा' (सूअ २, २, ११; कस)।

वीहि, वीहिया, वीही } स्त्री [वीथि, °का, °थी] १ मार्ग, रास्ता (आचा; सूअ १, २, १, २१; प्रयौ १००; गउड ११८८)। २ श्रेणी, पंक्ति (स १४)। ३ क्षेत्र-भाग (ठा ९—पत्र ४६८)। ४ बाजार (उप २८; महा)।

वुअ वि [दे] १ बुना हुआ। २ बुनवाया हुआ; 'जन्न तयट्ठा कीय नेव वुयं जं न गहियमन्नेसिं' (पव १२५)। देखो **वूय**।

वुअ, वुइय } वि [वृत] १ प्रार्थित। २ प्रार्थना आदि से नियुक्त; '**वुओ**' (संक्षि ४)। ३ वेष्टित; 'कुकम्मवुइया' (सुपा ६३)।

वुइय वि [उक्त] कथित (उत्त १८, २६)।

वुंज (?) सक [उद् + नमय्] ऊँचा करना। वुंजइ (धात्वा १५४)।

वुंताकी स्त्री [वृन्ताकी] बैंगन का गाछ (दे ७, ६३)।

वुंद देखो **वंद** = वृन्द (गा ५५६; हे १, १३१)।

वुंदारय देखो **वंदारय** (दे १, १३२; कुमा; षड्)।

वुंदावण देखो **विंदावण** (हे १, १३१; प्राप्र; संक्षि ४; कुमा)।

वुंद्र देखो **वंद्र** (हे १, ५३; कुमा १, ३८)।

वुक्क देखो **बुक्क** = दे (सण)।

वुक्कंत वि [व्युत्क्रान्त] १ अतिक्रान्त, व्यतीत, गुजरा हुआ; 'वोलीणं वुक्कंतं अइच्छिअं वोलिअं अइक्कंतं' (पाअ), 'वुक्कंतो बहुकालो तुह पयसेवं कुणंतस्स' (सुपा ५६१)। २ विध्वस्त, विनष्ट (राज)। ३ निष्क्रान्त, बाहर निकला हुआ (निचू १६)। देखो **वोक्कंत**।

वुक्कंति स्त्री [व्युत्क्रान्ति] उत्पत्ति (राज)।

वुक्कम पुं [व्युत्क्रम] १ वृद्धि, बढ़ाव (सूअ २, ३, १)। २ उत्पत्ति (सूअ २, ३, १; २, ३, १७)।

वुक्कस सक [व्युत् + कृष्] पीछे खींचना, वापस लौटाना। **वुक्कसाहि** (आचा २, ३, १, ६)।

वुक्कार देखो **बुक्कार** (सण)।

वुक्कार सक [दे. बूत्कारय्] गर्जन करना। **वुक्कारेंति** (राय १०१)।

वुक्कारिय न [दे. बूत्कारित] गर्जना (स ५४८)।

वुग्गह पुं [व्युद्ग्रह] १ कलह, झगड़ा, विग्रह, लड़ाई (ठा ५, १—पत्र ३००; वव १; पव २६८)। २ धाड़, डाका (उप पृ २४५)। ३ बहकाव (संबोध ५२)। ४ मिथ्याभिनिवेश, कदाग्रह (राज)।

वुग्गहिअ वि [व्युद्ग्राहक] कलह-कारक, 'नय वुग्गहिअं कहं कहिज्जा' (दस १०, १०)।

वुग्गहिअ वि [व्युद्ग्राहिक] कलह-संबन्धी (दस १०, १०)।

वुग्गाह सक [व्युद् + ग्राहय्] बहकाना, भ्रान्त-चित्त करना। **वुग्गाहेमो** (महा)। वकृ. **वुग्गाहेमाण** (णाया १, १२—पत्र १७४; औप)।

वुग्गाहणा स्त्री [व्युद्ग्राहणा] बहकाव (ओघभा २५)।

वुग्गाहिअ वि [व्युद्ग्राहित] बहकाया हुआ, भ्रान्तचित्त किया हुआ (कस; चेइय ११७; सिरि १०८१)।

वुच° देखो **वय** = वच्।

वुच्चमाण वि [उच्यमान] जो कहा जाता हो वह (सूअ १, ६, ३१; भग; उप ५३० टी)।

वुच्चा अ [उक्त्वा] कह कर (सूअ २, २, ८१; पि ५८७)।

वुच्छ देखो **वच्छ** = वृक्ष (नाट—मृच्छ १५४)।

वुच्छ° देखो **वोच्छ°** (कम्म १, १)।

वुच्छ° देखो **वोच्छिंद**।

वुच्छिण्ण देखो **वुच्छिन्न** (राज)।

वुच्छित्ति देखो **वोच्छित्ति** (विसे २४०५)।

वुच्छिन्न वि [व्युच्छिन्न, व्यवच्छिन्न] १ अपगत, हटा हुआ। २ विनष्ट (उव)। ३ न. लगातार चौदह दिनों का उपवास (संबोध ५८)।

वुच्छेअ देखो **वोच्छेअ** (पव २७३; कम्म २, २२; सुपा २५४)।

वुच्छेयण देखो **वोच्छेयण** (ठा ६—पत्र ३५८)।

वुज्ज अक [त्रस्] डरना। **वुज्जइ** (प्राप्र)। देखो **वोज्ज**।

वुज्जण न [दे] स्थगन, आच्छादन, ढकना (धर्मसं १०२१ टी; ११०२)।

वुज्झंत वि [उह्यमान] पानी के वेग से खींचा जाता, बह जाता (पउम १०२, २४); 'गिरि-निज्झरणोदगेहि वुज्झंतो' (वै ८२)। देखो वह = वह ।

वुज्झण देखो वुज्जण (धर्मसं १०२१)।

वुज्झमाण देखो वुज्झंत (पउम ८३, ४)।

वुञ्ज (अप) देखो वञ्च = व्रज्। वुञ्जइ (हे ४, ३९२; कुमा)। संकृ. वुञ्जेप्पि, वुञ्जेप्पिणु (हे ४, ३९२)।

वुट्ठ अक [व्युत् + स्था] उठना, खड़ा होना। वुट्ठए (पि ३३७)।

वुट्ठ वि [वृष्ट] १ बरसा हुआ (हे १, १३७; विपा २, १—पत्र १०८; कुमा १, ८५)। २ न. वृष्टि (दस ८, ६)।

वुट्ठि देखो विट्ठि = वृष्टि (हे १, १३७; कुमा)। °काय पुं [°काय] बरसता जल-समूह (भग १४, २—पत्र ६३४; कप्प)।

वुट्ठिय वि [व्युत्थित] जो उठ कर खड़ा हुआ हो वह (भवि)।

°वुड देखो पुड = पुट; 'जंपइ कयंजलिवुडो' (पउम ६३, २२)।

वुड्ढ अक [वृध्] बढ़ना (संक्षि ३४)। वुड्ढंति (भग ५, ८)।

वुड्ढ सक [वर्धय्] बढ़ाना। वकृ. वुड्ढंत (द्र २३)।

वुड्ढ वि [वृद्ध] १ जरा अवस्थावाला, बूढ़ा (औप; सुर ३, १०४; सुपा २२७; सम्मत्त १५८; प्रासू ११६; सण)। २ बड़ा, महान् (कुमा)। ३ वृद्धि-प्राप्त। ४ अनुभवी, कुशल, निपुण। ५ पंडित, जानकार (हे १, १३१; २, ४०; ९०)। ६ निभृत, शान्त, निर्विकार (ठा ८)। ७ पुं. तापस, संन्यासी (णाया १, १५—पत्र १९३; अणु २४)। ८ एक जैन मुनि का नाम (कप्प)। °त्त, °त्तण न [°त्व] बुढ़ापा, जरावस्था (सुपा ३६०; २४२)। °वाइ पुं [°वादिन्] एक समर्थ जैनाचार्य जो सुप्रसिद्ध कवि सिद्धसेन दिवाकर के गुरु थे (सम्मत्त १४०)। °वाय पुं [°वाद] किंवदन्ती, कहावत, जनश्रुति (स २०७)। °सावग पुं [°श्रावक] ब्राह्मण (णाया १, १५—पत्र १९३; औप)। °णुग वि [°नुग] वृद्ध का अनुयायी (सं ३३)।

वुड्ढ वि [दे] विनष्ट (राज)।

वुड्ढि स्त्री [वृद्धि] १ बढ़ाव, बढ़ना (आचा; भग, उवा; कुमा; सण)। २ अभ्युदय, उन्नति। ३ समृद्धि, संपत्ति। ४ व्याकरण-प्रसिद्ध ऐकार आदि वर्णों की एक संज्ञा (सुपा १०३; हे १, १३१)। ५ समूह। ६ कलान्तर, सूद। ७ औषधि-विशेष। ८ पुं. गन्धद्रव्य-विशेष (हे १, १३१)। °कर वि [°कर] वृद्धि-कर्ता (सुर १, १२९; द्र २४)। °धम्मय त्रि [°धर्मक] बढ़नेवाला, वर्धन-शील (आचा)। °म वि [°मत्] वृद्धिवाला (विचार ४९७)।

वुणण न [दे] बुनना (सम्मत्त १७३)।

वुणिय वि [दे] बुना हुआ, 'अ-वुणिया खट्टा' (कुप्र २२३)।

वुण्ण वि [दे] १ भीत, त्रस्त (दे ७, ९४, विपा १,२—पत्र २४)। २ उद्विग्न (दे ७, ९४)।

वुत्त वि [उक्त] कथित (उवा; अनु ३; महा)।

वुत्त वि [उप्त] बोया हुआ (उव)।

वुत्त न [वृत्त] छन्द, कविता, पद्य (पिंग)। देखो वट्ट = वृत्त।

°वुत्त देखो पुत्त (प्रयौ २२)।

वुत्तंत पुं [वृत्तान्त] खबर, समाचार, हकीकत, बात (स्वप्न १५३; प्राप्र; हे १, १३१; स ३५)।

वुत्ति देखो वत्ति = वृत्ति; 'जायामायावुत्तिएणं' (सूअ २, १, ५०; प्राकृ ८)।

वुत्थ वि [उषित] बसा हुआ, रहा हुआ (पाअ; णाया १, ८—पत्र १४८; उव, धण ४३; उप पृ १२७; सुख २, १७, से ११, ८०; कुप्र १८७)।

वुद देखो वुअ = वृत (प्राकृ ८)।

वुदास पुं [व्युदास] निरास (विसे ३४७५)।

वुदि देखो वइ = वृति (प्राकृ ८)।

वुद्ध देखो वुड्ढ = वृद्ध (षड्)।

वुद्धि देखो वुड्ढि (ठा १०—पत्र ५२५; सम १७; संक्षि ४)।

वुन्न देखो वुण्ण (सुर ६, १२४; सुपा २५०; धमि १०; भवि; कुमा; हे ४, ४२१)।

वुप्पंत वि [उप्यमान] बोया जाता, 'पेच्छइ य मंगलसएहि वप्पिणं करिसगेहि वुप्पंतं' (श्राक २५; पि ३३७)।

वुप्पाय वि [व्युत् + पादय्] व्युत्पन्न करना, होशियार करना। वकृ. वुप्पाएमाण (णाया १, १२—पत्र १७४; औप)।

वुप्फ न [दे] शेखर, शिरः-स्थित (दे ७, ७४)।

वुब्भ° देखो वह = वह्।

वुब्भमाण देखो वुज्झमाण (कुप्र २२३)।

°वुर देखो पुर (अच्चु १६)।

°वुरिस देखो पुरिस = पुरुष (अउम ६५, ४५)।

वुल्लाह पुं [दे] अश्व की एक उत्तम जाति (सम्मत्त २१६)।

वुसह देखो वसभ (चारु ७; गा ४६०; ८२०; नाट—मृच्छ १०)।

वुसि स्त्री [वृषि] मुनि का आसन। °राइ, राइअ वि [राजिन्] संयमी, जितेन्द्रिय, त्यागी, साधु (निचू १६)। देखो वुसि, वुसी।

वुसि वि [वृषिन्] संविग्न, साधु, संयमी, मुनि; 'वुसि संविग्गो भणिओ' (निचू १६)।

वुसिम वि [वश्य] वश में आनेवाला, अधीन होनेवाला; 'निस्सारियं वुसिमं मन्नमाणा' (निचू १६)।

वुसी स्त्री [वृषी] मुनि का आसन। °म वि [°मत्] संयमी, साधु, मुनि; 'एस धम्मे वुसीमओ' (सूअ १, ८, १९; १, ११, १५; १, १५, ४; उत्त ५, १८; सुख ५, १८)। देखो वुसि।

वुस्सग्ग देखो विओसग्ग; 'सच्चित्ताणं पुप्फाइयाण दव्वाण कुणइ वुस्सग्गं' (उप १४२; संबोध ५१; ५२)।

वूढ देखो वुड्ढ = वृद्ध (सुपा ५१०; ५२०)।

वूढ वि [व्यूढ] १ धारण किया हुआ, 'सोआपरिमट्ठेण व वूढो तेणवि णिरंतरं रोमंचो' (से १,४२; धण २०; विचार २२९ णंदि ५२)। २ ढोया हुआ; मुणिवूढो सील-भरो विसयपसत्ता तरंति नो वोढुं (प्रवि १७; स १६२)। ३ बहा हुआ, वेग में खिंचा

गया (भत्त १२२)। ४ उपचित, पुष्ट (से ६, ५०)। ५ निःसृत, निकला हुआ;
'जम्मुहमहद्दहाओ दुवालसंगी महानई वूढा।
ते गणहरकुलगिरिणो सव्वे वंदामि भावेण'
(चेइय ४)।

वूणक पुं [दे] बालक, बच्चा (राज)।

वूय वि [दे] बुना हुआ; 'जं न तयट्टा वूयं नय किणियं नेय गहियमन्नेहिं' (सुपा ६४३)। देखो वुअ = (दे)।

वूह पुं [व्यूह] १ युद्ध के लिए की जाती सैन्य की रचना-विशेष (पण्ह १, ३—पत्र ४४; औप; स ६०३; कुमा)। २ समूह (सम १०६; कुप्र ५६)।

वे देखो वइ = वै (प्राकृ ८०; राज)।

वे अक [वि + इ] नष्ट होना। वेइ (विसे १७६४)।

वे } सक [व्ये] संवरण करना। वेइ,
वेअ } वेअइ, वेअए (षड्)।

वेअ सक [वेदय्] १ अनुभव करना, भोगना। २ जानना। वेअइ, वेएइ, वेएंति (सम्यक्त्वो ६; भग)। वकृ. **वेअंत, वेएमाण, वेयमाण** (सम्यक्त्वो ५; पउम ७५, ४५; सुपा २४३; णाया १, १—पत्र ६६; औप; पंच ५, १३२; सुपा ३६६)। कवकृ. **वेइज्जमाण** (भग; पण्ह १, ३—पत्र ५५)। संकृ. **वेयइत्ता** (सूअ १, ६, २७)। कृ. **वेय, वेअव्व, वेइयव्व** (ठा २, १—पत्र ४७; रयण २४; सुख ६, १; सुपा ६१४; महा)। देखो वेअ = (वेद्य), वेअणिज्ज, वेअणिय।

वेअ अक [वि + एज्] विशेष काँपना। वेयइ (णंदि ४२ टी)। वकृ. **वेयंत** (ठा ७—पत्र ३८३)।

वेअ अक [वेप्] काँपना। वकृ. **वेअमाण** (गा ३१२ अ)।

वेअ पुं [वेद] १ शास्त्र-विशेष, ऋग्वेद आदि ग्रंथ (विपा १, ५ टी—पत्र ६०; पाअ; उव)। २ कर्म-विशेष, मोहनीय कर्म का एक भेद, जिसके उदय से मैथुन की इच्छा होती है (कम्म १, २२; उप पृ ३५३)। ३ आचारांग आदि जैन ग्रन्थ (आचा १, ३, १, २)। ४ विज्ञ, जानकार (भग)। °व वि. [°वत्] वेदों का जानकार (आचा १, ३, १, २)। °वि, °विउ वि [°विद्] वही अर्थ (पि ४१३; आ २३)। °वत्त न [°व्यक्त] चैत्य-विशेष (आचा २, १५, ३५)। °ावत्त न [°ावर्त] देखो °वत्त (आचा २, १५, ५)।

वेअ न [वेद्य] कर्म-विशेष, सुख तथा दुःख का कारण-भूत कर्म (कम्म १, ३)।

वेअ पुं [वेग] शीघ्र गति, दौड़, तेजी (पाअ; से ५, ४३; कुमा; महा; पउम ६३, ३६)। २ प्रवाह। ३ रेतस्। ४ मूत्र आदि निःसारण-यन्त्र। ५ संस्कार-विशेष (प्राकृ ४१)। देखो वेग।

वेअंत पुं [वेदान्त] दर्शन-विशेष, उपनिषद् का विचार करनेवाला दर्शन (अच्चु १)।

वेअग वि [वेदक] १ भोगनेवाला, अनुभव करनेवाला (सम्यक्त्वो १२; संबोध ३३; श्रावक ३०६)। २ न. सम्यक्त्व का एक भेद (कम्म ३, १६)। ३ वि सम्यक्त्व-विशेष वाला जीव (कम्म ४, १३; २२)। °छिन्निय वि [छिन्नवेदक] जिसका पुरुष-चिह्न आदि काटा गया हो वह (सूअ २, २, ६३)।

वेअच्छ न [वैकक्ष] १ उत्तरासंग, छाती में यज्ञोपवीत की तरह पहना जाता वस्त्र, माला आदि। २ बन्ध-विशेष, मर्कट-बन्ध। ३ कन्धे के नीचे लटकना (णाया १, ८—पत्र १३३)।

वेअड सक [खच्] जड़ना। वेअडइ (हे ४, ८६; षड्)।

वेअडिअ वि [खचित] जड़ा हुआ, जड़ाऊ (कुमा; पाअ; भवि)।

वेअडिअ वि [दे] प्रत्युप्त, फिर से बोया हुआ (दे ७, ७७)।

वेअडिअ पुं [दे. वैकटिक] मोती वेधनेवाला शिल्पी, जौहरी (कप्पू)।

वेअड्डि देखो विअड्डि (औप)।

वेअड्ढ न [दे] भल्लातक, भिलावाँ (दे ७, ६६)।

वेअड्ढ पुं [वैताढ्य] पर्वत-विशेष (सुर ६, १७; सुपा ६२६; महा; भवि)।

वेअड्ढ न [वैदग्ध्य] विदग्धता, विचक्षणता (सुपा ६२६)।

वेअण न [वेतन] मजूरी का मूल्य, तनखाह (पाअ; विपा १, ३—पत्र ४२; उप पृ ३६८)।

वेअण न [वेपन] १ कम्प, काँपना (चेइय ४३५; नाट—उत्तर ६१)। २ वि. काँपनेवाला (चेइय ४३५)।

वेअण न [वेदन] अनुभव, भोग (आचा; कम्म २, १३)।

वेअणा देखो विअणा (उवा; हे १; १४६; प्रासू १०४; १३३; १७४)।

वेअणिज्ज } वि [वेदनीय] १ भोगने योग्य।
वेअणिय } २ न. कर्म-विशेष, सुख-दुःख आदि का कारण-भूत कर्म (आक; ठा २, ४; कप्प; कम्म १, १२)।

वेअय देखो वेअग (विसे ५२८)।

वेअरणी स्त्री [वैतरणी] १ नरक-नदी (कुप्र ४३२; उव)। २ परमाधार्मिक देवों की एक जाति, जो वैतरणी की विकुर्वणा करके उसमें नरक-जीवों को डालता है (सम २६)। ३ विद्या-विशेष (आवम)।

वेअल्ल देखो वेइल्ल = विचकिल; 'वेयल्लफुल्लनियरच्छलेण हसइव्व गिम्हरिऊ' (धर्मवि २०)।

वेअल्ल वि [दे] १ मृदु, कोमल (दे ७, ७५)। २ न. असामर्थ्य (दे ७, ७५; पाअ)।

वेअल्ल न [वैकल्य] विकलता, व्याकुलता (गउड)।

वेअव्व देखो वेअ = वेदय्।

वेअस पुं [वेतस] वृक्ष-विशेष, बेंत का पेड़ (हे १, २०७; षड्; गा ६४५)।

वेआगरण वि [वैयाकरण] व्याकरण-संबधी, संदेह-निराकरण से सम्बन्ध रखनेवाला (पंचभा)।

वेआर सक [दे] ठगना, प्रतारण करना। वेयारइ (भवि)। कर्म. वेआरिज्जसि (गा ६०६)। हेकृ. **वेआरिउं** (गा २८६; वज्जा ११४)।

वेआरणिय वि [वैदारणिक] विदारण-सम्बन्धी, विदारण से उत्पन्न (ठा २, १—पत्र ४०)।

वेआरणिय वि [दे] प्रतारण-सम्बन्धी, ठगने से उत्पन्न (ठा २, १—पत्र ४०)।
वेआरणिय वि [वैचारणिक] विचार-संबंधी (ठा २, १—पत्र ४०)।
वेआरिअ वि [दे] १ प्रतारित, ठगा हुआ (दे ७, ६५; पउम १४, ४६; सुपा १५२)। २ पुं. केश, बाल (दे ७, ६५)।
वेआल पुं [वेताल] १ भूत-विशेष, विकृत पिशाच, प्रेत (पण्ह १, ३—पत्र ४६; गउड; महा; पिंग)। २ छन्द-विशेष (पिंग)।
वेआल वि [दे] १ अन्धा। २ पुं. अंधकार (दे ७, ६५)।
वेआलग वि [विदारक] विदारण-कर्ता (सूअनि ३६)।
वेआलण न [विदारण] फाड़ना, चीरना (सूअनि ३६)।
वेआलि पुं [वैतालिन्] बन्दी, स्तुति-पाठक (उप ७२८ टी)।
वेआलिअ देखो वइआलिअ (पाअ; हे १, १५२; चेइय ७४६)।
वेआलिय वि [वैक्रिय] विक्रिया से उत्पन्न (सूअ १, ५, २, १७)।
वेआलिय वि [वैकालिक] विकाल-सम्बन्धी, अपराह्न में बना हुआ (दसनि १,६; १५)।
वेआलिय न [विदारक] विदारण-क्रिया (सूअनि ३६)।
वेआलिय देखो वइआलीअ (सूअनि ३८)।
वेआलिया स्त्री [वैतालिकी] वीणा-विशेष (जीव ३)।
वेआली स्त्री [वैताली] १ विद्या-विशेष, जिसके प्रभाव से अचेतन काष्ठ भी उठ खड़ा होता है—चेतन की तरह क्रिया करता है (सूअ २, २, २७)। २ नगरी-विशेष (णाया १, १६—पत्र २१७)।
वेइ स्त्री [वेदि] परिष्कृत भूमि-विशेष, चौतरा (कुमा; महा)।
वेइ वि [वेदिन्] १ जाननेवाला (चेइय ११६; गउड)। २ अनुभव करनेवाला (पंच ५, ११६)।
वेइअ वि [वेदित] १ अनुभूत (भग)। २ ज्ञात, जाना हुआ (दस ४, १; पउम ६६, ३)।
वेइअ देखो वेविअ = वेपित (गा ३६२ अ)।
वेइअ वि [वैदिक] १ वेदाश्रित, वेद-संबन्धी (ठा ३, ३—पत्र १५१)। २ वेदों का जानकार (दसनि ४, ३५)।
वेइअ वि [वेगित] वेलावाला, वेग-युक्त (णाया १, १—पत्र २६)।
वेइअ वि [व्येजित] १ कम्पित, काँपा हुआ (भग १, १ टी—पत्र १८)। २ कँपाया हुआ (राय ७४)।
वेइआ स्त्री [दे] पनीहारी, पानी ढोनेवाली स्त्री (दे ७, ७६)।
संकु पुं [शङ्कु] १ शल्य अस्त्र। २ कीलक, खूँटा, कील; 'अंतोनिविट्ठसंकुव्व' (कुप्र ४०२; राय ३०; आवम)। °कण्ण न [°कर्ण] एक विद्याधर-नगर (इक)।

संकुइय वि [संकुचित] १ सकुचा हुआ, संकोच-प्राप्त (औप; रंभा)। २ न. संकोच (राज)।

संकुक पुं [शङ्कुक] वैताढ्य पर्वत की उत्तर श्रेणी का एक विद्याधर-निकाय (राज)।

संकुका स्त्री [शङ्कुका] विद्या-विशेष (राज)।

संकुच अक [सं + कुच्] सकुचना, संकोच करना। संकुचए (आचा; संबोध ४७) वकृ. **संकुचमाण, संकुचेमाण** (आचा)।

संकुचिय देखो संकुइय (दस ४, १)।

संकुड वि [संकुट] सँकरा, संकीर्ण, संकुचित; 'अंतो य संकुडा बाहिं वित्थडा चंदसूराणं' (सुज्ज १९)।

संकुडिअ वि [संकुटित] सकुचा हुआ, संकुचित (भग ७, ६—पत्र ३०७; धर्मसं ३८७; स ३५८; सिरि ७८६)।

संकुद्ध वि [संक्रुद्ध] क्रोध-युक्त (वज्जा १०)।

संकुय देखो संकुच। संकुयइ (वज्जा ३०)। वकृ. संकुयंत (वज्जा ३०)।

संकुल वि [संकुल] व्याप्त, पूर्ण भरा हुआ (से १, ५७; उव; महा; स्वप्न ५१; धर्मवि ५५; प्रासू १०)।

संकुलि, संकुली° देखो सक्कुलि (पि ७४; ठा ४, ४—पत्र २२६; पव २६२; आचा २, १, ४, ५)।

संकुसुमिअ वि [संकुसुमित] अच्छी तरह पुष्पित (राय ३८)।

संकेअ सक [सं + केतय्] १ इशारा करना। २ मसलहत करना। संकृ. संकेइय जोगिणिमेगं' (सम्मत्त २१८)।

संकेअ पुं [संकेत] १ इशारा, इंगित (सुपा ४१५; महा)। २ प्रिय-समागम का गुप्त स्थान (गा ६२६; गउड)। ३ वि. चिह्न-युक्त। ४ न. प्रत्याख्यान-विशेष (श्राव)।

संकेअ वि [साङ्केत] १ संकेत-संबन्धी। २ न. प्रत्याख्यान-विशेष (पव ४)।

संकेइअ वि [संकेतित] संकेत-युक्त (श्रा १४; धर्मवि १३४; सम्मत्त २१८)।

संकेल्लिअ वि [दे] सकेला हुआ, संकुचित किया हुआ (गा ६६४)।

संकेस देखो संकिलेस (उप ३१२; कम्म ५, ६३)।

संकोअ सक [सं + कोचय्] संकुचित करना। वकृ. संकोअंत (सम्मत्त २१७)।

संकोअ पुं [संकोच] संकोच, सिमट (राय १४० टी; धर्मसं ३६५; संबोध ४७)।

संकोअण न [संकोचन] संकोच, सकुचाना (दे ५, ३१; भग; सुर १, ७६; धर्मवि १०१)।

संकोइय वि [संकोचित] संकुचित किया हुआ, सकेला हुआ (उप ७२८ टी)।

संकोड पुं [संकोट] सकोड़ना, संकोच (पण्ह १, ३—पत्र ५३)।

संकोडणा स्त्री [संकोटना] ऊपर देखो (राज)।

संकोडिय वि [संकोटित] सकोड़ा हुआ, संकोचित (पण्ह १, ३—पत्र ५३; विपा १, ६—पत्र ६८; स ७४१)।

संख पुंन [शङ्ख] १ वाद्य-विशेष, शंख (णंदि; राय, जी १५; कुमा; दे १, ३०)। २ पुं. ज्योतिष्क ग्रह-विशेष (ठा २, ३—पत्र ७८)। ३ महाविदेह वर्ष का प्रान्त-विशेष, विजय-क्षेत्र विशेष (ठा २, ३—पत्र ८०)। ४ नव निधि में एक निधि, जिसमें विविध तरह के बाजों की उत्पत्ति होती है (ठा ९—पत्र ४४९; उप ९८६ टी)। ५ लवण समुद्र में स्थित वेलन्धर-नागराज का एक आवास-पर्वत (ठा ४, २—पत्र २२६; सम ६८)। ६ उक्त आवास-पर्वत का अधिष्ठाता एक देव (ठा ४, २—पत्र २२६)। ७ भगवान् मल्लिनाथ के समय का काशी का एक राजा (णाया १, ८—पत्र १४१)। ८ भगवान् महावीर के पास दीक्षा लेनेवाला एक काशी-नरेश (ठा ८—पत्र ४३०)। ९ तीर्थंकर-नामकर्म उपार्जित करनेवाला भगवान् महावीर का एक श्रावक (ठा ९—पत्र ४५५; सम १५४; पव ४६; विचार ४७७)। १० नववें बलदेव का पूर्वजन्मीय नाम (पउम २०, १९१)। ११ एक राजा (उप ७३६)। १२ एक राज-पुत्र (सुपा ५९६)। १३ रावण का एक सुभट (पउम ५६,३४)। १४ छन्द-विशेष (पिंग)। १५ एक द्वीप। १६ एक समुद्र। १७ शंखवर द्वीप का एक अधिष्ठायक देव (दीव)। १८ पुंन. ललाट की हड्डी (धर्मवि १७; हे १, १०)। १९ नखी नामका एक गन्ध-द्रव्य। २० कान के समीप की एक हड्डी। २१ एक नाग-जाति। २२ हाथी के दाँत का मध्य भाग। २३ संख्या-विशेष, दस निखर्व की संख्यावाला (हे १, ३०)। २४ आँख के समीप का अवयव (णाया १, ८—पत्र १३३)। °उर देखो °पुर (ती ३; महा)। °णाभ पुं [°नाभ] ज्योतिष्क महाग्रह-विशेष (सुज्ज २०)। °णारी स्त्री [°नारी] छन्द-

विशेष (पिंग)। °धमग पुं [°ध्मायक] वानप्रस्थ की एक जाति (राज)। °धर पुं [°धर] श्रीकृष्ण, विष्णु (कुमा)। °पाल देखो °वाल (ठा ४, १—पत्र १९७)। °पुर न [°पुर] १ एक विद्याधर-नगर (इक)। २ नगर-विशेष जो आजकल गुजरात में संखेश्वर के नाम से प्रसिद्ध है (राज)। °पुरी स्त्री [°पुरी] कुरुजंगल देश की प्राचीन राजधानी, जो पीछे से अहिच्छत्रा के नाम से प्रसिद्ध हुई थी (सिरि ७८)। °माल पुं [°माल] वृक्ष की एक जाति (जीव ३—पत्र १४५)। °वण न [°वन] एक उद्यान का नाम (उवा)। °वण्णाभ पुं [°वर्णाभ] ज्योतिष्क महाग्रह-विशेष (सुज्ज २०)। °वन्न पुं [°वर्ण] जोतिष्क महाग्रह-विशेष (ठा २, ३—पत्र ७८)। °वन्नाभ देखो °वण्णाभ (ठा २, ३—पत्र ७८)। °वर पुं [°वर] १ एक द्वीप। २ एक समुद्र (दीव; इक)। °वरोभास पुं [°वरावभास] १ एक द्वीप। २ एक समुद्र (दीव)। °वाल पुं [°पाल] नाग-कुमार-देवों के धरण और भूतानन्द नामक इन्द्रों के एक एक लोकपाल का नाम (इक)। °वालय पुं [°पालक] १ जैनेतर दर्शन का अनुयायी एक व्यक्ति (भग ७, १०—पत्र ३२३)। एक आजीविक मत का एक उपासक (भग ८, ५—पत्र ३७०)। °ल्ल वि [°वत्] शंखवाला (णाया १, ८—पत्र १३३)। °वई स्त्री [°वती] नगरी-विशेष (ती ५)।

संख वि [संख्य] संख्यात, गिना हुआ, गिनतीवाला (कम्म ४, ३६; ४१)।

संख न [सांख्य] १ दर्शन-विशेष, कपिलमुनि-प्रणीत दर्शन (णाया १, ५—पत्र १०५; सुपा ५६६)। २ वि. सांख्य मत का अनुयायी (औप; कुप्र २३)।

संख पुं [दे] मागध, स्तुति-पाठक (दे ८, २)।

संखइम वि [संख्येय] जिसकी संख्या हो सके वह (विसे ६७०; अणु ६१ टी)।

संखड न [दे] कलह, झगड़ा (पिंड ३२४; ओघ १५७)।

संखडि स्त्री [दे] १ विवाह आदि के उपलक्ष्य में नात-नातेदार आदि को दिया जाता भोज, जेवनार (आचा २, १,२,४; २,१,३, १; २; ३; पिंड २२८; ओघ १२; ८८; भास ६२)।

संखडि स्त्री [संस्कृति] ओदन-पाक (कप्प)।

संखणग पुं [शङ्खनक] छोटा शंख (उत्त ३६, १२९; पण्ण १—पत्र ४४; जीव १ टी—पत्र ३१)।

संखद्दह पुं [दे] गोदावरी ह्रद (दे ८, १४)।

संखबइल्ल पुं [दे] कृषक की इच्छानुसार उठ कर खड़ा होनेवाला बैल (दे ८, १६)।

संखम वि [संक्षम] समर्थ (उप ६८६ टी)।

संखय पुं [संक्षय] क्षय, विनाश (से ६, ४२)।

संखय वि [संस्कृत] संस्कार-युक्त; 'णय संखयमाहु जीवियं' (सूअ १, २, २, २१; १, २, ३, १०; पि ४९), 'असंखयं जीविय मा पमायए' (उत्त ४, १)।

संखलय पुं [दे] शम्बूक, शुक्ति के आकार-वाला जल-जन्तु विशेष (दे ८, १८)।

संखला देखो संकला (गउड; प्रामा)।

संखलि पुंस्त्री [दे] कर्ण-भूषण विशेष, शंख-पत्र का बना हुआ ताडंक (दे ८, ७)।

संखव सक [सं + क्षपय्] विनाश करना। संकृ. संखवियाण (उत्त २०, ५२)।

संखविअ वि [संक्षपित] विनाशित (अच्चु ८)।

संखा सक [सं + ख्या] १ गिनती करना। २ जानना। संकृ. संखाय (सूअ १, २, २, २१)। कृ. संखिज्ज, संखेज्ज (उवा; जी ४१; उव; कप्प)।

संखा अक [सं + स्त्यै] १ आवाज करना। २ संहत होना, सान्द्र होना, निबिड बनना। संखाइ, संखाअइ (हे ४, १५; षड्)।

संखा स्त्री [संख्या] १ प्रज्ञा, बुद्धि (आचा १, ६, ४, १)। २ ज्ञान (सूअ १, १३, ८)। ३ निर्णय (अणु)। ४ गिनती, गणना (भग; अणु; कप्प; कुमा)। ५ व्यवस्था (सूअ २, ७, १०)। °ईअ वि [°तीत] असंख्य (भग १, १ टी; जीव १ टी—पत्र १३; श्रा ४१)। °दत्तिय वि [°दत्तिक] उतनी ही भिक्षा लेने का व्रतवाला संयमी, जितनी कि अमुक गिने हुए प्रक्षेपों में प्राप्त हो जाय (ठा २, ४—पत्र १००; ५, १—पत्र २९९; औप)।

संखाण न [संख्यान] १ गिनती, गणना, संख्या। २ गणित-शास्त्र (ठा ४, ४—पत्र २६३; भग; कप्प; औप; पउम ८५, ६; जीवस १३५)।

संखाय वि [संस्त्यान] १ सान्द्र, सघन, निबिड (कुमा ६, ११)। २ आवाज करनेवाला। ३ संहत करनेवाला। ४ न. स्नेह। ५ निबिड-पन। ६ संहति, संघात। ७ आलस्य। ८ प्रतिशब्द, प्रतिध्वनि (हे १, ७४; ४, १५)।

संखाय देखो संखा = सं + ख्या।

संखाय वि [संखाय] संख्या-युक्त (सूअ १, १३, ८)।

संखायण न [शाङ्खायन] गोत्र-विशेष (सुज्ज १०, १६; इक)।

संखाल पुं [दे] हरिण की एक जाति, साँबर मृग (दे ८, ६)।

संखालग देखो संखालग = शङ्ख-वत्।

संखावई देखो संखावई = शङ्खावती।

संखाविय वि [संख्यापित] जिसकी गिनती कराई गई हो वह (सुपा ३६२; स ४१६)।

संखिग देखो संखिय = शाङ्खिक (स १७३; कुप्र १४६)।

संखिज्ज देखो संखा = सं + ख्या।

संखिज्जइ वि [संख्येयतम] संख्यातवाँ (अणु ६१)।

संखित्त वि [संक्षिप्त] संक्षेप-युक्त, छोटा किया हुआ (उवा; दं ३; जी ५१)।

संखिय वि [शाङ्खिक] १ मंगल के लिए चन्दन-गर्भित शंख को हाथ में धारण करने-वाला। शंख बजानेवाला (कप्प; औप)।

संखिय देखो संख = संख्य (स ४४१; पंच २, ११; जीवस १४६)।

संखिया स्त्री [शङ्खिका] छोटा शंख (जीव ३—पत्र १४६; जं २ टी—पत्र १०१; राय ४५)।

संखुड्ड अक [रम्] क्रीड़ा करना, संभोग करना। संखुड्डइ (हे ४, १६८)।

संखुड्डुण न [रमण] क्रीड़ा, सुरत-क्रीड़ा (कुमा)।

संखुत्त (अप) नीचे देखो (भवि)।

संखुद्ध वि [संक्षुब्ध] क्षोभ-प्राप्त (स ५६८; ६७४; सम्मत्त १५६; सुपा ५१७; कुप्र १७४)।

संखुभिअ } वि [संक्षुब्ध, संक्षुभित]
संखुहिअ } ऊपर देखो (सम १२५, पव २७२; पउम ३३, १०६; पि ३१९)।

संखेज्ज देखो संखा = सं + ख्या।

संखेज्जइ } देखो संखिज्जइ (अणु ६१;
संखेज्जइम } विसे ३९०)।

संखेत्त देखो संखित्त (ठा ४, २—पत्र २२६; चेइय ३२५)।

संखेव पुं [संक्षेप] १ अल्प, कम, थोड़ा (जी २५; ५१)। २ पिंड, संघात, संहति (ओघभा १)। ३ स्थान; 'तेरससु जीवसंखेवएसु' (कम्म ६, ३५)। ४ सामायिक, सम-भाव से अव-स्थान (विसे २७९६)।

संखेवण न [संक्षेपण] अल्प करना, न्यून करना (नव २८)।

संखेविय वि [संक्षेपिक] संक्षेप-युक्त। °दसा स्त्री.ब. [°दशा] जैन ग्रन्थ-विशेष (ठा १०—पत्र ५०५)।

संखोभ } सक [सं + क्षोभय्] क्षुब्ध
संखोह } करना। संखोहइ (भवि)। कवकृ. संखोभिज्जमाण (णाया १, ९—पत्र १५६)।

संखोह पुं [संक्षोभ] १ भय आदि से उत्पन्न चित्त की व्यग्रता, क्षोभ (उव; सुर २, २२; उप्पृ १३१; गु ३; त्रि ९४; गउड)। २ चंचलता (गउड)।

संखोहिअ वि [संक्षोभित] क्षुब्ध किया हुआ, क्षोभ-युक्त किया हुआ (से १, ४९; अभि ६०)।

संग न [शृङ्ग] १ सींग, विषाण (धर्मसं ६३; ६४)। २ उत्कर्ष (कुमा)। ३ पर्वत के ऊपर का भाग, शिखर। ४ प्रधानता, मुख्यता। ५ वाद्य-विशेष। ६ काम का उद्रेक (हे १, १३०)। देखो सिंग = शृङ्ग।

संग न [शाङ्ग] शृङ्ग-संबन्धी (विसे २८९)।

संग पुंन [सङ्ग] १ संपर्क, संबन्ध (आचा; महा; कुमा)। २ सोहबत; 'तह हीणायारज-इजणसंगं सङ्घाण पडिसिद्धं' (संबोध ३६; आचा; प्रसू ३०)। ३ आसक्ति, विषयादि-राग (गउड; आचा; उव)। ४ कर्म, कर्म-बन्ध (आचा)। ५ बन्धन; 'भोगा इमे संगकरा हवंति' (उत्त १३, २७)।

संगइ स्त्री [संगति] १ औचित्य, उचितता (सुपा ११०)। २ मेल (भवि)। ३ नियति (सूअ १, १, २, ३)।

संगइअ वि [साङ्गतिक] १ नियति-कृत, नियति-संबन्धी (सूअ १, १, २, ३)। २ परिचित; 'सुही ति वा सहाए ति वा संग(?गइ)ए ति वा' (ठा ४, ३—पत्र २४३; राज)।

संगंथ पुं [संग्रन्थ] १ स्वजन का स्वजन, सगे का सगा (आचा)। २ संबन्धी, श्वशुर-कुल से जिसका संबन्ध हो वह (पण्ह २, ४—पत्र १३२)।

संगच्छ सक [सं + गम्] १ स्वीकार करना। २ अक. संगत होना, मेल रखना। संगच्छइ (चेइय ७७९; षड्), संगच्छह (स १६)। कृ. संगमणीअ (नाट—विक्र १००)।

संगच्छण न [संगमन] स्वीकार, अंगीकार (उप ९३०)।

संगम पुं [संगम] १ मेल, मिलाप (पाअ; महा)। २ प्राप्ति; 'सग्गापवग्गसंगमहेऊ जिण-देसिओ धम्मो' (महा)। ३ नदी-मीलक, नदियों का आपस में मिलान (णाया १, १—पत्र ३३)। ४ एक देव का नाम (महा)। ५ स्त्री-पुरुष का संभोग (हे १, १७७)। ६ एक जैन मुनि का नाम (उव)।

संगमय पुं [संगमक] भगवान् महावीर को उपसर्ग करनेवाला एक देव (चेइय २)।

संगमी स्त्री [संगमी] एक दूती का नाम (महा)।

संगय वि [दे] मसृण, चिकना (दे ८, ७)।

संगय न [संगत] १ मित्रता, मैत्री (सुर ६, २०९)। २ संग, सोहबत (उव; कुप्र १३४)। ३ पुं. एक जैन मुनि का नाम (पुप्फ १८२)। ४ त्रि. युक्त, उचित (विपा १, २—पत्र २२)। ५ मिलित, मिला हुआ (प्रासू ३१; पंचा १, १; महा)।

संगयय न [संगतक] छन्द-विशेष (अजि ७)।

संगर देखो संकर = संकर (विसे २८८४)।

संगर न [संगर] युद्ध, रण, लड़ाई (पाअ; काप्र १९३; कुप ७३; धर्मवि ९३; हे ४, ३४५)।

संगरिगा स्त्री [दे] फली-विशेष, जिसकी तरकारी होती है, साँगरी (पव ४—गाथा २२९)।

संगल सक [सं + घटय्] मिलना, संघटित करना। संगलइ (हे ४, ११३)। संकृ. संगलिअ (कुमा)।

संगल अक [सं + गल्] गल जाना, हीन होना। वकृ. संगलंत (से १०, ३४)।

संगलिया स्त्री [दे] फली, फलिया, छीमी (भग १५—पत्र ६८०; अनु ४)।

संगह सक [सं + ग्रह्] १ संचय करना। २ स्वीकार करना। ३ आश्रय देना। संगहइ (भवि)। भवि. संगहिस्सं (मोह ९३)।

संगह पुं [दे] घर के ऊपर का तिरछा काठ (दे ८, ४)।

संगह पुं [संग्रह] १ संचय, इकट्ठा करना, बटोरना (ठा ७—पत्र ३८५; वव ३)। २ संक्षेप, समास (पाअ; ठा ३, १ टी—पत्र ११४)। ३ उपधि, वस्त्र आदि का परिग्रह (ओघ ६६९)। ४ नय-विशेष, वस्तु-परीक्षा का एक दृष्टिकोण, सामान्य रूप से वस्तु को देखना (ठा ७—पत्र ३९०; विसे २२०३)। ५ स्वीकार, ग्रहण (ठा ८—पत्र ४२२)। ६ कष्ट आदि में सहायता करना (ठा १०—पत्र ४९६)। ७ वि. संग्रह करनेवाला (वव ३)। ८ न. नक्षत्र-विशेष, दुष्ट ग्रह से आक्रान्त नक्षत्र (वव १)।

संगहण न [संग्रहण] संग्रह (विसे २२०३; संबोध ३७; महा)। °गाहा स्त्री [°गाथा] संग्रह-गाथा (कप्प ११८)। देखो संगिण्हण।

संगहणि स्त्री [संग्रहणि] संग्रह-ग्रन्थ, संक्षिप्त रूप से पदार्थ-प्रतिपादक ग्रंथ, सार-संग्राहक ग्रन्थ (संग १; धर्मसं ३)।

संगहिअ वि [संग्रहिक] संग्रहवाला, संग्रह-नय को माननेवाला (विसे २८५२)।

संगहिअ वि [संगृहीत] १ जिसका संचय किया गया हो वह (हे २, १९८)। २ स्वीकृत, स्वीकार किया हुआ (सरण)। ३ पकड़ा हुआ; 'संगहिओ हत्थी' (कुप्र ८१)। देखो **संगिहीअ**।

संगा सक [सं+गै] गान करना। कवकृ. **संगिज्जमाण** (उप ५९७ टी)।

संगा स्त्री [दे] वल्गा, घोड़े की लगाम (दे ८, २)।

संगाम सक [सङ्ग्रामय्] लड़ाई करना। संगामेइ (भग; तंदु ११)। वकृ. **संगामेमाण** (णाया १, १६—पत्र २२३, निर १, १)।

संगाम पुं [सङ्ग्राम] लड़ाई, युद्ध (आचा; पाम्र; महा)। °**सूर** पुं [°शूर] एक राजा का नाम (श्रु २८)।

संगामिय वि [साङ्ग्रामिक] संग्राम-संबंधी, लड़ाई से संबन्ध रखनेवाला (ठा ५, १—पत्र ३०२; औप)।

संगामिया स्त्री [साङ्ग्रामिकी] श्रीकृष्ण वासुदेव की एक भेरी, जो लड़ाई की खबर देने के लिए बजाई जाती थी (विसे १४७६)।

संगामुड्डामरी स्त्री [सङ्ग्रामोड्डामरी] विद्या-विशेष, जिसके प्रभाव से लड़ाई में आसानी से विजय मिलती है (सुपा १४४)।

संगार पुं [दे] संकेत (ठा ४, ३—पत्र २४३; णाया १, ३; ओघभा २२; सुख २, १७; सूअनि २६; धर्मसं १३८८ उप ३०६)।

संगाहि वि [संग्राहिन्] संग्रह-कर्ता (विसे १५३०)।

संगि वि [सङ्गिन्] संग-युक्त (भग; संबोध ७; कप्पू)।

संगिज्जमाण देखो **संगा**=सं+गै।

संगिण्ह देखो **संगह**=सं+ग्रह्। संगिण्हइ (विसे २२०३)। कर्म. संगिज्जंते (विसे २२०३)। वकृ. **संगिण्हमाण** (भग ५, ६—पत्र २३१)। संकृ. **संगिण्हित्ताणं** (पि ५८३)।

संगिण्हण न [संग्रहण] आश्रय-दान (ठा ८—पत्र ४४१)। देखो **संगहण**।

संगिल्ल वि [सङ्गवत्] बद्ध, संग-युक्त (पाम्र)।

संगिल्ल देखो **संगेल्ल** (राज)।

संगिल्ली देखो **संगेल्ली** (राज)।

संगिहीय वि [संगृहीत] १ आश्रित (ठा ८—पत्र ४४१)। २ देखो **संगहिअ**=संगृहीत।

संगीअ न [संगीत] १ गाना, गान-तान (कुमा)। २ वि. जिसका गान किया गया हो वह; 'तेण संगीओ तुह चेव गुणग्गामो' (सुपा २०)।

संगुण सक [सं+गुणय्] गुणकार करना। संगुणए (सुज्ज १०, ६ टी)।

संगुण वि [संगुण] गुणित, जिसका गुणकार किया गया हो वह (सुज्ज १०, ६ टी)।

संगुणिअ वि [संगुणित] ऊपर देखो (ओघ २१; देवेन्द्र ११६; कम्म ५, ३७)।

संगुत्त वि [संगुप्त] १ छिपाया हुआ, प्रच्छन्न रखा हुआ (उप ३३९ टी)। २ गुप्ति-युक्त, अकुशल प्रवृत्ति से रहित (पव १२३)।

संगेल्ल पुं [दे] समूह, समुदाय (दे ८, ४; वव १)।

संगेल्ली स्त्री [दे] १ परस्पर अवलम्बन; 'हत्थसंगेल्लीए' (णाया १, ३—पत्र ९३)। २ समूह, समुदाय (भग ९, ३३—पत्र ४७४; औप)।

संगोढण वि [दे] व्रणित, व्रण-युक्त (दे ८, १७)।

संगोप्फ } पुं [संगोफ] बन्ध-विशेष, मर्कट-
संगोफ } बन्ध रूप गुम्फन (उत्त २२, ३५)।

संगोल्ल न [दे] संघात, समूह (षड्)।

संगोल्ली स्त्री [दे] समूह, संघात (दे ८, ४)।

संगोव सक [सं+गोपय्] १ छिपाना, गुप्त रखना। २ रक्षण करना। संगोवइ (प्राकृ ६३)। वकृ. **संगोवमाण, संगोवेमाण** (णाया १, ३—पत्र ९१; विपा १, २—पत्र ३१)।

संगोवग वि [संगोपक] रक्षण-कर्ता (णाया १, १८—पत्र २४०)।

संगोवाव देखो **संगोव**। संगोवावसु (स ८९)।

संगोविअ वि [संगोपित] १ छिपाया हुआ (स ८९)। २ संरक्षित (महा)।

संगोवित्तु } वि [संगोपयितृ] संरक्षण-कर्ता
संगोवेत्तु } (ठा ७—पत्र ३८५)।

संघ सक [कथ्] कहना। संघइ (हे ४, २), संघसु (कुमा)।

संघ पुं [संघ] १ साधु, साध्वी, श्रावक और श्राविकाओं का समुदाय (ठा ४, ४—पत्र २८१; णंदि; महानि ४; सिग्घ १; ३; ५)। २ समान धर्मवालों का समूह (धर्मसं ९८८)। ३ समूह, समुदाय (सुपा १८०)। ४ प्राणि-समूह (हे १, १८७)। °**दास** पुं [°दास] एक जैन मुनि और ग्रंथ-कर्ता (ती ३; राज)। °**पालिय,** °**वालिय** पुं [°पालित] एक प्राचीन जैन मुनि, जो आर्यवृद्ध मुनि के शिष्य थे (कप्प; राज)।

संघअ वि [संहत] निबिड़, सान्द्र (से १०, २९)।

संघंस पुं [संघर्ष] १ घिसाव, रगड़। २ आघात, धक्का (णाया १, १—पत्र ६५; श्रा २८)।

संघट्ट सक [सं+घट्ट] १ स्पर्श करना, छूना। २ अक. आघात लगाना। संघट्टइ (भवि), संघट्टेइ (णाया १, ५—पत्र ११२; भग ५, ६—पत्र २२९), संघट्टए (दस ८, ७)। वकृ. **संघट्टंत** (पिंड ५७५)। संकृ. **संघट्टिऊण** (पव २)।

संघट्ट पुं [संघट्ट] १ आघात, धक्का, संघर्ष (उव; कुप्र १६; धर्मवि ५७; सुपा १४)। २ अर्ध जंघा तक का पानी (ओघभा ३४)। ३ दूसरा नरक का छठवाँ नरकेन्द्रक—स्थान विशेष (देवेन्द्र ६)। ४ भीड़; जमावड़ा (भवि)। ५ स्पर्श (राय)।

संघट्ट वि [संघट्टित] संलग्न (भवि)।

संघट्टण न [संघट्टन] १ संमर्दन, संघर्ष (णाया १, १—पत्र ७१; पिंड ५८९)। २ स्पर्श करना (राज)।

संघट्टणा स्त्री [संघट्टना] संचलन, संचार; 'गब्भे संघट्टणा उ उट्ठंतुवेसमाणीए' (पिंड ५८९)।

संघट्टा स्त्री [संघट्टा] वल्ली-विशेष (पण्ण १—पत्र ३३)।

संघट्टिय वि [संघट्टित] १ स्पृष्ट, छुआ हुआ (णाया १, ५—पत्र ११२; पडि)। २ संघर्षित, संमर्दित (भग १६, ३—पत्र ७६६; ७६७)।

संघड अक [सं + घट्] १ प्रयत्न करना। २ संबद्ध होना, युक्त होना। कृ. संघडियव्व (ठा ८—पत्र ४४१)। प्रयो. संघडावेइ (महा)।

संघड वि [संघट] निरन्तर; 'संघडदंसिणो' (आचा १; ४, ४, ४)।

संघडण देखो **संघयण** (चंड—पृ ४८; भवि)।

संघडणा स्त्री [संघटना] रचना, निर्माण (समु १५८)।

संघडिअ वि [संघटित] १ संबद्ध, युक्त (से ४, २४)। २ गठित, जटित (प्रासू २)।

संघदि (शौ) स्त्री [संहति] समूह (पि २६७)।

संघयण न [दे. संहनन] १ शरीर, काय (दे ८, १४; पाअ)। २ अस्थि-रचना, शरीर, के हाड़ों की रचना, शरीर का बांध (भग; सम १४६; १५५; उव; औप; उवा; कम्म १, ३८; षड्)। ३ कर्म-विशेष, अस्थि-रचना का कारण-भूत कर्म (सम ६७; कम्म १, २४)।

संघयणि वि [दे. संहननिन्] संहनन-वाला (सम १५५; अणु ८ टी)।

संघरिस देखो **संघंस** (उप २६४ टी)।

संघरिसिद (शौ) वि [संघर्षित] संघर्ष-युक्त; घिसा हुआ (मा ३७)।

संघस सक [सं + घृष्] संघर्ष करना। संघसिज्ज (आचा २, १, ७, १)।

संघस्सिद देखो **संघरिसिद** (नाट—मालवि २६)।

संघाइअ वि [संघातित] १ संघात रूप से निष्पन्न (से १३, ६१)। २ जोड़ा हुआ (आव)। ३ इकट्ठा किया हुआ (पडि)।

संघाइम वि [संघातम] ऊपर देखो (औप; आचा २, १२; १; पि ६०२; अणु १२; दसनि २, १७)।

संघाड देखो **संघाय** = संघात (ओघभा १०२; राज)।

संघाड, संघाडग पुं [दे. संघाट] १ युग्म, युगल (राय ६६; धर्मसं १०६५; उप पृ ३६७; सुपा ६०२; ६२३; ओघ ४११; उप २७५)। २ प्रकार, भेद; 'संघाडो त्ति वा लय त्ति वा पगारो त्ति वा एगट्ठा' (निचू)। ३ ज्ञाताधर्म-कथा नामक जैन अंग-ग्रन्थ का दूसरा अध्ययन (सम ३६)।

संघाडग देखो **सिंघाडग** (कप्प)।

संघाडणा स्त्री [संघटना] १ संबन्ध। २ रचना; 'अक्खरगुणमतिसंघाय (? ड)णाए' (सूअनि २०)।

संघाडी स्त्री [दे. संघाटी] १ युग्म, युगल (दे ८, ७; प्राकृ ३८; गा ४१६)। २ उत्तरीय वस्त्र-विशेष (टा ४, १—पत्र १८६; णाया १, १६—पत्र २०४; ओघ ६७७; विसे २३२६; पव ६२; कस)।

संघाणय पुं [शिङ्घानक] श्लेष्मा, नाक में से बहता द्रव पदार्थ (तंदु १३)।

संघातिम देखो **संघाइम** (णाया १, ३—पत्र १७६; पण्ह २, ५—पत्र १५०)।

संघाय सक [सं + घातय्] १ संहत करना, इकट्ठा करना, मिलाना। २ हिंसा करना, मारना। संघायइ, संघाएइ (कम्म १, ३६; भग ५, ६—पत्र २२६)। कृ. संघायणिज्ज (उत्त २६, ५६)।

संघाय पुं [संघात] १ संहति, संहत रूप से अवस्थान, निबिड़ता (भग; दस ४, १)। २ समूह, जत्था (पाअ; गउड; औप; महा)। ३ संहनन-विशेष, वज्रऋषभ-नाराच नामक शरीर-बन्ध; 'संघाएणं संठाणेणं' (औप)। ४ श्रुतज्ञान का एक भेद (कम्म १, ७)। ५ संकोच, सकुचाना (आचा)। ६ न. नामकर्म-विशेष, जिस कर्म के उदय से शरीर-योग्य पुद्गल पूर्व-गृहीत पुद्गलों पर व्यवस्थित रूप से स्थापित होते हैं (कम्म १, ३१; ३६)। °समास पुं [°समास] श्रुतज्ञान का एक भेद (कम्म १, ७)।

संघायण न [संघातन] १ विनाश, हिंसा (स १७०)। २ देखो 'संघाय' का छठवाँ अर्थ (कम्म १, २४)।

संघायणा स्त्री [संघातना] संहति। °करण न [°करण] प्रदेशों को परस्पर संहत रूप से रखना (विसे ३३०८)।

संघार पुं [संहार] १ बहु-जंतु-क्षय, प्रलय (तंदु ४५)। २ नाश (पउम ११८, ८०; उप १३६ टी)। ३ संक्षेप। ४ विसर्जन। ५ नरक-विशेष। ६ भैरव-विशेष (हे १, २६४; षड्)।

संघार (अप) देखो **संहर** = सं + हृ। संकृ. संघारि (पिंग)।

संघारिय वि [संहारित] मारित, व्यापादित (भवि)।

संघासअ पुं [दे] स्पर्धा, बराबरी (दे ८, १३)।

संघिअ देखो **संधिअ** = संहित (प्राप)।

संघिल्ल वि [संघवत्] संघ-युक्त, समुदित (राज)।

संघोडी स्त्री [दे] व्यतिकर, संबन्ध (दे ८, ८)।

संच (अप) देखो **संचिण**। संचइ (भवि)।

संच (अप) पुं [संचय] परिचय (भवि)।

संचइ, संचइग वि [संचयिन्] संचयवाला, संग्रही, संग्रह करनेवाला, (दसनि १०, १०; पव ७३ टी)।

संचइय वि [संचयित] संचय-युक्त (राज)।

संचक्कार पुं [दे] अवकाश, जगह;

'अविगणिय कुलकलंकं इय
कुहियकरंककारणे कीस।
वियरसि संचक्कारं तं
नारयतिरियदुक्खाण ॥''
(उप ७२८ टी)।

संचत्त वि [संत्यक्त] परित्यक्त (अज्झ १७८)।

संचय पुं [संचय] १ संग्रह (पण्ह १, ५—पत्र ९२; गउड, महा)। २ समूह (कप्प; गउड)। ३ संकलन, जोड़ (वव १)। °मास पुं [°मास] प्रायश्चित-संबन्धी मास-विशेष (राज)।

संचर सक [सं + चर्] १ चलना, गति करना। २ सम्यग् गति करना, अच्छी तरह चलना। ३ धीरे धीरे चलना। संचरइ (गउड ४२६; भवि)। वकृ. संचरंत (से २,

२४; सुर ३, ७६; नाट—चैत १३०)। कृ. **संचरणिज्ज, संचरिअव्व** (नाट—वेणी १४; से १४, २८)।

संचरण न [संचरण] १ चलना, गति। २ सम्यग् गति (गउड; पि १०२; कप्पू)।

संचरिअ वि [संचरित] चला हुआ, जिसने संचरण किया हो वह (उप पृ ३५८; रुक्मि ५६; भवि)।

संचलण न [संचलन] संचार, गति (गउड)।

संचलिअ वि [संचलित] चला हुआ (सुर ३, १४०; महा)।

संचल्ल सक [सं + चल्] चलना, गति करना। संचल्लइ (भवि)।

संचल्ल (अप) देखो संचलिय (भवि)।

संचल्लिअ देखो संचलिअ (महा)।

संचाइय वि [संशकित] जो समर्थ हुआ हो वह (भग ३, २ टी—पत्र १७८)।

संचाअ अक [सं + शक्] समर्थ होना। संचाएइ (भग; उवा; कस), संचाएमो (सूअ २, ७, १०; णाया १, १८—पत्र २४०)।

संचाअ पुं [संत्याग] परित्याग (पंचा १३, ३४)।

संचार सक [सं + चारय्] संचार कराना। संचारइ (भवि)। संकृ. संचारि (अप) (पिंग)।

संचार पुं [संचार] संचरण, गति (गउड; महा; भवि)।

संचारि वि [संचारिन्] गति करनेवाला (कप्पू)।

संचारिअ वि [संचारित] जिसका संचार कराया गया हो वह (भवि)।

संचारिम वि [संचारिम] संचार-योग्य, जो एक स्थान से उठा कर दूसरे स्थान में रखा जा सके वह (पिंड ३००; सुपा ३५१)।

संचारी स्त्री [दे] दूत-कर्म करनेवाली स्त्री (पाअ; षड्)।

संचाल सक [सं + चालय्] चलाना। संचालइ (भवि)। कवकृ. **संचालिज्जंत, संचालिज्जमाण** (से ६, ३६; णाया १, ९—पत्र १५६)।

संचालिअ वि [संचालित] चलाया हुआ (से ४, २७)।

संचिअ वि [संचित] संगृहीत (ओघ ३२९ भवि; नाट—वेणी ३७, सुपा ३५२)।

संचिंतण न [संचिन्तन] चिन्तन, विचार (हि २२)।

संचिंतणया स्त्री [संचिन्तना] ऊपर देखो (उत्त ३२, ३)।

संचिक्ख अक [सं + स्था] रहना, ठहरना, अच्छी तरह रहना, समाधि से रहना। संचिक्खइ (आचा १, ६, २, २)। संचिक्खे (उत्त २, ३३; ओघ ६९)।

संचिज्जमाण देखो संचिण।

संचिट्ठ देखो संचिक्ख। संचिट्ठइ (भग; उवा; महा)।

संचिट्ठण न [संस्थान] अवस्थान (पि ४८३)।

संचिण सक [सं + चि] १ संग्रह करना, इकट्ठा करना। २ उपचय करना। संचिणेइ, संचिणइ, संचिणंति (श्रु १०७; वि ५०२)। संकृ. संचिणित्ता (सूअ २, २, ६५; भग)। कवकृ. संचिज्जमाण (आचा २, १, ३, २)।

संचिणिय वि [संचित] संगृहीत (स ४०३)।

संचिन्न वि [संचीर्ण] आचरित (सण)।

संचुण्ण सक [सं + चूर्णय्] चूर-चूर करना, खंड-खंड करना, टुकड़ा-टुकड़ा करना। कवकृ. संचुण्णिज्जंत (पउम ५६, ४४)।

संचुण्णिअ, संचुन्निअ वि [संचूर्णित] चूर-चूर किया हुआ (महा; भवि; णाया १, १—पत्र ४७; सुर १२, २४१)।

संचेयणा स्त्री [संचेतना] अच्छी तरह सूध, भान; 'लद्धसचेयणाउ' (सिरि ६५७)।

संचोइय वि [संचोदित] प्रेरित (ठा ४, ३ टी—पत्र २३८)।

संछइय, संछण्ण, संछन्न वि [संछन्न] ढका हुआ (उप पृ १२३; सुर २, २४७; सुपा ५६२; महा; सण)।

संछाइय वि [संछादित] ढका हुआ (सुपा ५६२)।

संछाय सक [सं + छादय्] ढकना। वकृ. **संछायंत** (पउम ५६, ४७)।

संछुह सक [सं + क्षिप्] एकत्रित कर छोड़ना, इकट्ठा करना; 'संछुहई एगगेहम्मि' (पिंड ३११)।

संछोभ पुं [संक्षेप] अच्छी तरह फेंकना, क्षेपण (पंच ५, १५९; १८०)।

संछोभग वि [संक्षेपक] प्रक्षेपक (राज)।

संछोभण न [संक्षेपण] परावर्तन (राज)।

संजइ पुंस्त्री [संयति] उत्तम साधु, मुनि; 'संजईण दव्वलिगीणमंतरं मेरुसरिसवसरिच्छं' (संबोध ३६)।

संजई स्त्री [संयती] साध्वी (ओघ १६; महा; द्र २७)।

संजणग वि [संजनक] उत्पन्न करनेवाला (सुर ११, १६६)।

संजणण न [संजनन] १ उत्पत्ति। २ वि. उत्पन्न करनेवाला (सुर ६, १४२; सुपा ३८२)। स्त्री. °णी (रत्न २८)।

संजणय देखो संजणग (चेइय ६१५; सुपा ३८; सिक्खा २९)।

संजणिय वि [संजनित] उत्पादित (प्रासू १४९; सण)।

संजत्त सक [दे] तैयार करना। संजत्तेह (स २२)।

संजत्ता स्त्री [संयात्रा] जहाज की मुसाफिरी (णाया १, ८—पत्र १३२)।

संजत्ति स्त्री [दे] तैयारी; 'आणत्ता नियपुरिसा संजत्तिं कुणह गमणत्थं' (सुर ७, १३०; स ६३५; ७३५; महा)। देखो संजुत्ति।

संजत्तिअ वि [दे] तैयार किया हुआ (स ४४३)।

संजत्तिअ, संजत्तिग वि [सांयात्रिक] जहाज से यात्रा करनेवाला, समुद्र-मार्ग का मुसाफिर (सुपा ६५५; ती ९; सिरि ४३१; पव २७६; हे १, ७०; महा; णाया १, ८—पत्र १३५)।

संजत्थ वि [दे] १ कुपित, क्रुद्ध। २ पुं. क्रोध दे ८, १०)।

संजद देखो संजय = संयत (प्राप्र; प्राकृ १२; संक्षि ९)।

संजम अक [सं + यम्] १ निवृत्त होना। २ प्रयत्न करना। ३ व्रत-नियम करना। ४ सक. बाँधना। ५ काबू में करना। कर्म.

संजमिज्जंति (गउड २८६)। वकृ. संजमेंत, संजमयंत. संजममाण (गउड ८४०; दसनि १, १८०; उत्त १८, २६)। कवकृ. संजमीअमाण (नाट—विक्र ११२)। संकृ. संजमित्ता (सूअ १, १०, २)। हेकृ. संजमिउं (गउड ४८७)। कृ. संजमिअव्व, संजमितव्व (भग; गाया १, १—पत्र ६०)।

संजम सक [दे] छिपाना। संजमेसि (दे ८, १५ टी)।

संजम पुं [संयम] १ चारित्र, व्रत, विरति, हिंसादि पाप-कर्मों से निवृत्ति (भग; ठा ७; औप; कुमा; महा)। २ शुभ अनुष्ठान (कुमा ७, २२)। ३ रक्षा; अहिंसा (गाया १, १—पत्र ६०)। ४ इन्द्रिय-निग्रह। ५ बन्धन। ६ नियन्त्रण, काबू (हे १, २४५)। °संजम पुं [°संयम] श्रावक-व्रत (औप)।

संजमण न [संयमन] ऊपर देखो (धर्मवि १७; गा २६१; सुपा ५५३)।

संजमिअ वि [दे] संगोपित, छिपाया हुआ (दे ८, १५)।

संजमिअ वि [संयमित] बाँधा हुआ, बद्ध (गा ६४६; सुर ७, ५; कुप्र १८७)।

संजय अक [सं + यत्] १ सम्यक् प्रयत्न करना। २ सक. अच्छी तरह प्रवृत्त करना। संजयए, संजए (पव ७२; उत्त २, ४)।

संजय वि [संयत] साधु, मुनि, व्रती (भग; ओघभा १७; काल); 'ममावि मायावित्ताणि संजयाणि' (महा)। °पंता स्त्री [°प्रान्ता] साधु को उपद्रव करनेवाली देवी आदि (ओघभा ३७ टी)। °भद्दिगा स्त्री [°भद्रिका] साधु को अनुकूल रहनेवाली देवी आदि (ओघभा १७ टी)। °संजय वि [°संयत] किसी अंश में व्रती और किसी अंश में अव्रती, श्रावक (भग)।

संजय पुं [संजय] भगवान् महावीर के पास दीक्षा लेनेवाला एक राजा (ठा ८—पत्र ४३०)।

संजयंत पुं [संजयन्त] एक जैन मुनि (पउम ५, २१)। °पुर न [°पुर] नगर-विशेष (इक)।

संजर पुं [संज्वर] ज्वर, बुखार (अच्चु ६७)।

संजल अक [सं + ज्वल्] १ जलना। २ आक्रोश करना। ३ क्रुद्ध होना। संजले (सूअ १, ६, ३१; उत्त २, २४)।

संजलण वि [संज्वलन] १ प्रतिक्षण क्रोध करनेवाला (सम ३७)। २ पुं. कषाय-विशेष (कम्म १, १७)।

संजलिअ पुं [संज्वलित] तीसरी नरक भूमि का एक नरक-स्थान (देवेन्द्र ६)।

संजलिअ (अप) वि [संज्वलित] आक्रोश-युक्त (भवि)।

संजव देखो संजम = सं + यम्। संजवहु (अप) (भवि)।

संजव देखो संजम = (दे)। संजवइ (प्राकृ ६६)।

संजविअ देखो संजमिअ = (दे) (पाअ; भवि)।

संजविअ देखो संजमिअ = संयमित (भवि)।

संजा देखो संणा (हे २, ८३)।

संजाणय वि [संज्ञायक] विज्ञ, विद्वान्, जानकार (राज)।

संजात } देखो संजाय = संजात (सुर २,
संजाद } ११४; ४, १६०; प्राप्र; पि २०४)।

संजाय अक [सं + जन्] उत्पन्न होना। संजायइ (सण)।

संजाय वि [संजात] उत्पन्न (भग; उवा; महा; सण; पि ३३३)।

संजीवणी स्त्री [संजीवनी] १ मरते हुए को जीवित करनेवाली औषधि (प्रासू ८३)। २ जीवित-दात्री नरक-भूमि (सूअ १, ५, २, ६)।

संजीवि वि [संजिविन्] जिलानेवाला, जीवित करनेवाला (कप्पू)।

संजुअ वि [संयुत] सहित, संयुक्त (द्र २२; सिक्खा ४८; सुर ३, ११७; महा)। देखो संजुत।

संजुअ न [संयुग] १ लड़ाई, युद्ध, संग्राम (पाअ)। २ नगर-विशेष (राज)।

संजुंज सक [सं + युज्] जोड़ना। कर्म. 'अविसिट्ठे सब्भावे जलेण संजुअ(? ज)ती जहा वत्थं' (धर्मसं १८०)। कवकृ. संजुज्जंत (सम्म ५३)।

संजुत न [संयुत] छन्द-विशेष (पिंग)। देखो संजुअ = संयुत।

संजुता स्त्री [संयुता] छन्द-विशेष (पिंग)।

संजुत्त वि [संयुक्त] संयोगवाला, जुड़ा हुआ (महा; सण; पि ४०४; पिंग)।

संजुत्ति स्त्री [दे] तैयारी (सुर ४, १०२; १२, १०१; स १०३; कुप्र २००)। देखो संजत्ति।

संजुद्ध वि [दे] स्पन्द-युक्त, थोड़ा हिलने-चलनेवाला, फरकनेवाला (दे ८, ६)।

संजूह पुंन [संयूथ] १ उचित समूह (ठा १०—पत्र ४६५)। २ सामान्य, साधारणता। ३ संक्षेप, समास (सूअ २, २, १)। ४ ग्रन्थ-रचना, पुस्तक-निर्माण (अणु १४६)। ५ दृष्टिवाद के अठासी सूत्रों में एक सूत्र का नाम (सम १२८)।

संजोअ सक [सं + योजय्] संयुक्त करना, संबद्ध करना, मिश्रण करना। संजोएइ, संजोयइ (पिंड ६३८; भग; उव; भवि)। वकृ. संजोयंत (पिंड ६३६)। संकृ. संजोएऊण (पिंड ६३६)। कृ. संजोएअव्व (भग)।

संजोअ सक [सं + दृश्] निरीक्षण करना, देखना। संकृ. संजोइऊण (श्रु ३२)।

संजोअ पुं [संयोग] संबन्ध, मेल-मिलाप, मिश्रण (षड्; महा)।

संजोअण न [संयोजन] १ जोड़ना, मिलाना (ठा २, १—पत्र २६)। २ वि. जोड़नेवाला। ३ कषाय-विशेष, अनन्तानुबन्धि नामक क्रोधादि-चतुष्क (विसे १२२६; कम्म ५, ११ टी)। °धिकरणिया स्त्री [°धिकरणिकी] खड्ग आदि को उसकी मूठ आदि से जोड़ने की क्रिया (ठा २, १—पत्र ३६)।

संजोअणा स्त्री [संयोजना] १ मिलान, मिश्रण (पिंड ६३६)। २ भिक्षा का एक दोष, स्वाद के लिए भिक्षा-प्राप्त चीजों को आपस में मिलाना (पिंड १)।

संजोइय वि [संयोजित] मिलाया हुआ, जोड़ा हुआ (भग; महा)।

संजोइय वि [संदृष्ट] दृष्ट, निरीक्षित (भवि)।

संजोग देखो संजोअ = संयोग (हे १, २४५)।

संजोगि वि [संयोगिन्] संयोग-युक्त, संबन्धी (संबोध ४६)।

संजोगेत्तु वि [संयोजयितृ] जोड़नेवाला (ठा ८—पत्र ४२६)।

संजोत्त (अप) देखो संजोअ = स + योजय्। संकृ. **संजोत्तिवि** (भवि)।

संझ° नीचे देखो (णाया १, १—पत्र ४८)। °च्छेयावरण वि [°च्छेदावरण] १ सन्ध्या-विभाग का आवारक। २ पुं. चन्द्र, चाँद (अणु १२० टी)। °प्पभ पुंन [°प्रभ] शक्र के सोम-लोकपाल का विमान (भग ३, ७—पत्र १७५)।

संझा स्त्री [सन्ध्या] १ साँझ, साम, सायंकाल (कुमा; गउड; महा)। २ दिन और रात्रि का संधि-काल। ३ युगों का संधि-काल। ४ नदी-विशेष। ५ ब्रह्मा की एक पत्नी (हे १, ३०)। ६ मध्याह्न काल; 'तिसंझं' (महा)। °गय न [°गत] १ जिस नक्षत्र में सूर्य अनन्तर काल में रहनेवाला हो वह नक्षत्र। २ सूर्य जिसमें हो उससे चौदहवाँ या पनरहवाँ नक्षत्र। ३ जिसके उदय होने पर सूर्य उदित हो वह नक्षत्र। ४ सूर्य के पीछे के या आगे के नक्षत्र के बाद का नक्षत्र (वव १)। °छेयावरण देखो संझ-च्छेयावरण (पव २६८)। °णुराग पुं [°नुराग] साँझ के बादल का रँग (पण्ण २—पत्र १०६)। °वली स्त्री [°वली] एक विद्याधर-कन्या का नाम (महा)। °विगम पुं [°विगम] रात्रि, रात (निचू १६)। °विराग पुं [°विराग] साँझ का समय (जीव ३, ४)।

संझाअ सक [सं + ध्यै] ख्याल करना, चिन्तन करना, ध्यान करना। संझाअदि (शौ) (पि ४७६; ५५८)। वकृ. **संझायंत** (सुपा ३३६)।

संझाअ अक [संध्याय] संध्या की तरह आचरण करना। संझायइ (गउड ६३२)।

संटंक पुं [सटङ्क] अन्वय, संबन्ध (चेइइ ३६६)।

संठ वि [शठ] धूर्त, मायावी (कुमा; दे ६, १११)।

संठ (चूपै) देखो संढ (हे ४, ३२५)।

संठप्प देखो संठव।

संठव सक [सं + स्थापय्] १ रखना, स्थापना करना। २ आश्वासन देना, उद्वेग-रहित करना, सान्त्वना करना। संठवइ, संठवेइ (भवि; महा)। वकृ. **संठवंत** (गा ३६)। कवकृ. **संठविज्जंत** (सुर १२, ४१)। संकृ. **संठवेऊण** (महा), **संठप्प** (उव), **संठविअ** (पिंग)।

संठवण देखो संठावण (मृच्छ १५४)।

संठविअ वि [संस्थापित] १ रखा हुआ (हे १, ६७; प्राप्र; कुमा)। २ आश्वासित। ३ उद्वेग-रहित किया हुआ (महा)।

संठा अक [सं + स्था] रहना, अवस्थान करना, स्थिति करना। संठाइ (पि ३०६; ४८३)।

संठाण न [संस्थान] १ आकृति, आकार (भग; औप; पत्र २७६; गउड; महा; दं ३)। २ कर्म-विशेष, जिसके उदय से शरीर के शुभ या अशुभ आकार होता है वह कर्म (सम ६७; कम्म १, २४; ४०)। ३ संनिवेश, रचना (प्रासू ८७)।

संठाव देखो संठव। संकृ. **संठाविअ** (नाट—चैत ७५)।

संठावण न [संस्थापन] रखना; 'तेरिच्छ-संठावणं' (पव ३८)। देखो संथावण।

संठावणा स्त्री [संस्थापना] आश्वासन, सान्त्वना (से ११, १२१)। देखो संथावणा।

संठाविअ देखो संठविअ (हे १, ६७; कुमा; प्राप्र)।

संठिअ वि [संस्थित] १ रहा हुआ, सम्यक् स्थित (भग; उवा; महा; भवि)। २ न. आकार (राय)।

संठिइ स्त्री [संस्थिति] १ व्यवस्था (सुज्ज १, १)। २ अवस्था, दशा, स्थिति (उप १३६ टी)।

संड पुं [शण्ड, षण्ड] १ वृष, बैल, साँढ; 'मत्तसंडुव्व भमेइ विलसेइ अ' (श्रा १२; सुर १५, १४०)। २ पुंन. पद्म आदि का समूह, वृक्ष आदि की निबिड़ता (णाया १, १—पत्र १६; भग; कप्प; औप; गा ८; सुर ३, ३०; महा; प्रासू १४५); 'तियसतरुसंडो' (गउड)। ३ पुं. नपुंसक (हे १. २६०)।

संडास पुंन [संदंश] १ यन्त्र-विशेष, सँड़सी, चिमटा (सूअ १, ४, २, ११; विपा १, ६—पत्र ६८; स ६६६)। २ ऊरु-संधि, जाँघ और ऊरु के बीच का भाग (ओघ २०६; ओघभा १५५)। °तोंड पुं [°तुण्ड] पक्षि-विशेष, सँड़सी की तरह मुखवाला पाँखी (पण्ह १, १—पत्र १४)।

संडिज्झ } न [दे] बालकों का क्रीड़ा-स्थान
संडिब्भ } (राज; दस ५, १, १२)।

संडिल्ल पुं [शाण्डिल्य] १ देश-विशेष (उप १०३१ टी; सत्त ६७ टी)। २ एक जैन मुनि का नाम (कप्प; णंदि ४६)। ३ एक ब्राह्मण का नाम (महा)। देखो संडेल्ल।

संडी स्त्री [दे] वल्गा, लगाम (दे ८, २)।

संडेय पुं [षाण्डेय] षंढ-पुत्र, षंढ, नपुंसक; 'कुक्कुडसंडेयगामपउरा' (औप; णाया १, १ टी—पत्र १)।

संडेल्ल न [शाण्डिल्य] १ गोत्र-विशेष। २ पुंस्त्री. उस गोत्र में उत्पन्न (ठा ७—पत्र ३६०)। देखो संडिल्ल।

संडेव पुं [दे] पानी में पैर रखने के लिए रखा जाता पाषाण आदि (ओघ ३१)।

संडेवय (अप) देखो संडेय; 'गामइं कुक्कुड-संडेवयाइं' (भवि)।

संडोलिअ वि [दे] अनुगत, अनुयात (दे ८, १७)।

संढ पुं [षण्ढ] नपुंसक (प्राप्र; हे १, ३०; संबोध १६)।

संढी स्त्री [दे] साँढ़नी, ऊँटनी (सुपा ५८०)।

संढोइय वि [संढौकित] उपस्थापित (सुपा ३२३)।

संण वि [संज्ञ] जानकार, ज्ञाता (आचा १, ५, ६, १०)।

संणक्खर देखो संनक्खर (राज)।

संणज्ज न [सांनाय्य] मन्त्र आदि से संस्कारा जाता घी वगैरह (प्राकृ १६)।

संणज्झ अक [सं + नह्] १ कवच धारण करना, बखतर पहनना। २ तैयार होना। संणज्झइ (पि ३३१)।

संणडिअ वि [संनटित] व्याकुल किया हुआ, विडम्बित (वज्जा ७०)।

संणद्ध वि [संनद्ध] संनाह-युक्त, कवचित (विपा १, २—पत्र २३; गउड)।

संणय देखो संनय (राज)।

संणवणा स्त्री [संज्ञापना] संज्ञप्ति, विज्ञापन (उवा)।

संणा स्त्री [संज्ञा] १ आहार आदि का अभिलाष (सम ६; भग; पएण १, ३—पत्र ५५; प्रासू १७६)। २ मति, बुद्धि (भग)। ३ संकेत, इशारा (से ११, १३४ टी)। ४ आख्या, नाम। ५ सूर्य की पत्नी। ६ गायत्री (हे २, ४२)। ७ विष्ठा, पुरीष (उप १४२ टी)। ८ सम्यग् दर्शन (भग)। ९ सम्यग् ज्ञान। (राय १३३)। °इअ वि [°कृत] टट्टी फिरा हुआ, फरागत गया हुआ (दस १, १ टी)। °भूमि स्त्री [°भूमि] पुरीषोत्सर्जन की जगह (उप १४२ टी; दस १, १ टी)।

संणामिय वि [संनामित] अवनत किया हुआ (पंचा १९, ३६)।

संणाय वि [संज्ञात] १ ज्ञात, नात का आदमी (पंच १०, ३६)। २ स्वजन, सगा (उप ६५३)। देखो संनाय।

संणास पुं [संन्यास] संसार-त्याग, चतुर्थ आश्रम (नाट—चैत ९०)।

संणासि वि [संन्यासिन्] संसार-त्यागी, चतुर्थ-आश्रमी, यति, व्रती (नाट—चैत ८८)।

संणाह सक [सं + नाहय्] लड़ाई के लिए तैयार करना, युद्ध-सज्ज करना। संणाहेहि (औप ४०)।

संणाह पुं [संनाह] १ युद्ध की तैयारी (से ११, १३४)। २ कवच, बखतर (नाट—वेणी ६२)। °पट्ट पुं [°पट्ट] शरीर पर बाँधने का वस्त्र-विशेष (बृह ३)।

संणाहिय वि [सांनाहिक] युद्ध की तैयारी से सम्बन्ध रखनेवाला; 'संणाहियाए भेरीए सद्दं सोच्चा' (णाया १, १६—पत्र २१७)।

संणि वि [संज्ञिन्] १ संज्ञावाला, संज्ञा-युक्त। २ मनवाला प्राणी (सम २; भग; औप)। ३ श्रावक, जैन गृहस्थ (ओघ ८)। ४ सम्यग् दर्शनवाला, सम्यक्त्वी, जैन (भग)। ५ न. गोत्र-विशेष, जो वासिष्ठ गोत्र की शाखा है। ६ पुंस्त्री. उस गोत्र में उत्पन्न (ठा ७—पत्र ३९०)।

संणिक्खित्त देखो संनिक्खित्त (राज)।

संणिगास देखो संणियास (णाया १, १—पत्र ३२)।

संणिगास देखो संनिगास = संनिकर्ष (राज)।

संणिचय देखो संनिचय (राज)।

संणिचिय देखो संनिचिय (आचा २, १, २, ४)।

संणिज्झ देखो संनिज्झ (गउड)।

संणिणाय देखो संनिनाय (राज)।

संणिधाइ देखो संणिहाइ (नाट—मालती २९)।

संणिधाण देखो संनिहाण (नाट—उत्तर ४४)।

संणिपडिअ वि [संनिपतित] गिरा हुआ (विपा १, ६—पत्र ६८)।

संणिभ देखो संनिभ (राज)।

संणिय वि [संज्ञित] जिसको इशारा किया गया हो वह (सुपा ८८)।

संणियास पुं [संनिकाश] समान, सदृश (पउम २०, १८८)। देखो संनियास।

संणिरुद्ध वि [संनिरुद्ध] रुका हुआ, नियन्त्रित (आचा २, १, ४, ४)।

संणिरोह पुं [संनिरोध] अटकाव, रुकावट (से ५, ६४)।

संणिवय अक [संनि + पत्] पड़ना, गिरना। वकृ. संणिवयमाण (आचा २, १, ३, १०)।

संणिवाय पुं [संनिपात] सम्बन्ध (पंचा ७, १८)।

संणिविट्ठ देखो संनिविट्ठ (णाया १, १ टी—पत्र २)।

संणिवेस देखो संनिवेस (आचा १, ८, ६, ३; भग; गउड; नाट—मालती ५६)।

संणिसिज्जा } संणिसेज्जा } देखो संनिसिज्जा (राज)।

संणिह देखो संनिह (गा २५८; नाट—मृच्छ ६१)।

संणिहाइ वि [संनिधायिन्] समीप-स्थायी (माल ५२)।

संणिहाण देखो संनिहाण (राज)।

संणिहि देखो संनिहि (आचा २, १, २, ४)।

संणिहिअ वि [संनिहित] सहायता के लिए समीप-स्थित, निकट-वर्ती (महा)। देखो संनिहिअ।

संणेज्झ देखो संनेज्झ (गउड)।

संत देखो स = सत् (उवा; कप्प; महा)।

संत वि [शान्त] १ शम-युक्त, क्रोध-रहित (कप्प; आचा १, ८, ५, ४)। २ पुं. रस-विशेष; 'विणयंता चेव गुणा संतंतरसा किया उ भावंता' (सिरि ८८२)।

संत वि [श्रान्त] थका हुआ (णाया १, ४; उवा १०१; ११२; विपा १, १; कप्प; दे ८, ३६)।

संतइ स्त्री [संतति] १ संतान, अपत्य, लड़काबाला; 'दुट्ठसीला खु इत्थिया विणासेइ संतइं' (स ५०५; सुपा १०४)। २ अविच्छिन्न धारा, प्रवाह (उत्त ३६, ९; उप पृ १८१)।

संतच्छण न [संतक्षण] छिलना (सूअ १, ५, १; १४)।

संतच्छिअ वि [संतक्षित] छिला हुआ (पएह १, १—पत्र १८)।

संतट्ठ वि [संत्रस्त] डरा हुआ, भय-भीत (सुर ६, २०५)।

संतति देखो संतइ (स ६८४)।

संतत्त वि [संतत] १ निरन्तर, अविच्छिन्न। २ विस्तीर्ण;

'अच्छिनिमीलियमित्तं नत्थि सुहं
दुक्खमेव संततं।
नरए नेरइयाणं अहोनिसिं
पच्चमाणाणं।'
(सुर १४, ४६)।

संतत्त वि [संतप्त] संताप-युक्त (सुर १४, ५६; गा १३६; सुपा १६; महा)।

संतत्थ देखो संतट्ठ (उव; श्रा १८)।

संतप्प अक [सं + तप्] १ तपना, गरम होना। २ पीड़ित होना। संतप्पइ (हे ४, १४०; स २०)। भवि. संतप्पिस्सइ (स

६८१)। कृ. संतप्पियव्व (स ६८१)। वकृ. संतप्पमाण (सुज्ज ६)।

संतप्पिअ वि [संतप्त] १ संताप-युक्त (कुमा ६, १४)। २ न. संताप (स २०)।

संतमस न [संतमस] १ अन्धकार, अँधेरा (पात्र; सुपा २०५)। २ अन्ध-कूप, अँधेरा कुँआ (सुर १०, १५८)।

संतय देखो संतत्त = संतत (पात्र; भग)।

संतर सक [सं + तृ] तैरना, तैर कर पार करना। हेकृ. संतरित्तए (कस)।

संतरण न [संतरण] तैरना, तैर कर पार करना (ओघ ३८; चेइय ७४३; कुप्र २२०)।

संतस अक [सं + त्रस्] १ भय-भीत होना। २ उद्विग्न होना। संतसे (उत्त २, ११)।

संता स्त्री [शान्ता] सातवें जिन-भगवान् की शासन-देवता (संति ६)।

संताण पुं [संतान] १ वंश (कप्प)। २ अविच्छिन्न धारा, प्रवाह (विसे २३६७; २३६८; गउड; सुपा १६८)। ३ तंतु-जाल, मकड़ी आदि का जाल; 'मक्खडासंताणए' (आचा; पडि; कस)।

संताण न [संत्राण] परित्राण, संरक्षण (बृह १)।

संताणि वि [संतानिन्] १ अविच्छिन्न धारा में उत्पन्न, प्रवाह-वर्ती; 'संताणिणो न भिण्णो जइ संताणो न नाम संताणी' (विसे २३६८; धर्मसं २३५)। २ वंश में उत्पन्न, परंपरा में उत्पन्न; 'देव इह अत्थि पत्तो उज्जाणे पासनाहसंताणी। केसी नाम गणहरो' (धर्मवि ३)।

संतार वि [संतार] १ तारनेवाला, पार उतारनेवाला (पउम २, ४४)। २ पुं. संतरण, तैरना (पिंग)।

संतारिअ वि [संतारित] पार उतारा हुआ (पिंग)।

संतारिम वि [संतारिम] तैरने योग्य (आचा २, ३, १, १३)।

संताव सक [सं + तापय्] १ गरम करना, तपाना। २ हैरान करना। संतावेंति (सुज्ज ६)। वकृ. संतावित (सुपा २४८)। कवकृ. संताविज्जमाण (नाट—मृच्छ १३७)।

संताव पुं [संताप] १ मन का खेद (पण्ह १, ३—पत्र ५५; कुमा; महा)। २ ताप, गरमी (पण्ह १, ३—पत्र ५५; महा)।

संतावण न [संतापन] संताप, संतप्त करना (सुपा २३२)।

संतावणी स्त्री [संतापनी] नरक-कुम्भी (सूअ १, ५, २, ६)।

संतावय वि [संतापक] संताप-जनक (भवि)।

संतावि वि [संतापिन्] संतप्त होनेवाला, जलनेवाला (कप्पू)।

संताविय वि [संतापित] संतप्त किया हुआ (काल)।

संतास सक [सं + त्रासय्] भय-भीत करना, डराना। संतासइ (पिंग)।

संतास पुं [संत्रास] भय, डर (स ५४४)।

संतासि वि [संत्रासिन्] त्रास-जनक (उप ७६८ टी)।

संति स्त्री [शान्ति] १ क्रोध आदि का जय, उपशम, प्रशम (आचा १, १, ७, १, चेइय ५६४)। २ मुक्ति, मोक्ष (आचा १, २, ४, ४; सूअ १, १०, १; ठा ८—पत्र ४२५)। ३ अहिंसा (आचा १, ६, ५, ३)। ४ उपद्रव-निवारण (विपा १, ६—पत्र ६१; सुपा ३६४)। ५ विषयों से मन को रोकना। ६ चैन, आराम। ७ स्थिरता (उव ७२८ टी; संति १)। ८ दाहोपशम, ठंढाई (सूअ १, ३, ४, २०)। ९ देवी-विशेष (पंचा १९, २४)। १० पुं. सोलहवें जिनदेव का नाम (सम ४३; कप्प; पडि)। °उदअ न [°उदक] शान्ति के लिए मस्तक में दिया जाता मन्त्रित पानी (पि १६२)। °कम्म न [°कर्मन्] उपद्रव-निवारण के लिए किया जाता होम आदि कर्म (पण्ह १, २—पत्र ३०, सुपा २६२)। °कम्मंत न [°कर्मान्त] जहाँ शान्ति-कर्म किया जाता हो वह स्थान (आचा २, २, २, ६)। °गिह न [°गृह] शान्ति-कर्म करने का स्थान (कप्प)। °जल न [°जल] देखो °उदअ (धर्म २)। °जिण पुं [°जिन] सोलहवें जिन-देव (संति १)। °मई स्त्री [°मती] एक श्राविका का नाम (सुपा ६२२)। °य वि [°द] शान्ति-प्रदाता (उप ७२८ टी)। °सूरि पुं [°सूरि] एक जैनाचार्य और ग्रन्थकार (जी ५०)। °सेणिय पुं [°श्रेणिक] एक प्राचीन जैन मुनि (कप्प)। °हर न [°गृह] भगवान् शान्तिनाथजी का मन्दिर (पउम ६७, ५)। °होम पुं [°होम] शान्ति के लिए किया जाता हवन (विपा १, ५—पत्र ६१)।

संतिअ } वि [दे. सत्क] संबन्धी, संबन्ध **संतिग** } रखनेवाला; 'अम्मा-पिउसंतिए वद्धमाणे' (कप्प); 'नो कप्पइ निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा सागारियसंतियं सेज्जासंथारयं आयाए अहिगरणं कट्टु संपव्वइत्तए' (कस; उव; महा; स २०६; सुपा २७८; ३२२; पण्ह १, ३—पत्र ४२)।

संतिज्जाघर देखो संति-गिह (महा ६८, ८)।

संतिण्ण वि [संतीर्ण] पार-प्राप्त, पार उतरा हुआ; 'संतिण्णं सव्वभया' (अजि १२)।

संतुट्ठ वि [संतुष्ट] संतोष-प्राप्त (स्वप्न २०; महा)।

संतुयट्ट वि [संत्वग्वृत्त] जिसने पार्श्व घुमाया हो वह, जिसने करवट बदली हो वह, लेटा हुआ (णाया १, १३—पत्र १७९)।

संतुलणा स्त्री [संतुलना] तुलना, तुल्यता, सरीखाई (सार्ध २०)।

संतुस्स अक [सं + तुष्] १ प्रसन्न होना। २ तृप्त होना। संतुस्सइ (सिरि ४०२)।

संतेज्जाघर देखो संतिज्जाघर (महा ६८, १४)।

संतो अ [अन्तर्] मध्य, बीच; 'अंतो संतो च मध्यार्थे' (प्राकृ ७९))।

संतोस सक [सं + तोषय्] १ प्रसन्न करना, खुशी करना। २ तृप्त करना। कर्म. संतोसीअदि (शौ) (नाट—रत्ना ४०)।

संतोस पुं [संतोष] तृप्ति, लोभ का अभाव; 'हरइ अणूवि परगुणो गरुयम्मिवि णियगुणे न संतोसो' (गउड; कुमा; पण्ह १, ५—पत्र ९३; प्रासू १७७; सुपा ४३९)।

संतोसि स्त्री [संतोषि] सन्तोष, तुष्टि, तृप्ति (उवा)।

संतोसि वि [संतोषिन्] १ सन्तोष-युक्त, लोभ-रहित, निर्लोभी, तृप्त (सूअ १, १२,

१५; सुपा ४३६)। २ आनन्दित, खुशी (कप्पू)।

संतोसिअ पुं [संतोषिक] संतोष, तृप्ति (उवा १६)।

संतोसिअ वि [संतोषित] संतुष्ट किया हुआ (महा; सण)।

संथ वि [संस्थ] संस्थित (विसे ११०१)।

संथड } वि [संस्तृत] १ आच्छादित, **संथडिय** } परस्पर के संश्लेष से आच्छादित (भग; ठा ४, ४)। २ घन, निबिड़ (आचा २, १, ३, १०)। ३ व्याप्त (उत्त २१, २२; ओघ ७४७)। ४ समर्थ। ५ तृप्त, जिसने पर्याप्त भोजन किया हो वह (कस, आचा २, ४, २, ३; दस ७, ३३)। ६ एकत्रित (आचा २, १, ६, १)।

संथण अक [सं + स्तन्] आक्रन्द करना। **संथणती** (सूअ १, २, ३, ७)।

संथर सक [सं + स्तृ] १ बिछौना करना, बिछाना। २ निस्तार पाना, पार जाना। ३ निर्वाह करना। ४ अक. समर्थ होना। ५ तृप्त होना। ६ होना, विद्यमान होना। संथरइ (भग २, १—पत्र १२७; उवा; कस); 'ण समुच्छे णो संथरे तणं' (सूअ १, २, २, १३; आचा), संथरिज्ज, संथरे, संथरेज्जा (कप्प; दस ५, २, २; आचा)। वकृ. **संथर°, संथरंत, संथरमाण** (उवर १४२; ओघ १८२; १८१; आचा २, ३, १, ८)। संकृ. **संथरित्ता** (भग; आचा)।

संथर पुं [संस्तर] निर्वाह (पिंड ३७५; ४००)।

संथर देखो **संथार** (सुर २, २४७)।

संथरण न [संस्तरण] १ निर्वाह (बृह १)। २ बिछौना करना (राज)।

संथव सक [सं + स्तु] १ स्तुति करना, श्लाघा करना। २ परिचय करना। संथवेज्जा (सूअ १, १०, ११)। कृ. **संथवियव्व** (सुपा २)।

संथव पुं [संस्तव] १ स्तुति, श्लाघा, 'संथवो थुई' (निचू २; वव ३; पिंड ४८४)। २ परिचय, संसर्ग (उवा; पिंड ३१०; ४८४; ४८५, श्रावक ८८)। ३ वि. स्तुति-कर्ता (णाया १, १६ टी—पत्र २२०; राज)।

संथवण न [संस्तवन] ऊपर देखो (संबोध ५६; उप ७६८ टी)।

संथवय वि [संस्तावक] स्तुति-कर्ता (णाया १, १६—पत्र २१३)।

संथविअ देखो **संठविअ** (पउम ८३, १०)।

संथार } पुं [संस्तार] १ दर्भ—कुश आदि **संथारग** } की शय्या, बिछौना (णाया १, १—**संथारय** } पत्र ३०, उवा; उव; भग)। २ अपवरक, कमरा (आचा २, २, ३, १)। ३ उपाश्रय, साधु का वास-स्थान (वव ४)। ४ संस्तार-कर्ता (पव ७१)।

संथाव देखो **संठाव**। वकृ. **संथावंत** (पउम १०३, २४)।

संथावण न [संस्थापन] सान्त्वना, समाश्वासन (पउम ११, २०; ४६, ८; ६५, ४७)। देखो **संठावण**।

संथावणा स्त्री [संस्थापना] संस्थापन, रखना (सा २४)। देखो **संठावणा**।

संथिद (शौ) देखो **संठिअ** (नाट—मृच्छ ३०१)।

संथुअ वि [संस्तुत] १ संबद्ध, संगत (सूअ १, १२, २)। २ परिचित (आचा १, २, १, १)। ३ जिसकी स्तुति की गई हो वह, श्लाघित (उत्त १, ४६; भवि)।

संथुइ स्त्री [संस्तुति] स्तुति, श्लाघा, प्रशंसा (चेइय ४६६; सुपा ६५०)।

संथुण सक [सं + स्तु] स्तुति करना, श्लाघा करना। संथुणइ (उव; यति ६)। वकृ. **संथुणमाण** (पउम ८३, १०)। कवकृ. **संथुणिज्जंत, संथुव्वंत** (सुपा १६०; आक ७)। संकृ. **संथुणित्ता** (पि ४६४)।

संथुल वि [संस्थुल] रमणीय, रम्य, सुन्दर (चारु १६)।

संथुव्वंत देखो **संथुण**।

संद अक [स्यन्द्] १ झरना, टपकना। संदंति (सूअ १, १२, ७)।

संद पुं [स्यन्द] १ झरन, प्रस्रव (से ७, ५६)। २ रथ; 'रवि-संडु(? दु)व्व भमंतो' (धर्मवि १४४)।

संद वि [सान्द्र] घन, निबिड़ (अच्चु ३७; विक्र २३)।

संदंस पुं [संदंश] दक्षिण हस्त; 'छिदाविओ निवेणं कोववसा तहवि तस्स संदंसो' (कुप्र २३२)।

संदंसण न [संदर्शन] दर्शन, देखना, साक्षात्कार (उप ३५७ टी)।

संदट्ट वि [संदष्ट] जो काटा गया हो वह, जिसको दंश लगा हो वह (हे २, ३४; कुमा ३, ८; षड्)।

संदट्ट } वि [दे] १ संलग्न, संयुक्त, **संदट्टय** } संबद्ध (दे ८, १८; गउड २३६)। २ न. संघट्ट, संघर्ष (दे ८, १८)।

संदड्ढ वि [संदग्ध] अति जला हुआ (सुर ६, २०५; सुपा ५६६)।

संदण पुं [स्यन्दन] १ रथ (पाअ; महा)। २ भारतवर्ष में अतीत उत्सर्पिणी-काल में उत्पन्न तेइसवाँ जिनदेव (पव ७)। ३ न. क्षरण, प्रस्रव। ४ वहन, बहना। ५ जल, पानी; 'जत्थ णं नई निच्चोयगा निच्चसंदणा' (कप्प)।

संदब्भ पुं [संदर्भ] रचना, ग्रंथन (उवर २०३; सण)।

संदमाणिया } स्त्री [स्यन्दमानिका, °नी] **संदमाणी** } एक प्रकार का वाहन, एक तरह की पालकी (औप; णाया १, ५—पत्र १०१; १, १ टी—पत्र ४३; औप)।

संदाण सक [कृ] अवलम्बन करना, सहारा लेना। संदाणइ (हे ४, ६७)। वकृ. **संदाणंत** (कुमा)। कवकृ. **संदाणिज्जंत** (नाट—मालती ११६)।

संदाणिअ वि [संदानित] बद्ध, नियन्त्रित (पाअ; से १, ६०; १३, ७१; सुपा ३; कुप्र ६६; नाट—मालती १६६)।

संदामिय वि [संदामित] ऊपर देखो (स ३१६; सम्मत्त १६०)।

संदाव देखो **संताव** = संताप (गा ८१७; ६६४; पि २७५; स्वप्न २७; अभि ६१; माल १७६)।

संदाव पुं [संद्राव] समूह, समुदाय (विसे २८)।

संदिट्ठ वि [संदिष्ट] १ जिसका अथवा जिसको सँदेशा दिया गया हो वह, उपदिष्ट, कथित (पाअ, उप ७२८ टी; ओघभा ३१;

भवि)। २ जिसको आज्ञा दी गई हो वह; 'हरिणेगमेसिणा सक्कवयणसंदिट्ठेण' (कप्प)। ३ छँटा हुआ, छिलका निकाला हुआ (चावल आदि) (राय ६७)।

संदिद्ध वि [संदग्ध] संशय-युक्त, संदेह-वाला (पाअ)।

संदिन्न न [संदत्त] उनतीस दिनों का लगातार उपवास (संबोध ५८)।

संदिय वि [स्यन्दित] क्षरित, टपका हुआ (सुर २, ७६)।

संदिर वि [स्यन्दितृ] झरनेवाला (सण)।

संदिस सक [सं+दिश्] १ संदेशा देना, समाचार पहुँचाना। २ आज्ञा देना। ३ अनुज्ञा देना, सम्मति देना। ४ दान के लिए संकल्प करना। संदिसइ (षड्; महा), संदिसह (पडि)। कवकृ. **संदिस्संत** (पिंड २३६)। प्रयो., संकृ. **संदिसाविऊण** (पंचा ५, ३८)।

संदिसण न [संदेसन] उपदेश, कथन; 'कुलनीइट्ठिइभंगप्पमुहाणेगप्पओससंदिसणं' (संबोध १५)।

संदीण पुं [संदीन] १ द्वीप-विशेष, पक्ष या मास आदि में पानी से सराबोर होता द्वीप। २ अल्पकाल तक रहनेवाला दीपक। ३ श्रुतज्ञान। ४ क्षोभ्य, क्षोभणीय (आचा १, ६, ३, ३)।

संदीवग वि [संदीपक] उत्तेजक, उद्दीपक; 'कामग्गिसंदीवगं' (रंभा)।

संदीवण न [संदीपन] १ उत्तेजना, उद्दीपन (संबोध ४८; नाट—उत्तर ५९)। २ वि. उत्तेजन का कारण, उद्दीपन करनेवाला (उत्तम ८८)।

संदीविय वि [संदीपित] उत्तेजित, उद्दीपित (भवि)।

संदुक्ख अक [प्र+दीप्] जलना, सुलगना। संदुक्खइ (षड्)।

संदुट्ठ वि [संदुष्ट] अतिशय दुष्ट (संबोध ११)।

संदुम अक [प्र+दीप्] जलना, सुलगना। संदुमइ (हे ४, १५२; कुमा)।

संदुमिअ वि [प्रदीप्त] जला हुआ, सुलगा हुआ (पाअ)।

संदेव पुं [दे] १ सीमा, मर्यादा। २ नदी-मेलक, नदी-संगम (दे ८, ७)।

संदेस पुं [संदेश] सँदेशा, समाचार (गा ३४२; ८३३; हे ४, ४३४; सुपा ३०१; ५१९)।

संदेह पुं [संदेह] संशय, शंका (स्वप्न ६६; गउड; महा)।

संदोह पुं [संदोह] समूह, जत्था (पाअ; सुर २, १४६; सिरि ५६४)।

संध सक [सं+धा] १ साँधना, जोडना। २ अनुसंधान करना, खोज करना। ३ वाँछना, चाहना। ४ वृद्धि करना, बढ़ाना। ५ करना; 'भग्गं व संधइ रहं सो' (कुप्र १०२), संधइ, संधए (आचा; सूअ १, १४, २१; १, ११, ३४; ३५)। भवि. संधिस्सामि, संधिहिसि (पि ५३०)। वकृ. **संधंत** (से ५, २४)। कवकृ. **संधिज्जमाण** (भग)। हेकृ. **संधिउं** (कुप्र ३८१)।

संध° देखो **संझ°** (देवेन्द्र २७०)।

संधण स्त्रीन [संधान] १ साँधा, संधि, जोड़ (धर्मसं १०१७)। २ अनुसंधान (पंचा १२, ४३)। स्त्री. °**णा** (आचानि १७५; सूअनि १६७; ओघ ७२७)।

संधणया स्त्री [संधना] साँधना, जोड़ना (वव १)।

संधय वि [संधक] संधान-कर्ता (दस ६, ४, ५)।

संधया देखो संध=सं+धा। संधयाती (सूअ २, ६, २)।

संधा स्त्री [संधा] प्रतिज्ञा, नियम (श्रा १२; उप पृ ३३३; सम्मत्त १७१)।

संधाण न [संधान] १ दो हाड़ों का संयोग-स्थान (सुर १२, ६)। २ संधि, सुलह (हम्मीर १५)। ३ मद्य, सुरा, दारू (धर्मसं ५९)। ४ जोड़, संयोग, मिलान (आचा; कुमा; भवि)। ५ अचार, नीबू आदि का मसाला दिया खाद्य-विशेष (पव ४)।

संधारण न [संधारण] सान्त्वना, आश्वासन (स ४१६)।

संधारिअ वि [दे] योग्य, लायक (दे ८, १)।

संधारिअ वि [संधारित] रखा हुआ, स्थापित (णाया १, १—पत्र ६६)।

संधाव सक [सं+धाव्] दौड़ना। संधावइ (उत्त २०, ४६)।

संधि पुंस्त्री [संधि] १ छिद्र, विवर। २ संधान, उत्तरोत्तर पदार्थ-परिज्ञान (सूअ १, १, १, २०; २१; २२; २३; २४)। ३ व्याकरण-प्रसिद्ध दो अक्षरों के संयोग से होने वाला वर्ण-विकार (पण्ह २, २—पत्र ११४)। ४ सेंध, चोरी के लिए भीत में किया जाता छेद (चारु ६०; महा; हास्य ११०)। ५ दो हाड़ों का संयोग-स्थान; 'थक्काओ सव्वसंधीओ' (सुर ४, १६५; १२, १६६; जी १२)। ६ मत, अभिप्राय; 'अहवा विचित्तसंधिणो हि पुरिसा हवंति' (स २९)। ७ कर्म, कर्म-संतति (आचा; सूअ १, १, १, २०)। ८ सम्यग् ज्ञान की प्राप्ति। ९ चारित्र-मोहनीय कर्म का क्षयोपशम। १० अवसर, समय, प्रसंग। ११ मीलन, संयोग (आचा)। १२ दो पदार्थों का संयोग-स्थान (विपा १, ३—पत्र ३९; महा)। १३ मेल के लिए कतिपय नियमों पर मित्रता-स्थापन, सुलह (कप्पू; कुमा ६, ४०)। १४ ग्रंथ का प्रकरण, अध्याय, परिच्छेद (भवि)। °**गिह** न [°गृह] दो भीतों के बीच का प्रच्छन्न स्थान (कप्प)। °**च्छेयग**, °**छेयग** वि [°च्छेदक] सेंध लगा कर चोरी करनेवाला (णाया १, १८—पत्र २३६; विपा १, ३—पत्र ३९)। °**पाल**, °**वाल** वि [°पाल] दो राज्यों की सुलह का रक्षक (कप्प; औप; णाया १, १—पत्र १९)।

संधिअ वि [दे] दुर्गन्धि, दुर्गन्धवाला (दे ८, ८)।

संधिअ वि [संहित] साँधा हुआ, जोड़ा हुआ (से १, ५४; गा ५३; स २६७; तंदु ३९; वज्जा ७०)।

संधिअ वि [संधित] प्रसारित (गउड)।

संधिआ देखो **संहिया** (ओघ ६२)।

संधिउं देखो संध=सं+धा।

संधित देखो संधिअ=संहित (भग)।

संधिविग्गहिअ पुं [सान्धिविग्रहिक] राजा की संधि और लड़ाई के कार्य में नियुक्त मन्त्री (कुमा)।

संधीर सक [सं + धीरय्] आश्वासन देना, धीरज देना। वकृ. संधीरंत (सुपा ४७६)।

संधीरविय वि [संधीरित] जिसको आश्वासन दिया गया हो वह, आश्वासित (सुर ४, १११)।

संधुक्क अक [प्र + दीप् , सं + धुक्ष्] १ जलना, सुलगना। २ सक. जलाना। ३ उत्तेजित करना। संधुक्कइ (हे ४, १५२; कुमा)। कर्म. संधुक्किज्जइ (वज्जा १३०)।

संधुक्कण न [संधुक्षण] १ सुलगना, जलना। २ प्रज्वालन, सुलगाना (भवि)। ३ वि. सुलगानेवाला (स २४१)।

संधुक्किअ वि [संधुक्षित] १ जलाया हुआ, सुलगाया हुआ (सुपा ५०१)। २ जला हुआ, प्रदीप्त, सुलगा हुआ (पाअ; महा; स २७)। ३ उत्तेजित; 'अविवेयपवणसंधुक्किओ पज्जलिओ मे मणम्मि कोवाणलो' (स २४१)।

संधुच्छिद (शौ) ऊपर देखो (नाट—मृच्छ २३३)।

संधुम देखो संदुम। संधुमइ (षड्)।

संधे देखो संध = सं + धा। संधेइ, संधेंति, संधेज्जा (आचा १, १, १, ५; पि ५००; सूअ १, ४, १, ५)। वकृ. संधेंत, संधेमाण (पउम ६८, ३१; पंचा १४, २७; आचा; पि ५००)।

संन देखो संण (आचा १, ५, ६, ४)।

संनक्खर न [संज्ञाक्षर] अकार आदि अक्षरों की आकृति (णंदि १८७)।

संनज्झ देखो संणज्झ। संनज्झइ (भवि)। संकृ. संनज्झिऊण (महा)। हेकृ. संनज्झिउं (स ३७९)।

संनण न [संज्ञान] इशारा करना, संज्ञा करना (उप २६०)।

संनत देखो संनय (पण्ह १, ४—पत्र ७८)।

संनद्ध देखो संणद्ध (औप; विपा १, २ टी—पत्र २३)।

संनय वि [संनत] नमा हुआ, अवनत (औप; वज्जा १५०)।

संनव सक [सं + ज्ञापय्] संभाषण से संतुष्ट करना। संनवेइ (राय १४०)।

संनह देखो संणज्झ। संनहइ (भवि), संनहह (धर्मवि २०)।

संनहण न [संनहन] संनाह (पउम १०, ६४)।

संनहिय देखो संणद्ध (सुपा २२)।

संना देखो संणा (ठा १—पत्र १९; पण्ह १, ३—पत्र ५५; पाअ; सुर ३, ६७; पिंड २४५; उप ७५१; द ३)।

संनाय वि [संज्ञात] पिछाना हुआ, पहिचाना हुआ; 'संनाया परियणेण' (महा)। देखो संणाय (पव १५३)।

संनाह देखो संणाह = सं + नाहय्। संनाहेइ (औप; तंदु ११)। संकृ. संनाहित्ता (तंदु ११)।

संनाह देखो संणाह = संनाह (महा)।

संनाहिय वि [संनाहित] तय्यार किया हुआ, सजाया हुआ (औप)।

संनाहिय देखो संणाहिय (णाया १, १६—पत्र २१७)।

संनि देखो संणि (सम २; ठा २, २—पत्र ५९; जी ४३; कम्म १, ६)।

संनिकास देखो संनिगास (ठा ९—पत्र ४५९, कप्प)।

संनिकिट्ठ वि [संनिकृष्ट] आसन्न, समीप में स्थित (सुख ४, ८)।

संनिक्खित्त वि [संनिक्षिप्त] डाला हुआ, रखा हुआ (कप्प)।

संनिगास वि [संनिकाश] १ समान, तुल्य (भग २, १; णाया १, १—पत्र २५; औप; स ३८१)। २ पुं. अपवाद (पंचू)। ३ पुंन. समीप, पास (पउम ३६, २८)।

संनिगास पुं [संनिकर्ष] संयोग; 'संजोग संनिगासो पडुच्च संबंध एगट्ठा' (णंदि १२८ टी)।

संनिचय पुं [संनिचय] १ निचय, समूह (आचा)। २ संग्रह (आचा १, २, ५, १)।

संनिचिय वि [संनिचित] निबिड़ किया हुआ (पव १५८; जीवस ११६)।

संनिजुंज सक [संनि + युज्] अच्छी तरह जोड़ना। कवकृ. संनिजुज्जंत (पिंड ४५५)।

संनिज्झ न [सांनिध्य] सहायता करने के लिए समीप में आगमन, निकटता (स ३८२)।

संनिनाय पुं [संनिनाद] प्रतिध्वनि, प्रतिशब्द (कप्प)।

संनिभ देखो संनिह (णाया १, १—पत्र ४८; उवा; औप १)।

संनिमहिअ वि [संनिमहित] १ व्याप्त, पूर्ण, भरा हुआ। २ पूजित; 'चंपा नाम नयरी पंडुरवरभवणसंनिमहिया' (औप; णाया १, १ टी—पत्र ३), 'अत्थि मगहा जणवओ गामसतसंनिमहिओ' (वसु)।

संनिय देखो संणिय (सिरि ८६०; भवि)।

संनियट्ट वि [संनिवृत्त] रुका हुआ, विरत। °चारि वि [°चारिन्] प्रतिषिद्ध का वर्जन करनेवाला (कप्प)।

संनियास देखो संनिगास (पउम ३३, ११६)।

संनिलयण न [संनिलयन] आश्रय, आधार; 'लोभवत्था संसारं अतिवयंति सव्वदुक्खसनिलयणं' (पण्ह १, ५—पत्र ९४)।

संनिवइय देखो संणिपडिअ (णाया १, १—पत्र ६५)।

संनिवाइ वि [संनिपातिन्] संयोगी, सम्बन्धी; 'सव्वक्खरसंनिवाइणो' (कप्प; औप; सम्मत्त १४४)।

संनिवाइ वि [संनिवादिन्] संगत बोलनेवाला, व्याजबी कहनेवाला (भग १, १—पत्र ११)।

संनिवाइय वि [सांनिपातिक] संनिपात रोग से सम्बन्ध रखनेवाला (णाया १, १—पत्र ५०; तंदु १६; औप ८७)। २ भाव-विशेष, अनेक भावों के संयोग से बना हुआ भाव (अणु ११३; कम्म ४, ६४; ६८)। ३ पुं. संनिपात, मेल, संयोग (अणु ११३)।

संनिवाइय वि [संनिपातिक] देखो संनिवाइ; 'सव्वक्खरसंनिवाइयाए' (औप ५६)।

संनिवाडिय वि [संनिपातित] विध्वस्त किया हुआ (णाया १, १६—पत्र २२३)।

संनिवाय पुं [संनिपात] संयोग, सम्बन्ध (कप्प; औप)।

संनिविट्ठ न [संनिविष्ट] १ मोहल्ला, रथ्या (औप)। २ वि. जिसने पड़ाव डाला हो वह, नगर के बाहर पड़ाव डालकर पड़ा हुआ (कस)। ३ संहत और स्थिर आसन से व्यवस्थित—बैठा हुआ (णाया १, ३—पत्र ९१; राय २७)।

सेढि स्त्री [श्रेणि] देखो सेढी = श्रेणी (सुर ३, १७; ५, १९६)।

सेढिया } देखो सेडिया (दस ५, १, ३४;
सेढी } जो ३)।

सेढी स्त्री [श्रेणी] १ पंक्ति (सम १४२; महा)। २ राशि (अणु)। ३ असंख्य योजन-कोटाकोटी की एक नाप (अणु १७३)। देखो सेणि।

सेण पुं [श्येन] १ पक्षि-विशेष (पउम ८, ७९; दे ७, ८४; वै ७४)। २ विद्याधर-वंश का एक राजा (पउम ५, १५)।

सेण देखो सेण्ण; 'मरणरवइणो मरणे मरंति सेणाइं इंदियमयाइं' (आरा ६०)।

सेणा स्त्री [सेना] १ भगवान् संभवनाथजी की माता (सम १५१)। २ लश्कर, सैन्य (कुमा)। ३ एक जैन साध्वी, जो महर्षि स्थूलभद्र की बहिन थी (कप्प; पडि)। ४ वह लश्कर जिसमें ३ हाथी, ३ रथ, ९ घोड़े और १५ प्यादे हों (पउम ५६, ५)। °णिय, °णी, °णीय पुं [°नी] सेना-पति, लश्कर का मुखिया; 'सेणाणिओवि ताहे घेत्तूण जिणेसरं सुरवइस्स' (पउम ३, ७७; सुपा ३००; धर्मवि ८४; पउम ९४, १०)। °मुह न [°मुख] वह सेना जिसमें ६ हाथी, ६ रथ, २७ घोड़े और ४५ प्यादे हों (पउम ५६, ५)। °वइ पुं [°पति] सेना का मुखिया, सेना-नायक (कप्प; पउम ३७, २; सम २७; सुपा ७५५)। °हिवइ पुं [°धिपति] वही पूर्वोक्त अर्थ (सुपा ७३)।

सेणावच्च न [सैनापत्य] सेनापतिपन, सेना का नेतृत्व (कप्प; औप)।

सेणि स्त्री [श्रेणि] १ पंक्ति। २ समूह (महा)। ३ कुम्भकार आदि मनुष्य-जाति (णाया १, १—पत्र ३७)।

सेणिअ पुं [श्रेणिक] १ मगध देश का एक प्रख्यात राजा (णाया १, १—पत्र ११; ३७; ठा ९—पत्र ४५५; सम १५४; उवा; अंत; पउम २, १५; कुमा)। २ एक जैन मुनि (कप्प)।

सेणिआ स्त्री [सेणिका] एक जैन मुनि-शाखा (कप्प)।

सेणिआ } स्त्री [सेनिका] छन्द का एक
सेणिका } भेद (पिंग)।

सेणिग देखो सेणिअ (संबोध ३५)।

सेणिग पुं [सैनिक] लश्करी सिपाही (स ३८१)।

सेणी स्त्री [श्रेणी] देखो सेणि (महा; णाया १, १)।

सेण्ण देखो सिन्न = सैन्य (णाया १, ८—पत्र १४६; गउड)।

सेत्त देखो सित्त = सिक्त (कुप्र १६)।

सेत्त (अप) देखो सेअ = श्वेत (पिंग)।

सेत्तुंज पुं [शत्रुञ्जय] एक प्रसिद्ध पर्वत (णाया १, १६—पत्र २२६; अंत)।

सेद देखो सेअ = स्वेद (दे ४, ३४; स्वप्न ३९)।

सेध देखो सेह = सेह (जीव २—पत्र ५२)।

सेन्न देखो सिन्न = सैन्य (हे १, १५०; कुमा; सण; सुर १२, १०४ टि)।

सेप्फ } देखो सेम्ह (हे २, ५५; षड्; कुमा;
सेफ } प्राकृ २२)।

सेफ पुंन [शेफ] पुरुष-चिह्न, लिंग (प्राकृ १४)।

सेभालिआ स्त्री [शेफालिका] लता-विशेष (हे १, २३६; प्राकृ १४)।

सेमुसी } स्त्री [शेमुषी] मेधा, बुद्धि (राज;
सेमुही } उप पृ ३३३; हम्मीर १४, २२)।

सेम्ह पुंस्त्री [श्लेष्मन्] कफ, सेम्हा गरुई' (प्राकृ २२; पि २६७)।

सेर वि [स्वैर] स्वच्छन्दी, स्वतन्त्र, स्वेच्छ (स्वप्न ७७; विक्र ३७)।

सेर वि [स्मेर] विकस्वर (हे २, ७८; कुमा)।

सेर पुं [दे] सेर, परिमाण-विशेष (पिंग)।

सेरंधी स्त्री [सैरन्ध्री] स्त्री-विशेष, अन्य के घर में रहकर शिल्प-कार्य करनेवाली स्वतन्त्र स्त्री (कप्पू)।

सेराह पुं [दे] अश्व की एक उत्तम जाति (सम्मत्त २१६)।

सेरिभ पुं [दे] धुर्य वृषभ, गाड़ी का बैल (दे ८, ४४)।

सेरिभ देखो सेरिह (सुख ८, १३; दे ८, ४४ टी)।

सेरिय पुंस्त्री [दे] वाद्य-विशेष, 'करडिभंभ-सेरियहुडुक्कहिं' (सण)।

सेरियय पुं [दे] गुल्म-विशेष (पण्ण १—पत्र ३२)।

सेरिह पुंस्त्री [सैरिभ] भैंसा, महिष (गा १७२; ७४२; नाट—मृच्छ १३५)। स्त्री. °ही (पाअ)।

सेरी स्त्री [दे] १ लम्बी आकृति। २ भद्र आकृति (दे ८, ५७)। ३ रथ्या, मुहल्ला (सिरि ३१८)। ४ यन्त्र-निर्मित नर्तकी (राज)।

सेरीस पुंन [सेरीश] एक गाँव का नाम (ती ११)।

सेल पुं [शैल] १ पर्वत, पहाड़ (से २, ११; प्रासू; सुर ३, २२९)। २ पाषाण, पत्थर (उप १०३१)। ३ न. पत्थरों का समूह (से ६, ३१)। °कार पुं [°कार] पत्थर घड़नेवाला शिल्पी, शिलावट (अणु १४९)। °गिह न [°गृह] पर्वत में बना हुआ घर (कप्प)। °जाया स्त्री [°जाया] पार्वती

(रंभा)। °त्थंभ पुं [°स्तम्भ] पाषाण का खंभा (कम्म १, १८)। °पाल, °वाल पुं [°पाल] १ धरण तथा भूतानन्द नामक इन्द्रों का एक एक लोकपाल (ठा ४, १—पत्र १६७; इक)। २ एक जैनेतर धर्मावलम्बी पुरुष (भग ७, १०—पत्र ३२३)। °स न [°स] वज्र (से ३, २७)। °सिहर न [°शिखर] पर्वत का शिखर (कप्प)। °सुआ स्त्री [°सुता] पार्वती (पाअ)।

सेलग } पुं [शैलक] १ एक राजर्षि (णाया सेलय } १, ५—पत्र १०४; १११)। २ एक यक्ष (पि १५६; णाया १, ६—पत्र १६४)। °पुर न [°पुर] एक नगर (णाया १, ५)।

सेलयय न [शैलकज] एक गोत्र (ठा ७—पत्र ३६०; राज)।

सेला स्त्री [शैला] तीसरी नरक-पृथिवी (ठा ७—पत्र ३८८; इक)।

सेलाइच्च पुं [शैलादित्य] वलभीपुर का एक प्रसिद्ध राजा (ती १५)।

सेलु पुं [शैलु] श्लेष्म-नाशक वृक्ष-विशेष (पएण १—पत्र ३१)।

सेलूस पुं [दे] कितव, जुआड़ी (दे ८, २१)।

सेलेय वि [शैलेय] पर्वत में उत्पन्न, पर्वतीय (धर्मवि १४०)।

सेलेस पुं [शैलेश] मेरु पर्वत (विसे ३०६५)।

सेलेसी स्त्री [शैलेशी] मेरु की तरह निश्चल साम्यावस्था, योगी की सर्वोत्कृष्ट अवस्था (विसे ३०६५; ३०६७; सुपा ६५५)।

सेलोदाइ पुं [शैलोदायिन्] एक जैनेतर धर्मावलम्बी गृहस्थ (भग ७, १०—पत्र ३२३)।

सेल्ल देखो सेल = शैल; 'न हु भिज्जइ ताण मणं सेल्लं मिव सलिलपूरेणं' (वज्जा ११२)।

सेल्ल पुं [दे] १ मृग-शिशु। २ शर, बाण (दे ८, ५७)। ३ कुन्त, बर्छी (कुमा; हे ४, ३८७)।

सेल्ल पुं [शैल्य] एक राजा (णाया १, १६—पत्र २०८)।

सेल्लग पुं [शैल्यक] भुजपरिसर्प की एक जाति, जन्तु-विशेष (पण्ह १, १—पत्र ८)।

सेल्लि स्त्री [दे] रज्जु, रस्सी (उत्त २७, ७)।

सेव सक [सेव्] १ आराधन करना। २ आश्रय करना। ३ उपभोग करना। सेवइ, सेवए (आचा; उव; महा)। भूका. सेवित्था, सेविंसु (आचा)। वकृ. सेवमाण (सम ३६; भग)। कवकृ. सेविज्जंत, सेविज्जमाण (सुर १२, १३६; कप्प)। संकृ. सेविअ, सेवित्ता (नाट—मृच्छ २४५; आचा)। कृ. सेवेयव्व (सुपा ५५७; कुमा), सेवणिय (सुपा १६७)।

सेवग देखो सेवय (पंचा ११, ४१)।

सेवड देखो से° = श्वेत।

सेवण न [सेवन] १ सीना, सिलाई करना (उप पृ १२३)। २ सेवा (उत्त ३५, ३)।

सेवणया } स्त्री [सेवना] सेवा (उत्त २६, सेवणा } १; उप ८०१)।

सेवय वि [सेवक] १ सेवा-कर्ता (कुप्र ४०२)। २ पुं. नौकर, भृत्य (पाअ; कुप्र ४०२; सुपा ५३२)।

सेवल न [शैवल] सेवार, सेवाल, एक प्रकार की घास जो नदियों में लगती है (पाअ)।

सेवा स्त्री [सेवा] १ भजन, पर्युपासना, भक्ति। २ उपभोग। ३ आश्रय। ४ आराधन (हे २, ६६; कुमा)।

सेवाड } न [शैवाल] १ सेवार, सेवाल, सेवाल } घास विशेष (उप पृ १३६; पाअ; जी ६)। २ पुं. एक तापस, जिसको गौतम स्वामी ने प्रतिबोध किया था (कुप्र २६३)। °दाइ पुं [°दायिन्] भगवान् महावीर के समय का एक अजैन पुरुष (भग ७, १०—पत्र ३२३)।

सेवाल पुं [दे] पङ्क, कादा, काँदो (दे ८, ४३; षड्)।

सेवालि पुं [शैवालिन्] एक तापस, जिसको गौतम स्वामी ने प्रतिबोध किया था (उप १४२ टी)।

सेवालिय वि [शैवालिक, °त] सेवालवाला, शैवाल-युक्त; 'सेवालियभूमितले फिल्लुसमाणा य थामथामम्मि' (सुर २, १०५)।

सेवि वि [सेविन्] सेवा-कर्ता (उवा)।

सेवित्त वि [सेवितृ] ऊपर देखो (सम १५)।

सेविय वि [सेवित] जिसकी सेवा की गई हो वह (काल)।

सेव्वा देखो सेवा (हे २, ६६; प्राप्र)।

सेस पुं [शेष] १ शेष-नाग, सर्प-राज (से २, २८)। २ छन्द का एक भेद (पिंग)। ३ वि. अवशिष्ट, बाकी का (ठा ३, १ टी—पत्र ११४; दसनि १, १३४; हे १, १८२; गउड)। °मई, °वई स्त्री [°वती] १ सातवें वसुदेव की माता (सम १५२)। २ दक्षिण रुचक पर रहनेवाली एक दिक्कुमारी देवी (ठा ८—पत्र ४३६; इक)। ३ वल्ली-विशेष (पएण १—पत्र ३३)। ४ भगवान् महावीर की दौहित्री—पुत्री की पुत्री (आचा २, १५, १६)। °वंत न [°वत्] अनुमान का एक भेद (अणु २१२)। °राअ पुं [°राज] छन्द-विशेष (पिंग)।

सेसव न [शैशव] बाल्यावस्था (दे ७, ७६)।

सेसा स्त्री [शेषा] निर्माल्य (उप ७२८ टी; सिरि ५५५)।

सेसिअ वि [शेषित] १ बाकी बचाया हुआ (गा ६६१)। २ अल्प किया हुआ, खतम किया हुआ (विसे ३०२६)।

सेसिअ वि [श्लेषित] संबद्ध किया हुआ, चिपकाया हुआ (विसे ३०३६)।

सेह अक [नश्] पलायन करना, भागना। सेहइ (हे ४, १७८; कुमा)।

सेह सक [शिक्षय्] १ सिखाना, सीख देना। २ सजा करना। सेहंति (सूअ १, २, १, १६)। कवकृ. सेहिज्जंत (सुपा ३४५)।

सेह पुं [दे. सेह] भुजपरिसर्प की एक जाति, साही, जिसके शरीर में काँटे होते हैं (पण्ह १, १—पत्र ८; पएण १—पत्र ५३)।

सेह पुं [शैक्ष] १ नव-दीक्षित साधु (सूअ १, ३, १, ३; सम ५८; ओघ १६५; ३७८; उव; कस)। २ जिसको दीक्षा दी जानेवाली हो वह (पव १०७)। ३ शिष्य, चेला (सुख १, १३)।

सेह पुं [सेध] सिद्धि (उवा)।

सेहंब वि [सेधाम्ल] खाद्य-विशेष, वह खाद्य जिसमें पकने पर खटाई का संस्कार किया जाय (उवा; पण्ह २, ५—पत्र १५०)।

सेहणा स्त्री [शिक्षणा] शिक्षा, सजा, कदर्थना; 'वहबंधमारणसेहणाओ काओ परिग्गहे नत्थि' (उव)।

सेहर पुं [शेखर] १ शिखा; 'फलसेहरा' (पिंड १६५; पाअ)। २ छन्द-विशेष (पिंग)। ३ मस्तक-स्थित माला (कुमा)।

सेहरय पुं [दे] चक्रवाक पक्षी (दे ८, ४३)।

सेहालिआ देखो सेभालिआ (स्वप्न ६३; गा ४१२; कुमा; हे १, २३६)।

सेहाली स्त्री [शेफाली] लता-विशेष (दे ५, ४)।

सेहाव देखो सेह = शिक्षय्। सेहावेइ (पि ३२३)। भवि. सेहावेहिति (औप)। संकृ. सेहावेत्ता (पि ५८२)। हेकृ. सेहावेत्तए (कस)। कृ. सेहावेयव्व (भत्त १६०)।

सेहाविअ वि [शिक्षित] सिखाया हुआ (भग; णाया १, १—पत्र ६०; पि ३२३)।

सेहि देखो सिद्धि (आचा)।

सेहिअ वि [सैद्धिक] १ मुक्ति-सम्बन्धी। २ निष्पत्ति-संबन्धी (सूअ १, १, २, २)।

सेहिऊ वि [दे] गत, गया हुआ (दे ८, १)।

सो सक [सु] १ दारू बनाना। २ पीड़ा करना। ३ मन्थन करना। ४ अक. स्नान करना। सोइ (षड्)।

सो, सोअ अक [स्वप्] सोना, सूतना। सोइ, सोअइ (धात्वा १५७; प्राकृ ६६)।

सोअ सक [शुच्] १ शोक करना। २ शुद्धि करना। सोअइ, सोएइ, सोइंति, सोयंति (से १, ३८; हे ३, ७०; आचा; अज्झ १७४; १७५; सूअ २, २, ५५)। वकृ. सोइंत, सोएंत (उप १४६ टी; पउम ११८, ३५)। कवकृ. सोइज्जंत (सण)। कृ. सोअणिज्ज, सोअणीअ, सोइयव्व (अभि १०५; सूक्त ४७; पउम ३०, ३५)। देखो सोच = शुच्।

सोअ न [शौच] १ शुद्धि, पवित्रता, निर्मलता (आचा; औप; सुर २, ६२; उप ७६८ टी; सुपा २८१)। २ चोरी का अभाव, पर-द्रव्य का अग्रहण (सम १२०; नव २३; श्रा ३१)।

सोअ पुं [शोक] अफसोस, दिलगीरी (सुर १, ५३; गउड; कुमा; महा)।

सोअ न [श्रोत्र] कान, श्रवणेन्द्रिय (आचा; भग; औप; सुर १, ५३)। °मय वि [°मय] श्रोत्रेन्द्रिय-जन्य (ठा १०—पत्र ४७६)।

सोअ पुंन [स्रोतस्] १ प्रवाह (आचा; गा ६६२)। २ छिद्र (औप)। ३ वेग (णाया १, ८)।

सोअण न [स्वपन] शयन (उव)।

सोअण न [शोचन] १ शोक, दिलगीरी (सूअ २, २, ५५; संबोध ४६)। २ शुद्धि, प्रक्षालन (स ३४८)।

सोअणया, सोअणा स्त्री [शोचना] १ ऊपर देखो (औप; अज्झ १७४)। २ दीनता, दैन्य (ठा ४, १—पत्र १८८)।

सोअमल्ल न [सौकुमार्य] सुकुमारता, अति-कोमलता (हे १, १०७; प्राप्र; कुमा)।

सोअर पुं [सोदर] सगा भाई (प्रबो २६; सुपा १६३; रंभा)।

सोअरा स्त्री [सोदरा] सगी बहन (कुमा)।

सोअरिअ वि [शौकरिक] १ शूकरों का शिकार करनेवाला (विपा १, ३—पत्र ५४)। २ शिकारी, मृगया करनेवाला। ३ कसाई (पिंड ३१४; उव; सुपा २१४)।

सोअरिअ वि [सोदर्य] सहोदर, एक उदर से उत्पन्न (सूअ १, १, १, ५)।

सोअल्ल देखो सोअमल्ल (संक्षि २)।

सोअविय स्त्रीन [शौच] शुद्धि, पवित्रता (सूअ २, १, ५७)। स्त्री. °या (आचा)।

सोअव्व देखो सुण = श्रु।

सोआमणी, सोआमिणी स्त्री [सौदामनी, °मिनी] १ विद्युत, बिजली (उत्त २२, ७; पउम ७४, १४; स १२; महा; पाअ)। २ एक दिक्कुमारी देवी (इक; ठा ४, १—पत्र १६८)।

सोइअ न [शोचित] चिन्ता, विचार (सुर ८, १४; सुपा २६६)। देखो सोचिय।

सोइंदिय न [श्रोत्रेन्द्रिय] श्रवणेन्द्रिय, कान (भग)।

सोइंधिअ देखो सोगंधिअ (इक)।

सोउ वि [श्रोतृ] सुननेवाला (स ३; प्रासू २)।

सोउणिअ देखो सोवणिअ (सूअ २, २, २८; पि १५२)।

सोउमल्ल देखो सोअमल्ल (अभि २१३; सुर ८, १२५)।

सोंड देखो सुंड (पाअ)। °मगर पुं [°मकर] मगर की एक जाति (पण्ण १—पत्र ४८)।

सोंडा स्त्री [शुण्डा] १ सुरा, दारू (आचा २, १, ३, २)। २ हाथी की नाक, सूँढ (उवा)।

सोंडिअ पुं [शौण्डिक] दारू बेचनेवाला, कलवार (अभि १८८)।

सोंडिया स्त्री [शुण्डिका] दारू का पात्र-विशेष (ठा ८—पत्र ४१७)।

सोंडीर वि [शौण्डीर] १ शूर, वीर, पराक्रमी (कप्प; सुर २, १३४; सुपा ६०)। २ गर्व-युक्त, गर्वित (महा)।

सोंडीर न [शौण्डीर्य] १ पराक्रम, शूरता। २ गर्व (हे २, ६३; षड्)।

सोंडीरिम पुंस्त्री [शौण्डीरिमन्] ऊपर देखो (सुपा २६२)।

सोंदज्ज (शौ) देखो सुंदेर (पि ८४)।

सोक देखो सुक = शुष्क (षड्)।

सोक्ख देखो सुक्ख = सौख्य (प्राकृ १०; गा १५८; सुपा ७०; कुमा)।

सोक्ख देखो सुक्ख = शुष्क (षड्)।

सोग देखो सोअ = शोक (पउम २०, ४५; सुर २, १४०; स २५५; प्रासू ८३; उव)।

सोगंध, सोगंधिअ न [सौगन्ध्य] १ लगातार चौबीस दिनों के उपवास (संबोध ५८)। २ सुगन्धिपन, सुगन्ध; 'सोगंधिय-परिकलियं तंबोलं' (सम्मत्त २२०)।

सोगंधिअ न [सौगन्धिक] १ रत्न-विशेष, रत्न की एक जाति (णाया १, १—पत्र ३१; पण्ण १—पत्र २६; उत्त ३६, ७७; कप्प; कुम्मा १५)। २ रत्नप्रभा नामक नरक-पृथिवी का एक सौगन्धिक-रत्न-मय काण्ड (सम ८६)। ३ कह्लार, पानी में होनेवाला श्वेत कमल (सूअ २, ३, १८; राय ८२)। ४ पुं. नपुंसक का एक भेद, अपने लिंग को सूँघनेवाला नपुंसक (पव १०६; पुप्फ १२८)। ५ पुंन. एक देव-विमान (देवेन्द्र १४२)। ६ वि. सुगन्धवाला, सुगन्धी (उवा; सम्मत्त २२०)।

सोगंधिया स्त्री [सौगन्धिका] नगरी-विशेष (णाया १, ५ पत्र १०५)।
सोगमल्ल देखो सोअमल्ल (दस २, ५)।
सोग्गइ देखो सुग्गइ (उत्त २८, ३; पउम २६, ६०; स २५०)।
सोग्गाह (?) अक [प्र+सृ] पसरना, फैलना। सोग्गाहइ (धात्वा १५६)।
सोच्च देखो सोअ = शुच्। वकृ. सोचंत, सोच्चमाण (नाट—मृच्छ २८१; णाया १, १—पत्र ४७)। संकृ. 'सोचिऊण हत्थपाए आरोग्गमणिरयणेण ओमजिओ राया' (स ५६७)। कृ. सोच्च (उव)।
सोचिअ वि [शौचित] शुद्ध किया हुआ, प्रक्षालित (स ३४८)।
सोच्च देखो सोच्च।
सोच्चं | **सोच्चा** | **सोच्छं°** | देखो सुण = श्रु।
सोच्छिअ देखो सोत्थिअ (इक)।
सोजण्ण } **सोजन्न** } न [सौजन्य] सुजनता, सज्जनता, भलमनसी (उप ७२८ टी; सुर २, ६१)।
सोज्ज देखो सोरिअ = शौर्य (प्राकृ १९)।
सोज्झ वि [शोध्य] शुद्धि-योग्य, शोधनीय (सुज्ज १०, ६ टी)।
सोज्झय पुं [दे] रजक, धोबी (पाअ)। देखो सुज्झय।
सोडिअ देखो सोंडिअ (कर्पूर ३४)।
सोडीर वि [शौटीर] देखो सोंडीर = शौण्डीर (कप्प; औप; मोह १०४; कप्पू; चारु ६३)।
सोडीर न [शौटीर्य] देखो सोंडीर = शौण्डीर्य (कुमा; से ३, ४; ५, ३; १३, ७९; ८७; प्राकृ १९)।
सोढ वि [सोढ] सहन किया हुआ (उप २६४ टी; धात्वा १५७)।
सोढव्व } **सोढुं** } देखो सह = सह्।
सोण वि [शोण] लाल, रक्त वर्णवाला (पाअ)।
सोणंद न [दे. सौनन्द] त्रिकाष्ठिका, तिपाई (पण्ह १, ४—पत्र ७८; औप; तंदु २०)।
सोणहिअ वि [शौनकिक] १ श्वान-पालक। २ कुत्तों से शिकार करनेवाला (स २५३)।
सोणार देखो सुण्णार (गा १९१; पि ६६; १५२)।
सोणि स्त्री [श्रोणि] कटी, कमर (कप्प; उप १५६)। °सुत्तग न [°सूत्रक] कटी-सूत्र, करधनी (औप)।
सोणिअ पुं [शौनिक] कसाई (दे ६, ६२)।
सोणिअ न [शोणित] रुधिर, खून (उवा; भवि)।
सोणिम पुंस्त्री [शोणिमन्] रक्तता, लाली (विक्र २८)।
सोणी स्त्री [श्रोणी] देखो सोणि (पण्ह १, ४—पत्र ६८; ७९)।
सोणीअ देखो सोणिअ = शोणित, 'भुंजंते मंससोणीअं ण छणे ण पमज्जए' (आचा १, ८, ८, ९; पि ७३)।
सोण्ण न [स्वर्ण] सोना, सुवर्ण (प्राकृ ३०; संक्षि २१)।
सोण्ह देखो सुण्ह = सूक्ष्म (षड्; गा ७२३)।
सोण्हा देखो सुण्हा = स्नुषा (संक्षि १५; प्राकृ ३७; गा १०७; काप्र ८६३)।
सोत्त न [श्रोत्र] कान, श्रवणेन्द्रिय (आचा; रंभा; विक्र ६८)।
सोत्त देखो सोअ = स्रोतस् (हे २, ९८; गा ५५१; से १, ५८; कुमा)।
सोत्ति देखो सुत्ति = शुक्ति (षड्; उप ६४८ टी)।
सोत्तिअ पुं [श्रोत्रिय] वेदाभ्यासी ब्राह्मण (पिंड ४३९; नाट—मृच्छ १३४; प्राप)।
सोत्तिअ वि [सौत्रिक] १ सूत्र-निर्मित, सूते का बना हुआ (ओघभा ८९; ओघ ७०५)। २ सूते का व्यापारी (अणु १४९)।
सोत्तिअ पुं [शौक्तिक] द्वीन्द्रिय जन्तु-विशेष (पण्ण १—पत्र ४४)।
सोत्तिअमई } **सोत्तिअवई** } स्त्री [शुक्तिकावती] केकय देश की प्राचीन राजधानी (राज; इक)।
सोत्ती स्त्री [दे] नदी (दे ८, ४४; षड्)।
सोत्थि पुंन [स्वस्ति] १ एक देव-विमान (देवेन्द्र १३३)। २—देखो सत्थि (संक्षि २१; गा २४४; अभि १२८; नाट—रत्ना १०)।
सोत्थिअ पुं [स्वस्तिक] १ ज्योतिष्क ग्रह-विशेष (ठा २, ३—पत्र ७८)। २ न. शाक-विशेष, एक प्रकार की हरित वनस्पति (पण्ण १—पत्र ३४)। ३—देखो सत्थिअ, सोवत्थिअ = स्वस्तिक (पण्ह १, ४—पत्र ६८; णाया १, १—पत्र ५४)।
सोदाम पुं [सोदाम] देखो सोदामि (इक)।
सोदामणी देखो सोआमणी (पउम २६, ८१)।
सोदामि पुं [सोदामिन्] चमरेन्द्र के अश्व-सैन्य का अधिपति (ठा ५, १—पत्र ३०२)।
सोदामिणी देखो सोआमिणी (नाट—मालती ८)।
सोदास पुं [सौदास] एक राजा (पउम २२, ८१)।
सोध (शौ) देखो सउह = सौध (पि ६१ ए)।
सोपार } **सोपारय** } पुं. ब. [सोपार, °क] देश-विशेष (पउम ९८, ६४; सुपा २७५)। २ न. नगर-विशेष (सार्ध ३६; ती ११)।
सोबंधव वि [सौबन्धव] सुबन्धु नामक कवि का बनाया हुआ ग्रंथ (गउड)।
सोभ अक [शुभ्] शोभना, चमकना। सोभंति (सुज्ज १९) भूका. सोभिंसु, सोभेंसु (सुज्ज १९)। भवि. सोभिस्संति (सुज्ज १९)। वकृ. सोभंत (णाया १, १—पत्र २५; कप्प; औप)।
सोभ सक [शोभय्] शोभाना, शोभा-युक्त करना। सोभेइ (भग)। वकृ. सोभयंत (पि ४९०)। संकृ. सोभित्ता (कप्प)।
सोभग वि [शोभक] १ शोभनेवाला। २ शोभानेवाला (कप्प)।
सोभग्ग देखो सोहग्ग (स्वप्न ४५)।
सोभण देखो सोहण = शोभन (पउम ७८, ५६; स्वप्न ४९)।
सोभा देखो सोहा = शोभा (प्राकृ १७; उत्त २१, ८; कप्प; सुज्ज १९)।

सोभिय देखो सोहिअ = शोभित (णाया १, १ टी—पत्र ३)।

सोम पुं [सोम] १ चन्द्र, चाँद, एक ज्योतिष्क महाग्रह (ठा २, ३—पत्र ७७; विसे १८८३; गउड)। २ भगवान् पार्श्वनाथ का पाँचवाँ गणधर (सम १३; ठा ८—पत्र ४२९)। ३ एक प्रसिद्ध क्षत्रिय-वंश (पउम ५, २)। ४ चतुर्थ बलदेव और वासुदेव का पिता (ठा ६—पत्र ४४७; पउम २०, १८२)। ५ एक विद्याधर नर-पति, जो ज्योतिःपुर का स्वामी था (पउम ७, ४३)। ६ एक सेठ का नाम (सुपा ५६७)। ७ एक ब्राह्मण का नाम (णाया १, १६—पत्र १९६)। ८ चमरेन्द्र, बलीन्द्र, सौधर्मेन्द्र तथा ईशानेन्द्र के एक-एक लोकपाल के नाम (ठा ४, १—पत्र २०४; भग ३, ७—पत्र १९४)। ९ लता-विशेष, सोमलता। १० उसका रस। ११ अमृत (षड्)। १२ आर्य-सुहस्ति सूरि का एक शिष्य—जैन मुनि (कप्प)। १३ पुंन. देव-विमान-विशेष (देवेन्द्र १३३; १४३; १४५)। १४ वि. कीर्तिमान्, यशस्वी (कप्प)। °काइय पुं [°कायिक] सोम लोकपाल का आज्ञाकारी देव (भग ३, ७—पत्र १९५)। °ग्गहण न [°ग्रहण] चन्द्र-ग्रहण (हे ४, ३९६)। °चंद पुं [°चन्द्र] १ ऐरवत क्षेत्र में उत्पन्न सातवें जिन-देव (सम १५३)। २ आचार्य हेमचन्द्र का दीक्षा समय का नाम (कुप्र २१)। °जस पुं [°यशस्] एक राजा (सुर २, १३४)। °णाह देखो °नाह (राज)। °दत्त पुं [°दत्त] १ एक ब्राह्मण का नाम (णाया १, १६—पत्र १९६)। २ एक जैन मुनि, जो भद्र-बाहु-स्वामी का शिष्य था (कप्प)। ३ भगवान् चन्द्रप्रभ स्वामीको प्रथम भिक्षा-दाता गृहस्थ (सम १५१)। ४ राजा शतानीक का एक पुरोहित (विपा १,५—पत्र ६०)। °देव पुं [°देव] १ सोम नामक लोकपाल का सामानिक देव (भग ३, ७—पत्र १९५)। २ भगवान् पद्मप्रभ को प्रथम भिक्षा-दाता गृहस्थ (सम १५१)। °नाह पुं [°नाथ] सौराष्ट्र देश की सुप्रसिद्ध महादेव-मूर्त्ति (ती १५; सम्मत्त ७५)। °प्पभ, °प्पह पुं [°प्रभ] १ क्षत्रियों के सोमवंश का आदि पुरुष, बाहु-बलि का एक पुत्र (पउम ५, १०; कुप्र २१२)। २ तेरहवीं शताब्दी का एक जैन आचार्य और ग्रंथकार (कुप्र ११५)। ३ चमरेन्द्र के सोम-लोकपाल का उत्पात-पर्वत (ठा १०—पत्र ४८२)। °भूइ पुं [°भूति] एक ब्राह्मण का नाम (णाया १, १६—पत्र १९६)। °भूइय न [°भूतिक] एक कुल का नाम (कप्प)। °य न [°क] एक गोत्र, जो कौत्स गोत्र की शाखा है (ठा ७—पत्र ३९०)। °व °वा, वि [°प, °पा] सोम-रस पीनेवाला (षड्)। °सिरी स्त्री [°श्री] एक ब्राह्मणी (अंत)। °सुंदर पुं [°सुन्दर] एक प्रसिद्ध जैनाचार्य तथा ग्रन्थकार (संति १४; कुलक ४४)। °सूरि पुं [°सूरि] एक जैनाचार्य, आराधना-प्रकरण का कर्ता एक जैनाचार्य (आप ७०)।

सोम वि [सौम्य] १ अरौद्र, अनुग्र (ठा ६; भग १२, ६—पत्र ५७८)। २ नीरोग, रोग-रहित (भग १२, ६)। ३ प्रशस्त, श्लाघ्य (कप्प)। ४ प्रिय-दर्शन, जिसका दर्शन प्रिय मालूम हो वह। ५ मनोहर, सुन्दर। ६ शान्त आकृतिवाला (ओघभा २२; उव; सुपा १८०; ६२२)। ७ शोभा-युक्त, दीप्तिमान् (जं २)। देखो सोम्म।

सोमइअ वि [दे] सोने की आदतवाला (दे ८, ३९)।

सोमंगल पुं [सौमङ्गल] द्वीन्द्रिय जन्तु की एक जाति (उत्त ३६, १२९)।

सोमणंतिय वि [स्वापनान्तिक, स्वाप्नान्तिक] १ सोने के बाद किया जाता प्रति-क्रमण—प्रायश्चित्त-विशेष। २ स्वप्न-विशेष में किया जाता प्रतिक्रमण (ठा ६—पत्र ३७९)।

सोमणस पुं [सौमनस] १ महाविदेह-वर्ष का एक वक्षस्कार-पर्वत (ठा २, ३—पत्र ६९; सम १०२; जं ४)। २ उस पर्वत पर रहनेवाला एक महर्द्धिक देव (जं ४)। ३ पक्ष का आठवाँ दिन (सुज्ज १०, १४) ४ पुंन. सनत्कुमार नामक इन्द्र का एक पारि-यानिक विमान (ठा ८—पत्र ४३७; औप)। ५ एक देव-विमान, छठवाँ ग्रैवेयक-विमान (देवेन्द्र १३७; १४३; पव १९४)। ६ सौमनस-पर्वत का एक शिखर (ठा २, ३—पत्र ८०)। ७ न. मेरु-पर्वत का एक वन (ठा २, ३—पत्र ८०)।

सोमणस न [सौमनस्य] १ सुन्दर मन, संतुष्ट मन (राय; कप्प)।

सोमणसा स्त्री [सौमनसा] १ जम्बू-वृक्ष विशेष, जिससे यह द्वीप जम्बूद्वीप कहलाता है (इक)। २ एक राजधानी (इक)। ३ सौमनस वन की एक वापी (जं ४)। ४ पक्ष की पाँचवीं रात्रि (सुज्ज १०, १४)।

सोमणसिय वि [सौमनस्यित] १ संतुष्ट मनवाला। २ प्रशस्त मनवाला (कप्प)।

सोमणस्स देखो सोमणस = सौमनस्य (कप्प; औप)।

सोमणस्सिय देखो सोमणसिय (कप्प; औप; णाया १, १—पत्र १३)।

सोमल्ल देखो सोअमल्ल (प्राकृ २०; ३०)।

सोमहिंद न [दे] उदर, पेट (दे ८, ४५)।

सोमहिंडु पुं [दे] पंक, कादा (दे ८, ४३)।

सोमा स्त्री [सोमा] १ शक्र के सोम आदि चारों लोकपालों की एक-एक पटरानी का नाम (ठा ४, १—पत्र २०४)। २ सातवें जिनदेव की प्रथम शिष्या (सम १५२; पव ९)। ३ सोम लोकपाल की राजधानी (भग ३, ७—पत्र १९५)।

सोमा स्त्री [सौम्या] उत्तर दिशा (ठा १०—पत्र ४७८; भग १०, १—४९३)।

सोमाण न [श्मशान] मसान, मरघट (दे ८, ४५)।

सोमाणस पुं [सोमानस] सातवाँ ग्रैवेयक विमान (पव १९४)।

सोमार } देखो सुकुमार (गा १८९; स
सोमाल } ३५६; मै ७; षड्; प्राप्र; हे १, १७१; कुमा; प्राकृ २०; ३८; भवि)।

सोमाल न [दे] मांस (दे ८, ४४)।

सोमित्ति पुं [सौमित्रि] राम-भ्राता लक्ष्मण (गा ३५)।

सोमित्ति स्त्री [सुमित्रा] लक्ष्मण की माता। °पुत्त पुं [°पुत्र] लक्ष्मण; 'रामसोमित्ति-पुत्ता' (पउम ३८, ५७)। °सुय पुं [°सुत] वही अर्थ (पउम ७२, ३)।

सोमिल पुं [सोमिल] एक ब्राह्मण (अंत ६)।

सोमेत्ति देखो सोमित्ति = सौमित्रि (से १२. ८८)।

सोमेसर पुं [सोमेश्वर] सौराष्ट्र का सोमनाथ महादेव (सम्मत्त ७५)।

सोम्म वि [सौम्य] १ रमणीय, सुन्दर (से १, २७)। २ ठंढा, शीतल (से ४, ८)। ३ शीतल प्रकृतिवाला, शान्त स्वभाववाला (से ५, १६; विसे १७३१)। ४ प्रिय-दर्शन, जिसका दर्शन प्रिय लगे वह। ५ जिसका अधिष्ठाता सोम-देवता हो वह। ६ भास्वर, कान्तिवाला। ७ पुं. बुध ग्रह। ८ शुभ ग्रह। ९ वृष आदि सम राशि। १० उदुम्बर वृक्ष। ११ द्वीप-विशेष। १२ सोम-रस पीनेवाला ब्राह्मण (प्राप्र)। देखो सोम = सौम्य।

सोज्जि (अप) अ [स एव] वही (प्राकृ १२१)।

सोरट्ठ पुं [सौराष्ट्र] १ एक भारतीय देश, सोरठ, काठियावाड़ (इक; ती १५)। २ वि. सोरठ देश का निवासी (श्रावक ९३)। ३ न. छन्द-विशेष (पिंग)।

सोरट्ठिया स्त्री [सौराष्ट्रिका] १ एक प्रकार की मिट्टी, फिटकिरी (आचा २, १, ६, ३; दस ५, १, ३४)। २ एक जैन मुनि-शाखा (कप्प)।

सोरब्भ, **सोरंभ**, **सोरभ** न [सौरभ] सुगन्ध, खुशबू (विक्र ११३; कुप्र २२३; भवि; उप ९८६ टी)।

सोरसेणी स्त्री [शौरसेनी] शूरसेन देश की प्राचीन भाषा, प्राकृत भाषा का एक भेद (विक्र ६७)।

सोरह देखो सोरभ (गउड)।

सोरिअ न [शौर्य] शूरता, पराक्रम (प्राप्र; प्राकृ १९)।

सोरिअ न [शौरिक] १ कुशावर्त देश की प्राचीन राजधानी (इक)। २ एक यक्ष (विपा १, ८—पत्र ८२)। °दत्त पुं [°दत्त] १ एक मच्छीमार का पुत्र (विपा १, १—पत्र ४; विपा १, ८)। २ एक राजा (विपा १, ८—पत्र ८२)। °पुर न [°पुर] एक नगर (विपा १, ८)। °वडिंसग न [°वतंसक] एक उद्यान (विपा १, ८—पत्र ८२)।

सोलस त्रि. ब. [षोडशन्] १ संख्या-विशेष, सोलह, १६। २ सोलह संख्यावाला (भग ३५, १—पत्र ९६४; ९६७; उवा; सुर १; ३५; प्रासू ७७; पि ४४३)। ३ वि. सोलहवाँ, १६ वाँ (राज)। °म वि [°श] १ सोलहवाँ, १६ वाँ (णाया १, १६—पत्र १९६; सुर १६, २५१; पव ४६)। २ लगातार सात दिनों के उपवास (णाया १, १—पत्र ७२)। °य न [°क] सोलह का समूह (उत ३१, १३)। °विह वि [°विध] सोलह प्रकार का (पि ४५१)।

सोलसिआ स्त्री [षोडशिका] रस-मान-विशेष, सोलह पलों की एक नाप (अणु १५२)।

सोलह देखो सोलस (नाट; भवि)।

सोलहावत्तय पुं [दे] शंख (दे ८, ४६)।

सोल्ल सक [पच्] पकाना। सोल्लइ (हे ४, ९०; धात्वा १५६)। वकृ. सोल्लंत (विपा १, ३—पत्र ४३)।

सोल्ल सक [क्षिप्] फेंकना। सोल्लइ (हे ४, १४३; षड्)। कर्म. सोल्लिज्जइ (कुमा)।

सोल्ल सक [ईर्, सम् + ईर्] प्रेरणा करना। सोल्लइ (धात्वा १५६; प्राकृ ६६)।

सोल्ल न [दे] माँस (दे ८, ४४)। देखो सुल्ल = शूल्य।

सोल्ल वि [पक्व] पकाया हुआ (उवा; विपा १, २—पत्र २७; १, ८—पत्र ८५; ८६; औप)।

सोल्लिय वि [पक्व] १ पकाया हुआ, 'इंगालसोल्लियं' (औप)। २ न. पुष्प-विशेष (औप)।

सोव देखो सुव = स्वप्। सोवइ, सोवंति (हे १, ६४; उव; भवि; पि १५२)।

सोवक्कम, **सोवक्कम** वि [सोपक्रम] निमित्त-कारण से जो नष्ट या कम हो सके वह कर्म, आयु, आपदा आदि (सुपा ४५२; ४५६)।

सोवचिय वि [सोपचित] उपचय-युक्त, स्फीत, पुष्ट (कप्प)।

सोवच्चल पुंन [सौवर्चल] एक तरह का नोन, काला नमक (दस ३, ८; चंड)।

सोवण न [स्वपन] शयन, सोना (उप पृ २३७)।

सोवण न [दे] १ वास-गृह, शय्या-गृह, रतिमन्दिर (दे ८, ५८; स ५०३; पाअ)। २ स्वप्न। ३ पुं. मल्ल (दे ८, ५८)।

सोवण (अप) देखो सोवण्ण (भवि)।

सोवणिअ वि [शौवनिक] १ श्वान-पालक, कुत्तों को पालनेवाला। २ कुत्तों से शिकार करनेवाला (सूअ २, २, ४२)।

सोवणी स्त्री [स्वापनी] विद्या-विशेष (पि ७८)।

सोवण्ण वि [सौवर्ण] स्वर्ण-निर्मित, सोने का (महा; सम्मत्त १७३)।

सोवण्णमक्खिआ स्त्री [दे] मधुमक्षिका की एक जाति, एक तरह की शहद की मक्खी (दे ८, ४६)।

सोवण्णिअ, **सोवण्णिग** वि [सौवर्णिक] सोने का, सुवर्ण-घटित (प्रति ७; स ४५८)। °पव्वय पुं [°पर्वत] मेरु पर्वत (पउम २, १८)।

सोवण्णेअ पुंस्त्री [सौपर्णेय] गरुडपक्षी। स्त्री. °आ, °ई (षड्)।

सोवत्थ न [दे] १ उपकार। २ वि. उपभोग्य, उपभोगयोग्य (दे ८, ४५)।

सोवत्थि, **सोवत्थिअ** वि [सौवस्तिक] १ माङ्गलिक वचन बोलनेवाला, मागध आदि स्वस्ति-वाचक (ठा ४, २—पत्र २१३; औप)। २ पुं. ज्योतिष्क महाग्रह-विशेष (ठा २, ३—पत्र ७८)। ३ त्रीन्द्रिय जन्तु की एक जाति (पराग १—पत्र ४५)।

सोवत्थिअ पुं [स्वस्तिक] १ साथिया, एक मङ्गलचिह्न (औप)। २ पुंन. विद्युत्प्रभ नामक वक्षस्कार पर्वत का एक शिखर (इक)। ३ पूर्व रुचक-पर्वत का एक शिखर (राज)। ४ एक देव-विमान (देवेन्द्र १४१)। देखो सत्थिअ, सोत्थिअ = स्वस्तिक।

सोवन्न देखो सोवण्ण (अंत १७; श्रा २८; सिरि ८११; भवि)।

सोवन्निअ देखो सोवण्णिअ (णाया १, १—पत्र ५२)।

सोवरिअ देखो सोअरिअ = शौकरिक (सूअ २, २, २८)।

सोवरी स्त्री [शाम्बरी] विद्या-विशेष (सूत्र २, २, २७)।

सोववत्तिअ वि [सोपपत्तिक] सयुक्तिक, युक्ति-युक्त (उप ७२८ टी)।

सोवाअ वि [सोपाय] उपाय-साध्य (गउड)।

सोवाग पुं [श्वपाक] चाण्डाल, डोम (आचा; ठा, ४, ४—पत्र २७१; उत्त १३, ६; उव; सुपा ३७०; कुप्र २६२; उर १, १५)।

सोवागी स्त्री [श्वापाकी] विद्या-विशेष (सूत्र २, २, २७)।

सोवाण न [सोपान] सीढ़ी, निसेनी, पैड़ी (सम १०६; गा २७८; उव; सुर १, ६२)।

सोवासिणी देखो सवासिणी (भवि)।

सोविअ वि [स्वापित] सुलाया हुआ, शायित; 'कमलकिसलयरइए सत्थरए सोविओ तेण' (सुर ४, २४४; उप १०३१ टी)।

सोविदल्ल पुंस्त्री [सौविदल्ल] अन्तःपुर का रक्षक (गउड)। स्त्री. °ल्ली (सुपा ७)।

सोवीर पुं ब. [सौवीर] १ देश-विशेष (पव २७५; सूत्र , ५, १, १—टी)। २ न. काञ्जिक, काँजी (ठा ३, ३—पत्र १४७; पाद्य)। ३ अञ्जन-विशेष, सौवीर देश में होता सुरमा (जी ४)। ४ मद्य-विशेष (कस)।

सोवीरा स्त्री [सौवीरा] मध्यम ग्राम की एक मूर्छना (ठा ७—पत्र ३९३)।

सोव्व वि [दे] पतित-दन्त, जिसका दांत गिर गया हो वह (दे ८, ४५)।

सोस सक [शोषय्] सुखाना, शोषण करना। सोसइ (भवि)। वकृ. सोसयंत (कप्प)।

सोस देखो सुस्स। सोसउ (हे ४, ३६५)।

सोस पुं [शोष] १ शोषण (गउड; प्रासू ६४)। २ रोग-विशेष, दाह रोग (लहुअ १५)।

सोसण पुं [दे] पवन, वायु (दे ८, ४५)।

सोसण न [शोषण] १ सुखाना। २ कामदेव का एक बाण (कप्पू)। ३ त्रि. शोषण-कर्ता, सुखानेवाला (पउम २८, ५ ; कुप्र ४७)।

सोसणया, **सोसणा** स्त्री [शोषणा] शोषण (उवा; उत्त ३ , ५)।

सोसणी स्त्री [दे] कटी, कमर (दे ८, ४५)।

सोसविअ वि [शोषित] सुखाया हुआ (हे ३, १५०, उव)।

सोसाव देखो सोस = शोषय्। हेकृ. सोसावेदुं (शौ) (नाट)।

सोसास वि [सोच्छ्वास] ऊर्ध्व श्वास-युक्त (षड्)।

सोसिअ देखो सोसविअ (हे ३, १५०; सुर ३, १ ६; महा)।

सोसिअ वि [सोच्छ्रित] ऊँचा किया हुआ (कप्प)।

सोसिल्ल वि [शोफवत्] शोफ युक्त, सूजन रोगवाला (विपा १, ७—पत्र ७३)।

सोह अक [शुभ्] शोभना, चमकना। सोहइ, सोहए सोहंति (हे १, १८७; पाअ; कुमा)। वकृ. सोहंत, सोहमाण (कप्प; सुर ३, १११; नाट—उत्तर ८)।

सोह सक [शोभय्] शोभा-युक्त करना। सोहेइ (उवा)।

सोह सक [शोधय्] १ शुद्धि करना। २ खोज करना, गवेषणा करना। ३ संशोधन करना। सोहेइ (उव)। वकृ. 'लूसिअं सगिहं दट्ठुं सोहिंतो दइअं निअं' (श्रा १२)। सोहेमाण (उवा; विपा १, १—पत्र ७)। कवकृ. सोहिज्जंत (उप ७२८ टी)। कृ. सोहणीअ, सोहेयव्व (णाया १, १६—पत्र २०२; नाट—शकु ६६; सुपा ६५७)। संकृ. सोहइत्ता (उत्त २९, १)।

सोह देखो सउह = सौध (रुक्मि ६१; प्रति ४१; नाट—मालती १३८)।

सोहंजण पुं [दे. शोभाञ्जन] वृक्ष-विशेष, सहिंजने का पेड़ (दे ८, ३७; कप्पू)।

सोहग देखो सोभग (कप्प ३८ टी)।

सोहग पुं [शोधक] धोबी, रजक (उप पृ २४१)। देखो सोहय = शोधक।

सोहग्ग न [सौभाग्य] १ सुभगता, लोक-प्रियता (औप; प्रासू ६६)। २ पति-प्रियता (सुर ३, १८१; प्रासू ८५)। ३ सुन्दर भाग्य (उप पृ ४७; १०८)। °कप्परुक्ख पुं [°कल्पवृक्ष] तप-विशेष (पव २७१)। °गुलिया स्त्री [°गुटिका] सौभाग्य-जनक मन्त्र-विशेष से संस्कृत गोली (सुपा ५९७)।

सोहग्गंजण न [सौभाग्याञ्जन] सौभाग्य-जनक अंजन (सुपा ५९७)।

सोहग्गिअ वि [सौभागित] भाग्य-शाली, सुन्दर भाग्यवाला (उप पृ ४७; १०८)।

सोहण पुं [शोभन] १ एक प्रसिद्ध जैन मुनि (सम्मत्त ७५)। २ वि. शोभा-युक्त, सुन्दर (सुर १, १४७; ३, १८५; प्रासू १३२)। स्त्री. °णा, °णी (प्राकृ ४२)। °वर न [°वर] वैताढ्य की उत्तर श्रेणि का एक विद्याधर-नगर (इक)।

सोहण न [शोधन] १ शुद्धि, सफाई (उप ५९७ टी; सुज्ज १०, ६ टी; कप्प)। २ वि. शुद्धि-जनक (श्रा ६)।

सोहणी स्त्री [दे] संमार्जनी, झाड़ू (दे ८, १७)।

सोहद न [सौहृद] १ मित्रता। २ बन्धुता (अभि २१८; अच्चु ५०)।

सोहम्म देखो सुधम्म, सुहम्म = सुधर्मन् (सम १९)।

सोहम्म पुं [सौधर्म] प्रथम देवलोक (सम २; राय; अणु)। °कप्प पुं [°कल्प] पहला देवलोक, स्वर्ग-विशेष (महा)। °वइ पुं [°पति] प्रथम देवलोक का स्वामी, शक्रेन्द्र (सुपा ५१)। °वडिंसय पुंन [°ावतंसक] एक देव-विमान (सम ८; २५; राय ५९)। °सामि पुं [°स्वामिन्] प्रथम देवलोक का इन्द्र (सुपा ५१)।

सोहम्म° देखो सुहम्मा (महा)।

सोहम्मण देखो सोहण = शोभन; 'रयणंपि गुणुक्करिसं उवेइ सोहम्मणगुणेणं' (कम्म ६, १ टी)।

सोहम्मिंद पुं [सौधर्मेन्द्र] शक्र, प्रथम देव-लोक का स्वामी (महा)।

सोहम्मिय वि [सौधर्मिक] सौधर्म-देवलोक का (सण)।

सोहय वि [शोधक] शुद्धि-कर्ता, सफाई करनेवाला (विसे ११६९)। देखो सोहग = शोधक।

सोहय देखो सोहग = शोभक (उप पृ २१६)।

सोहल वि [शोभावत्] शोभा-युक्त (सण; भवि)।

सोहा स्त्री [शोभा] १ दीप्ति, चमक (से १, ४८; कुमा; सुपा ३१; रंभा)। २ छन्द-विशेष (पिंग)।

सोहाव सक [शोधय्] सफा कराना। सोहावेह (स ५११)।

सोहाविय वि [शोधित] साफ कराया हुआ (स ६२)।

सोहि स्त्री [शुद्धि, शोधि] १ निर्मलता (णाया १, ५—पत्र १०५; संबोध १२)। २ आलोचना, प्रायश्चित्त (ओघ ७९१; ७९७; आचा)।

सोहि वि [शोधिन्] शुद्धि-कर्ता (औप)।

सोहि वि [शोभिन्] शोभनेवाला (संबोध ४८; कप्पू; भवि)। स्त्री. °णी (नाट—रत्ना १३)।

सोहि पुंस्त्री [दे] १ भूत काल। २ भविष्य काल (दे ८, ५८)।

सोहिअ न [दे] पिष्ट, आटा, चावल आदि का चूर्ण (षड्)।

सोहिअ वि [शोभित] शोभा-युक्त (सुर ३, ७२; महा; औप; भग)।

सोहिअ वि [शोधित] शुद्ध किया हुआ (पण्ह २, १; भग)।

सोहिद देखो सोहद (नाट—शकु १०६)।

सोहिर वि [शोभितृ] शोभनेवाला (गा ५११)।

सोहिल्ल वि [शोभावत्] शोभा-युक्त (गा ५४७; सुर ३, ११; ८, १०८; हे २, १५९; चंड; भवि; सण)।

सौअरिअ देखो सोअरिअ = सौदर्य (चंड)।

सौंअरिअ न [सौन्दर्य] सुन्दरता (हे १, १)।

सौह देखो सउह = सौध (रुक्मि ५६; नाट—मालती १३६)।

°स्स देखो स = स्व (गा २२९)।

°स्सास देखो सास = श्वास (गा ८५६)।

°स्सिरी देखो सिरी = श्री (गा ६७७)।

°स्सेअ देखो सेअ = स्वेद (अभि २१०)।

॥ इअ सिरिपाइअसद्दमहण्णवम्मि सयाराइसद्दसंकलणो

सत्ततीसइमो तरंगो समत्तो ॥

ह

ह पुं [ह] १ कंठ-स्थानीय व्यञ्जन वर्ण-विशेष (प्राप; प्रामा)। २ अ. इन अर्थों का सूचक अव्यय—संबोधन; 'से-भिक्खू गिलाइ, से हंद ह णं तस्साहरह' (आचा २, १, ११, १; २; पि २७५)। ३ नियोग। ४ क्षेप, निन्दा। ५ निग्रह। ६ प्रसिद्धि। ७ पादपूर्ति (हे २, २१७)।

ह देखो हा = अ. (हे १, ६७)।

हइ स्त्री [हति] हनन, वध, मारण (श्रा २७)।

हं अ. [हम्] इन अर्थों का सूचक अव्यय—१ क्रोध (उवा)। २ असम्मति (स्वप्न २१)।

हंजय पुं [दे] शरीर-स्पर्श-पूर्वक किया जाता शपथ—सौगंध (दे ८, ६१)।

हंजे अ. इन अर्थों का सूचक अव्यय—१ दासी का आह्वान (हे ४, २८१; कुमा; पिंग)। २ सखी का आमन्त्रण (स ६२२; सम्मत्त १७२)।

°हंड देखो खंड (हम्मीर १७)।

°हंडण देखो भंडण (गा ६१२; पि ५८८)।

हंत देखो हंता (धर्मसं २०२; राय २६; सण; कप्पू; पि २७५)।

हंतव्व } देखो हण।
हंता }

हंता अ [हन्त] इन अर्थों का सूचक अव्यय—१ अभ्युपगम, स्वीकार (उवा; औप; भग; तंदु १४; अणु १६०; णाया १, १—पत्र ७४)। २ कोमल आमन्त्रण (भग; अणु १६०; तंदु १४; औप)। ३ वाक्य का आरम्भ। ४ प्रत्यवधारण। ५ संप्रेषण। ६ खेद। ७ निर्देश (राज)। ८ हर्ष। ९ अनुकम्पा (राय)। १० सत्य (उवा)।

हंतु वि [हन्तृ] मारनेवाला (आचा; भग; पउम ५१, १६; ७३, १६; विसे २६१७)।

हंतूण देखो हण।

हंदि अ. 'ग्रहण करो' इस अर्थ का सूचक अव्यय (हे २, १८१; कुमा; आचा २, १, ११, १; २; पि २७५)।

हंदि अ. इन अर्थों का सूचक अव्यय—१ विषाद, खेद। २ विकल्प। ३ पश्चात्ताप। ४ निश्चय। ५ सत्य। ६ 'लो', 'ग्रहण करो' (पात्र; हे २, १८०; षड्; कुमा)। ७ आमन्त्रण, संबोधन (पिंड २१०; धर्मसं ४४)। ८ उपदर्शन (पंचा ३, १२; दसनि ३, ३७)।

हंभो देखो हंहो (सुर ११, २३४; आचा; सूअ २, २, ८१)।

हंस देखो हस्स = ह्रस्व (प्राप्र)।

हंस पुं [हंस] १ पक्षि-विशेष (णाया १, १—पत्र ५३; पण्ह १, १—पत्र ८; कुमा; प्रासू १३; १६९)। २ रजक, धोबी; 'वत्थ-धोवा हवंति हंसा वा' (सूअ १, ४, २, १७)। ३ संन्यासि-विशेष (से १, २६; औप)। ४ सूर्य, रवि (सिरि ५४७)। ५ मणि-विशेष, हंसगर्भ नामक रत्न की एक-जाति (पण्ण १—पत्र २६)। ६ छन्द का एक भेद (पिंग)। ७ निर्लोभी राजा। ८

विष्णु। ६ परमेश्वर, परमात्मा। १० मत्सर। ११ मन्त्र-विशेष। १२ शरीर-स्थित वायु की चेष्टा-विशेष। १३ मेरु पर्वत। १४ शिव, महादेव। १५ अश्व की एक जाति। १६ श्रेष्ठ। १७ अगुआ। १८ विशुद्ध। १९ मन्त्र-वर्ण-विशेष (ह २, १८२)। २० पतंग, चतुरिन्द्रिय जन्तु-विशेष (अणु ३४)। °गब्भ पुं [°र्भ] रत्न की एक जाति (णाया १, १—पत्र ३१; १७—पत्र २२६; कप्प; उत्त ३६, ७७)। °तूली स्त्री [°तूली] बिछौने की गद्दी (सुर ३, १८८; ६, १२८)। °दीव पुं [°द्वीप] द्वीप-विशेष (पउम ५४, ४५)। °लक्खण वि [°लक्षण] १ शुक्ल, सफेद (अंत)। २ विशद, निर्मल (जं २)।

हंसय पुंन [हंसक] नूपुर (पाअ; सुपा ३२७)।

हंसल पुं [दे] आभूषण-विशेष (अणु)। देखो **हांसल**।

हंसी स्त्री [हंसी] १ हंस पक्षी की मादा (पाअ)। २ छन्द का एक भेद (पिंग)।

हंसुलय पुं [हंस] अश्व की एक उत्तम जाति (सम्मत्त २१६)।

हंहो अ [हंहो] इन अर्थों का सूचक अव्यय—१ संबोधन, आमन्त्रण (सुख २३, १; धर्मवि ५५; उव ५९७ टी)। २ तिरस्कार (धम्म ११ टी)। ३ दर्प, गर्व। ४ दंभ, कपट। ५ प्रश्न (हे २, २१७)।

हकुव न [हकुव] फल-विशेष (अनु ५)।

हक्क सक [नि + षिध्] निषेध करना, निवारण करना। हक्कइ (हे ४, १३४; षड्)। वकृ. **हक्कमाण** (कुमा)।

हक्क सक [दे] हाँकना—१ पुकारना, आह्वान करना। २ प्रेरणा करना। ३ खदेड़ना। हक्कई (सुपा १८३)। वकृ. **हक्कंत** (सुर १५, २०३; सुपा ५३८)। कवकृ. **हक्किज्जंत** (सुपा २५३)। संकृ. **हक्किय, हक्किउं, हक्किऊण** (सुर २, २३१; सुपा २४८; महा)।

हक्का स्त्री [दे] हाँक—१ पुकार, बुलाहट, आह्वान। २ प्रेरणा; 'धवलो धुरम्मि जुत्तो न सहइ उच्चारियं हक्कं' (वज्जा ३८; पिंग; सुपा १५१; सिरि ४१०; उप पृ ७८)।

हक्कार सक [आ + कारय्] पुकारना, आह्वान करना, बुलाना। हक्कारइ (महा; भवि)। हक्कारह (सुपा १८८)। कर्म. हक्कारिज्जंतु (सुर १, १२६; सुपा २९२)। वकृ. **हक्कारेंत, हक्कारेमाण** (सुर ३, ६८; णाया १, १८—पत्र २४०)। संकृ. **हक्कारिऊण, हक्कारेऊण** (कुम्म ८; सुपा २२०)। प्रयो. हक्कारावइ (सुपा ११८)।

हक्कार सक [दे] ऊँचे फैलाना। कर्म. हक्कारिज्जंति (सिरि ४२४)।

हक्कार पुं [हाकार] १ युगलिकों के समय की एक दण्डनीति (ठा ७—पत्र ३९८)। २ हाँकने की आवाज (सुर १, २४६)।

हक्कारण न [आकारण] आह्वान (स २६४; कुप्र ११६)।

हक्कारिअ वि [आकारित] आहूत (सुपा २९९; ओघ ६२२ टी; महा)।

हक्किअ वि [दे] हाँका हुआ—१ खदेड़ा हुआ; 'हक्किओ करी' (महा); 'जेण तओ पासत्थाइतेणसेणावि हक्किया सम्मं' (सार्ध १०३)। २ आहूत (कुप्र १४१)। ३ प्रेरित (सुपा २९१)। ४ उन्नत (षड्)।

हक्किअ वि [निषिद्ध] निवारित (कुमा)।

हक्कोद्ध वि [दे] अभिलषित (दे ८, ६०)।

हक्खुत्त वि [दे] उत्पाटित, उठाया हुआ, उत्क्षिप्त (दे ८, ६०; पउम ११७, ५; पाअ; स ६१४)।

हक्खुव सक [उत् + क्षिप्] १ ऊँचा करना, उठाना। २ फेंकना। हक्खुवइ (हे ४, १४४); 'तणुयरदेहो देवो हक्खुवइ व किं महासेलं' (विसे ६६५)।

हक्खुविअ वि [उत्क्षिप्त] उत्पाटित (कुमा)।

हच्चा स्त्री [हत्या] वध, घात (कुप्र १५७; धर्मवि १७)।

हट्ट पुं [हट्ट] १ आपाण, बाजार (गा ७८४; भवि)। २ दूकान (सुपा ११; १८६)। °गाई, °गावी स्त्री [°गवी] व्यभिचारिणी स्त्री, कुलटा (सुपा ३०१; ३०२)।

हट्टिगा } स्त्री [हट्टिका] छोटी दूकान (मोह
हट्टी } ९२; सुपा १८६)।

हट्ठ वि [हृष्ट] १ हर्ष-युक्त, आनन्दित। २ विस्मित (उवा; विपा १, १; औप; राय)। ३ नीरोग, रोग-रहित; 'हट्ठेण गिलाणेण व अमुगतवो अमुगदिणम्मि नियमेणं कायव्वो' (पव ४—गाथा १९२)। ४ शक्तिशाली जवान, समर्थ तरुण (कप्प)। ५ दृढ़, मजबूत (ओघ ७५)।

°**हट्ठ** देखो **भट्ठ** (गा ६५४ अ)।

हट्ठमहट्ठ वि [दे] १ नीरोग। २ दक्ष, चतुर (दे ८, ६१)। ३ स्वस्थ युवा (षड्)।

हड वि [दे. हृत] जिसका हरण किया गया हो वह (दे ८, ५९; कप्प)।

हडक } (मा) देखो **हिअय = हृदय** (प्राकृ
हडक्क } १०५; १०२; प्राप; नाट—मृच्छ ६१; पि ५०; १५०)।

हडप्प } पुं [दे] १ पात्र-विशेष, द्रम्म
हडप्फ } आदि का पात्र। २ ताम्बूल आदि का पात्र (औप)। ३ आभरण का करण्डक (णाया १, १ टी—पत्र ५७; ५८)।

हडहड पुं [दे] १ अनुराग, प्रेम (दे ८, ७४; षड्)। २ ताप (दे ८, ७४)।

हडहड पुं [हडहड] 'हड-हड' आवाज (सिरि ७७९)।

हडाहड वि [दे] अत्यर्थ, अत्यन्त (विपा १, १—पत्र ५; णाया १, १६—पत्र १९९)।

हडि पुं [हडि] काष्ठ का बन्धन-विशेष, काठ की बेड़ी (णाया १, २—पत्र ८६; विपा १, ६—पत्र ६६; औप; कम्म १, २३)।

हड्ड न [दे] हाड़, अस्थि (दे ८, ५९; तंदु ३८; सुपा ३५५; श्रु १००)।

हढ पुं [हठ] १ बलात्कार (पाअ; पण्ह १, ३—पत्र ४४; दे १, १९)। २ जल में होनेवाली वनस्पति-विशेष, कुम्भी, जलकुम्भी, काई; 'वायाइद्धो व्व हढो अट्ठिअप्पा भविस्ससि' (उत्त २२, ४४; सूअ २, ३, १८; पण्ण १—पत्र ३४)।

हण सक [हन्] १ वध करना। २ जाना, गति करना। हणइ, हणिआ (कुमा; आचा)। भूका. हणिसु, हणीअ (आचा; कुमा)। भवि. हणिही (कुमा)। कर्म. हणिज्जइ, हणिज्जए, हम्मए, हन्नइ, हम्मइ (हे ४, २४४; कुमा; प्रासू १६; आचा)।

भवि. हम्मिहिइ, हणिहिइ (हे ४, २४४)। वकृ. हणंत (आचा; कुमा)। कवकृ. हण्णु, हणिज्जमाण, हम्मंत, हम्ममाण (सूत्र १, २, २, ५; श्रा १४; सुर १, ६६; विपा १, २—पत्र २४; पि ५४०)। संकृ. हंता, हंतूण, हंतूणं, हत्तूण, हणिऊण, हणिअ (आचा; प्रासू १४७, प्राकृ ३४; नाट)। हेकृ. हंतुं, हणिउ° (महा; उप पृ ४८)। कृ. हंतव्व (से ३, ३; हे ४, २४४; आचा)।

हण सक [श्रु] सुनना। हणइ (हे ४, ५८)।

हण वि [दे] दूर, अनिकट (दे ८, ५६)।

हण देखो हणण; 'हणदहणपयणमारण—' (पउम ८, २३२)।

°हण देखो धण = धन (गा ७१५; ८०१)।

हणण न [हनन] १ मारण, वध, घात (सुपा २४५; सण)। २ विनाश (पण्ह २, ५—पत्र १४८)। ३ वि. वध-कर्ता। स्त्री. °णी (कुप्र २२)।

हणिअ वि [हत] जिसका वध किया गया हो वह (श्रा २७; कुमा; प्रासू १६; पिंग)।

हणिअ देखो हण = हन्।

हणिअ वि [श्रुत] सुना हुआ (कुमा)।

हणिद देखो हिणिद (गा ६६३)।

हणिर वि [हन्तृ] वध करनेवाला (सुपा ६०७)।

हणिहणि, हणिहणिं अ [अहन्यहनि] १ प्रतिदिन, हमेशा (पण्ह २, ३—पत्र १२२)। २ सर्वथा, सब तरह से (पण्ह २, ५—पत्र १४८)।

हणु वि [दे] सावशेष, बाकी बचा हुआ (दे ८, ५६; सण)।

हणु पुंस्त्री [हनु] चिबुक, होठ के नीचे का भाग, ठुड्डी, ठोढ़ी, दाढ़ी (आचा; पण्ह १, ४—पत्र ७८)। °अ, °म, °मंत, °यंत पुं [°मत्] हनुमान्, रामचन्द्रजी का एक प्रख्यात अनुचर, पवन तथा अञ्जनासुन्दरी का पुत्र (पउम १, ५६; १७, १२१; ४७, २६; हे २, १४६; कुमा; प्राप्र; पउम १६, १५; ५६, २१)। °रुह, °रूह न [°रुह] नगर-विशेष (पउम १, ६१; १७, ११८)। °व, °वंत देखो °म (पउम ४७, २५; ५०, ६; उप पृ ३७६)।

हणुया स्त्री [हनुका] १ ठुड्डी, ठोढ़ी, दाढ़ी (अनु ५)। २ दंष्ट्रा-विशेष दाढ़ा-विशेष (उवा)।

हणू स्त्री [हनू] देखो हणु (पि ३९८; ३९९)।

हण्णु देखो हण = हन्।

हत्त देखो हय = हत (पि १९४; ५६५)।

°हत्तरि देखो सत्तरि (पि २६४)।

हत्तु वि [हर्तृ] हरण-कर्ता (प्राकृ २०)।

हत्तूण देखो हण = हन्।

हत्थ वि [दे] १ शीघ्र, जल्दी करनेवाला (दे ८, ५९)। २ क्रिवि. जल्दी (ओप)।

हत्थ पुंन [हस्त] १ हाथ; 'अत्थित्तणेण हत्थं पसारियं जस्स कण्हेणं' (वज्जा १०६; आचा; कप्प; कुमा; दं ६)। २ पुं. नक्षत्र-विशेष (सम १०; १७)। ३ चौबीस अंगुल का एक परिमाण। ४ हाथी की सूँढ (हे २, ४५; प्राप्र)। ५ एक जैन मुनि (कप्प)। °कप्प न [°कल्प] नगर-विशेष (णाया १, १६—पत्र २२६; पिंड ४६१)। °कम्म न [°कर्मन्] हस्त-क्रिया, दुश्चेष्टा-विशेष (सूत्र १, ९, १७; ठा ३, ४—पत्र १६२; सम ३९; कस)। °ताड, °ताल पुं [°ताड] हाथ से ताड़न (राज; कस ४, ३ टि)। °पहेलिअ स्त्रीन [°प्रहेलिक] संख्या-विशेष, शीर्षप्रकम्पित को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह (इक)। °प्पाहुड न [°प्राभृत] हाथ से दिया हुआ उपहार (दे ८, ७३)। °मालय न [°मालक] आभरण-विशेष (ओप)। °लहुत्तण न [°लघुत्व] १ हस्त-लाघव। २ चोरी (पण्ह १, ३—पत्र ४३)। °सीस न [°शीर्ष] नगर-विशेष (णाया १, १६—पत्र २०८)। °ाभरण न [°ाभरण] हाथ का गहना (भग)। °ायाल पुं [°ताड] देखो °ताड (कस)। °ालंब पुं [°ालम्ब] हाथ का सहारा, मदद (से १, १६; सुर ४, ७१; कस)।

हत्थंकर पुं [हस्तङ्कर] वनस्पति-विशेष (आचा २, १०, २)।

हत्थंदु, हत्थंदुय पुंन [हस्तान्दुक] हाथ बाँधने का काठ आदि का बन्धन-विशेष (पिंड ५७३; विपा १, ६—पत्र ६६)।

हत्थच्छुहणी स्त्री [दे] नव-वधू, नवोढ़ा (दे ८, ६५)।

हत्थड (अप) देखो हत्थ (हे ४, ४४५; पि ५९९)।

हत्थय न [हस्तक] कलाप-समूह (दश० अगस्त्य० सूत्र ५१ पत्र ८१)।

हत्थल पुं [दे] १ क्रीड़ा के लिए हाथ में ली हुई चीज। २ वि. हस्त-लोल, चञ्चल हाथ-वाला (दे ८, ७३)।

हत्थल वि [हस्तल] १ खराब हाथवाला। २ पुं. चोर, तस्कर (पण्ह १, ३—पत्र ४३)।

हत्थलिज्ज देखो हत्थिलिज्ज (राज)।

हत्थल्ल वि [दे] क्रीड़ा से हाथ में लिया हुआ (दे ८, ६०)।

हत्थल्लिअ वि [दे] हस्तापसारित, हाथ से हटाया हुआ (दे ८, ६४)।

हत्थल्ली स्त्री [दे] हस्त-बृसी, हाथ में स्थित आसन-विशेष (दे ८, ६१)।

हत्थार न [दे] सहायता, मदद (दे ८, ६०)।

हत्थारोह पुं [हस्त्यारोह] हस्तिपक, हाथी का महावत (विपा १, २—पत्र २३)।

हत्थावार न [दे] सहायता, मदद (भवि)।

हत्थाहत्थि स्त्री [हस्ताहस्तिका] हाथोंहाथ, एक हाथ से दूसरे हाथ (गा १७६)।

हत्थाहत्थि अ. ऊपर देखो (गा २२६, ५८१; पुप्फ ४६३)।

हत्थि पुंस्त्री [हस्तिन्] १ हाथी (गा ११६; कुमा; अभि १८७)। स्त्री. °णी (णाया १, १—पत्र ६३)। २ पुं. नृप-विशेष (ती १४)। °आरोह पुं [आरोह] हाथी का महावत (धर्मवि १६)। °कण्ण, °कन्न पुं [°कर्ण] १ एक अन्तर्द्वीप। २ वि. उसका निवासी मनुष्य (इक ठा ४, २—पत्र २२६)। °कप्प न [°कल्प] देखो हत्थ-कप्प (राज)। °गुलगुलाइय न [°गुलगुलायित] हाथी का शब्द-विशेष (राय)। °णागपुर न [°नागपुर] नगर-विशेष, हस्तिनापुर (उप ६४८ टी; सण)। °तावस पुं [°तापस]

बौद्ध साधु-विशेष, हाथी को मारकर उसके मांस से जीवन-निर्वाह करने के सिद्धान्तवाला संन्यासी (औप; सूअनि १६०)। °नायपुर देखो °नागपुर (भवि)। °पाल पुं [°पाल] भगवान् महावीर के समय का पावापुरी का एक राजा (कप्प)। °पिप्पली स्त्री [°पिप्पली] वनस्पति-विशेष (उत्त ३४, ११)। °मुह पुं [°मुख] १ एक अन्तर्द्वीप। २ वि. उसका निवासी मनुष्य (ठा ४, २—पत्र २२६; इक)। °रयण न [°रत्न] उत्तम हाथी (औप)। °राय पुं [°राज] उत्तम हाथी (सुपा ४२६)। °वाउय पुं [°व्यापृत] महावत (औप)। °वाल देखो °पाल (कप्प)। °विजय न [°विजय] वैताढ्य की उत्तर श्रेणि का एक विद्याधर-नगर (इक)। °सीस न [°शीर्ष] एक नगर, जो राजा दमदन्त की राजधानी थी (उप ६४८ टी)। °सुंडिया देखो °सोंडिगा (राज)। °सोंड पुं [°शौण्ड] त्रीन्द्रिय जन्तु-विशेष (पराग १—पत्र ४५)। °सोंडिगा स्त्री [°शुण्डिका] आसन-विशेष (ठा ५, १ टी—पत्र २६६)।

हत्थिअचक्खु न [दे] वक्र अवलोकन (दे ८, ६५)।

हत्थिअग वि [हस्तीय, हस्त्य] हाथ का, हाथ-संबन्धी (पिंड ४२४)।

हत्थिणउर, हत्थिणपुर, हत्थिणाउर, हत्थिणापुर न [हस्तिनापुर] नगर-विशेष (ठा १०—पत्र ४७७; सुर १०, १५५; महा; गउड; सुर १, ६४; नाट—शकु ७४; अंत)।

हत्थिणी देखो हत्थि।

हत्थिमल्ल पुं [दे] इन्द्र-हस्ती, ऐरावण हाथी (दे ८, ६३)।

हत्थियार न [दे] १ हथियार, शस्त्र (धर्मसं १०२२; ११०४; भवि)। २ युद्ध, लड़ाई; 'ता उट्ठेहि संपयं करेहि हत्थियारं ति', 'देव, कोइसं देवेण सह हत्थियारकरणं' (स ६३७; ६३८)।

हत्थिलिज्ज न [हस्तिलीय] एक जैन-मुनि-कुल (कप्प)।

हत्थिवयय पुं [दे] ग्रह-भेद (दे ८, ६३)।

हत्थिहत्थिल्ल पुं [दे] वेप (दे ८, ६४)।

हत्थुत्तरा स्त्री [हस्तोत्तरा] उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र (कप्प)।

हत्थुल्ल देखो हत्थ (हे २, १६४; षड्)।

हत्थोडी स्त्री [दे] १ हस्ताभरण, हाथ का आभूषण। २ हस्त-प्राभृत, हाथ से दिया जाता उपहार (दे ८, ७३)।

हथलेव पुं [दे] हस्त-ग्रहण, पाणि-ग्रहण (सिरि १५८)।

हद देखो हय = हत (प्राप्र; प्राकृ १२)।

हद, हद्द पुं [दे] बालक का मल-मूत्रादि (पिंड ४७१)।

हद्धय पुं [दे] हास, विकास (दे ८, ६२)।

हद्धि, हद्धी अ [हा धिक्] १ खेद। २ अनुताप (प्राकृ ७६; षड्; स्वप्न ६१; नाट—शकु ६६; हे २, १६२)।

हमार (अप) वि [अस्मदीय] हमारा, हमसे संबन्ध रखनेवाला (पिंग)।

हमिर देखो भमिर (पि १८८)।

हम्म सक [हन्] वध करना। हम्मइ (हे ४, २४४; कुमा; संक्षि ३४; प्राकृ ६८)।

हम्म सक [हम्म्] जाना। हम्मइ (हे ४, १६२)।

हम्म न [हर्म्य] क्रीड़ा-गृह (से ६, ४३)।

हम्म° देखो हण = हन्।

हम्मार देखो हमार (पिंग)।

हम्मिअ वि [हम्मित] गत, गया हुआ (स ७४३)।

हम्मिअ न [दे. हर्म्य] गृह, प्रासाद, महल (दे ८, ६२; पाअ; सुर ६, १५०; आचा २, २, १, १०)।

हम्मीर पुं [हम्मीर] विक्रम की तेरहवीं शताब्दी का एक मुसलमान राजा (ती ५; हम्मीर २७; पिंग)।

हय वि [हत] जो मारा गया हो वह (औप; से २, ११; महा)। °माकोड पुं [°मर्कोट] एक विद्याधर-नरेश (पउम १०, २०)। °स वि [°श] निराश (पउम ६१, ७४; गा २८१; हे १, २०६; २, १६५; उव)।

हय पुं [हय] अश्व, घोड़ा (औप; से २, ११; कुमा)। °कंठ पुं [°कण्ठ] रत्न-विशेष, अश्व के कंठ जितना बड़ा रत्न (राय ६७)। °कण्ण, °कन्न पुं [°कर्ण] १ एक अन्तर्द्वीप। २ वि. उसका निवासी मनुष्य (इक; ठा ४, २—पत्र २२६)। ३ एक अनार्य देश (पव २७४)। °मुह पुं [°मुख] १ एक अन्तर्द्वीप (इक)। २ एक अनार्य देश (पव २७४)।

हय देखो हिअ = हृत (महा; भवि; राय ४४)।

हय देखो हर = ग्रह। °पोंडरीय पुं [°पुण्डरीक] पक्षि-विशेष (पराह १, १—पत्र ८)।

°हय देखो भय (गा ३८०)।

हयमार पुं [दे. हतमार] कणेर का गाछ (पाअ)।

हर सक [हृ] १ हरण करना, छीनना। २ प्रसन्न करना, खुश करना। हरइ (हे ४, २३४; उव; महा)। कर्म. हरिज्जइ, हीरइ, हरीअइ, हीरिज्जइ (हे ४, २५०; धात्वा १५७)। वकृ. हरंत (पि ३६७)। कवकृ. हीरंत, हीरमाण (गा १०५; सुर १२, १११; सुपा ६३५)। संकृ. हरिऊण (महा)। हेकृ. हरिउं (महा)। कृ. हिज्ज, हेज्ज (पिंड ४४६; ४५३)।

हर सक [ग्रह्] ग्रहण करना, लेना। हरइ (हे ४, २०६)।

हर सक [ह्वद्] आवाज करना। °हरइ (से ५, ७१)।

हर पुं [हर] १ महादेव, शंकर (सुपा ३६३; कुमा; षड्; हे १, ५१; गा ६८७; ७६४)। २ छन्द-विशेष (पिंग)। °मेहल न [°मेखल] कला-विशेष (सिरि ५६)। °वल्लहा स्त्री [°वल्लभा] गौरी, पार्वती (सुपा ५६७)।

हर पुं [ह्रद] द्रह, बड़ा जलाशय (से ६, ६५)।

हर देखो घर = गृह; 'ता वच्च पहिय मा मग्ग वासयं एत्थ मज्झ हरे' (वज्जा १००; कुमा; सुपा ३६३; हे २, १४४)।

°हर देखो धर = धृ। कृ. °हरेअव्व (से ६, ३)।

°हर देखो भर = भर (पउम १००, ५४; सुपा ४३२)।

°हर वि [°हर] हरण-कर्ता (सण)।

°हर वि [°धर] धारण करनेवाला (गा ३१५; ३६५)।

हरअई } स्त्री [हरीतकी] १ हर्रे का गाछ। हरडई } २ फल-विशेष, हर्रे (षड्; हे १, ६६; कुमा)।

हरण न [हरण] १ छीनना (सुपा १८; ४३६; कुमा)। २ वि. छीननेवाला (कुप्र ११४; धर्मवि ३)।

हरण न [ग्रहण] स्वीकार (कुमा)।

हरण न [स्मरण] स्मृति, याद;

'अलिअकुविअंपि कअमंतुअंव
मं जेसु सुहअ अणुणंतो।
ताण दिअहाण हरणे रुआमि,
ण उणो अहं कुविआ'
(गा ६४१)।

°हरण देखो भरण (गा ५२७ अ)।

हरतणु पुं [हरतनु] खेत में बोये हुए गेहूँ, जौ आदि के बालों पर होता जल-बिन्दु (कप्प; चेइय ३७३; जी ५)।

हरद देखो हरय (भग)।

हरपच्चुअ वि [दे] १ स्मृत, याद किया हुआ। २ नाम के उद्देश से दिया हुआ (दे ८, ७४)।

हरय पुं [ह्रद] बड़ा जलाशय, द्रह (आचा; भग; पण्ह २, ५—पत्र १४६; उत्त १२, ४५; ४६; हे २, १२०)।

हरहरा स्त्री [दे] युक्त प्रसंग, योग्य अवसर, उचित प्रस्ताव;

'निद्धूमगं च गामं महिला-
थूभं च सुण्णयं दट्ठुं।
नीयं च काया ओलिंति
जाया भिक्खस्स हरहरा'
(विसे २०६४)।

हरहराइय न [हरहरायित] 'हर हर' आवाज (पण्ह १, ३—पत्र ४५)।

हराविअ वि [हारित] हराया हुआ, जिसका पराभव किया गया हो वह (हे ४, ४०६)।

हरि पुं [दे हरि] शुक, तोता (दे ८, ५६)।

हरि पुं [हरि] १ विद्युत्कुमार-देवों की दक्षिण दिशा का इन्द्र (ठा २, ३—पत्र ८४)। २ एक महाग्रह (ठा २, ३—पत्र ७८)। ३ इन्द्र, देव-राज (कुमा; कुप्र २३; सम्मत्त २२६; श्रु ८६)। विष्णु, श्रीकृष्ण (गा ४०६; ४११; सुपा १४३)। ५ रामचन्द्र (से ६, ३१)। ६ सिंह, मृगेन्द्र (से ६, ३१; कुमा; कुप्र ३४६)। ७ वानर, बन्दर (से ४, २५; ६, २२; धर्मवि ५१; सम्मत्त २२२)। ८ अश्व, घोड़ा (उप १०३१ टी; ती ८; कुप्र २३; सुख ४, ६)। ९ भारत के साथ जैन दीक्षा लेनेवाला एक राजा (पउम ८५, ४)। १० ज्योतिषशास्त्र-प्रसिद्ध एक योग; 'गुरुहरि-विट्ठे गंडविइवाए' (संबोध ५४)। ११ छन्द का एक भेद (पिंग)। १२ सर्प, साँप। १३ भेक, मण्डूक। १४ चन्द्र। १५ सूर्य। १६ वायु, पवन। १७ यम, जमराज। १८ हर, महादेव। १९ ब्रह्मा। २० किरण। २१ वर्ष-विशेष। २२ मयूर, मोर। २३ कोकिल, कोयल। २४ भर्तृहरि नामक एक विद्वान्। २५ पीला रँग। २६ पिंगल वर्ण। २७ हरा रँग। २८ वि. पीत वर्णवाला। २९ पिंगल वर्णवाला (हे ३, ३८)। ३० हरा वर्णवाला; 'हरिमणिसरिच्छछणिअच्छइ' (अच्चु ३२)। ३१ पुंन. महाहिमवंत पर्वत का एक शिखर (ठा ८—पत्र ४३६)। ३२ विद्युत्प्रभ पर्वत का एक शिखर (ठा ६; इक)। ३३ निषध पर्वत का एक शिखर (ठा ६—पत्र ४५४; इक)। ३४ हरिवर्ष-क्षेत्र का मनुष्य-विशेष (कप्प)। °अंद पुं [°श्चन्द्र] स्वनाम प्रसिद्ध एक राजा (हे २, ८७; षड्; गउड; कुमा)। °अंदण न [°चन्दन] १ चन्दन की एक जाति (से ७, ३७; गउड; सुर १६, १४)। २ पुं. एक तरह का कल्प-वृक्ष (सुपा ८७; गउड)। देखो °चंदण। °अण्ण देखो °अंद (संक्षि १७)। °आल पुंन [°ताल] १ पीत वर्णवाली उपधातु-विशेष, हरताल (णाया १, १—पत्र २४; जी ३; पव १५५; कुमा; उत्त ३४, ८; ३६, ७५)। २ पुं. पक्षि-विशेष (हे २, १२१)। देखो °ताल। °एस पुं [°केश] १ चंडाल (ओघ ७६६; सुख ६, १; महा)। २ एक चण्डाल मुनि (उत्त १२)। °एसबल पुं [°केशबल] चण्डालकुलोत्पन्न एक मुनि (उव; उत्त १२, १)। °एसिज्ज वि [°केशीय] १ चण्डाल-संबन्धी। २ हरि-केशबल नामक मुनि का (उत्त १२)। °कंखि न [°काङ्क्षिन्] नगर-विशेष (ती २७)। °कंत पुं [°कान्त] विद्युत्कुमार देवों की दक्षिण दिशा का इन्द्र (इक)। °कंतपवाय, °कंतप्पवाय पुं [°कान्ताप्रपात] एक द्रह (ठा २, ३—पत्र ७२; टी—पत्र ७५)। °कंता स्त्री [°कान्ता] १ एक महा-नदी (ठा २, ३—पत्र ७२; सम २७; इक)। २ महाहिमवान् पर्वत का एक शिखर (इक; ठा ८—पत्र ४३६)। °केलि पुं [°केलि] भारतीय देश-विशेष (कप्पू)। °केसबल देखो °एसबल (कुलक ३१)। °केसि पुं [°केशिन्] एक जैन मुनि (श्रु १४०)। °गीअ न [°गीत] छन्द का एक भेद (पिंग)। °ग्गीव पुं [°ग्रीव] राक्षस-वंश का एक राजा (पउम ५, २६०)। °चंद पुं [°चन्द्र] १ विद्याधर-वंश का एक राजा (पउम ५, ४४)। २ एक विद्याधर-कुमार (महा)। °चंदण पुं [°चन्दन] १ एक अन्तकृद् जैन मुनि (अंत १८)। २ देखो °अंदण (प्रासू १४५; स ३४६)। °णयर न [°नगर] वैताढ्य की दक्षिण-श्रेणि में स्थित एक विद्याधर-नगर (इक)। °ताल पुं [°ताल] द्वीप-विशेष (इक)। देखो °आल। °दास पुं [°दास] एक वणिक् का नाम (पउम ५, ८३)। °धणु न [°धनुष्] इन्द्र-धनुष (उप ५९७ टी)। °पुरी स्त्री [°पुरी] इन्द्र-पुरी, अमरावती, स्वर्ग (सुपा ६३५)। °भद्द पुं [°भद्र] एक सुविख्यात जैन आचार्य तथा ग्रन्थकार (चेइय ३४; उप १०३९; सुपा १)। °मंथ पुं [°मन्थ] धान्य-विशेष, काला चना (श्रा १८; पव १५६; संबोध ४३)। °मेला स्त्री [°मेला] वृक्ष-विशेष (औप)। °वइ पुं [°पति] वानर-पति, सुग्रीव (से १, १६)। °वंस पुं [°वंश] एक सुप्रसिद्ध क्षत्रिय-कुल (कप्प, पउम ५, २)। °वस्स, °वास पुं [°वर्ष] १ क्षेत्र-विशेष (अणु १६१; ठा २, ३—पत्र ६७; सम १२; पउम १०२, १०६; इक)। २ पुंन. महाहिमवान् पर्वत का एक शिखर (ठा ८—पत्र ४३६)। ३ निषध पर्वत का एक शिखर (ठा ६—पत्र ४५४; इक)। °वाहण पुं [°वाहन] १ मथुरा का एक

राजा (पउम १२, २)। २ नन्दीश्वर द्वीप के अपरार्ध का अधिष्ठाता देव (जीव ३, ४)। °सह देखो °स्सह (राज)। °सेण पुं [°षेण] १ दशवाँ चक्रवर्ती राजा (सम ८८; १५२)। २ भगवान् नमिनाथजी का प्रथम श्रावक (विचार ३७८)। °स्सह पुं [°सह] १ विद्युत्कुमार-देवों की दक्षिण दिशा का इन्द्र (ठा २, ३—पत्र ८४; इक)। माल्यवन्त पर्वत का एक शिखर (ठा ६—पत्र ४५४)।

